WP 1.3

श्रीहरिः शरणम्

भूमिका

भारतीय-परम्परा के शास्त्रीय ग्रन्थों की रचना, तत्तत्कालीन धुरन्धर विद्वानों ने तीन प्रकार से की है। प्रत्येक दर्शन अथवा शास्त्र के कुछ 'प्रकरण ग्रन्थ', कुछ 'वादग्रन्थ' और कुछ आकर-ग्रन्थ हुआ करते हैं।

सभी दर्शन अथवा शास्त्र के मूलग्रन्थ सूत्रात्मक हैं। सूत्र की परिभाषा, विद्वत्परम्परा में प्रसिद्ध है—

"स्वल्पाक्षरमसन्दिग्धं सारवद् विश्वतोमुखम्।
अस्तोभमनवद्यञ्च सूत्रं सूत्रविदो विदुः॥"

ये सूत्र, बहुतसारे सारगर्भित गम्भीर अर्थ को स्वल्प अक्षरों के द्वारा बता देते हैं। इन सूत्रों में एक अक्षर भी व्यर्थ या दोषपूर्ण नहीं होता है।

कालान्तर में मानव-मस्तिष्क में शनैः-शनैः जब कृशता का सञ्चार होने लगा तब मानव के कल्याणार्थ तत्तत्कालीन ऋषि-महर्षि-मुनि तथा विद्वन्मूर्धन्यों ने उन सूत्रों पर भाष्यों की रचना की। भाष्य के स्वरूप की परिभाषा इस प्रकार बताई गयी है—

"सूत्रार्थो वर्ण्यते यत्र पदैः सूत्रानुसारिभिः।
स्व-पदानि च वर्ण्यन्ते भाष्यं भाष्यविदो विदुः॥"

सूत्रानुसारी पदों के द्वारा सूत्रार्थ को बताकर शब्दशः व्याख्या करते हुए शास्त्र के सिद्धान्त का प्रतिपादन शङ्कासमाधानपूर्वक जिसमें बताया जाता है, उसे भाष्य कहते हैं।

तदनन्तर मानव-मस्तिष्क को उर्वरित बनाने के हेतु एवं उसे नव-नवोन्मेष-शालिनी प्रतिभा से सम्पन्न कराने के लिये तत्कालीन प्रतिभा के धनी, सूत्र-भाष्य-गत सिद्धान्तों को करतलामलकवत् प्रत्यक्षदर्शी विद्वदग्रेसरों ने वाद-ग्रन्थों की रचनाएँ कीं। इन वाद-ग्रन्थों में अनेक युक्ति-प्रयुक्ति, तर्क तथा प्रमाणों के द्वारा पूर्वपक्ष और उत्तरपक्षों को प्रदर्शित करते हुए सूत्र-भाष्यों के सिद्धान्तों का पूर्णतया समर्थन किया जाता है।

तदनन्तर तत्तच्छास्त्रों में प्रवेश पाने के इच्छुक बुद्धिमान् बालक छात्रों एवं शास्त्रों में अभिरुचि रखने वाले शास्त्रजिज्ञासु सर्वसाधारण अधिकारीजनों के कल्याणार्थ तत्तत्कालीन शास्त्ररहस्यवेत्ता विद्वच्छिरोमणियों ने तत्तच्छास्त्रों के प्रकरण-ग्रन्थों की रचनाएँ कीं।

जिन ग्रन्थों में शास्त्रीय परिभाषाओं को बताते हुए अल्प-स्वल्प युक्तियों, और तर्कों को देकर तत्तच्छास्त्रों के सिद्धान्तों को संक्षेप में बता दिया जाता है, उन्हें प्रकरण ग्रन्थ कहते हैं।

उक्त त्रिविध ग्रन्थों में से प्रस्तुत 'तत्त्वप्रदीपिका' ग्रन्थ, जो विज्ञ पाठकों के हाथों में स्थान प्राप्त करने जा रहा है, उसकी गणना 'वादग्रन्थों' में की जाती है।

अद्वैत वेदान्तशास्त्र के ग्रन्थों में से यह एक अन्यतम अत्युत्तम ग्रन्थ है। विद्वत्समाज में इस ग्रन्थ को बड़े ही आदर के साथ महत्त्वपूर्ण स्थान प्राप्त होता आ रहा है। विद्वानों की राजधानी वाराणसी में तथा अन्यत्र भी जहाँ धुरन्धर विद्वान् वास्तव्य करते हैं, वहाँ इस ग्रन्थ का अध्ययनाध्यापन आज भी चल रहा है।

प्रस्तुत ग्रन्थ का नाम "तत्त्वप्रदीपिका' है। इसीको 'प्रत्यक्तत्त्वप्रदीपिका' के नाम से भी कहा जाता है, तथापि विद्वानों के मानसपटल पर 'चित्सुखी' के नाम से ही इस ग्रन्थ की मुहर चिरकाल से लगी हुई है, जो अमिट हो गई है। विद्वत्समाज तथा संस्कृत-प्रेमी जनसमाज इस ग्रन्थ को 'चित्सुखी' के नाम से ही जान पाता है।

'चित्सुखी' के नाम से प्रस्तुत ग्रन्थ की प्रसिद्धि का कारण यह है कि उक्त ग्रन्थ के रचयिता 'चित्सुख मुनि' हैं। इन्हीं को 'चित्सुखाचार्य' भी कहा जाता है। इनका वैदुष्य, नितान्त विश्वसनीय है, अत एव ये संस्कृत विद्वत्समाज की सुदृढ़ श्रद्धा के पात्र हैं। श्रद्धेय व्यक्ति समाज के मानसपटल पर सर्वदैव अंकित रहता है, और जो मन में रहता है, वही वाणी से निकल पड़ता है। अतः ग्रन्थ की प्रसिद्धि भी उसके रचयिता के नाम पर ही हुई होगी।

यह चित्सुखी अथवा तत्त्वप्रदीपिका नामक वादग्रन्थ, अद्वैत वेदान्तशास्त्र का शिखर ग्रन्थ है। अतः 'अद्वैत' और 'वेदान्त' इन दो शब्द से परिचित होना भी आवश्यक है।

'वेदस्य अन्तः वेदान्तः' इस व्युत्पत्ति के अनुसार वेद के सिद्धान्त को वेदान्त शब्द से कहा जाता है। वेद का सिद्धान्त, उसके अन्तिम भाग में निहित रहता है। इस अन्तिम भाग को ही 'उपनिषद्' कहा गया है। एवं च वेद के 'उपनिषद्' भाग

को 'वेदान्त' कहते हैं। उपनिषदों के वचनपुष्पों को संगृहीत कर भगवान् बादरायण ने उनको माला के रूप में ग्रथित कर 'ब्रह्मसूत्र' की रचना की है। अतएव ब्रह्मसूत्र को भी 'वेदान्त' शब्द से कहा जाने लगा। उनपर रची गई व्याख्याओं को भी 'वेदान्त' समझा जाने लगा। श्रीमद्भगवद्गीता को तो उपनिषद्रूपी कामधेनु का दुग्धामृत ही कहा गया है—

"सर्वोपनिषदो गावो दोग्धा गोपालनन्दनः।
पार्थो वत्सः सुधीर्भोक्ता दुग्धं गीतामृतं महत् ॥"

इस कारण 'श्रीमद्भगवद्गीता' को भी वेदान्त शब्द से कहा जाता है। निष्कर्ष यह है कि 'उपनिषद्', 'ब्रह्मसूत्र' और 'श्रीमद्भगवद्गीता' इन तीनों ग्रन्थों को 'वेदान्त' शब्द से विज्ञलोग कहा करते हैं। इन तीन ग्रन्थों को 'प्रस्थान' की संज्ञा दी गई है। अतः ये तीन ग्रन्थ 'प्रस्थानत्रयी' शब्द से विद्वत्समाज में मान्यता को प्राप्त हुए हैं।

यह भी स्मरण रखना होगा कि वेदान्त में अनेक 'वाद' भी सर्वविश्रुत हैं। जैसे—'द्वैत, विशिष्टाद्वैत, शुद्धाद्वैत, द्वैताद्वैत, शक्तिविशिष्टाद्वैत, और अद्वैत', किन्तु ये सभी 'वाद' किसी के द्वारा स्व-कल्पनाप्रसूत नहीं हैं। ये सभी वाद वेदों में उपलब्ध होते हैं। कालान्तर में तत्तत् आचार्यों ने इन उक्त वादों को अपने-अपने बुद्धिवैभव से विभूषित कर उनको पल्लवित मात्र कर दिया है। ये सभी वाद सुदूरतर अतिचिरन्तन काल से विद्वत्समाज में पूर्वपक्ष अथवा सिद्धान्तपक्ष का रूप धारण कर अध्ययन-अध्यापन में प्रचलित रहे। बादरायणसूत्र से भी उक्त तथ्य का आभास होता है। जैसे—भगवान् बादरायण ने 'आश्मरथ्य' आचार्य के मत का उल्लेख, प्रथमाध्यायगत चतुर्थ पाद के बीसवें सूत्र 'प्रतिज्ञासिद्धेर्लिङ्गमाश्मरथ्यः' कह कर किया है। इससे प्रतीत होता है कि ये आचार्य, विशिष्टाद्वैतमत के प्रतिपादक होंगे।

उसी तरह द्वैतमत के पक्षपाती महर्षि जैमिनि तथा महर्षि औडुलोमी आदि भेदाभेदवादी अनेक आचार्यों का भी उल्लेख बादरायण ने किया है।

उसी तरह द्वैतमत का प्रतिपादन भी श्रुति में उपलब्ध है—

"ऋतं पिबन्तौ सुकृतस्य लोके गुहां प्रविष्टौ परमे परार्द्धे।
छायातपौ ब्रह्मविदो वदन्ति पञ्चाग्नयो ये च त्रिणाचिकेताः ॥"

—(कठ उ.)।

"द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया समानं वृक्षं परिषस्वजाते।
तयोरेकः पिप्पलं स्वाद्वत्त्यनश्नन्न्योऽभिचाकशीति॥"

—(मुण्डक)

अर्जित कर्मफल के प्रकाशक देह में उत्कृष्ट हृदय के बीच आकाश में प्रविष्ट होकर कर्मफल को भोगने वाले, छाया और आतप के समान विरुद्ध स्वभाव के जीव और ईश्वर हैं।

दो सुन्दर पक्षवाले, एकसाथ रहने वाले मित्र, एक ही वृक्ष का आश्रय लेते हैं। उनमें से एक तो कर्म के फल को भोगता है, और दूसरा कर्मफल भोगे विना ही सदा प्रसन्न रहता है।

ये श्रुतिवचन जीव और ईश्वर में भेदप्रतिपादक द्वैत को ही बता रहे हैं।

तथा विशिष्टाद्वैत मत का प्रतिपादन भी श्रुति ने किया है—

'भोक्ता भोग्यं प्रेरयितारञ्च मत्वा सर्वं प्रोक्तं त्रिविधं ब्रह्मैवैतत्।'

—(श्वेताश्व.)।

'उद्‌गीथमेतत् परमं तु ब्रह्म तस्मिन् त्रयं सुप्रतिष्ठाक्षरञ्च।'

—(श्वेताश्व.)।

'भोक्ता जीव, भोग्य प्रकृति, और प्रेरयिता ईश्वर ये तीनों ब्रह्म का ही स्वरूप हैं (ईश्वर, चित् और अचित् पदार्थ, त्रितयस्वरूप हरि हैं। यही विशिष्टाद्वैत का सिद्धान्त है)। 'उद्‌गीथ ॐकार, यह ब्रह्म का स्वरूप है। इसके तीन रूप हैं।' ये श्रुतिवचन विशिष्टाद्वैत को बता रहे हैं।

उसी तरह शुद्धाद्वैत मत का प्रतिपादन भी श्रुति ने किया है—

"न तस्य कार्यं करणञ्च विद्यते न तत्समश्चाभ्यधिकश्च दृश्यते।
परास्य शक्तिर्विविधैव श्रूयते स्वाभाविकी ज्ञान-बल-क्रिया च॥"

—(श्वेताश्व.)।

नायमात्मा प्रवचनेन लभ्यो न मेधया न बहुना श्रुतेन।
यमेवैष वृणुते तेन लभ्यस्तस्यैष आत्मा विवृणुते तनुं स्वाम्॥

—(मुण्डक.)।

उस ब्रह्म से भिन्न कोई कार्य अथवा करण नहीं है। उसके सदृश या उससे अधिक कोई वस्तु नहीं है। उसकी विविध प्रकार की सर्वश्रेष्ठ शक्तियाँ हैं, और स्वाभाविक ही ज्ञान, बल और क्रिया (जानाति, इच्छति, यतते) सर्वज्ञता,

सर्वेच्छा, और सर्वसम्पादन की क्रिया है। अर्थात् स्वयं ब्रह्म, जगत् रूप में परिणत होता है, 'माया' की आवश्यकता नहीं है।

यह आत्मा प्रवचनादि पाण्डित्यबल से नहीं प्राप्त होता, किन्तु जिसपर अनुग्रह करके वह अपना स्वरूप प्रकट कर देता है, उसीके द्वारा वह प्राप्त किया जा सकता है, इत्यादि अनेक श्रुतिवचन शुद्धाद्वैत को बता रहे हैं।

उसी प्रकार निम्बार्क मत (द्वैताद्वैत सिद्धान्त) का प्रतिपादन भी श्रुति भगवती ने किया है—

"स तपस्तप्त्वा........आनन्दो ब्रह्मेति व्यजानात्। आनन्दाद्ध्येव खल्विमानि भूतानि जायन्ते। आनन्देन जातानि जीवन्ति। आनन्दम्प्रयन्त्य-भिसंविशन्ति।" —(तैत्तिरी. उ. भृगुव.)।

उसने तपस्या करके ब्रह्म को आनन्दमय जाना। आनन्द से ही ये भूत उत्पन्न होते हैं। आनन्द से ही उत्पन्न होकर जीते हैं और मृत्यु के पश्चात् पुनः आनन्द में ही प्रवेश कर जाते हैं।

'रसो वै सः रस ँ ह्येवायं लब्ध्वानन्दीभवति। को ह्येवान्यत् कः प्राण्यात्। यदेष आकाश आनन्दो न स्यात्। एष ह्येवानन्दयति।'
(तैत्तिरी. उ. ब्रह्मव.)।

वह रस स्वरूप है। रस को पाकर मनुष्य आनन्दित हो जाता है, यदि इस विश्व में (हृदयाकाश में) रस नहीं होता तो कौन जीता और कौन कर्म करता? यही रसस्वरूप ब्रह्म, आनन्द देता है। इत्यादि अनेक श्रुतिवचन 'द्वैताद्वैत' को बता रहे हैं।

इसी तरह 'शक्तिविशिष्टाद्वैत सिद्धान्त' भी वेदान्तसम्प्रदायों के अन्तर्गत है। इस मत के संस्थापक—प्रचारक श्री रेणुकाचार्य हुए हैं। अनेक निगमागम उपनिषदादि श्रुतियों का अनुशीलन कर रेणुकाचार्य ने जीव-शिव की एकता का प्रतिपादन किया है। शक्ति विशिष्टाद्वैत वादी उक्त जीव-शिव के ऐक्य को 'लिङ्गाङ्गसामरस्य' कहते हैं। 'अंग' नाम है जीव का और 'लिङ्ग' नाम है शिव का। लिङ्गाङ्गसामरस्य ही 'तत्त्वमसि' महावाक्य का अर्थ है। शिवाद्वैतदर्शन में यह कहा गया है—

"लिङ्गं तत्पदमाख्यातमङ्गं त्वम्पदमीरितम्।
संयोगोऽसि पदं प्रोक्तमनयोरंगलिङ्गयोः॥"

'लिङ्ग' को 'तत्' पद से कहा गया है, 'अङ्ग' शब्द से 'त्वम्' पद को बताया है, और इन दोनों के संयोग को 'असि' पद से कहा है।

उसी प्रकार 'अद्वैतमत' का प्रतिपादन भी भगवती श्रुति ने किया है। नासदीय सूक्त में कहा गया है—

"तम आसीत् तमसा गूळ्हमग्रेऽप्रकेतं सलिलं सर्वं मा इदम्। तुच्छेनाभ्वपिहितं तदासीत् तपसस्तन्महिनाऽजायत।

—(ऋवे. १०।१२।९३)।

यह जो कहा जाता है कि सृष्टि से पूर्व अन्धकार से व्याप्त भेदाभेदशून्य अज्ञेय-कारण 'वारि' था। वह तुच्छ झूठी माया से आच्छादित 'आभु' सर्वव्यापी ब्रह्म था। उसी एक ब्रह्म ने ज्ञानरूप तपस्या के द्वारा अपने को अनेक रूपों में प्रकट किया।

छान्दोग्योपनिषद् में बताया गया है—

"सदेव सोम्येदमग्र आसीदेकमेवाऽद्वितीयम्" —(छां. उ. ६।२।१)।

हे सौम्य ! श्वेतकेतु ! पहले-पहल यह सद्रूप एक अद्वितीय ब्रह्म ही था।

बृहदारण्यक में स्पष्ट उल्लेख है—

"मनसैवानुद्रष्टव्यं नेह नानास्ति किञ्चन।
मृत्योः स मृत्युमाप्नोति य इह नानेव पश्यति॥"

—(बृह. उ. ४।४।१९)।

उस ब्रह्म का ज्ञान, शुद्ध मन के द्वारा ही होता है। उसके अतिरिक्त यहाँ कोई दूसरा पदार्थ नहीं है। जो कोई उससे भिन्न (नाना) द्वैत देखता है, वह मृत्यु के चक्र में फँसा रहता है। इत्यादि सैकड़ों श्रुतिवचन अद्वैतवाद का प्रतिपादन कर रहे हैं। तात्पर्य यह है कि वेदान्त के उक्त सभी सम्प्रदाय श्रुतिप्रोक्त (वेद-मूलक) हैं, उन्हीं को पल्लवित कर समय-समय पर आचार्यों ने उन मतों को प्रचारित, प्रसारित किया है।

अतिप्राचीनतर काल से आज तक उक्त मतों के प्रसारित-प्रचारित होने पर भी अद्वैतवाद की प्रधानता को प्रायः सभी ने निष्पक्षता के साथ स्वीकार किया है, यहाँ तक कि विरोधी पक्षवालों ने भी उक्त तथ्य को मान लिया है। दर्शन, इतिहास, स्मृति, पुराण आदि जितने भी अनुसन्धानात्मक विचारधाराएँ हैं, उन सभी ने वेदान्तसिद्धान्त के नाम पर 'अद्वैतवाद' का ही ग्रहण किया है। गोस्वामी तुलसी-दासजी स्वयं रामानुजसम्प्रदाय के होते हुए भी रामायण में अद्वैतवाद को

दरसाया ही है। ब्रह्मसूत्र के रचयिता बादरायण को अद्वैतमत ही मान्य था। अद्वैतमत को लक्ष्य कर किसी का भाष्य अथवा कोई व्याख्या उपलब्ध न रहने से अद्वैतमत के सर्वप्रथम आचार्य के रूप में आद्यशङ्कराचार्य को ही माना जाता है। सत्ययुग से लेकर अद्वैतवाद के सभी आचार्यों का उल्लेख एक पौराणिक श्लोक में उपलब्ध होता है। तदनुसार कलियुग में अद्वैतमत के उद्धारक आद्यशंकराचार्य को ही बताया गया है—

"कृते ज्ञानप्रदः सत्यस्त्रेतायां दत्त एव च।
द्वापरे व्यासनामा तु कलौ शंकरनामधृक्॥"

भगवान् शंकराचार्य ने अद्वैतवाद का इतना अधिक प्रचार-प्रसार किया कि तदुत्तरवर्ती प्रायः सभी अन्यान्य आचार्यों तथा मूर्धन्य विद्वानों ने भी अद्वैतवाद पर कुछ न कुछ खण्डन-मण्डन के रूप में लिख कर ही अपनी कृतार्थता समझी।

अद्वैतमत के समर्थक शिखरस्थ अन्यान्य ग्रन्थों के समान प्रस्तुत 'तत्त्वप्रदीपिका' (चित्सुखी) नामक ग्रन्थ की शैली, ब्रह्मसूत्र के चार अध्यायों की शैली के समान ही है। ब्रह्मसूत्रों को—'समन्वय, अविरोध, साधन और फल—इन चार अध्यायों में विभाजित किया गया है, उसी प्रकार प्रस्तुत तत्त्वप्रदीपिका को भी चार परिच्छेदों में विभाजित करके अद्वैत-तत्त्व का प्रतिपादन किया है। क्योंकि वेदान्त का वास्तविक उद्देश्य 'अद्वैत' का प्रतिपादन करना ही है।

सदानन्द योगीन्द्र ने अपने वेदान्तसार ग्रन्थ में बताया है—

'वेदान्तो नाम उपनिषत्प्रमाणं तदुपकारीणि शारीरकसूत्रादीनि च।'

अर्थात् 'वेदान्त' शब्द का प्रयोग हम मुख्य-गौण भेद से दो अर्थों में करते हैं। 'वेदस्य अन्तः—वेदान्तः', इस व्युत्पत्ति के अनुसार 'वेदान्त' शब्द का मुख्य अर्थ तो 'उपनिषद्' है, और औपनिषदर्थ के अनुकूल अथवा उसी अर्थ के पोषक 'शारीरक-सूत्र' तथा उपनिषदर्थ के संग्राहक ग्रन्थ 'श्रीमद्भगवद्गीता' तथा इन्हीं से सम्बन्धित उनकी व्याख्या, भाष्य, वृत्ति आदि वाद-ग्रन्थ, प्रकरण ग्रन्थों में भी 'वेदान्त' शब्द का प्रयोग गौण रूप से किया जाता है। एवं च वेदान्त शब्द का मुख्य अर्थ 'उपनिषद्' ही है। 'वेदान्त' शब्द को सुनते ही जिज्ञासा उत्पन्न होती है कि 'वेद' क्या हैं? इस जिज्ञासा का समाधान महर्षि आपस्तम्ब के वचन से हो जाता है। वे कहते हैं—'मन्त्र-ब्राह्मणयोर्वेदनामधेयम्' अर्थात् 'वेद' का विभाजन 'मन्त्र और ब्राह्मण' इन दो भागों में किया गया है। एवञ्च 'मन्त्र-ब्राह्मणात्मक वेद' का अन्त 'उपनिषद्' है। कुछ 'उपनिषद्', मन्त्र-भागात्मक वेद के अन्तर्गत हैं, और कुछ

'उपनिषद्', ब्राह्मणभागात्मक वेद के अन्तर्गत हैं। जैसे—शुक्लयजुर्वेद की माध्यन्दिनीय संहिता का अन्तिम अध्याय 'ईशावास्योपनिषद्' है, और कृष्णयुजर्वेद की श्वेताश्वतर संहिता का अन्तिम भाग 'श्वेताश्वतरोपनिषद्' है। सामवेद की कौथुम शाखा के 'ताण्ड्यब्राह्मण', जिसे 'पञ्चविंशब्राह्मण' भी कहते हैं, उसके अन्तिम आठ भागों को 'छान्दोग्योपनिषद्' कहा जाता है। उसी तरह शुक्लयजुर्वेद की काण्वसंहिता के शतपथ ब्राह्मण में अन्तिम छह अध्यायों को 'बृहदारण्यकोपनिषद्' कहा जाता है। एवञ्च वेदों के अन्तिम भाग में ही सभी 'उपनिषदों' का समावेश है।

वेद के स्वरूप का ठीक-ठीक ज्ञान गुरुपरम्परा (सम्प्रदाय) से होने पर किसी भी वैदिक या वेदश्रद्धालु व्यक्ति को कभी स्वप्न में भी सन्देह नहीं हो सकता कि 'उपनिषदों' को 'वेद' कहें या न कहें। वेद के अन्तिम भागरूप 'उपनिषद्' ग्रन्थ, 'वेद' भी हैं, और 'वेदान्त' भी हैं, अत एव उपनिषदों के प्रति जनताजनार्दन के हृदय में अगाध श्रद्धा है।

मन्त्रभागात्मक वेद के उपनिषद् में मन्त्रस्वर और ब्राह्मणभागात्मक वेद के उपनिषद् में ब्राह्मण स्वर हुआ करते हैं। इन स्वरों से ही निश्चित अर्थ का ज्ञान होता है। आगे चलकर वेदान्तशास्त्र का श्रुति, स्मृति और न्याय के नाम पर तीन प्रकार से विभाजन किया गया है—उपनिषद् भाग को श्रुतिप्रस्थान के रूप में, श्रीमद्भगवद्गीता, सनत्सुजातसंहिता को स्मृतिप्रस्थान, और ब्रह्मसूत्र आदि को न्यायप्रस्थान के रूप में विभाजित कर दिया गया है।

उपनिषद् को वेदकाण्ड होने से 'ब्रह्मविद्या' कहा जाता है। यह ब्रह्मविद्या ही श्रेष्ठविद्या या पराविद्या के नाम से कही गयी है। शेष कर्मविषयक-विज्ञान को अपरा विद्या कहा गया है। इस कर्मविद्या का फल कालान्तर में प्राप्त होता है, तत्काल नहीं। यह कर्मफल, नश्वर होता है। किन्तु ब्रह्मविद्या का फल तत्काल मिलता है, और वह अविनाशी होता है। मोक्षप्राप्ति का एकमात्र कारण यह ब्रह्मविद्या ही है। कर्मविद्या, मोक्षप्राप्ति का साक्षात् कारण नहीं है, तथापि ब्रह्मविद्या की प्राप्ति में वह कारण अवश्य है। अत एव यह कहा गया है कि जो ब्रह्मविद्या नहीं जानता वह परमात्मा को नहीं जानता—'नावेदविन्मनुते तं बृहन्तम्'।

भगवान् आद्यशंकराचार्य की सूक्ष्म दृष्टि में समस्त उपनिषद्रूप वेदान्तशास्त्र का तात्पर्य, 'अद्वैत' में ही है। एक ब्रह्म ही वस्तुतः सत्य है, दृश्यमान जगत् वास्तविक सत्य नहीं है। स्वाप्निक पदार्थ के समान वह मिथ्या है। जीव और ब्रह्म एक ही है, भिन्न-भिन्न नहीं है, यानी एक ही हैं, दो नहीं हैं। यही उपनिषदों

का सिद्धान्त है। इसी तथ्य को—श्लोकार्ध से बता दिया गया है—

"श्लोकार्द्धेन प्रवक्ष्यामि यदुक्तं ग्रन्थकोटिभिः।
ब्रह्म सत्यं जगन्मिथ्या जीवो ब्रह्मैव नापरः॥"

यह अद्वैतवाद या अद्वैतमत (अद्वैत-सम्प्रदाय) अत्यन्त प्राचीनतम है, नवीन नहीं है। श्री शंकराचार्य का कपोल-कल्पितवाद नहीं है। क्योंकि नासदीय सूक्त में अद्वैतवाद को ही बताया गया है, द्वैतवाद का उसमें नाम तक नहीं है। तथा छान्दोग्य, बृहदारण्यक में भी अद्वैतवाद का ही स्पष्ट उल्लेख है। तथा सांख्यसूत्र (१।२१-२४), (३।२, ८,१९) में अद्वैतवाद को वेदान्तमत माना गया है। न्यायसूत्र 'तदत्यन्तविमोक्षोऽपवर्गः' के भाष्य में अद्वैतवाद ही वेदान्तसिद्धान्त के रूप में स्वीकृत हुआ है। महाकवि भवभूति की—'एको रसः करुण एव विवर्त-भेदात्' तथा 'ब्रह्मणीव विवर्तानां क्वापि विप्रलयः कृतः' उक्तियों में अद्वैतवाद के सिद्धान्त को ही सूचित किया गया है। एवं 'सूतसंहिता' और 'योगवासिष्ठ' में अद्वैतवाद ही सर्वत्र अनुस्यूत है। नैषध-महाकाव्य (२१।८८) में श्रीहर्ष ने बुद्ध को भी अद्वैतवादी ही बताया है। शान्तरक्षित के 'तत्त्वसंग्रह' (३२८।१२९) में भी अद्वैतवाद का ही उल्लेख किया गया है। दिगम्बराचार्य समन्तभद्र ने 'आप्तमीमांसा (श्लो. २४) में अद्वैतवाद की ही चर्चा की है। निष्कर्ष यह है कि अद्वैतवाद का सिद्धान्त अत्यन्त प्राचीनतम (अनादि) सिद्धान्त है। द्वैतवादी अपने समर्थन में जिन श्रुतिवाक्यों का उल्लेख किया करते हैं, उनमें किसी में भी द्वैतवाद का स्पष्ट समर्थन नहीं किया गया है। आपाततः देखने पर द्वैतवाद का आभासमात्र होता है, परन्तु विचार-शक्ति का उपयोग करने पर उन वाक्यों से द्वैतवाद का न समर्थन ही हो पाता है और न अद्वैतवाद का खण्डन ही हो पाता है।

अद्वैतवादी सर्वांशतः द्वैतप्रपञ्च का अपलाप नहीं करते हैं। वे भी सत्त्व-शुद्धि के लिये शास्त्रविहित कर्म का अनुष्ठान करते हैं तथा चित्त की एकाग्रता और निर्मलता के लिये उपासना भी करते हैं। वे उपास्य और उपासक के रूप में जीव-ब्रह्म का औपाधिकभेद मानते है, तथा तत्त्वसाक्षात्कार के लिये योगमार्ग को अपनाते हैं। उनका कहना इतना ही है कि द्वैतप्रपञ्च सत्य नहीं है, पारमार्थिक नहीं है। वह व्यावहारिक और मायामय है। अतः उपनिषदों में द्वैतप्रपञ्च का उल्लेखमात्र होना सम्भव है, परन्तु द्वैतप्रपञ्च की सत्यता का उल्लेख किसी भी उपनिषद् में नहीं किया गया है। द्वैतप्रपञ्च की मायिकता का उल्लेख तो उपनिषदों में स्पष्ट रूप से किया गया है। 'इन्द्रो मायाभिः पुरुरूप ईयते' से परमेश्वर का

माया के द्वारा अनेक रूपों में दृष्ट होना बताया गया है। कठोपनिषद् के 'ऋतं पिबन्तौ' मन्त्र में उपाधि के भेद से जीवात्मा और परमात्मा के रूप में आत्मा के भेद का प्रतिपादन किया गया है। 'जीआत्मा और परमात्मा वस्तुतः भिन्न हैं'—यह नहीं कहा गया है। अभिप्राय यह है कि व्यवहारदशा में अद्वैत-वादी भी जीवेश्वर-भेद, द्वैतप्रपञ्च, और परमात्मा-जीवात्मा का उपास्य-उपासकभाव मानते हैं। अद्वैतवादियों ने कहा भी है—

'मायाख्यायाः कामधेनोर्वत्सौ जीवेश्वरावुभौ।
यथेच्छं पिबतां द्वैतं तत्त्वं त्वद्वैतमेव हि॥'

मायासंज्ञक कामधेनु के दो बछड़े हैं—जीव और ईश्वर। ये दोनों अपनी इच्छानुसार द्वैतरूप दुग्ध का पान करें, परन्तु परमार्थतत्त्व तो 'अद्वैत' ही है।

अद्वैतवाद के प्रतिपादक, प्रचारक, प्रसारक के रूप में भगवान् आद्यशंकराचार्य (ई. ७८८, संवत् ८४५) को ही लोग मानते आ रहे हैं। ये अतिविलक्षण प्रतिभा के धनी थे। इनकी आकृति, वाणी अत्यधिक तेजस्विनी थी। इनकी अनुपम वाग्मिता असाधारण तर्कपटुता, सर्वातिशायिनी शेमुषी, के सामने मानवमात्र का मस्तक श्रद्धा और गौरव के साथ नत हुए विना नहीं रहता। इन्होंने अपने ३२ वर्ष के स्वल्पतर जीवन में राष्ट्रहितकारक प्रशंसनीय महत्त्वपूर्ण इतने कार्य किये, जो साधारण मनुष्य की शक्ति के वाहर है। उसके परिणामस्वरूप आज भी ये अपने कीर्तिमय शरीर से विश्व में विद्यमान हैं। अत एव इन्हें 'शिव का अवतार' कहा जाता है। ये केरल के नम्बूद्रीब्राह्मण थे। संन्यासदीक्षा लेने पर श्री गोविन्द-भगवत्पाद के शिष्य कहलाने लगे। श्री गोविन्दभगवत्पाद के गुरु आचार्य गौडपाद थे। आचार्य शंकर का इतिहास अतिसंक्षेप से एक पद्य के द्वारा बताया जाता है—

"अष्टवर्षे चतुर्वेदी द्वादशे सर्वशास्त्रवित्।
षोडशे कृतवान् भाष्यं द्वात्रिंशे मुनिरभ्यगात्॥"

आपने प्रस्थानत्रयी (उपनिषद्, गीता, ब्रह्मसूत्र), श्री गौडपादाचार्य की माण्डूक्यकारिका, विष्णुसहस्रनाम, सनत्सुजातीय, आदि ग्रन्थों पर भाष्य की रचना करके रहस्यपूर्ण उक्त ग्रन्थों को बोधगम्य बना दिया है।

इसके अतिरिक्त सौन्दर्यलहरी, उपदेशसाहस्री, तथा अनेकानेक देवी-देवताओं के स्तोत्र तथा उपदेशप्रद काव्यों की सरस-मधुर-प्रसादगुणपूर्ण शैली से रचना की है। अद्वैतवाद के प्रचारक-प्रसारक के रूप में प्रथम आचार्य श्री गौडपादाचार्य,—जो आचार्य शंकर के परमगुरु थे—को ही माना जाता है। उन्हीं की रचित माण्डूक्य-

कारिका, 'अद्वैतवाद' में आधारशिला का काम करती है। अपने परमगुरु के कार्य का उत्तरदायित्व सम्हाल कर उसे ही आचार्य शंकर ने अपने पूर्ण पुरुषार्थ के साथ पूर्णता के उच्चतम शिखर पर पहुँचा कर सर्वदा के लिये चिरस्थायी बना दिया।

तदनन्तर भगवान् श्री शङ्कराचार्य के शिष्य-प्रशिष्य परम्परा के अनेक धुरन्धर विद्वानों ने शतशः सहस्रशः ग्रन्थों की तथा व्याख्या ग्रन्थों की रचना करके अद्वैत-मत का प्राणपण से प्रचार-प्रसार कर उसे चिरस्थायी अमिट रूप प्रदान किया।

इसी परम्परा में चित्सुखाचार्य (१३ वीं शताब्दी) ने 'तत्त्वप्रदीपिका' ग्रन्थ की रचना कर चिरस्थायी प्रभूत यश प्राप्त कर लिया। इस ग्रन्थ में आपने न्याय-शैली का अवलम्ब कर वादपद्धति से आत्मतत्त्व का प्रतिपादन तथा प्रसङ्गानुप्रसङ्गोपात्त अनेक विषयों का खण्डन-मण्डन करते हुए अद्वैतमत को परिपुष्ट किया है।

श्री चित्सुखाचार्य की 'तत्त्वप्रदीपिका' पर प्रत्यक्स्वरूप भगवान् (१५ शताब्दी) ने 'नयनप्रसादिनी' नामक अत्युत्तम प्रौढ व्याख्या का प्रणयन किया है। यह व्याख्या उच्चकोटि के वैदुष्य से परिपूर्ण होने के कारण अपना महत्त्वपूर्ण स्थान रखती है।

(१) चित्सुखाचार्य ने अपनी तत्त्वप्रदीपिका के प्रथम परिच्छेद में १३ वादों पर बड़े ऊहापोह के साथ विचार किया है। जैसे—(१) ज्ञान की स्वप्रकाशता, (२) आत्मा की ज्ञानरूपता, (३) तमस् की भावरूपता, (४) जगत् का मिथ्यात्व, (५) भ्रम की सिद्धि, (६) अज्ञान का अनादित्व एवं भावरूपत्व, (७) अध्यास की सिद्धि, (८) वेदवाक्य में सिद्धार्थविषयिणी प्रमा की उत्पादकता, (९) अखण्डार्थता, (१०) स्वतः प्रमात्व, (११) अतिरिक्त शक्तिकल्पना, (१२) अभिहितान्वयवाद, (१३) वेदाऽपौरुषेयता। साथ ही प्रसङ्ग प्राप्त दृग्दृश्य-सम्बन्ध का निरसन, अध्ययनविधिविचार, और ख्यातिविचार भी किया है।

नयनप्रसादिनी के व्याख्याकार प्रत्यक्स्वरूप-भगवान् ने एक पद्य के द्वारा चित्सुखाचार्य के निरूपित १३ वादों का संकलन करके बताया है—

"विज्ञानं स्वप्रकाशं भवति च पुरुषस्तद् वपुर्भावरूपम्,
ध्वान्तं मिथ्याप्रपञ्चो भ्रमभरनिलयोऽनादिभावोऽप्रबोधः।
आरोपारोप्यसिद्धिः प्रमितिजनकताऽखण्डता स्वप्रभात्वम्,
शक्तिर्लक्ष्यः पदार्थान्वय इति कथिताः पौरुषेयो न वेदः॥"

(२) दूसरे परिच्छेद में नैयायिक और वैशेषिकों की ओर अपनी पैनी विचार दृष्टि से देखते हुए एक के सोलह और दूसरे के सात पदार्थों का खण्डन कर

दिया है, और अद्वैत-तत्त्व की सिद्धि-प्रक्रिया में उपस्थित होने वाले प्रत्यक्षादि प्रमाणों के विरोध को निरस्त किया है। इस परिच्छेद में चतुर्दश पदार्थों का निरसन किया गया है। जैसे—(१) भेद, (२) द्रव्य, गुण, कर्म, सामान्य, विशेष, समवाय, (३) अभाव, (४) भाव, (५) अवयवीसहित परमाणु, (६) संयोग, (७) विभाग, (८) द्वित्वादि और जाति, (९) द्व्यणुकारम्भ, (१०) पाकज प्रक्रिया, (११) कारणत्व, (१२) काल, (१३) दिशा और (१४) भेदाभेद।

व्याख्याकार प्रत्यक्स्वरूप भगवान् ने उक्त चतुर्दश पदार्थों का एक पद्य में संग्रह कर दिया है—

"भेदो द्रव्यादिषट्कं क्षणनिधनमतं षट्प्रमाणान्यभावो,
भावः पश्चात् पराणुर्ह्यवयविसहितश्चान्ययोगो वियोगः।
द्वित्वादिर्जातिभानं द्व्यणुकपरिमिता पाकजप्रक्रियार्थो,
हेतुत्वं कालकाष्ठे जनिमदपि भिदाभेदवादो निरस्तः॥"

(३) तीसरे परिच्छेद में प्राधान्येन तीन विषयों का निरूपण किया गया है। जैसे (१) शब्द, अपरोक्षज्ञान का कारण है, (२) ज्ञान, मोक्ष का कारण है, (३) ज्ञान-कर्म समुच्चयवाद का खण्डन।

इसीका संग्रह प्रत्यक्स्वरूप भगवान् ने एक अनुष्टुप् छन्द के द्वारा कर दिया है—

"शब्दः साक्षात्कारहेतुर्विद्या-मुक्तिफलप्रदा।
विद्यैव न तु कर्मेति तृतीये त्रितयं गतम्॥"

(४) चौथे परिच्छेद में—(१) बौद्धसम्मत-मुक्ति का खण्डन, (२) तार्किक-सम्मत, मुक्ति के स्वरूप का खण्डन, (३) सांख्यदर्शनसम्मत मुक्ति के स्वरूप का निरसन, (४) एकाविद्या और उसका विषय, (५) अविद्यानिवृत्ति का स्वरूप, (६) जीवन्मुक्ति का साधन—इन छह विषयों का वर्णन विशेषरूप से किया गया है।

प्रत्यक्स्वरूप भगवान् ने उक्त विषयों का संग्रह एक पद्य में इस प्रकार किया है—

"स्यात्यन्तोच्छेदरूपा क्षणिकनिरतिभिस्तार्किकैः कापिलैर्या,
सोक्ता मुक्तिर्निरस्ता दृढनयनिकरैरात्मपक्षे च मुक्तिः।

पकानेका त्रिदेकाश्रयविषयवती जीवभावैकहेतु-
र्याऽविद्या तन्निवृत्तिः परमसुखमयी जीवतश्चेति सोक्ता ॥

चित्सुखाचार्य का अपना एक स्वभाव है कि वे किसी विषय के पूर्वपक्ष और उसका खण्डन उपस्थित करते समय सम्भाव्यमान अनेक विकल्पों को सामने रख देते हैं, तदनन्तर प्रत्येक विकल्प का खण्डन, तर्कपूर्ण युक्तियों से कर देते हैं।

जैसे—ग्रन्थकार ने ग्रन्थ का आरम्भ 'स्वप्रकाश' शब्द की चर्चा से किया है। यह चर्चा 'वाद' पद्धति से की गई है, क्योंकि इस ग्रन्थ को 'वादग्रन्थ' की कोटि में रखने के उद्देश्य से लिखा गया है। अतः चित्सुखाचार्य ने अपने इष्टदेव भगवान् नरसिंह के चरणारविन्द पर नमस्कार करने के व्याज (मिष = बहाना) से वाद के विषय 'स्वप्रकाश' पद को प्रदर्शित किया है। अर्थात् स्वप्रकाश-विषयक वाद (कथा) को उपस्थित किया है। ग्रन्थकार के इष्टदेव नरसिंह भगवान् स्वप्रकाश (स्वयं प्रकाश) चिदात्मस्वरूप हैं। 'स्वप्रकाश' शब्द की चर्चा आरम्भ करने के निमित्त पूर्वपक्ष को उपस्थित करते हैं और प्रश्नों (विकल्पों) की झड़ी लगा दे रहे हैं। प्रश्न यह कर दिया है कि 'अथ कोऽयं स्व-प्रकाशशब्दार्थः' ? अर्थात् 'स्वप्रकाश' शब्द का अर्थ क्या है ? यानी 'स्वप्रकाशता' की परिभाषा क्या है ? 'स्वप्रकाशता' की परिभाषा (स्वप्रकाश शब्द का अर्थ) ग्यारह प्रकार से की जा सकती है।

जैसे—(१) किं स्वश्चासौ प्रकाशश्च स्वप्रकाशः ?

अर्थात् क्या स्वत्वविशिष्ट (स्वरूपवत्व से युक्त)—प्रकाशरूपता को 'स्वप्रकाशता' कहा जाय ?

अथवा (२) स्वस्य स्वयमेव प्रकाशः स्वप्रकाशः ?

अर्थात् क्या स्वविषयक प्रकाशता को स्वप्रकाशता' कहा जाय ?

अथवा (३) सजातीयप्रकाशाऽप्रकाश्यत्वं—स्वप्रकाशः ?

क्या सजातीय प्रकाश से जो अप्रकाश्य हो, उसे 'स्वप्रकाश' कहा जाय ?

अथवा (४) स्वसत्तायां प्रकाशव्यतिरेकविरहितत्वम्—स्वप्रकाशः ?

क्या अपनी सत्ता (वर्तमानता) में प्रकाश का अवश्य रहना, अर्थात् जब तक इसकी सत्ता है, तब तक प्रकाश के साथ वियोग न हो पाना, ही 'स्वप्रकाशता' है ?

अथवा (५) स्वव्यवहारहेतुप्रकाशत्वं—स्वप्रकाशः ?

क्या ज्ञान का अपने व्यवहार के प्रति कारण (हेतु) होना 'स्वप्रकाशता' है ?

अथवा (६) ज्ञानाऽविषयत्वम्—स्वप्रकाशः ?

क्या ज्ञान का विषय न होना, यानी—अप्रमेयता को स्वप्रकाश कहा जाय ?

अथवा (७) ज्ञानाविषयत्वे सति अपरोक्षत्वं—स्वप्रकाशः ?

क्या ज्ञान का विषय न होते हुए भी अपरोक्ष (प्रत्यक्ष) होना—स्वप्रकाश कहा जाय ?

अथवा (८) व्यवहारविषयत्वे सति ज्ञानाविषयत्वं—स्वप्रकाशः ?

क्या व्यवहार का विषय (व्यवहार्य) होते हुए ज्ञान का विषय न होना—स्वप्रकाश कहा जाय ?

अथवा (९) स्वप्रतिबद्धव्यवहारे सजातीयपरानपेक्षत्वं वा स्वप्रकाशः ?

क्या स्वसम्बन्धी (स्वविषयक) व्यवहार में सजातीय अन्य की (दूसरे की) अपेक्षा न रहना 'स्वप्रकाशता' कही जाय ?

अथवा (१०) अवेद्यत्वे सति अपरोक्षव्यवहारविषयत्वं वा स्वप्रकाशः ?

क्या अवेद्यता (ज्ञान का अविषय) होते हुए अपरोक्ष (प्रत्यक्ष) व्यवहार का विषय होना 'स्वप्रकाशता' है ?

अथवा (११) 'तद्योग्यत्वं वा—स्वप्रकाशः ?

क्या अवेद्यता से युक्त अपरोक्ष व्यवहार की योग्यता को स्वप्रकाशता कहा जाय ?

इस प्रकार **'स्वप्रकाश' का लक्षण ग्यारह प्रकार** से किया जा सकता है। ये ग्यारह प्रकार के लक्षण इसलिये नहीं किये गये हैं कि पूर्व-पूर्व लक्षणों के दोषों का उनके द्वारा निरसन किया जाय, अपितु—'स्वप्रकाशता' को बताने वाले इतने लक्षणों का निर्माण संभव हो सकता है, तथापि ये सभी लक्षण किसी न किसी दोष से ग्रस्त हैं, इनमें से कोई भी लक्षण निर्दुष्ट नहीं है।

क्योंकि—

(१) **प्रथम लक्षण**, वेद्य-ज्ञान में अतिव्याप्त हो जाता है।

(२) **द्वितीय लक्षण**, कर्मकर्तृभाव का विरोध होने से असम्भव दोष से दूषित हो रहा है।

(३) **तृतीय लक्षण** भी ठीक नहीं है, क्योंकि प्रदीप आदि प्रदीपान्तर से प्रकाशित नहीं हुआ करते और स्वयं, अ-स्वप्रकाश है, अतः अस्वयंप्रकाशरूप अलक्ष्य में लक्षण की अतिव्याप्ति हो रही है।

(४) **चतुर्थ लक्षण** भी ठीक नहीं है, क्योंकि सुख-दुःखादि में उसकी अतिव्याप्ति हो रही है।

(५) **पञ्चम लक्षण** भी ठीक नहीं है, क्योंकि वह प्रदीप आदि में अतिव्याप्त हो रहा है।

(६) **षष्ठ लक्षण** भी समुचित नहीं है, क्योंकि स्वयंप्रकाश ब्रह्म में प्रमाण-जन्य ज्ञान की विषयता ही रहती है, अविषयता नहीं। अतः यह लक्षण असम्भव दोष से ग्रस्त है।

(७) **सप्तम लक्षण** भी ठीक नहीं है, क्योंकि असम्भव के कारण 'अविषयता' का तो निराकरण हो ही चुका है। अतः 'विषयता' का अर्थ यदि कर्मत्व करते हैं, तो **प्रभाकर मीमांसकों** के मतानुसार आत्मा में ज्ञानाश्रयता रहने के कारण उसमें अपरोक्षता मानी जायगी। इस रीति से अलक्ष्य में लक्षण का प्रवेश हो जाने से अतिव्याप्ति हो रही है।

(८) **अष्टम लक्षण** भी समुचित नहीं है, क्योंकि इस लक्षण में भी मोक्षादि-कालीन आत्मा में अव्याप्ति और ज्ञानविषयता का असम्भव आदि पूर्व प्रतिपादित दोष होते हैं। तथा **प्रभाकर मीमांसक** के अनुसार शुक्ति-रजतादि संसर्ग में यह लक्षण अतिव्याप्त भी हो रहा है। क्योंकि उसमें व्यवहारविषयता रहने पर भी **प्रभाकर** की दृष्टि से ज्ञानविषयता नहीं है।

(९) **नवम लक्षण** भी ठीक नहीं है, क्योंकि प्रदीपादि और घटादि सम्बन्धी व्यवहार में भी सजातीय पर (अन्य) की अपेक्षा न रहने से अतिव्याप्ति हो रही है।

(१०) **दशम लक्षण** भी निर्दुष्ट नहीं है, क्योंकि स्वयंप्रकाश वस्तु के अवेद्य रहने पर उसके विषय में विचार करना सम्भव ही नहीं हो सकता, यानी असम्भव है। **दूसरी बात** यह है कि स्वयम्प्रकाश आत्मा जब कि अपरोक्ष ज्ञान (प्रत्यक्ष ज्ञान) का विषय (वेद्य) है, तब उसके विरुद्ध उसे अवेद्य कहना तो अपनी माता को वन्ध्या कहने के तुल्य ही होगा। अपि च सुषुप्ति-प्रलय-मोक्ष-कालीन आत्मा में व्यवहारविषयता का अभाव रहने से लक्षण की अव्याप्ति भी हो रही है। एवं च असम्भव, वचोव्याघात, और अव्याप्ति इन त्रिदोषों से लक्षण, ग्रसित हो रहा है, अतः यह लक्षण उचित नहीं है।

(११) **एकादशवाँ लक्षण** भी ठीक नहीं है, क्योंकि लक्षणघटक 'योग्यता' को यदि 'स्वयंप्रकाश का धर्म' कहें तो मोक्ष दशा में आत्मा निर्धर्मक रहने से

अव्याप्ति होगी, और यदि उस दशा में उसे निर्धर्मक न मानें तो अद्वैतियों का सिद्धान्त भंग हो जायगा। यदि 'योग्यता' को 'स्वयंप्रकाशकास्वरूप' कहें तो 'ज्ञानस्वरूप आत्मा' में भी व्यवहारनिरूपणीयता आजायगी तब 'ह्रस्वत्व' आदि के समान वह नित्य सापेक्ष हो जायगा। निरपेक्ष नहीं रह पायगा। ऐसी स्थिति में परमात्मा की स्वयम्प्रकाशता उक्त लक्षण से सिद्ध नहीं हो रही है। क्योंकि 'स्वयम्प्रकाशता' (स्वयंप्रकाश) का कोई लक्षण ही नहीं बन पा रहा है।

'लक्षणप्रमाणाभ्यां हि वस्तुसिद्धिः' इस नियम के अनुसार स्वयंप्रकाशता का परीक्षण भी 'प्रमाण' के द्वारा **ग्रन्थकार** ने किया है।

किन्तु **ग्रन्थकार** प्रथमतः अपनी शैली के अनुसार **पूर्वपक्षी** के पक्ष का उत्थापन करने के लिये 'स्वयंप्रकाशता' की सिद्धि कर रहे हैं—'स्वयंप्रकाशता' की सिद्धि अनुमानप्रमाण से हो सकती है। जैसे—**'अनुभूतिः, अनुभूतिव्यवहारहेतुप्रकाशः, अनुभूतित्वात्, यन्नैवं तन्नैवं यथा घटः'**।

पूर्वपक्षी कह सकता है कि यह अनुमान ठीक नहीं है, क्योंकि इस अनुमान में **'अप्रसिद्धविशेषणता'** दोष है। अर्थात् 'पक्ष' में जो 'साध्य' रूप विशेषण दिया है, वह अप्रसिद्ध है।

इस पर **वेदान्ती** का कहना है कि आपको ऐसा सन्देह नहीं करना चाहिये, क्योंकि पक्ष में दिया हुआ जो विशेषण (अनुभूतिव्यवहार का हेतु जो प्रकाशत्व) है, वह उभयवादिप्रसिद्ध है, अर्थात् व्यवहार का हेतुभूत 'प्रकाश' दोनों को मान्य है। अतः उसे अप्रसिद्ध कह देना उचित नहीं है। क्योंकि 'स्व-व्यवहार का हेतु स्वयं होना' ही 'स्वप्रकाशता' है। इसलिये पक्षरूप 'अनुभूति' में अनुभूति-व्यवहारहेतुप्रकाशत्व' की जो प्रतिज्ञा की गई वह ठीक ही है।

किञ्च—'अनुभूतिव्यवहारहेतुप्रकाशत्व' रूप विशेषण का 'पक्ष' में असिद्ध रहना उचित ही है। अन्यथा (पक्ष में 'साध्य' यदि पूर्व से ही सिद्ध रहे तो) परार्थानुमान के प्रयोग की आवश्यकता ही क्यों होगी? क्योंकि 'पक्ष' तभी होता है, जब उसमें 'साध्य' का सन्देह हो, **'सन्दिग्धसाध्यवान् पक्षः'** यही तो पक्ष का स्वरूप है।

यदि **पूर्वपक्षी** यह कहे कि 'अनुव्यवसाय' ज्ञान में तो 'साध्य' का निर्णय (सिद्धि) रहता है, तब अनुभूति का अनुव्यवसायरूप जो अंश (भाग) है, उसमें **'सिद्ध-साधनता'** दोष हो जायगा।

उसपर **वेदान्ती** कहता है कि इस प्रकार से 'दोष' कह देना तुम्हें उचित नहीं होगा, क्योंकि **हम** वेदान्ती लोग 'अनुव्यवसाय' को मानते ही नहीं। उस स्थिति में

'अनुव्यवसाय' को अप पक्ष (धर्मी) का एकदेश (अंश-भाग) कैसे कह रहे हैं ? अतः पक्ष के एकदेश में 'सिद्धसाधनता' दोष आप नहीं दे सकते ।

उसपर **पूर्वपक्षी** पुनः कहता है कि **'स्वप्रकाशता'** की सिद्धि में आपके द्वारा प्रयुक्त किया गया 'अनुमानप्रयोग' ठीक नहीं है । इसप्रकार के अनुमानप्रयोग से 'स्वप्रकाशता' की सिद्धि नहीं हो सकेगी । क्योंकि आपने जो अनुमान **'अनुभूतिः, अनुभूतिहेतुप्रकाशः'** किया है, वह **'केवलव्यतिरेकी'** मानकर किया है । **'केवल-व्यतिरेकी हेतु'** उसे कहते हैं जिस 'हेतु' का. 'साध्य' के साथ सहचार निश्चित न हो । प्रकृत में तो **साध्य** (अनुभूतिव्यवहारहेतुभूतप्रकाशत्व) के अधिकरण में **'हेतु'** (अनुभूतित्व) की सत्ता निश्चित ही है । अर्थात् अनुभूति के व्यवहार का हेतुभूत 'प्रकाशत्व', जिस ज्ञान में सिद्ध है, वहीं पर यदि 'हेतु' भी रहे, तो 'हेतु' में 'केवलव्यतिरेकित्व' कैसे कहा जायगा ? व्यतिरेकी तो तभी कहा जायगा, जब कि उसका (हेतु का) साध्य के साथ सहचार नहीं रहेगा । साध्य के साथ उसका सहचार होने पर तो वह 'अन्वयी हेतु' कहलायगा । एवं च आपके द्वारा प्रयुक्त किया गया अनुमान, 'केवलव्यतिरेकी' न होकर 'अन्वयव्यतिरेकी' हो गया । क्योंकि 'प्रकाशत्व' रूप साध्य, जिस ज्ञान में निश्चित है, उसी ज्ञान में हेतु के रहने से उसकी केवल-व्यतिरेकिता भंग हो गई ।

यदि आप यही दुराग्रह करें कि **'साध्य'** (अनुभूतिव्यवहारहेतुप्रकाशत्व) के अधिकरण में हेतु (अनुभूतित्व) नहीं रहता, तब **सपक्ष** (निश्चितसाध्यवान् पक्ष) में न रहने वाला (अवृत्ति) **'हेतु'** (सपक्षाऽवृत्ति हेतु) **असाधारण अनैकान्तिक** (सव्यभिचार) कहा जाता है । एवं **"निश्चितसाध्याभाववान् विपक्षः"** जिसमें 'साध्य' के अभाव का निश्चय रहता है, उसे **'विपक्ष'** कहते हैं । उस साध्याभाव के अधिकरण (विपक्ष) में 'हेतु' का रहना (वृत्तित्व), अनुमान करने वाले को ही मान्य नहीं है । अर्थात् विपक्ष में हेतु की वृत्तिता को तो अनुमान करने-वाला स्वयं स्वीकार नहीं कर रहा है । अन्यथा 'हेतु' को **साधारण** (विपक्षवृत्ति) कहना पड़ेगा । अतः **निष्कर्ष** यह हुआ कि यह 'हेतु' न सपक्ष में रहता है, और न विपक्ष में ही रह रहा है, यानी दोनों में इस हेतु के न रहने से उसे **'असाधारण'** (सपक्ष-विपक्ष में न रहना, केवल पक्ष में ही रहना) कहा गया है । **केवल पक्ष** (पक्षमात्र) में वर्तमान रहने वाले 'हेतु' को **अनैकान्तिक** (अनिश्चित साध्यवाला) (दूषित हेतु) कहा गया है । जैसे —**'शब्दो नित्यः शब्दत्वात्'** इस अनुमान प्रयोग में जो **'शब्दत्व'** हेतु है, वह **नित्य** 'आकाशादि' रूप सपक्ष और **'अनित्य घटादि'**

रूप विपक्ष दोनों में ही न रह कर **नैयायिकों** की दृष्टि से केवल 'शब्द' रूप **पक्ष** में ही रहता है, क्योंकि **'शब्दत्व'** को, शब्द का असाधारण धर्म कहा जाता है। 'नित्यत्व' रूप **साध्य** के साथ 'शब्दत्व' रूप **हेतु** का ऐकान्तिकत्व (नियत-सहचारवत्त्व) नहीं है।

उसी प्रकार **'अनुभूतित्व'** भी 'अनुभूति' रूप **'पक्ष'** मात्र में रहता (वृत्ति) है, और उसका (अनुभूति का) **असाधारण धर्म** भी है, तथा वह (अनुभूतित्व) अपने साध्य के साथ ऐकान्तिक नहीं है, अर्थात् अनैकान्तिक है। तथा अनुव्यवसाय रूप **सपक्ष** (निश्चित साध्य वाले पक्ष) में 'हेतु' की वृत्ति कहें, तो पक्ष के एक भाग (एकदेश) में 'सिद्धसाधनता' दोष होगा, जिसे दूर नहीं किया जा सकता। अर्थात् स्वसिद्धान्त में अनुव्यवसाय को 'असिद्ध' कह देने मात्र से **दूसरे के** (वादी के) मत में सिद्धसाध्य वाले अनुव्यवसाय में 'सिद्धसाधन' दोष को दूर नहीं किया जा सकता।

यदि **वेदान्ती** के मत (स्वसिद्धान्त) में अनुव्यवसाय का स्वीकार न करने मात्र से **वादी** के मत में स्वीकृत (सिद्ध) किये गये अनुव्यवसाय में सिद्ध-साधनता-दोष का निवारण होता हो तो—

अन्यथा ख्यातिवादी नैयायिक 'रजतलिप्साजन्यनियतपुरोवर्तिप्रवृत्तित्वादि' हेतु के बल पर 'इदं रजतम्' यह पुरोवर्ति शुक्तिविषयक ज्ञान, अन्य के आकार में होता है—यह सिद्ध करना चाहता है।

तब **वेदान्ती,** नैयायिकोक्त हेतु (रजतलिप्साजन्यनियतपुरोवर्तिप्रवृत्तित्वात्) में 'सिद्धसाधनता' दोष को बताते हुए कहता है कि **'रजतज्ञानं पुरोवर्तिविषयकं रजतेच्छाधीनपुरोवर्तिप्रवृत्तिहेतुत्वात्'** अर्थात् 'इदं रजतम्' यह ज्ञान, 'पुरोवर्ति अनिर्वचनीय रजत–विषयकही है, शुक्ति विषयक नहीं है। इस प्रकार नैयायिक के अनुमान में सिद्धसाधनता दोष देगा। तब **अन्यथाख्यातिवादी** भी कह देगा कि 'अनिर्वचनीय रजत' को हमलोग स्वीकार ही नहीं करते। इतना कहने मात्र से ही **वेदान्ती** के द्वारा लगाये गये सिद्धसाधनता-दोष का परिहार वह कर देगा। यदि वचन मात्र से ही दोष का परिहार हो जाता है तो दोषपरिहारार्थं अनिर्वाच्यता के निरसनादि प्रयत्न की आवश्यकता ही नहीं होगी।

यह भी नहीं कह सकते कि **अन्यथाख्यातिवादी** के द्वारा किया गया 'पुरोवर्ति-विषयकत्व' का अनुमान, **अनिर्वचनीयवादी वेदान्ती** को लक्ष्य करके नहीं है, **अपितु अनुव्यवसायवादी** को लक्ष्यकर किया गया है।

किन्तु यह कहना भी ठीक न होगा, क्योंकि **अनिर्वचनीयवादी** के मत से 'सिद्धसाधनता' दोष उपस्थित होता है, उस स्थिति में अन्यथाख्यातिवादी को मूक हो जाना पड़ेगा। उसी तरह **अनुव्यवसायवादी** को लक्ष्य कर के भी **'अनुभूतिः, अनुभूतिव्यवहारहेतुप्रकाशः, अनुभूतित्वात्'** यह प्रयोग नहीं हो सकेगा, क्योंकि अनुव्यवसाय के एक अंश (भाग) में 'सिद्धसाधनता' दोष प्राप्त होता है।

इसपर **अन्यथाख्यातिवादी** यदि यह कहे कि हम उस **अनुव्यवसायवादी** को लक्ष्य करके उक्त अनुमानप्रयोग नहीं कर रहे हैं। हम अपना अनुमानप्रयोग तो **अनिर्वचनीयवादी** तथा **अनुव्यवसाय वादी** दोनों के अतिरिक्त किसी अन्य को लक्ष्य करके कर रहे हैं।

किन्तु उसका यह कहना भी उपहासास्पद ही होगा, क्योंकि उक्त दोनों से अन्य और है ही कौन ? जिसके लिये आप अनुमानप्रयोग कर रहे हैं।

इसपर यदि **अन्यथाख्यातिवादी** यह कहे कि हम **'अनुभूतिः'** इस पक्ष के साथ **'विवादपद'** को विशेषण के रूप में जोड़ देंगे। तब **'विवादास्पदीभूता अनुभूतिः'** यह कहा जायगा। विवाद का विषय तो अनिश्चित पदार्थ ही हुआ करता है। अर्थात् जहाँ 'साध्य' की सत्ता का निश्चय न रहने से वह विवाद का विषय बन गया है, यह कहने पर **'अनुव्यवसाय'** तो विवादास्पद (विवाद का विषय) होगा ही नहीं, क्योंकि 'अनुव्यवसाय' मे **'साध्य'** तो निश्चित रूप से रहता ही है। एवं च **'विवादास्पदीभूता अनुभूतिः'**के अन्तर्गत 'अनुव्यवसाय' का समावेश न हो पाने से उसकी (अनुव्यवसाय) की व्यावृत्ति (व्यवच्छेद) हो जायगी। जब वह 'पक्ष' के अन्तर्गत ही नहीं हो पायगा, तब उसमें **धर्मिभागता** (पक्ष का अंश = भाग) कैसे कही जा सकेगी ? जब वह धर्मी का 'भाग' ही नहीं, तब **पक्ष के एकदेश** (एक भाग) में 'सिद्धसाधनता' दोष भी नहीं कहा जा सकता।

अन्यथाख्यातिवादी यह भी कह सकता है कि 'अनुव्यवसाय' में 'साध्य' की प्रसिद्धि कहने पर 'हेतु' की केवलव्यतिरेकिता नहीं रह पाती, उसका (हेतुका) जो **'केवलव्यतिरेकित्व'** स्वरूप है वह नष्ट हो जाता है, और 'अनुव्यवसाय' को **साध्यसिद्धि** का स्थल न मानने पर 'साध्य की अप्रसिद्धि' पूर्ववत् बनी रहती है, यानी 'पक्ष' के विशेषणरूप 'साध्य' की प्रसिद्धि नहीं हो पाती।

यदि यह कहें कि **नैयायिक** ही 'अनुव्यवसाय' को साध्यप्रसिद्धि का स्थल मानते हैं। तब तो उसके लिये **'केवलव्यतिरेकी हेतु'** का प्रयोग करने की कोई आवश्यकता ही नहीं है।

इसी प्रकार अन्यान्य कितने ही प्रश्न मन में उठते हैं। जैसे—**'व्यवहारहेतुत्व'** को 'प्रकाश' (साध्यांश) का **'विशेषण'** कहा जाय, अथवा **'उपलक्षण'** कहा जाय ?

यदि 'व्यवहारहेतुत्व' को 'प्रकाश' का विशेषण कहते हैं, तो **मोक्षावस्था** (कैवल्यावस्था) में 'जीवात्मा' व्यवहारशून्य रहता है, यानी उसमें व्यवहारहेतुता (व्यवहारहेतुत्व) रूप विशेषण का अभाव रहता है। एवं च **विशेषण-विशिष्टसाध्य** के अभाव से उसकी स्वयंप्रकाशता का भी अभाव प्राप्त होगा।

उक्त आपत्ति को दूर करने के लिये यदि 'व्यवहारहेतुत्व' का अर्थ **'व्यवहार-हेतुत्वयोग्यता'** करते हैं, तब तो वह 'व्यवहारहेतुत्वयोग्यता', मोक्षावस्थापन्न-**जीवात्मा** में भी रहती है, उस कारण उसमें स्वयम्प्रकाशता का अभाव (अस्व-प्रकाशता) कहने का प्रसंग नहीं आवेगा।

किन्तु यह भी नहीं कह सकते। क्योंकि यह भी विचार करना होगा कि उस 'योग्यता' को आप 'स्वयम्प्रकाशवस्तु' का **'स्वरूप'** समझ रहे हैं, अथवा 'स्वरूप' से **भिन्न** (अतिरिक्त) समझ रहे हैं ?

'योग्यता' को यदि 'स्वयम्प्रकाशवस्तु' का **स्वरूप** कहें तो उसमें **'नित्यसापेक्षता'** (सप्रतियोगिकत्व) कहनी होगी, अर्थात् 'योग्यता' को नित्यसापेक्ष रहना होगा। नित्यसापेक्षता भी एक दोष है।

अतः **'योग्यता'** को स्वरूपातिरिक्त कहें तो उसे (योग्यता को) **विशेषण** कहना होगा। तब वह **योग्यतारूप विशेष,** मोक्षावस्थापन्न **आत्मा** में न रहने से वही पूर्वोक्त दोष (मोक्षावस्थापन्न आत्मा में अस्वप्रकाशता) ही पुनः कायम रहेगा। क्योंकि मोक्षावस्था में **निर्विशेष आत्मा** रहता है।

अब यदि 'व्यवहारहेतुत्व' या 'व्यवहारहेतुत्वयोग्यता को' **उपलक्षण** कहें, और उससे उपलक्षित हुए 'प्रकाशात्मत्व' को **'साध्य'** रखें तो **'उपलक्षितत्व'** को साध्य (प्रकाशात्मत्व) का विशेषण कहना होगा, क्योंकि वह 'साध्य' के अन्तर्गत ही है। उस कारण मोक्षावस्था में स्वयम्प्रकाशत्वाभाव (अस्वप्रकाशता) रूप दोष, जो पहले प्राप्त हुआ था, वही पुनः कायम रहेगा।

यदि **'उपलक्षितत्व'** को 'साध्य' का विशेषण (साध्य के अन्तर्गत) न कहकर, साध्य के बहिर्भूत अर्थात् 'उपलक्षण' कहते हैं तब 'प्रकाशरूपतामात्र' को ही 'साध्य' कहना होगा। किन्तु वह 'प्रकाशस्वरूपता' (साध्य) **'प्रकाशरूपतामात्र'** में भी सिद्ध है। तब 'केवलव्यतिरेकी अनुमान' करने का अवकाश ही कहीं नहीं रहता है।

इन उक्त दूषणों से ही **'अनुभूतिः अनुभाव्या न भवति, अनुभूतित्वात्'**— अर्थात् अनुभूति-(संविद्) अनुभाव्य (वेद्य) नहीं होती, क्योंकि उसमें 'अनुभूतित्व' (अनुभवस्वरूपत्व) रहता है, इत्यादि प्रयोगों का भी निरसन हो जाता है। क्योंकि उन प्रयोगों में भी **'अप्रसिद्धविशेषणता'** दोष दूर नहीं किया जा सकता।

अपि च—'ज्ञानं वेद्यं वस्तुत्वात् घटवत्' अर्थात् ज्ञान 'वेद्य' (अनुभाव्य) है, क्योंकि वह, वस्तुत्वविशिष्ट है जैसे घट। इस प्रतिप्रयोग (विरोधी प्रयोग) रूप विरोधीपक्ष (प्रतिपक्ष) का भी संभव हो सकता है। इस विरोधी प्रयोग के द्वारा **'सत्प्रतिपक्षितत्व'** दोष का भी संभव है। एवं च **बाधित होने से** उक्त अनुमान नहीं किया जा सकता।

यदि यह कहा जाय कि **'ज्ञानरूपवस्तु'** निर्धर्मक होने से 'वस्तुत्वधर्मरूप हेतु' ही 'पक्ष' में वेदान्तियों के मतानुसार असिद्ध है।

किन्तु यह कहना ठीक नहीं होगा, क्योंकि **कल्पित** या **अकल्पित** आदि विशेष का विचार न करें तो 'अनुभूतित्व' के समान **'सत्ताधिकरणत्वरूपवस्तुत्व'** भी उसी प्रकार **'पक्ष'** में सिद्ध है, जैसे कि 'अनुभूतित्व'। अर्थात् 'सत्ताधिकरणत्वरूप वस्तुत्व' में **'हेतुत्व'** सिद्ध है।

तात्पर्य यह है कि 'वस्तुत्व' हेतु कल्पित है या अकल्पित है ? **यह प्रश्न** करना उचित न होगा। अन्यथा **'अनुभूतित्व'** के विषय में भी यही प्रश्न किया जायगा। अर्थात् यदि **वेदान्ती** 'अनुभूतित्व' हेतु को **'कल्पित'** कहेगा तो **परमत में** 'कल्पित' असिद्ध है और यदि **अकल्पित** (सत्य) कहे तो स्व-मत में 'असिद्ध है'। अतः **कल्पित-अकल्पितकोटिनिरपेक्ष** अनुभूतित्व के समान **'वस्तुत्व'** को भी 'हेतु' माना जाता है।

'ज्ञानं वेद्यम्' इस अनुमान में पुनः एक प्रश्न उपस्थित होता है कि उसमें जो **साध्य** 'वेद्यत्व' है, वह **'वास्तविक'** (पारमार्थिक) है, या **'अवास्तविक'** (प्रातिभासिक यानी मिथ्या) है ? अथवा **व्यावहारिक** है ? या **'साधारण'** (वास्तविकता आदि विशेषण से रहित यत्किञ्चित् सामान्य) है ?

प्रथम (वास्तविकता) पक्ष में 'घटादि' **दृष्टान्त** को 'साध्य-शून्य' कहना होगा। क्योंकि **अद्वैतवादी वेदान्ती** 'घट' आदि में **'पारमार्थिक'** (वास्तविक) वेद्यत्व नहीं मानते, और **तीनों पक्षों में** 'सिद्धसाधनता' दोष होगा, क्योंकि **'अपारमार्थिक'** (अवास्तविक = मिथ्या) व्यावहारिक और साधारण 'वेद्यत्व' को तो— 'अनुभूति' में **वेदान्ती** मानते ही हैं।

वह **'अवास्तविक वेद्यत्व'**, 'वेद्यत्वाभाव' का **विरोधी भी** नहीं है, इसलिये 'अवास्तवादिस्वरूपवाले वेद्यत्व के रहते हुए भी **वास्तविक वेद्यत्वाभाव** (स्वप्रकाशत्व) की सिद्धि हो सकती है। एवंच इस रीति से **स्वयम्प्रकाशत्व** को सिद्ध किया जा सकता है।

इसपर **प्रतिवादी** कहता है कि वादी का उपर्युक्त कथन ठीक नहीं है, क्योंकि **'घट'** में जैसा **व्यावहारिक** (प्रमाण-सिद्ध-व्यावहारिक) वेद्यत्व है वैसा ही **अनुभूति में वेद्यत्व** की सिद्धि का प्रयत्न करने पर भी **उसमें** 'स्वयम्प्रकाशत्व' की सिद्धि नहीं कर सकते। क्योंकि यदि **व्यावहारिक वेद्यत्व** के रहने पर भी 'अनुभूति' में यदि स्वयंप्रकाशत्व को मानोगे तो **'घट-पट' को भी** 'स्वप्रकाश' क्यों नहीं मानते ? **एवं च** 'अनुभूति' स्वयम्प्रकाश न होकर 'घट' के समान ही वेद्य है। क्योंकि **व्यावहारिकवेद्यत्व** भी **स्वप्रकाशत्व का** विरोधी ही है। एवंच **अनुभूति** में व्यावहारिक वेद्यत्व के विद्यमान रहते उसका **स्वप्रकाशकत्व** कैसे सिद्ध हो सकता है ?

एक **अन्य अनुमान प्रयोग से** भी 'अनुभूति' में 'वेद्यत्व' का होना सिद्ध किया जा सकता है, जैसे —**'अनुभूतिपदं, स्वगोचर-गोचरज्ञानजन्यं, पदत्वात्, कुम्भपदवत्'**—अर्थात् 'अनुभूति पद, स्व-वाच्यविषयक ज्ञान से जन्य है, क्योंकि उसमें 'पदत्व' है, जैसे—कुम्भपद, स्वगोचर (स्ववाच्यविषयक) ज्ञानजन्य है। इस अनुमान से भी **'अनुभूति' में वेद्यत्व** सिद्ध होता है।

फिर भी **इस दूसरे अनुमान में** शंका यह होती है कि इसमें जो **पहिला** 'गोचर' पद है, उससे क्या **'विषय मात्र'** विवक्षित है, या **'वाच्यार्थ'** विवक्षित है, अथवा **'लक्ष्यार्थ'** विवक्षित है ?

उक्त विकल्पों में से प्रथम पक्ष (विषयमात्र) और द्वितीयपक्ष (वाच्यार्थ) तो **'सिद्धसाधनता'** दोष प्राप्त होने से संगत हो नहीं सकते, क्योंकि **'अनुभूति' शब्द** का 'विषय' और 'वाच्यरूप' जो **अन्तःकरणवृत्तिविशिष्ट ज्ञान** (अनुभव) है, उसको ज्ञान का गोचर (विषय) मानते ही हैं। अर्थात् **अनुभूतिपदवाच्य जो अन्तःकरणवृत्तिविशिष्ट ज्ञान** (अनुभव) है, उसमें ज्ञानगोचरता (वेद्यता) मानते ही हैं। इस प्रकार के **'सभी ज्ञानों में 'साक्षिवेद्यता'** होती ही है।

किन्तु **तृतीय** (लक्ष्य) पक्ष में **मुख्य** (वाच्य) अर्थ की विवक्षा से प्रयुक्त (बोले गये) **'गङ्गा'** आदि पदों में व्यभिचार होगा। **इस पक्ष में** अनुमान का आकार यह होगा—,**अनुभूतिपदं स्वलक्ष्यविषयकज्ञानजन्यं, पदत्वात्, गङ्गा-**

पदवत्'। इसी को इस प्रकार भी कह सकते हैं—**अनुभूतिपदं, स्वगोचर (लक्ष्य) गोचर-ज्ञानजन्यं, पदत्वात्, पदान्तरवत्'**। यहाँ पर **'पदत्व' हेतु,** व्यभिचारी है। क्योंकि मुख्यार्थ (प्रवाह) की बोधेच्छा से उच्चारित **'गङ्गायां नावः सन्ति'** इत्यादि वाक्यों के 'गंगा' पद रूप **पदान्तर में** 'पदत्वरूप' **हेतु** तो है, किन्तु लक्ष्यविषयक-ज्ञान की जन्यता (**साध्य**) नहीं है, यानी 'साध्य' का अभाव है। यहाँ का **'गङ्गापद',** अपने मुख्यार्थ (प्रवाह) विषयक ज्ञानसे 'जन्य' है, अपने लक्ष्यार्थ (तीर) विषयकज्ञाने से जन्य नहीं है। अर्थात् **गङ्गारूप** जो पदान्तर है, उसमें 'लक्ष्यज्ञान-जन्यता' का अभाव है। **तात्पर्य** यह है कि **'गङ्गायां नावः सन्ति'** या **'गङ्गायां मत्स्याःसन्ति'** इत्यादि वाक्य, **लक्ष्यज्ञानजन्य नहीं होते**।

किन्तु यह शंका ठीक नहीं है, उसका समाधान यह होगा कि **'लक्षक'** पद को 'पक्षकोटि' में रखकर **'लक्षकपदत्व'** को 'हेतु' बनावेंगे, तथा **'लक्षक गङ्गादिपद'** को दृष्टान्त में रखेंगे। इतनी सामग्री तयार करके **'लक्ष्यविषयक-ज्ञानजन्यत्व'** का अनुमान करेंगे—**'लक्षकमनुभूतिपदं, स्वलक्ष्यविषयक-ज्ञानजन्यं, लक्षकपदत्वात्, लक्षकगङ्गादिपदवत्'**—इस प्रकार अनुमान करने पर **तृतीय पक्ष** (गोचर शब्द का 'लक्ष्य अर्थ'—स्वीकारने) **में** कोई दोष नहीं हो पाता है। क्योंकि जब **केवल** 'पदत्व' को 'हेतु' बनाते थे, तब लक्षक 'गंगा' पद को न लेकर **मुख्यार्थक** 'गंगा' पद को भी लेलिया जाता था, जिसमें 'पदत्व' हेतु, तो रहता था, किन्तु साध्य नहीं रहता था, उस कारण व्यभिचार दोष होता था। किन्तु जब **'लक्षकपदत्व'** को **हेतु** बना लिया, तब वह हेतु (लक्षकपदत्व), **'मुख्यार्थक गङ्गापद'** में नहीं रहता। अर्थात् **'लक्षकपदत्वरूप हेतु',** अब मुख्यार्थ के अभिप्राय से प्रयुक्त हुए 'गंगा' पद में नहीं रहता। उसमें तो केवल **शुद्ध 'पदत्व'** रहता है, किन्तु अब **उसे** हमने 'हेतु' के रूप में नहीं रखा है। अतः **तृतीय पक्ष में** कोई व्यभिचार दोष नहीं है।

फिर भी और एक प्रश्न मन में उदित होता है कि **वेदान्ती के 'अनुभूतिः, अनुभूतिव्यवहारहेतुप्रकाशः, अनुभूतित्वात्'** इस 'स्व-प्रकाशत्वानुमान' में पक्षभूत **'अनुभूति'** पद से **वेदान्ती को** क्या विवक्षित है, यानी 'अनुभूति' पद का **'वाच्य अर्थ'** विवक्षित है, या **'लक्ष्य अर्थ'** विवक्षित है ? इस प्रश्न का अभिप्राय यह है कि आप 'अनुभूति' पद के अभिधेय अर्थ (वाच्य अर्थ) को 'स्वप्रकाश' सिद्ध करना चाह रहे हैं ? या उसके लक्ष्य अर्थ को स्व-प्रकाश सिद्ध करना चाह रहे हैं ?

यदि **प्रथम पक्ष** (वाच्य अर्थ को स्वप्रकाश सिद्ध करना) स्वीकार करते हैं, तो आपको अपने पक्ष (सिद्धान्त) का त्याग करना होगा। उसका परिणाम यह

होगा कि **'अपसिद्धान्त'** नामक— निग्रहस्थान' से आप निगृहीत हुए समझे जायेंगे। क्योंकि **'अन्तःकरणवृत्तिविशिष्ट चेतन'** ही तो 'अनुभूति' पद का 'वाच्य अर्थ' है, किन्तु **वेदान्तियों** के सिद्धान्तानुसार उसे **'स्वप्रकाश' नहीं माना जाता,** अपितु— **'शुद्ध चेतन'** को ही **'स्वप्रकाश'** माना जाता है। अतः **अपने सिद्धान्त** (शुद्ध चेतन के स्वप्रकाशत्व) का अब आप त्याग करके उसके विरुद्ध **वृत्तिविशिष्ट चेतन** को 'स्वप्रकाश' कहेंगे तो उसे 'अपसिद्धान्त' ही कहा जायगा। क्योंकि **स्व-सिद्धान्त** को त्यागकर **उसके विरुद्ध**(स्वसिद्धान्त के विपरीत) कथाप्रसंग (बोलना) चलाने को ही **'अपसिद्धान्त'** कहते हैं— **'स्वसिद्धान्तमभ्युपेत्यानियमात् कथाप्रसंगोऽपसिद्धान्तः'**–(न्या. सू. ५।२।२३)। एवञ्च प्रथम पक्ष का स्वीकार यदि आप करते हैं तो आप स्वयं **'निगृहीत'** हो रहे हैं।

उसी तरह यदि आप (अनुभूतिपद के लक्ष्यार्थ रूप) **द्वितीय पक्ष** (विकल्प) का स्वीकार करते हैं तो **'आश्रयाऽसिद्धि'** नामक दोष होता है। **'प्रमातृत्वादि** सभी धर्मों से रहित किसी **अद्वितीय वस्तु'** को ही 'अनुभूति' पद का **लक्ष्यार्थ,** आप बता रहे हैं, किन्तु आपके द्वारा बताये गये 'अनुभूति' पद के उक्त 'लक्ष्यार्थ को **प्रतिवादी** नहीं मान रहा है। अतः **किसी आश्रय के अभाव** में आप 'स्वप्रकाशत्व' को कहाँ सिद्ध करेंगे ? एवञ्च 'अनुभूति' पद के **वाच्यार्थ में** 'स्वप्रकाशता' न सिद्ध हो रही है और न ही उसके **'लक्ष्यार्थ' में** 'स्वप्रकाशता' सिद्ध हो पा रही है। अतः **आश्रयासिद्धि** दोष हो रहा है।

एक प्रश्न और भी 'स्वप्रकाशता' के सम्बन्ध में हो सकता है कि 'स्वप्रकाशता' को बताने वाला कोई **'प्रमाण' भी है, या नहीं ?**

यदि **प्रथमविकल्प** (प्रमाण है) का स्वीकार करते हैं, तो वह 'प्रकाशता', **प्रमाण से वेद्य** (प्रकाश्य) कहलायगी। उस स्थिति में उस 'प्रकाशता' को प्रमाण के द्वारा प्रकाशित होना होगा। तब वह 'प्रकाशता' **पर-प्रकाश्य** हो जायगी, **'स्वप्रकाश्य'** नहीं रहेगी। अर्थात् उसकी **'स्वप्रकाशता भङ्ग** हो जायगी।

'स्वप्रकाशता के भंग होने की भीति से यदि **दूसरे विकल्प** (स्वप्रकाशता के होने में कोई प्रमाण नहीं) का स्वीकार करते हैं तो **'प्रमाणाभाव'** की स्थिति में 'स्वप्रकाशता' की सिद्धि ही नहीं हो सकेगी। क्योंकि किसी भी वस्तु की सिद्धि का होना 'प्रमाण' के ही अधीन रहता है। कहा भी है कि **'मानाधीना मेयसिद्धिः'।** एवञ्च **'उभयतः-पाशारज्जुः** है, उसके बन्धन से **वेदान्ती** बँध जाते हैं। इससे अधिक घोर विपत्ति, वेदान्तियों पर क्या हो सकेगी ? **निष्कर्ष** यह है कि **'स्वप्रकाशता'**

के अस्तित्व में न **कोई लक्षण** ही बन पा रहा है और **न प्रमाण ही** उपलब्ध हो रहा है। अतः **'स्वप्रकाशता' की सिद्धि करने में तत्पर रहना** 'आकाशपुष्प' के चयन के समान ही समझना चाहिये—यह कह कर पूर्वपक्षी ने **वेदान्तियों** पर घनघोर आक्रमण कर दिया है।

इसपर धैर्यशाली **वेदान्ती** बड़ी गम्भीरता तथा निर्भयता से उक्त **पूर्वपक्ष के** समाधानार्थ तत्पर हो जाता है।

वेदान्ती कहता है—

'अपरोक्षव्यवहृतेर्योग्यस्याऽधीपदस्य नः।
संभवे स्वप्रकाशस्य लक्षणाऽसम्भवः कुतः॥'

हम वेदान्तियों के मत में अपरोक्ष-व्यवहार (प्रत्यक्ष बोल-चाल' के व्यवहार) में आने वाले **'अ-धीपद'** (अवेद्य = ज्ञान का अविषय) रूप **'स्वप्रकाशत्व'** के संभव रहते 'लक्षण' (स्वप्रकाश का लक्षण) संभव नहीं है—यह कैसे कहा जायगा ? अर्थात् जब कि **'अ-धी' शब्द** (ज्ञान का अविषय यानी ज्ञान का विषय न हो सकने वाला = न जाना जा सकने वाला यानी अवेद्य) लोगों के मुख से **उच्चारित** किया जा रहा है, यह कोई छिपी हुई बात नहीं है, सबके प्रत्यक्ष है। ऐसी स्थिति में 'स्वप्रकाश' पदार्थ का लक्षण ही नहीं है, यह कहना अत्यन्त अनुचित है। क्योंकि ज्ञान का विषय न होते हुए भी यानी **'अवेद्य'** रहते हुए भी जिसका व्यवहार निरन्तर हो रहा है। अत एव वह **'स्वप्रकाश'** कहलाता है। निष्कर्ष यह है कि **अवेद्यत्वे सति अपरोक्षव्यवहारयोग्यत्वं 'स्वप्रकाशत्वम्'** —यही 'स्वप्रकाशत्व' का लक्षण है।

किञ्च—यह जो कहा था कि **'व्यवहारयोग्यत्व'** को **'लक्ष्यार्थ** के रूप में मानते हुए उसे **'ब्रह्मात्मा'** का धर्म कहा जाय तो मोक्षावस्था में अव्याप्ति होगी, क्योंकि मोक्षावस्था में 'ब्रह्मस्वरूप हुआ 'आत्मा' निर्धर्मक रहता है और उस अव्याप्ति के भय से यदि मोक्षावस्था में भी 'व्यवहारयोग्यता' रूप धर्म को उसमें स्वीकार किया जाय तो अपसिद्धान्त होगा।

किन्तु ऐसी आशंका करना ठीक नहीं है, क्योंकि उपर्युक्त **'अवेद्यत्वे सति अपरोक्षव्यवहारयोग्यत्व'** रूप लक्षण में 'योग्यत्व' पद का अर्थ **'योग्यत्व' के 'अत्यन्ताभाव का अनधिकरणत्व'** ही हमें विवक्षित है। अर्थात् 'योग्यता' के अत्यन्ताभाव की अनधिकरणता' ही यहाँ उक्त **'योग्यत्व** है। **जैसे**—गुणत्वात्यन्ताभाव का अनधिकरणत्व ही 'द्रव्यत्व' का स्वरूप समझा जाता है। इसको इस प्रकार भी समझ सकते हैं—जैसे, **'द्रव्य'** का लक्षण **न्यायलीलावतीकारने** 'गुणाश्रयो

द्रव्यम्' किया है। **किन्तु वैशेषिकों** के अनुसार उत्पत्तिक्षण में कोई भी **'द्रव्य'** किसी भी **'गुण'** का आश्रय नहीं होता है। इस प्रकार **उत्पत्तिक्षणावच्छिन्न द्रव्य** में द्रव्यलक्षण की अव्याप्ति होती देख कर **'गुणाश्रयत्व'** का अर्थ किया जाता है कि **'गुणात्यन्ताऽयोगव्यवच्छेदः'** यानी 'गुण' के अत्यन्ताभाव का अनधिकरणत्व। यह **अनिधिकरणत्व,** उत्पत्तिक्षणावाच्छिन्नद्रव्य में भी रहता है। उसी तरह **वेदान्ती** भी उक्त **'योग्यता'** का अर्थ, उसके **'अत्यन्ताभाव का अनधिकरणत्व'** करके अपने लक्षण की अव्याप्ति को दूर कर सकते हैं।

दूसरा दोष जो 'अपसिद्धान्त' कहा था, वह भी ठीक नहीं है, अर्थात् **'योग्यत्व'** धर्म के मानने से अपसिद्धान्त भी नहीं होता है, क्योंकि **पारमार्थिक** (वास्तविक) जो धर्मादिगुण हैं, उनका **अभाव,** 'ब्रह्मरूप आत्मा' में हम (वेदान्ती) स्वीकार करते ही हैं, और **काल्पनिक धर्मों** को 'संसारी जीवात्मा' में हम मानते ही हैं। इसी बात को श्री सुरेश्वराचार्य ने भी कहा है—

'अक्षमा भवतः केयं साधकत्व-प्रकल्पने।
किं न पश्यसि संसारं तत्रैवाज्ञानकल्पितम् ॥'

—(बृह. वार्ति. १।४।१२१६)।

अर्थात् **अद्वितीय आत्मा** में साधकत्व की कल्पना आपको असह्य क्यों रही है ? क्या आप यह नहीं देखते कि **आत्मा में** ही सम्पूर्ण संसार अज्ञानकल्पित है। इसी तरह **अध्यासभाष्य** के अवतर की व्याख्या करते हुए **पञ्चपादिकाचार्य** ने शंका उपस्थित की है—**'एकरस स्वप्रकाशरूप आत्मा** के धर्म ही कैसे सिद्ध हो सकते हैं ? जिनका **विषयों में** अध्यास हो सके'।

स्वयं उपस्थापित शंका का समाधान करते हुए वे कह रहे हैं—**'आनन्द, विषयानुभव** (विषयों का अनुभव) और **नित्यत्व'**—ये सब धर्म, **'आत्मा'** में रहते हैं, यानी ये आत्मा के धर्म हैं। **वास्तव में** देखा जाय तो **'आनन्द आदि'** आत्मा से पृथक् नहीं हैं, ये तो तत्स्वरूप (आत्मा के स्वरूपभूत) हैं, किन्तु **दुःखादि** जो अनात्मपदार्थ हैं, उनकी अपेक्षा से पृथक् के समान भासित होते हैं।

'आनन्दो विषयानुभवो नित्यत्वं चेति सन्ति धर्माः।
अपृथक्त्वेऽपि चैतन्यात् पृथगिवावभासन्ते ॥'

इसलिये **उनको** 'धर्म' शब्द से कह देते हैं। यदि यह कहें कि 'संसारी जीवात्मा' में **'योग्यत्वादि' धर्म** की कल्पना से 'योग्यत्वादि धर्म' के अत्यन्ताभाव की

'आत्मा' में अनधिकरणता वैसी ही है जैसी 'द्रव्य' में गुणाश्रयता। किन्तु **मोक्षावस्था** में 'योग्यत्वादि धर्मों' की कल्पना **आत्मा में** कदाचिदपि नहीं की जा सकेगी। **एवञ्च** मोक्षावस्था में उक्त 'योग्यत्वादि धर्म' का **जीवात्मा में** अभाव रहने से लक्षण की **अव्याप्ति** यथास्थित रहेगी ही।

लक्षण में प्रयुक्त विशेषणों का कार्य भी देखना चाहिये, जिससे उनके औचित्य का पता लगता है। लक्षण में **'अवेद्यत्व'** पद से 'योग्यत्व' को विशेषित किया गया है यानी 'अवेद्यत्व' को 'योग्यत्व' का विशेषण बना दिया है, उसकारण अपरोक्ष-व्यवहार के योग्य **'घट'** आदि में **अतिव्याप्ति** नहीं हो पाती। **यदि** कोई पूछे कि 'अवेद्यत्व' को विशेषण के रूप में रखने के बजाय केवल उसी को (वेद्यत्व को) ही **स्वप्रकाश** का लक्षण कहें तो क्या हानि है ? **हानि यह होगी** कि भूतकालिक और भविष्यत्कालिक यानी भूत और भावी घटादि कार्यों में तथा नित्य अनुमेय (प्रत्यक्ष के अगोचर) **धर्म आदि में** अतिव्याप्ति होगी। क्योंकि **सिद्धान्त की** दृष्टि में ये सब 'वेद्य' नहीं हैं।

इस पर **यह शङ्का** हो सकती है कि भूत-भावी पदार्थ तथा धर्मादि भी **अनुमान** और **आगम** से वेद्य हो सकते हैं, अतः उन्हें **'अवेद्य'** नहीं कहा जा सकता। क्योंकि **'अवेद्यत्व'** का अर्थ 'ज्ञानाविषयत्व' यानी ज्ञान का विषय न होना है। एवञ्च यह ज्ञानाविषयत्वरूप 'अवेद्यत्व' उनमें नहीं है। अपितु उनमें **परोक्षज्ञान के** द्वारा 'वेद्यत्व' ही है। अतः **'अवेद्यत्वमात्र'** लक्षण की अतिव्याप्ति नहीं होगी।

इसपर **सिद्धान्ती** उत्तर देता है कि 'अवेद्यत्व' का अर्थ **'ज्ञानाऽविषयत्व'** नहीं है, अपितु **फलव्याप्यत्वरूप वेद्यत्व का अभाव'**—यह अर्थ है। एवञ्च 'फलव्याप्यत्वरूप वेद्यत्व का अभाव' उनमें भी है। अर्थात् **धर्मादि में** शब्दजन्यवृत्ति की विषयता रहने पर भी **'फलव्याप्यता'** (फलविषयता) नहीं रहती। अतः केवल 'अवेद्यत्व' लक्षण की उनमें अतिव्याप्ति तो होती ही है। धर्म आदि में 'फलव्याप्यता' के न रहने का **कारण यह** है कि **'अभिव्यक्तविषयावच्छिन्न चैतन्य'** को ही 'फल' कहते हैं। 'विषयावच्छिन्न चैतन्य की अभिव्यक्ति वहीं पर होती है, जहाँ 'इन्द्रिय' का **अपने योग्यविषय** के साथ सम्बन्ध (सन्निकर्ष) रहता है। **धर्मादि** तो इन्द्रिय के विषय बनने के योग्य ही नहीं है, क्योंकि **वे अतीन्द्रिय** हैं। इसलिये उनमें फल-विषयता (फलव्याप्यता) रूप **'वेद्यत्व'** का अभाव रहने से अतिव्याप्ति हो रही है।

सिद्धान्ती का अभिप्राय यह है कि **'साधारण ज्ञान की विषयता'** (विषयत्व) **मात्र**, को 'वेद्यत्व' शब्द से विवक्षित नहीं किया गया है। अपितु **'अर्थाकार वृत्ति'** में स्थित **'चिदाभासरूप फल'** से व्याप्य होना (व्याप्यता या प्रकाशमान होना), यह

अर्थ, **'वेद्यत्व'** शब्द से यहाँपर विवक्षित है। इस 'वेद्यत्व' का धर्मादि में अभाव रहता ही है। इस प्रकार **'अवेद्यत्व' लक्षण की** 'धर्मादि' में अतिव्याप्ति होती ही है। क्योंकि आप्तवाक्य रूप विधिवाक्यादिविशिष्ट 'शब्दरूप' जो प्रमाण है, उसके आधार पर भूत-भावी, धर्मादि पदार्थ के आकार में परिणत हुई अन्तःकरण की जो **परोक्ष-विषयक वृत्ति** पैदा होती है, उसीसे अतीतादि पदार्थों का प्रतिपादनादि-व्यवहार तथा धर्मादि के अनुष्ठान का व्यवहार हुआ करता है। अर्थात् **विशिष्ट शब्द प्रमाण** के आधार पर जहाँ प्रत्यक्ष होता है, वहाँ **इन्द्रियजन्य अन्तःकरण वृत्ति**, विषय के प्रदेश में पहुँच कर विषयाकार हो जाती है और **उपाधिरूप विषय**, और **वृत्ति** के एकत्र हो जाने से **उपहित** दोनों **'चेतन'**, एक हो जाते हैं। तब **'वृत्ति'** से व्यक्त होकर 'विषय' प्रकाशित होता है, तथा **वृत्तिगत चिदाभास** भी विषय को विशेषरूप से प्रकाशित करता है। इसी को **'वेदन'** कहते हैं, और भूत-भावी के ज्ञान स्थान में (विषयदेश में) **'वृत्ति'** नहीं जाती। वह भीतर ही उत्पन्न होती है। **धर्म** आदि का ज्ञान, धर्म के प्रदेशरूप **अन्तःकरण में** उत्पन्न होता हुआ भी धर्मादि विषय की **अयोग्यता से**, 'वृत्तिविशेष' धर्माकार नहीं होती है। अतः उसे 'वेदन' शब्द से नहीं कहा जाता। अतएव उसका विषय **'ज्ञेय'** होता हुआ भी उसे 'वेद्य' नहीं कहते। यही **'ज्ञान'** और **'वेदन'** में अन्तर है।

उक्त विवेचन के अनुसार 'धर्म' आदि में **'फलव्याप्यत्व'** के न रहने पर भी योगियों को उसका प्रत्यक्ष होता है, इसलिये **धर्मादि में** भी अपरोक्षत्व (फलव्याप्यत्व) हो सकता है।

किन्तु यह कहना ठीक नहीं है। क्योंकि 'धर्म' आदि का ज्ञान, एकमात्र **'वैदिक विधिवाक्य रूप प्रमाण' से** ही होता है। इस तथ्य को **'चोदनालक्षणोऽर्थो धर्मः'** इस सूत्र के द्वारा **महर्षि जैमिनि** ने बताया है। **'चोदना चोपदेशश्च विधिश्चैकार्थवाचिनः'** अर्थात् 'चोदना और विधि' दोनों शब्द, 'एक ही अर्थ' के वाचक हैं, यानी पर्याय हैं। **तात्पर्य** यह है—**वेद के शब्द से** ही 'धर्म' को जाना जाता है, अन्य किसी प्रमाण से नहीं। अतः यह स्पष्ट है कि **योगियों को** 'धर्म' का प्रत्यक्ष नहीं होता। क्योंकि **'धर्म'**, कभी भी प्रत्यक्षादि प्रमाण से गम्य नहीं है।

इसपर **पूर्वपक्षी** का कहना है कि यदि **योगी**, 'धर्म' का प्रत्यक्ष नहीं कर सकेगा तो उसे (योगी को) **सर्वज्ञ** कैसे कहा जा सकेगा ? क्योंकि **सर्वज्ञ** उसी को कहा जा सकता है, जिसे विश्व की समस्त वस्तुओं का प्रत्यक्ष ज्ञान हो।

इसपर **वेदान्ती** कहता है कि **सर्वज्ञत्व** के होने में विश्व के यच्च-यावत् (संपूर्ण) पदार्थों का **द्रष्टृत्व**' प्रयोजक' नहीं है। अतः **द्रष्टृत्वाभाव से** सर्वज्ञत्वाभाव (सर्व-

दर्शित्वाभाव) की प्राप्ति नहीं होगी। 'योगी' को सर्वदर्शी (सर्वज्ञ) तो कहते ही हैं। उसके 'सर्वज्ञत्व' (सर्वदर्शित्व) का अर्थ यही है कि 'सर्वयोग्य पदार्थों का द्रष्टृत्व' उसमें रहता है। अर्थात् 'श्रोत्र-नेत्र' आदि इन्द्रियों के द्वारा श्रवण, दर्शन होने के योग्य पदार्थों के दूर-व्यवहित होने पर भी उनका प्रत्यक्ष या श्रवण, योगी को हो जाता है। किन्तु दर्शन-श्रवण के योग्य न रहनेवाले (अयोग्य) पदार्थों का द्रष्टृत्व, श्रोतृत्व योगी में भी नहीं रहता। अतः योगीको सर्वज्ञत्व (सर्वदर्शित्व) कहने का तात्पर्य यही है कि योगी, योग्य पदार्थों का द्रष्टा, श्रोता रहता है। साधारण व्यक्तियों में दूर-व्यवहित रहने वाले योग्य पदार्थों को देखने-सुनने की शक्ति नहीं होती। एवञ्च साधारण लोगों की अपेक्षा 'योगी' का सामर्थ्य, विलक्षण रहता है। क्योंकि योगसाधना के प्रभाव से उनके इन्द्रियों में साधारण लोगों की अपेक्षा 'सामर्थ्यातिशय' प्राप्त हुआ रहता है। 'धर्म' तो प्रत्यक्ष योग्य, पदार्थ है नहीं, इसलिये योगी को भी उसका प्रत्यक्ष ज्ञान नहीं हो पाता। प्रत्यक्ष तो उसी वस्तु का होता है, जिस वस्तु का 'रूप' हो। 'धर्म' कोई रूपवान् पदार्थ नहीं है, इस कारण उसका 'प्रत्यक्ष' न हो पाना उचित ही है। इन्द्रिय के अत्यन्त अयोग्य रहने वाले पदार्थ को भी योगी देख ले, सुन ले यह कदापि संभव नहीं है।

श्री कुमारिल भट्टपाद कहते हैं—

"यत्राप्यतिशयोदृष्टः स स्वार्थानतिलङ्घनात्।
दूरसूक्ष्मादिदृष्टौ स्यान्न रूपे श्रोत्रवृत्तिता॥"

अर्थात् किसी के इन्द्रिय में किसी उपाय से जो अतिशय (उत्कर्ष) दिखाई देता है, तो वहाँ भी कोई इन्द्रिय अपने निर्धारित विषय का उल्लंघन करता हुआ दिखाई नहीं देता। जैसे चक्षुरिन्द्रिय, उपायवश प्राप्त किये अपने सामर्थ्यातिशय से, दूरस्थित, सूक्ष्मातिसूक्ष्म भी वस्तु को देख ले, यह तो संभव है, किन्तु यह कभी नहीं हो सकता कि चक्षु से 'शब्द' को देख ले और श्रोत्र (कान) से नील-पीतादि रूप को देख ले। जिस इन्द्रिय का जो विषय (अर्थ) नियत है, उसका उल्लंघन, वह कदापि नहीं करता। यह सब कहने का तात्पर्य इतना ही है कि धर्म आदि में 'फलव्याप्यता' के न रहने से 'अवेद्यत्व' मात्र लक्षण करने पर अतिव्याप्ति होती है। उस अतिव्याप्ति को दूर करने के लिये 'अवेद्यत्व' में 'अपरोक्षव्यवहारयोग्यत्व' यह 'विशेषण' अवश्य देना होगा, जिससे अतिव्याप्ति नहीं होगी। आँख से प्रत्यक्ष-योग्य होने में 'रूप' को कारण कहा जाता है। वह 'धर्म' में न रहने से 'धर्म' का प्रत्यक्ष नहीं हो पाता है। उसी तरह 'धर्म' का मानस-प्रत्यक्ष भी नहीं हो सकता,

क्योंकि संस्कार के समान ही वह भी मानस-प्रत्यक्ष के योग्य नहीं है। अर्जुन आदि को भी पुण्य के बल से तत्तदिन्द्रिय के योग्य वस्तु का ही प्रत्यक्ष हुआ था, 'धर्म' का नहीं। वस्तुतः जीवन्मुक्त योगी भी ईश्वरकोटि और अनीश्वरकोटि के भेद से दो प्रकार के होते हैं। ईश्वरकोटि के योगी के विषय में भगवती श्रुति कहती है कि 'यः सर्वज्ञः स सर्ववित्'—(मुं. उ. १।१।९), अर्थात् जो 'सर्वज्ञ' है वह 'सर्ववित्' है, अर्थात् जो सामान्यतया सब का ज्ञाता है, वह विशेष रूप से भी सब का ज्ञाता होता है। तथा 'पश्यत्यचक्षुः स शृणोत्यकर्णः'—(श्वेता. उ. ३।१९), नेत्ररहित होता हुआ देखता है, और कर्णरहित होता हुआ सुनता है।

इसपर पूर्वपक्षी कहता है कि 'धर्म' आदि में 'अपरोक्षव्यवहारयोग्यत्वे सति अवेद्यत्व' इस लक्षण की अतिव्याप्ति न होने पर भी 'अज्ञान, अन्तःकरण, अन्तःकरण के इच्छादिधर्म, तथा शुक्ति-रजत' आदि में उक्त लक्षण की अतिव्याप्ति तो है ही, वह दूर नहीं हो पाई। क्योंकि इनमें 'फलव्याप्यता' (फलविषयता) नहीं है, इसलिये इन में, लक्षण-प्रदर्शित 'अवेद्यत्व' के रहने से और 'अहम् अज्ञानी' इस प्रकार की 'अपरोक्ष व्यवहार की योग्यता के होने से अतिव्याप्ति हो रही है।

उसपर वेदान्ती कहता है कि उनमें 'अवेद्यत्व' है, यह कहना तो ठीक है, किन्तु उसके साथ 'अपरोक्षव्यवहारयोग्यता' उनमें रहती है—यह कहना ठीक नहीं है, क्योंकि 'यः साक्षात् अपरोक्षाद् ब्रह्म' यह श्रुति बताती है कि 'साक्षात् अपरोक्षता' तो 'अपरोक्ष-ब्रह्म-स्वरूप साक्षी' में ही अध्यस्त (कल्पित) रहती है। और उसमें अध्यस्त (कल्पित) रहने से ही 'अज्ञान' आदि में उस 'अपरोक्षता' की प्रतीति होती है। अर्थात् 'अधिष्ठान-साक्षी' की 'अपरोक्षता' उन अज्ञानादिकों में भासित होती है। इसलिये 'अहम् अज्ञः' इस प्रतीति के आधार पर उन अज्ञानादिकों' में 'अपरोक्षता' को मानना उचित नहीं है।

शङ्का—अपरोक्ष 'ब्रह्म' में 'अज्ञान' आदि कल्पित होने पर भी उसमें (अज्ञान आदि में) 'अपरोक्ष' शब्द का व्यवहार किया जाता है। उस व्यवहार के आधार पर ही 'अपरोक्षव्यवहार की योग्यता' को भी कल्पित कर लें तो क्या हानि है ?

समा०—'शुक्ति' को 'रजत' शब्द से व्यवहार करने के अयोग्य माना जाता है, तथापि भ्रमकाल में 'शुक्ति' को 'रजत' समझ कर 'शुक्ति' में 'रजत' शब्द का व्यवहार किया जाता है। अर्थात् रजत-व्यवहारयोग्यता 'शुक्ति' में न रहने पर भी उसमें 'रजत-व्यवहार' होता रहता है। अतः व्यवहार होनेमात्र से उसमें 'व्यवहार-योग्यता' भी है, यह नहीं कहा जा सकता। निष्कर्ष यह है कि शुक्ति में रजत

व्यवहार की योग्यता के बिना भी 'रजतव्यवहार' की उपपत्ति हो जाती है। उतनेमात्र से उसमें व्यवहारयोग्यता की भी कल्पना करना उचित नहीं है।

शङ्का—यदि आप उपर्युक्त रीति से **'अध्यस्त पदार्थ'** में 'अपरोक्ष व्यवहार की योग्यता' को नहीं स्वीकार करते हैं, तो आपके लक्षण में **'अवेद्यत्व'** विशेषण की सार्थकता ही समाप्त हो जाती है, क्योंकि **'अवेद्यत्व'** वेशेपण से व्यावर्तनीय (व्यवच्छेद्य) होने वाली ऐसी कोई 'वस्तु' ही नहीं है। आपने 'अवेद्यत्व' विशेषण से 'वेद्य घट–पटादि' की व्यावृत्ति जो बताई थी, वह तो अब 'प्रत्यक्षव्यवहार-योग्यत्व' मात्र से ही हो जायगी। क्योंकि आपके मत में 'घट–पट आदि पदार्थ' भी **'अध्यस्त'** (कल्पित) ही हैं। उस कारण उनमें **'साक्षात् अपरोक्षव्यवहार-योग्यता'** नहीं है, किन्तु वह **अधिष्ठानाधीन** है।

समा०—आपको ऐसी आशंका नहीं होनी चाहिये। क्योंकि प्रत्यक्ष प्रमाण के विषय होने वाले (प्रत्यक्ष दिखाई देने वाले) घट-पटादिकों में जो **'अपरोक्ष-व्यवहारयोग्यता'** है, उसे 'व्यवहार काल' में मानते ही हैं। अतः **'अपरोक्षव्यवहारयोग्यत्व'** के कहने मात्र से उन घट-पटादिकों की व्यावृत्ति नहीं हो पाती है। उस कारण उनकी व्यावृत्ति के लिये **'अवेद्यत्व'** विशेषण देना सार्थक है, निरर्थक नहीं है।

तथापि यह जिज्ञासा हो सकती है कि **'अवेद्यत्वे सति प्रत्यक्षव्यवहार-योग्यत्वम्'** इस लक्षण में से **'व्यवहारयोग्यत्वम्'** इतना अंश यदि निकाल दें, और **'अवेद्यत्वे सति प्रत्यक्षत्वम्'** (अवेद्यत्वविशिष्टमपरोक्षत्वम्) अर्थात् 'अवेद्यत्व से युक्त प्रत्यक्ष' को ही **'स्वप्रकाश'** कहें, यानी इतना ही 'स्वप्रकाश' का लक्षण करें तो भी कहीं **अतिव्याप्ति** (व्यभिचार) आदि दोष की संभावना नहीं है। अतः उतना बड़ा लक्षण करने की आवश्यकता क्या है ?

उक्त जिज्ञासा का **समाधान** यही है कि **'सन्देहनिवारणार्थं'** उतना बड़ा लक्षण किया गया है **'प्रत्यक्षव्यवहारयोग्यत्व'** के बजाय **'प्रत्यक्षत्व'** यदि कहते हैं, तो **'लाघव'** ही होगा, और अतिव्याप्ति भी नहीं होगी, यह हम भी जानते हैं, तथापि उतना बड़ा लक्षण बनाने में रहस्य यह है कि 'घट-पट' आदि पदार्थों में जो **अपरोक्षता** (प्रत्यक्षता) कही जाती है, **वह** उनमें **'अपरोक्षज्ञान की विषयता'** (प्रत्यक्षज्ञान की विषयता) के रहने से ही कही जाती है, उसी प्रकार **स्वप्रकाश वस्तु 'ब्रह्मात्मा'** में भी **'अपरोक्ष—विषयता'** के होने से ही प्रत्यक्षता (अपरोक्षता) कही जायगी, तब उस स्वयंप्रकाश वस्तु 'ब्रह्मात्मा' में 'अवेद्यता' (अवेद्यत्व)

कैसे रहेगी ? क्योंकि 'अपरोक्षज्ञानविषयतारूप प्रत्यक्षता' का 'अवेद्यता' (अवेद्यत्व) के साथ विरोध है। विरोध होने से किसी को व्याघात का भ्रम भी हो सकता है। वह न हो, इसलिये केवल 'अपरोक्षत्व' न कहकर **'अपरोक्ष व्यवहारयोग्यत्व'** कहा गया है। यह 'अपरोक्षव्यवहारयोग्यत्व' पूर्वपक्षी को भी **'ब्रह्म'** में अभिमत है। एवं च पूर्वपक्षी के द्वारा अभिमत 'अपरोक्षव्यवहारयोग्यता' के रहने से ही **'ब्रह्म'** में 'अपरोक्षता' मानी जाती है। 'अपरोक्षज्ञानविषयता' के कारण नहीं। अतः **'प्रत्यक्षता'** (अपरोक्ष) का **'अवेद्यता'** (अवेद्यत्व) के साथ कोई विरोध नहीं है।

शंका—इस पर **पूर्वपक्षी** कहता है कि **'अवेद्य ब्रह्म'** में 'व्यवहारयोग्यता' (व्यवहारविषयता) कैसे संभव हो सकती है ? क्योंकि लोकव्यवहार में बराबर देखते हैं कि जो 'वेद्य' रहता है वही व्यवहार्य यानी व्यवहार के योग्य (व्यवहार का विषय) हो पाता है। एक ओर आप 'अवेद्य' भी कहें और एक ओर उसे 'व्यवहार का विषय भी' कहें। ये दोनों परस्पर विरोधी बातें एक ही वस्तु में कैसे उपपन्न हो सकती हैं ?

समा०—पूर्वपक्षी के द्वारा की गई आशंका पर सिद्धान्ती उसकी आशंका का तात्पर्य उसी के मुख से निकलवाने के लिये उससे प्रश्न करता है कि क्या आप यह कहना चाह रहे हैं ? कि जो **'अवेद्य' होता है, वह व्यवहार का विषय नहीं** होता है' अथवा **'अपरोक्षव्यवहारविषयता'** के आधार पर **'वेद्यत्व'** का **अनुमान** करना चाह रहे हैं।

हमारे द्वारा उपस्थित किये गये प्रश्नात्मक दो विकल्पों में से **प्रथम विकल्प** का आश्रय कर अनिष्टापादन आप नहीं कर सकते, क्योंकि **अवेद्यत्व'** रूप आपादक और **'व्यवहार का विषय न होना** (व्यवहाराऽविषयत्व यानी अव्यवहार्य) रूप आपाद्य ये दोनों ही तार्किकों के मत में अप्रसिद्ध हैं। **अभिप्राय** यह है कि **'आत्मा में** यदि अवेद्यत्व (वेद्यत्व का अभाव) होगा, तो 'अपरोक्षव्यवहारविषयता' का अभाव (अपरोक्षव्यवहाराऽविषयत्व) भी होगा'—इस **अनिष्टापादन** (अनिष्टप्रसञ्जन) में आपादक होगा—**'अवेद्यत्व'** (वेद्यत्व का अभाव), और आपाद्य होगा—**'अपरोक्षव्यवहाराऽविषयत्व'** (अपरोक्षव्यवहारविषयता का अभाव)। ये दोनों ही तार्किकों के मत में अप्रसिद्ध हैं। उनके मत में 'वेद्यत्व' और 'अपरोक्षव्यवहारविषयत्व'—दोनों ही 'केवलान्वयी धर्म हैं, इसलिये उनका अभाव कहीं भी प्रसिद्ध (ज्ञात) नहीं है, अर्थात् अप्रसिद्ध है। प्रसञ्जन

(प्राप्ति) तो प्रसिद्ध का ही हुआ करता है, अप्रसिद्ध का कभी भी प्रसञ्जन नहीं हो सकता। **एवञ्च** 'वेद्यत्व और अपरोक्षव्यवहारयोग्यत्व (विषयत्व) दोनों 'केवलान्वयी' हैं क्योंकि **जीवात्मा** के लिये जो 'अवेद्य' है, वह भी **ईश्वर** के लिये 'वेद्य' रहता है। जब कि उनका 'अभाव' 'प्रसिद्ध ही नहीं है, तब किससे किसका आपादान होगा? अतः प्रथम पक्ष का स्वीकार आप नहीं कर सकते।

अब रहा **दूसरा विकल्प** (पक्ष), अर्थात् (अपरोक्षव्यवहारयोग्यत्व [विषयत्व] से 'वेद्यत्व' का अनुमान करना), उसे भी आप स्वीकार नहीं कर सकते। क्योंकि ग्रन्थकार ने ही 'सत्प्रतिपक्ष' का निराकरण करते समय उसका भी खण्डन कर दिया है। प्रस्तुत प्रसंग में प्रतिपक्ष का अवसर न होने से द्वितीय विकल्प का खण्डन यहाँ नहीं किया है। इसलिये हमने जो **'स्व-प्रकाश'** का **लक्षण** किया है, वह पूर्णतया **निर्दुष्ट** है।

उसी तरह **'स्वप्रकाशता'** के होने में **अनुमान प्रमाण** भी है। जैसे—**'अनुभूतिः स्वयं प्रकाशा, अनुभूतित्वात्, यन्नैवं तन्नैवं यथा घटः'**—'अनुभव' (ज्ञान) स्वयं प्रकाश है, ज्ञान होने से, जो स्वयं-प्रकाश नहीं है, वह ज्ञान भी नहीं है, जैसे 'घट'। 'अनुभव' में ज्ञानत्व है, अतः उसमें 'स्व-प्रकाशत्व' है। 'स्वप्रकाशत्व' में यह प्रमाण हम ने दिया है। इस अनुमान प्रमाण में **'अप्रसिद्ध विशेषणता'**(अप्रसिद्ध-साध्यता) दोष है, यह भी आप नहीं कह सकते। क्योंकि **'सामान्यतो दृष्टानुमान'** से सामान्यतया **'विशेषण'** (साध्य) की सिद्धि हो जाती है। तब आप कैसे कह सकते हैं कि **'पक्ष'** (अनुभूति), अप्रसिद्धविशेषणवाला है। अर्थात् 'पक्ष' का 'विशेषण' अप्रसिद्ध है, यह आप नहीं कह सकते। न कह सकने में कारण यह है कि—

'सामान्यतोऽनुमानेन प्रसिद्धेऽपि विशेषणे।
कथं कथय पक्षोऽयमप्रसिद्धविशेषणः॥'

यहाँ 'अपि' शब्द, को भिन्नक्रम' समझना चाहिये। अर्थात् सामान्यतोऽपि प्रसिद्धे विशेषणे अप्रसिद्धविशेषणः पक्षः कथमिति कथय। कथमपीत्यर्थः।

सामान्यतोदृष्टानुमान का आकार यह होगा—

'वेद्यत्वं किञ्चिन्निष्ठात्यन्ताभावप्रतियोगि, धर्मत्वात् शौक्ल्यवत्'।

अर्थात् **'वेद्यत्व'** धर्म, किसी-न-किसी **धर्मी में** रहने वाले 'अत्यन्ताभाव का 'प्रतियोगी' है, क्योंकि वह भी धर्म है, जैसे **शुक्लत्व** धर्म है, तो उसका 'अत्यन्ताभाव' भी कहीं-न-कहीं अवश्य ही होगा। उसी प्रकार **'वेद्यत्व'** धर्म का भी कहीं

'अत्यन्ताभाव' हो सकता है। तब जिस धर्मी में उसका अत्यन्ताभाव रहेगा, उसका प्रतियोगी 'वेद्यत्व' कहा जायगा। क्योंकि जिसका अभाव होता है, वही उस अभाव का प्रतियोगी कहा जाता है। अतः उस 'वेद्यत्व' धर्म को अवश्य ही 'वेद्यत्वात्यन्ताभाव (अवेद्यत्व) वाला कह सकते हैं। उस अभावाधिकरणरूपी 'धर्मी' का भले ही किसी 'विशेषधर्मी' के रूप में निर्देश न भी हुआ हो, तो भी इतना तो निश्चित ही है कि कहीं-न-कहीं 'वेद्यत्वाऽभाव' है, अर्थात् 'अवेद्यत्व' कहीं-न-कहीं प्रसिद्ध है ही। एवं च सामान्यतोदृष्टानुमान से नामतः अनिर्दिष्ट किसी-न-किसी धर्मी (पक्ष) विशेष में विद्यमान 'अवेद्यत्वधर्म' के सामान्यरूप की सिद्धि तो हो ही जाती है।

उस **'अवेद्यत्व'** में **'अनुभूतिः स्वयम्प्रकाशा'** इस केवलव्यतिरेकी अनुमान से उस 'अनुभूति (पक्ष) विशेष' की 'अश्रितता' को बताया जा रहा है, जिसमें अपरोक्षव्यवहारविषयता सभी को सम्मत है। अभिप्राय यह है कि उक्त अनुमान में अप्रसिद्धविशेषणता को दूर करने के लिये **सिद्धान्ती** ने **'वेद्यत्वं, चिद्भिन्निष्ठ'** इस अनुमान का सहारा लिया है।

इस पर **पूर्वपक्षी** ने कहा कि आपके इस अनुमान से 'अवेद्यत्व' साध्य का जो विशेषणभाग है वही केवल प्रसिद्ध होगा, **सम्पूर्ण 'साध्य'** (अवेद्यत्वे सति अपरोक्षव्यवहारयोग्यत्व) नहीं।

उस पर **सिद्धान्ती** कहता है कि **'अनुभूति'**, जो 'पक्ष' है, उसमें **'अपरोक्षव्यवहारयोग्यत्व'** तो रहता ही है, इस बात को तो वादी-प्रतिवादी दोनों मानते हैं। प्रश्न तो केवल 'अवेद्यत्व' रूप विशेषण का है, कि वह प्रसिद्ध है या नहीं? तो उस विशेषणभाग की प्रसिद्धि भी सामान्यतः हमने कर दी है, तब 'अप्रसिद्धविशेषणता' दोष क्यों दिया जा रहा है? अर्थात् 'अप्रसिद्धविशेषणता' दोष हमारे अनुमान में नहीं है। इस प्रकार 'केवलव्यतिरेकी' का प्रामाण्य, **उदयनाचार्य** के अनुसार बताया गया।

अब **न्यायलीलावतीकार** की रीति से भी उसे बताते हैं। **'यद्विपर्ययेऽसमीहितप्रसक्तिः तत् किञ्चिन्मानयोग्यम्'** यानी जिस पदार्थ का अभाव रहने पर 'अनवस्था' आदि अनिष्ट दोष प्राप्त होते हैं, वह पदार्थ, निश्चित ही किसी प्रमाण का विषय होता है—यह **सामान्य नियम** माना जाता है। प्रस्तुत प्रसंग में वादी के विप्रतिपत्ति वाक्यों को सुनने से 'अनुभूति' अनुभव का विषय है, या नहीं? यह संशय होने लगता है। इसलिये 'अनुभूति' में किसी दूसरे अनुभव की विषयता

को यदि मानते हैं तो अनवस्था आदि दोष प्राप्त होते हैं। अतः अनुभवविषयता का 'अभाव' यानी अवेद्यता किसी प्रमाण का विषय अवश्य है। अर्थात् वह पदार्थ, कहीं पर प्रमाणयोग्य अवश्य रहता है—**'यस्य वैपरीत्यांगीकारे प्रमाणान्तरबाधादिप्रसक्तिः तत्प्रमाणयोग्यम्'**—इस 'सामान्य व्याप्ति' का ज्ञान होता है, यानी सामान्यरूप से ज्ञान होता है। जैसे—आकाश आदि के समान सर्वत्र 'जाति' का अभाव मानने पर 'गो' आदि में जो अनुगतप्रतीति होती है, उसके बाध का प्रसंग प्राप्त होने लगेगा, और 'गो' आदि के समान सर्वत्र 'जाति' के अभाव का अभाव (जाति) को मानते हैं, तो 'अनवस्था' दोष प्राप्त होता है, तथा 'जाति' में भी एक दूसरी 'जाति' माननी पड़ती है।

प्रकृत में प्रतिवादियों के विरुद्धवाक्य (विप्रत्ति) को सुनकर जब संशय होने लगता है और अनुभूति को अनुभव का विषय (अनुभाव्य) मानते हैं तो अनवस्था आदि अनिष्टदोष प्राप्त होते है। अतः अनुभाव्यत्व (अनुभवविषयत्व) के अभाव (अवेद्यत्व) का सामान्यरूप से कहीं प्रमाणविषयत्व है, ऐसा ज्ञान होने के पश्चात् विशेषप्रमाण की जब जिज्ञासा होने लगती है, तब 'अनुभूतिः स्वयं प्रकाशा'—इस केवलव्यतिरेकी अनुमान को बताया गया है। इसलिये जो **'अप्रसिद्धविशेषणता'** दोष दिया गया है, वह उचित नहीं है।

अन्यथा यानी उक्त सामान्यव्याप्ति का स्वीकार न करने पर नैयायिक भी **'इच्छादयः, अष्टद्रव्यातिरिक्तद्रव्याश्रिता, अष्टद्रव्याऽनाश्रितत्वे सति गुणत्वात्'** इस अनुमान के द्वारा **'इच्छा'** आदि में **'अष्टद्रव्यातिरिक्त-द्रव्याश्रितत्व'** (इच्छा आदि में आठ द्रव्यों से अतिरिक्त अन्यद्रव्य की आश्रितता) चार्वादिकों के प्रति कैसे बता पायेंगे ? क्योंकि **'इच्छा'** आदि, भूम्यादि आठ द्रव्यों से भिन्न अन्य किसी द्रव्य के आश्रित हैं, क्योंकि वे इच्छा आदि, 'गुण' हैं। इस अनुमान से **नैयायिक** 'आत्मा' की सिद्धि नहीं कर सकेंगे, क्योंकि **आठ द्रव्यों** से अतिरिक्त अन्य द्रव्य, अप्रसिद्ध है। इसलिये 'अप्रसिद्धविशेषणता' दोष होता है, और प्रसिद्ध रहने पर भी यदि वहाँ 'हेतु' रहता है, तो **'हेतु'** की 'अन्वयव्यतिरेकिता' के कारण 'केवलव्यतिरेकिता' का असंभव होता है। यदि 'हेतु' वह नहीं रहता है, यानी 'पक्ष' से अतिरिक्त 'साध्य के स्थान' में 'हेतु' नहीं रहता है, तो **पक्षमात्रवृत्ति 'गुणत्वरूपहेतु'** में 'असाधारण अनैकान्तिकता' प्राप्त होती है।

अतः नैयायिक जिस प्रकार अनुमानान्तर से 'विशेषगुणत्व और अष्टद्रव्याऽवृत्तित्व' सिद्ध होने पर ही **इच्छादयः, अष्टद्रव्यातिरिक्त-द्रव्याश्रिता, अष्टद्रव्या-**

नाश्रितत्वे सति गुणत्वात्, यन्नैवं तन्नैवं, यथा गन्धः'—इस व्यतिरेकी से ही अष्ट-**द्रव्यातिरिक्त-द्रव्याश्रितत्व** को 'इच्छा' आदि में सिद्ध कर सकते हैं। उसी प्रकार **वेदान्ती** भी 'स्वप्रकाशत्व' की सिद्धि कर सकते हैं।

शङ्का—उक्त '**सामान्यव्याप्ति और केवलव्यतिरेकी**' द्वारा तो सर्वत्र ही 'साध्य' की प्रसिद्धि की जा सकती है, तब तो '**अप्रसिद्ध-विशेषणता**' दोष कहीं होगा ही नहीं, यानी हमेशा के लिये उसीका अभाव हो जायगा।

समा०—**वेदान्ती** कहता है कि उक्त शंका ठीक नहीं है, '**अप्रसिद्धविशेषणता**' नामक दोष को कहीं अवसर न मिल पाने से उसका अस्तित्व ही संसार में नहीं रहेगा—ऐसा क्यों कह रहे हैं ? क्योंकि '**सामान्यतोदृष्टानुमान**' के क्षेत्र (विषय) से अतिरिक्त क्षेत्र '**भूमिः, शशविषाणोल्लिखिता, भूमित्वात्, यन्नैवं, तन्नैवम्, यथा—जलम्**'—में,—जो सामान्यतोदृष्टानुमानादि का अविषय है, यानी विषय नहीं है,—ऐसे स्थलों में 'अप्रसिद्धविशेषणता' दोष के लिये अवकाश (स्थान) है।

अथवा 'अनुभूति' में 'अवेद्यत्व' का अनुमान '**महाविद्या**' के प्रयोग से भी किया जा सकता है। '**महाविद्यानुमान**' का अर्थ यह है—'**महतीविद्या-महाविद्या, तदुपयोगि अनुमानं महाविद्यानुमानम्। विद्यायां महत्त्वञ्च द्वारात्पत्वरूपलाघवशालित्वेसति सिषाधयिषितार्थसाधकत्वम्**। टीकाकार ने द्वितीय परिच्छेद में बताया है कि **केवलान्वयिनिव्यापके प्रवर्तमानो हेतुः पक्षे व्यापकप्रतीत्यपर्यवसानबलादन्वय-व्यतिरेकि साध्यविशेषं साधयन् हि महाविद्येति**'। **महाविद्याप्रयोग** (महाविद्यानुमान) का आकार यह है—'**अयं घटः, एतद्घटान्यत्वे सति वेद्यत्वाऽनधिकरणाऽन्यः पदार्थत्वात्, पटवत्**'—अर्थात् **यह घट**, इस घट से अन्य में रहनेवाले वेद्यत्व के अधिकरण से अन्य है, यानी एक व्यक्तिरूप घट, इस घट से अन्यत्वयुक्त वेद्यत्व के अनधिकरण से अन्य है, क्योंकि वह पदार्थ है, जैसे—पट। यहाँ पर एक व्यक्तिरूप घट से अन्यत्वयुक्त वेद्यत्व 'पट' में रहेगा, उसका अनधिकरण, 'एक व्यक्तिरूप घट' ही होगा, उससे अन्य (भेदयुक्त) 'पट' होगा। इस रीति से 'पटरूप दृष्टान्त' में 'हेतु' के स्थान (जगह) में 'साध्य' की प्रसिद्धि होती है, किन्तु 'एकव्यक्तिरूप घट, 'स्वान्यत्वयुक्त वेद्यत्व' का अनधिकरण आप ही (स्वयं ही) है। किन्तु उक्त 'वेद्यत्वानधिकरण' से अन्य, वह, स्वयं ही (आप ही) तो हो नहीं सकता। जब स्वान्यत्वयुक्त वेद्यत्व का अनधिकरण, उससे अन्य कोई भी हो, तब उस 'घट' (पक्ष) में तदन्यत्वयुक्त वेद्यत्वानधिकरण से 'अन्यत्व' (साध्य) की सिद्धि हो जायगी। अतः अनुभूति में 'तद्घटान्यत्व' के रहते हुए भी 'वेद्यत्व' का

अभाव रहता है, उस कारण 'तद्घटान्यत्वयुक्तवेद्यत्व' का अनधिकरणत्व रहता है, और उसका भेद 'एतद् घटव्यक्ति' में रहता है। इस रीति से (इस प्रकार की महाविद्या का प्रयोग करके) 'घट' में साध्य की प्रसिद्धि होती है। अतः 'अवेद्यत्व' की अप्रसिद्धि का दोष नहीं है। एवं च महाविद्याप्रयोग के द्वारा भी 'अवेद्यत्व' की प्रसिद्धि की जा सकती है।

महाविद्याप्रयोग उस अनुमान को कहते हैं, जिसके 'साध्य' का समन्वय, 'दृष्टान्त' में किसी अन्य पद्धति से किया जाय, और 'पक्ष' में किसी अन्य पद्धति से किया जाय।

तथाहि—प्रकृत अनुमान में 'एतद्घटान्यत्वविशिष्टवेद्यत्व के अनधिकरण का भेद',—'साध्य' है। 'शुद्ध वेद्यत्व' तो जहाँ-कहीं सर्वत्र रहता है, किन्तु 'एतद् घटान्यत्वविशिष्टवेद्यत्व' इस घट' से भिन्न 'पट' आदि में ही रहेगा, इस कारण, 'विशिष्टवेद्यत्व' का अधिकरण होगा 'पट आदि', और अनधिकरण होगा 'एतद् घट'। इस 'अनधिकरण' का भेद रहेगा, दृष्टान्तरूप 'पट' में ही। दृष्टान्तरूप 'पट' में 'भेद' रूप साध्य की प्रसिद्धि होने का कारण यह है कि उस 'पट' में एतद् घटान्यत्व' है। अन्यथा साध्यप्रसिद्धि न होती।

अब 'पक्ष' की ओर दृष्टि दीजिये—पक्षरूप जो 'एतद्घट' है, उसमें 'एतद् घटान्यत्व' नहीं है। अतः 'पक्ष' में 'साध्य' का समन्वय करने के लिये हमें बाध्य होकर 'पक्ष' से भिन्न किसी दूसरे को 'वेद्यत्व' का अनधिकरण अवश्य ही स्वीकार करना होगा, जो **एतद्घटान्यत्वविशिष्टवेद्यत्व** का अनधिकरण हो सके। उसमें भी यद्यपि **'एतद्घटान्यत्व'** रूप 'विशेषण' है, तथापि 'वेद्यत्व' रूप 'विशेष्य' के न रहने से उसे विशिष्ट का अधिकरण नहीं कह सकते, अपितु 'विशिष्ट' का अनधिकरण ही कहना होगा, और उससे अन्य—'पक्ष' होगा। एवञ्च **निष्कर्ष** यह है कि विवश होकर हमें जो 'वेद्यत्व' का अनधिकरण मानना पड़ा उस कारण 'अवेद्य' में अवेद्यता प्रसिद्ध हो गई।

प्रकृत **'स्वयं प्रकाशत्व'** के अनुमान में 'अप्रसिद्ध विशेष्यता' भी नहीं है, क्योंकि 'अनुभूति' रूप 'विशेष्य' (धर्मी = पक्ष), अपनी स्वप्रकाशता से ही प्रसिद्ध है, और वही 'हेतु' का 'आश्रय' भी है। अतः **'प्रसिद्ध अनुभूति'** रूप आश्रय की प्राप्ति हो जाने से 'हेतु' के आश्रय की भी 'असिद्धि' नहीं कह सकते, इसलिये **'आश्रयासिद्धि'** दोष भी नहीं है।

शङ्का—अनुभूति (चैतन्य) तो एकात्मस्वरूप हुआ करती है, अर्थात् एक ही है। अतः **'अनुभूतित्व' सामान्य** (जाति) की असिद्धि है। क्योंकि **उदयनाचार्य** ने

अपनी किरणावली में **छह धर्मों को** 'जाति' का बाधक बताया है। तथा।हि—**व्यक्तेरभेदस्तुल्यत्वं सङ्करोऽथानवस्थितिः। रूपहानिरसम्बन्धो जाति-बाधक-संग्रहः'** ॥ अर्थात् 'आकाश' **व्यक्ति का अभेद** (एक) होने से (अनेकता का अभाव रहने से) सामान्य (जाति) का **'नित्यमेकमनेकानुगतं सामान्यम्'** लक्षण 'आकाशत्व' धर्म में घटित (समन्वित) नहीं होता है, इस कारण 'आकाशत्व' धर्म को 'जाति' शब्द से नहीं कहा जाता। तथा **'घटत्व-कलशत्व'** ये पृथक् 'जाति' नहीं मानीं जातीं, क्योंकि व्यक्ति की **'तुल्यता'** उसमें बाधक है। तथा **'सङ्कर'** दोष से **'भूतत्व, मूर्तत्व' धर्म** को जाति' शब्द से नहीं कहा जाता। 'सङ्कर' उसे कहते हैं, जहाँ **'परस्परात्यन्ताभावाधिकरणवृत्तिधर्म'**, अन्यत्र कहीं एकत्र रहें। **'अनवस्था'** दोष भी 'जाति' के मानने में बाधक होता है। अतएव **'जाति'** पर **'जातित्व'** धर्म को 'जाति' शब्द से नहीं कहा जाता। **रूपहानि** (स्वरूप की हानि) भी **'अन्त्य विशेष'** में **'विशेषत्व' धर्म** को 'जाति' कहने में बाधक बनती है। तथा **'असम्बन्ध'** भी **'समवायत्व'** और **'अभावत्व'** धर्म को 'जाति' रूप समझने में बाधक होता है।

इस विवेचन से यह स्पष्ट होता है कि **'एकव्यक्तिवृत्तित्व** भी छह जाति-बाधकों में से एक है। अतः एक व्यक्ति रूप आकाश के समान **'अनुभूति'** (चैतन्य) भी एक ही व्यक्ति है। उस कारण 'अनुभूतित्व' धर्म को **जाति** नहीं कह सकते, तथापि **भिन्न-भिन्न उपाधियों के आधार पर** 'अनुभूति' व्यक्तियाँ भी अनेक हो सकती हैं। अतः कल्पभेद से अनेक 'चन्द्र' व्यक्तियों की कल्पना करके 'चन्द्रत्व' जाति के समर्थन के समान **औपाधिक भेद से** 'अनुभूति' व्यक्तियों को अनेक मानकर **'अनुभूतित्व' धर्म** को 'जाति' कहा जा सकता है। **'अनुभूतित्व'** को 'जाति' मान लेने से **पारमार्थिक एक अनुभूति के सिद्धान्त का** विरोध भी नहीं हो रहा है। क्योंकि जैसे **काल्पनिक प्रतिबिम्ब** अपने बिम्ब का साधन होता है, वैसे ही **काल्पनिक 'अनुभूतित्व'**—हेतु भी अपने 'साध्य' (स्वप्रकाशत्व) का साधक होता है। **एवञ्च** 'अनुभूति' के एक होने से 'अनुभूतित्व' हेतु में **'स्वरूपासिद्धि'** दोष का जो उद्भावन किया था, वह भी हमारी उक्त युक्ति से उपस्थित नहीं हो रहा है। अतः **'स्वरूपासिद्धि' दोष** भी नहीं है। **प्रतिवादी** भी 'अनुभूतित्व' सामान्य, (जाति) को मानता है, इसलिये उसके मत में भी हेतु (अनुभूतित्व) की असिद्धि नहीं है।

शङ्का—**वेदान्ती** 'अनुभूतित्व' को 'कल्पित' मानता है और **प्रतिवादी** उसको अकल्पित (सत्य) मानता है। अतः **वेदान्ती** का अभिमत 'अनुभूतित्व', **प्रतिवादी** के मत में तो 'असिद्ध' ही है, **उसी तरह** प्रतिवादी का अभिमत 'अनुभूतित्व'

वेदान्ती के मत में असिद्ध है। एवञ्च 'हेतु' की असिद्धि प्राप्त हो रही है, क्योंकि हेतु में **कल्पितत्व** और **अकल्पितत्वरूप** जो 'वैधर्म्य (विरोधी धर्म) है, उनमें से अन्यतर (दो में से एक) की असिद्धि प्रत्येक के मत में हो रही है। अर्थात् **प्रतिवादी** को 'कल्पित अनुभूतित्व' की असिद्धि, और **वेदान्ती** को 'अकल्पित अनुभूतित्व' की असिद्धि प्राप्त हो रही है।

समा०—उपर्युक्त शङ्का में कोई औचित्य प्रतीति नहीं हो रहा है। क्योंकि हमने कल्पित या अकल्पित किसी भी प्रकार के विशेष (भेद) की विवक्षा किये विना ही सामान्यरूप से 'अनुभूतिमात्र' को 'हेतु' बनाया है। अर्थात् **अवधीरित-कल्पिताऽकल्पितविशेष** यानी कल्पित या अकल्पित इस प्रकार का कोई भी विशेष (भेद) जिसमें नहीं है, ऐसे 'अनुभूतित्व' को यानी 'अनुभूतित्वमात्र' को सामान्यतया हेतु बनाया है, जो सामान्यतया प्रयुक्त 'अनुभूतित्व' मात्र हेतु, दोनों के मत में सिद्ध है। यानी किसी के भी मत में असिद्ध नहीं है।

अन्यथा (सामान्यरूप से अनुभूतित्वमात्र को यदि हेतु के रूप में प्रयुक्त न करें तो) **'पर्वतो वह्निमान् धूमवत्वात्'** इस प्रसिद्ध अनुमान में 'धूमवत्वात्' हेतु के विषय में भी यह प्रश्न किया जा सकता है कि यहाँ **'महानसीय धूम'** हेतु है, या **'पर्वतीयधूम'** हेतु है ? अर्थात् 'तद्देशनिष्ठत्व' (महानसदेशवृत्तित्व), और 'एतद्देश-निष्ठत्व' (पर्वतदेशवृत्तित्व) के विकल्प (भेद) प्रदर्शित करके 'असिद्धि' को बताया जा सकता है। **अभिप्राय** यह है कि 'धूम' में पर्वतीयत्व (पर्वतवर्तित्व) और महानसीयत्व (महानसवर्तित्व) धर्म से भेद मानकर यदि 'महानसवृत्ति धूम' को 'हेतु' कहें तो उसकी **'पर्वत'** (पक्ष) में असिद्धि (स्वरूपासिद्धि) होती है, क्योंकि महानसीयधूम 'पर्वत' में नहीं रहता। और यदि **'पर्वतवृत्तिधूम'** को हेतु कहें तो **'दृष्टान्त'**, साधन (हेतु) से रहित यानी 'दृष्टान्त' में **साधनाभाव** प्राप्त होता है, क्योंकि **'पर्वतीयधूम'**, महानसरूप दृष्टान्त में नहीं रहता। अतः **पर्वतीयत्व** और **महानसीयत्व** भेद को त्याग कर (पर्वतीयत्व-महानसीयत्व आदि कुछ भी विवक्षित न करके) जैसे **'धूमवत्त्व' मात्र** को 'हेतु' माना जाता है, उसी प्रकार **कल्पितत्व** (मिथ्यात्व) और **अकल्पितत्व** (सत्यत्व) भेद को त्याग कर 'अनुभूतित्व' मात्र को 'हेतु' माना गया है, जिससे 'अन्यतरासिद्धि' नहीं हो पाती।

यदि कोई अन्यथाऽसिद्धि की आशंका करे तो उसका भी परिहार करने के लिये ग्रन्थकार ने बताया है कि **'न च व्याप्यत्वाऽसिद्धिः'**। 'अनुभूतित्व' हेतु में **'स्वप्रकाशत्व'** साध्य की व्याप्ति रहने से **असिद्धिरूप** 'व्याप्यत्वाऽसिद्धि' भी—

नहीं है। क्योंकि 'हेतु' जब सोपाधिक (उपाधि के सहित) होता है, तभी उसे 'व्याप्यत्वासिद्ध' कहा जाता है। किन्तु प्रकृत में तो 'हेतु' केवल व्यतिरेकी है। अतः केवलव्यतिरेकी हेतु में 'उपाधि' का संभव ही नहीं है। क्योंकि **'साध्यव्यापकत्वे सति साधनाऽव्यापकत्वमुपाधिः'** अर्थात् जो धर्म 'साध्य' का व्यापक और 'साधन' का अव्यापक रहता है, उसको 'उपाधि' कहते हैं। यथा—'धूमवान् वह्नेः' में 'आर्द्रेन्धनसंयोग' को 'उपाधि' कहा गया है। यह 'आर्द्रेन्धसंयोग', 'धूम' (साध्य) का 'व्यापक' और 'वह्नि' (हेतु) का 'अव्यापक' रहता है। निष्कर्ष यह है कि साध्य का व्यापक और साधन का अव्यापफ जो 'धर्म' रहेगा, वह 'अन्वयव्यतिरेकी' ही होगा। वह धर्म, 'केवलव्यतिरेकी हेतु' के 'साध्य' के साथ 'पक्ष' के अतिरिक्त स्थल में 'अन्वयी' कैसे हो सकेगा ? क्योंकि 'पक्ष' से अन्यत्र जिस 'साध्य' का निश्चय न हो, उसी 'साध्य' से युक्त रहने वाले 'हेतु' को 'केवलव्यतिरेकी' कहा करते हैं। उस प्रकार के 'साध्य' का सहयोग 'पक्ष' के अतिरिक्त स्थल में होना संभव ही नहीं है। 'पक्ष' में 'उपाधि' को 'साध्य' से अन्वित कहें, तो वह भी ठीक नहीं है, क्योंकि अभी (अनुमानारंभकाल में) प्रतिवादी को 'साध्य' सन्दिग्ध है, उसे उसका निश्चय नहीं हुआ है। प्रतिवादी को 'पक्ष' में यदि 'साध्य' का निश्चय हो तब तो हमारे अभीष्ट की ही (अनुभूति में स्वयम्प्रकाशता की ही) सिद्धि हो जायगी। 'उपाधि' कल्पित होने पर भी, वह हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकता। किञ्च—'पक्ष' में 'उपाधि' के रहने पर उसमें (उपाधि में) साधन की व्यापकता भी अवश्य रहेगी, जिससे 'साधनाऽव्यापकत्व' (साधनवन्निष्ठात्यन्ताभावप्रतियोगित्व) रूप 'उपाधि' का लक्षण ही समन्वित नहीं हो पायेगा।

शंका—यदि 'साध्य' के सद्भाव में (साध्यसमानाधिकरणक) कोई उपाधि नहीं बन रहा है, अर्थात् 'साध्य के व्यापकत्वादिलक्षण' से युक्त कोई उपाधि नहीं हो पा रहा है, तब भी 'साध्याभावविषयक (साध्य के अभाव में) ही 'वस्तुत्व, गुणत्व' आदि को उपाधि मान लेंगे और उससे (उपाधि से) 'पक्ष' में साध्याभाव' का अनुमान कर लेंगे—**'अनुभूतिः, स्वप्रकाशत्वाभाववती, गुणत्वात् , इच्छादिवत्'**। प्रतिवादी 'अनुभूति' को 'आत्मा' का 'गुण' मानता है। इसलिये 'हेतु' की असिद्धि नहीं है।

समा०—किन्तु ऐसी शंका करना उचित नहीं है। क्योंकि 'यत्र उपाधिः तत्र साध्याऽभावः' अर्थात् जहाँ 'गुणत्वरूप उपाधि' है, वहाँ 'स्वप्रकाशत्वरूप साध्य

नहीं है। इस प्रकार 'उपाधि' को 'साध्याभाव' के बोधकरूप में मानना होगा, और उसके लिये (उपाधि को साध्याभाव का बोधक या साधक बनाने के लिये) उपाधि को 'साध्याभाव' का 'व्याप्य' कहना होगा। अर्थात् 'जहाँ-जहाँ उपाधि हैं, वहाँ-वहाँ साध्याभाव है'—ऐसी व्याप्ति बनानी होगी। अन्यथा यानी 'उपाधि' को व्याप्य और 'साध्याभाव' को व्यापक न मानने पर 'उपाधि' के रहते हुए भी, 'अव्यापक' होने से 'साध्याभाव' नहीं रहेगा, प्रत्युत 'साध्य' ही रहेगा। अर्थात् 'गुणत्व' रूप उपाधि के रहते 'स्वप्रकाशत्व' रूप साध्य रहेगा, किन्तु 'अनुभूति' रूप पक्ष में 'गुणत्व' रूप उपाधि के विद्यमान रहते (साध्य) स्थित रह सके, यह तो संभव नहीं है, क्योंकि 'अनुभूति' रूप पक्ष में 'गुणत्व' रूप उपाधि भी रहे और 'अनुभूतित्व' हेतु भी रहे, तो 'गुणत्व' रूप उपाधि को 'अनुभूतित्व' रूप हेतु की अपेक्षा अधिकदेशवृत्ति मानना होगा। तब 'गुणत्व' उपाधि, 'अनुभूतित्व' रूप हेतु (साधन) का 'व्यापक' ही बन जायेगा, अव्यापक नहीं। तब तो उसमें 'उपाधित्व' ही नहीं बन पायेगा, क्योंकि 'उपाधि' बनने के लिये उसे 'साधन' का अव्यापक होना चाहिये, अन्यथा वह उपाधि नहीं बन सकेगा। अतः 'पक्ष' से भिन्न कहीं अन्यत्र ही उपाधि (गुणत्व) के रहने पर 'साध्य' का सद्भाव कहना होगा, जिससे साध्य का व्यापक वह 'उपाधि' बन सके। ऐसा होने पर केवलव्यतिरेकत्व' का तो अभाव ही हो जायेगा, यानी 'हेतु' की केवलव्यतिकेता तो भंग ही हो जायेगी। अभिप्राय यह है कि साध्य का व्यापक होता हुआ, साधन का अव्यापक बनने वाला उपाधि तो अन्वय-व्यतिरेकी हेतु के स्थल में ही होता है, अन्यत्र नहीं। जैसे—**'पर्वतो धूमवान् वह्नेः'** यहाँ पर 'आर्द्रेन्धन संयोग' उपाधि होता है। उसका 'महानस' में अन्वय और 'ह्रद' में व्यतिरेक रहता है। 'वह्नि' रूप हेतु, तप्त अयोगोलक में भी रहता है, किन्तु वहाँ पर 'उपाधि' के न रहने से 'हेतु' (साधन) का अव्यापक और साध्यरूप धूम का व्यापक वह (आर्द्रेन्धनसंयोग) रहता है, तथापि वह स्वरूपतः नहीं, अपितु अपने अभाव (स्वाऽभाव) से 'धूम' रूप साध्य के आभाव का बोधक, बनकर 'वह्नि' के स्थानभूत (स्थानापन्न) तप्त अयोगोलक में रहता है। इस प्रकार के उपाधि का 'केवलव्यतिरेकी' स्थल में असंभव ही है। इस रीति से आश्रयाऽसिद्धि, स्वरूपाऽसिद्धि, और व्याप्यत्वाऽसिद्धि से रहित 'अनुभूतित्व' हेतु 'केवलव्यतिरेकी' है यह स्पष्ट होता है।

अभिप्राय यह है कि उक्त दोषों से बचने के लिये 'उपाधि' को 'साध्याभाव का व्याप्य' भी नहीं बना सकते। क्योंकि **'अनुभूतिः वेद्या वस्तुत्वात् घटवत्'** यह केवलान्वयी अनुमान करेंगे और उसके द्वारा प्रकृत पक्ष में 'स्वयं प्रकाशत्व' रूप

साध्य के अभाव को ही सिद्ध करना पड़ेगा, किन्तु वहाँ 'वस्तुत्व' में 'उपाधित्व' का होना असंभव है, क्योंकि 'वस्तुत्व' तो केवलान्वयी धर्म है। वह 'साधन' का व्यापक ही रहेगा, 'अव्यापक' नहीं। इसलिये 'अनुभूतित्व' हेतु को किसी भी प्रकार से 'असिद्ध' नहीं कहा जा सकता।

निष्कर्ष यह है कि 'स्वप्रकाशत्व' के अनुमान में 'अनुभूति' (स्वप्रकाशत्वाऽभाव-विशिष्ट को 'वेद्य' बताने का प्रयत्न किया गया है, क्योंकि वह भी 'वस्तु' है, जैसे 'घटपट' आदि वस्तुएँ 'वेद्य' हैं, वैसे ही 'अनुभूति' भी 'वेद्य' है। इस केवलान्वयी 'वस्तुत्व' रूप 'हेतु' से ही 'स्व-प्रकाशत्व' का अभाव 'वेद्य' है —यह कहना होगा, किन्तु यहाँ पर 'वेद्यत्व' के साधक 'वस्तुत्व' को मानने पर भी 'अनुभूतित्वहेतुक' अनुमान में उसे 'उपाधि' नहीं कह सकते। क्योंकि वस्तुत्व' तो 'केवलान्वयी' है। उसे यदि 'उपाधि' बनाना है, तो अनुभूतित्वरूप हेतु की अव्यापकता उसमें दिखानी होगी, किन्तु वह संभव नहीं है। क्योंकि 'साधन' (हेतु) का अव्यापक हुए बिना उसमें 'उपाधित्व' नहीं हो सकेगा। एवं च 'अनुभूतित्व' हेतु यहाँ पर 'असिद्धि दोष' से दूषित नहीं है।

उसी तरह 'अनुभूतित्व हेतु' विरुद्धदोष से भी दूषित नहीं हो रहा है। 'विरुद्ध हेतु' उसे कहते हैं, जो 'हेतु' साध्याभाव का साधक होता हो। जैसे, **'शब्दो नित्यः कृतकत्वात्'** में 'कृतकत्व' हेतु है। यह 'कृतकत्व' हेतु साध्याभाव (नित्यत्वाभाव) का साधक होने से 'विरुद्ध' हेतु है। साध्याऽभाव का साधक हेतु 'विपक्ष' में ही रहता है, इसी कारण वह 'साध्य' की सिद्धि करने में असमर्थ हो जाता है। यह स्थिति 'अनुभूतित्व' हेतु की नहीं है। क्योंकि 'अनुभूतित्व' हेतु, वेद्य जो 'घट, पटादि' विपक्ष है, उसमें नहीं रहता है। अतः उसे 'विरुद्ध' नहीं कह सकते।

तथा 'अनुभूतित्व' हेतु को 'अनैकान्तिक' अर्थात् साधारण व्यभिचारी भी नहीं कह सकते। क्योंकि वह 'विपक्ष' में नहीं रहता। वह 'विपक्ष' से व्यावृत्त ही रहता है। **पर्वतो वह्निमान् प्रमेयत्वात्'** में 'प्रमेयत्व' हेतु, साधारण-अनैकान्तिक (साधारण व्यभिचारी) है। क्योंकि वह (प्रमेयत्व हेतु), **वह्निरूप साध्यवदन्य-ह्रदवृत्ति** होने से व्यभिचारी है, अर्थात् साधारण व्यभिचारी है। साध्य 'वह्नि' है, साध्यवान् 'पर्वतादि' पक्ष है, उस (पक्ष) से अन्य जो 'जलह्रद', वह विपक्ष है, उसमें भी 'प्रमेयत्व' हेतु रहता है। इसलिये 'प्रमेयत्व' हेतु को साधारण अनैकान्तिक

कहा जाता है। वैसा हमारा 'अनुभूतित्व' हेतु नहीं है। इसलिये 'अनुभूतित्व' हेतु में साधारण अनैकान्तिक होने की शंका नहीं कर सकते।

तथा 'अनुभूतित्व' हेतु को 'असाधारण अनैकान्तिक' भी नहीं कह सकते। क्योंकि **'साध्याऽसमानाधिकरण हेतु'** को असाधारण अनैकान्तिक कहते हैं। जैसे, **'शब्दो नित्यः शब्दत्वात्'** में 'शब्दत्व' हेतु, नित्यत्व, (निश्चितसाध्यवान् सपक्षादि) और अनित्यत्व (निश्चितसाध्याभाववान् घटादि विपक्ष) दोनों से व्यावृत्त है, वह तो केवल 'शब्दमात्र' में ही रहता है। अतः 'शब्दत्व' हेतु, **'साध्य समानाधिकरण'** नहीं है, इस प्रकार उसकी असाधारणता का निश्चय हो जाने पर **'शब्दो नित्यः'** इस अनुमिति को वह नहीं होने देता। यह स्थिति 'अनुभूतित्व' हेतु की नहीं है। इस हेतु का कोई 'सपक्ष' ही नहीं है। जिससे वह व्यावृत्त हो, और विपक्ष 'घट' आदि हैं। **सपक्षवृत्तित्व और विपक्षवृत्तित्व** दोनों का अभाव, जिस 'हेतु' में रहता है, उस पक्षमात्रवृत्ति 'हेतु' को 'असाधारण अनैकान्तिक' कहा जाता है। एवं च 'असाधारण अनैकान्तिक' का लक्षण 'अनुभूतित्व' हेतु में घटित न हो पाने से उसको असाधारण अनैकान्तिक नहीं कह सकते।

शंका—यदि कोई यह कहे कि 'विपक्ष' में यानी अनुभाव्यत्वरूप (वेद्यत्वरूप) विरुद्ध पक्ष में 'बाधक तर्क' का 'अभाव' रहने से 'पक्ष' में ही 'साध्य' का सन्देह हो सकता है, उस कारण 'सन्दिग्ध अनैकान्तिकता' अवश्य होगी।

समा०—उक्त शंका के लिये कोई अवसर ही नहीं है, क्योंकि विपक्ष में बाधक तर्क है—**'अभूतिर्यदि वेद्या (अनुभाव्या) स्यात् तर्हि अनवस्था स्यात्'**। अर्थात् 'अनुभूति' यदि 'वेद्य' होगी तो अनवस्था होगी।

शंका—'अनुभूतिः अनुभाव्यैव'—अर्थात् 'अनुभूति, अनुभाव्य' ही होती है—ऐसा यदि नियम हो, तो 'अनवस्था' का भय भी हो, किन्तु वैसा कोई नियम तो है नहीं, तब अनवस्था का प्रश्न ही कहाँ है ?

प्रश्न—यदि अनुभूति के अनुभाव्य होने का (सभी अनुभूतियाँ 'वेद्य' ही हों,—ऐसा) नियम नहीं है, तो 'अननुभूत अनुभूति' से अर्थविषयकव्यवहार कैसे किया जायेगा ?

उत्तर—अर्थविषयक व्यवहार तो 'अनुभूति' की 'स्वरूपसत्ता' (अज्ञातसत्ता) से भी उपपन्न हो सकता है।

शंका—जिस अनुभूति में कोई प्रमाण न हो, उसकी 'अज्ञातसत्ता' का निश्चय भी कैसे हो पायेगा ? अतः अज्ञातसत्ता के निश्चय में किसी प्रमाण के न होने से

(निष्प्रमाण होने से) ही उससे व्यवहार की उपपत्ति का होना भी नहीं कह सकते। निष्कर्ष यह है कि एक **व्यवसायात्मक ज्ञान** होता है और तदनन्तर दूसरा **अनुव्यवसायात्मक ज्ञान** होता है। 'अनुव्यवसायात्मक द्वितीय ज्ञान' से व्यवसायात्मक प्रथम ज्ञान 'वेद्य' (अनुभाव्य) होता है। लोक में 'व्यवसाय' और 'अनुव्यवसाय' का जो शाब्दिक व्यवहार (उच्चारण, कथन) होता है, वह 'अनुव्यवसाय' की 'अज्ञातसत्ता (स्वरूपसत्ता) मात्र' से ही चलता रहता है, किन्तु जो अनुव्यवसाय (अनुभूति), किसी प्रमाण के द्वारा नहीं बताया गया है, उसकी 'अज्ञातसत्ता' (स्वरूपसत्ता) को भी कैसे जाना जायेगा ? क्योंकि जाना वही जाता है, जो प्रमाण से बताया गया हो। अतः अनुव्यवसाय (अनुभूति) की अज्ञातसत्ता भी अप्रामाणिक (प्रमाणरहित) होने से व्यवहार की उपपत्ति नहीं हो रही है। अज्ञातसत्ता को अप्रामाणिक कहने का तात्पर्य यह नहीं हैं कि 'सत्ता' में प्रमाण ही नहीं है, अपितु जिज्ञासा होने पर अर्थात् यदा कदाचित् अज्ञात (अनुभूति, अनुव्यसाय आदि की) सत्ता की जिज्ञासा (जानने की इच्छा) उत्पन्न होगी, तब 'व्यवहार' आदि लिङ्ग (हेतु) से 'सत्ता' का अनुमान कर लिया जायगा, यानी 'व्यवहारादि' हेतु से वह 'सत्ता' अनुमित (प्रमित = ज्ञात) हो जायेगी।

समा०—उक्त शंका उचित प्रतीत नहीं हो रही है। क्योंकि **'अयं घटः'**, और **'घटमहमनुभवामि'** अर्थात् यह घट है, और मैं घट का अनुभव करता हूँ, इन दो प्रकार के अनुभवों (व्यवसाय और अनुव्यवसाय) से अतिरिक्त कोई 'अन्य अनुभवपरम्परा' (अनुभूतिपरम्परा) किसी को भी ज्ञात नहीं है। अतः व्यवहारादि हेतु के बल पर 'सत्ता' की अनुमिति का स्वीकार नहीं किया जा सकता। अभिप्राय यह है कि **'अयं घटः'**, और **'घटमनुभवामि'** या **'घटं जानामि'** इन दोनों व्यवहारों से 'व्यवसाय', 'अनुव्यवसाय' की अनुमिति मान भी लें, तो 'अनुव्यवसायविषयक ज्ञान' की अनुमिति के लिये, किसी 'हेतु' के न रहने से 'अज्ञात अनुव्यवसाय की सत्ता' ही सिद्ध नहीं होगी, परम्परा की तो वार्ता ही कहाँ है ?

यदि **'अनुव्यवसायादिविषयक अनुभव** (ज्ञान) के बिना ही 'अनुभूतिः परम्परा की सत्ता' को मान लें, तो उसी प्रकार से (ज्ञान के बिना ही) 'प्रमेय' (घट, आत्मा) आदि की 'सत्ता' को भी मान लिया जायेगा, तब 'प्रमेय' की 'सत्ता' के लिये 'प्रमाण' के अन्वेषण की आवश्यकता ही क्यों होगी ? और यदि 'अनुव्यवसायविषयक घटं जानामि' को प्रमाण (हेतु) मानें अर्थात् प्रमाणान्तर के

आधार पर 'अनुभूतिपरम्परा' को माना जाय तो उस अनुव्यवसायविषयक (तृतीयज्ञानविषयक) प्रमाण का अन्वेषण करना होगा, तब तो 'अनवस्था' दोष तदवस्थ ही रहेगा।

शंका—'द्वितीय अनुभूति' (अनुव्यवसाय), स्वविषयक प्रमाण के अभाव में भी अपने 'स्वभावविशेष' से ही अपने विषय (प्रथम अनुभूति अर्थात् व्यवसाय) का व्यवहार (विशेष व्यवहार) सम्पन्न करा देगी।

समा०—फिर तो 'प्रथम अनुभूति' (व्यवसाय) भी अपने स्वभावविशेष से ही (अन्य किसी प्रमाण के बिना ही) अपना व्यवहार चला लेगी। तब तो 'अनुभूतिपरम्परा' का स्वीकार करना ही व्यर्थ है।

इस प्रकार 'अनुभूति' को अनुभाव्य (वेद्य) मानने पर 'अनवस्था' होगी, और द्वितीय, तृतीय आदि 'अनुभूति' में कहीं भी 'प्रमाण' न होने पर मूलपर्यन्त अनुभूति के स्वरूप की सिद्धि ही नहीं हो पायेगी, अर्थात् 'असिद्धि' ही रहेगी,—यही विपक्षबाधक **प्रबल तर्क** है। अतः 'सन्दिग्ध अनैकान्तिकता' भी नहीं हो सकती।

किञ्च 'स्व-विषय' के प्रकाशन के समय यदि 'अनुभूति' भी 'स्वयं प्रकाशित' न होती हो तो 'विषय-प्रकाश' होने के पश्चात् जिज्ञासु व्यक्ति को अपनी 'अनुभूति' में 'संशय' (मुझे घट का ज्ञान हुआ है, या नहीं?) अथवा 'विपर्यय' (मुझे घटाभाव का ज्ञान हुआ) अथवा 'विपरीत निश्चय' (मुझे ज्ञान ही नहीं हुआ, यह निश्चय) होना चाहिये। किन्तु किसी भी जिज्ञासु को 'अपनी अनुभूति' के विषय में इस प्रकार का 'संशय, या विपर्यय, या विपरीत निश्चय' होता नहीं है। क्योंकि जिज्ञासु (देखने वाले व्यक्ति) को पूछा जाय कि 'क्या आपने अमुक वस्तु को देखा है, या नहीं? तब वह देखने वाला व्यक्ति न तो 'संशय' प्रकट करता है, न 'विपर्यय' और न 'विपरीत प्रमा' (विपरीत निश्चय) ही प्रकट करता है, प्रत्युत 'मैंने उस 'वस्तु' को देखा है—यह दृढ़ता से कहता है, अर्थात् अपना निश्चय ही प्रकट करता है। इस कारण यह स्वीकार करना ही होगा कि 'अनुभूति' **स्वयं प्रकाशित** होती है, और 'स्व-विषयक व्यवहार' को करवाती है।

शंका—जैसे 'सुख' आदि स्वयं प्रकाश नहीं हैं, 'अन्य ज्ञान' से ही प्रकाशित होते हैं, फिर भी उनके विषय में कोई 'संशय' नहीं होता, वैसे ही 'विषयप्रकाश' के साथ-साथ 'प्रथम अनुभूति' भी किसी 'दूसरी अनुभूति' से प्रकाशित हो जायेगी।

एवं च 'अनुभूति' **परप्रकाश्य**—होती हुई भी 'सुख' आदि के समान ही अवश्य 'वेद्य' होने से उसमें भी 'संशय' आदि का न होना उचित ही है।

समा०—किन्तु उक्त शंका उचित प्रतीत नहीं हो रही है। जैसे, 'सुखादि-प्रकाश' का धर्मी 'विषय' होता है, वैसे ही 'अनुभूति' (अनुभव) के 'धर्मी' होनेपर 'सुखादि' के समान उसमें अवश्य 'वेद्यत्व' होनेपर भी 'अनवस्था' तो बनी ही रहेगी। अर्थात् 'दूसरी अनुभूति' में 'वेद्यत्व', **तीसरी अनुभूति से,** और 'तीसरी अनुभूति' में वेद्यत्व], **चौथी अनुभूति से** इस प्रकार अनवस्था दोष से मुक्ति पाना संभव नहीं होगा। अतः 'अनुभूति' को **स्वयं प्रकाश ही** मानना उचित होगा।

वेदान्तप्रक्रिया के अनुसार तो 'सुख' आदि का तथा 'समस्त मनोवृत्ति' का 'प्रकाश', **'स्वयं प्रकाश साक्षी चैतन्य' से** होता है। इसलिये 'अनवस्था' आदि दोषों का प्रसंग ही प्राप्त नहीं होता, किन्तु प्रतिवादी तार्किक के मतानुसार 'घट-पटादि बाह्य विषयों' के ज्ञान की प्रक्रिया यह है कि 'आत्मा' का 'मन' के साथ संयोग होता है, तदनन्तर 'आत्मसंयुक्त मन' का 'इन्द्रिय' के साथ संयोग होता है, पश्चात् 'मनःसंयुक्त इन्द्रिय' का 'विषय' के साथ संयोग होता है, तब कहीं **घट-पटादि** बाह्य विषयों का ज्ञान होता है।

तार्किकों की इस प्रक्रिया के अनुसार 'घट-पटादि ज्ञान' का **'समवायि-कारण'** (उपादान) 'आत्मा' होगा, और **'असमवायी कारण'** आत्म-मनःसंयोग, होगा, तथा 'अदृष्ट' आदि **'निमित्तकारण'** होंगे।

इस स्थिति में **तार्किकों से** हम पूछाना चाहते हैं कि पहिले यह बताओ कि जिस 'आत्म-मनःसंयोग' (असमवायिकारण) से 'घट' का अनुभव (ज्ञान) उत्पन्न हुआ है, क्या 'उसी आत्ममनःसंयोग' (असमवायिकारण) से **'अनुव्यवसाय'** (दूसरे अनुभव = अनुभूति) की उत्पत्ति होती है ? अथवा 'अन्य (दूसरे) आत्म-मनःसंयोग' से 'अनुव्यवसाय' (दूसरे अनुभव) की उत्पत्ति होती है ?

प्रश्नात्मक दो पक्षों में से **प्रथमपक्ष** को आप स्वीकार नहीं कर सकते, क्योंकि एक ही 'मनःसंयोग', दोनों (अनुव्यवसाय और व्यवसाय) का 'कारण' (उत्पादक) हो, तो 'दोनों ज्ञानों' (अनुव्यवसाय और व्यवसाय) की 'उत्पत्ति', एक साथ ही (एक-काल में ही) होनी चाहिये, किन्तु 'दोनों ज्ञानों' की उत्पत्ति एक-काल में होना कदापि और कथमपि संभव नहीं है। क्योंकि **तार्किक** (प्रतिवादी), प्रथम ज्ञानविषयक दूसरे (द्वितीय) ज्ञान को **'अनुव्यवसाय'** कहता है। उसकारण

'अनुव्यवसाय' (द्वितीयज्ञान) के प्रति 'व्यवसाय' (प्रथमज्ञान) कर्मकारक है। अतएव 'प्रथमज्ञान' (व्यवसायज्ञान) को **'जनक'** कहा गया है, और 'द्वितीयज्ञान' (अनुव्यवसायज्ञान) को **'जन्य'** कहा गया है। एवञ्च 'जन्य और जनक' दोनों 'एक ही समय' में उत्पन्न कैसे हो सकेंगे ? यदि यह कहें कि 'एक ही मनः संयोग' (असमवायी कारण.), 'व्यवसाय' और 'अनुव्यवसाय' रूप दोनों कार्यों को क्रमशः उत्पन्न करता है, तो यह कथन भी उचित नहीं है। क्योंकि 'भिन्न-भिन्न असमवायिकारण' ही भिन्न-भिन्न कार्यों (ज्ञानों) को उत्पन्न कर सकते हैं। 'एक ही असमवायिकारण' से भिन्न-भिन्न दो कार्यों की उत्पत्ति नहीं हुआ करती।

अन्यथा एक ही संयोगरूप असमवायिकारण से 'अनेक कार्य' (ज्ञान) हों तो 'आत्म-मनः संयोग' के अतिरिक्त अन्य किसी संयोग की अपेक्षा ही नहीं होगी। तब एक ही समय में उस एक आत्म-मनः-संयोग से ही 'घट का अनुभव' और 'घट का स्मरण', तथा 'घटविषयक और स्मरणविषयकप्रत्यभिज्ञा' इन तीनों की उत्पत्ति होनी चाहिये, किन्तु वैसा होता नहीं है। अतः 'उनके असमवायीकारण' (मनः-संयोग) को क्रम से ही स्वीकार करना होगा। अर्थात् तीनों ज्ञानों के 'असमवायी-कारण' (आत्ममनःसयोग) भिन्न-भिन्न हैं और क्रमिक हैं—यह मानना होगा। 'अक्रमिक (क्रमरहित) कारण' से कार्यभेद का क्रम उचित नहीं है। यदि यह कहें कि 'विषयेन्द्रियसन्निकर्ष' आदि बाह्यसामग्री (कारण) के क्रम से 'कार्य (ज्ञान) का क्रम' हो सकता है तो यह कहना भी ठीक नहीं है, क्योंकि 'क्रमभेद' के आधार पर 'कार्य का क्रम' स्वीकार करनेपर एक साथ 'इन्द्रियसंयुक्त घट, पटादि अनेक-विषयक, अनेक ज्ञानों' की उत्पत्ति एक समय में ही होनी चाहिये, किन्तु होती नहीं है। 'समूहालम्बन एक ही ज्ञान' हुआ करता है। अतः 'कार्यभेद' के लिये 'असम-वायीकारण का भेद' स्वीकार करना ही होगा।

द्वितीय पक्ष (दूसरे मनःसंयोग से अनुव्यवसाय की उत्पत्ति) भी ठीक नहीं है। क्योंकि 'एक मनः संयोग' से घटज्ञान (व्यवसाय) उत्पन्न हुआ, उसी क्षण में 'अनुव्यवसाय' को उत्पन्न करने के लिये 'दूसरे मनः संयोगार्थ' को (संयोगान्तर को पैदा करने के लिये) 'मन' में **क्रिया** होगी, **द्वितीयक्षण** में उक्त 'क्रियाजन्य विभाग', **तृतीयक्षण** में 'विभागजन्य पूर्वसंयोग' का नाश, **चतुर्थक्षण** में 'उत्तरसंयोग' उत्पन्न होगा, उसके बाद **पञ्चमक्षण** में 'दूसरा ज्ञान' (अनुव्यवसाय) उत्पन्न हो पायगा। इस रीति से अनेक क्षणों के विलंब से अर्थात् 'व्यवसायज्ञान' के नष्ट हो जानेपर उत्पन्न होनेवाला 'अनुव्यवसायज्ञान', अपने से पूर्व स्थित 'व्यवसायज्ञान' का

प्रत्यक्ष रूप से ग्राहक (प्रकाशक) नहीं हो सकेगा, क्योंकि **प्रत्यक्ष** (अपरोक्ष) तो 'वर्तमान (विद्यमान) विषय' का ही हुआ करता है।

किञ्च— **ज्ञान** के प्रकाशित न होनेपर भी (अप्रकाशितज्ञान से भी) 'व्यवहार' किया जा सकता है–यह यदि कहें तो,जैसे 'विषय', **स्वयं-प्रकाश** नहीं है, तथापि वह (विषय), 'प्रकाश' का उत्पादक (जनक) है, उसीतरह 'ज्ञान' भी केवल 'दूसरे ज्ञान' का जनक ही हो सकता है। क्योंकि 'विषय' **स्वयं प्रकाशरूप** नहीं है। इसलिये वह, 'व्यवहार साधक' नहीं हो सकेगा। 'घट-पट आदि विषय' (पदार्थ) **स्वयं प्रकाश** हैं नहीं और न **एक-दूसरे के प्रकाशक ही** हैं। 'चक्षु' के समान ही **'ज्ञान'** भी स्वयं प्रकाशरूप है नहीं, तब वह 'ज्ञान' अपने से भिन्न दूसरे 'ज्ञान' को पैदा कर देने मात्र से किसी अर्थ (विषय) के व्यवहार में कारण (हेतु) कैसे बन सकता है ? और 'व्यवहार' के न बननेपर 'जगत् अन्धकारमय' हो जायगा।

शंका—'घटज्ञानवान् अहमस्मि', 'ज्ञातोघटः' [मैं घटज्ञानवाला हूँ, और घट ज्ञात है] इस प्रकार के प्रत्यक्ष होने से ही **'अनुभूति'** में 'वेद्यत्व' की प्रतीति होती है, तब **अनुभूति** की 'स्वप्रकाशता' को सिद्ध करने के लिये प्रयुक्त जो 'अनुभूतित्व' हेतु है, वह 'बाधित' हो जायगा।

समा०—उक्त शंका ठीक नहीं है, क्योंकि 'वेद्यत्व' के बिना भी 'अनुभूति' की अपनी **स्वयं प्रकाशता** (स्वतः स्फुरण) से उक्त व्यवहार की उपपत्ति हो जाती है। **अपिच** 'विदितोघटः' [घट विदित है] इस 'अनुव्यवसाय' से 'घट' में ही 'वेद्यत्व' की प्रतीति होती है, 'अनुभूति' में नहीं। क्योंकि **'विदितो'-या 'ज्ञातो घटः'** इस वाक्य में **'विदितत्व'** (ज्ञातत्व), 'घट' का विशेषण है, 'ज्ञान' का नहीं। अपिच यह मान भी लें कि उक्त 'अनुव्यवसाय' से व्यवसाय रूप 'अनुभूति' का प्रत्यक्ष होता है, तथापि अनुभूति के प्रत्यक्ष होने से अनुभूतिगत 'वेद्यत्व' का तो प्रत्यक्ष नहीं हो पाता है, इसलिये 'प्रत्यक्ष' से 'अवेद्यत्व' का बाध नहीं हो रहा है। अर्थात् अवेद्यत्वसाधक 'अनुभूतित्व' हेतु को 'प्रत्यक्ष' के विरुद्ध नहीं कह सकते।

किञ्च 'व्यवसाय' में रहनेवाली जो 'अनुव्यवसाय' की वेद्यता है, उसका ग्रहण यदि **'अनुव्यवसाय'** से ही होना हो, तो **'अनुव्यवसाय'** को भी 'अनुव्यवसाय' का **'वेद्य'** कहना होगा, क्योंकि **'वेद्यत्व'** का विशेषण है, **'अनुव्यवसाय'**। इस रहस्य को इस प्रकार समझना चाहिये—**जैसे—सादृश्य** आदि धर्म, किसी न किसी अपने **प्रतियोगी** की अपेक्षा करते हैं, वैसे ही **'वेद्यत्व'** धर्म भी अपने **प्रतियोगी** की अपेक्षा करता है। अर्थात् **'वेद्यत्व'**, **'सादृश्य'** आदि पदार्थ (धर्म),

सापेक्ष हुआ करते हैं। केवल **'सादृश्य'** का या **'वेद्यत्व'** का ग्रहण कभी नहीं होता है, अपितु अपने प्रतियोगी से विशेषित हुए **'सादृश्य'** या **'वेद्यत्व'** का ही ग्रहण होगा। एवं च यहाँ पर भी अकेले (केवल) 'वेद्यत्व' का ग्रहण न होकर **'अनुव्यवसाय'** से विशेषित हुए 'वेद्यत्व' का ही **'अनुव्यवसाय'** से ग्रहण होगा। एवं च **'अनुव्यवसाय-विशिष्ट वेद्यत्व'** ही अनुव्यवसाय से ग्राह्य होने के कारण 'वेद्यत्व' के विशेषण बने हुए ,अनुव्यवसाय में भी ग्राह्यत्व (वेद्यत्व) प्राप्त होगा। तब **ग्राहक** और **ग्राह्य** एक ही होने से क्षणिक विज्ञान वादी **बौद्धसिद्धान्त** को ही आपने स्वीकार कर लिया कहना होगा। अर्थात् 'एक ही' (अनुव्यवसाय) में **कर्म-कर्तृ-भाव** के प्राप्त होने से **विरोध** प्राप्त होगा।

किञ्च—'वस्तुत्व' को हेतु बनाकर 'वेद्यत्व' साधक अनुमान में जो **सत्प्रति-पक्ष'** दोष बताया था, वह भी वस्तुतः नहीं है। क्योंकि 'वस्तुत्व' **हेतु** से 'वेद्यत्व' का अनुमान करने वाले को **'यद्‌यद् वस्तु, तत्तद् वेद्यम्'** (जो-जो वस्तु है, वह-वह वेद्य होती है) यह **व्याप्ति** बतानी होगी। तब उसे **प्रश्न** किया जा सकता है कि आपके द्वारा प्रदर्शित की गई 'व्याप्ति' का ग्राहक (प्रकाशक) **ज्ञान** (संवित्) 'व्याप्ति' के ग्रहण करते समय स्फुरित (प्रकाशित) होता है, या नहीं ? **प्रथम पक्ष** यदि स्वीकार करते हैं तो **'स्वयं से ही स्वयं का ग्रहण'** रूप, बौद्धों की 'स्व-प्रकाशता' प्राप्त होगी। अर्थात् बौद्ध मत में स्वीकृत 'स्व-प्रकाशता' की उपस्थिति होगी और 'व्याप्तिज्ञान के प्रकाश' (स्फुरण) को 'व्याप्तिज्ञान-जन्य' (व्याप्तिज्ञान-हेतुक) न मानकर स्वतन्त्ररूप में ('उस स्फुरण' = प्रकाश को) मानते हैं, तो **वेदान्तियों** के मत में स्वीकृत **'स्व-प्रकाशता'** को आपने स्वीकार कर लिया, यह कहा जायगा।

द्वितीय पक्ष (व्याप्ति-ग्रहण के समय में 'व्याप्ति ग्राहक ज्ञान' का प्रकाश [भान] न मानने पर) उसमें 'ज्ञानस्वरूप' (संवित्स्वरूप) वस्तुविशेष का 'अस्फुरण' (अप्रकाश यानी अज्ञान) होने से उसमें उक्त व्याप्ति का ग्रहण नहीं हो पायेगा। उसकारण 'सर्वोपसंहारवती' (सर्वव्यक्तिव्यापिनी) 'व्याप्ति' का सर्वदा के लिए ही अस्त (समाप्ति) हो जायेगा। क्योंकि **'व्याप्तिग्रहण'** (जहाँ-जहाँ वस्तुत्व है, वहाँ-वहाँ वेद्यत्व है) काल में 'व्याप्तिग्राहक ज्ञान' का प्रकाश, न होने से उस ज्ञान में 'वेद्यत्व' नहीं है, किन्तु 'वस्तुत्व' है। अर्थात् 'व्याप्तिग्राहक-ज्ञान' में **'यत्र-यत्र वस्तुत्वं तत्र-तत्र वेद्यत्वम्'** इस प्रकार से व्याप्ति का ग्रहण न हो सकने के कारण व्यापकरूप से **'व्याप्ति'** गृहीत न हो सकेगी। तब

'व्याप्तिज्ञान' के बिना **'वस्तुत्व'** हेतु से **वेद्यत्व** का अनुमान कैसे होगा ? एवं च **व्याप्तिग्राहकज्ञान** में 'वस्तुत्व' तो है, किन्तु 'वेद्यत्व' नहीं है, उस कारण 'वस्तुत्व' **हेतु,** 'वेद्यत्व' का **व्यभिचारी** हो गया है। ऐसे व्यभिचरित **हेतु** में 'वेद्यत्वरूप साध्य' की व्याप्ति न रहने से 'व्याप्ति' का **भंग** हो गया है। **व्याप्तिज्ञान** के बिना 'वस्तुत्व' हेतु से 'वेद्यत्व' का अनुमान कैसे हो सकेगा ? और **व्याप्तिग्राहक ज्ञान** में 'वस्तुत्व' के रहते हुए भी **'वेद्यत्व'** के न रहने के कारण **व्यभिचारी कहे जाने वाले 'वस्तुत्व'** हेतु से प्रकृत में अनुभूतित्व **हेतु** को 'सत्प्रतिपक्षित' कैसे कह रहे हैं ? अर्थात् उसे आप 'सत्प्रतिपक्षदोष' से दूषित नहीं कर सकते। **भाट्टमीमांसक** भी **'वस्तुत्व' हेतु** को **व्यभिचरित** ही मानते हैं। क्योंकि भाट्ट-मीमांसक, **ज्ञातता** (ज्ञानजन्य-विषयनिष्ठ-प्राकट्य) में **वेद्यत्व** नहीं स्वीकार करते। वे तो **'ज्ञातता' को स्वप्रकाश** मानते हैं। **किन्तु** 'वस्तुत्व हेतु उसमें भी रहता है। **अतः** 'वस्तुत्व' हेतु, व्यभिचारी है।

नैयायिक आदि विद्वानों के मत में **'वेद्यत्व' एक धर्म** है, उस कारण **'घट-त्वधर्म'** के समान किसी न किसी में रहनेवाले **'अत्यन्ताभाव'** का वह **प्रतियोगी** होगा। तब कोई न कोई **अवेद्य पदार्थ** भी सम्भव होगा। **'वस्तुत्व'** हेतु तो **'केवलान्वयी'** है। अतः उसका भी **'विपक्ष'** कोई अवेद्य पदार्थ होगा। **उस विपक्ष में** 'हेतु' के **'वृत्तित्वाभाव'** (अवृत्तित्व) को **'विपक्षबाधकतर्क'** के बिना निश्चित रूप से नहीं कह सकते। **इसलिए** 'हेतु' में **'सन्दिग्ध अनैकान्तिकता'** के रहने से वह **'साध्यसाधक'** नहीं हो सकेगा। अर्थात् **अनैकान्तिक हेतु** से 'साध्य' का अनुमान नहीं किया जा सकेगा।

यदि यह कहें कि 'अनुभूतौ यदि वेद्यत्वं न स्यात्, वस्तुत्वमपि न स्यात्'। 'अनुभूति' में 'अवेद्यत्व' के रहने पर अर्थात् 'अनुभूति' को अवेद्य' मानने पर उसमें (अनुभूति में) 'वस्तुत्व भी नहीं रह पायेगा' —यही **'विपक्षबाधक तर्क'** है।

किन्तु यह कहना उचित नहीं होगा, क्योंकि **'स्वयं प्रकाश अनुभूति'** में 'वेद्यत्व' के बिना भी 'वस्तुत्व' का रहना **संभव हो सकता है**। इसी प्रकार **'वेद्यत्व'** के साधक **'लक्ष्यत्व'**, **'ज्ञायविषयत्व'** (अनुमानविषयत्व) आदि 'हेतुओं से **'वेद्यत्व'** साध्य का जो अनुमान किया जाता है, वहाँ पर (व्याप्तिग्रहण-काल में ग्राहक संवित् के स्फुरण या अस्फुरण पक्ष में) भी उन 'हेतुओं' में 'उक्त दोषों को समझ लेना चाहिए।

पहिले जो आक्षेप किया गया था कि 'लक्षक-पदत्व' रूप **हेतु से** 'लक्षक

अनुभूति' पद में 'लक्ष्य-विषयकज्ञानजन्यत्व' का **अनुमान** करना चाहिये, अर्थात् **'लक्ष्यविषयकज्ञानजन्यत्व'** अनुमेय है, जिससे **'स्वप्रकाशत्व'** का **भंग** हो जायेगा।

किन्तु वादी का उक्त कथन ठीक नहीं है। क्योंकि **प्रतिवादी** के मत में **'अनुभूतिलक्षकत्व'** रूप हेतु, **'अनुभूति'** पद में असिद्ध है। **कारण यह है** कि आप के मत में 'अनुभूति' पद, 'अनुभूति' रूप अर्थ का **'वाचक'** ही है, 'लक्षक' नहीं है।

किञ्च—'लक्ष्यविषयकज्ञानत्वम्' इस वाक्य में 'लक्ष्यविषयकज्ञान' शब्द से (लक्ष्यज्ञानशब्द से) **'लक्ष्यकर्मकस्फुरण'** (प्रकाश) विवक्षित है? अथवा **'लक्ष्य-विषयकस्फुरण'** विवक्षित है? अथवा **'स्फुरणमात्र'** विवक्षित है? अथवा **'लक्ष्यविषयक अन्तःकरणवृत्ति'** विवक्षित है? **इतने विकल्प** आप के सामने हम उपस्थित कर रहे हैं। इनमें से **कौन सा पक्ष** आप स्वीकार कर सकते है?

उक्त **चार पक्षों** में से **प्रथम पक्ष** का स्वीकार आप कर नहीं सकते। क्योंकि 'अतीतादि' अर्थों (पदार्थों) के 'लक्षक पदों' में **व्यभिचार** होगा। कारण यह है कि 'अतीतादि पदार्थों' के **लक्षक पदों में** 'लक्षक पदत्व' रूप 'हेतु' तो रहता है, किन्तु 'लक्ष्य-कर्मक-स्फुरण' नहीं रहता। अतः 'लक्ष्यकर्मकस्फुरण' के न रहने (अभाव) से 'तज्जन्यत्व-**साध्य**' भी नहीं रहेगा अर्थात् 'साध्य' का **अभाव** रहेगा। क्योंकि 'वर्तमान पदार्थ' (वस्तु), **"क्रियाजन्य-फल'** का **आश्रय** होने से **कर्म** कहा जाता है। **प्रकृत प्रसंग** में 'ज्ञा' धातु का अर्थ 'ज्ञानक्रिया' है। 'धात्वर्थ' को 'क्रिया' कहते हैं। अतीतादि—(भूतकालिक) 'अर्थ', 'ज्ञानक्रियाजन्य विषयता' (ज्ञातता) रूप फल का न 'आश्रय' होता है और न 'ज्ञान', उससे जन्य है। इसलिए **'व्यभिचार'** हो रहा है। उसी तरह **द्वितीय, तृतीय** और **चतुर्थ** कल्पों में भी **'सिद्ध-साधनदोष'** उपस्थित होता है। क्योंकि 'अनुभूति' रूप स्फुरण में भी 'अनुभूतिविषयकत्व' रहता है। कारण यह है कि 'अनुभूतिरूप स्फुरण' (प्रकाश) भी 'अनुभूति' के व्यवहार का उत्पादक (जनक) है। इसलिये 'अनुभूति लक्षक पद' में अर्थात् **अनुभूतिविषयकस्फुरण की जन्यता**, 'अनुभूति'-रूप लक्षक पद में सिद्ध ही है यानी 'अनुभूतिविषयकज्ञानजन्यत्व' सिद्ध है। उसी को पुनः आप साधने का प्रयत्न कर रहे हैं, अतः **'सिद्धसाधन'** दोष है। और 'अनुभूति' तो 'स्फुरण' स्वरूप है। अतः उसे **'स्फुरणमात्र'** भी कह सकते हैं। उस कारण अनुभूतिलक्षक 'अनुभूति' पद में **'स्फुरणमात्रजन्यता'** भी सिद्ध है,

और उस 'अनुभूति के आकार' की '**अन्तःकरणवृत्ति**' भी होती है। अतः 'लक्ष्य-विषयक-अन्तःकरणवृत्तिजन्यता' अनुभूति के लक्षक 'अनुभूति' पद में सिद्ध ही है। उसी को पुनः साधने का प्रयत्न करने पर '**सिद्धसाधनता**' दोष कहलायेगा।

शंका—अब आप का एक प्रश्न और शेष रह जाता है, जिसमें आपने पूछा है कि 'अनुभूति' पद के '**वाच्यार्थ**' में '**स्वप्रकाशता** सिद्ध करना चाह रहे हैं ? अथवा 'अनुभूति पद के '**लक्ष्यार्थ**' में '**स्वप्रकाशता**' सिद्ध करना चाह रहे हैं ?

समा०—किन्तु यह प्रश्न ही **अनुचित** है। क्योंकि हम तो '**स्फुरणमात्र**' में **स्वप्रकाशता** को सिद्ध कर रहे हैं, जो 'स्फुरणमात्र' **उभय वादियों** के मत में स्वीकृत है। **अन्यथा** '**अनुभूति**' में '**वेद्यत्व**' का साधन करते समय **आपके समक्ष** भी **यही विकल्प** उपस्थित होगा, जिसे निवारण करना आपको कठिन हो जायेगा। अर्थात् 'अनुभूति' पद के 'वाच्यार्थ' में 'वेद्यत्व' को सिद्ध करने का प्रयत्न करोगे तो सिद्धसाधन दोष होगा और 'लक्ष्यार्थ' में 'वेद्यत्व' को सिद्ध करोगे तो आपके ही मत के अनुसार 'लक्ष्यार्थ' की 'असिद्धता' होगी। इसलिये 'वादी-प्रतिवादी' **दोनों को** मान्य रहने वाले 'स्फुरणमात्र' यानी **स्फुरणसामान्य** का ग्रहण करना ही उचित है। इस लिए **उसीमें** हम 'स्वप्रकाशता को सिद्ध कर रहे हैं।

पूर्वपक्षी—आपकी प्रक्रिया के अनुसार 'अनुभूति की **स्वप्रकाशता** के सिद्ध होने पर भी '**घटः, स्वप्रकाशः, घटत्वात्, यन्नैवं तन्नैवं, यथा पटः**'—अर्थात् 'घट' स्वप्रकाश है, क्योंकि वह 'घटत्व' से युक्त है, 'जो वैसा नहीं है, वह ऐसा नहीं है, जैसे 'पट'। इस **अनुमानाभास** (मिथ्यानुमान) के समान ही **आपके द्वारा** किये जाने वाले '**स्वप्रकाशत्वानुमान**' का '**हेतु**' असद्धेतु है, '**सद्धेतु**' नहीं है। **अतः** 'स्वप्रकाशत्वानुमान' भी अनुमानाभास ही है।

सिद्धान्ती—पूर्वपक्षी का कहना ठीक नहीं है, क्योंकि पृथु-वर्तुलाकार उदर वाला, कम्बुग्रीवादिमान् आकार (रूप) वाला और 'स्पर्श आदि गुणों वाला '**पदार्थ**' 'घट' शब्द का '**वाच्यार्थ**' होता है। अर्थात् उक्त आकृति वाला और स्पर्श करने योग्य पदार्थ को ही लोकव्यवहार में 'घट' शब्द से कहा करते है। इस प्रकार के ही 'घट' शब्द के 'वाच्यार्थ' में तो आप 'स्वप्रकाशत्व' को सिद्ध नहीं कर सकते। क्योंकि उसको तो सभी कोई 'नेत्र' (आंख) तथा 'त्वक्' आदि इन्द्रिय से यानी '**प्रत्यक्ष**' प्रमाण से देखते हैं। **ऐसे** '**घट**' को यदि आप '**स्वप्रकाश**' कहेंगे तो 'प्रत्यक्ष प्रमाण' के विरुद्ध आप कह रहे हैं—ऐसा सभी लोग कहेंगे। क्योंकि चक्षु-

रिन्द्रिय, स्पर्शनेन्द्रिय प्रमाणों से ही 'घट' (घटशब्द-वाच्यार्थरूप पदार्थ) की सिद्धि होती है। अतः उसी को 'स्वयंप्रकाश' कहने में 'धर्मिसाधक प्रत्यक्ष प्रमाण', बाधक होगा।

पूर्वपक्षी —हम किसी **अलौकिक** (लोकोत्तर) 'घट' में 'स्वप्रकाशत्व' को सिद्ध कर रहे हैं, जिस 'घट, का प्रत्यक्ष, लोगों को नेत्र त्वक् आदि इन्द्रियों से नहीं होता है।

सिद्धान्ती —यह भी आप नहीं कह सकते, क्योंकि उस प्रकार का कोई 'अलौकिक घट' कहीं भी प्रसिद्ध नहीं है। ऐसे अलौकिक घट की **अप्रसिद्धि** के कारण 'धर्मी' (पक्ष) की ही **'असिद्धि'** हो रही है। जब **'पक्ष'** ही नहीं है, तो **अनुमान** कहां करेंगे। अतः अलौकिक घट' में **स्वप्रकाशत्व** के अनुमान की बात करना तो उपहासास्पद ही होगा।

इस पर आप कदाचित् यह कह दें कि तुम्हारे (वेदान्तियों के) **स्वयंप्रकाशत्व** (अवेद्यत्व) के अनुमान' में भी **'अनुभूतित्व'** असिद्ध है। यानी 'अवेद्य अनुभूति रूप **'धर्मी'** असिद्ध है।

किन्तु यह आक्षेप करना ठीक नहीं होगा। क्योंकि 'अनुभूति' रूप **धर्मी** के ही प्रसिद्ध न रहने पर 'वेद्यत्व', 'अवेद्यत्व' का **विवाद ही** कैसे हो पायेगा ? अर्थात् अनुभूति धर्मी की प्रसिद्धि के विना उसके विषय में **वादी** कथा' (विवाद) ही नहीं कर पायेगा और यदि 'कथा' (विवाद) करता है तो 'अनुभूति को **'अप्रसिद्ध'** नहीं कह सकते। एवंच 'अनुभूति' को **अप्रसिद्ध** मत कहिये।

यह जो **पूर्वपक्षी** ने कहा था कि 'स्वप्रकाश अनुभूति' की प्रसिद्धि के लिये प्रमाण के सद्भाव में 'वेद्यत्व' प्राप्त होने से 'अस्वप्रकाशत्व' प्राप्त होता है, और प्रमाण के असद्भाव में 'धर्मी' की असिद्धि प्राप्त होती है। अतः **वेदान्तियों** के लिये 'उभयतः पाशारज्जुः' है।

उसपर **वेदान्ती** का कहना है कि हम वेदान्तियों के लिये उस प्रकार से 'उभयतः पाशारज्जुः' नहीं कह सकते। क्योंकि 'प्रमाण-जन्य स्फुरण' (प्रकाश, ज्ञातता, वेद्यता) की 'आश्रयता' अथवा 'स्फुरण' (ज्ञान) की **कर्मता** (ज्ञानजन्य-फल की आश्रयता) 'घट' आदि में रहती है। उस कारण 'घटादि' में जैसी 'विषयता' मानी जाती है, वैसी **'विषयता,** का यानी 'ज्ञानजन्य विषयता' का **'अनुभूति'** में अभाव रहने पर भी और **'प्रमाणजन्य अन्तःकरणवृत्ति'** की

विषयता (व्याप्तता) अर्थात् 'वृत्तिविषयता' को मान लेने पर भी उसकी **'स्वयं-प्रकाशता'** में कोई हानि नहीं पहुँच रही है और 'प्रमाणजन्य अन्तःकरणवृत्ति' की व्याप्यता (विषयता) उसमें (अनुभूति में) रहने के कारण ही **स्फुरण** (फल, ज्ञान यानी वृत्तिगत चिदाभास) की **विषयता** न रहने मात्र से **'अनुभूति'** में अप्रामाणिकता भी प्राप्त नहीं हो रही है क्योंकि **'व्यतिरेकव्यभिचार'** यानी 'केवल व्यतिरेक' का अभाव है। **अभिप्राय** यह है कि किसी भी 'कार्य-कारण-भाव' का ज्ञान **'अन्वय-व्यतिरेक'** से हुआ करता है। ऐसी स्थिति में **'फलव्याप्यता'** और **'प्रामाणिकता'** में यदि कार्य-कारणभाव देखना हो तो **'अन्वय-व्यतिरेक'** के द्वारा ही देखना चाहिये। जैसे— **'यत्र-यत्र फलव्याप्यत्वं, तत्र-तत्र प्रामाणिकत्वम्'**— जहाँ-जहाँ फलव्याप्यता रहेगी, वहाँ-वहाँ प्रामाणिकता भी रहेगी —इस प्रकार का **'अन्वय'** तो है, किन्तु **'यत्र-यत्र फलव्याप्यत्वाऽभावः तत्र-तत्र प्रामाणिकत्वाऽभावः'**—जहाँ-जहाँ फलव्याप्त्व नहीं रहेगा, वहाँ-वहाँ प्रमाणिकत्व भी नहीं रहेगा—इस प्रकार का **'व्यतिरेक'** (अभाव) नहीं घट रहा है। अर्थात् **फलव्याप्यता** और **प्रामाणिकता** का अन्वय तो घटित हो रहा है, किन्तु **व्यतिरेक** नहीं घट रहा है। यदि **'फलव्याप्यता'** और **'प्रामाणिकता'** का 'कार्यकारणभाव' निश्चित होता तो **'अनुभूति'** में **'फलव्याप्यता'** के अभाव में अर्थात् फलव्याप्यता के न रहने पर **'प्रामाणिकता'** का भी अभाव रहता, यानी प्रामाणिकता भी न रहती। अतः उन दोनों का **कार्य-कारणभाव** नहीं है। 'व्यतिरेक' के न घटने का कारण यह है कि **भाट्टमीमांसक,** 'भूत-भावी पदार्थों' में 'फलव्याप्यता' के बिना भी केवल वृत्तिव्याप्यता के न रहने मात्र से ही प्रामाणिकता मानते हैं। उक्त वृत्ति के विषय होने वाले **भूत-भावीपदार्थ,** जो स्फुरण (प्राकट्य-ज्ञातता) से रहित हैं, उनकी **'प्रामाणिकता'** भाट्टमीमांसक मानते हैं। उसी तरह **'अनुभूति'** में भी 'वृत्तिविषयता, होने के कारण 'प्रामाणिकता' रहती है। अतः वृत्ति का विषय बनने पर भी 'अनुभूति' के 'स्वयंप्रकाश' सिद्ध होने में कोई बाधा नहीं हो रही है। **निष्कर्ष** यह है कि **'स्वयं प्रकाशता'** का अर्थ यह नहीं है कि 'किसी प्रमाण का विषय न होना', **अपितु** अपने अपरोक्ष व्यवहार में दूसरे ज्ञान की अपेक्षा न करना ही **'स्वयं प्रकाशता'** है। यह 'स्वयं-प्रकाशता', हमारी 'अनुभूति' में निर्बाध विद्यमान है। यही कारण है कि 'चेष्टादिहेतुक अनुमान' का विषय होने वाला **दूसरे व्यक्ति** (पर-पुरुष) का 'ज्ञान' भी, अपने आधार (आश्रय) में (पर-पुरुष में) स्व-विषयक प्रत्यक्ष (अपरोक्ष) व्यवहार की उत्पत्ति के लिए ज्ञानान्तर (दूसरे ज्ञान) अर्थात् प्रकाशान्तर की अपेक्षा नहीं

करता है। अतएव 'स्वप्रकाश कहलाता है। इस प्रकार की 'स्व-प्रकाशता', अनुमान का विषय होने वाली 'अनुभूति' में है ही। क्योंकि **'अनुभूति'** भी अपने आश्रय में **प्रमाणान्तर** की अपेक्षा नहीं रखती, निरपेक्ष रहकर ही 'स्व-विषयक अपरोक्ष व्यवहार' का हेतु (कारण) होती है।

पूर्वपक्षी यह भी नहीं कह सकता कि **'अनुभूतिः अस्वप्रकाशा, प्रामाणिकत्वात्, यन्नैवं, तन्नैवं, यथा भूतादिकम्'**। क्योंकि यहाँ प्रयुक्त किये गये **'हेतु'** में 'केवल व्यतिरेक' का अभाव है।

उपर्युक्त रीति से **'अनुभूति'** की 'स्वप्रकाशता' को केवल-व्यतिरेकी अनुमान के द्वारा बताया गया है। उसी तरह 'अन्वय-व्यतिरेकी अनुमान' से भी **'अनुभूति'** की 'स्वप्रकाशता' को सिद्ध किया जा सकता है।

जैसे—**'स्वज्ञानं तव अपरोक्षव्यवहारयोग्यत्वविशिष्टवेद्यत्ववत् न भवति, ज्ञानत्वात्, मदीयज्ञानवत्'** अर्थात् तुम्हारा ज्ञान तुम्हारे अपरोक्ष (प्रत्यक्ष) व्यवहार की योग्यता के सहित वेद्य (वेद्यत्व) विशिष्ट-नहीं होता है, क्योंकि 'ज्ञानत्वविशिष्ट' है जैसा हमारा ज्ञान है। यहाँ 'प्रकाशरूप ज्ञान' में 'अपरोक्ष-व्यवहार-योग्यताविशिष्ट-अवेद्यत्व (वेद्यत्वाऽभाव) तभी हो सकेगा, जब कि वह 'स्वप्रकाश' रहेगा, अन्यथा नहीं हो सकता। वह 'स्वप्रकाशत्व' तो प्रतिवादी के अपरोक्ष 'व्यवहार की योग्यताविशिष्ट वेद्यत्वाऽभाव', वादी के ज्ञान में भी विद्यमान है, और 'ज्ञानत्व' हेतु की स्थिति, 'पक्ष' और 'दृष्टान्त' में भी है। इस कारण **'अन्वयी हेतु'**, 'स्वप्रकाशत्व' का साधक होता है-यह स्पष्ट है।

शंका—उपर्युक्त अनुमान में **'मदसमवेतत्व'** अथवा **'मदन्यसमवेतत्व'** **उपाधि** है तब 'हेतु' के सोपाधिक रहने से वह (हेतु), साध्य का साधक कैसे हो सकेगा ?

समा०—**प्रतिवादी** की उक्त शंका, उचित नहीं है, क्योंकि **'उपाधि'** वही बन पाता है, जो 'साध्य' का **व्यापक** हो और 'साधन' का **अव्यापक** हो। ऐसी स्थिति में 'मदसमवेतत्व' या 'मदन्यसमवेतत्व' को उपाधि नहीं कह सकते, क्यों कि उसमें अपरोक्षव्यवहारयोग्यत्वयुक्त वेद्यत्वाभावरूप 'साध्य' की व्यापकता नहीं है, और 'ज्ञानत्वरूप साधन' की अव्यापकता भी नहीं है। अर्थात् प्रतिवादी के 'आत्मा' में समवेत 'धर्मादि' में उक्त 'प्रत्यक्षव्यवहारयोग्यत्वयुक्त वेद्यत्वाभाव' रूप 'साध्य' है और उक्त 'असमवेत रूप उपाधि नहीं है तथा **प्रतिवादी** के आत्मा में असमवेत परमाणुओं में उक्त 'वेद्यत्वाभाव' रूप साध्य है, किन्तु 'मदन्यसमवेतत्व' रूप

उपाधि नहीं है। क्योंकि 'परमाणु', किसी में समवेत नहीं होता है। 'कार्य' तो अपने कारण में समवेत होता है।

यदि यह कहा जाय कि **'मम अपरोक्षव्यवहाराऽयोग्यत्व'**—अर्थात् मेरे अपरोक्षव्यवहार की अयोग्यता—उक्त अनुमान में 'उपाधि' है।

किन्तु इसे भी यहाँ पर उपाधि नहीं सिद्ध कर सकते। क्योंकि 'उपाधि'-प्रदर्शन का प्रयोजन यही होता है कि **'पक्ष'** में 'साध्य के व्यापक' 'उपाधि' के अभाव से (उपाधि के न रहने पर) 'साध्य' के अभाव की अनुमिति करा देना। अर्थात् 'साध्याभाव' को 'हेतु' के स्थान में प्रदर्शितकर 'हेतु' को व्यभिचारी सिद्ध कर देना। एवं च 'उपाधि' के व्यतिरेक (अभाव) से 'साध्य' के व्यतिरेक (अभाव) को अनुमान से जाना जाता है। यदि **'व्यतिरेकानुमान'** ही सोपाधिक हो तो प्रथम अनुमान का 'हेतु' व्यभिचारी नहीं हो पाता। अर्थात् **'साध्याभाव'** रूप 'हेतु' में 'उपाधि' के लगजाने से **'उपाध्यभाव'** रूप 'हेतु', **व्याप्यत्वाऽसिद्ध** होता है। इस कारण वह 'साध्याभाव' का अनुमान नहीं करा सकता। तब **प्रथम अनुमान** के 'हेतु' की व्यभिचारिता सिद्ध नहीं होती।

उसी तरह **'मम अपरोक्षव्यवहाराऽयोग्यत्व'** को भी 'उपाधि' नहीं कह सकते। क्योंकि **'मम अपरोक्षव्यवहारयोग्यत्व'** के कारण 'यह ज्ञान', **'मम अपरोक्षव्यवहारयोग्यत्वविशिष्टवेद्यत्व'** से युक्त है, घट के समान। अर्थात् मेरे अपरोक्षव्यवहारयोग्य होने पर अवेद्य नहीं है। **'ममाऽपरोक्षव्यवहारयोग्यत्वात्, इदं ममाऽपरोक्षव्यवहारयोग्यत्वे सति अवेद्यं न भवति, घटवत्'**। इस व्यतिरेक (उपाधि के अभाव से साध्याभाव) के अनुमान में **'ज्ञानेतरत्व'** (ज्ञान-भिन्नत्व) ही उपाधि हो जाता है। इस कारण **'हेतु'** व्यभिचारी हो जाता है। क्योंकि उक्त **'साध्य'** जहाँ (घट आदि में) है, वहाँ **'ज्ञानेतरत्व'** है, और **'अपरोक्षव्यवहारयोग्यत्व'** रूप हेतु, जहाँ (ज्ञान में) है, वहाँ **'ज्ञानेतरत्व'** नहीं है। इस कारण **'ज्ञानेतरत्व'** को 'उपाधि' कहा जा सकता है।

इसी प्रकार अन्य और भी अनुमान किये जा सकते हैं, जिनसे 'स्वप्रकाशत्व' की सिद्धि हो जाती है। जैसे—**'विवादास्पदानि ज्ञानानि घटज्ञानान्यत्वे सति वेद्यत्वानधिकरणानि ज्ञानत्वात्, घटज्ञानवत्'**—अर्थात् विवादास्पद (विवाद के विषय) ज्ञान, घटज्ञानभेदविशिष्ट (घट ज्ञान से अन्यत्व युक्त) वेद्यत्व के अनधिकरण हैं, क्योंकि वे, 'ज्ञानत्व' से युक्त हैं (उनमें ज्ञानत्व है), 'घटज्ञान' के समान। यहाँ पर 'घटज्ञान' रूप **दृष्टान्त** में **घटज्ञानभेद** (घटज्ञान से अन्यत्व)

रूप, 'विशेषण' के अभाव से विशिष्ट 'वेद्यत्व' का **अभाव** रूप 'साध्य' प्रसिद्ध है, और अन्यत्र **'स्वप्रकाशत्व'** से 'साध्य' सिद्ध है, अर्थात् 'वेद्यत्वाभाव' से 'स्वप्रकाशत्व' सिद्ध होता है। एवंच **'ज्ञानत्व'** हेतु से 'स्वप्रकाशत्व सिद्ध होता है।

इस **अनुमान** में कदाचित् कोई **'घटज्ञानत्व'** को 'उपाधि' के रूप में बता सकता है। क्योंकि **'घटज्ञानान्यत्वयुक्त-वेद्यत्वानधिकरणत्वरूप** 'साध्य' का व्यापक **'घटज्ञानत्व'** है, और वह **'ज्ञानत्व' रूप** 'साधन' (हेतु) का **अव्यापक** भी है। अतः यहाँ पर **'घटज्ञानत्व'** उपाधि है।

किन्तु **यह कथन** ठीक नहीं है। क्योंकि **'शरीरिजन्यत्व'** उपाधि में 'शरीरि-विशेषण' के समान, उक्त 'उपाधि' में भी **'घट-विशेषण'** भी व्यर्थ है। कहने का **अभिप्राय** यह है कि **नैयायिक विद्वान्** ईश्वर की सिद्धि करने के लिये अनुमान करते हैं—**'क्षित्यादिकं, सकर्तृकं, कार्यत्वाद घटवत्'**। इस अनुमान में पूर्वपक्षी **'शरीरिजन्यत्व'** को उपाधि के रूप में उपस्थित करता है। क्योंकि प्रसिद्ध **सकर्तृकत्व** (कर्तृजन्यत्व) रूप 'साध्य' का व्यापक **'शरीरिजन्यत्व'** है और वही, **'कार्यत्व'** रूप साधन (हेतु) का **अव्यापक** भी है। अतः **उक्त अनुमान** में **'शरीरिजन्यत्व'** उपाधि है।

उस पर **नैयायिक विद्वान्** कहते हैं कि आपकी प्रदर्शित की हुई **'उपाधि'** में **'शरीरी'** विशेषण व्यर्थ है। अर्थात् केवल **'जन्यत्व'** ही **'कर्तृजन्यत्व** रूप, साध्य' का व्यापक है, 'शरीरिजन्यत्व' नहीं। इसलिये **'शरीरी'** विशेषण लगाना व्यर्थ है। अतः यह 'विशिष्ट उपाधि', 'पक्षमात्र' का व्यावर्तक नहीं हो सकता। उसी प्रकार **'ज्ञानत्व'** मात्र से ही 'ज्ञानभिन्न' की व्यावृत्ति हो सकती है। **'घट' विशेषण,** व्यर्थ है। इसलिये 'घटज्ञानत्व' को 'साध्य' का व्यापक नहीं कह सकते। किञ्च 'घट' पद, घटज्ञानभिन्न-ज्ञान रूप 'पक्ष' का व्यावर्तक है, उस कारण **'घटज्ञानत्व'** को 'पक्ष' से इतर (भिन्न) ही कहना चाहिये। अर्थात् वह (घटज्ञानत्व) **'पक्षेतरत्व'** रूप ही है। उसे **'उपाधि'** नहीं कह सकते।

और विशेषण से रहित होने पर **'साधन'** (हेतु) का भी **'समव्यापक'** (अभिन्न) हो जाता है। अतः यहाँ पर 'उपाधि' नहीं है। इसलिये **'अनुभूति'** के 'स्वप्रकाशत्व' का अनुमान समस्त कलङ्क (दोष) से शून्य है, यानी निर्दुष्ट अनुमान है। इस दोषरहित अनुमानप्रमाण से ही ज्ञानस्वरूप आत्मा की स्वप्रकाशता भी सिद्ध हो रही है, तथा **'चिद्रूपत्व' 'अकर्मत्व',** और **'स्वयंज्योतिश्रुति'**—इन तीन हेतुओं के आधार पर भी 'ज्ञानरूप आत्मा' की

'स्वयंप्रकाशता' अकाट्यरूप से सिद्ध होती है। अर्थात् उसका खण्डन, कोई भी नहीं कर सकता। उक्त तीन हेतुओं का संग्राहक एक पद्य भी प्रसिद्ध है—

'चिद्रूपत्वादकर्मत्वात्स्वयं-ज्योतिरितिश्रुतेः।
आत्मनः स्वप्रकाशत्वं को निवारयितुं क्षमः॥'

प्रभाकर मीमांसक को लक्ष्य करके एक अनुमान प्रयोग किया गया है, जिससे **'आत्मा'** की **'संविद्रूपता'** (ज्ञानरूपता) सिद्ध की गई है। जैसे—**'आत्मा संविद्रूपः संवित्कर्मतामन्तरेण अपरोक्षत्वात् संवेदनवत्'**—अर्थात् 'आत्मा', संविद्रूप (ज्ञानरूप) है, 'संवित्' की 'कर्मता' प्राप्त किये विना ही 'अपरोक्ष' होने से, 'संवेदन' (ज्ञान) के समान।

उसी प्रकार **नैयायिक** को लक्ष्य करके भी एक अनुमान किया गया है, जिससे 'ज्ञानरूप आत्मा' की 'चिद्रूपता' को सिद्ध किया गया है। क्योंकि संवित्कर्मता के विना 'अपरोक्षत्व' (अपरोक्षव्यवहारविषयत्व) 'चिद् (ज्ञान) रूपता' से ही हो सकता है। जैसे—**'घट-तज्ज्ञानयोः सम्बन्धः आत्मनिष्ठः, ज्ञाननिष्ठत्वात्, पदविषयत्ववत्'**—अर्थात् 'घट' और उसके 'ज्ञान' का सम्बन्ध, आत्मवृत्ति है, ज्ञानवृत्ति होने से, 'पदविषयता' के समान—इस अनुमान से **आत्मा** की 'चिद्-रूपता' सिद्ध होती है। क्योंकि **विपक्ष** (आत्मा के ज्ञानरूपत्वाऽभावपक्ष) में 'आत्मविषयक संशय, विपर्यय', का अभाव (संशय—विपर्ययादिविषयता का अभाव) बाधक है। **अभिप्राय** यह है कि यदि 'आत्मा' को **ज्ञानरूप** न माना जाय तो 'आत्मा' के विषय में 'संशय—विपर्यय' आदि होने चाहिये, किन्तु **'अहं वा, अनहं वा'**—ऐसा संशय (सन्देह) और 'नैव अहम्' ऐसा विपर्य (अपने अभाव का निश्चयरूप भ्रम) अपने आत्मा के प्रति किसी को नहीं होता है। एवं च इस प्रकार 'संशय—विपर्यय' आदि का न होना तभी उपपन्न होगा कि जब **'आत्मा'** को स्वप्रकाश ज्ञानस्वरूप' माना जायगा। अन्यथा नहीं।

शंका—जिस प्रकार सुख-दुःख आदि के होने पर उनका ज्ञान अवश्य होता है। 'सुख-दुःख' आदि पदार्थ, ज्ञानस्वरूप न रहने पर भी उनके विषय में कभी किसी को संशय', या विपर्यय नहीं होते है, उसी प्रकार 'आत्मा' के विषय में भी 'संशय-विपर्ययादि' नहीं होंगे। उसके प्रति संशयादि न होने के लिये उसे (आत्मा को) **ज्ञानस्वरूप** मानना उचित नहीं है।

समा०—उक्त **शंका ठीक नहीं है**, क्योंकि 'सुख-दुःख' आदि पदार्थों की सत्ता के समय, **'अन्तःकरणवृत्तिरूप'** जो 'अनित्यज्ञान' (जन्यज्ञान) है, अथवा

नैयायिक के अनुसार **आत्मनिष्ठ** जो **अनित्यज्ञान** (जन्यज्ञान है, उसका **अव्यभिचार** (सत्त्व) रहता है, अर्थात् व्यभिचार नहीं रहता। इसलिये सुखादि के प्रति संशयादि नहीं हुआ करते।

किन्तु **'आत्मा'** में 'सुख-दुःखादि' के समान 'आत्मा' की सत्ता के काल में 'अनित्यज्ञान' (जन्यज्ञान) का अव्यभिचार (सत्त्व) नहीं माना जा सकता। **अन्यथा** 'सुषुप्ति' का ही अभाव हो जायगा। क्योंकि **नैयायिक लोग** आत्मनिष्ठ (आत्म-वृत्ति) जन्यज्ञान (अनित्यज्ञान) के उपरम (निवृत्ति) को ही **'सुषुप्ति'** कहते हैं। यदि 'आत्मा' को सर्वदा ही 'जन्यज्ञान' से युक्त मानेंगे तो 'सुषुप्ति' कैसे हो सकेगी ? इसलिये 'आत्मा' के विषय में किसी को 'संशय' आदि न हो पाने से 'आत्मा' की ज्ञानस्वरूपता निर्बाध सिद्ध हो रही है।

शंका—'ज्ञान और आत्मा' का सम्बन्ध **आत्मवृत्ति** नहीं है अर्थात् अनात्म (आत्मभिन्न) वृत्ति है, ज्ञानवृत्ति होने से, जैसे सत्ता—यह सत्प्रतिपक्ष दोष होगा।

समा०—यह 'सत्प्रतिपक्ष' की शंका नहीं करनी चाहिये। क्योंकि 'ज्ञान' ही **आत्मा** है—यह सिद्धान्त जिनका है, उनके मत में 'ज्ञान' और 'आत्मा' के सम्बन्ध का ही अभाव है। उस कारण 'आश्रयाऽसिद्धि' दोष है। अर्थात् आश्रयासिद्धि दोष से दूषित यह प्रतिपक्ष है।

शंका—'नहि द्रष्टुर्दृष्टेर्विपरिलोपो विद्यते (बृ. दा. उ. ४। ३। २३) अर्थात् द्रष्टा (आत्मा) की दृष्टि (ज्ञान) का विपरिलोप (अभाव) कभी नहीं होता है—इस अर्थ का प्रतिपादन करनेवाली श्रुति से द्रष्टा (आत्मा) और दृष्टि (ज्ञान) का सम्बन्ध प्रतीत होता है, इस प्रकार **'मानमनोहरकार'** ने 'ज्ञान' और 'आत्मा' का सम्बन्ध बताया है। तब आप उनके श्रुतिसिद्ध सम्बन्ध का आभाव कैसे बता रहे हैं ?

समा०—आपकी यह आशंका उचित नहीं है, क्योंकि श्रुति का अभिप्राय, सम्बन्धप्रतिपादन में नहीं है। वह तो केवल लोकप्रसिद्ध सम्बन्ध का अनुवाद कर रही है। अनुवाद के माध्यम से दृष्टि (ज्ञान) के विनाशित्वाऽभाव को बताने में उसका तात्पर्य है। क्योंकि "अप्राप्ते शास्त्रम् अर्थवत्" अज्ञात अर्थ के विधान करने में शास्त्र प्रमाण होता है-(शास्त्र अर्थवत् यानी सार्थक (सफल) होता है) यह न्याय, प्रसिद्ध है। अतः 'सम्बन्ध' के विधान करने में श्रुति का तात्पर्य नहीं है, यह स्पष्ट होता है। उक्त श्रुति के वास्तविक (अभिधा शक्ति से प्रतिपादित) सम्बन्धरूप मुख्य अर्थ को यदि मानते हैं, तो अद्वैतबोधक श्रुति के साथ विरोध होता है। किन्तु

विरोध होना तो उचित नहीं है। क्योंकि 'राहोः शिरः' के समान कल्पित भेद (उपचार) के द्वारा भी सम्बन्धबोधक श्रुति की प्रवृत्ति का समर्थन किया जा सकता है। अतः उपर्युक्त शंका उचित नहीं है।

शंका—'सम्बन्धबोधक श्रुति और अद्वैतात्मबोधक श्रुति' ये दोनों श्रुतियाँ तुल्य-बल (तुल्यप्रमाण) है। अतः पूर्वोक्त बाध्य-बाधक-भाव को विपरीत (उलटा) ही क्यों न मान लिया जाय ? अभिप्राय यह है कि 'अद्वैतश्रुति' को गौणार्थक और 'सम्बन्धबोधक श्रुति' को मुख्यार्थक मान लें—यह नहीं हो सकता। क्योंकि तत्परत्व (स्वार्थपरत्व) और अतत्परत्व (स्वार्थपरत्वाभाव) के कारण दोनों में विशेष (भेद) की उपपत्ति हो जाती है। अतः दोनों में तुल्यबलता बताना उचित नहीं है। निष्कर्ष यह है कि संबन्ध-श्रुति और अद्वैतश्रुति दोनों की समानबलता को समझकर विपरीत बाध्य-बाधकभाव की कल्पना करना ठीक नहीं होगा, क्योंकि 'अद्वैतश्रुति', अद्वैतपरक रहने से प्रबल है और 'संबन्धश्रुति' सम्बन्धपरक न होने से दुर्बल है। अतः दोनों की तुल्यबलता नहीं है। एवं च तुल्यबलता के आधार पर विपरीत बाध्य-बाधक भाव की कल्पना करना उचित नहीं है।

किंच—उपक्रमोपसंहारादि षड्विध (छहप्रकार के) तात्पर्यग्राहक लिङ्गों से युक्त अद्वैतश्रुति की अद्वैतपरता निश्चित हो जाती है और 'संबन्धबोधकश्रुति' तो उपक्रमोपसंहारादिषड्विधतात्पर्यग्राहक लिंगों से युक्त नहीं है। अतः 'सम्बन्ध-बोधकश्रुति' की 'अतत्परता' का ज्ञान हो जाता है। वह तो केवल 'लोकप्रवाद' पर आधारित है। ऐसी स्थिति में तात्पर्य लिंगों से विशिष्ट हुई 'अद्वैतपरकश्रुति', लोकप्रसिद्ध संबन्ध (लोकप्रवाद) का अनुवाद करनेवाली 'सम्बन्धबोधकश्रुति' का बाध क्यो नहीं करेगी ? एवंच अद्वैतश्रुति उक्त कारणों से प्रबल हैं। इसलिये वही, दुर्बल रहनेवाली सम्बन्धबोधकश्रुति का बाध करेगी। अतः विपरीत बाध्य-बाधक भाव की कल्पना करना असंगत होगा। इस रीति से दोनों षष्ठी विभक्तियों के वैयधिकरण्य को मानकर भी सम्बन्धश्रुति की दुर्बलता दूर नहीं हो सकी।

अब हम यह बताना चाह रहे हैं कि दोनों षष्ठियों का वैयधिकरण्य ही नहीं है। दोनों के सामानाधिकरण्य से भी हम अपनी बात को सिद्ध कर सकते हैं। इसी बात को उदाहरण देकर बता रहे हैं। जैसे 'देवदत्तस्य गन्तुः धनम्' अर्थात् जानेवाले देवदत्त का धन है। यहाँ समानाधिकरण (अभेदार्थक) षष्ठीं विभक्ति की तरह 'द्रष्टुः दृष्टेः' इस श्रुति में भी 'द्रष्टारूप' जो 'दृष्टि' अथवा 'दृष्टिरूप' जो द्रष्टा, उसका विपरिलोप नहीं होता है। इस पद्धति से दोनों षष्ठी विभक्तियों का

अन्वय सामानाधिकरण्य (अभेदार्थक षष्ठी) से भी हो जाता है। तब 'द्रष्टा की दृष्टि'—इस प्रकार की व्यधिकरणता (भेदनिमित्त सम्बन्ध की) कल्पना करना निरर्थक है।

किञ्च—'न दृष्टेः द्रष्टारं पश्येः'—(बृह. उप. ३।४।२) अर्थात् 'दृष्टि' के 'द्रष्टा' को तुम नहीं देख सकते—इस श्रुतिवाक्य में जैसा **वैयधिकरण्येन** (व्यधिकरण) अन्वय किया गया है, वैसे ही **प्रकृत** में भी व्यधिकरणता (भेद) अभीष्ट हो तो 'अन्तःकरण' के परिणामरूप 'दृष्टि' (ज्ञान) का जो 'द्रष्टा', **अथवा** 'परिणामी-अन्तःकरणरूप 'द्रष्टा' की साक्षीरूप जो दृष्टि, **उसका** 'विपरिलोप' (नाश) नहीं होता है। इस प्रकार **अद्वैतश्रुति के अविरोधी** (अनुकूल) सम्बन्ध (अन्वय) के सम्भव रहते **'गुण-गुणिभाव'** से सम्बन्ध की कल्पना करना, तो मीमांसाशास्त्र की अनभिज्ञता का परिचय देना ही कहलायगा। अर्थात् अनधीतमीमांसाशास्त्र-वाले व्यक्ति को ही ऐसी कल्पना करना शोभादायक होगा।

किञ्च—जीव और **ईश्वर के भेद** को मानने वाला व्यक्ति, किसके नित्यदृष्टि-रूप सम्बन्ध को कह रहा है ? इसपर भी विचार करना होगा। भेदवादी व्यक्ति 'जीव' के 'नित्य दृष्टिरूप सम्बन्ध' को तो कह नहीं सकता, क्योंकि 'जीव' का 'ज्ञान' तो 'अनित्य' है। ईश्वर की नित्यदृष्टि के सम्बन्ध को भी वह नहीं कह सकता, क्योंकि ईश्वर का प्रकरण ही प्रस्तुत नहीं है। प्रस्तुत प्रसंग तो यह चल-रहा है कि **'मैत्रेयी ब्राह्मण'** (बृह. उप. अध्याय २।४।५) में **"नवा अरे पत्युः कामाय पतिः प्रियो भवति"**—अरी मैत्रेयी ! 'पति' के प्रयोजन के लिये 'पति' प्रिय नहीं होता है, आत्मा के अपने ही प्रयोजन के लिये 'पति' प्रिय होता है। 'स्त्री' के प्रयोजन के लिये 'स्त्री' प्रिय नहीं होती, किन्तु अपने ही प्रयोजन के लिये 'स्त्री' प्रिय होती है। 'पुत्रों' के प्रयोजन के लिये 'पुत्र' प्रिय नहीं होते, किन्तु अपने ही प्रयोजन के लिये 'पुत्र' प्रिय होते हैं। 'धन' के प्रयोजन के लिये 'धन' प्रिय नहीं होता, किन्तु अपने ही प्रयोजन के लिये 'धन' प्रिय होता है। 'ब्राह्मण' के प्रयोजन के लिये 'ब्राह्मण' प्रिय नहीं होता, किन्तु अपने ही प्रयोजन के लिये 'ब्राह्मण' प्रिय होता है,—इत्यादि वाक्यों के द्वारा पति, जाया आदि के 'प्रियत्व'-प्रतिपादन से ज्ञापित (बोधित) जीवात्मा को बताने का उपक्रम (आरम्भ) करके **"एतेभ्यो भूतेभ्यः समुत्थाय तान्येवानु विनश्यति न प्रेत्य संज्ञास्ति"**—(बृ. उ. ४।५।१३) अर्थात् यह जीव इन भूतों से पृथक् होकर (उत्थित होकर) उन भूतों के नष्ट होते ही स्वयं नष्ट हो जाता है, यानी अपने औपाधिक रूपविशेष को

त्याग देता है। मरने पर (मोक्ष दशा में) 'विशेषज्ञान' नहीं रहता है। इस प्रकार से एक अवस्थान्तर को बताया जा रहा है। इसी प्रसंग में उस जीवात्मा के विनाश की आशंका करके उसके **विनाशाभाव** को बताया जा रहा है—"**अविनाशी वा अरेऽयमात्माऽनुच्छित्तिधर्मा मात्राऽसंसर्गस्त्वस्य भवति। यद्वै तन्न पश्यति पश्यन् वै तन्न पश्यति। नहि द्रष्टुर्दृष्टेर्विपरिलोपो विद्यते अविनाशित्वात्**" इति। अर्थात् अरी मैत्रेयी! यह आत्मा अविनाशी है, यानी नाशरूप धर्म से रहित है, किन्तु मोक्ष की अवस्था में विषयादिरूप मात्राओं (भूतों) से इसका कोई सम्बन्ध नहीं है। तू जो यह समझ रही है कि वह देखता नहीं है, उसका तात्पर्य यह है कि वह साक्षात् स्वरूप से देखता हुआ भी विशेष रूप से नहीं देखता है—इत्यादि वाक्यों से उस जीवात्मा की अविनाशिता को ही बताया गया है। इससे स्पष्ट होता है कि यह ईश्वर का प्रकरण नहीं है। उसी तरह **ज्योतिर्ब्राह्मण** में जाग्रत् आदि अवस्थाओं का निरूपण करते हुए "**अथ यत्र सुप्तो न कञ्चन कामं कामयते, न कञ्चन स्वप्नं पश्यति**"—अर्थात् जिस स्वरूप में सोया हुआ जीवात्मा, किसी भोग को नहीं चाहता है, न किसी स्वप्न को देखता है—इस प्रकार से सुषुप्ति अवस्था (सम्प्रसाद का अवस्थान) का प्रसंग (अवतरण) उठाकर "**यद्वै तन्न पश्यति पश्यन् वै तन्न पश्यति नहि द्रष्टुर्दृष्टेर्विपरिलोपो विद्यते**" इस वाक्य से सुषुप्ति की दशा में 'विशेषज्ञान' का अभाव रहने पर भी 'स्वरूपज्ञान' की नित्यता बताई गई है।

ईश्वरपक्ष में—उसको विशेष ज्ञान नहीं है, यह कहना ही अनुचित होगा, क्योंकि ईश्वर की सर्वज्ञता तो सर्वदा ही रहती है, और 'सुषुप्ति' आदि अवस्थाओं का भी उसमें अभाव है, अर्थात् इन सब अवस्थाओं से वह परे है। इसलिये 'ज्ञान और आत्मा' का सम्बन्ध 'अनात्मनिष्ठ' (अनात्मवृत्ति) है, यह अनुमान, **आश्रयाऽसिद्धि** दोष से दूषित है यह निश्चित होता है।

यह जो आशंका की गई थी कि '**ज्ञानम् आत्मा न भवति, गुणत्वात् रूपवत्**', तथा '**ज्ञानम् आत्मा न भवति अनित्यत्वात्**'—इत्यादि अनुमानप्रयोगों के विरुद्ध होने से 'आत्मा' को 'ज्ञानात्मक' (ज्ञानरूप) कैसे कहा जायगा? अर्थात् 'गुणत्व' और 'अनित्यत्व' हेतु के आधार पर 'रूप' आदि के समान 'ज्ञानरूपगुण' को 'आत्मा' नहीं कह सकते। यानी 'आत्मा' को 'ज्ञानरूप' नहीं कह सकते।

किन्तु जिस 'ज्ञान' को नित्य आत्मस्वरूप माना जाता है, उसे गुण या अनित्य कैसे कहा जायगा? अतः 'गुणत्व' हेतु, वादी-प्रतिवादी दोनों में से अन्यतर के

(वेदान्ती के) मत में 'असिद्ध' है। इसकारण वह अनुमान परास्त (खण्डित) हो जाता है।

शंका—पूर्वपक्षी, 'ज्ञान' में 'गुणत्व' की सिद्धि करने के लिये एक अनुमान-प्रयोग के द्वारा 'ज्ञान' में गुणत्व' की आशंका उपस्थित करता है। तथाहि—**'घट-तज्ज्ञानयोः सम्बन्धः गुणनिष्ठः, ज्ञाननिष्ठत्वात्, सत्तावत्, विपक्षे च जानामि इति प्रत्ययस्य निरालम्बनत्वप्रसंगो बाधकः'**। अर्थात् 'घट' और उसके 'ज्ञान' का सम्बन्ध गुणनिष्ठ (गुणवृत्ति) है, क्योंकि वह (सम्बन्ध) ज्ञाननिष्ठ (ज्ञानवृत्ति) है, जैसे 'सत्ता' जाति। यानी 'सत्ताजाति' जैसे 'गुणवृत्ति' है, वैसे ही यह सम्बन्ध भी है। इसलिये 'ज्ञान' को 'आत्मा' का गुण क्यों नहीं स्वीकार करते? एवं च 'ज्ञान', 'आत्मा' का गुण है। 'ज्ञान' ही आत्मा नहीं है। अर्थात् 'ज्ञान' को ही आत्मा कहना ठीक नहीं है। यदि आप के ही पक्ष (विपक्ष=विरुद्धपक्ष) को स्वीकार किया जाय, अर्थात् 'ज्ञान' को आत्मा का गुण न मानकर उसे 'ज्ञानस्वरूप ही माना जाय तो **'अहं जानामि'**–मैं जानता हूँ—इस प्रकार की 'आत्मा' में 'ज्ञानाश्रयताविषयिणी जो प्रतीति' होती है, उसे 'निरालम्ब' (निरालम्ब–आश्रय-रहित) ही कहना होगा। अर्थात् उक्त प्रतीति को निर्विषय ही कहना पड़ेगा। एवं च 'आत्मा' को ज्ञानस्वरूप मानने में उक्त प्रतीति को निरालम्बनता का प्रसंग ही बाधक हो रहा है।

समा०—उपर्युक्त शंका उचित प्रतीत नहीं हो रही है। क्योंकि **'रूप-तज्ज्ञानयोः सम्बन्धो द्रव्यनिष्ठः ज्ञाननिष्ठत्वात्, सत्तावत्'** अर्थात् 'रूप' और उसके 'ज्ञान' का सम्बन्ध, द्रव्यनिष्ठ (द्रव्यवृत्ति) है। क्योंकि वह 'ज्ञाननिष्ठ' (ज्ञान-वृत्ति) है, जैसे—'सत्ता', ज्ञाननिष्ठ (ज्ञानवृत्ति) है, वैसे ही यह 'सम्बन्ध' भी **'ज्ञानवृत्ति'** है,—यह **प्रतिप्रयोग** (सत्प्रतिपक्ष) किया जासकता है। अतः **'ज्ञान'** में **आत्म** (द्रव्य) रूपता ही सिद्ध होती है, **'गुणरूपता'** नहीं।

अब रही **'अहं जानामि'**—मैं जानता हूँ–इस 'अनुभव' (ज्ञान) की उपपत्ति। तो वह भी, **'अन्तःकरण'** के **'वृत्ति रूप ज्ञान'** की 'प्रमातृनिष्ठ आश्रयता' को **विषय कर लेने से** हो जाती है। तथा **"विज्ञानमानन्दं ब्रह्म"**, **"प्रज्ञानं ब्रह्म"**, **"ज्ञानघन एव"**—विशुद्धविज्ञानस्वरूप–आनन्दरूप ब्रह्म है, **प्रकृष्ट ज्ञानरूप** ब्रह्म है, अखण्ड ज्ञानस्वरूप ही ब्रह्म है—इत्यादि श्रुतिवाक्यों से भी **'आत्मा** की 'चिद्-रूपता सिद्ध होती है।

शंका—पूर्वपक्षी कह रहा है कि **'विज्ञप्तिः**—विज्ञानम्, **प्रज्ञप्तिः** =

प्रज्ञानम्'—यह विग्रह (विवरण) नहीं है, जिस निरुक्ति के बलपर उक्त श्रुति-वाक्यों से 'आत्मा' को चिद्रूप (ज्ञानरूप) सिद्ध कर रहे हो। अपितु 'विज्ञप्तिः, प्रज्ञप्तिः विद्यते यस्मिन् तद् विज्ञानम् तत्-प्रज्ञानम् ब्रह्म' ऐसी अधिकारणार्थक (ज्ञानाश्रयार्थक) निरुक्ति से 'विज्ञान', 'प्रज्ञान' शब्द 'ब्रह्म' को बता रहे हैं। अतः 'विज्ञानब्रह्म' का अर्थ 'ज्ञानाधिकरण' ब्रह्म है। एवंच ये श्रुति वचन 'आत्मा' की 'चिद्रूपता' को नहीं बता रहे हैं।

समा.—वेदान्ती कहता है कि 'ज्ञान' शब्द को अधिकरणार्थक मानकर 'विज्ञानं ब्रह्म' का अर्थ, 'ज्ञानाधिकरण' (ज्ञानाश्रय) ब्रह्म'—अर्थ करना उचित नहीं होगा, क्योंकि ऐसा करने पर अद्वैतबोधक श्रुतिवचनों के साथ विरोध होगा। अतः 'चिद्रूपत्व' हेतु, सर्वथा निर्दुष्ट है, उस से 'आत्मा' का स्वप्रकाशत्व, और 'ज्ञानरूपत्व' सिद्ध हो रहा है।

द्वितीय 'हेतु' अकर्मत्व बताया था, उससे भी 'आत्मा' की 'स्व-प्रकाशता' सिद्ध होती है। क्योंकि 'आत्मा' में 'अकर्मत्व' न मानकर यदि उसमें 'वेद्यत्व' (कर्मत्व = ज्ञानजन्यफलाश्रयत्व) स्वीकार करें, तो एक ही में 'कर्मत्व' और 'कर्तृत्व' इन दो विरोधी धर्मों की प्राप्ति होगी। क्योंकि 'ज्ञान' रूप क्रिया का आश्रय 'आत्मा' है, अतः वही 'कर्ता' है, और स्वाश्रित ज्ञान की विषयता, उसी में (आत्मा में) रहने के कारण अर्थात् कर्तृरूप आत्मा की जो ज्ञानरूप क्रिया, उस से होनेवाली जो 'विषयता' वही फल है उसका आश्रय 'आत्मा' है, उस कारण वही 'कर्म' है। एवंच 'आत्मा में 'कर्तृत्व' और 'कर्मत्व' दो विरोधी—धर्म प्राप्त होते हैं। किन्तु एक ही 'आत्मा', 'ज्ञानक्रिया' का कर्ता, और 'ज्ञानजन्य-फल का आश्रय' हो, यह हो नहीं सकता। कोई 'अनात्म' पदार्थ, कभी—'ज्ञानाश्रय' अथवा 'ज्ञानरूप' नहीं होता है, जिसके 'कर्म' के रूप में 'आत्मा' को कह सकें।

शंका—'अहं सुखी'—मैं सुखी हूँ—इत्याकारक ज्ञान की 'कर्मता', 'सुखविशिष्ट आत्मा' में रहती है, और उस ज्ञान की कर्तृता 'शुद्ध आत्मा' में रहती है। इस प्रकार दोनों का आकार भिन्न होने से कोई विरोध नहीं माना जाता, क्योंकि विशिष्टं शुद्धात् अतिरिच्यते'—विशिष्ट वस्तु, शुद्ध वस्तु से भिन्न होती है-यह नियम है।

समा०—यह शंका उचित नहीं है, क्योंकि इस तरह से तो 'कर्म—कर्तृविरोध' (कर्मत्व और कर्तृत्व का विरोध) का नाम ही संसार से नष्ट हो

जायगा। **'गमनादि क्रियाओं'** का भी **'शुद्ध आत्मा'** में—'कर्तृत्व' मानलेंगे, और 'गमनक्रियाविशिष्ट आत्मा' में 'कर्मत्व' मान लेंगे। **'विशिष्टं शुद्धादतिरिच्यते'** नियम के अनुसार दोनों के आकार भिन्न-भिन्न हैं ही। तब **कर्म—कर्तृ विरोध'** के लिये अवसर ही कहाँ मिलेगा ?

शंका—प्रभाकर मीमांसक का कहना है कि 'आत्मा' में **'अकर्मत्व'** (ज्ञानकर्मत्वाभाव) भले ही रहे, किन्तु उसमें **'स्वप्रकाशत्व'** नहीं रह सकता। क्योंकि तत्तत्-अर्थविषयक ज्ञान का आश्रय होने से **अस्वप्रकाश** 'आत्मा' के स्फुरण की उपपत्ति हो जाती है। अर्थात् **'आत्मा'** ज्ञान क्रिया का 'कर्म' न होने पर भी तत्तत्-घट आदि के चाक्षुषज्ञानों का आधार (आश्रय) रहने से, उन ज्ञानों के द्वारा ही उसका (आत्मा का) **प्रकाश** (स्फुरण) हो जाता है, जैसे—**'अहं घटं जानामि', 'मयि घटज्ञानम् अस्ति'** इत्यादि। **किञ्च—'क्रिया-फलभाक्त्वमात्रं कर्मत्वम्'** यह कर्मत्व का लक्षण नहीं है। **अन्यथा** 'नगरं गच्छति चैत्रः' में 'चैत्र' में भी **'कर्मत्व'** प्राप्त होगा। ज्ञानक्रिया का फल **'प्रकाश'** है, उसका **आश्रय** (भागी) **'आत्मा'** होता है, तथापि उसमें ज्ञानक्रिया की **'कर्मता'** नहीं मानी जाती। क्योंकि **'कर्म'** का लक्षण **'परसमवेतक्रियाफल-शालित्वं कर्मत्वम्** है। **'पर'** में समवेत (समवाय सम्बन्ध से वर्तमान) जो क्रिया, उससे उत्पन्न जो फल, उसका आश्रय जो होता है, उसे 'कर्म' कहते हैं। उसके अनुसार **'आत्मा'** में **परसमवेतक्रियाजन्यफलशालित्व** (फलवत्त्व) का अभाव है। उस में तो **'स्व—समवेतज्ञानजन्यफलशालित्व'** रहता है।

यदि यह कहें कि **'आत्मा'** में 'ज्ञानजन्यफलशालित्व' के रहने पर भी 'पर-समवेतक्रियाजन्यफल' का अभाव रहने से **'आत्मा'** में 'कर्मत्व' नहीं है, तो **'ज्ञान का आश्रय'** होने से उसका **'प्रत्यक्ष'** क्यों मानते हो ? इस प्रश्न का उत्तर तो यह है कि **'स्व-मानस प्रत्यक्ष ज्ञान'**, आत्मा में रहने पर भी उसमें **'अकर्मत्व'** उपपन्न हो सकता है, क्योंकि **'मानसप्रत्यक्षज्ञान में 'पर समवेतत्व'** नहीं है। इस रीति से 'अकर्मकत्व' तो 'आत्मा' की **मानस—प्रत्यक्षता** में भी समान है। **किन्तु** यह सन्देह नहीं करना चाहिये, क्योंकि उसमें 'मानसप्रत्यक्षज्ञान' की विषयता स्वीकार करने पर **'आत्मा'** में **'कर्मत्व'** का स्वीकार तो करना ही होगा, क्योंकि **'ज्ञानक्रिया'** सर्वदा **सकर्मक** हुआ करती है। अतः **'ज्ञानत्व'**, कर्म से व्याप्त होता है। तब **'कर्म'** रूप **'व्यापक** की निवृत्ति से **'ज्ञानत्व'** रूप **व्याप्य'** की भी 'मानस-ज्ञान' में से निवृत्ति हो जायगी। **'कर्म'** के बिना 'मानसज्ञान' हो नहीं सकता, और

'कर्म' के मानने पर **'कर्म-कर्तृभाव'** का विरोध उपस्थित होता है। 'ज्ञान' के आश्रय रूप से 'आत्मप्रत्यक्ष' में यह विरोध नहीं है। अतः **तुल्यता नहीं है**—यह **प्रभाकर मीमांसक** का अभिप्राय है।

समा०—किन्तु प्रभाकर मीमांसक का यह कहना उचित नहीं है। क्योंकि यह नियम है—'ज्ञान' से भिन्न किसी भी वस्तु का प्रत्यक्ष (अपरोक्ष) तभी होगा, जब उस में 'ज्ञान' का कर्मत्व रहेगा। **प्रभाकर-मीमांसक** के मातानुसार 'आत्मा' भी 'ज्ञान' से भिन्न पदार्थ (वस्तु) है। उस में यदि 'कर्मत्व' नहीं होगा, तो उसका प्रत्यक्ष कैसे हो सकेगा ? **ज्ञान** (संवित्) **के आश्रय रूप में** उसका अपरोक्षत्व मानने पर 'अनुमान' का विरोध होगा। **अनुमान** यह है—**'संवेदिता संविदाश्रयतया अपरोक्षो न भवति अपरोक्षत्वात् संवेदनवत्।'** अर्थात् ज्ञाता, ज्ञानाश्रयता के द्वारा कभी अपरोक्ष नहीं हो सकता, अपरोक्ष होने से, जैसे—'ज्ञान'। इस **अनुमान** से **प्रभाकर मीमांसक** का मत, बाधित हो जाता है।

यदि यह कहें कि 'स्वप्रकाश के साधक अनुमान' में **विपक्ष बाधक 'तर्क'** नहीं है। अतः 'तर्क' के न होने के कारण **'स्वप्रकाशत्व'** की सिद्धि नहीं हो सकती।

किन्तु यह कहना भी उचित नहीं होगा, क्योंकि यदि **'आत्मा'** का 'स्फुरणादिव्यवहार' किसी दूसरे ज्ञान के अधीन कहेंगे तो 'आत्मा', कभी 'उस ज्ञान' से रहित भी हो सकता है। तब-'आत्मा' के विषय में कभी 'संशय' भी होना चाहिये। जैसे—**'अहं वा, अनहं वा'** इत्यादि विकल्प के विषयत्वकी प्राप्ति ही विपक्ष-बाधक तर्क है।

दूसरा तर्क यह भी है कि **प्रभाकर मीमांसक 'घट'** आदि पदार्थों के ज्ञान में **'आत्मा'** का भी भान मानते हैं, क्योंकि इनके मत में **'त्रिपुटी प्रत्यक्ष'** होता है। तब तो 'घट' आदि पदार्थों के समान ही **'आत्मा'** का भी **चाक्षुप प्रत्यक्ष** होना चाहिये। क्योंकि चक्षुरिन्द्रिय से होनेवाले ज्ञान की **भासमानता** ही चाक्षुप **प्रत्यक्ष** है। **किन्तु** जिस द्रव्य में 'रूप' नहीं रहता उस **नीरूप द्रव्य** का चाक्षुप प्रत्यक्ष नहीं होता है। इस प्रकार से विरोधी **अनुमान** का भी प्रयोग (प्रतिपक्ष) हो सकता है। जैसे—**'आत्मा, चाक्षुपज्ञाने न प्रकाशते, अरुपिद्रव्यत्वात्, आकाशवत्'** इति। अतः **'आत्मा' स्वयं प्रकाश** है।

(३) अब पूर्व बताये गये **तृतीय हेतु** से भी 'आत्मा' की स्व-प्रकाशता सिद्ध

होती है। **"अत्राऽयं पुरुषः स्वयं ज्योतिः"** (बृह० उप २।३।६) अर्थात् इस स्वप्नावस्था में यह 'आत्मा', स्वयं-प्रकाश रहता है। इस श्रुति से भी **'आत्मा'** का स्व-प्रकाशत्व सिद्ध होता है।

शङ्का—उक्त श्रुति स्वप्नावस्था के प्रकरण (अधिकार) का उपक्रम करके पढ़ी गई है। वहाँ आत्मा का प्रकाशक **'मन'** सतत विद्यमान (अनुपरत = अनिवृत्त) रहता है। अर्थात् उस अवस्था में भी आत्मा का प्रकाशक 'मन' रहता ही है। इस कारण 'आत्मा' में **'स्वयंप्रकाशता'** कैसे रह सकती है? अर्थात् आत्मा में **'स्वयंज्योतिःस्वरूपता'** नहीं रह सकती।

स्वप्नावस्था में **'मन'**, गज आदि के आकार में परिणत होकर स्वाप्नज्ञान का (अवभास = तात्कालिक ज्ञान का) **'कर्म'** बनकर स्थित रहता है। उस समय उस ज्ञान का अन्य कोई **'करण'** (साधन) भी नहीं है, कोई **'अन्य-ज्ञान'** भी उस समय करण नहीं है। इसलिये उस समय 'आत्मा' ही स्वयम्प्रकाश' हो सकता है। यह कहो तो वह भी ठीक नहीं होगा।

यदि वही 'गज' आदि के रूप से परिणत होगा तो गजादि रूप से परिणत हुए 'मन' का प्रत्यक्षत्व सिद्ध नहीं हो सकेगा, क्योंकि 'मन' इन्द्रिय को भी 'चक्षु' आदि के समान अतीन्द्रिय माना जाता है। **'अतीन्द्रिय पदार्थ'** 'अनुमेय' या 'आगमगम्य' हुआ करता है। एवं च परिणत हुआ 'मन', चाक्षुप प्रत्यक्ष का विषय नहीं बनता। अतः **'मन'** का 'आत्मा' के साथ 'संयोग सम्बन्ध' होकर जो ज्ञान उत्पन्न (जन्य) होता है, उस जन्यज्ञान का आधार **'आत्मा'** होता है। उस आधारता के कारण ही स्वयं शब्द का वाच्य 'आत्मा', 'ज्योति' शब्द से कहा जाता है।

अथवा—**'ज्योति का साधन'** होने से भी उसे 'ज्योति' शब्द से कह सकते हैं। क्योंकि उसी प्रकरण में **'वाचैवायं ज्योतिषास्ते अग्निनैवायं ज्योतिषास्ते'** (बृह. उप. ४।३।५) वाक् रूप ज्योति के द्वारा, अग्निरूप ज्योति के द्वारा—इन श्रुतियों में ज्योति के साधनभूत 'वाक्' आदि को 'ज्योति' कहा गया है। 'आत्मा' को 'स्वयंज्योति' नहीं कहा गया है। अतः 'आत्मा' स्वय ज्योतिःस्वरूप नहीं है। क्योंकि गुणाश्रय **'द्रव्यरूप आत्मा'**, को गुण (ज्योति = ज्ञान) रूप नहीं कह सकते।

समा०—यह **शङ्का** उचित प्रतीत नहीं हो रही है। उक्त शंका का समाधान सिद्धान्ती यह दे रहा है—

"सम्बन्धस्याश्रयत्वेन विज्ञानाऽसमवायिनः।
इन्द्रियत्वाऽविघाताच्च मनः प्रत्यक्षमात्मवत्॥"

पूर्वपक्षी ने जो कहा कि **'ज्ञान'** गुणरूप है और **'आत्मा'** द्रव्यरूप है। उसका खण्डन **सिद्धान्ती,** अनुमान प्रमाण के सहारे कर रहा है—**ग्रन्थकार** ने उपर्युक्त श्लोक के द्वारा **'अनुमान'** को ही प्रदर्शित किया है। जैसे—**'मनः प्रत्यक्षं, विज्ञानाऽसमवायिनो विज्ञानं प्रति असमवायिकारणस्य सम्बन्धस्य आश्रयत्वात्, आत्मवत्"** अर्थात् 'विज्ञान' के **असमवायिकारणसम्बन्ध** का आश्रय होने से **'आत्मा'** के समान। इस **अनुमान** से स्पष्ट है कि 'ज्ञानरूप-आत्मा' के **'असमवायिकारणसम्बन्ध'** का आश्रय होने से उस 'सम्बन्धरूप विज्ञान' के असमवायी कारण **'मन'** का **प्रत्यक्ष** होता है, और **इन्द्रियत्व** भी उपपन्न होता है। एवं च उसमें 'इन्द्रियत्व' का विघात न हो पाने से 'ज्ञान' के **असमवायि** कारण **'आत्मा'** के समान **नैयायिकों** की दृष्टि से **'मन'** का **प्रत्यक्ष** होता है। इस **अनुमान** से **'मन'** में प्रत्यक्षत्व की उपपत्ति हो जाती है। **'मन'** के प्रत्यक्ष होने से उसके **'इन्द्रियत्व'** का 'बाध' (व्याकोप) होगा, यह भी नहीं कह सकते। क्योंकि **'साक्षीचैतन्य'** से वेद्य (प्रत्यक्ष) होने पर भी वह (मन) इन्द्रियजन्य-ज्ञान का विषय न होने के कारण उसे **'अतीन्द्रिय'** कहा जाता है। **अतः** हमारे द्वारा किया गया **'स्व-प्रकाशत्वानुमान',** समस्त कलङ्कों (दोषों) से रहित है। **एवञ्च** समस्त दोष-कलङ्कावकाश (प्रवेश) रहित **'आत्मा'** में स्वप्रकाशत्व सिद्ध होता है। और वही 'आत्मस्वरूप' **'प्रकाश'** (ज्ञान), 'अविद्याकल्पित प्रपञ्च' का अवभासक होता है, तथा 'अविद्यारूप' **'तम'** (अन्धकार) का निवर्तक भी होता है। इसलिये उस **'आत्मा'** को 'ज्योति' शब्द से कहा जाता है। जैसे—'रात्रि' के **भावरूप** 'अन्धकार' के निवर्तक और 'जगत्' के अवभासक (प्रकाशक) **सूर्य** आदि को **'ज्योति'** शब्द से कहा जाता है।

शङ्का—सूर्य, **'भावरूप** 'तम' का निवर्तन करने से' इतना सुनते ही न्याय-वैशेषिकमतवादी बड़ी असहिष्णुता से शंका करने के लिये उपस्थित होते हैं।

पूर्वपक्ष—न्याय-वैशेषिक विद्वानों का कथन है कि 'तम' (अन्धकार) को **'भावपदार्थ'** नहीं कह सकते। क्योंकि जो **भावपदार्थ,** परिगणित किये गये हैं, उनमें उसकी गिनती नहीं की गई है। **द्रव्यादि छह** ही भाव पदार्थ बताये गये हैं। उन छह भाव पदार्थों में से यदि 'द्रव्य' पदार्थ में उसका अन्तर्भाव कहें तो क्या 'पृथिवी' आदि **नौ द्रव्यों में से** कोई अन्यतम, यह (**'तम'** नाम का 'भाव

पदार्थ') माना जाय ? **अथवा** उन नौ द्रव्यों से **भिन्न** उसको माना जाय ? इन दो विकल्पों में से **प्रथम विकल्प** का स्वीकार तो कर नहीं सकते, क्योंकि **चतुर्दश-गुण वाले** 'पृथिवी'. 'जल', और 'आत्मा' में, तथा **ग्यारह गुणों वाले** 'तेज' में, **नौ गुणवाले** वायु में, **आठ गुणोंवाले** 'मन' में **छह गुणोंवाले** 'आकाश' में और **पाँच-पाँच गुणोंवाले** अविनाशी दिशा, और 'काल' में 'तम' का अन्तर्भाव नहीं कर सकते। क्योंकि **उनमें** अन्तर्भाव करने पर उनके उतने ही गुण, **'तम'** में भी प्राप्त होंगे, ओर **'आत्मा, काल, दिशा'** इन नित्य द्रव्यों' के अन्तर्गत मानने पर 'तम' को भी **नित्य** कहना होगा।

अब **द्वितीय पक्ष** अर्थात् यदि परिगणित 'नौ द्रव्यों' से भिन्न द्रव्य, उसे (तम को) कहा जाय, तो वह भी नहीं बन सकता। क्योंकि **निर्गुण-पदार्थ** में 'द्रव्यत्व' ही नहीं होता। 'द्रव्य' का लक्षण तो **'गुणवत्त्वं द्रव्यत्वम्'** है। अतः **'तम'** को द्रव्यान्तर नहीं कह सकते।

शङ्का—नीलकमल के दल के समान **श्याम** और **महत्त्वगुणवाला** (महान्) अन्धकार (तम) प्रतीत होता है। तब उसे (तम को) **निर्गुण** कैसे कह सकते हैं ?

समा०—यह **शङ्का** ठीक **नहीं है**। क्योंकि **गन्धादि गुण** के साथ **एक पृथ्वीरूप अर्थ** (वस्तु) में **'समवाय'** सम्बन्ध से रहनेवाला (समवायी) **'नील-रूप'**, उस **'गन्ध'** आदि गुण से व्याप्त रहता है। उस कारण 'गन्धादि गुण' का सहवर्ती **'नीलरूप'** (श्यामरूप) 'गन्धादिगुण' का **'व्याप्य'** है। इसलिये **व्यापक** 'गन्धादि' के अभाव में (गन्धादि के न रहने से) **'तम'** में 'श्याम' (नील) रूप भी नहीं रहेगा। अतः **'गन्ध'** के अभाव में **'नीलरूप'** का अस्तित्व 'तम' में होना कभी संभव नहीं है ;

किञ्च परिगणित **नौ** द्रव्यों से 'तम' को भिन्न द्रव्य यदि मानते हैं तो यह प्रश्न उपस्थित होता है कि 'तम' को **'निरवयव'** मानोगे या **'सावयव'** मानोगे ? **प्रथमपक्ष** यानी उसे (तम को) **'निरवयव'** तो कह नहीं सकते, क्योंकि **'निर-वयव'** पक्ष में **'आकाश'** आदि के समान उसे (तम को) **'नित्य'** कहना होगा। तब उसे **'आलोक'** (प्रकाश) से उसकी कभी निवृत्ति ही नहीं हो सकेगी।

यदि उसे **'सावयव'** (कार्य) कहते हैं, तो उन अवयवों के आरंभक (कारण) **'परमाणुओं'** को **'सस्पर्श'** (स्पर्शयुक्त) मानेंगे या **'निःस्पर्श'** (स्पर्शरहित) मानेंगे ?

सस्पर्श मानने पर 'तम' में भी 'स्पर्श' की उपलब्धि माननी होगी। और 'तम' के आरम्भक कारणों को 'निःस्पर्श' (स्पर्शरहित) मानने पर उनकी अस्पर्शवत्ता के कारण 'मन' के समान 'द्रव्य' का आरम्भक उन्हें नहीं कहा जा सकेगा। अतः 'द्रव्य' के अन्तर्गत 'तम' को नहीं कह सकते।

उसीतरह 'तम' को 'गुणों' के अन्तर्गत भी नहीं मान सकते। क्योंकि 'तम' को यदि 'गुण' के अन्तर्गत कहें तो क्या 'रूप' में उसका अन्तर्भाव होगा? या अन्य गुणों में अन्तर्भाव होगा? यदि 'रूप' गुण में उसका अन्तर्भाव करते हैं तो 'रूपगुण' तो 'पृथिवी, जल, और तेज' इन तीनों में ही 'रूप' रहता है। इन तीनों में से किसी के 'रूप' में इसका अन्तर्भाव करने पर उक्त तीनों के 'सहचारी' गन्धादि गुणों की भी 'तम' में उपलब्धि कहनी होगी। किन्तु 'तम' में 'गन्धादि गुणों' की उपलब्धि होती नहीं है। 'तम' को 'आकाश तथा वायु' का भी 'गुण' नहीं कह सकते। क्योंकि 'आकाश' और 'वायु' दोनों ही 'नीरूप' हैं। 'तम' को 'दिशा, काल, और मन' का भी 'गुण' नहीं कह सकते। क्योंकि 'दिशा', काल और मन इन तीनों में कोई 'विशेषगुण' नहीं रहता। प्रशस्तपाद ने 'रूपादि विशेष गुणों का परिगणन किया है —"रूप-रस-गन्ध-स्पर्श-स्नेह-सांसिद्धिक-द्रवत्व-बुद्धि-सुख-दुःख-इच्छा-प्रयत्न-धर्माऽधर्म-भावना-शब्दा वैशेषिक-गुणाः" इन 'विशेष गुणों में से कोई भी 'दिशा, काल, मन' में नहीं रहता। 'तम' को 'आत्मा' का भी 'गुण' नहीं कह सकते। क्योंकि 'आत्मा' के गुणों का बाह्य इन्द्रिय से प्रत्यक्ष नहीं हुआ करता। किन्तु 'अन्धकार' (तम) के 'रूप' का चाक्षुषप्रत्यक्ष होता है। अतः उसे 'आत्मा' का गुण नहीं कह सकते। 'तम' (अन्धकार) को 'कर्म' पदार्थ के अन्तर्गत भी नहीं कह सकते। क्योंकि वह 'संयोग-विभाग' का कारण नहीं है। वैशेपिकों ने 'संयोग-विभाग' के 'असमवायिकारण' को ही 'कर्म' माना है। 'तम' (अन्धकार) से कोई भी 'संयोग' अथवा 'विभाग' उत्पन्न नहीं होता। अतः उसे 'कर्म' के अन्तर्गत कभी नहीं माना जा सकता।

उसीतरह 'तम' (अन्धकार) को, 'सामान्य' (जाति), 'विशेष', और 'समवाय' के अन्तर्गत भी नहीं कह सकते। क्योंकि यह एक नियम है कि 'व्यक्ति' की 'उपलब्धि' (ज्ञान) के बिना 'जाति' की, 'आश्रय' की उपलब्धि (ज्ञान) के बिना 'विशेष' की, और 'सम्बन्धी' की उपलब्धि के बिना 'समवाय' की उपलब्धि नहीं हुआ करती। यदि 'तम' उक्त तीनों में से किसी के अन्तर्गत

होता तो 'उसकी' भी उपलब्धि **'व्यक्ति'** आदि के बिना न हो पाती। किन्तु **'तम'** की प्रतीति **'व्यक्ति'** आदि की प्रतीति के बिना ही होती है। एवं च **'तम'** का कोई **आधार** प्रतीत नहीं होता है। इसलिये उसका अन्तर्भाव **'सामान्यादि'** में नहीं हो सकता।

किञ्च-'तम' को **भावस्वरूप** अतिरिक्त पदार्थ यदि कहें, तो उसका उपलम्भक (प्रत्यायक-ज्ञापक) ही कोई नहीं है। **'नेत्रों'** को यदि उसका उपलम्भक (ज्ञापक) कहें तो 'नेत्रों' को बन्द कर लेने पर उसकी (तमकी) प्रतीति नहीं होनी चाहिये, किन्तु होती है। नेत्र बन्द किये हुए व्यक्ति को यह अभिमान (अनुभव) होता है कि मैं **'तम'** को देख रहा हूँ।

किञ्च—'तम' को **'रूप'** या **'रूपवान्'** यदि कहते हैं कि 'आलोक' (प्रकाश) की सहायता से रहित (निरपेक्ष) **नेत्रेन्द्रिय** से 'उसका' प्रत्यक्ष नहीं हो सकेगा। क्योंकि **'रूप'** या **'रूपवान्'** का प्रत्यक्ष 'आलोकसहकृत चक्षु' से ही हुआ करता है।

उसी तरह **'मन'** से भी उसका (तम का) प्रत्यक्ष नहीं हो सकता, क्योंकि 'मन', **अन्तरिन्द्रिय** है। उसे बाह्य पदार्थों के प्रत्यक्ष करने में **बाह्येन्द्रियों** की सहायता लेनी पड़ती है। बिना उनकी सहायता के वह (मन) **बाह्यपदार्थ** का प्रत्यक्ष करने में समर्थ नहीं है।

तात्पर्य यह है कि **'द्रव्य, गुण, कर्म, सामान्य, विशेष, और समवाय'**—इन **छह भाव** पदार्थों में 'तम' का अन्तर्भाव कथमपि नहीं हो पारहा है। और यदि दुराग्रहवश कथंचित् किसी में अन्तर्भाव मान भी लें, तो उसका कोई प्रत्यायक (ज्ञापक) नहीं मिलता। **'प्रभा** (आलोक) का **अभाव'** स्वरूप ही **'तम'** है, यह सिद्ध हो रहा है।

सिद्धान्त—पूर्वपक्षी के द्वारा उपर्युक्तरीति से पूर्वपक्ष के उपस्थित करने पर सिद्धान्ती उसका खण्डन करता है—

"तमालश्यामलज्ञाने निर्बाधे जाग्रति स्फुटे।
द्रव्यान्तरन्तमः कस्मादकस्मादपलप्यते ॥

सिद्धान्ती का कहना है कि 'तम' को 'तेजोऽभाव' रूप बताना ठीक नहीं है। वस्तुतः वह तो **'भावरूप'** है। 'तमालवृक्ष के पत्र के समान वह (तम) **श्यामल** (काला-नीला) वर्ण का है'—इस प्रकार निर्बाध (अकाट्य) प्रत्यक्ष रहता है। फिर भी उसको (तम को) द्रव्यान्तर (दशमद्रव्य) कहने में क्यों झिझक लग रही है ?

यानी सत्य का अपलाप क्यों कर रहे हैं ? क्योंकि **'तमालमालाश्यामलं तमः'**—तमाल की पङ्क्ति के तुल्य यह काला (नील) तम है—यह प्रतीति सभी को होती है। अतः इस प्रकार होनेवाली 'प्रतीति के विषय' को **'अभाव'** रूप कहना कैसे उचित होगा ? एवंच **'तम'** को 'भावपदार्थ' ही कहना चाहिये।

शङ्का—'अप्रतीति' में ही **'प्रतीति का भ्रम** होता है, 'यह क्यों न कहा जाय ? अर्थात् वास्तविक (यथार्थ) प्रतीति के अभाव में ही यह प्रतीति का भ्रम हो रहा है।

समा०—'प्रतीति' होती है, इसीलिये उसका (तम का) व्यवहार में प्रयोग किया जाता है। 'प्रतीति' यदि न होती तो उसका व्यवहार ही कभी न होता।

शङ्का—वस्त्र (पट) में शुक्लता के न रहने पर उसे 'काला' (मैला) कह दिया करते हैं, वैसे ही 'आलोक' (प्रभा) के न रहने पर (अभाव में) 'तम' को 'काला' कहा जाता है, किन्तु इस प्रकार कहने का व्यवहार 'औपचारिक' (गौण) ही है। अर्थात्—विवेक न रहने से (अविवेक के कारण) इस प्रकार का मिथ्या व्यवहार लोग किया करते हैं।

समा०—यह शंका ठीक नहीं है। क्योंकि किसी भी शब्द का 'गौण' (औपचारिक) व्यवहार, तभी किया जाता है, 'जब 'मुख्य अर्थ' में उस शब्द की प्रवृत्ति का कोई बाधक हो'। प्रस्तुत प्रसंग में 'मुख्यार्थता' में कोई बाधक नहीं है, तब 'श्यामल' को औपचारिक (गौण) क्यों कहा जायगा ? **अभिप्राय** यह है कि **'नीलं तमः'**—यह लोक-व्यवहार, सर्वत्र प्रसिद्ध है। और प्राणिमात्र का व्यवहार सर्वदा 'ज्ञानपूर्वक' ही हुआ करता है। इस कारण 'व्यावहारिक हेतुज्ञान', जब तक बाधित नहीं होगा, तब तक 'व्यवहार' को औपचारिक (गौण) नहीं कह सकते।

शङ्का—'तम' को 'रूपात्मक' या 'रूपवान्' मानने पर उसमें **'आलोक-निरपेक्ष चक्षुर्जन्यज्ञान'** की 'विषयता' का संभव न हो पाना ही 'बाधक' है इस प्रकार **'नील-तम'** का ज्ञान, बाधित (मिथ्या) है।

समा०—यह कहना उचित नहीं है। क्योंकि आलोकविरोधी 'तम', आलोका-ऽभाव' से ही अभिव्यक्त होता है। इसलिये 'आलोकनिरपेक्षचक्षुर्विषयता' की सिद्धि 'तम' में उपपन्न हो जाती है।

शङ्का—सर्वत्र ज्ञानोत्पत्ति में 'चक्षुरिन्द्रिय' को आलोक (प्रकाश) की अपेक्षा

रहती है, तभी वह, ज्ञान को उत्पन्न कर पाता है। तब 'तम' का प्रत्यक्ष करने में आलोकनिरपेक्ष होकर वह (नेत्रेन्द्रिय) कैसे समर्थ हो पायेगा ?

समा०—यह शंका ठीक नहीं है। क्योंकि 'सामर्थ्य' तो 'कार्य' (फल) से गम्य (बोध्य) होता है। अन्यथा 'आलोकाऽभावरूप' माना हुआ जो 'तम' (अन्धकार) है, उसका भी प्रत्यक्ष, 'आलोकनिरपेक्ष चक्षु' से नहीं हो सकेगा, क्योंकि 'तम' को 'आलोकाऽभावरूप' कहने पर उस 'अभाव' (तम) को 'रूपवत्प्रतियोगिक' कहना होगा, क्योंकि 'आलोक' रूपवान् है। तब जैसे— 'रूपवत्-घटादिप्रतियोगिक अभाव' का प्रत्यक्ष, 'आलोकनिरपेक्षचक्षु' से नहीं होता, अर्थात् आलोकनिरपेक्षचक्षुर्जन्यज्ञान का विषय नहीं होता है, उसी तरह आलोकाभावरूप 'तम' भी 'आलोक का विरोधी होने के कारण उसके (अभावरूप तम के) प्रत्यक्ष में 'चक्षुरिन्द्रिय' को 'आलोक' की अपेक्षा रहती है।

यही समाधान 'भावरूप अन्धकार' के प्रत्यक्ष में भी कहा जा सकता है। अर्थात् प्रकाश-विरोधी 'तम' के प्रत्यक्ष में चक्षुरिन्द्रिय को प्रकाश की आवश्यकता नहीं हुआ करती।

प्रकाशविरोधी 'तम' के प्रत्यक्ष में भी 'आलोकसापेक्ष चक्षुरिन्द्रिय' से ही प्रत्यक्ष होने का यदि दुराग्रह हो तो उसको दूर करने का कोई उपाय नहीं है।

शङ्का—यदि यह कहो कि नेत्र बन्द किये हुए व्यक्ति को नेत्र का व्यापार न होने पर भी उसे 'तम' का प्रत्यक्ष होता है। ऐसी स्थिति में 'तम' को चाक्षुष-प्रत्यक्ष का विषय कैसे कह सकते हैं ?

समा०—उक्त आशंका करना उचित नहीं है। क्योंकि नेत्र बन्द रखने पर भी नेत्र की पलकों (पटलों) के अन्तरवर्ती 'तम' का 'नेत्र' के व्यापार से ही ज्ञान (उपलब्धि) हो जाता है। अर्थात् 'प्रत्यक्ष' होता है। जैसे दोनों श्रोत्र (कान) बन्द कर लेने पर भी श्रोत्रेन्द्रिय के 'व्यापार' से ही 'भीतर के शब्द' का ज्ञान होता रहता है। इसी प्रकार से 'तम' का भी प्रत्यक्ष, नेत्र बन्द किये हुए व्यक्ति को उसके नेत्रव्यापार के चलते रहने के कारण उसे होता है। अतः 'तम' के प्रत्यक्ष का कारण आलोकनिरपेक्ष 'नेत्र' को ही समझना चाहिये।

शङ्का—यह जो कहा था कि 'पृथ्वी' में 'नीलरूप' का व्यापक जो 'गन्ध' है, उसके अभाव में, उसका व्याप्य 'नीलरूप' भी 'तम' में कैसे रह पायगा ?

समा०—यह कहना भी ठीक नहीं है। क्योंकि 'पृथिवी' में जो 'अनुष्णाशीत-

स्पर्श' है, वह 'पृथिवी' में रहने वाले 'गन्ध' का 'व्याप्य' है, और 'गन्ध' व्यापक है, किन्तु 'वायु' में 'गन्ध' (व्यापक) के न रहने पर भी प्रतीति के बलपर उसे (अनुष्णाशीत स्पर्श को) स्वीकार किया जाता है। उसी तरह 'तम' में 'गन्ध' के न रहने पर भी 'प्रतीति' के बल पर 'नीलरूप' को स्वीकार किया जा सकता है।

शङ्का—'पाकज' (तेजोजन्य भूमिवृत्ति) 'अनुष्णाशीत स्पर्श' ही 'गन्ध' का 'व्याप्य' है, अनुष्णाशीतस्पर्शसामान्य' व्याप्य नहीं है। इसलिये 'वायु' में 'गन्ध' के न रहने पर 'पाकज-अनुष्णाशीतस्पर्श' की ही निवृत्ति होगी। अर्थात् 'वायु' में 'व्यापक गन्ध' की निवृत्ति से 'व्याप्य पाकज-अनुष्णाशीतस्पर्श' की ही निवृत्ति होती है किन्तु 'अपाकज अनुष्णाशीतस्पर्श' तो 'वायु' में रहेगा ही। इसीलिये 'वायु' में 'पाकजस्पर्श' की निवृत्ति, व्यापक 'गन्ध' की निवृत्ति होने से होती है। उसी प्रकार यहाँ भी कह सकते हैं कि 'गन्ध' का व्याप्य 'पाकज नीलरूप' ही है। तम (अन्धकार) में 'गन्ध' की निवृत्ति से 'पाकज नीलरूप' की ही निवृत्ति होगी, किन्तु 'अपाकज नीलरूप' तो कायम रहेगा ही।

यदि यह कहें कि 'वायु' में 'अपाकज स्पर्श' के ग्राहक प्रमाण के सामान 'अपाकज नीलरूप' का ग्राहक प्रमाण यदि कोई रहे, तो आपका कहना उपपन्न हो सकता है, अन्यथा नहीं।

उस पर यह कहना है कि 'सद्भाव' के ग्राहक 'प्रत्यक्ष' प्रमाण उभयत्र तुल्य है। 'वायु' में जिस प्रकार 'त्वक्' से 'अनुष्णाशीत अपाकज स्पर्श' का ज्ञान होता है, उसी प्रकार 'तम' में भी 'चक्षुरिन्द्रिय' से 'अपाकज नीलरूप' का ज्ञान होता है। उस पर भी यदि 'अपाकज नीलरूप' को 'तम' में न माना जाय, तो 'वायु में भी 'अनुष्णाशीतस्पर्श' नहीं माना जायगा। दोनों में यही समानता है। अर्थात् 'अपाकज नीलरूप' के अस्तित्व का ग्राहक 'प्रत्यक्ष' प्रमाण यदि हो, तो उसके बलपर 'तम' में उसे माना जा सकेगा, किन्तु उसके अस्तित्व का ग्राहक 'प्रत्यक्ष प्रमाण' है ही नहीं, तो यहाँ भी कह सकते हैं कि 'अपाकज अनुष्णाशीत स्पर्श' का ग्राहक प्रत्यक्ष और 'अपाकज नीलरूप' का ग्राहक प्रत्यक्ष—इन दोनों की कथा, तुल्य ही है।

शंका—'तम' में 'स्पर्श' का अभाव रहने से उसमें (तम में) 'रूप' के **सामान्याभाव** का अनुमान करेंगे—**'तमः रूपरहितं स्पर्शरहितत्वात् आकाशवत्'**। तब तम में 'नीलरूप' कैसे रहेगा ?

समा०—उक्त 'अनुमान', **कालात्ययापदिष्ट** (बाधित) है। क्योंकि 'रूप-रहितत्व' (रूपाभाव) यह 'साध्य' है, उसका, 'रूपग्राहक प्रत्यक्षप्रमाण' से बाध हो जाता है। इसलिये 'तम' में 'रूपाभाव' का अनुमान नहीं किया जा सकता।

अन्यथा अर्थात् यदि 'तम' में 'स्पर्शरहितत्व' हेतु से (स्पर्शाभाव से) 'रूपाभाव' का अनुमान करेंगे, तो 'वायु' में भी 'रूपाभाव' हेतु से 'स्पर्शाभाव' का अनुमान कर सकते हैं। तथाहि—**'वायुःस्पर्शरहितः रूपरहितत्वात् , आकाशवत्'**—यह अनुमान का आकार होगा।

शङ्का—इस पर कोई यह कह सकता है कि **'व्यापकाभाव'** से **'व्याप्याभाव'** का अनुमान हुआ करता है। अतः रूपरहितत्व' (रूपाभाव) **हेतु** से स्पर्शरहितत्व' (स्पर्शाभाव) **साध्य** का अनुमान तभी कर सकेंगे, जब 'रूप' **व्यापक** और 'स्पर्श **व्याप्य** रहे। किन्तु **'रूपाभाव'** अपने **अधिकरण** 'वायु' में रहता है। इसलिये **'स्पर्श'** कभी भी **'रूप'** का व्याप्य नहीं बन सकता। ऐसी स्थिति में **'रूपाभाव'** हेतु से 'वायु' में **'स्पर्शाभाव'** साध्य का अनुमान कैसे हो सकेगा?

समा०—'रूपाभाव' का **'पक्ष'**—'वायु' है। **'पक्ष'** उसी को कहते हैं, जिसमें **'साध्य' का सन्देह** हो। यही कारण है कि **'व्याप्ति'** का प्रदर्शन, सर्वदा **'पक्ष'** से अन्यत्र ही किया जाता है। **'वायु'** से अन्यत्र तो **'स्पर्श'** का कहीं व्यभिचार नहीं है। जैसे—'वायु' से अन्यत्र 'रूपवान् पृथिवी, जल, तेज' में 'स्पर्श' नियमितरूप से रहता है। इसलिये 'स्पर्श' व्याप्य है और 'रूप' व्यापक है। अतः **'वायुः स्पर्शरहितः रूपरहितत्वात् आकाशवत्'** यह अनुमान किया जा सकता है। अर्थात् 'रूपाभाव' से 'वायु' में 'स्पर्शाभाव' का अनुमान हो सकता है। क्योंकि 'स्पर्श' की प्रतीति जो होती है, वह तो आभासरूप है, वास्तविक नहीं है। इसलिये उक्त अनुमान का प्रयोग करने में कोई रुकावट नहीं है।

कन्दलीकार का जो कहना है कि **'यत् स्पर्शरहितं न तद् द्रव्यारम्भकं यथा मनः'**—यह व्याप्ति है। इसलिये स्पर्श रहित होने से अंगीकृत परमाणुओं को द्रव्यारम्भक नहीं मान सकते। अर्थात् 'तम' के 'परमाणु', 'तम' रूप कार्य के आरंभक नहीं हो सकते हैं। तथाहि—**'तमःपरमाणवः द्रव्यानारम्भकाः स्पर्शाभावात् मनोवत्'**—यह अनुमान होगा। किन्तु उक्त 'अनुमान' भी **सोपाधिक** होने से ठीक नहीं है। क्योंकि उक्त अनुमान में तदारब्ध द्रव्य **'वैयर्थ्य'** उपाधि है। अतः **'अस्पर्शवत्त्व'** और **'अनारम्भकत्व'** दोनों की व्याप्ति नहीं बन पा रही है।

अर्थात् **'मन'** में 'द्रव्याऽनारम्भकता' है, और 'व्यर्थता' भी है। 'मन' से जो आरब्ध है, उसका कोई 'फल' नहीं हो सकता। इसलिये **'व्यर्थता'** का 'साध्य' का **व्यापक** कह सकते हैं और 'स्पर्शाभावरूप हेतु, का वह **अव्यापक** भी है। क्योंकि 'वायवीय परमाणु' में **स्पर्शाभाव है,** परन्तु **'व्यर्थता'** नहीं है। अतः **'व्यर्थता'** में साध्यव्यापकता और साधनाव्यापकता रहने से 'व्यर्थता' (वैयर्थ्य) को 'उपाधि' कह रहे हैं। **'मन'** से जो आरब्ध है, उसका 'फल' इसलिये नहीं है कि 'मन' से आरब्ध 'द्रव्य' या तो **'शरीर'** होगा, या **'विषय'** या **'इन्द्रिय'** होगा। इनमें से किसी में भी **'भोगसाधनता'** (सार्थकता) नहीं हो सकती, क्योंकि **'पार्थिव', 'जलीय', 'तैजस'** और **'वायवीय'**—इन चतुर्विध शरीरों को ही प्रामाणिक (प्रमाणसिद्ध) माना गया है। इन 'चतुर्विध शरीरों' के अतिरिक्त कोई भी 'शरीर', इन्द्रियों का आश्रय हो नही सकता। तब वह 'भोग' का साधन कैसे बनेगा ? **दूसरी बात** यह है कि **'मन'** स्वयं अन्तरिन्द्रिय है, उससे—'आरब्ध द्रव्य', **इन्द्रियाश्रय** भी नहीं होगा। इसलिये वह **'शरीररूप'** से 'भोग' का साधन नहीं होगा। उसी तरह **'विषयरूप' से** भी भोग का साधन नहीं बन सकेगा, क्योंकि 'रूप-स्पर्श' से रहित 'मन' के द्वारा 'आरब्ध द्रव्य', रूपादिरहित होने के कारण 'इन्द्रियों' का विषय नहीं हो सकता। और 'शरीर' तथा 'इन्द्रिय' से भिन्न जो अवयवी (कार्य द्रव्य) होता है, उसे ही 'विषय' कहा जाता है। उसी तरह 'मनोजन्य द्रव्य', **इन्द्रियरूप से** भी भोग-साधन नहीं हो सकता। क्योंकि 'मन' स्वयं ही 'इन्द्रिय' होने से उससे (मन से) जन्य में 'इन्द्रियान्तरत्व' मानना व्यर्थ है। **तार्किक विद्वान्** 'शरीर, इन्द्रिय, विषय' से भिन्न (अनन्तर्गत) किसी अन्य द्रव्य को भोगसाधन मानते नहीं हैं।

जिनका स्पर्श हो नहीं सकता उन स्पर्शरहित **'आत्मा'** आदि द्रव्यों से भी **शरीर, इन्द्रिय, विषय** का आरम्भ नहीं होता है। अतः द्रव्यान्तरारम्भ की **'व्यर्थता'** रूप उपाधि 'मन' के ही समान है। परन्तु प्रस्तुत प्रसंग में 'स्पर्शरहित परमाणुओं से आरब्ध रूपवाले 'तम' में **भोगसाधनता** का होना सम्भव है। अतः **'तम'** में 'आरम्भ' की **'व्यर्थता'** रूप उपाधि है। इसलिये **'उपाधि'** में 'साधना-व्यापकता' है। निष्कर्ष यह है कि जो **स्पर्शरहित** है, वह, 'द्रव्यान्तर का आरंम्भक' नहीं हो सकता'—यह **'व्याप्ति'** है। इस व्याप्ति में **'तदारब्धद्रव्य-व्यर्थकत्व'** रूप उपाधि को बताया गया था। क्योंकि मन और आत्मा में **'द्रव्यानारम्भकत्व'** साध्य भी है और **'तदारब्धकार्यव्यर्थकत्व'** उपाधि भी है। अतः साध्यव्यापकता

घट जाती है। 'तम' के परमाणुओं में 'स्पर्शरहितत्व' हेतु तो है। **'तदा-रब्धद्रव्यव्यर्थत्व'** रूप उपाधि वहां नहीं बन पा रहा है। यह समाधान तो हमने **परमत** के मन्तव्य के अनुसार कर दिया है। क्योंकि हमारे प्रतिद्वन्द्वी लोग **'तम'** की उत्पत्ति 'उसके परमाणुओं' से मानते हैं। **'तम'** के परमाणुओं में 'स्पर्शरहितत्व' **हेतु** तो है, किन्तु 'तदारब्धद्रव्यव्यर्थत्व' **उपाधि** नहीं है। अतः **'वैयर्थ्य'** उपाधि बताना निरर्थक ही है।

वास्तविकस्थिति तो यह है कि हमारी **वेदान्तप्रक्रिया** के अनुसार **'तम'** नामका द्रव्य, अपने 'परमाणु' रूप अवयवों से आरब्ध (उत्पन्न) नहीं होता है। क्योंकि उसकी (तम की) उत्पत्ति (जन्म) तो अपने मूलकारण 'मायाविशिष्ट ब्रह्म' से वैसे ही होती है, जैसे 'मेघमण्डल' से **महाविद्युत्** की उत्पत्ति होती है। **विवरणकार** कहते हैं कि **'आलोकविनाशितस्य च तमसः पुनर्मूलकारणादेव झटिति महाविद्युदादिजन्मवज्जन्म सिद्ध्यति'**। अतः स्पर्शरहित परमाणुओं से 'तम' की उत्पत्ति न होना हमारे मत से सिद्ध ही है, उसी को पुनः सिद्ध करने के लिये आप तैयार हो रहे हैं। अतः आपके उक्त अनुमान में हमारे मत से **'सिद्ध-साधनता'** हो रही है।

तथा **वेदान्त-सिद्धान्त** के अनुसार 'मन' को **अनारंभक** भी नहीं मानते हैं। क्योंकि 'मन' तो **सावयवद्रव्य** है, अतः उसको **परिणामी** (द्रव्यारम्भक) माना जाता है। तथा स्पर्शरहित 'आत्मा' को **सम्पूर्ण सृष्टि** का 'उपादानकारण' माना जाता है। इसलिये उक्त **अनुमान** में **'दृष्टान्तासिद्धि'** भी है। ये सब दोष उपस्थित होते हैं, उस कारण **'स्पर्शरहितत्व'** हेतु से 'तम' के अवयवों में **'तदना-रम्भकत्व'** सिद्ध नहीं हो पा रहा है। इसलिये 'तम' को **'सावयव द्रव्य'** कहा जा सकता है।

एवञ्च 'तम' **'रूपवान्'** होने से उसे **'द्रव्य'** ही कहना चाहिये। उसे **'तेज'** का **अभाव** कहना उचित नहीं है।

जिस प्रकार **'श्यामरूप'** हेतु के बल पर 'तम' में **'द्रव्यत्व'** सिद्ध किया गया हैं, उसी तरह **'चलनक्रिया'** अर्थात् **'चलत्व'** हेतु से भी उसे **आलोक** (प्रकाश) के समान **द्रव्यान्तर** सिद्ध किया जा सकता है। अतःवह (तम), **प्रकाशभावरूप** नहीं है।

शङ्का—'तम' में जो 'चलनक्रिया' बताई जा रही है, वह उसकी अपनी **स्वा-भाविक** नहीं है, किन्तु **'दीप'** आदि के हिलने से उसमें वह प्रतीत होती है। अर्थात्

'तम' में प्रतीयमान क्रिया, 'अन्य' की क्रिया का अनुसरण किया करती है। जैसे—'घट' की क्रिया का अनुसरण 'घट' का रूप किया करता है। अतः जैसे गुणात्मक रूप में 'क्रिया की प्रतीति' मिथ्या होती है, वैसे ही 'तम' में 'चलन-क्रिया' की प्रतीति भी मिथ्या ही कहनी चाहिये।

किन्तु यह उपर्युक्त कथन उचित नहीं है। यदि यह भी कहा जाय कि 'तम', 'दूसरे की क्रिया' का अनुकरणमात्र करता है। अर्थात् 'तम' में जो 'चलन-क्रिया' की प्रतीति होती है, वह उसकी अपनी निजी नहीं है, अपितु 'दीपक' के हिलने-डुलने से उसमें (तम में) वैसी ही क्रिया की प्रतीति होती है। तब भी उसे (तम को) प्रकाशाभावरूप नहीं कह सकते। क्योंकि किसी 'अन्य द्रव्य' के अनुकरण (अनुविधान) करनेवाले 'द्रव्यान्तर' में भी उसकी अपनी स्वाभाविक चलनादि क्रिया हुआ करती है। जैसे 'आकरज' (खनिज) तेजोरूप सुवर्ण आदि' में, पीतरूपवाले पार्थिवांश के सम्बन्ध (समिश्रण) से उसके अनुकरण (अधः-पतन) को 'तेजोरूप सुवर्णादि' करते हैं, तथापि उन 'सुवर्णादिरूप तेज' की 'स्वाभाविक ऊर्ध्वचलनादि क्रिया' की प्रतीति न रहने पर भी वह नष्ट नहीं होती। प्रतीति न होने का कारण यह है कि 'पार्थिवद्रव्य' का सम्मिश्रण उसमें हुआ है। उस कारण उसके 'स्वाभाविक ऊर्ध्वचलन' की प्रतीति नहीं होती है। जैसे—'अग्नि' जब मन्द हो जाता है, तब उसके 'ऊर्ध्वज्वलन' की प्रतीति नहीं होती है। वैशेषिकों ने 'भौम, दिव्य, औदर्य, आकरज'—ये चार प्रकार के तेज माने हैं। तदनुसार यह विचार किया गया है। अब विचारणीय कोई बात शेष नहीं रह जाती।

उसपर भी यदि कोई दुराग्रह ही करे कि 'तम', किसी अन्य द्रव्य का अनुविधान (अनुकरण) करता ही है, तो उससे हम पूछ सकते हैं कि वह (तम) किस द्रव्य का अनुविधान करता है। क्या प्रकाश (आलोक) के अवरोधक छत्र आदि का अनुकरण करता है? अथवा 'तम' के निवारक 'दीपक' आदि का अनुकरण करता है? प्रथम विकल्प को तो स्वीकार नहीं कर सकते, क्योंकि प्रकाश (आलोक) के अवरोधक 'पर्वत' आदि के निश्चल रहते हुए भी उनके छायारूप 'तम' (अन्ध-कार) का 'चलन', सूर्य की चलनक्रिया से अवगत होता है।

द्वितीय विकल्प भी ठीक नहीं है, क्योंकि 'दीपक के प्रकाश' (आलोक) के प्राप्त होनेपर 'तम' (अन्धकार = छाया) चला जाता है। और 'दीपक का प्रकाश' वहाँ से हट जाने पर 'तम' (अन्धकार = छाया) आ जाता है। एवञ्च 'आलोक'

के विपरीत 'तम' की क्रिया दिखाई देती है। अतः इस प्रकार के 'वैपरीत्य' को 'अनुकरण' नहीं कह सकते। 'तम और अन्धकार' ये दोनों परस्पर अत्यन्त विरोधी हैं। विरोधी का अनुकरण कभी कोई नहीं करता। प्रकाश (तेज) के उदित होते ही 'तम' नष्ट हो जाता है, तब वह 'तेज' का अनुविधान (अनुसरण) कैसे कर सकता है ?-इस प्रकार **आलोकाभाव** के प्रतिबन्दी के रूप में **'तम'** के रूपवान् रहने पर भी उसका प्रत्यक्ष' **आलोकनिरपेक्ष चक्षुरिन्द्रिय** से होता है, यह बात कही गई। अब उसी बात को अनुमान प्रमाण से भी सिद्ध करते हैं—

"चक्षुः प्रकाशनाजन्यरूपवद्वीक्षणक्षमम्।
रूपिग्राहीन्द्रियत्वेन यथैव स्पर्शनेन्द्रियम्॥"

'प्रकाश' (आलोक) से अजन्य जो रूपवद्-द्रव्य का वीक्षण अर्थात् 'रूपी-द्रव्य का साक्षात्कार, उस 'साक्षात्कार' के करने में **चक्षुरिन्द्रिय,** समर्थ है—यह **प्रतिज्ञा** है। क्योंकि वह, 'रूपी द्रव्य' का ग्राहक है—यह **हेतु** है। जैसे—**त्वगिन्द्रिय,**—यह दृष्टान्त है।

उक्त पद्य के द्वारा संगृहीत **अनुमान** को इस प्रकार—विवृत कर सकते हैं—**'चक्षुः, आलोकाजन्यरूपिद्रव्यसाक्षात्कारजनकं, रूपिद्रव्यग्राहकेन्द्रियत्वात्, त्वगिन्द्रियवत्'**—यहाँ पर 'चक्षुः'—**पक्ष** है, 'आलोकाऽजन्य''''''जनकत्व'—**साध्य** है, 'रूपिद्रव्य''''''त्वात्'—**हेतु** है, 'त्वगिन्द्रिय'—यह **दृष्टान्त** है अर्थात् 'आलोक की अपेक्षा न रखनेवाले चक्षु', **भावद्रव्यरूप-नीलरूपवाले 'तम'** (अन्धकार) के ग्राहक हैं, क्योंकि 'समस्त रूपिद्रव्य' के ग्राहक होने से, 'त्वगिन्द्रिय' के समान। एवञ्च **'तम'** को—**रूपवान् भावरूप द्रव्य** कहना चाहिये। वह **अभाव रूप** नहीं है।

शङ्का—**'तम'** को 'रूपवान्, भाव द्रव्य' सिद्ध करने के लिये जो **अनुमान प्रयोग** किया गया है, उसमें 'रूपरहित इन्द्रियत्व उपाधि' के उपस्थित हो जाने से वह **सोपाधिक**' हो गया है। अतः उससे 'तम' की **भावद्रव्यता** सिद्ध नहीं हो सकेगी। **'रूपरहित इन्द्रियत्व'** में उपाधित्व इस प्रकार होगा—**'आलोकाजन्य-रूपवद्द्रव्यसाक्षात्कारजनकत्व'** यह **साध्य** उपलब्ध होता है **'त्वगिन्द्रिय'** में, क्योंकि 'त्वक्', प्रकाश के बिना भी द्रव्य का बोधक होता है, और वहीं पर 'रूप-रहित इन्द्रियत्व' भी है। अतः **रूपरहित इन्द्रियत्व'** जिसे उपाधि बनाने जा रहे हैं, वह **'साध्य'** का व्यापक' हो जाता है। उसी तरह वह 'साधन' का 'अव्यापक' भी हो रहा है। तथाहि-**'रूपवद्द्रव्यग्राहकत्व'** जो 'हेतु' है, वह 'च:' में भी है,

'तम' में **प्रतीयमान क्रिया**, 'अन्य' की **क्रिया का** अनुसरण किया करती है। जैसे—**'घट'** की क्रिया का अनुसरण **'घट' का रूप** किया करता है। अतः जैसे **गुणात्मक रूप** में 'क्रिया की प्रतीति' मिथ्या होती है, वैसे ही **'तम'** में 'चलन-क्रिया' की प्रतीति भी मिथ्या ही कहनी चाहिये।

किन्तु यह **उपर्युक्त** कथन उचित नहीं है। यदि यह भी कहा जाय कि **'तम'**, 'दूसरे की क्रिया' का **अनुकरणमात्र** करता है। अर्थात् **'तम'** में जो **'चलन-क्रिया'** की प्रतीति होती है, वह उसकी अपनी निजी नहीं है, अपितु **'दीपक'** के हिलने-डुलने से उसमें (तम में) वैसी ही क्रिया की प्रतीति होती है। **तब भी** उसे (तम को) **प्रकाशाभावरूप** नहीं कह सकते। क्योंकि किसी 'अन्य द्रव्य' के अनुकरण (अनुविधान) करनेवाले 'द्रव्यान्तर' में भी उसकी अपनी **स्वाभाविक चलनादि क्रिया** हुआ करती है। जैसे 'आकरज' (खनिज) तेजोरूप सुवर्ण आदि' में, पीतरूपवाले पार्थिवांश के सम्बन्ध (सम्मिश्रण) से उसके अनुकरण (अधः-पतन) को 'तेजोरूप सुवर्णादि' करते हैं, तथापि उन 'सुवर्णादिरूप तेज' की 'स्वाभाविक ऊर्ध्वचलनादि क्रिया' की प्रतीति न रहने पर भी वह नष्ट नहीं होती। प्रतीति न होने का कारण यह है कि 'पार्थिवद्रव्य' का सम्मिश्रण उसमें हुआ है। उस कारण उसके 'स्वाभाविक ऊर्ध्वचलन' की प्रतीति नहीं होती है। जैसे—'अग्नि' जब मन्द हो जाता है, तब उसके 'ऊर्ध्वज्वलन' की प्रतीति नहीं होती है। **वैशेषिकों** ने **'भौम, दिव्य, औदर्य, आकरज'**—ये चार प्रकार के **तेज** माने हैं। तदनुसार यह विचार किया गया है। अब विचारणीय कोई बात शेष नहीं रह जाती।

उसपर भी यदि कोई दुराग्रह ही करे कि 'तम', किसी अन्य द्रव्य का अनुविधान (अनुकरण) करता ही है, तो उससे हम पूछ सकते हैं कि वह (तम) **किस द्रव्य** का अनुविधान करता है। क्या **प्रकाश** (आलोक) के अवरोधक **छत्र** आदि का अनुकरण करता है ? अथवा 'तम' के **निवारक** 'दीपक' आदि का अनुकरण करता है ? **प्रथम विकल्प** को तो स्वीकार नहीं कर सकते, क्योंकि **प्रकाश** (आलोक) के अवरोधक 'पर्वत' आदि के निश्चल रहते हुए भी उनके **छायारूप** 'तम' (अन्ध-कार) का 'चलन', सूर्य की चलनक्रिया से अवगत होता है।

द्वितीय विकल्प भी ठीक नहीं है, क्योंकि 'दीपक के प्रकाश' (आलोक) के प्राप्त होनेपर 'तम' (अन्धकार = छाया) चला जाता है। और 'दीपक का प्रकाश' वहाँ से हट जाने पर 'तम' (अन्धकार = छाया) आ जाता है। एवञ्च 'आलोक'

के विपरीत 'तम' की क्रिया दिखाई देती है। अतः इस प्रकार के 'वैपरीत्य' को 'अनुकरण' नहीं कह सकते। 'तम और अन्धकार' ये दोनों परस्पर अत्यन्त विरोधी हैं। विरोधी का अनुकरण कभी कोई नहीं करता। प्रकाश (तेज) के उदित होते ही 'तम' नष्ट हो जाता है, तब वह 'तेज' का अनुविधान (अनुसरण) कैसे कर सकता है ?-इस प्रकार **आलोकाभाव** के प्रतिबन्दी के रूप में **'तम'** के रूपवान् रहने पर भी उसका 'प्रत्यक्ष' **आलोकनिरपेक्ष चक्षुरिन्द्रिय** से होता है, यह बात कही गई। अब उसी बात को अनुमान प्रमाण से भी सिद्ध करते हैं—

"चक्षुः प्रकाशनाजन्यरूपवद्वीक्षणक्षमम्।
रूपिग्राहीन्द्रियत्वेन यथैव स्पर्शनेन्द्रियम् ॥"

'प्रकाश' (आलोक) से अजन्य जो रूपवद्-द्रव्य का वीक्षण अर्थात् 'रूपी-द्रव्य का साक्षात्कार, उस 'साक्षात्कार' के करने में **चक्षुरिन्द्रिय,** समर्थ है—यह **प्रतिज्ञा** है। क्योंकि वह, 'रूपी द्रव्य' का ग्राहक है—यह **हेतु** है। जैसे—**त्वगिन्द्रिय,**—यह दृष्टान्त है।

उक्त पद्य के द्वारा संगृहीत **अनुमान** को इस प्रकार—विवृत कर सकते हैं—**'चक्षुः, आलोकाजन्यरूपिद्रव्यसाक्षात्कारजनकं, रूपिद्रव्यग्राहकेन्द्रियत्वात्, त्वगिन्द्रियवत्'**—यहाँ पर 'चक्षुः'—**पक्ष** है, 'आलोकाऽजन्य······जनकत्व'—**साध्य** है, 'रूपिद्रव्य······त्वात्'—**हेतु** है, 'त्वगिन्द्रिय'—यह **दृष्टान्त** है अर्थात् 'आलोक की अपेक्षा न रखनेवाले चक्षु', **भावद्रव्यरूप-नीलरूपवाले 'तम'** (अन्धकार) के ग्राहक हैं, क्योंकि 'समस्त रूपिद्रव्य' के ग्राहक होने से, 'त्वगिन्द्रिय' के समान। एवञ्च **'तम'** को—**रूपवान् भावरूप द्रव्य** कहना चाहिये। वह **अभाव रूप** नहीं है।

शङ्का—**'तम'** को 'रूपवान्, भाव द्रव्य' सिद्ध करने के लिये जो **अनुमान प्रयोग** किया गया है, उसमें 'रूपरहित इन्द्रियत्व उपाधि' के उपस्थित हो जाने से वह **सोपाधिक'** हो गया है। अतः उससे 'तम' की **भावद्रव्यता** सिद्ध नहीं हो सकेगी। **'रूपरहित इन्द्रियत्व'** में उपाधित्व इस प्रकार होगा—**'आलोकाजन्य-रूपवद्द्रव्यसाक्षात्कारजनकत्व'** यह **साध्य** उपलब्ध होता है **'त्वगिन्द्रिय'** में, क्योंकि 'त्वक्', प्रकाश के विना भी द्रव्य का बोधक होता है, और वहीं पर 'रूप-रहित इन्द्रियत्व' भी है। अतः **रूपरहित इन्द्रियत्व'** जिसे उपाधि बनाने जा रहे हैं, वह **'साध्य'** का व्यापक' हो जाता है। उसी तरह वह 'साधन' का 'अव्यापक' भी हो रहा है। तथाहि–**'रूपवद्द्रव्यग्राहकत्व'** जो 'हेतु' है, वह 'चक्षु' में भी है,

किन्तु वहाँ 'रूपरहित इन्द्रियत्व' नहीं है। अतः 'साधन' (हेतु) का अव्यापक भी हो जाता है। एवञ्च **'रूपरहितइन्द्रियत्व'** में 'साध्य' की **व्यापकता** और 'साधन' की **अव्यापकता** उपलब्ध हो जाने से उसे **'उपाधि'** कह सकते हैं :

समा०—इस तरह उपाधि बताकर 'तम' में 'रूपिद्रव्यता' के साधक अनुमान को दूषित करना उचित नहीं है। क्योंकि **त्वगिन्द्रिय** की उपर्युक्त 'साध्यवत्ता' होने पर **'रूपरहितेन्द्रियत्व'** को 'उपाधि' नहीं कह सकते। क्योंकि **व्यतिरेक-व्याप्ति** के न होने से 'साध्य' की व्यापकता 'उपाधि' में नहीं हो पाती। साध्य-व्यापक उपाधि के अभाव से साध्याभाव को बताने पर ही 'उपाधि' दूषक कहलाता है। साध्याभाव का बोधन तो, निरुपाधिक अनुमान से ही होता है। **'यद्रूप-वदिन्द्रियं तद् आलोकाजन्यरूपिसाक्षात्कारजनकं न भवति, रूपरहित-त्वाभावात्, घ्राणवत्'**—जो रूपवान् इन्द्रिय है अर्थात् जो रूपरहित इन्द्रिय नहीं है, वह प्रकाशाजन्यरूपिद्रव्यसाक्षात्कार की उत्पादक नहीं होती, रूपरहित न होने से, जैसे—**'घ्राण'**। इस **व्यतिरेकव्याप्ति** में **'रूपिद्रव्याऽग्राहकत्व** (रूपवान् का ग्राहक न होना) उपाधि है। अर्थात् वह साध्य की व्यापक भी है, क्योंकि 'घ्राणादि इन्द्रियों में पार्थिवत्व होने से आलोकाजन्य रूपिद्रव्य के साक्षात्कार की जनकता का अभाव (रूपवद्-अग्राहकत्व) है, अर्थात् उसमें 'रूपरहितत्वाभावरूप 'हेतु' नहीं है। अतः 'आलोकाऽजन्य रूपिद्रव्यसाक्षात्कारजनकत्वाऽभावरूप साध्य (व्यापक) का व्यापक है, और 'रूपयुक्त इन्द्रियत्वरूप' (रूपरहितत्वाभावरूप) साधन (हेतु = व्याप्य) का (रूपवद्ग्राहकत्व) अव्यापक है। क्योंकि 'घ्राण' के पार्थिव होने से उसमें 'रूपरहितत्वाभावरूप' हेतु नहीं है। वह तो 'गन्धमात्र' का ग्राहक होने से 'रूपवत्' का ग्राहक भी नहीं है। तथापि 'चक्षुरिन्द्रिय' में 'रूपवद् अग्राहकत्व' उपाधि नहीं है, किन्तु 'रूपरहितत्वाभावरूप' हेतु है। अतः व्यतिरेक-साधक इस सोपाधिक हेतु से 'साध्याभाव' की सिद्धि नहीं हो रही है। इसलिये निरुपाधिक अनुमान से 'तम' की द्रव्यान्तरता सिद्ध हो जाती है। एवञ्च—'आलोक' (प्रकाश) के समान ही **भावरूप अज्ञानात्मक** 'तम' के विरोधी तथा 'जगत्' का अवभासक (प्रकाशक) 'आत्मा', **'ज्योति'** शब्द का वाच्य है। इसलिये **'अत्राऽयं पुरुषः स्वयं ज्योतिः'** यह श्रुति, जो उसके विषय में कही गई है, वह समुचित ही है। अतः सिद्धान्ती अपने सिद्धान्त को बताता है—

'साक्षिवेद्यं स्वराद्धान्ते ध्वान्तं तच्चाक्षुपं पुनः।
आचार्योऽसाधयद्युक्तिवैभवं स्वं विभावयन् ॥' इति।

ज्योतिः स्वरूप 'आत्मा' तो 'असङ्ग' है। अतः उसका 'दृश्य' (प्रकाश्य) के साथ 'संग' (सम्बन्ध) होना संभव नहीं है। और 'दृश्य प्रपञ्च' की **स्वतः सिद्धि** तथा **परतः सिद्धि** भी हो नहीं सकती। अतः **दृगात्मा** (ज्ञानस्वरूप आत्मा) में 'रज्जु-सर्प' के समान अध्यस्त होकर ही 'प्रपञ्च' की सिद्धि (उत्पत्ति या ज्ञप्ति) हुआ करती है। इस रीति से प्रपञ्च में 'मिथ्यात्व' भी सिद्ध होता है।

इस पर **सत्यत्ववादी** (प्रपञ्च को सत्य मानने वाला) शङ्का करता है—

शङ्का—सिद्धान्ती ने 'प्रपञ्च' को जो **मिथ्या** बताया, तो वह पहिले 'मिथ्यात्व' का लक्षण बतावे, जिससे—'मिथ्यात्व' क्या है ? यह अवगत हो सके। अतः **पूर्वपक्षी** पूछता है कि **'किं पुनरिदं मिथ्यात्वम् ?'**—इस प्रश्न को दस विकल्पों के द्वारा वह उपस्थित कर रहा है—

(१) **'प्रमाणागम्यत्वं वा ?** क्या प्रमाणविषयत्वाभावरूप मिथ्यात्व है ?

अथवा

(२) **अप्रमाणज्ञानगम्यत्वं वा ?** क्या अप्रमाणज्ञानविषयत्वरूप मिथ्यात्व है ?

अथवा

(३) **अयथार्थज्ञानगम्यत्वं वा ?** क्या अयथार्थज्ञान (भ्रमज्ञान) विषयत्वरूप मिथ्यात्व है ?

अथवा

(४) **सद्विलक्षणत्वं वा ?** क्या सद्भिन्नत्वरूप मिथ्यात्व है ?

अथवा

(५) **सदसद्विलक्षणत्वं वा ?** क्या सत् और असत् उभय से विलक्षणत्व (भिन्नत्व) ही मिथ्यात्व है ?

अथवा

(६) **अविद्यातत्कार्ययोरन्यतरत्वं वा ?** क्या अविद्या और अविद्याकार्य में से अन्यतरत्व को मिथ्यात्व कहा जाय ?

अथवा

(७) **ज्ञाननिवर्त्यत्वं वा ?** क्या ज्ञान के द्वारा निवर्त्यत्व (बाध्यत्व) रूप मिथ्यात्व है ?

अथवा

(८) **प्रतिपन्नोपाधौ निषेधप्रतियोगित्वं वा ?** क्या प्रतीति के आश्रय में अभावप्रतियोगित्वरूप मिथ्यात्व है ?

अथवा

(९) बाध्यत्वं वा ? क्या मिथ्यात्वबुद्धिविषयत्व को मिथ्यात्व कहें ?

अथवा

(१०) स्वात्यन्ताभावसमानाधिकरणतया प्रतीयमानत्वं वा ? क्या अपने अत्यान्ताभाव के अधिकरण में प्रतीयमानत्व (अत्यन्ताभाव के समानाधिकरणरूप से प्रतीतिविषयत्व) ही मिथ्यात्वं है ?

उक्त दस विकल्पों में से प्रथम (१) विकल्प (प्रमाणाऽविषयत्व) जो किया है, उसे 'मिथ्यात्व' का लक्षण नहीं बना सकते। क्योंकि उसकी 'ब्रह्म' में अतिव्याप्ति होगी। कारण यह है कि वेदान्तसिद्धान्त में 'ब्रह्म' को स्वयं प्रकाश माना जाता है। वह किसी प्रमाण का विषय नहीं होता।

(२) दूसरा विकल्प (अप्रमाणज्ञानगम्यत्व) को भी मिथ्यात्व का लक्षण नहीं कह सकते, क्योंकि 'प्रपञ्च' को सत्य माननेवाले भी 'सत्य पदार्थ' में अप्रमाण-ज्ञान' की विषयता मानते हैं। इसलिये 'अर्थान्तर' हो जाता है। न्यायसूत्रकार 'प्रकृतार्थादप्रतिसम्बद्धार्थमर्थान्तरम्' के अनुसार प्रकृत अर्थ से असम्बद्ध अर्थ की प्राप्ति को 'अर्थान्तर' कहते हैं, जिसे 'निग्रहस्थान' माना जाता है। प्रकृत में 'सत्यत्व' के विरोधी 'मिथ्यात्व' को सिद्ध करना था किन्तु 'सत्यत्व' का अविरोधी ही 'मिथ्यात्व' सिद्ध हो गया। यह वैसा ही हुआ, जैसे 'विनायकं प्रकुर्वाणो रचयामास वानरम्'। अतः अर्थान्तर हो जाता है। नैयायिक के अनुसार 'शुक्ति' में 'सत्यत्व' भी है, और 'रजताकार' से भासित होने के कारण 'इदं रजतम्' इत्याकारक अप्रमाण ज्ञान की विषयता भी है। अप्रमाणज्ञान का विषय केवल शुक्ति ही नहीं है, अपितु सम्पूर्ण सत्य प्रपञ्च में 'यह क्षणिक है', 'यह ब्रह्म का कार्य है', 'यह अनिर्वचनीय है',—इस प्रकार के 'अप्रमाण (मिथ्या)-ज्ञान' की विषयता को अन्य लोग मानते हैं। उसी प्रकार 'स्मृति' भी 'अप्रमाण ज्ञान' है, किन्तु उसके 'विषय' को 'सत्य' ही स्वीकार करते हैं। इस रीति से अतिव्याप्ति होने के कारण यह द्वितीय लक्षण भी ठीक नहीं है।

(३) अब मिथ्यात्व का तृतीय लक्षण 'अयथार्थज्ञानविषयत्व' भी ठीक नहीं है। क्योंकि 'तत्तदारोप की अधिष्ठानता' होने से सभी, 'अयथार्थज्ञान' से ही गम्य माने गये हैं। अतः उक्त दोष इसमें भी प्राप्त हो रहे हैं।

(४) 'सद्विलक्षणत्व' इस चतुर्थ लक्षण में भी अतिव्याप्ति दोष है। क्योंकि 'सत्' से विलक्षण 'असत्' शशविषाणादि में भी मिथ्यात्व नहीं माना

जाता। किंतु उसमें लक्षण घटित होता है। यदि यह कहें कि 'शशविषाण' तो 'मिथ्या' ही है, तब उसमें लक्षण का घटित होना उचित ही है। किन्तु यह कहना उचित न होगा, क्योंकि 'मिथ्या संसार' में **'अपरोक्षज्ञानयोग्यत्व'** और **'सार्थक-क्रियासामर्थ्य'** का स्वीकार करनेवाले लोग **'शशविषाण'** की अपेक्षा **'संसार में विलक्षणता** (विषमता) मानते हैं। अतः **'शशविषाण'** में **'अमिथ्यात्व'** का स्वीकार किया है। इसलिये मिथ्या से भिन्न **'सत्य'** ही नहीं, अपि तु **'असत्'** भी है। कहने का अभिप्राय यह नहीं है कि 'शशविषाण' **सत्य** है। 'शशविषाण' **सत्य** नहीं है। क्योंकि **सप्रयोजन, प्रत्यक्ष** तथा **बाधित** 'प्रपञ्च' में मिथ्यात्व माननेवाले **निष्प्रयोजन, अप्रत्यक्ष** 'शशविषाण' में मिथ्यात्व नहीं मानते हैं, तथा **अबाधित 'ब्रह्म'** में मिथ्यात्व नहीं मानते हैं। अतः **'मिथ्या'** से भिन्न जैसा **'सत्य'** है, वैसे ही **'असत्'** भी 'मिथ्या से भिन्न ही है। एवञ्च अलक्ष्य 'असत्' में 'मिथ्यात्व' का लक्षण घटित होने से अतिव्याप्ति हो रही है। क्योंकि वह प्रत्यक्ष-ज्ञानयोग्य, अर्थक्रियासामर्थ्यवाला विवक्षित लक्ष्य नहीं है।

(५) अब **'सदसद्विलक्षणत्व'** यह **पञ्चम** लक्षण भी 'मिथ्यात्व' का नहीं हो सकता। क्योंकि 'दो विरोधी धर्मों' में से एक का निषेध कर देने पर 'दूसरे' का विधि (होना) अनिवार्य हो जाता है। जैसे 'रात्रि' का निषेध करने पर 'दिवस' का और दिवस का निषेध करने पर 'रात्रि' का विधान स्वत एव होता है। **'सत्'** से विलक्षण **'असत्'** और **'असत्'** से विलक्षण **'सत्'** होता है। **एक देश** और **एक काल** में दोनों परस्पर विलक्षण धर्मों का **निषेध** नहीं हो सकता। 'सत्' तथा 'असत्' दोनों से विलक्षण 'कोई पदार्थ' है ही नहीं, जिसमें मिथ्यात्व का लक्षण घट सके। अतः 'सत्त्व, असत्त्वरूप विरोधी धर्म का 'प्रपञ्च' में निषेध नहीं किया जा सकता। एवञ्च 'निषेध' का असम्भव है।

(६) **'अविद्या-तत्कार्ययोरन्यतरत्वं वा'** यह लक्षण भी उचित नहीं है। अर्थात् 'अविद्या और अविद्याकार्य' दोनों में अन्यतरत्व यह **षष्ठ लक्षण** भी उचित नहीं है। क्योंकि यहाँ पर 'अविद्या' पद से **'अनिर्वचनीय अविद्या'** विवक्षित है? अथवा **'अग्रहण'** अथवा **'मिथ्याज्ञान'** विवक्षित है? यदि 'अनिर्वचनीय अविद्या' विवक्षित हो तो वह 'परमत' में प्रसिद्ध ही नहीं है। और 'अग्रहण' (ज्ञानाभाव), और 'मिथ्याज्ञान' (भ्रम, विपर्यय) रूप अविद्या में तथा उसके कार्य 'प्रवृत्ति, संस्कार' आदि में 'सत्यत्व' ही है। अर्थात् 'सत्यत्व' के होने से (सत्य के अविरोधी मिथ्यात्व का लक्षण बन जाने से) 'अर्थान्तर' हो जायगा। तब वह 'सत्य' के विरोधी-'असत्य' का लक्षण कैसे सिद्ध हो पायगा ?

(७) अब **'ज्ञान-निवर्त्यत्व'** यह सप्तम लक्षण भी उचित नहीं है। क्योंकि उसमें भी **'अर्थान्तर'** दोष उपस्थित होता है। **'नैयायिक'** विद्वान्, **'उत्तर-ज्ञान'** से **'पूर्वज्ञान'** की निवृत्ति मानते हैं। तब उत्तरज्ञान से निवर्त्यमान 'पूर्वज्ञान' की 'सत्यता' रहने से 'अलक्ष्य' में 'लक्षण' की अतिव्याप्ति होती है। **दूसरी बात** यह है कि प्रतिवादी के मतानुसार 'प्रपञ्च' की सत्यता रहनेपर भी 'महाप्रलय' के समय 'ईश्वर के ज्ञान' से 'प्रपञ्च' की निवृत्ति होने के कारण **'अर्थान्तर'** भी होता है। अभिप्राय यह है कि 'आत्मा' 'विभु द्रव्य' है। उसके 'ज्ञानादि' विशेष गुण होते हैं। वे, अपने 'उत्तरभाविज्ञानादि' से निवर्त्य होते हैं। इसप्रकार उत्तरभाविज्ञान से निवृत्त होनेवाले पूर्वभाविज्ञान के विषय-होनेवाले 'सुखादिगुण', सत्य हैं। यदि 'नित्यज्ञान से निवर्त्य' को 'मिथ्या' कहें तो 'अर्थान्तिर' होगा।

(८) अब मिथ्यात्व का **'प्रतिपन्नोपाधौ निषेधप्रतियोगित्वं वा'** अर्थात् ज्ञायमान आश्रय में होनेवाले निषेध का प्रतियोगित्व,—यह अष्टम लक्षण भी ठीक नहीं है। क्योंकि लक्षण बनानेवाले को पहिले यह स्पष्ट करना होगा कि 'आश्रय', का 'प्रमाणज्ञान' से 'ज्ञायमान' होना अभीष्ट है अथवा 'भ्रान्ति' से 'ज्ञायमान' होना अभीष्ट है?

यदि **प्रथम विकल्प** को स्वीकार करते हैं तो 'प्रतिपन्न' शब्द का अर्थ होता है—**'प्रमाण से निश्चित'**। तब 'प्रमाण' से जो पदार्थ, जिस आश्रय में निश्चित हुआ हो, उसका 'निषेध' कैसे हो सकेगा? अन्यथा 'ब्रह्म' में जो प्रमाणसिद्ध ज्ञान-स्वरूपता, आनन्दस्वरूपता आदि उसका भी निषेध होने लगेगा। और **'भ्रान्ति से निश्चित (ज्ञायमान) होना'** यदि अभीष्ट अर्थ हो तो, 'भ्रान्ति' से ज्ञायमान आश्रय में होनेवाले निषेध की प्रतियोगिता 'सत्यवस्तु' में भी संभव हो सकती है। तब **'अर्थान्तर'** दोष होता है। **अन्यथाख्यातिवादी नैयायिक** 'भ्रमस्थल' में किसी जगह 'निषिध्यमान पदार्थ की 'अन्यत्र सत्ता' स्वीकार करते ही हैं। अर्थात् 'शुक्ति' में 'रजत' निषेध के प्रतियोगी 'सत्य रजत'की सत्ता को अन्यत्र मानतेही हैं।

(९) अब मिथ्यात्व का नवम लक्षण **'बाध्यत्वं वा'**, यह भी ठीक नहीं है। क्योंकि 'बाध्यत्व' को **'बाधकज्ञानविषयत्व'** माना जाय? अथवा **'बाधकज्ञान-निवर्त्यत्व'** माना जाय?

दोनों पक्षों में 'अर्थान्तरता' पूर्णरूप से रहती है। 'शुक्ति' आदि सत्य पदार्थ में 'रजत' का भ्रम होने के पश्चात् 'नेदं रजतम्'-यह रजत नहीं है —अपितु 'शुक्ति' है,

इस प्रकार से 'बाधकज्ञान' की विषयता को 'सत्य शुक्ति' में माना जाता है। उसीतरह 'नेद रजतम्' इस बाधक-ज्ञान से, 'इदं रजतम्' इस पूर्वज्ञान की निवृत्ति मानी जाती है।

(१०) अब मिथ्यात्व का दशम लक्षण **'स्वात्यन्ताभावसमानाधिकरणतया प्रतीयमानत्वं वा'** यह भी ठीक नहीं है। अर्थात् अपने 'अत्यन्ताभाव' के अधिकरण में प्रतीयमानत्व (प्रतीतिविषयत्व)—यह दशम-लक्षण भी संगत नहीं है। क्योंकि **संयोग, विभाग, शब्द,** और **'आत्मा'** के विशेषगुणों को नैयायिकविद्वान् **'अव्याप्य वृत्ति'** कहते हैं। वे 'अपने अत्यन्ताभाव' के 'अधिकरण' में प्रतीयमान होते हैं, तो भी उनको **'सत्य'** माना जाता है। उसकारण 'अर्थान्तरता' प्राप्त होती है, उसका निवारण नहीं किया जा सकता। एवञ्च **प्रपञ्च** के 'मिथ्यात्व' का निर्वचन (लक्षण) नहीं हो पा रहा है।

मिथ्यात्व का निर्दुष्ट लक्षण जैसे नहीं है, वैसे ही 'प्रपञ्च' को **मिथ्या** मानने में कोई **प्रमाण** भी नहीं है। तथाहि—यदि **'प्रत्यक्ष'** प्रमाण से 'प्रपञ्च' को 'मिथ्या' कहें, तो वह संभव नहीं है। क्योंकि अभी ऊपर-'मिथ्यात्व' को सिद्ध करने के लिये जो **दश प्रकार** के लक्षण किये थे, उनमें से कोई एक प्रकार का भी 'मिथ्यात्व' यदि 'प्रत्यक्ष प्रमाण' से सिद्ध हो जाता तो 'मिथ्यात्व' को लेकर वादियों का 'विवाद' ही न होता।

शङ्का—यदि कोई कहे कि **'मिथ्यात्व'** का अस्तित्व **'प्रत्यक्ष प्रमाण'** से सिद्ध नहीं हो पा रहा है, तो न सही। हम **'अनुमानप्रमाण'** से 'मिथ्यात्व' को सिद्ध करेंगे। जैसे—**'विवादपदं'** (विवादास्पदः = विवादविषयः) **प्रपञ्चः, मिथ्या, दृश्यत्वात्, शुक्तिरूप्यवत्'**—अर्थात् विवाद का आस्पद (विषय) प्रपञ्च, मिथ्या है, दृश्य होने से, जैसे शुक्ति में रजत दृश्यरूप से भासित होता है। यह 'अनुमान' का आकार होगा।

समा०—'प्रपञ्चमिथ्यात्व' की सिद्धि उक्त अनुमानप्रयोग से नहीं की जा सकेगी। क्योंकि ऊपर दिये हुए 'दश लक्षणों' में से **'प्रमाणागम्यत्व'** रूप 'प्रथम-लक्षण', अथवा **'सदसद्वैलक्षण्य'** रूप 'पञ्चमलक्षण', अथवा **'अविद्यातत्कार्यान्यतरत्व'** रूप 'षष्ठलक्षण' से लक्षित किये गये **'मिथ्यात्व'** को 'अनुमान' से सिद्ध करने का प्रयत्न करेंगे तो **'अप्रसिद्धविशेषणता'** दोष प्राप्त होगा। यदि **'अयथार्थज्ञानविषयत्व'** रूप 'तृतीय लक्षण' से लक्षित 'मिथ्यात्व' को सिद्ध कर रहे हों तो वह 'मिथ्यात्व', तो **प्रभाकर** (गुरु) मीमांसक के मत में **'अप्रसिद्ध'**

है। और **शेष छह लक्षणों** से लक्षित 'मिथ्यात्व' को सिद्ध करना चाहो तो **'सिद्ध-साधनता'** दोष की उपस्थिति होगी। इस प्रकार से **'मिथ्यात्व'** (साध्य) का अस्तित्व सिद्ध करना संभव नहीं है। **किञ्च**—आपके द्वारा प्रयुक्त अनुमान में जो **'दृश्यत्व'** हेतु दिया गया है, उसके 'अर्थ' का भी विचार करना होगा कि उसका अर्थ **'फलव्याप्यत्व'** है अथवा **'वृत्तिव्याप्यत्व** है? अथवा **'उभय साधारण'** है? उक्त 'तीन विकल्पों' में से **'फलव्याप्यत्व'** अर्थात् फलविषयत्व रूप **प्रथम विकल्प** का स्वीकार करना संभव नहीं है. क्योंकि **अतीन्द्रिय** 'धर्म-अधर्मसंस्कारादि' में 'फलव्याप्यत्व' नहीं रहता, यानी 'फलव्याप्यत्व' का अभाव है। अतः प्रपञ्च' रूप पक्ष' के 'धर्माधर्मरूप अतीन्द्रिय भाग (अंश), में **'दृश्यत्व-हेतु'** के न रहने से उसमें **'भागासिद्धि'** दोष हो जाता है, जिससे वह 'दृश्यत्व' हेतु **'भागासिद्ध'** (पक्ष के अतीन्द्रिय-भाग में असिद्ध) है। अतः **भागासिद्ध हेतु,** 'साध्य (मिथ्यात्व) की सिद्धि करने में असमर्थ है।

उसीतरह **'वृत्तिव्याप्यत्व'** अर्थात् वृत्तिविषयत्व रूप द्वितीय विकल्प का स्वीकार करना भी संभव नहीं है, क्योंकि मिथ्यात्व के विपक्षरूप **'ब्रह्म'** में भी वेदान्तियों ने 'वृत्तिव्याप्यता' (वृत्तिविषयता) स्वीकार की है। अतः **वृत्ति-व्याप्यत्वरूप** 'दृश्यत्व' हेतु, **'अनैकान्तिक'** (व्यभिचारी) है।

अब **'उभयसाधारण'** रूप तृतीय विकल्प भी संगत नहीं हो रहा है। क्योंकि वह भी **'ब्रह्म'** में व्यभिचारी है। इस रीति से **'दृश्यत्व'** हेतु के खण्डित हो जाने से ही **'जडत्व, अन्तवत्व'** (उत्पत्ति-नाशवत्व) **परिच्छिन्नत्वादि** हेतुओं का भी खण्डन हो जाता है। एवञ्च **'मिथात्व'** का निर्वचन नहीं हो पा रहा है।

इसपर यदि कहो कि हम एक 'अन्य अनुमान' से 'मिथ्यात्व' को सिद्ध करेंगे। जैसे—**'अयं पटः, एतत्तन्तुनिष्ठात्यन्ताभावप्रतियोगी, दृश्यत्वात्, घटवत्,** अर्थात् यह पट, अपने समवायिकारणभूत इन तन्तुओं में रहनेवाले 'अत्यन्ताभाव' का प्रतियोगी है। क्योंकि 'तन्तुओं' में 'पट', दृश्यमात्र है। तन्तुओं से पृथक् (भिन्न) उसका 'सत्यस्वरूप' अन्य कोई नहीं है। इसलिये जैसे **'घट'**, 'तन्तुओं' में रहनेवाले अपने 'अत्यन्ताभाव' का प्रतियोगी है, उसीप्रकार 'पट' भी 'प्रतियोगी' है।

किन्तु **यह अनुमान** भी 'प्रपञ्च-मिथ्यात्व' में प्रमाण नहीं हो सकता। क्योंकि 'तन्तुवृत्ति अत्यन्ताभाव' और 'दृश्यत्व' हेतु इन दोनों में **दृश्यत्वहेतु** 'अनै-कान्तिक' (व्यभिचारी) है। क्योंकि 'तन्तुनिष्ठ अत्यन्ताभाव' में तथा 'दृश्यत्व' में भी 'हेतु' तो है, किन्तु उसमें 'एतत्तन्तुनिष्ठ-अत्यन्ताभाव का अप्रतियोगित्व है

अर्थात् 'प्रतियोगित्वरूप, साध्य', इनमें नहीं है। क्योंकि वहाँ 'अत्यन्ताभाव' का 'अत्यन्ताभाव' नहीं है और न 'दृश्यत्वाभाव' है। एवञ्च उन दोनों में 'दृश्यत्व' के रहनेपर भी 'तन्तुनिष्ठ अत्यन्ताभाव का अप्रतियोगित्व' ही है, 'प्रतियोगित्व' नहीं है।

शङ्का—यदि **'साध्य** तथा **हेतु'** दोनों में उक्त **'प्रतियोगित्व'** को मानलें तो **'तन्तुनिष्ठात्यन्ताभाव का अभाव'** कहना होगा। तभी दोनों में **'प्रतियोगित्व'** प्राप्त हो सकेगा। तब **'पक्ष'** में और **'दृष्टान्त'** में भी कहीं **'साध्य'** की सिद्धि ही नहीं होगी। और **'तन्तु'** में रहनेवाले अत्यन्ताभाव की प्रतियोगिता **'दृश्यत्व'** 'हेतु' में मानने से उनकी (तन्तुओं की) **'अदृश्यता'** प्राप्त होगी। क्योंकि 'तन्तुओं' में 'दृश्यत्व' का **'अत्यन्ताभाव'** मान रहे हैं, तभी तो 'दृश्यत्व' में 'प्रतियोगिता' आपायेगी। तब 'तन्तुओं' में 'दृश्यत्व' के न रहने से 'तन्तु', अदृश्य हो जायेंगे।

तथा एक और विचारणीय प्रश्न उपस्थित होता है कि यह **'प्रपञ्च', प्रामाणिक** है? या **'अप्रामाणिक'** ?

यदि **'प्रामाणिक'** हो तो जिस प्रमाण से उसको प्रामाणिक सिद्ध करोगे, 'उसी प्रमाण' से उसके **'मिथ्यात्वानुमान'** का बाध हो जायगा। क्योंकि **'प्रमाण'** से जो अवगत होता है, उसकी **'सत्यता'** मानी जाती है।

यदि **'प्रपञ्च'** को **अप्रामाणिक** कहते हैं तो **'आश्रयासिद्धि'** (आश्रय का अभाव) होती है।

यदि यह कहो कि **'प्रपञ्चरूप आश्रय'**, प्रतीतिमात्र से तो सिद्ध है ही, अतः अनुमान में **'आश्रयासिद्धि'** दोष, नहीं होगा।

इसतरह प्रतीति होनेमात्र से ही **'आश्रयासिद्धि'** दोष दूर हो जायगा तो सभी के मत में 'सत्य, मिथ्या, दोष, गुण' आदि सभी कुछ प्रतीतिमात्र से ही सुलभ होने लगेंगे। 'केवल प्रतीति होनेमात्र से' ही सभी के मतों का मण्डन, खण्डन समझा जा सकता है, तब तो 'सम्पूर्ण व्यवहार' ही अव्यवस्थित हो जायगा।

यही प्रश्न **'साध्य, हेतु और दृष्टान्त'** के विषय में भी हो सकता है कि 'वे **प्रमाणसिद्ध** हैं, अथवा **नहीं** ?' यदि उन्हें प्रमाणसिद्ध मानते हैं तो 'दृश्यत्व' हेतु, उनमें 'व्यभिचरित' होता है। क्योंकि प्रामाणिकता रहने से उन्हें 'सत्य' कहना होगा, तब उनमें 'मिथ्यात्व' नहीं रहेगा और 'हेतु' तो रहेगा ही। एवञ्च मिथ्यात्व

के न रहनेपर भी अर्थात् 'सत्यत्व' में भी 'दृश्यत्व' हेतु के रहने से उसे व्यभिचारी मानना होगा।

और यदि 'प्रमाणसिद्ध' नहीं हैं, तो उनमें 'साध्यभाव', 'साधनभाव', 'दृष्टान्तभाव' नहीं है,—यही कहना होगा।

तब 'अनुमान' का संभव ही कैसे हो सकेगा? अर्थात् 'साध्य' आदि को 'अप्रामाणिक' माननेपर 'साध्य, हेतु, दृष्टान्त' का अभाव रहने से 'मिथ्यात्व' का अनुमान नहीं होगा। एवञ्च 'आश्रयासिद्धि' के समान ही 'साध्य' आदि की भी सिद्धि नहीं हो पा रही है।

जैसे **'प्रपञ्च'** के 'मिथ्यात्व' को **'प्रत्यक्ष'** और **'अनुमानप्रमाण'** से सिद्ध नहीं कर पा रहे हैं, उसीतरह सबसे प्रबल 'आगमप्रमाण' भी उसके मिथ्यात्व को सिद्ध नहीं कर सकता है।

उसपर वेदान्ती, अपने पूर्वपक्षी से कहता है कि **'एकमेवाऽद्वितीयम्'**-(छां. उ. ६।२।१) एक ही अद्वितीय है—इस आगमप्रमाण से **'प्रपञ्च'** में 'मिथ्यात्व' सिद्ध हो रहा है। **'सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म'**-(तै. उ. २।१।१) सत्य, ज्ञान तथा अनन्तस्वरूप ब्रह्म है—इस 'आगमप्रमाण' से **'ब्रह्म'** में ही अद्वितीयत्व, अनन्तत्व को बताया गया है, उससे तद्भिन्न का अभाव अर्थात् 'प्रपञ्च' का **'मिथ्यात्व'** अवगत होता है। तथा **'नेह नानास्ति किञ्चन'**-(बृह. उ. ४।४।१९) ब्रह्म में नानात्व नहीं है—इस आगमप्रमाण से **'नानात्व'** (भेद) का 'निषेध' अर्थात् **प्रपञ्च** का मिथ्यात्व सिद्ध होता है। **'इन्द्रो मायाभिः पुरुरूप ईयते'**-(ऋ. वे. मं. ६, अ. ४, सू. ४७, मं. १८)-परमेश्वर अपनी माया से अनेक रूपों को धारण करता है—इस वचन से भी भेद (प्रपञ्च) का मिथ्यात्व सिद्ध हो रहा है। तथा **'मृत्योः स मृत्युमाप्नोति'**-(कठ उ. ४।१०)-वह मृत्यु से मृत्यु को प्राप्त होता है—यह वचन, **भेददर्शन** की निन्दा कर रहा है, उससे **भेदरूप प्रपञ्च** में 'मिथ्यात्व' सिद्ध हो रहा है। इत्यादि अनेक आगमवचनों से **प्रपञ्चमिथ्यात्व** का प्रतिपादन किये जानेपर भी आप कैसे कह रहे हैं कि **आगम प्रमाण** भी 'प्रपञ्चमिथ्यात्व' की सिद्धि नहीं कर पा रहे हैं?

उसपर **पूर्वपक्षी** कहता है कि जिन 'आगमप्रमाणों' को आपने **प्रपञ्च के मिथ्यात्व** में प्रस्तुत किया है, वे 'प्रपञ्च के मिथ्यात्व' को नहीं बता रहे हैं। **'एकमेवाऽद्वितीयम्'** यहाँ 'अद्वितीय' शब्द से केवल 'सजातीय द्वितीय वस्तु' का निषेध किया जा रहा है। 'समस्त प्रपञ्च' का निषेध (मिथ्यात्व) नहीं बताया जा रहा है। अर्थात् 'ब्रह्म' की सजातीय दूसरी वस्तु के निषेध में 'अद्वितीय' शब्द का तात्पर्य

है। जैसे—यदि कहा जाय कि इस गाँव में 'यह देवदत्त' ही एक **'अद्वितीय पुरुष'** है'। वैसे ही उक्त 'श्रुतिवचन' में भी समझना चाहिये। तथा **'सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म'** यहाँ 'अनन्त' पद, **'पूर्वकालिक अन्त'** (प्रागभाव) और **'उत्तरकालिक अन्त'** (ध्वंसाभाव) के **अभाव** को बताता है, अर्थात् **'जन्म-मरणाभाव'** का बोधन करता है। एवञ्च लोकव्यवहारप्रसिद्ध **'प्रागभाव'** और **'प्रध्वंसाभाव'**-रहित के अर्थ में ही **'अनन्त'** शब्द का 'शक्तिग्रह' होता है। अर्थात् **'उत्पत्ति'** और **'ध्वंस'-रहित अर्थ** का ही अभिधायक **'अनन्त'** शब्द है। **'अन्योन्याभावाधिकरणत्व** (भेदाधिकरणत्व) की **अनधिकरणता'** (अभिन्नत्व = अद्वैतत्व)—यह अर्थ, **'अनन्त'** शब्द का नहीं है। अतः इस अर्थ में 'अनन्त' पद का शक्तिग्रह (व्युत्पत्तिग्रह) होना असंभव है। **'नेह नानास्ति किञ्चन'**-(बृह. उप. ४।४।१९) अर्थात् इस 'ब्रह्म में नानात्व नहीं'—यह आगमवचन भी **'कारणब्रह्म'** में 'नानात्व' का **निषेधमात्र** कर रहा है, 'प्रपञ्चमिथ्यात्व' में उक्त वचन का तात्पर्य नहीं है। **'इन्द्रो मायाभिः'** (ऋ. मं. ६ अ. ४ सू. ४७ मं. १८)-परमेश्वर अपनी माया से अनन्त रूप धारण करता है—**'चेतश्चित्तं क्रतुर्माया'** इत्यादि कोष के अनुसार यहाँ पर 'माया' शब्द, चित्त' और 'चित्तवृत्ति' (ज्ञान) का वाचक है। अतः यह या इस प्रकार के मन्त्रों का तात्पर्य तो 'चित्त' (अन्तःकरण) की तत्तत्-इन्द्रियद्वारक 'विविधवृत्तिरूप' **'उपाधियाँ'** (जो 'माया' शब्द से कही जाती हैं यानी वाच्य होतीं हैं) हैं, उनसे 'परमेश्वर' की **उपासनाविधि** (प्रतिपत्ति विधि) बताई गई है। 'प्रपञ्च के निषेध' में उनका तात्पर्य नहीं है। **'मृत्योः स मृत्युमाप्नोति'**-(कठोप. ४।१०)-मृत्यु से मृत्यु को वह प्राप्त होता है—इसप्रकार के श्रुतिवचनों का तात्पर्य भी 'भेददर्शन' (भेदज्ञान) की निन्दा के द्वारा **'अभेदोपासना'** (अभेद-प्रतिपत्ति = चिन्तनोपासना) के **विधान में** ही है। 'प्रपञ्च के निषेध' (मिथ्यात्व) में उसका तात्पर्य नहीं है।

यदि कोई **'आगम'**, 'प्रपञ्चनिषेध' (प्रपञ्चमिथ्यात्व) को बताता भी हो तो उसका **'प्रत्यक्ष प्रमाण'** से बाध हो जायगा। क्योंकि **'आगम'** को अपने 'स्वरूप-ज्ञानार्थ' तथा 'पद-पदार्थविभाग ग्रहण (शक्तिग्रह) में **'प्रत्यक्ष'** की अपेक्षा रहती है, किन्तु **'प्रत्यक्ष प्रमाण'** को अपने कार्य सम्पादनार्थ **'आगम प्रमाण'** की अपेक्षा नहीं रहती। अतः 'प्रत्यक्ष प्रमाण' **स्वतन्त्र** होने से प्रबल है, और 'आगमप्रमाण', **परतन्त्र** (प्रत्यक्ष प्रमाण के अधीन) होने से 'दुर्बल' है। एवञ्च 'दुर्बल' होने से उसका बाध होता है। इसलिये **'प्रपञ्च का निषेध'** उससे नहीं किया जाता। किञ्च-**'न हिंस्यात् सर्वा भूतानि'**-कोई प्राणी, किसी भी प्राणी की हिंसा न करे,

'अग्नीपोमीयं पशुमालभेत'-(तै. सं. ६।१।११) अग्नीपोमदेवता के लिये जो छागपशु है, उसकी हिंसा (आलभन) करे, **'ब्राह्मणो न हन्तव्यः'**-ब्राह्मण का हनन नहीं करना चाहिये, **'ब्रह्मणे ब्राह्मणमालभेत'**-ब्राह्मणत्व के रक्षणार्थ ब्राह्मण का हनन करे, **'अतिरात्रे षोडशिनं गृह्णाति'**–अतिरात्रसंस्थाक ज्योतिष्टोम याग में 'षोडशि' नामक पात्र में 'सोमरस' का ग्रहण करे।, **'नातिरात्रे षोडशिनं गृह्णाति'**–अतिरात्रसंस्थाक ज्योतिष्टोमयाग में 'षोडशि' संज्ञकपात्र में 'सोमरस' का ग्रहण न करे–। **'उदिते जुहोति'**-सूर्य का उदय होनेपर होम करे–**'अनुदिते जुहोति'**-सूर्योदय के पूर्व ही होम करे–। इत्यादि श्रुति (आगम) वचन, परस्पर विरुद्ध अर्थ को बता रहे हैं। अतः ये सभी वचन 'व्याकुल' अर्थात् सन्देह से ग्रस्त हैं। ऐसी व्याकुलता (संदिग्धता) 'प्रत्यक्ष प्रमाण' में नहीं है। इसकारण 'आगम-प्रमाण' की अपेक्षा **'प्रत्यक्षप्रमाण'** प्रबल है, और **'आगमप्रमाण'** दुर्बल है।

किञ्च—**'प्रपञ्चमिथ्यात्व'** (अभेद या एकत्व) का बोधक 'आगमप्रमाण' तो 'उपचरित अर्थ' (गौण अर्थ) में प्रामाणिक माना जा सकता है। तात्पर्य यह है कि 'आगम प्रमाण' **गौण अर्थ** में सावकाश हो जाता है, किन्तु भेद-बोधक 'प्रत्यक्ष प्रमाण', को यदि **'अपने अर्थ'** में बाधित कर देंगे तो उसे कहीं भी 'प्रमाण' नहीं कहा जा सकेगा। उसका क्षेत्र तो एक मात्र 'भेद-बोधन' करना ही है। वहाँ भी यदि वह **निरवकाश** रहेगा तब उसे तो कहीं जगह ही नहीं रहेगी। एवंच उसकी **निरवकाशता** को देखकर उसे 'प्रत्यक्ष' की अपेक्षा प्रबल ही कहना होगा।

दूसरी बात यह है कि 'आगम प्रमाण' की अपेक्षा, **पूर्व-प्रतिष्ठित** होने से 'प्रत्यक्ष प्रमाण' अपने अर्थ में **'असञ्जातविरोधी'** है, और 'आगमप्रमाण' **सञ्जात-विरोधी** है, क्योंकि पहले से ही उसका **'विरोधी प्रत्यक्षप्रमाण'** उपस्थित है। एवञ्च **सञ्जात और असञ्जात विरोधियों में** 'सञ्जात-विरोधी' दुर्बल हुआ करता है। अतः **'आगम प्रमाण'** का ही बाध होगा।

वस्तुतः देखा जाय तो 'विरोध' भी नहीं है, क्योंकि **आगम** भी 'प्रपञ्च की सत्यता' को ही बताता है। तथाहि—**'मृत्तिकेत्येव सत्यम्'** (छां. उ. ६।१।४) मृत्तिका सत्य ही है, **त्रीणि रूपाणीत्येव सत्यम्'**—सत्व, रज और तम ये तीन रूप सत्य ही है—अथवा यों कहिये 'तेज, जल और भूमि के रक्त, शुक्ल और कृष्ण ये तीन रूप ही सत्य हैं, **'प्राणा वै सत्यम्'** (बृह. उ. २।१।२०) प्राण सत्य ही हैं—**'सच्च त्यच्चाऽभवत्'** (तै. उ. २।६)—'सत्' = व्यक्त पृथिवी, जल, तेज और 'त्यत्' = अव्यक्त वायु और आकाशरूप ब्रह्म हुआ। इत्यादि आगम वाक्यों ने 'प्रपञ्च को सत्य' ही बताया है। इसलिये कोई विरोध नहीं है।

अनुमान प्रमाण से भी 'प्रपञ्च' की सत्यता सिद्ध होती है—**"विवादास्पदीभूतः प्रपञ्चः सत्यः प्रमाणसिद्धत्वात् आत्मवत्"**—अर्थात् विवाद का आस्पद (विषय) जो 'प्रपञ्च' (संसार) है, वह 'सत्य' है, प्रमाणसिद्ध (प्रामाणिक) होने से, जैसे 'आत्मा'। इस अनुमान से 'भिन्न वस्तु की सत्यता' सिद्ध की गई है।

अब **'भेद'** की सत्यता में भी 'अनुमान' बताते हैं—**'अयं घटः एतन्निष्ठबाध्य भेदातिरिक्त-भेदाश्रयः द्रव्यत्वात्पटवत्'** अर्थात् 'यह घट', इस घट-वृत्ति बाध्य (मिथ्या) भेद से भिन्न (सत्य) भेद का आश्रय है, द्रव्य होने से, जैसे—'पट', **सत्यभेद** का आश्रय है। उक्त दोनों अनुमानों से 'घटादि' में तथा 'सम्पूर्ण संसार' में आकाश, आत्मा, के भेद की सत्यता सिद्ध हो जाती है।

शङ्का—'भेद को सत्य' मानने पर **'दृक्'** (ज्ञान) और **'दृश्य'** (विषय) के **सम्बन्ध** की अनुपपत्ति होगी, क्योंकि **'ज्ञान'** (दृक्) और **'घट आदि विषय'** (दृश्य = ज्ञेय) का आपस में **'संयोग-समवाय'** आदि सम्बन्ध के होने का संभव नहीं है।

निष्कर्ष यह है कि **'भेद'** अथवा **'भेदी** दृश्यवर्ग' को सत्य मानने पर उसका और उसके ज्ञान का परस्पर सम्बन्ध कौन सा होगा ? 'संयोग' सम्बन्ध को कह नहीं सकते, क्योंकि 'संयोग' के 'गुण' होने से वह द्रव्यमात्रवृत्ति होगा। 'ज्ञान' तो गुण है, 'द्रव्य'-नहीं है। समवाय' सम्बन्ध को भी नहीं कह सकते, क्योंकि 'ज्ञान' तो 'आत्मा' में समवेत (समवाय सम्बन्ध से) रहता है।

समा०—ऐसी शङ्का करना उचित नहीं है क्योंकि **'ज्ञान'** और **'विषय'** का साक्षात् सम्बन्ध न होने पर भी 'तत्तद् विषय' के ज्ञान के निमित्तभूत (उत्पादक) **'इन्द्रिय, लिङ्ग, शब्द'** आदि का तत्तद् घट-पटादि विषयों के साथ **नियत सम्बन्ध** रहता ही है, यही घट-पटादि विषय के प्रति 'घटादिविषयकज्ञानों' का नियामक बन जायगा। अतः **'विषय' के साथ** 'ज्ञान' का सम्बन्ध न रहने पर भी, जिस विषय से सम्बन्धित 'इन्द्रिय, लिङ्ग, या 'शब्द' से जो ज्ञान होगा, वह ज्ञान, उसी विषय को ग्रहण करेगा, 'अन्य विषय' को नहीं। एवं च 'विषय' के साथ 'ज्ञान' का सम्बन्ध न रहने पर भी जिस विषय का तत्सम्बन्धी इन्द्रिय, लिङ्ग अथवा शब्द से जो ज्ञान होगा, वह उसी विषय का होगा, दूसरे विषय का नहीं। जैसे-घटसंयुक्त इन्द्रिय से होने वाले ज्ञान का विषय 'घट' ही होगा, 'पट' नहीं। इस प्रकार का नियम सिद्ध होनेपर 'ज्ञान' और 'विषय' का अतिरिक्त सम्बन्ध (साक्षात् सम्बन्धान्तर) न होनेपर भी किसी प्रकार का अतिप्रसंग अथवा अप्रसङ्ग नहीं है। अतः **'भेद को**

सत्य मानने में किसी प्रकार की बाधा नहीं है। प्रत्युत 'भेदरूप प्रपञ्च' को मिथ्या मानने पर, 'कर्म भेद' के प्रतिपादक (१) शब्दान्तर, (२) अभ्यास, (३) संख्या, (४) संज्ञा, (५) गुणान्तर, (६) प्रकरणान्तर—प्रमाणों में 'अप्रामाण्य' कहना होगा। अभिप्राय यह है कि पूर्वमीमांसाशास्त्र के द्वितीय अध्याय में यह बताया है कि 'भविता के भवनानुकूल व्यापार को भावना कहते हैं'। 'यज्ञ' भविता (होनेवाला) है। 'यजति, ददाति, जुहोति' में 'धातु' का अर्थ—याग, दान, होम के भेदे से भिन्न-भिन्न है, किन्तु 'प्रत्यय' (ति) का अर्थ, 'भावना' (विधि-प्रेरणा) एक ही है। ऐसी स्थिति में धात्वर्थ-युक्त शब्द 'जुहोति' आदि के भेद से भिन्न-भिन्न अर्थ (कर्म) का विधान 'शब्द भेद' के कारण होता है।

तथा 'समिधो जयति, तनूनपातं यजति, इडो यजति, बर्हिर्यजति, स्वाहाकारं यजति'—यहाँ पर 'यजति' क्रिया के, 'समान' (एक) रहने पर भी 'अभ्यास' के कारण 'पाँच कर्म' माने जाते हैं।

तथा 'सप्तदशप्राजापत्यान् पशून् आलभते'—यहाँ पर 'प्रजापति' देवता के एक रहने पर भी 'सप्तदश' संख्या के कारण कर्मभेद माना जाता है।

तथा 'अथैष ज्योतिरथैष विश्वज्योतिरेतेन सहस्रदक्षिणेन यजेत' यहाँपर ज्योतिष्टोम याग से विलक्षण ज्योति अर्थात् 'विश्वज्योति' 'संज्ञा' (नाम) के कारण इस कर्म को 'ज्योतिष्टोम' से भिन्न माना गया है।

तथा 'वैश्वदेव्यामिक्षा, वाजिभ्यो वाजिनम्'—यहाँ पर 'आमिक्षा' और 'वाजिन' रूप गुण के भेद से दो भिन्न-भिन्न कर्म माने जाते हैं। तपे हुए दूध में 'दही' के डालने पर दूध फट जाता है, तब घनीभूत जो दूध का भाग है, उसे 'अमिक्षा' कहते हैं, और शेष जो जल भाग है, उसे 'वाजिन' कहते हैं।

तथा 'मासमग्निहोत्रं जुहोति' यहाँपर 'प्रकरणान्तर' रहने से यह 'मासाग्निहोत्र' कर्म, नित्याग्निहोत्र' कर्म से भिन्न है। कहा भी है—

'शब्दान्तरं धातुभेदोऽभ्यासो विधेः पुनः श्रुतिः।
उत्पत्तिस्था द्वयादिसंख्या संज्ञा चाक्रमपूर्वगम्॥
सानुपादेयसम्बन्धोऽसंनिधिः प्रक्रियान्तरम्।
इति शब्दान्तरादीनामुक्तं लक्ष्म-विचक्षणैः॥

अनुपादेय पञ्चक निम्नलिखित हैं—

'देशः कालो निमित्तञ्च फलं संस्कार्यमेव च।
मीमांसानिपुणाः प्राहुरनुपादेयपञ्चकम्॥'

यदि **'भेदरूप प्रपञ्च'** को बाधित या मिथ्या कहेंगे तो भेद अर्थात् बाधित-अर्थ के प्रतिपादक उपर्युक्त **छह प्रमाणों** (कर्म-भेदक प्रमाणों) को 'प्रमाण' कैसे कहा जायगा ? अर्थात् उन्हें **अप्रमाण** कहना होगा।

शङ्का—ऊपर बताये गये कर्म-भेदक शब्दान्तरादि छह प्रमाण, तो लोकव्यवहार में प्रसिद्ध जो 'भेद' है, उसी का अनुवाद करते हैं, अनुवादक होने से **'अपूर्वार्थ-प्रतिपादकत्वरूप प्रामाण्य'** ही उनमें नहीं है, जिसका **'भेदमिथ्यात्व'** से बाध होगा।

समा०—उक्त आशङ्का ठीक नहीं है, क्योंकि अलौकिक कर्मों का भेद भी अलौकिक ही होता है। वह लोकव्यवहार से गम्य नहीं है। वैसा वैदिक कर्म, और तज्जन्य अपूर्व (अदृष्ट) का भेद—प्राकृत लोगों को अवगत नहीं हो पाता। अतः साधारण भेद' का ज्ञान, लोकव्यवहार से होने पर भी 'अलौकिक कर्मों के भेद' का ज्ञान, लोकव्यवहार से नहीं हो सकता। यदि उसे 'लोकव्यवहार' से ही अवगत होने का दुराग्रह ही हो तो 'शब्दान्तरादि छह अधिकरणों' का आरम्भ ही न हुआ होता, किन्तु मीमांसाशास्त्र में उनके विचार को निष्फल तो कह नहीं सकते। अतः 'प्रपञ्चमिथ्यात्व' का **लक्षण** एवं **प्रमाण** दोनों ही नहीं बन पा रहे हैं। प्रत्युत 'अनुमान' तथा 'आगम' प्रमाणों के तो **'भेदरूपप्रपञ्च'** में 'सत्यत्व' ही सिद्ध हो रहा है, मिथ्यात्व नहीं। अतः 'प्रपञ्च' **'मिथ्या'** नहीं है, अपितु **'सत्य'** है।

सिद्धान्ती—इस प्रकार **पूर्वपक्ष** के उपस्थित किये जाने पर **सिद्धान्ती** के द्वारा उसका **उत्तर** दिया जाता है। **सिद्धान्ती** कहता है—**'अत्रोच्यते'**। **पूर्वपक्षी** ने कहा था कि **'मिथ्यात्व'** का लक्षण किया जाना संभव ही नहीं है। उस पर **सिद्धान्ती** कह रहा है कि **'मिथ्यात्व'** का लक्षण किया जाना **असंभव** नहीं है, क्योंकि—

'सर्वेषामपि भावानामाश्रयत्वेन संमते।
प्रतियोगित्वमत्यन्ताभावं प्रति मृषात्मता' ॥

अर्थात् 'स्वाश्रय' में रहनेवाले **अत्यन्ताभाव** का जो **प्रतियोगित्व** है, वही तो 'समस्त भाव पदार्थों' का **मिथ्यात्व** है। जैसे—'पटादि भाव पदार्थों' के आश्रय (उपादानकारणस्वरूप) जो 'तन्तु' आदि हैं, उनमें रहनेवाला (विद्यमान) जो 'अत्यन्ताभाव', उसकी **प्रतियोगिता** पटादि भाव पदार्थों में है, उस **प्रतियोगिता** को ही 'मिथ्यात्व' का लक्षण कहा जाता है। क्योंकि **'पटादि भाव पदार्थों'** की

सत्ता, अपने आश्रयभूत 'तन्तु आदि' से अन्यत्र तो संभव नहीं है, और 'कार्यरूप' होने से उस 'पट' आदि की स्वतन्त्रसत्ता हो नहीं सकती, और उसके अपने 'उपादानभूत आश्रय' में भी 'सत्ता' न रहे, तब तो हठात् गले पादुकान्याय से उन 'भाव पदार्थों' में 'मिथ्यात्व' ही सब प्रकार से सिद्ध होता है।

शङ्का—'स्वाश्रयत्वेन सम्मते उपादानकारणे स्वरूपेण विद्यमानात्यन्ता-भावप्रतियोगित्वं मिथ्यात्वम्'—इस 'आश्रयघटित लक्षण' की निराश्रय नित्य परमाणु, आकाश और काल में उस अत्यन्ताभावीयप्रतियोगिता के नहीं रहने से अव्याप्ति हो रही है। किन्तु 'अनात्मतत्त्व' के कारण उन्हें 'मिथ्या' कहा जाता है। उनमें आपका किया हुआ मिथ्यात्वलक्षण घटित न हो पाने से वह अव्याप्ति-दोष से दूषित हो गया है।

समा०—किन्तु यह शङ्का ठीक नहीं है, क्योंकि 'ब्रह्म' से भिन्न जितना भी 'प्रपञ्च' है, वह 'कार्यरूप' है। अतः व्यवहारदशा में वह, अपने 'कारण' के आश्रित ही रहता है। उसका कारणाश्रितत्व उसी प्रकार से समझना चाहिये, जैसे—कल्पित 'रजत' आदि पदार्थ, 'शुक्ति' के आश्रित माना जाता है। अतः हमारे मिथ्यात्वलक्षण की 'सत्यस्वरूप ब्रह्म' में अतिव्याप्ति भी नहीं है, क्योंकि 'सत्य ब्रह्म' तो निराश्रय है। अतः उसमें 'स्वाश्रयनिष्ठ-अत्यन्ताभाव की प्रतियोगिता' की शङ्का करना संभव ही नहीं है।

शङ्का—नैयायिक विद्वानों के द्वारा स्वीकृत, एकदेशवृत्ति 'अव्याप्यवृत्ति'-संयोग, तथा 'शब्द आदि सत्य पदार्थों' में भी आपका 'मिथ्यात्वलक्षण' घटित हो जाता है। अतः 'अर्थान्तर' दोष उपस्थित होता है।

समा०—यह शङ्का करना उचित नहीं है, क्योंकि 'संयोग', 'शब्द' आदि 'भावपदार्थ' हैं। अतः उनका और उनके 'अत्यन्ताऽभाव' का 'सामानाधिकरण्य' अर्थात् 'एक अधिकरणता' कभी हो नहीं सकती। यदि उनकी एकाधिकरणता मान ली जाय तो सभी जगह 'भाव और अभाव' की 'एकाधिकरणता' प्राप्त होगी। तब तो 'भाव और अभाव' का कहीं विरोध ही नहीं रहेगा। तब संसार से 'विरोध' नाम की वस्तु ही समाप्त हो जायगी। अर्थात् संसार में भावाऽभाव के विरोध को जलाञ्जलि देने का (त्यागने का) प्रसङ्ग आवेगा। यदि 'भाव और अभाव' में विरोध न मानने का दुराग्रह ही हो तो भी 'गोत्व, अश्वत्व-घटत्व, पटत्व आदि में विरोध का अपलाप तो कर नहीं सकते हो। अतः 'विरोध' पदार्थ

का अस्तित्व तो रहेगा ही। अतः संसार से **'विरोध'** नाम की **वस्तु ही उठ जायगी**—यह नहीं कह सकते।

उस पर हमारा कहना यह है कि **भाव** और **अभाव** का तो 'साक्षात् विरोध' हुआ करता है, और उसी विरोध के कारण अन्य पदार्थों में भी विरोध हुआ करता है। इस बात को विद्वत्समाज बराबर मानता आ रहा है। **'गोत्व** और **अश्वत्व'** का विरोध भी **'परस्परात्यन्ताभावव्याप्यत्वमूलक'** हुआ करता है।

यद्यपि **एकदेशावच्छेदेन** 'भाव और अभाव' का विरोध है, तथापि **भिन्न-देशावच्छेदेन** 'भाव और अभाव' दोनों एकत्र भी रहते हैं। इस प्रकार 'प्रदेशरूप उपाधि' के द्वारा **संयोग** और उसके **अभाव'** के विरोध का समाधान (निवारण) करने पर भी 'संयोग' रूप भाव' और उसके 'अभाव' का **भिन्नाधिकरणत्व** तो सिद्ध हो ही जाता है। ऐसी परिस्थिति में (सत्य पदार्थ में) 'मिथ्यात्व' का लक्षण कहाँ घटित हो रहा है ? और जब वहाँ घटित ही नहीं हो रहा है, तब उस लक्षण की **अतिव्याप्ति** की बात भी कैसे कही जायगी ? और **'अर्थान्तर'** भी कहाँ हो रहा है ?

एवञ्च हमारे सिद्धान्त में 'मिथ्यात्व' का जो लक्षण—**'स्वाश्रयनिष्ठ-अत्यन्ता-भावीय-प्रतियोगिता'** किया गया है, वह 'संयोग' आदि पदार्थों में भी घटित होता है। उस कारण वे 'संयोगादि पदार्थ' भी **सत्य** नहीं हैं। इसलिये **'मिथ्यात्व'** के लक्षण का अभाव (मिथ्यात्व की अनिरुक्ति = अनिर्वचन) नहीं है। उसी तरह 'मिथ्यात्व' में **प्रमाण का अभाव** (असत्त्व) भी नहीं है। क्योंकि 'अनुमान प्रमाण' से 'मिथ्यात्व' को सिद्ध किया जा सकता है। जैसे—'अवयवी'(अंशी) अवयव (अंश)-निष्ठ-अत्यन्ताभाव का प्रतियोगी है—इस प्रतिज्ञा में 'अंशित्वात्' हेतु है, अन्य अवयवी के समान। इसी को इस प्रकार स्पष्ट करते हैं—**'विमतः पटः एतत्तन्तुनिष्ठा-त्यन्ताभावप्रतियोगी, अवयवित्वात् पटान्तरवत्'** अर्थात् विवाद का विषयभूत पट, अपने आश्रयभूत तन्तुओं में विद्यमान अत्यन्ताभाव का प्रतियोगी है, अवयवी होने से, पटान्तर के समान। 'पटमात्र' को पक्ष बनाकर उसमें एतत्तन्तुनिष्ठात्यन्ता-भावप्रतियोगित्व की सिद्धि करने पर **'अर्थान्तरता'**, क्योंकि किसी भी **पटान्तर** में 'एतत्तन्तुनिष्ठत्वाभाव' रहेगा ही। अतः उसकी (अर्थान्तरता की) निवृत्ति के लिये अनुमानवाक्य में **'विमतम्'** कहा गया है। अर्थात् **पटमात्र** को पक्षकोटि में न रखकर **'पटविशेष'** को ही 'पक्ष' बनाना चाहिये। सर्वत्र इसी प्रकार **'विशेष'** को ही पक्षकोटि में रखना चाहिये। प्रस्तुत में एतत्पटारम्भक तन्तु, एतत्तन्तु' ही

हैं। 'अन्योन्याभाव' के व्यवच्छेदार्थ, अनुमानवाक्य में 'अत्यन्ताभाव' का ग्रहण किया गया है। केवल इतना ही यदि कहें कि 'तन्तुनिष्ठात्यन्ताभावप्रतियोगी', तो 'पटान्तर' को लेकर **अर्थान्तरता** होगी। तन्निवृत्त्यर्थं 'एतत्तन्तुनिष्ठ' कहा गया है। 'पटान्तर' का आरम्भ 'एतत्तन्तुओं' से नहीं है। अतः 'साध्य' सुप्रसिद्ध होने से **'अर्थान्तर'** नहीं है। पक्षकोटिप्रविष्ट 'पट' को अवयवी के रूप में मानने से 'प्रतिज्ञा और हेतु' में भी कोई विरोध नहीं है। इसी प्रकार इन तत्तत्तन्तुओं के गुण, कर्म, जाति आदि भी 'तत्तत्तन्तुनिष्ठ अत्यन्ताभाव के प्रतियोगी' हैं,' तत्तद्रूप आदि होने से, अन्य रूप-गुणादि के समान। इस प्रकार के प्रयोगों की कल्पना सर्वत्र कर लेनी चाहिये। तथाहि—**'एतद्रूपम्, एतत्तन्तुनिष्ठ–अत्यन्ताभावप्रतियोगि, रूपत्वात्, इतररूपवत्'। 'एतच्चलनम्, एतत्तन्तुनिष्ठात्यान्ताभावप्रतियोगि, चलनत्वात्, अन्यचलनवत्'**। तथा – **तन्तुत्वं, तन्तुनिष्ठात्यन्ताभावप्रतियोगि, जातित्वात्, घटवत्'**। इसी प्रकार सत्ता आदि तथा समवाय के विषय में भी समझना चाहिये। **'अयम् अन्त्यविशेषः, एतदात्मनिष्ठात्यन्ताभावप्रतियोगी, विशेषत्वात्, आत्मान्तरगतविशेषवत्'**—यह विशेष के सम्बन्ध में हो गया। एवञ्च—'मिथ्यात्व' के होने में अनुमानप्रमाण है। अतः **'मिथ्यात्वसिद्धि'** में कोई प्रमाण नहीं है, यह नहीं कह सकते।

शङ्का—उक्त अनुमान प्रयोग में 'प्रामाणिक अत्यन्ताभाव की प्रतियोगिता' को आप 'साध्य' बनाना चाह रहे हैं? अथवा 'प्रातिभासिक अत्यन्ताभाव की प्रतियोगिता' को साध्य बनाना चाह रहे हैं? इन दो पक्षों में से आप **प्रथम पक्ष** का स्वीकार इसलिये नहीं कर सकेंगे कि 'अभाव' यदि **प्रामाणिक** होगा, तब उसी के बलपर **'द्वैत'** ही सिद्ध हो जायगा, और 'प्रामाणिक अभाव' के प्रतियोगी 'घटादिभावपदार्थों' में 'प्रामाणिकता' प्राप्त हो जाने से उनमें 'मिथ्यात्व' सिद्ध नहीं हो सकेगा?

'प्रातिभासिक अभाव की प्रतियोगिता' रूप जो दूसरा पक्ष है, उसे भी आप स्वीकार नहीं कर सकते। क्योंकि **'रजत में सीसे (रांगे)** का भ्रम होने पर **'यह सीसा ही है,** रजत नहीं है'—ऐसी प्रतीति होती है। यहाँपर 'रजत' में **रजतत्व का निषेध** 'प्रातिभासिक' है उस 'प्रातिभासिक निषेध' (अत्यन्ताभाव) का प्रतियोगी होने पर भी उस 'रजतत्व' में मिथ्यात्व नहीं है। अतः **अर्थान्तरता** दोष की प्राप्ति होगी। एवञ्च ऊपर प्रदर्शित 'दोनों पक्षों' में से किसी भी पक्ष का स्वीकार आप नहीं कर सकते।

समा०—उक्त शङ्का पर **सिद्धान्ती** कहता है कि पूर्वपक्षी ने जिन आपत्तियों को प्रदर्शित कर जो एक विभीषिका उपस्थित कर दी है, वह प्रभावहीन है। क्योंकि 'अभाव' को **प्रामाणिक** मानने पर भी 'द्वैत' की सिद्धि नहीं हो सकेगी। क्योंकि 'भावरूप कोई भी द्वितीय पदार्थ' नहीं है। इस लिये **'ब्रह्म'** की 'अद्वयता' का बाध नहीं हो रहा है। **'सत्य'** का ज्ञान, केवल **'प्रमाण'** होने मात्र से नहीं होता है, अपितु **'तात्त्विक प्रमाण'** से 'सत्य' का ज्ञान होता है। जो **भावपदार्थ**, या **अभावपदार्थ**, 'केवल व्यावहारिक प्रमाणों' से जाने जाते हैं, उन 'व्यावहारिक भावपदार्थ', या 'अभावपदार्थों' से 'तात्त्विक प्रमाण' सिद्ध **पारमार्थिक 'ब्रह्म'** की 'अद्वैतता की निवृत्ति' की आशंका कैसे की जा सकेगी ?

पूर्वपक्षी ने जो यह कहा था कि 'प्रामाणिक अभाव' का 'प्रतियोगी' भी **प्रामाणिक** होता है। अतः उसमें 'मिथ्यात्व' सिद्ध नहीं हो सकेगा। किन्तु यह कहना उचित नहीं है। क्योंकि 'प्रामाणिक अभाव' का 'प्रतियोगी' **सत्य** ही होता है—यह कोई **नियम नहीं** है। अतः 'द्वैत' की प्राप्ति नहीं होगी। प्रामाणिक अभाव के प्रतियोगी की 'सत्यता उस परिस्थिति में कह सकते थे कि यदि प्रामाणिक अभाव' (निषेध) के प्रतियोगीस्वरूप 'शुक्ति-रजतसंसर्ग' की सत्ता को किसी देश, किसी काल में **अन्यथाख्यातिवादी नैयायिक** मानता होता। तथा **अख्यातिवादी प्रभाकर** के मत में संसर्गज्ञान के न हो पाने पर भी 'संसृष्टव्यवहार' से उपनीत (प्राप्त) संसर्ग के प्रामाणिक निषेध (अभाव) का प्रतियोगी, यदि प्रामाणिक माना गया होता। तथा—**विज्ञानवादी बौद्ध** के मत में बुद्धिरूप (ज्ञानरूप) जो 'रजत' है, उस रजत के आकार में आरोपित (आरोही) जो बाह्यवृत्ति (बहिष्ट्व) है, उसके 'प्रामाणिक निषेध' (अभाव) के प्रतियोगीरूप बाह्यवृत्तित्व (बहिष्ट्व) की सत्ता किसी भी देश, किसी भी काल में यदि मानी गई होती।

किन्तु **नैयायिक**, **प्रभाकर** और **बौद्ध** ये तीनों ही ऊपर वर्णित 'सत्ता' को नहीं स्वीकार करते हैं। उस कारण प्रामाणिक अभाव (निषेध) के 'प्रतियोगी' (भाव पदार्थ) को सत्य नहीं कहा जा सकता।

द्वितीय विकल्प, 'प्रातिभासिक अत्यन्ताभाव की प्रतियोगिता' का स्वीकार न करने से ही वह निरस्त हो जाता है।

यह भी नहीं कह सकते कि 'धर्मिग्राहक प्रमाण' से 'मिथ्यात्वाऽनुमान' का

बाध हो जायगा, क्योंकि किसी भी 'तात्त्विक प्रमाण' से 'धर्मी' (प्रपञ्च) की सिद्धि नहीं हो रही है।

'धर्मी की असिद्धि' सुनकर **पूर्वपक्षी** हमारे 'मिथ्यात्वानुमान' में 'आश्रयाऽसिद्धि' दोष भी नहीं दे सकता, क्योंकि 'व्यावहारिक (लौकिक) प्रमाण' से 'आश्रय' (प्रपञ्च) की सिद्धि होती है।

शङ्का—भेदवादी (पूर्वपक्षी) कहता है कि 'प्रपञ्च' (धर्मी) की सिद्धि **'तात्त्विकप्रमाण'** से नहीं है—यह कथन उचित नहीं है। 'प्रपञ्च की प्रमिति' हम **अनुमानप्रमाण** से कर सकते हैं। तथाहि—**'प्रपञ्चः तत्त्वावेदकप्रमाणविषयः धर्मित्वात् आत्मवत्'**—इस अनुमान से 'प्रपञ्च' का स्वरूप 'तात्त्विकप्रमाण' (तत्त्वबोधकप्रमाण) का विषय हो सकता है।

समा०—किन्तु यह कहना ठीक नहीं होगा। क्योंकि 'निरुपाधिक अनुमान' (हेतु) से 'साध्य' की सिद्धि हुआ करती है। उक्त अनुमान में **'आत्मत्व'** उपाधि है। 'आत्मा' में 'तात्त्विकप्रमाण' की 'विषयता' है, और 'आत्मा' में 'आत्मत्व' भी है। अतः 'आत्मत्व' में **साध्य-व्यापकता** है, और 'धर्मित्व' रूप हेतु, 'प्रपञ्च' में है, किन्तु वहाँ 'आत्मत्व' नहीं है। अतः 'आत्मत्व' में 'साधन' की अव्यापकता है। अतः **'साध्यव्यापकत्वे सति साधनाऽव्यापकत्व'** रूप 'उपाधि' का लक्षण 'आत्मत्व' में घटित हो जाता है।

यदि यह कहो कि 'आत्मत्व' की **'व्यतिरेकव्याप्ति'** की सिद्धि 'साध्य' में नहीं है, इसलिये **'उपाधि'** में 'साध्यव्यापकता' कहाँ हो रही है? अभिप्राय यह है कि 'साध्यव्यापक उपाधि' के अभाव से 'साध्याभाव' की सिद्धि होनेपर ही 'साध्यव्यापकता' का निश्चय हुआ करता है। प्रकृत में 'प्रपञ्च' तो 'पक्ष' कोटि में है। **'आत्मत्व'** तो 'पक्षेतर' स्वरूप हैं। अतः **व्यतिरेक** की सिद्धि नहीं हो पारही है।

किन्तु यह कहना ठीक नहीं होगा। क्योंकि भ्रम के कारण प्रतीत होनेवाले **'शुक्ति'रजतसंसर्ग'** में 'अनात्मत्व' (आत्मत्वाभाव) भी है, और 'तात्त्विक-प्रमाणविषयत्वाऽभाव' अर्थात् तत्त्वबोधकप्रमाण का 'अविषयत्व' भी है। इसकारण यह एक ऐसा उभयवादिसम्मत स्थल है, जहाँ **'व्यतिरेकव्याप्ति'** का निश्चय हो जाता है। अतः यहाँपर **'आत्मत्वाऽभाव'** के रहने से **'तत्त्वप्रमाणवेद्यत्व'** की प्रसिद्धि हो जाती है। दूसरी बात यह है कि 'शुक्ति-रजतसंसर्ग' रूप धर्मी में 'धर्मित्व' हेतु तो है, किन्तु 'उपाधि' नहीं है। अतः-**'धर्मित्व' हेतु** का व्यभिचार

(अव्यापकत्व) भी उपाधि' में है, इसलिये ऐसे व्यभिचरित 'हेतु' से **अभीप्सित-साध्य की सिद्धि नहीं हो सकेगी।**

शङ्का—'शुक्ति-रजतसंसर्ग' तो 'मिथ्या' है। अतः उसमें 'धर्मित्व' हेतु नहीं रह सकता।

समा०—पहिले हमें यह बताओ कि **'शुक्तिरजतसंसर्गः न धर्मी मिथ्यात्वात्'** इस अनुमान में प्रयुक्त **'मिथ्यात्व' हेतु** के प्रति 'संसर्ग' को 'धर्मी' मानते हो या नहीं ? यदि उसे उक्त 'हेतु' का 'धर्मी' मानते हो तो 'धर्मित्व' का निषेध नहीं कर सकते। यदि 'संसर्ग' को 'मिथ्यात्व' हेतु के प्रति धर्मी नहीं मानते हो, तो भी 'आश्रय' ही असिद्धि रहने से 'निषेध' का संभव ही नहीं है। क्योंकि उसमें 'मिथ्यात्व' रहने के कारण ही 'धर्मित्व' का निषेध कर रहे थे। जब 'मिथ्यात्व' धर्म ही उसमें नहीं है, तब यह मिथ्या भी नहीं है। ऐसी स्थिति में 'मिथ्यात्व' हेतु से 'धर्मित्व' का निषेध कैसे होगा ? इस व्यावहारिक प्रमाणभूत साधनादि के मानने से ही पूर्वोक्त **आक्षेप**—'प्रतीतिमात्र से सिद्ध प्रपञ्च को आश्रय माननेपर दूषण-भूषण आदि भी सर्वत्र वैसे ही सुलभ होंने लगेंगे जिससे सभी वादों का विधान, सभी का निषेध होने लगेगा, कोई व्यवस्था नहीं रहेगी'—खण्डित हो जाता है। क्योंकि 'साधन' आदि की व्यवस्था, 'व्यावहारिक प्रमाण' से ही हुआ करती है। किसी प्रकार का आक्षेप, दूषण या भूषण तो 'वादकथा' के अंग माने जाते हैं। वादी-प्रतिवादी तथा मध्यस्थलोग, एकमत होकर जिसके विषय में कह दें कि 'ये प्रमाण-सिद्ध हैं', जिनका तीन-चार कक्षा तक बाध न हो, और जो तत्तत् आभासलक्षण के लक्ष्य न बन पाये हों, उसी प्रकार के 'व्यावहारिक प्रमाण से सिद्ध पदार्थों' में ही 'व्यावहारिक सत्यत्व' माना जाता है। उन पदार्थों में 'पारमार्थिक सत्यत्व' कभी नहीं माना जाता। क्योंकि सर्वथा 'बाधरहित तत्त्व' (सत्य) को कोई भी असर्वज्ञ व्यक्ति, 'आगमप्रमाण' के सिवाय 'अन्य किसी प्रमाण' से नहीं जान सकता। 'व्यावहारिक-प्रमाण' की विषयता को ही 'व्यावहारिक-सत्य' कहते हैं।

इस कथन से ही श्री कुमारिलभट्टपाद का जो मन्तव्य है, वह भी निरस्त हो जाता है।

'संवृतेर्न तु सत्यत्वं सत्यभेदः कुतोऽन्वयम्।
सत्या चेत् संवृतिः केयं मृषा चेत् सत्यता कथम् ॥

श्रीकुमारिलभट्टपाद का कहना है कि—

सत्यत्वं न च सामान्यं मृषार्थ-परमार्थयोः।
विरोधान्नहि वृक्षत्वं सामान्यं वृक्ष-सिंहयोः॥" इति।
(श्लो. वा. ५।६–७)॥

अर्थात् बौद्धों ने **'संवृति'** (तत्त्व को आवृत करनेवाली अविद्या) को 'सत्य' कहा है, किन्तु 'संवृति' में सत्यत्व नहीं रह सकता। यदि उसको 'सामान्य सत्य' न कहकर 'सत्यविशेष' कहें, तो उसे किस प्रमाण से सिद्ध कर सकेंगे? क्योंकि 'अनेक' में कोई एक 'विशेष' होता है। जब कि 'अविद्या मात्र' एक ही है, एवञ्च श्री कुमारिलभट्ट के अनुसार 'संवृति' (अविद्या) में सत्यत्व नहीं रह सकता। तब 'विशेष' का प्रश्न ही नहीं उठता।

यदि 'संवृति' सत्य है, तब उसमें 'संवृतित्व' (मिथ्यात्व) कैसे रह पायेगा? और यदि वह 'मिथ्या' है, तो उनमें 'सत्यत्व' कैसे रहेगा? 'अर्थ'-दो प्रकार का होता है, एक-'मिथ्या अर्थ' और दूसरा 'परमार्थ', इन परस्पर विरुद्ध पदार्थों (वस्तुओं) में 'सत्यत्वजाति' नहीं रहेगी, क्योंकि विरोध है। जैसे-वृक्ष और सिंह इन विरुद्ध पदार्थों में 'वृक्षत्व' जाति नहीं रहती। एवञ्च श्री कुमारिलभट्टपाद ने जो कहा कि 'अविद्या' में सत्यता नहीं है, अर्थात् उसमें असत्यता ही है',—इस कथन का खण्डन हो गया।

वेदान्तसिद्धान्त के अनुसार तो 'मिथ्या (असत्य) प्रपञ्च' में ही लौकिक-वैदिकव्यवहार की अंगता होने से 'देह' में जैसे 'आत्मत्व' का व्यवहार किया जाता है, वैसे ही 'प्रपञ्च' में सत्यत्व का व्यवहार तभी तक होता है जब तक उसका बाध न हो। अतः 'अविधा' को व्यावहारिकरूप से 'सत्य', और पारमार्थिक रूप से 'असत्य' कहा गया है। एवञ्च दृष्टिकोण की भिन्नता से 'प्रपञ्च' को **सत्य** और **असत्य** कहा जाता है। इसलिये कोई विरोध नहीं है।

उक्त **'अंशित्व'** (अवयवित्व) हेतु **'असिद्ध'** भी नहीं है, क्योंकि 'पट' के **अवयवित्व** (अंशित्व) में किसी का वैमत्य नहीं है। **'हेतु'** में 'विरुद्ध' दोष भी नहीं है। क्योंकि **'एतत्तन्तुवृत्ति (एतत्तन्तुनिष्ठ) अत्यन्ताभाव'** के 'अप्रतियोगी' **विभु आत्मा** (विपक्ष) में **अवयवित्व** (अंशित्व) रूप 'हेतु' नहीं रहता है। **'हेतु'** में विरुद्धदोष' तभी आता है, जब वह **'विपक्ष'** में वृत्ति हो, ('विपक्ष' में रहता हो), यानी 'साध्याभाव' का साधक हो, तभी उसको **'विरुद्ध'** कहते हैं।

विपक्ष (निश्चितसाध्याभाववान्) से पृथक् रहने के कारण ही (विपक्षाऽवृत्ति होने से ही) वह 'हेतु' **अनैकान्तिक** (व्यभिचारी) भी नहीं है।

शङ्का—'इह तन्तुषु पटः'-इन तन्तुओं में पट है—इस 'प्रत्यक्ष' प्रमाण से ही 'तन्तुओं' में 'वृत्तितारूप' से 'पट' का ज्ञान होता है। अतः उक्त अनुमान का विषय (साध्य), 'प्रत्यक्ष प्रमाण' के द्वारा अपहृत हो जाता है। इसलिये **पटाभावरूप** 'साध्य' का बाध होता है। एवञ्च **हेतु** (अनुमान) में 'कालात्ययापदिष्टता' (बाध) प्राप्त होती है। अर्थात् 'हेतु' **बाधित** हो जाता है। उस **बाधित हेतु** से 'साध्य' की सिद्धि नहीं हो सकेगी।

समा०—किन्तु यह आक्षेप करना ठीक नहीं है। क्योंकि 'पट' में 'एतत्तन्तुनिष्ठ—अत्यन्ताभाव की प्रतियोगिता' को स्वीकार करने वाला, 'इह तन्तुषु पटः'—इन तन्तुओं में पट है—इस 'प्रत्यक्ष' को प्रमाण नहीं मानता। अतः जैसे—'इह नभसि नीलिमा'-इस आकाश में नीलिमा है—इत्याकारक 'प्रत्यक्ष' का विरोध रहने पर भी उसका बाधकर के **'आकाशम् अरूपि विभुत्वात् आत्मवत्'**—आकाश रूपरहित है, विभु होने से आत्मा के समान—यह 'अरूपित्वानुमान' किया ही जाता है, उसीप्रकार प्रकृत में भी 'मिथ्यात्वानुमान' की प्रवृत्ति हो सकती है।

शङ्का—इस पर पूर्वपक्षी कहता है कि इस तरह से तो **'अग्निः शीतलः पदार्थत्वात् हिमवत्'** इत्याकारक अग्नि में शीतलता का अनुमान भी अकुण्ठितगति से प्रवृत्त होने लगेगा। तब तो बाध (कालात्ययापदिष्ट) संज्ञक हेत्वाभास की चर्चा ही संसार से लुप्त हो जायगी।

समा०—ऐसी शंका नहीं होनी चाहिये। क्योंकि जहाँ 'विरोधी कोई 'प्रमाण', जो दोनों पक्षों को मान्य होगा, उसके उपस्थित रहने पर **'बाध'** संज्ञक हेत्वाभास की चर्चा निरङ्कुशगति से चलेगी, उसे कौन रोक सकेगा ?

प्रकृत **'मिथ्यात्वानुमान'** में वैसा उभयपक्ष सम्मत प्रबल विरोधी प्रमाण' तो कोई उपस्थित नहीं है, तब 'बाध' की प्रवृत्ति कैसे होगी ? इस प्रकार 'प्रत्यक्षविरोध' का निराकरण हो जाने से ही **'प्रपञ्चः सत्यः, प्रमाणसिद्धत्वात्'**—यह प्रत्यनुमान (सत्प्रतिपक्ष) भी निरस्त हो जाता है। क्योंकि **'प्रमाणसिद्धत्वात्'** यह हेतु ही 'असिद्ध' है।

दूसरी बात यह है कि जिस 'प्रपञ्च' के सत्यत्व में 'नभनीलिमाप्रत्यक्ष' की समानता के कारण 'प्रत्यक्षप्रमाण' भी 'तत्त्वावेदकप्रमाण' नहीं बन सका, वहाँ 'प्रत्यक्षपादोपजीवी' (प्रत्यक्ष के अधीन) वराक (बेचारा) अनुमान' को प्रमाण

कैसे कहा जायगा ? अर्थात् **'अनुमान'** भी 'प्रपञ्च की सत्यता' का बोध नहीं करा सकता।

भेद की सत्यता सिद्ध करने के लिये जो—अनुमान **'अयं घटः एतद्घटत्वेसति एतन्निष्ठबाध्यभेदातिरिक्तभेदाधिकरणं भवति, द्रव्यत्वात् पटवत्'**—पहले कहा था कि 'इस घट' में 'द्रव्यत्व' के होने से 'घटनिष्ठबाध्यभेद से अतिरिक्त भेद है—यह तो **'अयं घटः एतद्घटत्वेसति एतन्निष्ठबाध्यभेदत्वानधिकरणभेदाधिकरणं न भवति द्रव्यत्वात् पटवत्'**—इस अनुमान से सत्प्रतिपक्षित हो जाता है। तथा अद्वैत–प्रतिपादकश्रुति का विरोध रहने से भी बाधित है। अतः उपेक्षा करने योग्य है।

शङ्का—'मृत्तिकेत्येव सत्यम्' इत्यादि श्रुतिवचनों से 'प्रपञ्च' की सत्यता का ज्ञान स्पष्टतया हो रहा है। इसलिये 'अद्वैतप्रतिपादकश्रुति' को ही गौणार्थक (अन्यार्थपरक यानी उपचरितार्थक) क्यों न मान लिया जाय ?

समा०—ऐसा नहीं मान सकते। क्योंकि 'मृत्तिकेत्येव सत्यम्' इस श्रुतिवचन का तात्पर्य, मृत्तिका आदि 'प्रपञ्च की सत्यता' के प्रतिपादन में नहीं है, अपितु उसका तात्पर्य, 'किसी अन्य अर्थ में' है। वह अन्य अर्थ यह है कि—**'एकविज्ञानेन सर्वविज्ञानं'**—एक के जान लेने से सब का ज्ञान हो जाता है—यह प्रतिज्ञा करके **'ब्रह्म'** ही 'यच्च–यावत् समस्त प्रपञ्च' का 'कारण' होने से वह, 'सम्पूर्ण कार्यरूप प्रपञ्च' से अनन्य (अभिन्न) है, यह प्रदर्शित करते हुए उक्त प्रतिज्ञा के उपपादनार्थ, लोकव्यवहार में प्रसिद्ध 'घट, रुचकादि सुवर्णालंकार' आदि 'कार्यों' का, मृत्तिका. सुवर्ण, लोह' आदि कारणों से **'मृत्तिकेत्येव सत्यम्', 'त्रीणि रूपाण्येव सत्यम्'** इत्यादि श्रुतिवचनों के द्वारा **'अनन्यत्व'** (अभिन्नता) बताया गया है, न कि 'मृत्तिका आदि' की सत्यता। **भगवती श्रुति** को 'मृत्तिका आदि प्रपञ्च' की **सत्यता** अभिप्रेत नहीं है। क्योंकि यदि उसे 'मृत्तिका आदि' की सत्यता ही बतानी होती तो वह **'ऐतदात्म्यमिदं सर्वं तत्सत्यं स आत्मा'** (छां. उ. ६।८।७)—एतद्रूप ही यह सब है। वह सत्य है। वह आत्मा है—इन वचनों को न कहती। उसने तो इन वचनों के द्वारा **'ब्रह्म'** की ही सत्यता का प्रतिपादन किया है। 'प्रपञ्चरूप मृत्तिका' आदि की सत्यता मानने पर, **'ब्रह्म'** मात्र की सत्यता का प्रतिपादन उसके विरुद्ध होगा। एवञ्च **'मृत्तिकेत्येव सत्यम्'** इत्यादि श्रुति वचनों को 'गौणार्थपरक' (अन्यार्थपरक) मानने से हमारे 'मिथ्यात्वानुमान' के साथ पूर्वपक्षी के द्वारा प्रदर्शित 'आगमवचन' (श्रुतिवचन) के विरोध का भी निरसन हो जाता है।

किञ्च 'प्रपञ्चसत्यत्व' का अनुमान करने में **'दृक्-दृश्यसम्बन्ध'** (ज्ञान और विषय का सम्बन्ध) की अनुपपत्ति भी बाधक होती है। **पूर्वपक्षी** ने जो यह कहा था कि 'इन्द्रियों (करणों) के सन्निकर्ष' से ही 'दृग्-दृश्यसम्बन्ध' (ज्ञान-विषय-सम्बन्ध) की उत्पत्ति हो जायगी, किन्तु पूर्वपक्षी का उक्त कथन उचित नहीं है। क्योंकि **ईश्वर के ज्ञान** में 'विषय' का प्रकाश (स्फुरण) तो होता ही है। अतः उसके ज्ञान का 'विषय' के साथ सम्बन्ध मानना ही होगा, किन्तु ईश्वर का ज्ञान **'इन्द्रिय-जन्य'** नहीं हुआ करता। इसलिये वहाँ **'इन्द्रिय-सम्बन्ध'** का होना कदापि संभव नहीं है।

योगियों का ज्ञान यद्यपि इन्द्रिय (करण) जन्य होता है, तथापि जब उनकी युक्त (समाहित) अवस्था रहती है, उस समय 'इन्द्रिय' (अन्तः करण) से असम्बद्ध 'भूत-भविष्यत् बाह्य विषयों' का ज्ञान उन्हें होता रहता है। अतः उस समय उनके ज्ञान का तत्तद् विषयों के साथ सम्बन्ध मानना ही होगा। **तार्किक विद्वान्** उस स्फुरण (ज्ञान) को **'आत्ममनःसंयोग'** मात्र से स्वीकार करते हैं। इसलिये 'युक्त योगियों' को भी 'इन्द्रियसम्बन्ध' के बिना ही ज्ञान होता है— यह कहना होगा। क्योंकि 'भूत-भविष्यत्कालिक पदार्थों' के विद्यमान न रहने से उनके साथ सम्बन्ध नहीं हो सकता, और बाह्य पदार्थ के साथ 'मन' का सम्बन्ध, इन्द्रियों के बिना नहीं होता, क्योंकि बाह्यविषय के ज्ञान में **'मन'**, **इन्द्रियों** के अधीन रहता है।

उसी तरह हम जैसे **साधारण लोगों** को इन्द्रियों से होने वाले 'भ्रमात्मक ज्ञान' में भी इन्द्रिय से असम्बद्ध विषय (वस्तु) का ही स्फुरण हुआ करता है।

तथा हम लोगों के **'सोऽयं देवदत्तः'**—यही वह देवदत्त है—इत्यादि प्रमाण-जन्य ज्ञान' (प्रत्यभिज्ञा) में भी **इन्द्रिय से** असम्बद्ध **'तत्ता'** अंश का स्फुरण होता ही है, अर्थात् 'पूर्वदेश—कालसम्बन्ध' का प्रत्यक्ष माना ही जाता है। यदि यह कहें कि **'तत्ता'** अंश के साथ भी 'इन्द्रिय' का 'स्व-संयुक्त (इन्द्रिय-संयुक्त) विशेषणता' सन्निकर्ष (सम्बन्ध) हैं।

किन्तु यह कहना ठीक नहीं होगा, क्योंकि **'समवाय'** से भिन्न (समवायेतर) 'भाव पदार्थ' का 'इन्द्रिय-सन्निकर्ष' के बिना भी यदि 'प्रत्यक्ष' होना स्वीकार किया जाय, तो **'अयं पर्वतोऽग्निमान्'**—यह पर्वत अग्निमान् है—यहाँ पर भी 'अग्निमत्व' का 'संयुक्त-विशेषणतासन्निकर्ष' से 'प्रत्यक्ष' ही हो जायगा। अर्थात् चक्षु से संयुक्त 'पर्वत' और उसका विशेषण 'अग्नि' इत्याकारक सम्बन्ध है।

तब 'प्रत्यक्षधर्मी' (प्रत्यक्षपक्षक) अनुमान मात्र का उच्छेद (अभाव) ही हो जायगा।

इस पर **पूर्वपक्षी** पुनः प्रकारान्तर से कह रहा है कि—

'अन्य सम्बन्ध' यदि नहीं बन पा रहा है तो 'ज्ञान और ज्ञेय' का **'विषय-विषयिभाव'** सम्बन्ध मान लीजिये।

किन्तु यह कहना भी ठीक नहीं है, क्योंकि **'विषय-विषयिभाव'** की ही सिद्धि अभी नहीं हो पाई है। पहले यह विचारना होगा कि 'विषयत्व' और 'विषयित्व' क्या है ? क्या **ज्ञानजन्यफलाधारत्वं विषयत्वम्** ? और **'विषयनिष्ठ-ज्ञान-जनकत्वं विषयित्वम्'** है ? किन्तु इस प्रकार से 'विषयत्व और विषयित्व' का स्वरूप-निरूपण करना तो ठीक नहीं होगा। क्योंकि ऐसा स्वरूप निर्धारण करने पर जिज्ञासा होगी कि **'ज्ञानजन्य फल'** क्या है ? क्या **'ज्ञातता'** को 'फल' कहें, या **'व्यवहार'** को फल कहें ? 'ज्ञातता' (प्राकट्य) को तो 'फल' नहीं कह सकते, क्योंकि 'ज्ञातता' को 'फल मानने पर **'अतीत,** पदार्थों में 'ज्ञानजन्य-ज्ञातता' के अभाव से 'अविषयत्व' ('विषयत्व' का अभाव) होगा। किन्तु **अतीतादि पदार्थ भी** 'ज्ञान' के 'विषय' तो हुआ करते हैं। **अभिप्राय** यह है कि 'अतीत-पदार्थ' का ज्ञान 'वर्तमानकाल' में हो रहा है। वर्तमानकाल में होनेवाले ज्ञान की 'विषयता', **'अतीतपदार्थ'** में तभी हो सकेगी, जब 'वर्तमानकालिकज्ञान' से जन्य, 'ज्ञातता' रूप **फल** के वे 'आधार' (अधिकरण = आश्रय) बनें। किन्तु **अतीतादि पदार्थ,** जो इस वर्तमानकाल में विद्यमान ही नहीं है, वे 'वर्तमानकालिक ज्ञान'-जन्य फल के आधार कैसे हो सकेंगे ? एवञ्च 'अतीतादि पदार्थों' में **'ज्ञानजन्य-ज्ञाततारूप फल'** की 'आधारता' (आश्रयता) न रहने से उनमें 'विषयत्व' नहीं रह सकता। **दूसरी बात** यह है कि **'घटज्ञान' अपने 'फल' को 'घट' ही में उत्पन्न करता है**—ऐसा कोई नियम भी नहीं है। अर्थात् 'ज्ञान-ज्ञेय' का कोई सम्बन्ध हो तो, उसे 'फल की उत्पत्ति में 'नियामक' भी कहा जा सकता है। किन्तु वह सम्बन्ध ही तो अनिरूप्य है। अतः अतीतपदार्थ के विद्यमान न रहने से और किसी नियामक के न रहने से भी फलाधारतारूप 'विषयत्व' उस अतीत पदार्थ में नहीं रह सकता। अर्थात् वर्तमानकाल में होनेवाले अतीतविषयक ज्ञान की 'विषयता' अतीत पदार्थों में तभी हो पायेगी, जब उस ज्ञान से उत्पन्न होने वाली (जन्य) 'ज्ञातता' (ज्ञान का फल) की आधारता उन अतीत पदार्थों में रहे। किन्तु जो पदार्थ विद्यमान ही नहीं है, वह उस फल (ज्ञातता) का आधार कैसे

बन पायेगा ? इसलिये अतीतपदार्थ में 'ज्ञान जन्यज्ञाततारूप फल की आधारता न रहने से उसमें ज्ञान की विषयता नहीं बन सकेगी।

किञ्च—कोई भी ज्ञान, अपने 'ज्ञाततारूपफल' को उसी विषय पर उत्पन्न करे—ऐसा विधान करनेवाला कोई नियामक भी नहीं है। यदि किसी को नियामक कह दें तो वही 'विषयता' का भी नियामक हो जायगा। तब 'ज्ञानजन्य-ज्ञातता' (फल) की कल्पना करने की आवश्यकता ही नहीं है। एवञ्च ज्ञानजन्य फल, 'ज्ञातता' रूप नहीं है।

अब द्वितीय पक्ष का भी विचार कर लिया जाय। ज्ञानजन्यफल को 'व्यवहार'-रूप यदि माना जाय तो वह भी ठीक नहीं होगा। क्योंकि वह 'व्यवहार', यथा 'आकर्षण' आदि है अथवा 'इच्छा' आदि है ? दोनों ही प्रकार का व्यवहार नहीं बन सकता। क्योंकि 'आत्मा' आदि विभु पदार्थों के ज्ञान से उनमें (आत्मादि विभु पदार्थों में) आकर्षणादि व्यवहार नहीं हो पाता है, तब उन विभु पदार्थों में ज्ञान की 'विषयता' कैसे बनेगी ? और 'रजत' (कलधौत) के आकर्षणादि (हिलाने-चलाने) से 'रजत में बैठे हुए मल में भी आकर्षणादि (हल-चल) व्यवहार नान्तरीयकरूप से (अनिवार्यरूप से) होता है, तब 'रजतज्ञानजन्य आकर्षणादि व्यवहार का आश्रय 'रजतगत मल' भी है। अतः उस 'मल' में भी 'रजतज्ञान' की 'विषयता' प्राप्त होगी।

उसी तरह 'इच्छा' रूप व्यवहार भी नहीं बन सकता। क्योंकि 'इच्छा' रूप व्यवहार का आधार (आश्रय) 'आत्मा' ही होता है। अतः 'आत्मा' से अन्य (भिन्न) पदार्थों में 'विषयता' नहीं बन सकेगी।

इसपर पूर्वपक्षी कहता है कि जिस ज्ञान से उत्पन्न (जन्य) अर्थात् 'ज्ञान-प्रतिबद्ध' (ज्ञाननिमित्तकज्ञानजन्य) जो हानोपादानादि का ज्ञान, उसका जो विषय होता है, अथवा हानोपादानादि की योग्यता का जो विषय होता है, उस को ही 'प्रथमज्ञान' का 'विषय' कहा जाय।

किन्तु यह कहना भी उचित नहीं है। क्योंकि हानोपादानादिज्ञान की 'विषयता' का निर्णय होनेपर ही 'प्रथमज्ञान' की 'विषयता' का निश्चय होगा। अभी तो 'विषयता' ही निरूप्यमाण (असिद्ध) है। इस प्रकार 'ज्ञानविषयता' की सिद्धि के लिये 'हानोपादानादिज्ञानविषयता' को स्वीकार करनेपर अर्थात् 'ज्ञानविषयता' के निरूपण में 'ज्ञानविषयता' की अपेक्षा रहने से 'आत्माश्रयदोष' होता है, क्योंकि

दोनों 'विषयता' एकस्वरूप हैं। एकस्वरूप न मानकर दोनों विषयताओं में 'भेद' कहें तो 'अन्योन्याश्रयदोष' होगा।

इसी प्रकार पुनः एक प्रश्न उत्पन्न हो सकता है कि 'हानोपादानादिज्ञान' अपनी विषयता की उपपत्ति के लिये दूसरे हानोपादानादिज्ञानों के उत्पादक (जनक) होते हैं या नहीं ? यदि नहीं होते हैं, तो वे निर्विषयक हो जायेंगे। क्योंकि हानोपादानादिज्ञानों की 'विषयता' कहीं है ही नहीं। हानोपादानादिज्ञान के जनक (उत्पादक) ज्ञान ही सविषयक हुआ करते हैं।

यदि प्रथमोत्पन्न हानोपादानादिज्ञान अपने को सविषयक बनाने के लिये अन्य (दूसरे) हानोपादानादिज्ञान को उत्पन्न करता है, तो दूसरा भी तीसरे ज्ञान को और तीसरा चौथे ज्ञान को उत्पन्न करेगा। इस प्रकार के उत्पादन का कभी विराम ही नहीं हो पायगा। इस प्रकार हानोपादानादिज्ञानों के अनुपरम (असमाप्ति) से 'विषयान्तर' में 'मन' का संचार (प्रवृत्ति) ही नहीं होगा, और न कभी 'सुषुप्ति' ही होगी। क्योंकि एकविषय के हानोपादानादिज्ञानों की 'धारा' सतत चलती ही रहेगी, और 'व्यवहारयोग्यता' रूप 'विषयत्व' मानने पर उस 'व्यवहारयोग्यता' में 'दूसरी योग्यता है, या नहीं ? क्योंकि 'व्यवहारयोग्यता' का भी ज्ञान होने से, उसमें 'व्यहारयोग्यत्व' मानना होगा। तब अनवस्था होगी, और 'योग्यता' में दूसरी 'योग्यता' के न मानने पर 'योग्यता' में 'विषयत्वाभाव' होगा, अर्थात् योग्यता' में ज्ञान' की विषयता सिद्ध नहीं होगी।

महामीमांसक प्रभाकर के शिष्य श्री शालिकनाथ मिश्र का कहना है कि 'विषयता' के निर्णयार्थ किसी लक्षण को धूण्ढने की आवश्यकता नहीं है। 'विषयता' का ज्ञान तो बहुत सरलता से हो सकता है—**'यस्यां संविदि योऽर्थोऽवभासते सोऽर्थस्तस्याः संविदो विषयः'**—जिस ज्ञान (संविद्) में जो अर्थ (पदार्थ = वस्तु) अवभासित (अनुभूत होता है, वही (पदार्थ), उस ज्ञान का 'विषय' होता है। एवञ्च—'ज्ञान' में भासमानत्व (प्रकाशमानत्व) ही 'विषयता' (विषयत्व) का सरल लक्षण है। श्रीशालिकनाथ ने अपनी प्रकरणपञ्चिका में कहा है—

> 'अत्र ब्रूमो य एवार्थो यस्यां संविदि भासते।
> वेद्यः स एव नान्यद्धि वेद्याऽवेद्यस्य लक्षणम् ॥'

किन्तु यह कथन भी उचित प्रतीत नहीं हो रहा है। क्योंकि **'संविदि'** यह सप्तमीविभक्त्यन्त पद है। यहाँ 'सप्तमी' विभक्ति से आपको क्या विवक्षित है ?—(१) क्या **अधिकरण** विवक्षित है ? अथवा (२) **विषय** विवक्षित **है** ? अथवा (३) **सम्बन्धिमात्र** विवक्षित है ? अथवा (४) **'सति'** के अर्थ में सप्तमी है ? यानी 'सतिसप्तमी' है। उक्त लक्षण से इन विकल्पों के उत्तर नहीं दिये जा सकेंगे। क्योंकि प्रथम विकल्प का स्वीकार इसलिये नहीं कर सकते कि 'संविदि' इस सप्तम्यन्त का अर्थ होगा—**'संविद्रूप** अधिकरण में'। किन्तु यह संभव नहीं हो पायगा, क्योंकि 'घट-पटादि' पदार्थ तो **बाह्य द्रव्य हैं,** और **'संविद्' आभ्यन्तर** गुण हैं। इसलिये घट-पटादि बाह्यद्रव्यों की जो अधिकरणता है, वह **आभ्यन्तर-**वृत्ति 'संविद्' रूप 'गुण' में कैसे बन पायगी ? 'संविद्रूप अधिकरण' में जो रहेगा, वह उसका 'विषय' कहलायेगा। गुण, कर्म, सामान्य, विशेष की भी अधिकरणता 'संवित्' (ज्ञान) में नहीं होगी। अतः लक्षण की अव्याप्ति है। एवञ्च प्रथम विकल्प ठीक नहीं है।

'ज्ञानविषयत्व' रूप द्वितीय पक्ष भी ठीक नहीं है। क्योंकि अभी वह **'विषयत्व'** ही निरूप्यमाण (विचारणीय = असिद्ध) है। उसीकी सिद्धि के लिये 'विषयत्व' को प्रदर्शित करते हैं तो **'आत्माश्रय'** दोष प्राप्त होता है। यदि **'मुक्तौकामना'** में 'विषयसप्तमी' मानकर 'मुक्तिविषयिणी कामना' अर्थ किया जाता है, उसीतरह **'संविदिघटः'** में भी विषयसप्तमी मानकर 'संविदि घटः' का अर्थ **'संविद्विषयक घट'** होगा। तब 'सम्विद्' में **विषयत्व** और 'घट' में **विषयित्व** के प्राप्त हो जाने से तो **'विषय-विषयिभावसम्बन्ध'** उलटा ही हो जायगा। क्योंकि **'सप्तमी'** विभक्ति का अर्थ 'विषयत्व' है, वह सप्तम्यर्थसम्बन्धी 'सम्विद्' में भासित होगा।

उसीतरह **तृतीय** (सम्बन्धिमात्र) **पक्ष** भी ठीक नहीं है। क्योंकि 'घट' आदि पदार्थज्ञान के सम्बन्धी, 'नेत्र, अदृष्ट' आदि भी होते हैं। क्योंकि वे 'अपना ज्ञान' कराने में कारण होते हैं। इसलिये वे सभी अपने-अपने 'ज्ञान' के 'विषय' कहाने लगेंगे, तब **'अतिव्याप्ति'** होगी।

इसपर यदि कोई यह कहे कि **'सम्विदि'** में 'सप्तमी से यद्यपि **'सम्बन्धिमात्र'** प्रतीत होता है, तथापि **'संविदि भासते'** कहने से **'भासमानता'** भी 'विषय' का विशेषण होकर प्रतीत होती है। **अभिप्राय** यह है कि **'सप्तमी'** का अर्थ तो **'सम्बन्धिमात्र'** ही है, किन्तु केवल 'सम्बन्धी' विषय न होकर **'भासमान-सम्बन्धी'**

को 'विषय' समझना चाहिये। 'नेत्र, अदृष्ट' आदि, 'घट' के 'सम्बन्धी होनेपर' भी, वे, **'घटज्ञान'** में भासमान नहीं हुआ करते। अतः उनमें 'विषयता' की अतिव्याप्ति नहीं है। 'सम्विद्' (ज्ञान) का 'विषय' बनने के लिये **'पदार्थ'** को संविद् में भासमान होते हुए उसका (संविद् का) सम्बन्धी होना आवश्यक है। तभी वह पदार्थ 'संविद्' का विषय बन पाता है।

किन्तु यह कहना ठीक नहीं है। क्योंकि भासमानत्व (भानविषयत्व = ज्ञान-विषयत्व) तो अभी 'निरूप्यमाण' है, अभीतक उसका 'निरूपण' ही नहीं हो पारहा है। अतः **आत्माश्रय** दोष होगा। इसलिये तृतीयपक्ष ठीक नहीं है।

इसीतरह **चतुर्थ** (सति सप्तमी) पक्ष भी ठीक नहीं है। क्योंकि इस पक्ष में भी यह अर्थ होगा कि 'जिस-ज्ञान' के रहते जो 'अर्थ' भासता है, **वही अर्थ**, 'उस ज्ञान' का 'विषय' होता है, किन्तु **'भासमानत्व'** का अभी निर्णय (निरुक्ति) ही नहीं हुआ है, इसलिये **'आत्माश्रयता'** दोष प्राप्त होगा। यदि यह कहें कि 'ज्ञान' के रहते 'अर्थ' का **व्यवहारयोग्यत्व** होना ही 'भासमानत्व' है, तो यह भी ठीक नहीं होगा। क्योंकि 'योग्यता' में पूर्वोक्त दूषण की पुनः प्राप्ति होगी।

बौद्धदार्शनिकों का कथन है कि जैसे **'घटज्ञानम्'** इत्याकारक ज्ञानगत 'आकार' के 'समर्थक हेतु' को उस ज्ञान का 'विषय' कहा जाय अर्थात् **'ज्ञानाकारार्पको हेतुर्विषयः'**। तब 'विषय-विषयिभाव' ठीक बन जायगा।

किन्तु यह कहना भी ठीक नहीं होगा। **'ज्ञान'** और **'ज्ञानगत आकार'** दोनों में कोई भी 'भेद' न रहने से (दोनों के एक रहने से) ज्ञानोत्पत्ति में हेतुभूत **'नयनादि'** सभी में 'ज्ञानगत आकार' की समर्पणक्षमता रहने से (ज्ञानाकार-समर्पकता रहने से) 'विषयता' होने लगेगी।

उक्त विपत्ति को दूर करने के लिये यदि यह कहें कि **'दृश्यमान'** होकर जो आकारसमर्पक होता हो, उसे 'विषय' कहेंगे। अर्थात् उसे ज्ञान का 'विषय' कहेंगे। तब 'नयन (नेत्र) आदि', जो ज्ञानहेतु हैं, उनमें 'विषयता' की प्राप्ति न होने से **अतिव्याप्ति** नहीं होगी।

यह कहनेपर भी सुलझना तो दूर रहा, और अधिक उलझन पैदा हो रही है, क्योंकि **जिसके बलपर** तुम 'विषयता' का निर्धारण करने की सोच रहे हो वह **'दृश्यमानता'** ही तो अभी सिद्ध नहीं है, अर्थात् उसीका अभीतक निरूपण नहीं हो पाया है।

यदि **'ज्ञानकर्मत्वं विषयत्वम्'** अर्थात् 'ज्ञान के फल' को ही 'विषय' कहें, तो वह भी ठीक नहीं है, क्योंकि अतीत और भविष्यत् के ज्ञान में और ईश्वरज्ञान में 'कर्मकारक' की जन्यता न रहने से 'उन ज्ञानों' में **निर्विषयता** प्राप्त होगी। **अभिप्राय** यह है—एक **कारकविशेष** को 'कर्म' कहते हैं। जैसे कर्त्ता, करण, सम्प्रदान आदि 'कारकविशेष' होते हैं। 'कारक' का अर्थ होता है—**'कारण-विशेष'**। 'कारण' वही होता है, जो अपने 'कार्य' से अव्यवहितपूर्व विद्यमान रहकर उसका (कार्य का) जनक (उत्पादक) होता है। ऐसी स्थिति में 'अतीत (भूत), भावी (भविष्यत्) पदार्थ' (विषय = वस्तु), अपने ज्ञान के अव्यवहित-पूर्व न रहने से, वे, 'ज्ञान' के **कर्म** नहीं हो सकते। इसलिये उनमें उक्त लक्षण की अव्याप्ति हो रही है। उसीप्रकार 'ईश्वर का ज्ञान' नित्य रहने से कोई भी विषय (पदार्थ = वस्तु), उसका (ईश्वरीयज्ञान का) जनक नहीं है। अर्थात् 'कर्मकारक' को ईश्वरीयज्ञान का जनक, नहीं कह सकते। अतः ये 'दोनों ज्ञान', कर्मरहित होने से 'निर्विषय' कहे जायेंगे। तब उन ज्ञानों के विषयों में उक्त लक्षण की अव्याप्ति होगी।

उक्त दोषों से बचने के लिये यदि यह कल्पना करें कि **'सम्बन्धान्तरेण ज्ञानस्य यद्विशेषणं स तद्विषयः, विशेष्यश्च तेन विषयी'**—अर्थात् 'संयोग, समवाय' आदि-सम्बन्धान्तर के बिना जो पदार्थ, जिस 'ज्ञान' का **विशेषण** बनता है, वह पदार्थ, 'उस ज्ञान' का **'विषय'**, और 'विशेष्य' (ज्ञान), उसका **विषयी** होता है, अर्थात् उस विषय का प्रकाशक होता है।

किन्तु यह कथन भी ठीक नहीं है। क्योंकि **'मत्समवेतं रूपज्ञानमस्ति'** अर्थात् मुझमें समवेत रूपज्ञान है—यहाँ पर 'समवाय' में उक्त लक्षण का व्यभिचार (अतिव्याप्ति) है। क्योंकि 'ज्ञान' में **समवायविशिष्टता** के रहने से 'ज्ञान' का विशेषण 'समवाय' है। यहाँ पर सम्बन्धान्तर के बिना ही **'मत्समवाय'** और **'रूपज्ञान'** का 'विशेषण-विशेष्यभाव' हो रहा है। किन्तु 'मत्समवाय' और 'रूपज्ञान' में 'विषय-विषयिभाव' नहीं है। अतः 'अलक्ष्य' में लक्षण के चले जाने से **'अतिव्याप्ति'** हो रही है।

इसपर यदि यह कहें कि **'मुझ में रूपज्ञान समवेत है'**-इस **'अनुव्यवसाय-ज्ञान'** का विषय **'व्यवसायज्ञान'** (प्रथमज्ञान) होता है, क्योंकि **'समवायसहित व्यवसायज्ञान'**, 'अनुव्यवसायज्ञान' का विषय होता ही है, तथापि 'अनुव्यवसाय' का विषय होनेपर भी जिस 'व्यवसायज्ञान' का **वह समवाय** 'विशेषण' रहता है,

उस 'रूपज्ञान' का 'वह समवाय', **विशेषण** कहलायगा, 'विषय' नहीं कहलायगा। अर्थात् उस 'रूपज्ञान' का 'वह समवाय' 'विषय' नहीं होगा। इसरीति से 'विषय-विषयिभाव' का निरूपण नहीं बन पारहा है। इसकारण **'प्रपञ्च'** की 'आत्मा' में 'अध्यस्तरूप' से सिद्धि, 'प्रपञ्च को सत्यमाननेवालों' के मत में नहीं है। अतः 'प्रपञ्च की सत्यता' में 'उसके (प्रपञ्च के) दृश्यत्व' की **अनुपपत्ति** ही बाधक है, यही स्थिर रहा।

यह जो कहा गया था कि **भेद को मिथ्या** मानने पर 'कर्मभेद के प्रतिपादक **शब्दान्तरादि प्रमाण'** अप्रमाण कहलाएँगे, वह भी उचित नहीं है। क्योंकि 'घट-पट' आदि के समान 'कर्मविषयक व्यावहारिक भेदमात्र' को ही तत्तत् स्थानों में **'शब्दान्तरादि प्रमाणों'** के द्वारा बताया गया है। वे शब्दान्तरादि प्रमाण' 'कर्मों' के 'सर्वथा अबाध्य (पारमार्थिक) भेद' को नहीं बताते। वे शब्दान्तरादिप्रमाण, कर्मों के अबाध्य भेद को बताने में उदासीन हैं। अर्थात् 'सत्यता के प्रतिपादन' में उनका तात्पर्य नहीं है। इसलिये समस्त विरोधों से रहित 'उक्त अनुमान', **'प्रपञ्च के मिथ्यात्व'** में प्रमाण है—यह सिद्ध होता है।

शङ्का—अद्वैत (सत्य ब्रह्म) की सिद्धि (ज्ञान) के लिये उक्त अनुमान-प्रमाण से 'प्रपञ्च के मिथ्यात्व' की सिद्धि की जा रही है, किन्तु प्रपञ्चान्तर्गत **'अनुमान'** भी आ जाता है। तब उसके **मिथ्यात्व** का ज्ञान हुए बिना **'अद्वैत'** का ज्ञान होना संभव नहीं है। अतः **जिज्ञासा** होती है कि 'उक्त अनुमान' के **मिथ्यात्व** की सिद्धि किसी **दूसरे अनुमान** से होती है, अथवा **उसीसे** (स्वेनैव = स्वरूप से ही) होती है? **प्रथम पक्ष** का स्वीकार करने पर **'अनवस्था'** होगी। क्योंकि पूर्व-पूर्व अनुमानों का मिथ्यात्व सिद्ध करने के लिये उत्तर-उत्तर अनुमान की अपेक्षा (आवश्यकता) होती जायगी। यदि यह कहें कि अनुमान के मिथ्यात्व की की आवश्यकता (जिज्ञासा) होनेपर अनुमानान्तर की प्रवृत्ति होगी। जिज्ञासा के बिना प्रथम अनुमान के समय उत्तर-उत्तर अनन्त अनुमानों की अपेक्षा न होने से **मूलक्षयकरी अनवस्था** का प्रसंग नहीं आवेगा। **जिज्ञासितमात्र** के अनुमान करने में अनवस्था दोष नहीं होगा।

किन्तु यह कहना भी ठीक नहीं है। क्योंकि 'जो-जो उक्त साधनवाला है, वह सब उक्त साध्यवाला है'—इस व्याप्ति—ज्ञान के समय तत्तद् अनुमानों में मिथ्यात्व का ज्ञान न रहने से सर्वोपसंहारवती (सर्वव्याप्य—विषयक = सर्व-व्यक्तियों में घटित होनेवाली) व्याप्ति नहीं बन पावेगी, और यदि उक्त व्याप्तिग्रहण

के समय सभी अनुमानों में 'मिथ्यात्व' का निश्चय है, तो अनुमान के मिथ्यात्व के लिये अनुमानान्तर की समाप्ति नहीं हो जायगी। अर्थात् व्याप्तिग्रहणकाल में ही तत्तदनुमानान्तर की अपेक्षा होगी, यानी **अनन्त अनुमान** एक ही समय में अपेक्षणीय होंगे। किन्तु यह तो संभव नहीं है, तब अनवस्था 'मूलक्षयकरी कैसे नहीं होगी ? **अवश्य** ही मूलक्षयकरी होगी।

अब यह कहें कि **'मिथ्यात्व का अनुमान,** 'अपने मिथ्यात्व' को भी स्वयं बता देता है'—इस द्वितीय पक्ष में **आत्माश्रय दोष** उपस्थित होता है, क्योंकि 'स्व' में **स्ववृत्तिता** नहीं हुआ करती। अतः 'स्वगत—मिथ्यात्व' का ग्रहण **'स्व'** से नहीं हो सकता।

समा०—यह कथन उचित नहीं है। क्योंकि जैसे **'शब्द'** इत्याकारक पद, सभी 'घट-पटादिशब्दों' का बोधक होता है, यानी 'सभी घट-पटादि शब्दों' को विषय करता है, तथा 'शब्दत्वेन अपने स्वरूप' का भी बोधक होता है, अर्थात् अपने को भी विषय बना लेता है, तथा सम्पूर्ण प्रपञ्चगत सत्यत्व का अनुमान, 'अपने में भी सत्यत्व' सिद्ध करता है। जैसे—**'स्वाध्यायोऽध्येतव्यः'**—**'स्वश्चासौ अध्यायः = स्वाध्यायः'**—अपनी कुल—परम्परागत वेदशाखा का अध्ययन करना चाहिये—यह **वेदाध्ययनविधि** है। यह विधि, 'सम्पूर्ण वेदाध्ययन' का विधान करता है, **साथ ही** अपनी कुल—परम्परागत वेदशाखा के अध्ययन का भी विधान करता है। इसी प्रकार 'प्रपञ्च के मिथ्यात्व का अनुमान', अन्य के मिथ्यात्व को बताता है और साथ ही प्रपञ्चत्वेन 'अपने मिथ्यात्व' को भी बताता है। अतः कोई विरोध नहीं है। **'स्वाध्यायोऽध्येतव्यः'** वाक्य में **'तव्यत्'** प्रत्यय है। इस प्रत्यय से विधि' की प्रतीति होती है। क्योंकि 'लिङ्, लोट्, तव्य, तव्यत्, अनीयर्, यत्, लेट्' आदि प्रत्ययों से 'विधि का बोध होता है। उक्त वाक्य के सम्बन्ध में ऊपर जो कहा गया, वह **भाट्टमत के अनुसार** था।

शंका—किन्तु **प्रभाकरमीमांसक** का कहना है कि **'स्वाध्यायोऽध्येतव्यः'** इस अध्ययनविधि से **'अध्ययन'** का विधान नहीं किया जा रहा है, अपितु 'अध्ययन' का विधान तो **'अध्यापनविधि'** से किया जाता है। क्योंकि **'स्वाध्यायोऽध्येतव्यः'**—यह अध्ययनविधिवाक्य, अध्ययन' के **अनुष्ठापन** में समर्थ नहीं है। न हो सकने का कारण यह है कि वह 'अध्ययनविधि', **निर्नियोज्य** है, अर्थात् उस विधिवाक्य में 'किसी अधिकारी' को नहीं कहा गया है। 'विधि का काम 'प्रेरणा' करना है। किन्तु **उक्त विधिवाक्य** में प्रवृत्त होने वाले किसी

'अधिकारी व्यक्ति' का उल्लेख न होने से, वह 'विधि', किस व्यक्ति को अध्ययन में नियुक्त (प्रवृत्त) करेगा ? **'दर्शपूर्णमासाभ्यां स्वर्गकामोयजेत'** के समान किसी **कामनावाले** अथवा **'यावज्जीवमग्निहोत्रं जुहोति'** के समान **जीवनादिनिमित्त-वाला** कोई 'नियोज्य' (अधिकारी) व्यक्ति भी श्रुत नहीं हो रहा है। **'विश्वजिता-यजेत'** के समान 'नियोज्य' के न रहने पर भी 'विधि' के उपपत्त्यर्थ **कर्ता** की कल्पना के लिये सभी को अभीष्ट लगनेवाले **'स्वर्ग'** रूप 'सर्वसाधारण फल' की कल्पना कर ली जाती है, तब **तत्फलकामी** उस याग में 'अधिकारी' मान लिया जाता है। उस प्रकार यहाँ 'अध्ययन-विधिवाक्य' में **अधिकारी** (नियोज्य) की कल्पना (अध्याहार) के लिये कोई उचित शब्द भी नहीं है। क्योंकि 'अध्यापन-विधि' से ही अध्यापन के विषयरूप 'अध्ययन' की सिद्धि हो जाती है। तब वहाँ 'नियोग'–(अध्ययनविधि) का कोई कल्पक ही नहीं है।

यदि यह कहें कि **'अध्यापनविधि'** में भी 'कोई नियोज्य' (अधिकारी) श्रुत नहीं है। इसलिये वह भी **अध्ययनविषयक अध्यापन** का 'अनुष्ठापक' नहीं हो सकेगा। किन्तु यह कहना उचित नहीं होगा। क्योंकि **अध्यापनविधि** में 'आचार्यत्वकामनावान्' अपने में आचार्यत्व की कामनावाला **नियोज्य** (अधिकारी) श्रुत (प्रतीत) हो रहा है। श्रुति कह रही है कि **'अष्टवर्षं ब्राह्मणमुपनयीत, तमध्यापयीत'** आठवर्ष के ब्राह्मण का उपनयन (यज्ञोपवीत संस्कार) करे तदनन्तर उसको पढ़ावे। इस श्रुतिवाक्य में जो **'उपनयीत'** पद है, उसमें **सम्माननोत्सञ्जना-ऽऽचार्यकरणज्ञानभृतिविगणनव्ययेषु नियः'** (पा. सू. १।३।३६)– सम्मानन= सम्पूजन, उत्सञ्जन = उत्क्षेपण, आचार्यकरण = आचार्यत्वसम्पादन, ज्ञान, भृति = वेतन, विगणन = ऋणापंणादि, और व्यय–इन अर्थों में **'णीञ्'** धातु से आत्मनेपद का विधान किया गया है। **'उपनयीत, अध्यापयीत'** इन पदों से **'उपनयन और अध्यापन'** दोनों की 'एकप्रयोगता' (एकवाक्यता = एकसाध्यसाधनता) प्रतीत होती है। अतः उक्त श्रुति से 'उपनयनपूर्वक अध्यापन' से साध्य होनेवाले 'आचार्यत्व' की प्रतीति होती है। उस 'आचार्यत्व' के कामी (इच्छुक) की 'नियोज्यता' (अधिकारिता) की प्रतीति हो जाती है। अतः 'अध्यापनविधि' को 'निर्नियोज्य' (अधिकारी से रहित) नहीं कहा जा सकता। इसरीति से 'अध्यापन-विधि' के 'सनियोज्य' होनेपर वही (अध्यापनविधि ही) अपने **विषयभूत** 'अध्यापन' का 'अनुष्ठापक' बनकर उस 'अध्यापन' के साधक 'अध्ययन' में भी प्रवर्तक होता है। अर्थात् 'अध्ययन' में **अध्येता** को प्रवृत्त करता है। एवञ्च

'आक्षिप्त हुए अध्ययन' के बिना 'विधि' की अनुपपत्ति के कारण 'आक्षेपरूप अर्थापत्ति-प्रमाण' (अध्यापनान्यथानुपपत्तिरूप अर्थापत्तिप्रमाण) से ही **'अध्ययन'** में 'वटु' की प्रवृत्ति सिद्ध हो जाती है। इसलिये **'स्वाध्यायोऽध्येतव्यः'**—यह वाक्य, न **अध्ययनविधि** है, और न इससे—**प्रयुक्त अध्ययन** है, अतः **अध्यापनविधि** से ही 'अध्ययन प्रयुक्त होता है।

समा०—प्रभाकर मीमांसक ने जो कहा कि **'अध्यापनविधि'** में **नियोज्य** (अधिकारी) श्रुत है—यहाँ तक तो उसका कहना ठीक है, किन्तु **'अध्यापन-विधि'** से 'अध्ययन' की **प्रयुक्ति** होती है'—यह कहना उचित नहीं है। अर्थात् 'अध्यापनविधि' से 'अध्ययन की 'साध्यता' को कहना ठीक नहीं है। क्योंकि **प्रभाकर** का सिद्धान्त है कि 'काम्यकर्मों' में (काम्य-कर्मरूप करण अंश = याग आदि में) **'राग'** ही प्रवर्तक (मनुष्य की प्रवृत्ति कराने में हेतु) होता है, 'विधि' नहीं।

अतः उसी के सिद्धान्त की दृष्टि से 'अध्यापन' कर्म को भी **'काम्य'** कर्म ही कहना होगा। तब 'अध्यापनविषयक राग' से ही उसके (अध्यापन के) निष्पादक (साधक = उत्पादक) 'अध्ययन-विषयक अनुष्ठान' (प्रवृत्ति) का लाभ (सिद्धि) हो जायगा। अतः **अध्यापनविधि** में 'अनुष्ठापकत्व' (प्रयोजकत्व) की कल्पना करना उचित नहीं होगा। अर्थात् 'अध्ययन' को **अध्यापनविधि** से प्रयुक्त कहना ठीक नहीं है।

शङ्का—'अध्ययन' तो **'अध्यापन'** का 'अंग' है, उस कारण 'अध्ययन' में 'अध्यापन' विधि से ही प्रवृत्ति हो जायगी। तब 'अध्ययन' को 'अध्यापनविधि' से **प्रयुक्त** क्यों नहीं कह सकते ?

समा०—उक्त आशंका करना ठीक नहीं है। क्योंकि दोनों का **अङ्गाङ्गिभाव** (शेष-शेषिभाव) मानने में कोई प्रमाण नहीं है। अतः 'अध्ययन' को 'अध्यापन' का अंग कहना उचित नहीं है। अङ्गाङ्गिभाव' का निर्णय, मीमांसाशास्त्रोक्त **छह प्रमाणों** से किया जाता है। वे **छह प्रमाण** ये हैं—**(१) श्रुति, (२) लिङ्ग, (३) वाक्य; (४) प्रकरण, (५) स्थान, (६) समाख्या**। उक्त छह प्रमाणों में से किसी एक प्रमाण ने भी 'अध्यापन' और 'अध्ययापन' इन दोनों में 'अङ्गाङ्गि-भाव' को नहीं बताया है। ऐसी स्थिति में 'अध्ययन' को अध्यापन' का **अंग** कह देना कहाँ तक उचित होगा ? अतः अङ्गाङ्गिभाव के न रहने से **'अध्ययन'** को 'अध्यापनविधि' से प्रयुक्त, नहीं कह सकते।

शङ्का—'अध्यापनविधि' से 'अध्ययन' को प्रयुक्त माना जाता है। इस प्रयुक्ति के बलपर ही 'अध्ययन' में अध्यापनाङ्गत्व स्पष्ट प्रतीत हो रहा है।

समा०—ऐसी शंका नहीं करनी चाहिये। क्योंकि जो-जो 'प्रयुक्त' हो वह अपने 'प्रयोजक' का 'अङ्ग' भी बने, ऐसी व्याप्ति (नियम) नहीं है। यदि ऐसी व्याप्ति होती तो, 'अध्यापनविधि' से प्रयुक्त होने के कारण 'अध्ययन' को 'अध्यापन' का 'अंग' कह सकते थे, किन्तु 'प्रयुक्तत्व' तो 'अङ्गत्व' का व्यभिचारी है। क्योंकि 'भिन्ने जुहोति', 'स्कन्ने जुहोति'—ये वैदिक वाक्य हैं। इनका अर्थ इस प्रकार है—'कपाल' के भिन्न (टूट-फूट या सच्छिद्र) होने पर 'होम' करना चाहिये। इन वाक्यों से अवगत होता है कि 'कपाल' का 'भेदन, छेदन', 'हवन-कर्म' का 'प्रयोजक' (निमित्त) है। अर्थात् 'हवन (होम) कर्म', 'कपालभेदन' या 'छेदन' से प्रयुक्त है, किन्तु उसका (भेदन या छेदनरूप प्रयोजक का) वह (होम) 'अंग' नहीं है। अर्थात् 'होम' को 'भेदन' का 'अंग' कोई नहीं कहता। एवञ्च 'प्रयुक्ति' के व्यभिचारी होने से उसके बल पर 'अंगत्व' की सिद्धि नहीं की जा सकती।

किञ्च—'अध्ययन' में 'अध्यापनविधि-प्रयुक्तत्व' अभी सिद्ध (निश्चित) नहीं हो पाया है। ऐसी स्थिति में 'प्रयुक्ति' के बलपर 'अंगत्व' को कैसे माना जायगा? अन्यथा 'अङ्गत्व' रहने पर 'प्रयुक्ति' की सिद्धि और 'प्रयुक्ति' के रहने पर 'अङ्गत्व' की सिद्धि होने से 'अन्योन्याश्रय' दोष भी होगा।

प्रश्न—'अध्ययन' को 'अध्यापनविधि' से प्रयुक्त कहनेवाले विद्वान् जब कि 'अध्ययनविधि' (स्वाध्यायोऽध्येतव्यः) में 'अधिकारी' को स्वीकार कर लेते हैं, तो उसी 'अधिकारी' को 'नियोज्य' (विधिविषय) क्यों नहीं मानते? क्योंकि 'अधिकारी' को ही 'नियोज्य' कहा जाता है। कर्मजन्य 'नियोग' अथवा 'अपूर्व' पर जो अपना 'अधिकार' समझता हो उसी को 'नियोज्य' कहते हैं।

उत्तर—'अधिकारी' को 'नियोज्य इसलिये नहीं कहते कि उसकी 'अपेक्षा' (आवश्यकता) नहीं है, क्योंकि 'कर्मानुष्ठान' की सिद्धि (सम्पादन) के लिये 'नियोज्य' की अपेक्षा हुआ करती है, किन्तु वह 'अनुष्ठान' तो 'अन्य' (अध्यापन-विधि) से ही सिद्ध (सम्पन्न) हो जाता है। इसलिये 'नियोज्य' मानने की कोई आवश्यकता ही नहीं है।

इस पर अध्ययनविधिवादी (सिद्धान्ती) कहता है कि 'अध्यापनविधिवादी' ने जो उत्तर दिया है, वह युक्तियुक्त नहीं है, क्योंकि कर्मानुष्ठानार्थ यदि 'नियोज्य'

की आवश्यकता नहीं है, तो 'अधिकारी' की भी आवश्यकता (अपेक्षा) नहीं होनी चाहिये। क्योंकि 'अध्ययन' के अनुष्ठान की सिद्धि 'अध्यापन' से ही हो जायगी। समझने की बात है कि **'अधिकारी'** ही तो 'नियोज्य' होता है, और 'अधिकारी' उसे कहा जाता है, जो 'कर्म' से उत्पन्न होनेवाले **फल** का 'भोक्ता' अपने को समझता हो। ऐसी स्थिति में अर्थात् 'अधिकारी' मानते हुए भी 'नियोज्य' को न मानना—यह **वाङ्मात्र** है, यानी—निरर्थक है। एवंच 'अधिकारी' को यदि मानते हो, तो 'नियोज्य' को आपने मान ही लिया है—यही कहा जायगा।

इस पर पूर्वपक्षी कहता है कि **'विधिवाक्य'** का अर्थ होता है—'कर्तव्यकर्म', और 'कर्म' में 'कर्तव्यबुद्धि' तभी होती है, जब 'उस कर्म' में **'इष्टसाधनता'** रहे। 'कर्म' में रहनेवाली 'इष्टसाधनता' की प्रतीति किसे होनी चाहिये? यह जिज्ञासा होनेपर यही कहा जायगा कि अपने 'अभीष्ट फल' के भोग करने वाले (भोक्ता) 'अधिकारी' को ही 'कर्मगत इष्ट साधनता' की प्रतीति होनी चाहिये। क्योंकि 'अधिकारी' के बिना 'विधि' का स्वरूप ही नहीं बन पायगा। अर्थात् 'विधि' की पूर्णता नहीं हो सकेगी। अतः 'विधि' के **स्वरूप की निष्पत्ति** के लिये (विधि की पूर्णता के लिये) 'अधिकारी' की आवश्यकता होती है।

सिद्धान्ती कहता है कि 'पूर्वपक्षी का उक्त कथन उचित नहीं है। क्योंकि 'अधिकारी' की अपेक्षा (आवश्यकता) प्रदर्शित करने में जो **तर्क** (युक्ति), 'पूर्वपक्षी' ने उपस्थित किया है, **ठीक वही तर्क** 'नियोज्य' के विषय में भी दिया जा सकता है। क्योंकि 'नियोज्य' (नियोगरूपविधिविषय) के बिना भी 'नियोग' (विधि) की 'आकांक्षा' पूर्ण नहीं होती। अर्थात् 'नियोग' का **अपर्यवसान** (अपूर्णता) रहता है। जब कि **अन्यविधि** (अध्यापनविधि) से 'अध्ययन' के सिद्ध होने के कारण 'नियोग' भी सिद्ध हो जाता है। तब 'अधिकारी' के बिना 'विधि का पर्यवसान नहीं होगा—यह कथन निरर्थक ही है।

किञ्च यह भी विचारणीय है कि **'तम् अध्यापयीत'** इस विधिवाक्य से 'जीविकावृत्त्यर्थं' लोकप्रसिद्ध **'अध्यापन'** का 'विधान' हो रहा है, **अथवा** किसी 'अलौकिक **'नियोग'** (पुण्य-अपूर्व) का विधान किया जा रहा है? 'जीविकावृत्त्यर्थं लोकप्रसिद्ध 'अध्यापन' का विधान तो उक्त वाक्य (तम् अध्यापयीत) से हो नहीं सकेगा, क्योंकि 'जीविकावृत्त्यर्थ जो अध्यापन' है, वह तो **'याजन'** आदि के समान प्राप्त है, और 'विधान' तो **अप्राप्त** का ही हुआ करता है, 'प्राप्त' का नहीं। अतः उक्त वाक्य (अध्यापयीत) को **'अनुवाद'** कह सकते हैं। **मनु** ने

कहा है—'षण्णां तु कर्मणामस्य त्रीणि कर्माणि जीविका।
याजनाऽध्यापने चैव विशुद्धाच्च प्रतिग्रहः॥

अर्थात् अध्ययन, अध्यापन, यजन, याजन, दान, प्रतिग्रह—इन 'छह कर्मों' में से 'अध्यापन, याजन, और प्रतिग्रह'—ये तीन कर्म, 'ब्राह्मण' की जीविका के साधन हैं। एवंच 'याजनादि' के समान 'अध्यापन' की प्राप्ति (सिद्धि) रहने से उक्त वाक्य (अध्यापयीत) को 'अध्यापन-विषयक विधिवाक्य' ही नहीं कह सकते, जिसके अंगरूप में 'अध्ययन' को कहा जा सके।

अतः जैसे 'एतयाऽन्नाद्यकामं याजयेत्—इस विधिवाक्य से 'याजन' का विधान नहीं किया जा रहा है, अपितु 'इस अवेष्टिसंज्ञक इष्टि के द्वारा अन्नभक्षण की कामनावाला (अन्नाद्यकामनावान्) 'यजन करे'—यही अर्थ, उक्त विधिवाक्य का किया जाता है। उक्त श्रुति वाक्य का अर्थ यद्यपि यह प्रतीत होता है कि 'अदनीय (आद्य = भक्षणीय) अन्न की कामना करनेवाले से इस 'अवेष्टि कर्म' का अनुष्ठान करावे'—तथापि यह 'वाक्यार्थ' मीमांसाशास्त्र सम्मत नहीं है। अर्थात् इसवाक्य से 'याजन' का विधान नहीं है, किन्तु 'यजन' का विधान हो रहा है।

उसी प्रकार प्रस्तुत प्रसङ्ग में भी 'अष्टवर्षो ब्राह्मणः उपगच्छेत् सोऽधीयीत'—आठवर्ष का ब्राह्मण गुरु के समीप जाय और अध्ययन करे—इसी वाक्यार्थ को स्वीकार करना होगा। एवं 'अलौकिक नियोग' (आज्ञा) के रूप में भी 'अध्यापन-विषयक विधि' नहीं हो सकता। अन्यथा 'याजन' में भी 'विधि' मानना होगा। किन्तु 'याजन' का विधान तो इष्ट नहीं हैं।

किञ्च—'अध्ययन' नित्यकर्म है। क्योंकि जो द्विज, वेद का अध्ययन किये बिना अन्य कर्मों के अनुष्ठान में परिश्रम करता है, वह अपने जीवनकाल में ही अन्वय सहित (कुलसहित) तत्काल शूद्र हो जाता है। मनु ने कहा है—

'योऽनधीत्य द्विजो वेदमन्यत्र कुरुते श्रमम्।
सजीवन्नेव शूद्रत्वमाशु गच्छति सान्वयः॥' (मनु. २।१६८)

इस स्मृतिवचन से वेदाध्ययन के न करनेपर 'प्रत्यवाय' (पाप) बताया है। 'नित्यकर्म' के न करनेपर ही 'प्रत्यवाय' बताया गया है, 'काम्यकर्म' के न करनेपर किसी प्रत्यवाय को नहीं बताया गया है। 'अध्यापन' तो 'अनित्यकर्म' है, क्योंकि यह 'काम्यकर्म' है, अर्थात् वहाँ 'कामना' श्रुत हो रही है। ऐसी परिस्थिति में 'नित्यकर्म' की प्रयुक्ति, अनित्य (काम्य) कर्म से कैसे होगी? क्योंकि दोनों का विरोध है। किसी अन्य प्रकार से 'जीविका' की सिद्धि हो

जानेपर 'जीविका' के निमित्त जो **'अध्यापन'** है, उसका अभाव भी हो सकता है। उस समय जबकि **'अध्यापन'** है—ही नहीं, तब **वह** (अध्यापन) 'अध्ययन' का प्रयोजक (निमित्त) कैसे हो सकेगा ? और अध्ययनात्मक **नित्यकर्म** के लिये 'अध्यापन' को भी 'नित्य' माना जाय तो, उसकी काम्यता के साथ विरोध होगा। क्योंकि 'काम्यत्व'-और 'नित्यत्व' 'दो विरुद्ध धर्मों' की स्थिति 'अध्यापनात्मक एक कर्म' में नहीं हो सकती। इसलिये 'अध्ययन' को **'अध्ययनविधि'** से ही प्रयुक्त मानना होगा। एवञ्च जैसे 'अध्ययनविधि' स्वयं अपने को विषय करता है, अर्थात् **'स्वाध्यायोऽध्येतव्यः'** यह 'विधिवाक्य' जैसे स्वविषय 'अध्ययन' का विधायक होता है, उसीप्रकार 'मिथ्यात्व' का अनुमान भी स्व-विषय 'मिथ्यात्व' को भी सिद्ध कर सकता है। अतः मिथ्यात्व के अनुमान में 'अध्ययनविधि' का उक्त दृष्टान्त, असिद्ध नहीं है।

अथवा यदि यह मान भी लें कि 'अध्ययन' की प्रयुक्ति 'अध्यापनविधि' से ही होती है। तब भी जैसे 'अध्यापनविधि' समस्त वेदवाक्यों के 'अध्यापन' का विधान करता हुआ 'स्वविषयक अध्यापन' का भी विधान करता है उसीतरह हमारा-'मिथ्यात्वानुमान' भी अपने 'मिथ्यात्व' को भी सिद्ध करेगा। इस प्रकार से उक्त 'अध्यापनविधि' हमारे द्वारा निर्दिष्ट 'मिथ्यात्व' की सिद्धि में दृष्टान्त बन जायगा, अब अधिक विस्तार करने की आवश्यकता नहीं है।

उसीप्रकार **'एकमेवाऽद्वितीयम्'** इत्यादि आगमवचन भी 'प्रपञ्च' के मिथ्यात्व में प्रमाण हैं। एवञ्च प्रपञ्च के 'मिथ्यात्व' में 'लक्षण और प्रमाण' दोनों ही उपपन्न हो रहे हैं। अतः यह स्पष्ट हो जाता है कि 'आत्मा' में जो 'द्वैत-प्रपञ्च' की प्रतीति होती है, वह सब **अनिर्वचनीय 'अविद्या'** का विलास (लीला) मात्र है, वह 'सत्य' नहीं हैं। अब अधिक विस्तार की आवश्यकता नहीं है।

पुनः **पूर्वपक्षी** कहता है कि 'अनिर्वचनीय अविद्या' के होने में न कोई लक्षण है और न प्रमाण ही है। अतः उसका 'विलास' कहकर 'प्रपञ्च' को **मिथ्या** कहना ठीक नहीं है।

उसपर **सिद्धान्ती** कहता है कि 'अविद्या' के होने में 'लक्षण' भी है और 'प्रमाण' भी है। वह **अज्ञान,** 'भाव' रूप है 'ज्ञानाऽभाव' रूप नहीं है।

'अज्ञान' का लक्षण **'भ्रमोपादानत्व'** है। 'भ्रम' के उपादान' को 'अज्ञान' कहते हैं।

इसपर **'अख्यातिवादी प्रभाकर मीमांसक'** का कहना है कि यह-लक्षण **'गोरेकशफत्वम्'** के समान 'असम्भव दोष' से ग्रस्त है, क्योंकि 'सभी ज्ञान' **यथार्थ** ही होते हैं।

उसपर **सिद्धान्ती** का कहना है कि 'भ्रम' को स्वीकार न करनेवाले **प्रभाकर** के मतानुसार 'शब्दरूप एक अधिकरण' में 'नित्यत्व-अनित्यत्वरूप दो विरुद्ध-धर्मों को विषय करनेवाली विप्रतिपत्ति ही नहीं हो सकेगी, तब शास्त्रार्थ के निर्णय में प्रवृत्ति कैसे हो पायगी ? और विप्रतिपत्ति' का निराकरण कैसे हो सकेगा ? अतः यही मानना होगा कि-**'रजत'** आदि के भ्रम में पुरोवर्ती **'शुक्तिखण्ड'** ही 'रजत' के रूप में प्रतीत होता है।

इसीप्रकार **'असत्ख्यातिवादी** बौद्धों' का कहना भी केवल प्रलापमात्र है। अतः **'भ्रम'** का विषय 'असत्' भी नहीं है। 'असत्ख्याति' में 'अन्यथानुपपत्ति' से भी 'आरोप्यमाण' की अन्यत्र सत्ता, सिद्ध नहीं होती।

आत्मख्याति को माननेवाला विज्ञानवादी बौद्ध कहता है की **'विज्ञानरूप रजत'** ही बाहर प्रतीत होता है। अतः **'रजत'** को 'विज्ञान' का आकार ही मानना चाहिये।

सिद्धान्ती का कहना है कि **आत्मख्यातिवादी** का कथन भी ठीक नहीं है। क्योंकि आत्मख्यातिवादी के मत में **'रजत'** तो 'ज्ञानरूप' है। **'ज्ञान'**, भीतर रहता है, उसकी 'बाह्यता' तो अत्यन्त **अलीक** (मिथ्या) है, फिर भी उसकी बाह्यता (इदन्ता) का ज्ञान (प्रतिभास) 'रजत' में होता ही है। उसीतरह 'अत्यन्त असत् रजत' के ज्ञान (प्रतिभास) की उत्पत्ति हो सकती है।

आत्मख्यातिवादी ने यह जो कहा था कि **'नेदं रजतम्'** से 'इदन्ता मात्र' का 'बाध' होने से 'स्व-मत' में **'लाघव'** है, और **सिद्धान्ती** (वेदान्ती) के मत में 'रजत' तथा 'इदन्ता' दोनों का बाध होने से **कल्पना-गौरव** है।

उसपर **सिद्धान्ती** का कहना है कि उक्त प्रकार से 'कल्पना-गौरव' बताना उचित नहीं है। क्योंकि जहाँ 'कल्पना' करनी होती है, वहाँ 'गौरव-लाघव' का विचार किया जाता है। कल्पना करने में लघुमार्ग अपनाना कल्पक की योग्यता का परिचायक होता है। यहाँपर तो **'इदं रजतम्'**-इस 'भ्रम-ज्ञान' से **'इदन्त्व-विशिष्ट-रजत'** की प्रसक्ति (प्राप्ति) हो रही है, और **'नेदं रजतम्'** इस **'अनुभव'** से, उसका 'बाध', 'अनुभव-प्रमाण' से सिद्ध है, **कल्पनीय** नहीं है। अर्थात् **काल्प-**

निकत्व का अभाव है। अतः **'कल्पना-लाघव'** का न्याय (युक्ति) यहाँ बताना उचित नहीं है।

यह जो कहा था कि **'विज्ञान'** (संविद्) से **'अभेद'** न माननेपर (विज्ञान के साथ एकता न मानने पर) **'रजत'** में 'अपरोक्षता' (प्रत्यक्षता) नहीं हो सकेगी।

उसपर **सिद्धान्ती** कहता है कि उक्त कथन ठीक नहीं है। क्योंकि 'बाह्यता' **विज्ञानरूप** नहीं है, फिर भी उसमें 'अपरोक्षता' (प्रत्यक्षता) रहती है। उसीतरह 'रजत' की भी 'प्रत्यक्षता' हो सकती है।

किञ्च—आरोपित 'रजत' की **सत्ता** 'बुद्धि' में भीतर मानेंगे, तो 'गुञ्जापुञ्ज' में आरोपित 'अग्नि' की 'बुद्धि' में सत्ता रहने से 'देह' में दाह होने लगेगा। यदि यह कहो कि 'बुद्धि' में वह 'अग्नि' तो आरोपित है, उसकी वास्तविक 'सत्ता' नहीं है। इसलिये 'देह' में 'दाह' नहीं होता है। तब तो आरोपित 'रजत', न बाहर 'सत्' है, और न भीतर 'सत्' है। इसलिये उसे **'अत्यन्त असत्'** अथवा **'अनिर्वचनीय'** ही कहना होगा। एवञ्च **'आरोपित रजत'** अनिर्वचनीय ही सिद्ध होता है। इसरीति से **'अनिर्वचनीय रजत'** के भ्रम में 'लक्षण' और 'प्रमाण' जैसे सिद्ध हैं, उसीप्रकार **'द्वैत प्रपञ्च भ्रम'** भी सिद्ध होता है, और वेदान्तवाक्य से उत्पन्न, अधिष्ठानरूप-**अद्वितीय आत्मा** के ज्ञान से उसका विनाश होता है।

आगे चलकर 'ब्रह्म' रूप **सिद्ध अर्थ** में वेदान्तवाक्यों का परम तात्पर्य माना गया है। **'कार्यरूप अर्थ'** में **शब्द** से 'शक्तिग्रह' का होना संभव नहीं है। क्योंकि बालक-**'कार्यज्ञान'** को अपना 'प्रवर्तक' नहीं समझता, अपितु **'इष्टसाधनताज्ञान'** को ही अपना 'प्रवर्तक' समझता है। एवञ्च **'कृतियोग्य इष्टसाधनताज्ञान'** को ही 'कार्यज्ञान' में **हेतु** मानना चाहिये। क्योंकि **इष्टसाधनता** के बिना 'कार्य-ज्ञान' ही नहीं हो पाता है। इसके आगे **'नियोग', नियोज्य, यागादिकी फल-करणता, अखण्डार्थत्व, प्रामाण्यविचार, शक्तिविचार, आन्वितभिधान, अभिहिताऽन्वय** आदि विषयोंका ऊहापोह के साथ पर्याप्त विचार करते हुए **वेदान्तवाक्यों** की 'अपौरुषेयता' सिद्ध की गई है। उन **दोषरहित** वेदान्तवाक्यों से अखिल भेदरहित 'शुद्ध ब्रह्म' का बोध होता है। तब सभी कामनाएँ निवृत्त हो जाती हैं, और **जीव** अमर (मुक्त) हो जाता है। अतः श्रुति-स्मृति-पुराण आदि के द्वारा प्रतिपादित की गई **जीवन्मुक्ति** का केवल द्वेष के वशीभूत होकर अपलाप करना उचित नहीं है।

आजकल मेरा भ्रातुष्पुत्र **राजेश्वर** 'तत्त्वप्रदीपिका' का अध्ययन कर रहा है। उसे पढाने के लिये श्री हनुमानदास जी तथा स्वामी श्री योगीन्द्रानन्द जी की 'तत्त्वप्रदीपिका' की व्याख्याओं से मुझे बहुत सहायता प्राप्त होती है। दोनों की व्याख्याओं में अपनी-अपनी विशेषता पाईजाती है। मुझे आशा है कि अन्य विद्वानों को भी इन व्याख्याओं से सहायता अवश्य होगी। दोनों ही व्याख्याकार नारायण स्वरूप हैं। अतः उनके पादारविन्दपर अपनी प्रणामाञ्जलि को मैं अर्पित कर रहा हूँ।

वेदान्तशास्त्र के प्रस्तुत प्रौढ़ ग्रन्थ की प्रौढिमा की प्रसिद्धि से विद्वत्समाज भलीभाँति सुपरिचित है, तथापि सुकुमारमति छात्रों के द्वारा अनुभूयमान क्लेश-जनितपीडा से द्रवित होकर वीतराग, ब्रह्मनिष्ठ विद्वद्वरिष्ठ **श्री हनुमानदास-शास्त्रीजी** ने प्रस्तुत ग्रन्थ की व्याख्या राष्ट्रभाषा हिन्दी में रचकर जिज्ञासु छात्र-वर्ग तथा प्राकृतजनता को उपकृत किया है और उनके अध्ययन का मार्ग प्रशस्त कर दिया है।

वाराणसी के सुप्रसिद्ध मूर्धन्य विद्वान् वीतराग, **स्वामी योगीन्द्रानन्द जी महाराज** की **तत्त्वप्रदीपिका** में सुरक्षित उनके विचारपीयूष से परिपूर्ण कतिपय रत्नमय वाक्य-शब्द तथा अंशों का भी व्याख्यातग्रन्थ की शोभा वृद्धि की दृष्टि से इस ग्रन्थ में व्याख्याकार के द्वारा संग्रह किया गया है। तदर्थ चौखम्बा संस्कृत संस्थान के अधिपति, विद्वत्समाज के स्नेहपूर्ण आशीर्वाद के परमास्पद **श्री मोहनदास,** चि० राजेन्द्रकुमार तथा **श्री व्रजरत्नदास गुप्त** स्वयं को ऋणी मानते हुए। सादर प्रणाम के साथ आपके आशीर्वाद की शुभ कामना करते हैं।

[वि. सं. २०४८ कार्तिक शुक्ल पूर्णिमा]

१३ दीनदयालनगर
दुर्गाकुण्ड वाराणसी।

गजानन शास्त्री मुसलगाँवकर

* ओम्–राम *

दो शब्द

अनादि अपौरुषेय वेदों का सर्वोत्कृष्ट स्थान भारतीय वाङ्मय में माना जाता है। वेदों में प्रधानतया तीन काण्ड हैं। कर्मकाण्ड, उपासनाकाण्ड और ज्ञानकाण्ड। इन तीनों काण्डों का उत्स मानवीय जीवन में परम ग्राह्य है। मनुष्य-जीवन के सर्वाङ्गीणविकास क्रम में इनका महत्त्व पूर्ण स्थान है। संसार का प्रत्येक मानव इन तीनों पक्षों से कथमपि अछूता नहीं रह सकता है। जीवन में इनकी उतनी ही अपेक्षा है, जितनी अन्न-जल की, जैसे अन्नादि के अभाव में जीवन स्थाई नहीं रह सकता है, उसी प्रकार कर्म, उपासना और ज्ञान के अभाव में मानवीय जीवन सार्थक नहीं हो सकता है।

पूर्वोक्त तीनों पक्षों में ज्ञानकाण्ड का महत्त्वपूर्ण मूर्धन्य स्थान है। ज्ञानकाण्ड को ही उपनिषद् कहा जाता है। औपनिषदीय ज्ञान ही श्रौत-सिद्धान्त है। उपनिषदों की संख्या अनेक हैं। समग्र श्रौतसिद्धान्तों का दोहन कर भगवान् वेदव्यास ने वेदान्त-दर्शन का निर्माण किया है। वेदान्त-दर्शन (ब्रह्मसूत्र) के ऊपर भारतीय आस्तिक दार्शनिक महापुरुषों ने भाष्य लिखकर अपना-अपना सिद्धान्त प्रतिपादित किया है। जिसकी परिणति स्वरूप अनेक वादों के भारतीय धराधाम पर पावन ज्ञान के विचार जनसमूह को आज भी श्रवण, मनन निदिध्यासन करने को मिलते हैं।

भगवान् श्रीशङ्कराचार्य ने अद्वैतमूलक वेदान्तदर्शन पर भाष्य लिखा है। जिसकी मौलिकता सभी दर्शनकार मुक्तकण्ठ से स्वीकार करते हैं। यह दर्शन समग्र-दर्शनों का मुकुट-मणि माना जाता है। मानवजाति के उन्नयन में इस दर्शन का सर्वोत्कृष्ट स्थान है। 'अथातो ब्रह्म जिज्ञासा' वेदान्तदर्शन की प्रथम पृष्ठभूमि है। पुरुषार्थ चतुष्टय के परिवेश में ब्रह्म जिज्ञासाशील मनुष्य 'मुक्तः परिज्ञानात्' से अन्तिम पुरुषार्थ मोक्ष का भव्य भाजन बनता है। 'नाऽल्पे सुखमस्ति' श्रुति भी कहती है कि अल्प परिच्छिन्न पदार्थों में सुख नहीं है। दुर्धर्ष माया के चाक-चिक्य

से सुखाभास ही प्रतीत होता है। वस्तुतः 'भूमैव सुखम्' सच्चिदानन्द स्वरूप ब्रह्म ही सुखस्वरूप है। उसकी लब्धि या साक्षात्कार ही वेदान्त दर्शन का मीमांसित प्रतिपाद्य ज्ञान है। अद्वैत ज्ञान पीठिका ही विविध विभ्रमों को ध्वंसकर मुक्ति प्रदान करती है।

अद्वैतज्ञान की सुखद छत्र-छाया में मानव अपने जीवन का चरम लक्ष्य प्राप्त करता है। 'नहि ज्ञानेन सदृशं पवित्रमिह विद्यते' भगवान् श्रीकृष्ण ने गीताशास्त्र में उद्घोष किया है कि इस संसार में ज्ञान से पावन दूसरा कोई पदार्थ नहीं है। 'ऋते ज्ञानान्न मुक्तिः' ज्ञान द्वारा ही मुक्ति सम्भाव्य है, इसके अतिरिक्त सकाम कर्मादि बन्धप्रद ही हैं। 'प्रज्वालित ज्ञानमयः प्रदीपः' भगवान् वेदव्यास ने एक ऐसी अमर ज्ञान की ज्योति प्रज्वलित की है, जिसके द्वारा सारा भूमण्डल आलोकित हुआ है, आज भी हो रहा है, आगे भी होगा।

'वेदान्त-विज्ञान-सुनिश्चितार्थाः' श्रुति प्रतिपादित वेदान्त के ज्ञान विज्ञान के स्वनु-भूत निश्चयन से 'तरत्यविद्याम्' मनुष्य अविद्या से छूट जाता है। 'तरति शोकमात्म-वित्' आत्माज्ञानी शोक से रहित हो जाता है। 'मामेव ये प्रपद्यन्ते मायामेतां तरन्ति ते' भगवान् श्रीकृष्ण ने कितना मनोरम बतलाया है। भगवान् को प्राप्त करनेवाला स्वयं माया के कठिन बन्धन से छुट जाता है। 'ब्रह्मविदाप्नोति परम्' 'ब्रह्मविद ब्रह्मैव भवति' ब्रह्मज्ञानी प्रकृष्टपद को प्राप्त करते हुए तद् स्वरूप ब्रह्म ही हो जाता है। 'ज्ञानादेव तु कैवल्यम्' ज्ञान के द्वारा ही कल्याण होता है 'तमेव विदित्वाऽतिमृत्युमेति नान्यः पन्थाः विद्यतेऽयनाय' परमतत्त्ववेत्ता ही मृत्यु का अतिक्रमण करता है। 'विद्ययाऽमृतमश्नुते' ब्रह्मविद्या से ही अमृततत्त्व मोक्ष होता है। 'रसोव सः' वह परमात्मतत्त्व रस-स्वरूप है 'रसं लब्ध्वा ह्येप आनन्दी भवति' सच्चिदानन्दस्वरूप ब्रह्मानन्द रस की अनुभूतिकर जिज्ञासु सुख सम्पन्न होता है 'निरामण्यं ब्रह्म रसायनं पिब' यह भगवतीय सूक्ति भी निरामय ब्रह्म रस की समास्वादनपूर्वक अनुभूति बतलाती है। यह अद्वैतवाद का उदात्त विचार और सिद्धान्त है।

परन्तु भारत में विचार बाहुल्य का प्राबल्य सदा से रहा है, और आज भी है, जिसको लेकर प्रतिपत्ति विप्रतिपत्ति होती रही हैं। इन प्रतिपत्तियों को देखकर चित्सुखाचार्य ने 'तत्त्वप्रदीपिका' (चित्सुखी) का निर्माणकर विपक्षियों का मान मर्दन

किया है। यह ग्रन्थ वेदान्त दर्शन के ग्रन्थों में वादग्रन्थ माना जाता है। 'तत्त्व-प्रदीपिका' का महाविद्यानुमान का विशद विवेचन एक अभूतपूर्व विवेचन है। जिसका लोहा समस्तवादी स्वीकार करते हैं। 'तत्त्वप्रदीपिका' का प्रणयन ब्रह्मसूत्र के चार अध्यायों की अधारशिला को दृष्टिगत रखकर चार परिच्छेदों में किया गया है। जिसकी परिणति मानव जीवन में 'असतो माम सद् गमय, तमसो माम ज्योतिर्गमय, मृत्योर्माम-अमृतं गमय' की शंखनाद करता है।

जिसकी सुखद ध्वनि से ध्वनित होकर मनुष्य असद् मार्ग से विरत होकर सद् मार्ग का अनुष्ठान करता है। अन्धकार मार्ग से विरत होकर प्रकाश मार्ग पर आरोहण करता है। दुःखार्णव रूप जन्म मरण के दुःखद चक्र से छुटकर अमृत = मोक्ष प्राप्त करता है। यही अद्वैतदर्शन की सर्वोत्कृष्ट उपलब्धि है। भेद वादियों के सिद्धान्तगढ़ को धराशायी करने के लिये चित्सुखी, खण्डनखण्डखाद्यम्, अद्वैतसिद्धि जैसे वाद ग्रन्थों के निर्माण हुए हैं। जिसकी भूमिका अनेकता में एकता स्थापित कर नर से नारायण बनाने का सन्देश देती है। तत्त्वप्रदीपिका के गहनतम विचारों को समझने के लिए श्रीमत्प्रत्यक् स्वरूपाचार्य विरचित 'नयनप्रसादिनी' व्याख्या एक मनोरम व्याख्या है। जिसके सहयोग से चित्सुखी के काठिन्य भावों को हृदयंगम करना साधुकर है। 'विद्या सा या विमुक्तये' वस्तुतः वही विद्या-विद्या है जो मुक्ति की विधायिका हो, वेदान्त शास्त्र का जो प्रतिपाद्य प्रयोजन आत्यन्तिक दुःख की निवृत्ति और परमानन्द की प्राप्ति ही है। वह ज्ञानकाण्ड की स्वानुभूति द्वारा ही सम्भावित है। कर्म उपासना ज्ञान के सहयोगी बनकर उसी में पर्यवसित हो जाते हैं।

परमपूज्यपाद अनन्त श्रीविभूषित ब्रह्मविद्वरिष्ठ स्वामी श्रीहनुमानदासजी साहब षट्शास्त्री ने राष्ट्रभाषा हिन्दी के माध्यम से 'तत्त्वप्रदीपिका' की व्याख्या कर ग्रन्थ का हृदय खोल दिया है। चित्सुखी के स्वाध्यायी को इस व्याख्या से अपार लाभ होगा। ऐसी मेरी धारणा है। गहनतम दार्शनिक ग्रन्थों की गुत्थियों को सुलझाने में पू० श्रीस्वामीजी सिद्ध हस्त हैं। इनका अधिकांश जीवन दर्शनों के मीमांसित विचारों के आलोडनप्रत्यालोडन और प्रचार-प्रसार में संलग्न रहा है। जिसकी परिणति ब्रह्मसूत्र शांकरभाष्य की हिन्दी व्याख्या, खण्डनखण्ड खाद्यम्, की हिन्दी व्याख्या,

गीता पर संस्कृत हिन्दी व्याख्या, ईश, केन, कठ पर हिन्दी संस्कृत व्याख्या प्रसिद्ध है। ब्रह्मसूत्र के मूलसूत्रों पर भी श्रीस्वामीजी ने हिन्दी में एक मनोरम व्याख्यान किया है। वेदान्त के चूडान्त ग्रन्थों के अतिरिक्त श्रीसद्‌गुरु कबीर साहब के मूल ग्रन्थ बीजक का अमर भाषा में श्लोकबद्ध व्याख्यान किया है, जो इनकी वाग्मीता का परिचायक है।

भारतीय संस्कृति के उन्नयन में चौखम्बा संस्कृत संस्थान का महत्त्वपूर्ण स्थान रहा है और आज भी है। इस संस्थान के माध्यम से वेद, वेदान्त, शास्त्र, पुराण, तन्त्र तथा मीमांसा प्रभृति विपुल साहित्य प्रकाशित होते आ रहे हैं और अभी भी हो रहे हैं। आज की भौतिकवाद के परिवेश में आध्यात्मिक प्रकाशन की महती आवश्यकता है। जिसकी पूर्ति में यह प्रकाशन संस्थान संलग्न है जो प्रसन्नता की बात है। इस संस्थान के समुन्नायक श्रीमोहनदास जी गुप्त इस कार्य को आगे बढ़ाने में हर प्रकार से दत्तचित्त होकर कर्तव्य परायण हैं। जिसकी बहुत आवश्यकता है। इनका परिवार भी इस कार्य में दत्तचित्त हैं—

आशा है इस कार्य से भारतीय संस्कृति की रक्षा होती रहेगी। आशुतोष भगवान् विश्वनाथ से प्रार्थना है कि यह परिवार भारतीय विद्या का अधिक से अधिक प्रकाशन कर लोक कल्याण करते रहें। चित्सुखी पर स्वल्पात् स्वल्प में चर्चा की जो मात्र सूर्य को दीपक दिखाना है। आगे प्रभु के पावन नामों के साथ अब मैं विराम लेता हूँ।

ओंराम ओंराम ओं ओं राम!
राम ओं राम ओं ओम् ओम् राम!!


के० ६७/६६ ए० सद्‌गुरु कबीरहनुमत्
पुस्तकालय, महेश कालोनी,
ईश्वरगंगी वाराणसी १

स्वामीसुभद्रदासशास्त्री

विषयानुक्रमणिका

तृतीयपरिच्छेदे

चतुर्थपरिच्छेदे



स्वामी हनुमानदास जी षटशास्त्री

श्रीमच्चित्सुखाचार्यविरचिता

तत्त्वप्रदीपिका

स्वोपज्ञ 'नयनप्रसादिनी' संस्कृतटीकासहित-
'तत्त्वचन्द्रिका' हिन्दी-व्याख्योपेता

प्रथमः परिच्छेदः

स्तम्भाभ्यन्तरगर्भभावनिगदव्याख्याततद्वैभवो,
यः पाञ्चाननपाञ्चजन्यवपुषा व्यादिष्टविश्वात्मतः ।
प्रह्लादाभिहितार्थतत्क्षणमिलद्दृष्टप्रमाणं हरिः,
सोऽव्याद्वः शरदिन्दुसुन्दरतनुः सिंहाद्रिचूडामणिः ॥ १ ॥

❀ नयनप्रसादिनी ❀

यन्नित्यं निरवग्रहस्वमहिमाऽमेयस्वभाव महा-
मायावेशवशाद् व्यवर्तत वियद्वाय्वग्न्यबुर्वीमुखैः ।
भावैस्तत्तदनन्तविभ्रममयैर्विध्वस्तभेदोद्भवं,
निर्धूतावधिबोधमोदजलधिं वन्दे महीयो महः ॥ १ ॥

उन्निद्रशुभ्रसरसीरुहसंनिषण्णां
निर्गच्छदच्छरुचिनिर्जितचन्द्रकान्तिम् ।
हारोज्ज्वलां लिपितनुं स्फटिकाक्षकुम्भ-
मुद्राक्षपुस्तककरां प्रणमामि वाणीम् ॥ २ ॥

अविरलविगलितमदजलविलुलितमत्तालिमाल्यमनुलम्बः ।
सुविपुलकपोलफलको दलयतु लम्बोदरो दुरितम् ॥ ३ ॥

यद्विद्याधवलैर्बिभर्ति विबुधैः सर्वा दिवापीन्दुमु-
न्मीलत्कैरवकोरकाकुलरुचिं विश्वंभरेयं भृता ।
घोराज्ञानदुरन्तपङ्कनिकरप्रोत्सारिविद्यानदी-
मूलं नौमि मुनीन्द्रमन्वहमहं विद्यागिरिं तं गुरुम् ॥ ४ ॥

यत्पादपावनसरोजरजःपरागै-
रेते विनेयनिवहा निरजस्त्वमापुः ।
सत्यप्रकाशपरिशुद्धनिजानुभावं
प्रत्यक्प्रकाशमभिनौमि गुरुं यतीन्द्रम् ॥ ५ ॥

उद्यद्विद्यासुरसरिदियं निःसृता यत्सकाशाद्,
यत्पादाब्जं सकलविबुधोत्तंसलीलां बिभर्ति ।
हंसानां यद्विमलबहुवाग्जीवनं जीवनं तं,
वन्दे विद्यागुरुमविरतं मानसं तीर्थमार्यम् ॥ ६ ॥

अविनश्वरहचितत्त्वप्रदीपिकालोकनार्थिना क्रियते ।
अज्ञानतिमिरभेत्त्री मानसनयनप्रसादिनी टीका ॥ ७ ॥

दोषत्वमुज्ज्वलगुणा अपि यान्ति येषु
तैरुन्नतेः किमथवेह तिरस्कृतेः किम् ।
दोषोऽपि येषु गुणतामुपयाति भूयां-
स्तेभ्यो नमोस्तु सततं भुवि सज्जनेभ्यः ॥ ८ ॥

प्रारिप्सितस्य प्रकरणस्य निरन्तरायपरिसमाप्तिपरिपन्थिदुरितपरम्परानिवारणाय शिष्योपशिक्षयद्वारा प्रचयप्रचाराय शिष्टानुष्ठानप्रतिष्ठापनेन शिष्टपरिग्रहाय च प्रवरगुणगणोपवर्णनपूर्वकं परमेश्वरं परिपूजयन् आशीर्लक्षणमङ्गलमविगीतशिष्टाचारानुमितस्मृतिपरिकल्पितश्रुतिप्रमाणकमाचरितं शिष्यशिक्षार्थं ग्रन्थतो निबध्नाति—स्तम्भाभ्यन्तरेति । स हरिरज्ञानतत्कार्यहर्ता वः युष्मानव्याद्रक्षतात् । तस्यैव हरेर्विशेषणानि स्तम्भाभ्यन्तरेत्यादीनि । स्तम्भस्याभ्यन्तरं स्तम्भाभ्यन्तरं तत्र गर्भभावः स्तम्भाभ्यन्तरगर्भभावः । गर्भत्वं चेदमनभिव्यक्ततया वृत्तित्वं, न तु गृहान्तरावस्थितदेवदत्तवत्प्रकटतया । सर्वान्तरभावोऽनेन विवक्ष्यते मुकुलपुटकुटीकोटरक्रोडलीनामितिवत् । तेन न पौनरुक्त्यम् । तेन निगदव्याख्यातं निगदमात्रेण व्याख्यातम्; उपायान्तरनिरपेक्षतया स्पष्टीकृतमिति यावत् । तद्वैभवं तस्य स्वरूपस्य, तत्तादृगनुपममिति वा, वैभवं विभुत्वं येन, यस्येति वा । असौ स्तम्भाभ्यन्तरगर्भभावनिगदव्याख्याततद्वैभवः । तदनेन सर्वगतत्वमुक्तं भवति । सर्वगतत्वमपि नैयायिकादेरिव वस्तुतः परिच्छिन्नं स्यादिति तन्निवृत्तये सर्वात्मतामाह—यः पाञ्चाननपाञ्चजन्यवपुषा व्यादिष्टविश्वात्मत इति । पञ्चाननसम्बन्धि पाञ्चाननं पञ्चाननः सिंहः पञ्चसु दिक्ष्वाननमस्य विपरिवर्तत इति व्युत्पत्त्या विस्तृतास्यत्वाद्वा 'पचि विस्तार' इत्यस्मात्पञ्चशब्दव्युत्पत्तेः 'सिंहो मृगेन्द्रः पञ्चास्य' इत्यमरसिंहोक्तेश्च । पञ्चजना मनुष्याः, 'स्युः पुमांसः पञ्चजना' इति तेनैवोक्तत्वात्, 'दिक्संख्ये संज्ञायामि'ति समासाभिधानाच्च । तत्सम्बन्धि पाञ्चजन्यम् । पाञ्चाननं च तत्पाञ्चजन्यं चेति पाञ्चाननपाञ्चजन्यं तादृशं वपुः पाञ्चाननपाञ्चजन्यवपुः नरसिंहात्मकमित्यर्थः । तेन वपुषा व्यादिष्टा विशेषेणोक्ता विश्वात्मता विश्वस्वरूपता येन, यस्येति वा स तथोक्तः । न च सर्वात्मकत्वकथनेनैव सर्वगतत्वसिद्धेर्वृथा पृथक्कथनमिति वाच्यं; अतत्परत्वात्, यदेतद्वादिभिरयादिप्रसिद्धं सर्वगतत्वं, सर्वात्मकत्वं तन्नूनं मया प्रकटितमित्युत्प्रेक्षाया विवक्षितत्वात् । तदेवं सर्वगतत्वं सर्वात्मकत्वं चोक्त्वा परमकारुणिकस्य भक्तानुग्रहीतृतामाह —प्रह्लादेति। प्रह्लादेनाभिहितार्थस्तस्मिन्स्तत्क्षणं

समसमयमेव मिलद् घटमानं दृष्टं प्रत्यक्षं प्रत्यक्षवत्साक्षात्कारसाधकत्वात्प्रमाणं यः स तथोक्तः। प्रमाणशब्दस्य नित्यनपुंसकत्वात्प्रतिपिपादयिषिततया तत्पुरुषसमासतया स्वप्रधानत्वाच्च संगच्छत एव प्रमाणं हरिरिति सामानाधिकरण्यम्। सर्वात्मकस्य परमेश्वरस्य स्तम्भादिसर्ववस्तुगतत्वं हि प्रह्लादेन प्रत्यज्ञायि। तत्र चागमोऽनुमानं वा यत्तेन वक्तव्यं प्रमाणं तत्परोक्षमेवाहं तु साक्षात्कारयिष्यामीत्यभिमानेन स्तम्भोदरान्निरगादित्यर्थः। शरदिन्दुसुन्दरतनुः शरदिन्दुवत्सुन्दरा धवला तनुर्यस्य स तथोक्तः सिंहाद्रेश्चूडामणिः सिंहाद्रिचूडामणिः सिंहगिर्यलंकारः सिंहगिरिनिवासीत्यर्थः। य एवंविधः स हरिरित्यन्वयः। यद्यप्यत्र वैभवस्यार्थात्मकतया निगदव्याख्यातत्वं न सम्भवति तस्य ग्रन्थधर्मत्वात्तथापि समाधिप्रदर्शनार्थमयमन्यधर्मोऽन्यत्र निवेदितः। समाधिर्नाम काव्यविशेषस्य प्राणविशेषः। काव्यविशेषस्य हि दश प्राणाः कविभिः परिगणिताः; यथाहुः—

'श्लेषः प्रसादः समता माधुर्यं सुकुमारता।
अर्थव्यक्तिरुदारत्वमोजःकान्तिसमाधयः।
इति वैदर्भमार्गस्य प्राणा दश गुणाः स्मृता' इति। तथा—
'अन्यधर्मस्ततोऽन्यत्र लोकसीमानुरोधिना।
सम्यगाधीयते यत्र स समाधिः स्मृतो यथा॥
कुमुदानि निमीलन्ति कमलान्युन्मिषन्ति च॥' (काव्यादर्शः परि० १)

इत्यत्र हि नेत्रक्रियारूपयोर्निमीलनोन्मीलनयोः कुमुदकमलयोरनेत्रयोरध्यारोपणं समाधिस्तथेहापि ग्रन्थधर्मस्यार्थे निवेदनात्समाध्यलंकारो दर्शितो भवति। पाञ्चालीवैदर्भीरीत्योश्चाञ्जसैव वैषम्यात्। अस्य च वेदान्तशास्त्रप्रकरणत्वात्तद्विषयादिभिस्तद्वत्त्वमस्तीति दर्शयितुं लेशतस्तदपि सूचितम्। तथाहि—हरिरित्यनेनाज्ञानतत्कार्यहारित्वदर्शनान्निर्धूतोपाधिव्याधिपरिशुद्धं प्रत्यग्रूपं ब्रह्म प्रयोजनं सूचितम्। व्याविष्टविश्वात्मत इत्यनेनारोपितमायतयाऽज्ञातं प्रत्यग्भूतं च ब्रह्म विषयो दर्शितः। प्रह्लादशब्देन तादृगधिकार्यंशब्दसूचितोऽपि सूचितः। अर्थाच्च शास्त्रफलयोर्हेतुहेतुमद्भावरूपः शास्त्रतत्त्वज्ञानफलयोश्च कार्यकारणभावरूपो तत्फलज्ञानतत्त्वयोश्च विषयविषयिभावरूपः शास्त्रतत्त्वयोश्च प्रतिपाद्यप्रतिपादकभावरूप इति पञ्चविधः सम्बन्धो दर्शित इत्यनेनैव प्रकरणारम्भोऽपि समर्थितः॥ १॥

ॐ तत्त्वचन्द्रिका ॐ

वन्दे नित्यं चिदानन्दं निष्कलं निर्मलं स्वयम्।
अखण्डमभयं देवं गुरुं ब्रह्म परं पदम्॥ १॥
अवेद्यश्चापरोक्षव्यवहृतेर्विषयं विभुम्।
मनसा वचसा नौमि सच्चिदानन्दमव्ययम्॥ २॥
सम्मते स्वाश्रयत्वेन स्वाभावप्रतियोगिनम्।
भासयन्तं स्वमात्मानं स्वप्रकाशं भजाम्यहम्॥ ३॥

नमो नमोऽस्तु किल कर्मसाक्षिणे क्रियाकलादिविगतार्थभासिने।
अनन्तधामसदसत्स्वरूपिणे अनन्तपारगुरुमूर्तये नमः ॥ ४ ॥
शिवकरं शिववाक्यविशारदं प्रणततापतुदं तनुतारणम्।
निखिलधर्मतदङ्गदिवाकरं सुसदयं प्रणतोऽस्मि जगद्गुरुम् ॥ ५ ॥

यह प्रसिद्ध कथा है कि प्रह्लाद हरिभक्त थे, और उनका पिता हरिविमुख था, अतः हरिभक्ति से प्रह्लाद को भी विमुख करना चाहता था, किन्तु प्रह्लाद हरिभक्ति से विमुख नहीं हुए और उन्होंने गृह के स्तम्भादि में सर्वत्र विभुहरि का वर्णन किया, तब क्रुद्ध उसके पिता ने उस निकटवर्ती स्तम्भ में मुष्टिप्रघात किया, और कहा कि यदि इसमें हरि है, तो वह प्रकट हो इत्यादि, फिर श्री भगवान् ने किसी अंश में सिंह (पञ्चानन नामक सम्बन्धी पाञ्चानन) रूप, युक्त, प्रकट होकर और किसी अंश में मानव (पञ्चजन नामक सम्बन्धी पाञ्चजन्य) रूप, युक्त, प्रकट होकर, प्रह्लाद के पिता का वध करके प्रह्लाद की रक्षा की। इत्यादि आशय से, आशीर्वादात्मक मङ्गलाचरण किया गया है कि—

जिस हरि ने स्तम्भ के अभ्यन्तर (भीतर) गर्भभाव से (वत्सादितुल्य अव्यक्त स्थिति से) निगद (स्पष्ट) व्याख्यात (व्यक्त प्रकट) तद्विभव (तिस अव्यक्त स्वरूप के विभुत्व) को किया है। अर्थात् स्तम्भाभ्यन्तर स्थिति से ही जिसके विश्वाभ्यन्तर गर्भत्वेन स्पष्ट व्याख्यात अव्यक्त स्वरूप की विभुता हो गई है। और पाञ्चानन (सिंह सम्बन्धी) पाञ्चजन्य (पञ्चजन मनुष्य सम्बन्धी) अंशतः उभय नर और सिंहात्मक (नरसिंह) वपु (शरीर) से जिस हरि ने विश्वात्मता विश्वरूपता व्यादिष्ट विशेष रूप से मानो व्याख्यात की है। और प्रह्लाद से कथित सर्वात्मत्व अर्थ में उसके कथन क्षण में ही मिलता हुआ प्रत्यक्ष प्रमाण रूप जो हरि हैं, तथा जो शरद ऋतु काल के धवल स्वच्छ सुन्दर चन्द्र तुल्य सुन्दर शरीरवाले, एवं सिंहाद्रि (नृसिंहाश्रम पर्वत) के चूडामणि (अलंकार स्वरूप) सिंहगिरि के विभूषण स्वरूप हैं, सो हरि आप (श्रोता वक्ता आदि) सब की रक्षा करें ॥ १ ॥

ज्योतिर्यद्दक्षिणामूर्ति व्यासशंकरशब्दितम्।
ज्ञानोत्तमाख्यं तद्वन्दे सत्यानन्दपदोदितम् ॥ २ ॥

तदेवमाशीर्वादेन परदेवता पूजिता। गुरुपूजयापि भवितव्यम्—

यस्य देवे परा भक्तिर्यथा देवे तथा गुरौ।
तस्यैते कथिता ह्यर्थाः प्रकाशन्ते महात्मनः ॥

इति देवताभक्तिवद्गुरुभक्तेरपि विद्यावगत्यावन्तरङ्गतावगमात्तदर्थं गुरुं नमस्करोति—ज्योतिर्यदित्यादिना। सत्यानन्देति। सत्यानन्दपदाभ्यां प्रकाशितं, अथवा सत्यानन्दात्मकं यत्पदं पद्यते इति पदं तेनोदितं स्फुरितम्। इत्थंभावे तृतीया, अनेन च गुरुदेवतयोरैक्यमुक्तम्। वेदान्तवेद्यवस्तुस्वरूपप्रतिपादकवेदान्तापेक्षितन्यायसूत्रणाय व्यासपदवीमवाप। पुनस्तदर्थाविष्करणाय शंकराचार्यतां तद्भाष्यार्थविवरणाय च ज्ञानोत्तमतामुपागमदिति भावः ॥ २ ॥

जो दक्षिणामूर्ति (शिव स्वरूप) ज्योति (चिदात्मा) वेदान्त सूत्र रचना के लिये व्यासदेव रूप से, और उसके भाष्य के लिये श्री शङ्कराचार्य रूप से प्रकट होने के कारण श्री व्यास और शङ्कर (शङ्कराचार्य) शब्द से शब्दित (शब्द से कथित) होती है। तथा ज्ञानोत्तम नामक श्री गुरु स्वरूप हुई है। उस सत्य आनन्द पद से कथित = प्रकाशित, सत्यानन्द प्रासव्य स्वरूप ज्योति (चिदात्मा ब्रह्म) की वन्दना करता हूँ। इनसे सद्गुरु और ज्योतिःस्वरूप की एकता कही गई है, और श्रुतिवर्णित गुरुभक्ति की ज्ञानान्तरङ्ग साधनता मानी गई है ॥ २ ॥

विप्रतिपत्तिव्रातध्वान्तध्वंसप्रगल्भवाचाला ।
क्रियते चित्सुखमुनिना प्रत्यक्तत्त्वप्रदीपिका विदुषा ॥ ३ ॥

यद्यपि शारीरकविषयादिनास्यापि परमविषयादिमत्त्वं सिद्ध्यति तथाप्यसाधारणान्यपराण्यपि वक्तव्यान्येव, अन्यथा पृथगारम्भवैयर्थ्यादित्यसाधारणान्याह—विप्रतिपत्तिव्रातेति। विप्रतिपत्तीनां व्रातः समूहस्तदेव ध्वान्तं तस्य ध्वंसे प्रगल्भा दृढतरन्यायोपेता वाचाला बहुभाषिणी "आलजाटचौ बहुभाषिणी"ति पाणिनिस्मरणात्, "स्याज्जल्पाकस्तु वाचालो वाचाटो बहुगर्ह्यवाग्"इत्यभिधानाच्च । अनेनासंपूर्णोक्तिः परिहृता । प्रतीचो जीवस्य तत्त्वं पारमार्थिकं रूपं निरतिशयानन्दनिरस्तानर्थव्रातं ब्रह्म तस्य प्रदीपिकेव प्रदीपिका प्रकाशकत्वात् । एतदुक्तं भवति—यद्यपि शारीरकादितत्तद्ग्रन्थैः प्रत्यक्तत्त्वप्रकाशने करणभूतवेदान्तानां विप्रतिपत्तिनिरसनरूपोपकरणेतिकर्तव्यताकृत्यमपि कृतं तथापि तत्तदभिनवविप्रतिपत्तिव्रातनिवारणे तदेवास्यापि प्रयोजनं भवति । विप्रतिपत्तितिरोहितं तु विषयः । तत्काम्यधिकारी । तथाविधश्च सम्बन्ध इत्यस्त्येवासाधारणमस्य विषयादि, अत एव चारम्भणीयमिति । केचिद्विप्रतिपत्तीत्यादिना अवान्तरप्रयोजनस्य निर्देशः प्रत्यक्तत्त्वप्रदीपिकेति प्रधानस्यैवेति वदन्ति ॥ ३ ॥

प्रथम श्लोक में हरि शब्द से ज्ञात, प्रत्यगभिन्न शुद्ध ब्रह्म अविद्यादि के हारक (नाशक) होने से वह ग्रन्थ का प्रयोजन (फल) रूप सूचित हुआ है। और व्यादिष्ट (व्याख्यात) विश्वात्मता शब्द से आरोपित जगद् विशिष्ट अज्ञात ब्रह्म विषय दर्शित हुआ है, प्रह्लाद शब्द से तत्तुल्य अधिकारी सूचित हुआ है, और हेतुहेतुमद्भावादि रूप शास्त्र फलादि के सम्बन्ध भी प्रथम श्लोक से सूचित हुए हैं, सो सब अनुबन्ध टीका में वर्णित हैं। और शारीरक के विषय प्रयोजनादि से ही इस ग्रन्थ को भी वस्तुतः विषयादिमत्त्व है, अतः यद्यपि पृथक् विषयादि निरूपणीय नहीं है, तथापि सर्वथा तुल्य विषयादि के होने पर पृथक् ग्रन्थारम्भ की निष्फलता की प्राप्ति होती है, अतः इस ग्रन्थ के विशेष प्रयोजनादि कहे गये हैं कि—विप्रतिपत्ति (विरुद्ध प्रतिपत्ति = ज्ञान) श्रुतिप्रतिपादित स्वयंप्रकाश अद्वैतवस्तु के ज्ञान से विरुद्ध ज्ञान। और तन्मूलक विरुद्ध वाद (कथन) का व्रात (समूह) रूप जो ध्वान्त (तम अन्धकार) उसके ध्वंस (नाश) में प्रगल्भा (प्रतिभाशाली दृढयुक्तियुक्ता) और वाचाला = बहुभाषिणी, प्रत्यक् तत्त्वदीपिका (अन्तरात्मतत्त्व = जीव के पारमार्थिक स्वरूप की प्रकाशिका = बोधिका) ग्रन्थ चित्सुख मुनि नामक विद्वान् से किया जाता है। भाव है कि यद्यपि विप्रतिपत्ति आदि का निवारण

शारीरकादि से भी किया गया है, तथापि अभिनव विप्रतिपत्ति आदि का निवारण इसका विशेष फल है। विप्रतिपत्ति से तिरोहित वस्तु इसका विषय है, इत्यादि ॥ ३ ॥

प्रमाणनखनिर्भिन्नमहामोहामरारये ।
नमस्कुर्मो नृसिंहाय स्वप्रकाशचिदात्मने ॥ ४ ॥

अनन्तरवर्तिष्यमाणवादार्थं नरसिंहनमस्कारच्छलेन दर्शयति—प्रमाणेति । प्रमाणं तत्त्वमस्यादिवाक्यजनिता जीवब्रह्मैक्याकारा चित्प्रतिबिम्बधारिणी बुद्धिवृत्तिस्तत्प्रतिबिम्बितं वा चैतन्यम् । वाक्यापेक्षया च बहुत्वम् । प्रमाणमयैर्नखैर्निर्भिन्नो महामोहाख्योऽमरारिरसुरो येन तस्मै । अथ किमिति तत्कर्मकानुभवाजनकत्वं प्रमाणानामिति तत्राह—स्वप्रकाशेति । स्वप्रकाशा चित्सैवात्मा यस्य । अथवा स्वप्रकाशश्चिद्रूपश्चासावात्मा चेति विग्रहः । एतेन स्वप्रकाशरूपेऽतिशयानाधायकत्वेऽपि मोहनिवृत्तिलक्षणातिशयाधायकतया वेदान्तानां स्वप्रकाशे ब्रह्मणि प्रामाण्यं प्रमाणकृत्यं चोपपादितं भवति । तदनेन संविदात्मनोः स्वप्रकाशत्वं प्रतिज्ञातं तदेतद्द्वयमुत्तरत्र यथाक्रमं समर्थयिष्यते ॥ ४ ॥

आगे होनेवाले स्वप्रकाश विषयक वाद (कथा) के विषय को भगवान् नरसिंह के नमस्कार के व्याज (बहाने) से दर्शाया गया है कि—तत्त्वमसि, इत्यादि महावाक्य जन्य प्रत्यगभिन्न ब्रह्माकारवृत्ति रूप प्रमाणात्मक नखों से (नखों द्वारा) निर्भिन्न (नष्ट) किये गये हैं, महामोह=अविवेकादि रूप अमरारि=असुर, जिससे, उस स्वप्रकाश (स्वयं प्रकाश) चिदात्मस्वरूप श्री नरसिंह भगवान् को हम नमस्कार करते हैं ॥ ४ ॥

अथ कोऽयं स्वप्रकाशशब्दार्थः ? किं स्वश्चासौ प्रकाशश्च स्वप्रकाशः ॥१॥ स्वस्य स्वयमेव प्रकाश इति वा ? ॥२॥ सजातीयप्रकाशाप्रकाश्यत्वं वा ? ॥३॥ स्वसत्तायां प्रकाशव्यतिरेकविरहितत्वं वा ? ॥४॥ स्वव्यवहारहेतुप्रकाशत्वं वा? ॥५॥

अथ कोऽयमिति । अथशब्दोऽयमानन्तर्यार्थे । विषयादिसिद्ध्यनन्तरमित्यर्थः । अधिकारार्थो वा । स्वप्रकाशत्वस्य स्वयमनङ्गीकारादङ्गीकृतशब्दद्वारा विप्रतिपत्त्यधिकरणनिर्देशः कोऽयमिति । किंलक्षणक इत्यर्थः । स्वश्चेति । स्वत्वे सति प्रकाशत्वमित्यर्थः । घटादावतिव्याप्तिनिवृत्त्यै प्रकाशग्रहणम् । स्वस्येति । स्वविषयत्वे सति प्रकाशत्वं वेत्यर्थः । अर्थान्तरतानिवृत्त्यै प्रथमं विशेषणम् । शब्दशब्दादावनतिव्याप्त्यै प्रकाशग्रहणम् । द्वयमिहोक्तं भवति स्वस्य स्वस्मिन्प्रकाशत्वविधानं, अर्थात्प्रकाशान्तरव्यावृत्तिश्चेति । इदानीमुत्तरे विशेषं शङ्कते—सजातीयेति । अर्थान्तरतानिवृत्त्यै सजातीयग्रहणम् । एतच्च प्रदीपादेरपि स्वप्रकाशत्वं वाञ्छतो लक्षणम् । स्वसत्तायामिति । यावदस्य सत्ता तावत्प्रकाशेनावियोगः । वेद्यत्वे हि निलीनताया अपि संभवात्प्रकाशव्यतिरेकोऽनवस्था वा स्यादित्यर्थः । स्वव्यवहारेति । अविज्ञाते व्यवहारायोगादवश्यं ज्ञानेन स्वव्यवहारहेतुभूतेन भवितव्यम् । तद्रूपत्वं च तस्य स्वप्रकाशत्वं विवक्षितमित्यर्थः । यद्यपि न पूर्वपूर्वपक्षदोषपरिजिहीर्षया सर्वोत्तरोत्तरपक्षपरिग्रहस्तथापि संभाव्यमानत्वाद्विभिन्नदूषणत्वाच्च विनेयमतिविकासायोपन्यस्यन्ते ।

यहाँ मङ्गलाचरण विषय निर्देशादि के अनन्तरता अर्थक, अथ शब्द है, और (किं स्वप्रकाशत्वम्) पूर्वनिर्दिष्ट (स्वप्रकाशत्व क्या है) ऐसे सुगम प्रश्न को छोड़ कर (कोऽयं स्वप्रकाशशब्दार्थः) यह स्वप्रकाशशब्द का अर्थ क्या है, इस प्रश्न का तात्पर्य है कि, स्व-शब्द, आत्मा, आत्मीय, ज्ञाति आदि का वाचक होता है, और आत्म वाचक स्वशब्द स्वयं शब्द के साथ समानार्थक होता है, तहाँ "सः स्वयं जानाति, त्वं स्वयं जानासि, अहं स्वयं जानामि" इत्यादि प्रयोगादि से स्वयं शब्दार्थ, कूटस्थ चेतनात्मा, प्रथम, मध्यम, उत्तम सब में व्यापक प्रकाश (साक्षी) स्वरूप सिद्ध होता है, सोई स्वप्रकाश शब्द में स्वशब्द का अर्थ है। और (यच्चाप्नोति यदादत्ते यच्चात्ति विषयानिह। यच्चास्य सन्ततो भावस्तस्मादात्मेति कथ्यते (१) यतः यह जीवात्मा सुषुप्ति में सद्ब्रह्म को प्राप्त करता है, स्वप्न में जाग्रत् के वासनाओं का ग्रहण करता है, जाग्रत् में यहाँ विषयों को भोगता है, और यतः इसका निरन्तर सर्वत्र सर्वकाल में भाव (सत्त्व प्रकाश) रहता है; अतः आप्नोति, आदत्ते, अत्ति, अतति, इति आत्मा कहा जाता है, इस कथन से आत्मा के तीन स्वरूप व्यावहारिक, एक पारमार्थिक त्रिगुस्वरूप सिद्ध होता है, सो पारमार्थिक स्वरूप यहाँ स्वशब्दार्थ है, ऐसा सिद्धान्त में माना जाता है, और उसकी स्वयं प्रकाशता भी सिद्धान्त में मान्य है, परन्तु प्रतिवादी नहीं मानता है, और वादी प्रतिवादी दोनों से अङ्गीकृत अर्थ द्वारा प्रायः कथा की प्रवृत्ति होती है। अतः वादी प्रतिवादी दोनों से अङ्गीकृत शब्द द्वारा प्रश्न किया गया है कि कोऽयं, किस लक्षण वाला, स्वप्रकाश शब्द का अर्थ है। और (आत्मनस्तत्प्रकाशत्व यत्पदार्थावभासनम्। नाग्न्यादिदीप्तिवद्दीप्तिर्भवत्यान्ध्यं यतो निशि॥ अपरोक्षानुभूतिः) इस प्रकाशत्व को भी प्रतिवादी नहीं मानता है। अतः दीपादि में अतिव्याप्ति कहता है। प्रथमविकल्प है कि क्या स्वत्व (स्वत्वविशिष्ट=स्वरूपवत्वयुक्त प्रकाश रूपता, स्वप्रकाशता है। स्वरूपवत्ता घटादि में भी है। अतः प्रकाश कहा गया है॥ १॥ अथवा, स्वविषयक प्रकाशता है, प्रकाशता अग्नि आदि में भी है, अतः उनकी व्यावृत्ति के लिये स्वविषयकत्व कहा गया है। अर्थात् प्रकाशान्तराविषयत्वे सति स्वविषयक प्रकाशत्वविशिष्ट रूपता है, क्या॥ २॥ अथवा, सजातीय प्रकाश से अप्रकाश्य मानता है, इस पक्ष में दीपादि को भी स्वप्रकाश माना गया है॥ ३॥ अथवा अपनी सत्ता (वर्तमानता में) प्रकाशाऽभावरहिता=अर्थात् नियत=अवश्य प्रकाश मानता है क्या॥ ४॥ स्वव्यवहारहेतुताद्युक्त प्रकाशत्व है क्या, अर्थात् अज्ञात का व्यवहार नहीं हो सकता है, अतः व्यवहारहेतु ज्ञानरूपत्व स्वप्रकाशता है॥ ५॥

ज्ञानाविषयत्वं वा ?॥ ६॥, ज्ञानाविषयत्वे सत्यपरोक्षत्वं वा ?॥ ७॥ व्यवहारविषयत्वे सति ज्ञानाविषयत्वं वा ?॥ ८॥, स्वप्रतिबद्धव्यवहारे सजातीयपरानपेक्षत्वं वा ?॥ ९॥ अवेद्यत्वे, सत्यपरोक्षव्यवहारविषयत्वं वा ?॥ १०॥ तद्योग्यत्वं वा ?॥ ११॥

ज्ञानाविषयत्वं शशविषाणादेरप्यस्ति तच्छब्दजनितबुद्धेर्विकल्पमात्रतयार्थासंस्पर्शात्, यथाहुः पातञ्जलाः—"शब्दज्ञानानुपाती वस्तुशून्यो विकल्प" इतीत्यपरितोषात्पक्षान्तरं शङ्कते—ज्ञानाविषयत्वे सतीति। नच तृतीयषष्ठयोः संकरः; तथाभूतस्यापि प्रदी-

पस्य ज्ञानविषयत्वात् । अथ ब्रूयात्किमिदमपरोक्षत्वम् ? किमपरोक्षज्ञानविषयत्वम् ? किंवाऽपरोक्षज्ञानत्वम् ? नाद्यः; ज्ञानाविषयत्वज्ञानविषयत्वयोर्व्याघातात् । न द्वितीयः; सर्वस्यैव ज्ञानस्य स्वप्रकाशताश्रयणेन व्यर्थविशेषणत्वापातात्, अनपरोक्षज्ञानाभावाच्च । भवन्मते 'यत्साक्षादपरोक्षाद् ब्रह्मे'ति श्रुतेः, वृत्तिरूपस्य ज्ञानस्य च ज्ञानत्वं नेष्यते भवते-त्यतः पक्षान्तरं शङ्कते—व्यवहारेति । अखण्डार्थवादिनां व्यवहारविषयत्वे सति ज्ञाना-विषयत्वं शुक्तिरजतादिसंसर्गेऽप्यस्तीत्यतिव्याप्तिमालक्ष्य पक्षान्तरं कक्षीकरोति—स्वप्रतियद्धेति । असंभवनिवृत्त्यै सजातीयग्रहणम् । ज्ञानाविषयत्वे सत्यपरोक्षत्वं पूर्व-मुक्तमिह तु तद्व्यवहारविषयत्वमिति न सप्तमदशमसंकरावसरः । मुक्तिदशायां व्यवहा-रानङ्गीकरणादव्याप्तिः स्यादत उक्तं तद्योग्यत्वं वेति ।

अथवा ज्ञानाऽविषयता=अप्रमेयता स्वप्रकाशता है ॥ ६ ॥ अथवा ज्ञानाविषयत्व-युक्तअपरोक्षत्व स्वरूप है॥७॥ अथवा व्यवहारविषयता युक्त ज्ञानाविषयत्व है॥८॥ अथवा स्वसम्बन्धी=स्वविषयक व्यवहार में सजातीय अन्य की अपेक्षा रहितत्व है ॥ ९ ॥ अथवा अवेद्य=ज्ञानाविषय होते हुए अपरोक्ष व्यवहार (कथनादि) विषयता है ॥ १० ॥ या अवेद्यतायुक्त अपरोक्षव्यवहार की योग्यता स्वप्रकाशता है ॥ ११ ॥ यहाँ पूर्व-पूर्व पक्ष में दोष की प्राप्ति होने पर उसके निवारण के लिये, उत्तर-उत्तर पक्ष का ग्रहण नहीं है, किन्तु इन लक्षणों के सम्भव होने से, इनमें पृथक् २ दोष दर्शनार्थक इनका कथन किया गया है। या कथञ्चित्पूर्व पूर्व में अरुचि होने पर उत्तरोत्तर का उपन्यास है, सो ऊहनीय है, या टीका से ज्ञातव्य है।

नाद्यः; वेद्यस्यापि ज्ञानस्य स्वप्रकाशत्वाभ्युपगमात् ॥ १ ॥ न द्वितीयः; कर्मकर्तृभावविरोधेन लक्षणस्यासंभवात् ॥ २ ॥ न तृतीयः; प्रदीपादेः सजा-तीयप्रकाशाप्रकाशस्यास्वयंप्रकाशत्वेन लक्षणस्यातिव्याप्तेः; घटादेरपि सजाती-यप्रकाशाप्रकाश्यस्य स्वप्रकाशत्वप्रसङ्गाच्च । न हि प्रदीपादौ ज्ञाने वा घटत्वादि-जातिरस्ति, येन घटादयः सजातीयप्रकाशप्रकाश्या भवेयुः । सत्तया सजाती-यत्वं तत्राप्यस्तीति चेत्, न; विशेषणवैयर्थ्यात्सत्ताविरहिणः प्रकाशस्यैवासंभ-वात्प्रकाशाप्रकाश्यत्वमित्येतावतैव चरितार्थत्वात् ॥ ३ ॥

अयथार्थान्तरतानिवृत्त्यै द्वितीयोत्थानं, विरोधपरिहाराय तृतीयोत्थानं, घटादावत-तिव्याप्तिपरिहाराय चतुर्थः, सुखादावतिव्याप्तिनिवृत्त्यै पञ्चमः, प्रदीपेऽतिव्याप्तिपरिहाराय षष्ठः, सप्तमाष्टमनवमेषु चोत्क्रमेण । प्रदीपेऽतिव्याप्तिनिवृत्त्यै दशमः, एकादशोऽप्युक्तमिति संभवत्येव सर्वत्र पूर्वपूर्वानुपपत्तिपरिहारायोत्तरोत्तरोत्थानः । वेद्यस्यापीति । नहि तदस्य नान्यप्रकाशः ज्ञानताङ्गीकारादित्यर्थः । कर्मकर्तृभावेति । यद्यपीयं स्वस्येति षष्ठी संबन्धमात्रेऽपि संभवति तथाप्यविवक्षितविशेषे व्यवहारायोगाद्विशेषस्य च संनिहितप्रकाशनक्रियानुरोधेन कर्मणि व्यवस्थापनात्प्रसज्यतैव कर्मकर्तृभाव इत्यर्थः । प्रदीपादेरिति । नहि तदालोकान्तरेण प्रकाश्यते । यच्च ज्ञानं प्रकाशकं तद्विजातीयमि-

त्यर्थः। नच प्रदीपस्यापि स्वप्रकाशत्वादनतिव्याप्तिरिति शङ्कनीयं, भौतिकस्य स्वप्रकाशताव्याघातादिति। न, विशेषणवैयर्थ्यादिति।

उक्त लक्षणों का खण्डन है कि आद्य=प्रथम लक्षण स्वत्वेसति प्रकाशता=स्वत्वयुक्त प्रकाशरूपता। यह युक्त नहीं है, क्योंकि इस प्रकार से अनुव्यवसायादि से वेद्य (ज्ञेय=अस्वप्रकाश) वृत्तिरूप ज्ञान की भी स्वप्रकाशता मानी जाती है (प्राप्त होती है)। उसमें भी स्वत्वे सति (परभिन्नत्वे सति=असाधारण स्वरूपत्वे सति) प्रकाशता है, अतः अलक्ष्य में लक्षण की प्राप्तिदोष से दुष्ट यह लक्षण है। यद्यपि स्वशब्द के अर्थ आत्मा को माना जाय तो (स्वत्वे=आत्मत्वे सति प्रकाशत्वं=स्वप्रकाशत्वम्) यह लक्षण होगा, सो सर्वथा सिद्धान्त में अदुष्ट होगा, क्योंकि वृत्तिरूप ज्ञान आत्मा नहीं है। और वस्तुतः वृत्तिरूप ज्ञान में प्रकाशत्व भी सिद्धान्त के अनुसार नहीं है, किन्तु तप्तलोहगत अग्नि के दाहकत्व के समान, वृत्तिगत ब्रह्मात्मा के प्रकाशत्व वृत्ति में भ्रम से भासता है, इतना भेद है कि आत्मा (ब्रह्म) सामान्य प्रकाश (ज्ञान) स्वरूप है, और वृत्ति के सात्विक (स्वच्छ) होने से चिदाभास सहित ब्रह्मात्मा ही वहाँ विशेष प्रकाश स्वरूप हो जाता है, या तप्त लोहपिण्ड के समान ब्रह्मात्मा और चिदाभास सहित होकर वृत्ति विशेष प्रकाश रूप (ज्ञान शब्दभागिनी) हो जाती है, वह स्वयं प्रकाश स्वरूप है, किन्तु साक्षिभास्य होने से वृत्ति वेद्य है। प्रतियादी के मत में आत्मा प्रकाश स्वरूप नहीं है, किन्तु आत्मा का गुण रूप ज्ञान घटादि विषय का प्रकाश स्वरूप है (सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म) इत्यादि में भी ज्ञान शब्द का (ज्ञानवत्) ज्ञानवाला अर्थ, प्रतिवादी मानता है। अतः प्रतिवादी मत के अनुसार दुष्ट है ॥ १ ॥

इसी प्रकार से, स्वस्य स्वयमेव प्रकाशः=स्वविषयक प्रकाशः (स्वप्रकाशः) यह दूसरा लक्षण भी दुष्ट है, क्योंकि एकमें एक क्रिया के कर्मत्व और कर्तृत्व के विरुद्ध होने से लक्षण का असम्भव होता है। कोई इस लक्षण का लक्ष्य नहीं सिद्ध होता है। अर्थात् जैसे (घटं पश्यति) (घट को कोई देखता है ऐसे जहां कहा जाता है, वहां देखने वाला कर्ता होता है, दर्शना देखना क्रिया होती है, उस क्रिया दर्शन विषयता रूप फल वाला घट उस कर्ता से भिन्न होता है।) कर्ता और कर्म इसी प्रकार से सर्वत्र भिन्न होता है। प्रकृत में (स्वस्य स्वयमेव प्रकाशः) अपना आप ही ज्ञान है, इस वाक्य में उक्त दर्शन के समान प्रकार शब्द का अर्थ (ज्ञान) रूप क्रिया होता है और जिसको ज्ञान होता है,वह उस क्रियाका कर्ता होता है, जिस वस्तु का ज्ञान होता है,वहाँ कर्ता और कर्म भिन्न ही होता है, जैसे कि (देवदत्तो घटं जानाति) देवदत्त घट को जानता है,यहां देवदत्तज्ञान का कर्ता, घट ज्ञान का कर्म भिन्न है, और धातु के अर्थ को क्रिया कहा जाता है, ज्ञान भी ज्ञाधातु का अर्थ होता है, क्रिया का जनक आश्रय कर्ता कहा जाता है, कर्मत्वेनाभिमत से भिन्नवृत्ति क्रिया (व्यापार) प्रयत्न जन्य फलाश्रय को कर्म कहा जाता है, ग्रामं गच्छति, हरिं पश्यति, इत्यादि। प्रकृत में यदि अपना प्रकाश आप ही होगा, तो प्रकाश (ज्ञान) रूप क्रिया का कर्ता और कर्म स्वरूप एक के विरुद्ध होने से असम्भव होगा। वस्तुतः सिद्धान्त में आत्मभिन्न लक्षणादि सब व्यवहार कल्पित होते हैं, अतः राहोः शिरः, पुरुषस्य चैतन्यम्। इत्यादि विकल्पवृत्ति (कल्पित भेद ज्ञानादि)

के समान भेद के आरोप द्वारा यह लक्षण भी समीचीन है, परन्तु प्रतिवादी मत के अनुसार अयुक्त है ॥ २ ॥

सजातीय प्रकाश से अप्रकाशमानता, रूप यह तृतीय भी स्वप्रकाश का लक्षण युक्त नहीं है। क्योंकि प्रदीप सूर्यादि भी सजातीय=प्रदीपान्तर सूर्यान्तरादि से प्रकाशित नहीं होते हैं, किन्तु (यद्भासा भास्यते सूर्यः) जिस ब्रह्मात्मा के प्रकाश से सूर्य प्रकाशते हैं, इत्यादि शास्त्रादि के अनुसार अन्य से प्रकाशित वेद्यादि होते हैं, अतः अस्वयं प्रकाशरूप अलक्ष्य में लक्षण की प्राप्ति से यह लक्षण भी अयुक्त है। केवल प्रदीपादि में ही नहीं, किन्तु घटादि में भी इस लक्षण की अतिव्याप्ति होती है, क्योंकि घटादि भी सजातीय प्रकाश से प्रकाशित नहीं होते हैं, घटादि के सजातीय अन्य घटादि हैं, सो उनके प्रकाशक नहीं हैं, घटादि के प्रकाशक प्रदीप ज्ञानादि में घटादि की सजातीयता नहीं है, प्रदीपादि में यदि घटत्वादि होते तो सजातीयता होती, सो उनमें घटत्वादि हैं नहीं, कि जिन घटत्वादि के प्रदीपादि में रहने से घटादि सजातीय प्रकाश से प्रकाशित हो। यदि कहा जाय कि द्रव्य गुण कर्म में व्यापक सत्ता नामक जाति घटादि में और उन प्रदीपादिकों में भी रहती है। अतः सत्ता द्वारा घटादि के सजातीय-प्रदीपादि से घटादि के प्रकाश होने से, सजातीय प्रकाशाऽप्रकाश्यत्व, रूप लक्षण की अतिव्याप्ति नहीं होगी तो यह कहना ठीक नहीं, क्योंकि ऐसी सजातीयता मानने पर=सजातीय यह विशेषण ही व्यर्थ होगा, विशेषण किसी की व्यावृत्ति करके सार्थक होता है। यहां विजातीय प्रकाश के निवारण के लिये सजातीय विशेषण सार्थक हो सकता था, परन्तु सत्ता द्वारा सजातीयता मानने पर सत्तारहित प्रकाश के अभाव से व्यावर्त्यरहित विशेषण होगा, अतः प्रकाशाप्रकाश्यत्व, इतना ही लक्षण सार्थक होगा। वस्तुतः प्रकाश का ही सजातीय प्रकाश ही हो सकता है, घटादि प्रकाश रूप नहीं है, अतः घटादि में अतिव्याप्ति का कथञ्चित् प्रसङ्गाऽऽपादन है, अर्थात् तृतीय लक्षण का (प्रकाशत्वे सति सजातीय प्रकाशाऽप्रकाश्यत्व) अर्थ है, इस अर्थ को समझे बिना घटादि में अतिव्याप्ति हो सकती है, यह भाव है। और सिद्धान्त में, वृत्तिरूप विजातीय प्रकाश से आत्मविषयक आवरण के भङ्ग से कथञ्चित् वृत्ति से आत्मा के प्रकाश (अभिव्यक्ति) होने पर भी, आत्मा के एक होने से सजातीयता आदि के अभाव से, आत्मा प्रकाश (ज्ञान) स्वरूप होता हुआ सजातीय प्रकाश से अप्रकाश्य (अप्रकाशित) है, अतः स्वयं प्रकाश है। प्रतिवादी के मत में आत्मा प्रकाश (ज्ञान) स्वरूप नहीं है, किन्तु आत्मा का गुण ज्ञान है, और (सुखी-अहम् अस्मि) इत्यादि ज्ञान का विषय है, अतः स्वयंप्रकाश नहीं है ॥ ३ ॥

नापि चतुर्थः; सुखादावतिव्याप्तेः सुखादेरपि स्वसत्तायां प्रकाशाव्यभिचारात् ॥ ४ ॥ न पञ्चमः; प्रदीपादावतिव्याप्तिः; प्रदीपादेरपि स्वव्यवहारे हेतुत्वात्प्रकाशत्वाच्च। अथ ज्ञानव्यवहारहेतुप्रकाशत्वं विवक्षितं, तदपि न; अनुव्यवसायेऽतिव्याप्तेः। तस्य वेद्यत्वेऽपि व्यवसायज्ञानव्यवहारहेतुप्रकाशत्वात्, प्रदीपज्ञानमिदमिति व्यवहारहेतौ प्रदीपप्रकाशेऽतिव्याप्तेश्च। किंच व्यवहारहेतुत्वं विशेषणम्? उपलक्षणं वा? नाद्यः; सुषुप्तिप्रलयादावव्याप्तेः। न द्वितीयः; उपल-

क्षितत्वस्यापि विशेषणत्वे प्रागुक्तदोषानुषङ्गात्, स्वरूपमात्रत्वे तु ज्ञानं प्रकाश इत्येव स्यात्, तथा सति न लक्षणसिद्धिः ॥ ५ ॥

एवं हि विशेषणस्य सार्थक्यं यदि कयापि जात्या साजात्यहीनः कश्चित्प्रकाशः स्यात्! न चैवमस्ति; जातिमतः सर्वस्यापि अन्ततः सत्तया साजात्यादित्यर्थः। प्रकाशाव्यभिचारात् । साक्षिणेश्वरज्ञानेन वा मानसप्रत्यक्षेण वेत्यर्थः। घटादावपि तुल्यमेतत् । स्वव्यवहारे हेतुत्वादिति। व्यवहारो ह्येतद्विषयोऽभिज्ञाभिवदनं वा हानादिर्वा कर्मकारकप्रदीपजन्य इत्यर्थः। अथ ज्ञानेति। स्वव्यवहारेत्यत्र प्रस्तुतं ज्ञानमेव स्वशब्देनाभिधीयते न विषयमात्रम्। तद्व्यवहारहेतुत्वं च न दीपादेरस्ति, प्रदीपादेर्ज्ञानाप्रकाशत्वात्। अतो नातिव्याप्तिरिति भावः । अनुव्यवसायेतीश्वरज्ञानस्याप्युपलक्षणम्। अथानुव्यवसायज्ञानमेव स्वप्रकाशवादे न संप्रतिपन्नं, यत्रातिव्याप्तिरुच्येत संप्रतिपन्नत्वे वा तस्यापि व्यवसायवदेव पक्षतेति तत्राह—प्रदीपज्ञानमिति। विशिष्टवेदनस्य विशेषणालम्बनत्वनियमात् विषयजन्यत्वाच्च तज्ज्ञानस्य प्रदीपज्ञानमिदमित्यनुव्यवसायस्याभिज्ञारूपव्यवहारस्य स्वविषयज्ञानविशेषणीभूतप्रदीपजन्यत्वमस्तीति ज्ञानव्यवहारहेतौ प्रदीपेऽतिव्याप्तिः स्यादेवेत्यर्थः । अभिवदनं वा व्यवहारस्तस्यापि परम्परया व्यावर्तकप्रदीपजन्यत्वाद्व्यवहारहेतुत्वमिति। व्यवहारहेतुत्व मिति। स्वव्यवहारहेतुप्रकाशत्वमित्यत्र व्यवहारहेतुत्वं प्रकाशस्य विशेषणमुपलक्षणं वेत्यर्थः। उपलक्षितत्वमप्युपलक्षिते नाम तस्य धर्मः? स्वरूपं वा? आद्ये, तदप्युपलक्षणं? विशेषणं वा? नाद्यः, अनवस्थापातात्। द्वितीयं निरस्य द्वितीयद्वितीयं शङ्कते—स्वरूपमात्रत्वे त्विति। न लक्षणसिद्धिरिति। लक्ष्यस्वरूपमात्रत्वात्तस्य जडज्ञानवादिभिरपि तावन्मात्राङ्गीकाराच्चेत्यर्थः।

स्वसत्ता काल में स्वप्रकाशाभावरहितत्व=नियत (अवश्य) प्रकाशमानत्व यह यह चतुर्थ लक्षण भी युक्त नहीं है, क्योंकि सुख दुःखादि में इस लक्षण की अतिव्याप्ति होती है, सुखादि भी अपनी सत्ता काल में, प्रकाशाऽभाव रहित नियत प्रकाश वाले ही होते हैं, यह सर्वानुभवसिद्ध है कि अज्ञात सुखादि नहीं रहते हैं। और (सदा ज्ञाताश्चित्तवृत्तयस्तत्प्रभोः पुरुषस्यापरिणामित्वात्। योग सू० ४।१८) सुखादिरूपचित्त की वृत्तियाँ सदा ज्ञात रहती हैं, क्योंकि उनका प्रभु (प्रकाशक) पुरुष (आत्मा) अपरिणामी है। अतः सदा वृत्तियों को प्रकाशता है, अतएव प्रकाशाऽव्यभिचारी=नियत प्रकाशवाले सुखादि में लक्षण की अतिव्याप्ति है ॥ ४ ॥

स्वयं व्यवहार हेतुतायुक्त प्रकाशत्व प्रकाशत्वे सति स्वव्यवहार हेतुत्व, यह पञ्चमलक्षण भी अयुक्त है, क्योंकि इसकी प्रदीपादि में अतिव्याप्ति है, प्रदीपादि को भी स्वव्यवहार (स्वविषयक शब्दप्रयोग ग्रहण त्यागादि) में हेतुत्व और प्रकाशत्व है। यदि कहा जाय कि ज्ञानविषयक व्यवहार हेतुत्वे सति प्रकाशत्वम्, ऐसा लक्षण विवक्षित (अभिप्रेत) है, आत्मा निज ज्ञानस्वरूप विषयक व्यवहार का हेतु होता हुआ प्रकाश

(ज्ञान) स्वरूप है, प्रदीपादि नहीं, अतः अतिव्याप्ति नहीं है, तो भी अतिव्याप्ति का निवारण नहीं हो सकता है, क्योंकि उक्त विवक्षा से प्रदीपादि में अतिव्याप्ति के वारण होने पर, अनुव्यवसाय (ज्ञानविषयक ज्ञान) में अतिव्याप्ति होती है। अनुव्यवसाय के वेद्य (अस्वप्रकाश) होते भी, वह व्यवसायरूप ज्ञान के व्यवहार का हेतु है, व्यवसाय का प्रकाश रूप है, स्वप्रकाश नहीं है, अतः अतिव्याप्ति है। यदि कहा जाय कि स्वप्रकाशवाद में अनुव्यवसाय प्रसिद्ध है (अमान्य है) तो भी (प्रदीपज्ञानमिदम्) ऐसा व्यवहार (शब्द प्रयोग) के हेतु प्रदीपरूप प्रकाश में अतिव्याप्ति होगी, ज्ञान के विशेषण रूप से वह भी स्वज्ञान के व्यवहार में हेतु है। और (स्वव्यवहार हेतु प्रकाशत्व) इस लक्षण में व्यवहार हेतुत्व, यह प्रकाश का विशेषण है, या उपलक्षण है, ऐसी जिज्ञासा होने पर, यदि विशेषण कहा (माना) जाय, तो मुक्ति प्रलयादि अवस्था में व्यवहार के अभाव से व्यवहार हेतुत्व के अभाव होने पर अव्याप्ति होगी। कि जिससे अदुष्ट लक्षण नहीं होगा। और दूसरा, उपलक्षण स्वरूप भी व्यवहार हेतुत्व को नहीं माना जा सकता है। क्योंकि उपलक्षण निमित्तक जो प्रकाश में उपलक्षितत्व धर्म होगा, उसमें भी जिज्ञासा होगी कि वह प्रकाश का विशेषण है, या उपलक्षण है, वहां विशेषण मानने पर, पूर्वोक्त मोक्षादि अवस्था में अव्याप्ति होगी, मोक्षादि अवस्था में व्यवहार के अभाव से तन्निमित्तक उपलक्षितत्व का भी अभाव ही रहेगा। उपलक्षितत्व को उपलक्षण मानने पर अनवस्था होगी, क्योंकि फिर जिज्ञासा होगी कि उपलक्षितत्वरूप उपलक्षण निमित्तक उपलक्षितत्व विशेषण है, या उपलक्षण है, इत्यादि। यदि कहा जाय कि उपलक्षितत्व उपलक्षित का धर्म विशेषण या उपलक्षण नहीं होता है, किन्तु स्वरूप होता है, तब तो व्यवहारहेतुत्वादि विशेषण के अभाव से (ज्ञानं प्रकाशः) ज्ञानरूप प्रकाश स्वप्रकाश है— यही लक्षण रह जाता है, सजातीय विजातीय के व्यावर्तक विशेषण युक्त लक्षण होता है। सो नहीं सिद्ध होता है ॥ ५ ॥

नापि षष्ठः; स्वयंप्रकाशत्वसाधकानुमानागमादिजन्यज्ञानविषयत्वेन लक्षणस्यासंभवित्वात्तस्याप्यविषयत्वे कथाप्रवृत्त्यनुपपत्तेः ॥ ६ ॥ नापि सप्तमः;- अविषयत्वस्यैवासंभवेन निरस्तत्वाद्विषयत्वशब्देन कर्मत्वविवक्षायां गुरुमतानुसारिणामात्मन्यतिव्याप्तेश्च तस्य ग्राहकतया सिद्धस्याविषयत्वेऽप्यपरोक्षतायास्तैरङ्गीकारात् ॥ ७ ॥ नाप्यष्टमः; प्राचीनदोषानुषङ्गात्; शुक्तिरजतादिसंसर्गेऽख्यातिवादिनामतिव्याप्तेश्च। तस्य व्यवहारविषयत्वेऽपि तैर्ज्ञानविषयतानङ्गीकारात् ॥ ८ ॥ नापि नवमः; स्वप्रतिबद्धव्यवहारे सजातीयपरानपेक्षत्वस्य प्रदीपादौ घटादौ च भावेनातिव्याप्तेः। सत्तया सजातीयत्वविवक्षायां तु तद्व्यवहारस्यापि सत्तया सजातीयादृष्टादिजन्यतया तदपेक्षत्वेन लक्षणस्यासंभवित्वप्रसङ्गात् ॥ ९ ॥

ज्ञानाविषयत्वे सतीत्यत्र यदिदं ज्ञानविषयत्वं प्रतिषिध्यते तत्किं वेद्यत्वं ? ज्ञानकर्मत्वं वा ? नाद्यः, तन्निषेधासंभवस्य दर्शितत्वादित्याह—अविषयत्वेति । द्वितीयं निषेधति—विषयत्वेति । प्राभाकराणां मते संविदाश्रयतया सिद्धस्यात्मनो ज्ञानाकर्मत्वेनापरोक्षतायास्तैरङ्गीकारादतिव्याप्तिरित्यर्थः । ईश्वरादीनां तज्ज्ञानाकर्मतयाऽपरोक्षे

जगति भ्रमविषयसंसर्गे च वेदान्तिनां च साक्षिवेद्यसुखादावतिव्याप्तिरित्यपि द्रष्टव्यम् । प्राचीनदोषानुषङ्गादिति । व्यवहारविषयत्वस्य मुक्तिदशायामसंभवाज्ज्ञानाविषयत्वनिरासाच्चेत्यर्थः । अतिव्याप्तिं चाह—शुक्तीति । शुक्तिरूप्यसंसर्गस्य ज्ञानविषयत्वं तेषामनभिमतं तथा सत्ययथार्थज्ञानाङ्गीकारापातादिति भावः । साजात्यं किमत्यन्तं ? यथाकथंचन वा ? आद्ये, प्रदीपे प्रसक्तिरुक्ता, द्वितीयेऽप्यनपेक्षामात्रं घटादेरप्यस्ति । अपेक्षावत्त्वानधिकरणत्वविवक्षायामाह–सत्त्वयेति । अदृष्टादेः सर्वोत्पत्तिमन्निमित्ततया सत्तावत्तया च तज्जन्यव्यवहारस्य सजातीयपरसापेक्षतया लक्षणासंभवादित्यर्थः । पूर्वोक्तव्यर्थविशेषणत्वमपि द्रष्टव्यम् ।

ज्ञानाऽविषयत्व=अप्रमेयत्व रूप भी षष्ठ लक्षण नहीं युक्त है, क्योंकि ब्रह्मात्मा के स्वयं प्रकाशत्व के साधक अनुमान आगम (शास्त्रवेद) आदि से जन्य ज्ञान (प्रमाण) की विषयता ही (स्वयंप्रकाश) ब्रह्मात्मा में रहती है, अविषयता नहीं, अतः इस लक्षण का होना असम्भव है। यदि उक्त ब्रह्मात्मा को स्वप्रकाशत्व साधक अनुमानादि का विषय नहीं माना जाय, अनुमानादि का अविषयत्व ब्रह्म में माना जाय, तो ब्रह्म विषयक कथा (विचार) की अनुपपत्ति (असिद्धि) होगी। ब्रह्म विषयक गुरु शिष्य का विचार भी नहीं सिद्ध होगा, इत्यादि ॥ ६ ॥

ज्ञानाविषयत्वे सति अपरोक्षत्व, यह सप्तम लक्षण भी युक्त नहीं है। क्योंकि उक्त रीति से निरस्त=खण्डित होने से ज्ञानाऽविषयता का ही होना ब्रह्म में असम्भव है। और विषयताशब्द का यदि कर्मत्व अर्थ विवक्षित हो, और भाव हो कि क्रियाजन्य फलाश्रय कर्म होता है, ब्रह्मज्ञान स्वरूप स्वयंप्रकाश है, अतः अनुमानादिजन्य ज्ञान का विषय होता हुआ भी घटादि के समान प्रकाशरूप फल का आश्रय नहीं होता है, अतः (ज्ञानाकर्मत्वे सति प्रकाशत्व) यह स्वयंप्रकाश का सुष्ठु लक्षण है। तो कहा जाता है कि यह भाव भी युक्त नहीं है, तो भी अतिव्याप्ति है, क्योंकि गुरु (श्रीभट्टशिष्यप्रभाकर) मतानुसारियों के सम्मत (अस्वयंप्रकाश) आत्मा में इस प्रकार मानने पर अतिव्याप्ति इस लक्षण की होगी। वे प्रभाकरानुयायी आत्मा को ज्ञान का विषय (कर्म) स्वरूप नहीं मानते हुये, सर्वज्ञान में ज्ञान के आश्रयरूप से आत्मा के अपरोक्ष प्रकाश को मानते हैं, अतः ज्ञानाविषयत्व रूप ज्ञानाकर्मत्व रूप लक्षण की उस अलक्ष्य में प्राप्ति होने से यह लक्षण दुष्ट है। यद्यपि स्वसिद्धान्तानुसार दोषाभिधान उचित होता है, अन्यथा सर्वशून्यतावादी नास्तिकमतानुसार, ब्रह्मात्मा के अभाव को कहकर, स्वप्रकाशत्व की कथा का ही कोई विच्छेद करेगा, तथापि आस्तिक प्रतिवादी के मतानुसार भी दोषाभिधान यहां उचित माना गया है, अतएव प्रथम अनुव्यवसाय में अतिव्याप्ति कही गयी है, और प्रभाकरानुयायी को तार्किक का सहोदर माना गया है। और खण्डन खण्ड-खाद्यकार ने जो नास्तिकवाद से भी तार्किक का उपालम्भ किया है, सो पंक्तिदूषकता से किया है, यहां अपवाद है, इत्यादि ॥ ७ ॥

व्यवहारविषयत्वयुक्त ज्ञानाऽविषयत्वरूप, अष्टम लक्षण भी अयुक्त है, क्योंकि मोक्षादि अवस्था में व्यवहार विषयत्व के विषयत्व के अभावसे, तथा, स्वयंप्रकाशत्व साधक

अनुमानादि जन्य ज्ञान के विषयत्व से पूर्वोक्त अव्याप्ति तथा ज्ञानाविषयता का असम्भव रूप दोष प्राप्त होता है और अख्यातिवादी (प्रभाकर) मत के अनुसार भ्रमस्थानके शुक्ति रजतादि के संसर्ग में इस लक्षण की अतिव्याप्ति होती है, क्योंकि अख्याति वाद में इदं रजतम्, ऐसा ज्ञान जहां शुक्ति में होता है वहाँ शुक्ति के इदं अंश का यथार्थ ही ज्ञान होता है, और अन्यत्र सत्य पूर्व दृष्ट रजत का स्मरण होता है, अतः इदं अंश का प्रत्यक्ष ज्ञान रहता है, और रजत का स्मरण रूप ज्ञान रहता है, इस रीति से दो ज्ञान रहते हैं) और उनके विषय भी भिन्न-भिन्न दो रहते हैं, परन्तु विषय और ज्ञान के विवेक (पार्थक्य की अख्याति (अप्रतीति) दोष के बल से रहती है, ऐसा मानने से इस मतवादी को अख्यातिवादी कहा जाता है, इस मत में भ्रम नहीं माना जाता है, यदि शुक्ति में अवर्तमान रजत के संसर्ग का ज्ञान माना जाय, तो भ्रम मानना होगा, अतः, इदं रजतं, इस ज्ञान को संसर्गाविषयक मानते हैं,और विवेकज्ञान रहित ज्ञानद्वय से संसर्ग का व्यवहार मानते हैं। इससे (व्यवहार विषयतायुक्त ज्ञानाविषयत्व) शुक्तिरजतसंसर्ग में होने से लक्षण की अतिव्याप्ति होती है ॥ ८ ॥ स्वसम्बन्धी (स्वविषयक) व्यवहार में सजातीय अन्याऽनपेक्षत्व, रूप नवम लक्षण भी युक्त नहीं है। क्योंकि प्रदीपादि और घटादि सम्बन्धी व्यवहार में भी सजातीय अन्य की अपेक्षा नहीं है, अतः अतिव्याप्ति दोषयुक्त यह लक्षण है, प्रदीपादि के व्यवहार में ज्ञान अदृष्टादि की अपेक्षा होती है, परन्तु ज्ञानादि प्रदीपादि के सजातीय नहीं हैं। यदि सत्ता जाति से ज्ञानादि में प्रदीपादि की सजातीयता को माने कि जिससे सजातीय की अपेक्षा से लक्षण की अतिव्याप्ति नहीं हो तब तो लक्षण की असम्भवता की प्राप्ति होगी, क्योंकि अदृष्टरूप गुण में सत्ता जाति रहती है, और शब्दादि रूप व्यवहार में भी सत्ता रहती है, अतः ब्रह्म सम्बन्धी व्यवहार भी अदृष्ट रूप स्वसजातीयपेक्षा के होने से, स्वसजातीयानपेक्षत्व का उसमें असम्भव है। जन्यमात्र का अदृष्ट कारण होता है, अतः ब्रह्म व्यवहार का भी अदृष्ट कारण है ॥९॥

नापि दशमः; अवेद्यत्वेऽनुमानाद्यगोचरतया कथानवतारप्रसङ्गस्य दर्शितत्वात्; अपरोक्षव्यवहारविषयत्वमिति शब्देन प्रत्यक्षज्ञानविषयत्वस्य कण्ठोक्तत्वात् तद्विपरीतावेद्यत्वाभिधाने मे माता वन्ध्येतिवद् व्याघाताच्च सुषुप्तिप्रलयमोक्षेष्वव्याप्तेश्च, तदा व्यवहारस्यैवासंभवेन तद्विषयताभावात् ॥ १० ॥ नाप्येकादशः; उक्तव्यवहारयोग्यताया धर्मत्वे मोक्षदशायामव्याप्तेरद्वैतवादिनामपसिद्धान्तापातात्, स्वरूपत्वे च ज्ञानस्वभावस्यात्मनो व्यवहारनिरूपणीयत्वात्सप्रतियोगिकत्वप्रसङ्गात् ॥ ११ ॥ तदेवं न स्वप्रकाशलक्षणं पश्यामः।

अपरोक्षेति। अपरोक्षज्ञानमप्यपरोक्षव्यवहारो भवत्येवाभिज्ञाव्याप्तत्वात्तत्र व्याघात इत्यर्थः। अभिव्यक्तविवक्षायां तु तस्य स्वविषयज्ञानप्रयोज्यत्वाद्व्याघातः।

अवेद्यत्व युक्त अपरोक्ष व्यवहार विषयत्व, रूप दशम लक्षण भी अयुक्त है, क्योंकि अवेद्य (अज्ञेय) होने पर, अनुमान आगमादि के अविषय होने से कथा की अनवतार (अप्रवृत्ति) की प्राप्ति को प्रथम दर्शाया जा चुका है (कहा गया है) और अपरोक्ष व्यवहारविषयत्व इस शब्द से भी प्रत्यक्ष ज्ञान विषयत्व स्वकण्ठ (मुख) से उक्त हो

जाता है। क्योंकि अज्ञात का व्यवहार हो नहीं सकता है, इस प्रकार से स्वमुख से कथित प्रत्यक्ष ज्ञान विषयत्व से विपरीत अवेद्यत्व के कहने पर, मेरी माता वन्ध्या है। इस कथन के समान यह कथन व्याघात (विरोध) युक्त है। और सुषुप्ति प्रलय मोक्षावस्था में इस लक्षण की अव्याप्ति होती है, क्योंकि उस सुषुप्ति आदि काल में व्यवहार के असम्भव से ही व्यवहार विषयता का भी अभाव ही रहता है ॥ १० ॥

एकादश लक्षण का सम्भव ब्रह्मात्मा में नहीं है, क्योंकि (अवेद्यत्वे सति अपरोक्षव्यवहार योग्यत्व) यह एकादश लक्षण है, वहां इस योग्यत्व को ब्रह्म का धर्मरूप लक्षण माना जाय तो निर्धर्म निर्गुण अद्वैत ब्रह्मवादियों को अपसिद्धान्त (स्वसिद्धान्त का त्याग) की प्राप्ति होगी। और उक्त योग्यत्व को यदि ब्रह्मात्मा का स्वरूप माना जाय तो ज्ञान स्वभाव वाले आत्मा को भी योग्यत्व के व्यवहारनिरूपणीयत्व (साध्यत्व) द्वारा निरूपणीयत्व प्राप्त होने में सप्रतियोगिकत्व (साध्यत्व सापेक्षत्व) की प्राप्ति होगी स्वतः सिद्ध स्वरूप ब्रह्मात्मा इस लक्षण से सिद्ध नहीं होगा, अतः उक्त रीति से स्वप्रकाश का लक्षण नहीं दीखते हैं ॥ ११ ॥

नापि प्रमाणम्। अथानुभूतिरनुभूतिव्यवहारहेतुप्रकाशोऽनुभूतित्वात् यन्नैवं तन्नैवं यथा घट इत्यनुमानं प्रमाणम्। न चाप्रसिद्धविशेषणः पक्षः; अनुभूतिव्यवहारस्य हेतुभूतः प्रकाशः परेषामपि हि प्रसिद्धस्ततोऽनुभूतेस्तत्स्वरूपत्वप्रतिज्ञोपपद्यते। न चानुव्यवसायज्ञाने साध्यस्य सिद्धत्वाद्भागे सिद्धसाधनता; तत्स्वरूपस्यैवासंमतत्वेन तस्य धर्मिभागतानङ्गीकारादिति चेत्, मैवम्; अनुभूतिव्यवहारस्य हेतुभूतः प्रकाशो यत्र सिद्धस्तत्र हेतोर्वृत्तौ, केवलव्यतिरेकित्वव्याकोपात्, अवृत्तौ सपक्षाप्रवेशिनोऽसाधारणानैकान्तिकत्वापातात्। वृत्तावपि भागे सिद्धसाधनताया दुष्परिहरत्वात्। न च स्वस्यासिद्धतामात्रेण परसिद्धे साध्यवति धर्मिणि सिद्धसाधनतायाः परिहारः।

ननु प्रमाणबलात्स्वप्रकाशत्वे सिद्धे तदनुगुणं यत्किंचिल्लक्षणमपि भविष्यति यतो लक्षणमपि प्रमाणान्तरसिद्धस्येतरेभ्यो व्यावर्तकं व्यवहारहेतुर्वा भवेदित्यत आह—नापि प्रमाणमिति। न्यायरत्नदीपावलीकृतमनुमानमुपन्यस्यति—अथानुभूतिरित्यादिना। प्रकाशत्वस्य यत्किंचिद्व्यवहारहेतुत्वस्य च परैरङ्गीकारात्सिद्धसाधनता स्यादित्यनुभूतिग्रहणम्। न चाप्रसिद्धविशेषणता; अनुभूतिव्यवहारस्योभयसिद्धतया तद्धेतुभूतप्रकाशस्यापि सम्मतत्वात्केवलं व्यतिरेकाव्यतिरेकयोर्विप्रतिपत्तेः, तथा चानुभूतिव्यवहारहेतुत्वाप्रसिद्धिरलंकार एव। वह्निमत्त्वादीनामपि महीधरादिसम्बन्धस्यानुमानगम्यत्वादितरथा सिद्धसाधनतापातादिति—तदिदमाह—नचाप्रसिद्धविशेषणः पक्ष इत्यादिना। तदेतद् दूषयति—मैवमिति। अयमभिसंधिः—न तावदनुभूतिव्यवहारहेतुरविवक्षितस्थलविशेषः प्रकाशः सिद्ध्यतीति स्वयमङ्गीकारं; महदिति सम्भवः, सम्मतिपक्षगुभयोः क्वेति न ज्ञायत इति। कस्य चायमविवक्षितस्थलविशेषः सिद्ध्यतीति विवेचनीयम्? न तावत्स्वपक्षे, तस्य संविद्रूपतया निर्णीतत्वादपरथा परं प्रति प्रसाधनायो-

गात् । यदाह 'निश्चितौ हि वादं कुरुत' इति । नापि परस्य; तस्याप्यनुव्यवसायेन निर्णीतत्वात् । अत एव नोभयोः । तस्मादविवक्षितस्थलविशेषः सिद्ध्यतीत्यस्य न कंचनार्थं पश्यामः । न च केवलव्यतिरेकिण्यप्रसिद्धविशेषणता नाम न दूषणमिति मन्तव्यं, तथा सति वसुधा शशविषाणोल्लिखिता वसुधात्वादित्यादिना शशविषाणादेरपि सिद्धिप्रसङ्गात् । अथ तत्र प्रमाणान्तरबाध्यतया दुष्टता नाप्रसिद्धविशेषणतयेति ब्रूषे, तन्न; बाधकासिद्धेः । नहि शशविषाणादीनामभावावेदकं प्रमाणमस्ति । तस्य प्रमाणान्तरयोग्यताऽयोग्यतयोरभावासिद्धेः । अथ नियमेन प्रमाणानुपलम्भो बाधकः, ततोऽतिरिक्ता तर्हि का नामाप्रसिद्धविशेषणतेति घट्टकुटीप्रभातायितम् । अथ विपक्षे बाधकतर्काभावात्स किं विपक्षे बाधकस्तर्कः प्रमाणानुज्ञाद्वारोपयोगी ? स्वातन्त्र्येण वा ? नान्त्यः, तर्कस्य प्रमाणानुज्ञाव्यापारमन्तरेणोपयोगाभावात् । प्रथमे तु तर्काभावात्प्रमाणाभाव एव सिद्ध्यति सैव चाप्रसिद्धविशेषणतेति सिद्धं नः समीहितम् । किंच केवलव्यतिरेकित्वादेव केवलव्यतिरेकिणि न दूषणमप्रसिद्धविशेषणता केवलान्वयिन्यन्वयव्यतिरेकिणि च सपक्षवत्यप्रसिद्धविशेषणताशङ्कैव नास्तीति हता बतेयमप्रसिद्धविशेषणताकथा तपस्विनी । तस्माद्यत्रायं प्रसिद्धः स सपक्षः स्वीकर्तव्यः,तथा वोच्यमानदूषणगणग्रासो दुर्निरसन इति । सपक्षवृत्त्यवृत्त्योः केवलव्यतिरेकित्वाहानिरसाधारणाऽनैकान्तिकता चेति दूषणद्वयमुक्तम्, तत्र मा नामायं भूत्केवलव्यतिरेक्यन्वयव्यतिरेक्येव भवत्विति शङ्कमानं प्रत्याह—वृत्तावपीति । यत्तूक्तं स्वप्रकाशवादिनो नानुव्यवसायो नाम ज्ञानग्राहकं ज्ञानमस्ति तत्कथं तस्य धर्मिता कथंतरां तत्र सिद्धता कथंतमां सिद्धसाधनतेति तत्राह—नच स्वस्यासिद्धतामात्रेणेति ।

प्रमाण भी स्वप्रकाश अर्थ में कोई नहीं है, ऐसा कहने पर प्रमाण दर्शाया गया है कि अनुभूति (ज्ञानस्वरूप आत्मा) अनुभूतिव्यवहारहेतुप्रकाशः (अनुभूति के व्यवहार का हेतुप्रकाशस्वरूप) है । क्योंकि उसमें अनुभूतित्व है, जो ऐसा अनुभूति व्यवहार हेतु प्रकाशस्वरूप नहीं है, सो अनुभूतित्ववाला भी नहीं है, अर्थात् अनुभूतित्व, अनुभूति व्यवहारहेतु प्रकाशत्व की सत्ता में व्याप्य होकर प्रमाण (अनुभूतित्व का ज्ञानरूप प्रमाण है) अतः यह अनुमान आत्मा के (अनुभूति के) स्वप्रकाशता में प्रमाण है । स्वव्यवहार का हेतु स्वयं होना यही स्वप्रकाशता है । यदि कहो कि अनुभूति (आत्मा) में अनुभूति हेतु प्रकाशत्व पक्ष का विशेषण प्रतिवादी मत में असिद्ध है, तो सो कहना युक्त नहीं, क्योंकि अनुभूति का व्यवहारवादी प्रतिवादी दोनों को सिद्ध है, तथा व्यवहार हेतु प्रकाश दोनों को मान्य है, इस प्रकार से अनुभूति के व्यवहार का हेतु प्रकाश प्रसिद्ध है, और पक्ष में तो प्रतिवादी को असिद्ध होना उचित ही है, पक्ष में प्रतिवादी को साध्य सिद्ध हो तो परार्थानुमान की आवश्यकता ही नहीं रहती है । सन्दिग्धसाध्यवान् ही पक्ष होता है, अतः अनुभूति में उक्त अनुभूति हेतुप्रकाशत्व (प्रकाशस्वरूपत्व) की प्रतिज्ञा सिद्ध (युक्त) है । यदि कहा जाय कि प्रतिवादी मत में अनुव्यवसाय ज्ञान में साध्य की सिद्धि (निश्चय) से अनुव्यवसायरूप अनुभूति भाग (अंश) में सिद्ध साधनतारूप

दोष प्राप्त होता है तो ऐसा कहना=समझना उचित नहीं, क्योंकि वेदान्तसिद्धान्त में ज्ञान की स्वप्रकाशता से ज्ञानविषयक ज्ञानस्वरूप अनुव्यवसाय का स्वरूप ही असम्मत होने के कारण उसमें धर्मि भागता (पक्षांशता) नहीं मानी जाती है, अर्थात् अनुव्यवसाय रूप अनुभूति वेदान्त में नहीं मानी जाती है, अतः भाग में सिद्धसाध्यता नहीं हो सकती है।

उक्त अनुमान युक्त नहीं है, अतः उससे भी स्वप्रकाशता नहीं सिद्ध हो सकती है। क्योंकि अनुभूति के व्यवहार का हेतुस्वरूप प्रकाशत्व जहां (जिस ज्ञान में) सिद्ध है, वहां यदि हेतु भी रहता है, तब तो हेतु में केवल व्यतिरेकित्व नहीं रहता है, व्यतिरेकी हेतु वही होता है कि जिसका साध्य के साथ सहचार निश्चित नहीं हो, और प्रकृत में व्यतिरेकी हेतु का प्रयोग किया गया है, साध्य के सहचार का ज्ञान होने पर वह अन्वयी हेतु समझा जायगा, और साध्य स्थान (अनुभूति व्यवहारहेतु प्रकाशत्व स्थान) में हेतु के नहीं रहने पर, सपक्ष (निश्चित साध्यवान्पक्ष) में अप्रवेशी (अवृत्ति) हेतु को असाधारण अनैकान्तिकता (सव्यभिचारता) की प्राप्ति होगी। निश्चित साध्याभाववाला विपक्ष कहा जाता है, उसमें हेतु की वृत्तिता तो अनुमान का प्रयोग करनेवाला मानता ही नहीं है, और निश्चित साध्यवाले में भी यदि हेतु नहीं हो, तो वह सपक्ष विपक्ष उभय से व्यावृत्त (निवृत्त) होकर पक्षमात्र में वृत्ति अनैकान्तिक (अनिश्चित साध्यवाला) दुष्ट हेतु कहा जाता है। जैसे (शब्दो नित्यः शब्दत्वात्) यह शब्दत्व नित्य आकाशादि और अनित्यघटादि रूप सपक्ष विपक्ष से व्यावृत्त होकर, नैयायिक मतानुसार पक्ष (शब्द) मात्र में वृत्ति है, और शब्द का असाधारण धर्म है, और साध्य के साथ ऐकान्तिक (निश्चित नियत सहचारवाला) नहीं है, ऐसा ही अनुभूतित्व अनुभवरूप पक्ष मात्रवृत्ति उसका असाधारण धर्म और अनैकान्तिक है। और सपक्ष (साध्ययुक्त पक्ष) में हेतु के रहने पर, उस अनुव्यवसाय रूप सपक्ष भाग में सिद्धसाधनता दोष दुष्परिहार है। अनुव्यवसाय को स्वसिद्धान्त में असिद्धतामात्र से, परमत से सिद्धसाध्यवाले धर्मी=अनुव्यवसाय में सिद्धसाधनता का परिहार (निवारण) नहीं हो सकता है।

अन्यथाऽन्यथाख्यातिवादिभिः केनचिद्धेतुना रजतज्ञानस्य पुरोवर्तिविषयत्वे साधिते वेदान्तिना चानिर्वचनीयपुरोवर्तिरजतविषयत्वेन सिद्धसाधनत्वेऽभिहिते नास्माकं तत्सिद्धमिति वचनमात्रेणान्यथाख्यातिवादिनश्चरितार्था भवेयुः। अथ नानिर्वचनीयवादिनं प्रति अयं प्रयोगस्तस्य सिद्धसाधनतापत्तेः; तर्ह्यनुव्यवसायवादिनं प्रत्यप्ययं प्रयोगो न स्याद्भागे सिद्धसाधनत्वप्रसङ्गात्, स्वप्रकाशवादिनं प्रति सिद्धसाधनत्वादप्रयोग इति मूकीभाव एव स्यात्।

विपक्षे बाधिकां प्रतिबन्दीं गृह्णाति—अन्यथान्यथेति। केनचिद्धेतुनेति। रजतार्थिनो नियमेन पुरोवर्तिप्रवृत्तिहेतुत्वाद्रजतेच्छाधीनपुरोवर्तिप्रवृत्तिहेतुत्वाद्वेत्यादिनेत्यर्थः। अस्त्वनुव्यवसायवादिनं प्रत्यप्रयोगः यस्य तु तन्नास्ति तं प्रति निरुपसर्गः प्रयोग इत्यत आह—स्वप्रकाशवादिनमिति।

यदि स्वसिद्धान्त (वेदान्त) में अनुव्यवसाय के अस्वीकारमात्र से परसिद्ध अनुव्यवसाय में सिद्धसाधनता का निवारण हो, तो अन्यथाख्यातिवादी जहां नियत पुरोवर्तित्वादि हेतु से भ्रान्त रजतज्ञान को पुरोवर्तिविषयकत्व अनुमान करते हैं, कि (इदं रजतम्) यह रजत है, ऐसा ज्ञान आगे वर्तमान शुक्तिविषयक (अन्यथा) अन्य रूप से होता है, वहाँ यदि वेदान्ती अनिर्वचनीय (कल्पित) रजत विषयकत्व से, अनुमान में सिद्धसाधनत्व दोष कहेंगे, तो, अन्यथा ख्यातिवादी भी, मेरे मत में अनिर्वचनीय रजत मान्य नहीं है, अतः सिद्ध साधन नहीं है, ऐसा वचन मात्र कहकर चरितार्थ (कृतार्थ) होंगे, सिद्धसाधनता की निवृत्ति के लिये, यत्नान्तर (अनिर्वाच्य का खण्डनादि) नहीं करना होगा, इत्यादि । यदि कहा जाय कि अन्यथा ख्यातिवादी, यह पुरोवर्तिविषयकत्व का अनुमान अनिर्वचनीयवादी के प्रति नहीं प्रवृत्त होता है, क्योंकि अनिर्वचनीयवादी के प्रति सिद्धसाधनता का प्रसङ्ग होता है, तो अनुव्यवसायवादी के प्रति भी (अनुभूतिरनुभूतिव्यवहारहेतुप्रकाशः) इस अनुमान का प्रयोग नहीं होगा, क्योंकि अनुव्यवसाय भाग (अंश) में सिद्ध साधनता की प्राप्ति होती है,यदि कहा जाय कि अनुव्यवसायवादी के प्रति यह अनुमान प्रयोग नहीं होकर अन्य के प्रति होगा, तो सो कहना भी ठीक नहीं, क्योंकि अनुव्यवसायवादी से अन्य तो कोई स्वप्रकाशवादी होगा, अतः उसके प्रति सिद्धसाधनता से अप्रयोग की प्राप्ति से मूकीभाव=मौन ही धारण करना होगा।

अथ विवादपदेनानुव्यवसायस्य व्यवच्छेदान्नास्य धर्मिभागतेति मतिः; तथापि तस्य साध्यविशेषणप्रसिद्धस्थलत्वेनाभ्युपगमाद्धेतोः केवलव्यतिरेकित्वाभावस्तदवस्थः, तदनङ्गीकारे च न विशेषणप्रसिद्ध्युपपत्तिः । अथ परं प्रत्येव तस्य प्रसिद्धिस्थलता; तर्हि तं प्रति केवलव्यतिरेकिप्रयोगायोगः । किं च व्यवहारहेतुत्वस्य प्रकाशविशेषणतायां, कैवल्ये तदभावात्स्वयंप्रकाशताभावः; व्यवहारहेतुत्वयोग्यतायां च स्वरूपातिरिक्तायां स एव दोषः । अथ तदुपलक्षितप्रकाशात्मत्वमेव साध्यं; तथाप्युपलक्षितत्वस्य साध्यान्तर्भावे स एव दोषः । अनन्तर्भावे च प्रकाशस्वरूपताया एव साध्यत्वात् तस्याश्चान्यत्रापि सिद्धत्वान्न केवलव्यतिरेक्यनुमानावकाशः ।

ननु विवादपदमित्यनुभूतेर्विशेषणं प्रक्षिप्यते तथानुव्यवसायस्य परसंप्रतिपन्नसाध्यस्य व्यावर्तनमिति तत्राह—अथेति । तत्रेदं वक्तव्यं—किमनुव्यवसायज्ञानं स्वपक्षसंमतं ? न वा ? न यदि; तदा व्यर्थं विशेषणता । अथ संमतं, तदा कथं स्वप्रकाशता; कथं वा केवलव्यतिरेकितेति । तदेतदमुना सुगमभङ्ग्यन्तरेण पुरोदितं केवलव्यतिरेकिताऽयोगमाह—तथापीति । साध्यविशेषणेति । साध्यमेव विशेषणं, पक्षं प्रति विशेषणत्वात्तस्य । न च तावन्मात्रं पक्षीकृत्यानुव्यवसायवदनुभूतिव्यवहारहेतुप्रकाशत्वसाधनाद्व्यतिरेकितास्तु । अनुव्यवसायाङ्गीकारानङ्गीकारयोरुक्तदिशा दृष्टान्ताभावयोः प्रसङ्गात् । यानि च स्वव्यवहारहेतुप्रकाशत्वमिति पक्षे पक्षे व्यवहारहेतुत्वस्य विशेषणोपलक्षणपक्षविकल्पेन दूषणान्युक्तानि तान्यत्र प्रसरन्तीत्याह—किंच व्यवहारहे-

तुषस्येति। ननु व्यवहारहेतुत्वयोग्यता विवक्षिता। सा च तदानीमप्यस्ति योग्यताया यावद्वस्तुभावित्वादित्याशङ्क्य, तर्हि सा स्वरूपातिरिक्ता ? तदनतिरिक्ता वा ? अतिरिक्तापि विशेषणम् ? उपलक्षणं वेति विकल्प्य, विशेषणपक्षं दूषयति—व्यवहारेति। स्वरूपातिरिक्तायां विशेषणतायां चेत्यध्याहर्तव्यम्। उपलक्षणत्वे पक्षद्वयं शङ्कते—अथेति। तया योग्यतया, तेन व्यवहारहेतुत्वेन वोपलक्षितं यत्प्रकाशात्मकत्वं तदेव साध्यमित्यर्थः। तदापि वक्तव्यं यत्तदुपलक्षितत्वं तद्विशेषणम् ? उपलक्षणं वा ? आद्यं दूषयति—तथापीति। स एव दोष इति। कैवल्यावस्थायां तदभावादस्वयंप्रकाशत्वप्रसङ्ग इत्यर्थः। उपलक्षितत्वस्योपलक्षणत्वपक्षं दूषयति—अनन्तर्भावे चेति। तस्याश्चान्यत्रापीति। अनुव्यवसायादिष्वपीत्यर्थः। एतेनानतिरिक्तपक्षोऽपि निरस्तो वेदितव्यः।

उक्त आपत्ति के वारण के लिये कहा जाय कि, विवादपद (विषय) यह, अनुभूति रूप पक्ष का विशेषण लगाया जायगा, और अनिश्चित वस्तु विवाद का विषय होता है, अनुव्यवसाय में साध्य (व्यवहारहेतु प्रकाशत्व) निश्चित होने से उसका व्यवच्छेद (व्यावृत्ति) हो जायगा, अतः उस अनुव्यवसाय को धर्मि भागता (पक्षांशता) नहीं रहेगी, इससे अंश में सिद्धसाध्यता भी नहीं रहेगी। तो भी उस अनुव्यवसाय को साध्य की प्रसिद्धि का स्थान होने के कारण, और उसको साध्यप्रसिद्धि के स्थान रूप से स्वीकार करने पर, हेतु के केवल व्यतिरेकित्व का अभाव पूर्व के समान रहता है, और नहीं मानने पर पक्ष के विशेषण रूप साध्य की प्रसिद्धि नहीं सिद्ध होती है, यदि कहा जाय कि, पर (नैयायिक) के ही प्रति उस अनुव्यवसाय को साध्यप्रसिद्धि की स्थानता है, मेरे अभ्युपगमादि की आवश्यकता नहीं है, सो बस नैयायिक के प्रति केवलव्यतिरेकि प्रयोग अयुक्त है। और यहां यह भी विचारणीय है कि व्यवहारहेतुत्व यह साध्यांश प्रकाश का विशेषण है, या उपलक्षण है. उसको विशेषण मानने पर, कैवल्य (मोक्ष) अवस्था में आत्मा में व्यवहारहेतुत्व के अभाव से, विशेषण विशिष्ट साध्य के अभाव से स्वप्रकाशता के अभाव की प्राप्ति होगी। और यदि कहें कि व्यवहार हेतुत्व से व्यवहार हेतुतायोग्यत्व विवक्षित है, सो मोक्षावस्था में भी रहता है, अतः अस्वप्रकाशता नहीं प्राप्त होगी, तो सो कहना भी नहीं बन सकता है। क्योंकि वह योग्यत्व स्वरूप से अतिरिक्त विशेषण होगा, तो मोक्षावस्था में नहीं रहने से पूर्वोक्त दोष ही प्राप्त होगा, मोक्षावस्था में निर्विशेषण आत्मा रहता है। योग्यत्व को उपलक्षण माना जाय, और योग्यत्व से उपलक्षित प्रकाशत्व मात्र को साध्य माना जाय, तो भी उपलक्षितत्व को साध्य के अन्तर्भाव (विशेषण) मानने पर वह मोक्षावस्था में अस्वप्रकाशता की प्राप्ति पूर्वोक्त दोष ही रहेगा, यदि उपलक्षितत्व को साध्य के अन्तर्भाव नहीं करें, विशेषण नहीं मानें, किन्तु उपलक्षण मानें, तो प्रकाशस्वरूपता के ही साध्य होने से, और उस प्रकाशस्वरूपता को अन्यत्र (अनुव्यवसाय में) भी सिद्ध होने से केवल व्यतिरेकि अनुमान का अवकाश (स्थान) नहीं रहता है। योग्यता आदि के स्वरूपत्वपक्ष में नित्य सापेक्षता की प्राप्तिरूप दोष प्रथम कहा जा चुका है।

एतेनानुभूतिरनुभाव्या न भवत्यनुभूतित्वादित्यादिप्रयोगोऽपि परास्तः; तत्राप्यप्रसिद्धविशेषणताया दुष्परिहरत्वात्; ज्ञानं वेद्यं वस्तुत्वाद्घटवदिति प्रतिप्रयोगसंभवाच्च। नच हेत्वसिद्धिः; सत्ताधिकरणत्वलक्षणवस्तुत्वस्यावधीरितकल्पिताकल्पितविशेषस्यानुभूतित्वादिवद्धेतुत्वोपपत्तेः।

उक्तदूषणजातं प्राचीनाचार्योदीरितानुमानेऽप्यतिदिशति—एतेनेति। एतेनेत्येतदेव विवृणोति—तत्रापीति। तदेवं स्वप्रकाशत्वे संभाव्यमानानुमानानि दूषयित्वा वेद्यत्वेऽप्यनुमानमाह—ज्ञानमित्यादिना। प्रतिप्रयोगेति। प्रतिपक्षसाधकेत्यर्थः, सत्प्रतिपक्षता वा। ननु किमिदं वस्तुत्वं हेतूक्तं किं काल्पनिकसत्त्वम्? आहोस्विद्वास्तवसत्त्वमिति? नाद्यः, उभयासिद्धेः। नोत्तरः, अद्वैतवादिनः साधनविकलत्वादित्यत आह—नच हेत्वसिद्धिरिति। साधनवैकल्यस्याप्युपलक्षणमेतत्। अथवा किं वस्तुत्वं नाम काल्पनिको धर्मः? उताकाल्पनिकः? नाद्यः, तवासिद्धेः। नोत्तरः, ममासिद्धेरित्याशङ्कायामविवक्षितविशेषमादायायं परिहारः। सत्ताधिकारणत्वेति। स्वरूपसत्ता विवक्षिता। अनुभूतित्वादिवदिति। यथा ह्यनुभूतित्वादिति स्वप्रकाशत्वादिहेतौ कोऽयमनुभूतित्वं नाम धर्मः किं कल्पितः? उताकल्पितः? नाद्यः, परस्यासिद्धेः, न द्वितीयः स्वस्यासिद्धेरिति विकल्पिते साधारण्येनैव परिहारस्तद्वदित्यर्थः।

अनुभूतिः (संविद्) अनुभाव्य (वेद्य) नहीं होती है। क्योंकि उसमें अनुभूतित्व (अनुभवस्वरूपत्व) रहता है, इत्यादि प्रयोग भी पूर्वोक्त दूषणों से परास्त (निरस्त) हो गया। क्योंकि उनमें भी अप्रसिद्धविशेषणता दोष दुष्परिहर (दुर्निवार) है। और वस्तुत्व के कारण ज्ञानवेद्य (अनुभाव्य) है। इस प्रति प्रयोग (विरोधी प्रयोग) रूप प्रतिपक्ष (विरोधी पक्ष) का भी सम्भव है, अतः बाधित होने से उक्त अनुमान नहीं हो सकता है। यदि कहा जाय कि ज्ञानस्वरूप वस्तु के निर्धर्मक होने से वस्तुत्व धर्म रूप हेतु पक्ष में वेदान्त के अनुसार असिद्ध है, तो यह कहना युक्त नहीं, क्योंकि कल्पित अकल्पित विशेषता के अवधीरण (अविचार) पूर्वक, अनुभूतित्वके समान सत्ताऽधिकरणत्व स्वरूप वस्तुत्व को हेतुत्व सिद्ध होता है। अर्थात् अनुभूतित्व हेतु को यदि वेदान्ती कल्पित कहें तो परमत में कल्पित असिद्ध है, यदि अकल्पित सत्य कहें, तो स्वमत में असिद्ध है, अतः परवादी के साथ कथाकाल में कल्पितादि विकल्प से रहित साधारण रूप से अनुभूतित्व को हेतु माना जाता है, वैसे ही वस्तुत्व भी हेतु मान्य है।

ननु किमिदं साध्यमानं वेद्यत्वं— वास्तवम्? उतावास्तवम्? आहोस्विद्व्यावहारिकम्? अथवा साधारणम्? आद्ये, साध्यविकलं निदर्शनमितरेषु सिद्धसाधनत्वमिति चेत्, मैवम्; घटादेरिव व्यावहारिकप्रमाणसिद्धवेद्यतापादनेऽपि स्वप्रकाशत्वासिद्धेः। किं चानुभूतिपदं स्वगोचरगोचरज्ञानजन्यं पदत्वात्कुम्भपदवत्। ननु किमत्र गोचरशब्देन विषयमात्रमुच्यते? किंवा वाच्योऽर्थः? अथ लक्ष्यो वा? न तावत्प्रथमद्वितीयौ; सिद्धसाधनतापत्तेः।

अभ्युपेयते हि अनुभूतिशब्दवाच्यस्यान्तःकरणवृत्तिविशिष्टस्य ज्ञानस्य ज्ञानगोचरता। तृतीये, तु मुख्यार्थविवक्षया प्रयुक्तगङ्गादिपदैर्व्यभिचार इति चेत्,

अत्र गङ्गापुरीभट्टारकोदीरितदूषणमनुवदति—ननु किमिदमित्यादिना। नैवम्। घटादेरिवेति। नहि घटादेरिवानुभूतेरपि वेद्यत्वं प्रत्यक्षादिप्रमाणसिद्धमिति मन्तुमुचितम्। तथा सति नैयायिकादेरिव जड्यापि संविदाऽर्थप्रथनसिद्धौ घटादिप्रतीत्यन्यथानुपपत्त्युपन्यासानवसरात्तद्दूषणानां स्वमतेऽप्यनुपङ्गप्रसङ्गाच्च। न च नैयायिकाद्युपगतजडतायाः समारोपितत्वाङ्गीकारादस्त्येवानुभूतेरपि व्यावहारिकवेद्यतेति सांप्रतं; तस्याः शुक्तिरजतादेरिव व्यवहाराक्षमत्वात्। अतो व्यावहारिकवेद्यत्वसाधनमपि विरुणद्धेयव राद्धान्तमिति भावः। वेद्यत्वेऽनुमानान्तरमाह—किं चानुभूतिपदमित्यादिना। स्वगोचर एव गोचरो यस्य तज्ज्ञानं स्वगोचरगोचरज्ञानं तज्जन्यः. शब्दनित्यत्ववादिनां प्रयोगस्य तज्जन्यत्वाच्छब्दोऽपि तज्जन्य इत्युच्यते। सिद्धसाधनतानिवृत्त्यै स्वगोचरग्रहणम् अत्रापि तैरुद्भावितदूषणमनुवदति—ननु किमत्रेति। सिद्धसाधनतामेव विवृणोति—अभ्युपेयते हीति। अन्तःकरणवृत्तिविशिष्टस्येति हेतुगर्भं विशेषणम्। यस्मादन्तःकरणवृत्तिविशिष्टमतो ज्ञानगोचरतेत्यर्थः। मुख्यार्थविवक्षयेति। एवं हि तदा प्रयोगः स्यात्—विवादपदं स्वलक्ष्यविषयज्ञानजन्यं पदत्वारसंप्रतिपन्नवदिति। एतच्चानैकान्तिकं, मुख्यार्थविवक्षया प्रयुक्तगङ्गादिपदानां तल्लक्ष्यतीरादिज्ञानजन्यत्वाभावात्तेषां मुख्यार्थज्ञानमात्रजन्यत्वादित्यर्थः।

उक्त अनुमान में शङ्का होती है कि, उससे साध्यमान (सिद्ध किया जाता हुआ) वेद्यत्व कैसा है। वास्तव (परमार्थिक) है, या अवास्तव (प्रातिभासिक=मिथ्या) है। अथवा व्यावहारिक है। या साधारण (वास्तविकता आदि विशेषणरहित यत्किञ्चित्सामान्य) है। तहाँ प्रथम वास्तविकता पक्ष में घटादि दृष्टान्त (निदर्शन) साध्य शून्य होगा, क्योंकि अद्वैत वेदान्तसिद्धान्त में पारमार्थिक वेद्यत्व घटादि में है नहीं, और अन्य तीनों पक्षों में सिद्धसाधनता होगी, क्योंकि अवास्तवादि स्वरूप वेद्यत्व की अनुभूति में वेदान्ती मानते ही हैं। अवास्तव वेद्यत्व, वेद्यत्वाभाव का विरोधी नहीं होता है, अतः अवास्तवादि वेद्यत्व के रहते भी वास्तविक वेद्यत्वाभाव (स्वप्रकाशत्व) भी सिद्ध होता है। प्रतिवादी का समाधान है कि नैवम् (ऐसा नहीं कहो) क्योंकि घटादि में जैसी व्यावहारिक प्रमाण से सिद्ध व्यावहारिकवेद्यता रहती है, वैसी वेद्यता की भी अनुभूति में आपादन (सिद्ध) करने पर, स्वप्रकाशत्व नहीं सिद्ध होगा, किन्तु घट के समान वेद्य होगा। और, अनुभूतिपद, स्वगोचर (वाच्य) गोचर (विषयक) ज्ञान जन्य है, कुम्भ पद के समान पद होने से, जैसे कुम्भपद स्वगोचर ज्ञान जन्य है, वैसे अनुभूति पद भी है, इस अनुमान से भी अनुभूति में वेद्यत्व सिद्ध होता है। फिर इस दूसरे अनुमान में शंका है कि इसमें प्रथम गोचर पद से, विषयमात्र कहा जाता है, या वाच्यार्थ कहा जाता है अथवा लक्ष्यार्थ कहाजाता है। तहाँ सिद्धसाधनता की प्राप्तिसे प्रथम द्वितीय पक्ष बन नहीं सकता है। क्योंकि अनुभूतिशब्दका विषय तथा वाच्यस्वरूप अन्तःकरणकी वृत्ति विशिष्ट

(युक्त) ज्ञान को (अनुभवको) ज्ञान का गोचर (विषय) वेद्य माना ही जाता है, इस प्रकार के सभी ज्ञान साक्षिवेद्य होते हैं। और तृतीय (लक्ष्य) पक्ष में मुख्य (वाच्य) अर्थ की विवक्षा से प्रयुक्त (उच्चारित) गङ्गादि पदों द्वारा व्यभिचार होगा, क्योंकि, अनुभूतिपदं स्वगोचर (लक्ष्य) गोचर ज्ञानजन्यं पदत्वात् पदान्तरवत्। तहाँ मुख्यार्थक गङ्गा पद-रूप पदान्तर में पदत्व रूप हेतु के रहते भी लक्ष्यज्ञानजन्यता का अभाव रहता है। जैसे कि (गङ्गायां मत्स्यः) इत्यादि वाक्य लक्ष्य ज्ञान जन्य नहीं रहते हैं।

मैवम्; लक्षकपदं पक्षीकृत्य लक्षकपदत्वेन लक्षकगङ्गादिपदवल्लक्ष्यज्ञानजन्यत्वानुमानात्। किंचानुभूतिपदाभिधेयस्य स्वप्रकाशत्वमभिधीयते भवद्भिः-उत लक्ष्यस्य ? नाद्यः; अपसिद्धान्तापातात्। न द्वितीयः; प्रतिवादिनं प्रत्याश्रयासिद्धेः। सकलधर्मातीतस्याद्वितीयस्यानुभूतिपदलक्ष्यस्य परैरनङ्गीकारात्। किंच स्वप्रकाशतायां सति प्रमाणे तद्वेद्यत्वमसति च साधकाभावादेव न तत्सिद्धिरिति सैषोपनिषदानामुभयतःपाशारज्जुरित्यलमतिविस्तरेण।

तदेतद् दूषयति—मैवमिति। लक्षकपदत्वं हेतुस्तथा च नानैकान्तिकमित्यर्थः। पदमात्रं पक्षीकृत्य लक्षकपदत्वादित्युक्ते भागासिद्धिबाधौ स्यातामिति लक्षकपदमित्युक्तम्। उभयवादिसंप्रतिपन्नानुभाव्यवाचकानुभूतिलक्षकपदं चात्र विवक्षितं, तेन नाश्रयासिद्धिसिद्धसाधने। किंच यावत्किंचित्स्वप्रकाशत्वानुमानमुपन्यस्यते तस्य सर्वस्य धर्म्येव तावन्न निरूपणपद्धतिमध्यास्ते इत्याह—किंचानुभूतीति। अपसिद्धान्तेति। अन्तःकरणवृत्तिविशिष्टस्य स्वप्रकाशत्वानाश्रयणादित्यर्थः। प्रतिवादिनं प्रतीति। न तावदनुभूतिपदलक्ष्यस्य यस्य कस्यचित्प्रमातुर्वा प्रमेयस्य वा स्वप्रकाशता सिसाधयिषिता, येनाश्रयासिद्धिर्न भवेत्, किंत्वद्वितीयानादिनिधनात्मभूतज्ञानस्य, तस्य परं प्रत्यसिद्धेरविशत्येवाश्रयासिद्धिपिशाचिकेति भावः। किंच स्वप्रकाशतायां प्रमाणसद्भावासद्भावयोः प्रमेयासिद्धिरिति व्याघातलक्षणतर्कयुगलविरोध इत्याह—किंच स्वप्रकाशतायामिति।

उक्त शंका का समाधान है कि उक्त शंका युक्त नहीं है, क्योंकि लक्षक पद को पक्ष करके लक्षकपदत्व रूप हेतु से लक्षक गङ्गादि पद के समान लक्ष्य ज्ञानजन्यत्व का अनुमान किया जाता है कि लक्षक अनुभूतिपद, स्वगोचर (लक्ष्य) गोचर (विषयक) ज्ञान जन्य है, लक्षक पद होने से, (लक्षक गङ्गादिपदवत्) ऐसा अनुमान करने पर व्यभिचार नहीं रहता है, क्योंकि लक्षक पदत्व मुख्यार्थके अभिप्राय से प्रयुक्त पद में नहीं रहता है, पदत्व रहता है, सो अब हेतु नहीं है। और यह भी विचारणीय है कि आप वेदान्ती जो अनुमान का प्रयोग करते हैं कि (अनुभूतिः-अनुभूतिव्यवहारहेतुप्रकाशः) तहां अनुभूतिपद को अभिधेय (वाच्य) को आप स्वप्रकाश सिद्ध करना चाहते हैं, या लक्ष्यको सिद्ध करना चाहते हैं। तहां अपसिद्धान्त (स्वपक्षत्याग) की प्राप्ति से प्रथम पक्ष बन नहीं सकता है, क्योंकि अन्तःकरण की वृत्तियुक्त ज्ञान (अनुभूतिपद वाच्य) को आप स्वप्रकाश मानते नहीं हैं, उससे विरुद्ध स्वप्रकाशत्व का स्वीकार अपसिद्धान्त होगा।

और दूसरा (लक्ष्य) पक्ष भी नहीं बन सकता है, क्योंकि प्रतिवादी के प्रति आप से स्वीकृत अनुभूतिपद के लक्ष्यार्थ की असिद्धि से आश्रयासिद्धि की प्राप्ति होती है, कर्तृत्वादि सब धर्म से रहित अद्वितीय आप से स्वीकृत अनुभूतिपद का लक्ष्य प्रतिवादी से माना नहीं जाता है, तो स्वप्रकाशत्व उसके प्रति आप कहां सिद्ध करेंगे।

और यह भी विचारणीय है कि, स्वप्रकाशता में कोई प्रमाण है, या नहीं, तहां प्रमाण के रहने पर प्रमाण से वेद्यत्व की प्राप्ति से स्वप्रकाशता नहीं रहती है, यदि स्वप्रकाशता की रक्षा के लिये प्रमाण का अभाव माना जाय, तो प्रमाण के असत्व से (स्वप्रकाशत्व के साधक प्रमाण के अभाव से) ही स्वप्रकाशत्व की सिद्धि नहीं होगी। इस प्रकार से यह प्रमाण के सत्वाऽसत्व ही उपनिषद्वेत्ताओं को उभयतःपाशारज्जु (बन्धन) है। इससे अधिक आपत्ति क्या होगी। यहां तक पूर्व पक्ष है।

अत्रोच्यते—

अपरोक्षव्यवहृतेर्योग्यस्याधीपदस्य नः।
संभवे स्वप्रकाशस्य लक्षणासंभवः कुतः ॥ १ ॥

न तावत्स्वयंप्रकाशे लक्षणासंभवः; अवेद्यत्वे सत्यपरोक्षव्यवहारयोग्यतायास्तल्लक्षणत्वात्। नच योग्यतालक्षणधर्माङ्गीकारेऽव्याप्तिर्मोक्षदशायां तदसंभवादपसिद्धान्तापत्तिश्चेति शङ्कनीयं; योग्यत्वात्यन्ताभावानधिकरणत्वस्य तत्त्वात्, गुणवत्त्वात्यन्ताभावानधिकरणस्य द्रव्यत्ववत्, तेन नाव्याप्तिः। नाप्यपसिद्धान्तः, काल्पनिकधर्माणां संसारदशायामभ्युपगमात्।

एवं स्वप्रकाशत्वे प्रमाणलक्षणे समाक्षिप्य समाधातुमुपक्रमते—अत्रोच्यत इत्यादिना। तत्र लक्षणं तावच्छ्लोकेन गृह्णाति—अपरोक्षेत्यादिना। नः अस्माकं पक्षे अपरोक्षव्यवहृतेर्व्यवहारस्य योग्यस्य। व्यधिकरणे षष्ठ्यौ। तथाऽधीपदस्य संविद्विषयस्य स्वप्रकाशस्य संभवे सति, स्वप्रकाशस्येति पदमुपर्यपि संबध्यते द्वारमध्यस्थमणिवत्। अतस्तस्य स्वप्रकाशस्य लक्षणासंभवः कुतः ? न कुतोपीति योजना। संगृहीतलक्षणं विवृणोति—न तावदित्यादिना। अपसिद्धान्तापत्तिश्चाद्वैतवादिन इतरदशायामपीति शेषः। नच शङ्कनीयमित्युक्तं तत्र हेतुमाह—योग्यत्वात्यन्तेति। कदाचिदपि योग्यताधिकरणं तदत्यन्ताभावानधिकरणमेव। अनुत्पत्तिविनाशवन्तं हि संसर्गाभावविशेषमत्यन्ताभावमुपगच्छन्ति तार्किकाः। तथा च यदि कदाचिदपि तत्प्रतियोगी स्यात्तदा तत्पूर्वं वा तदुत्तरकालं वा तदभावो मन्तव्यः, न समसमयं विरोधात्। नचान्योन्याभावतत्प्रतियोगिघटयोश्च समसमयवर्तमानत्वाच्च विरोध इति वचनीयम्; तस्य तादात्म्यप्रतियोगित्वात्तस्य कदाचिदप्यभावात्। इतरथा घटसंसर्गाभावघटान्योन्याभावयोः संकरप्रसङ्गात्। अथ घटप्रतियोगित्वे समानेऽपि संसर्गतादात्म्यरूपविशेषणभेदादसंकरस्तयोरेवं तर्हि प्राप्ताप्राप्तविवेकेन संसर्गतादात्म्ययोरेवोभयत्र प्रतियोगित्वं न घटस्येति मूकीभावः, तदितराभावेषु वायं नियमः। विस्तरेण चैतदुपरिष्टादुपपाद-

यिष्यते । ततश्च प्रतियोगिपूर्वकालीनत्वे विनाशित्वमुत्तरकालीनत्वे तूत्पत्तिमत्त्वं स्यात्त-त्तश्च प्रागभावप्रध्वंसयोरन्यतरत्वं प्रसज्येत । तस्मात्कदाचिदपि योग्यताधिकरणं तद-त्यन्ताभावानधिकरणमेवेति सिद्धम् । ततश्चैतदङ्गीकर्तव्यम् । इतरथा गुणवद् द्रव्यमिति कणादोक्तगुणवत्त्वस्य द्रव्यलक्षणत्वभङ्गप्रसङ्गात् । प्रथमक्षणे हि गुणवत्त्वाभावेना-व्याप्तेः । यथा चैतत्तया द्वितीयपरिच्छेदे द्रव्यलक्षणखण्डनप्रस्तावे विस्तरेण निवेदयि-ष्यते । तस्मात्तदत्यन्ताभावानधिकरणत्वमेव तत्र शरणं, तदत्रापि समानमभिनिवेश-मपहायेत्यभिसंधेराह—गुणवत्त्वात्यन्तेति । यद्यप्यपरोक्षव्यवहारविषयत्वात्यन्ताभा-वानधिकरणत्वमेव लक्षणं संभवति तथाप्यामुक्तेर्विद्यमानयोग्यताऽस्यागायेदमुक्तम् । भवत्वेवमव्याप्तिपरिहारोऽपसिद्धान्तव्याधेः किमौषधमित्यत आह—नाप्यपसिद्धान्त इति ।

उक्त पूर्वपक्ष का उत्तर अब यहाँ कहा जाता है कि, नः (हमारे) मत में, अपरोक्ष व्यवहार के योग्य अर्थापद (बुद्धि=ज्ञानाऽविषय=अवेद्य) को स्वप्रकाशत्व के सम्भव होने पर, स्वप्रकाश के लक्षण का असम्भव कैसे होगा ॥ १ ॥ क्योंकि प्रथम यह कहना है कि, स्वप्रकाश विषयक (स्वप्रकाश के) लक्षण का असम्भव नहीं है। 'अवेद्यत्व युक्त अपरोक्ष व्यवहारयोग्यत्व' उसका लक्षण है। और जो प्रथम कहा गया था कि व्यवहार योग्यता को, लक्ष्य ब्रह्मात्मा का यदि धर्म माना जायगा तो मोक्षावस्था में अव्याप्ति होगी, क्योंकि मोक्षावस्था में निर्धर्मा ब्रह्मात्मा रहता है। और मोक्ष में भी योग्यता रूप धर्म को मानने पर अपसिद्धान्त होगा, सो शंका यहां कर्तव्य नहीं है, क्योंकि उक्त योग्यत्व के अत्यन्ताभाव का अनधिकरणत्व ही यहां उक्त योग्यत्व रूप लक्षण विवक्षित है। और जो वस्तु कभी कहीं रहती है, उसके अत्यन्ताऽभाव का अनधिकरणत्व (तत्स्व-रूप ही) उसमें सदा रहता है। अतः अव्याप्ति आदि नहीं हो सकते हैं। इसको ऐसे समझना चाहिए कि जैसे वैशेषिक मत में, गुणवत्त्व, क्रियावत्त्व, समवायिकारणत्व द्रव्य का लक्षण किया जाता है, और द्रव्य को ही गुणादि का समवायी उपादान कारण माना जाता है, अतः आद्यक्षण में निर्गुण निष्क्रिय द्रव्य उत्पन्न होता है। जहां गुणवत्त्वादि लक्षण की अव्याप्ति होती है, तहां गुणवत्त्व का गुणवत्त्वाऽत्यन्ताभावाऽनधिकरणत्व अर्थ करने पर अव्याप्ति नहीं रहती है, क्योंकि उत्पत्ति क्षण में भी वह अत्यन्ताभावानधिक-रणत्व रहता ही है, इसी प्रकार से उक्त योग्यताऽत्यन्ताभाव के अधिकरणत्व को आत्मा में नहीं रहने से अनधिकरणत्व सदा रहता है, अतः लक्षण की अव्याप्ति नहीं होती है। और योग्यत्व धर्म के मानने से अपसिद्धान्त भी नहीं होता है, क्योंकि पारमार्थिक गुण धर्मादि का अभाव ब्रह्मात्मा में वेदान्ती मानते हैं, और काल्पनिक (मिथ्या) धर्मों को आत्मा में संसार (सृष्टि) काल में मानते ही हैं। अतएव बृहदारण्यक वार्तिककार, श्री सुरेश्वराचार्य जी का वार्तिक है कि—

"अक्षमा भवतः केयं साधकत्वप्रकल्पने।
किं न पश्यसि संसारं तत्रैवाज्ञानकल्पितम्" ॥

इति सुरेश्वराचार्यवचनात्। "आनन्दो विषयानुभवो नित्यत्वं चेति सन्ति

धर्मा" इति पञ्चपादिकाचार्यवचनाच्च। मोक्षदशायां च विवक्षितधर्माभावेऽपि
कदाचित्सत्त्वेन तदत्यन्ताभावानधिकरणत्वस्य गुणाश्रयो द्रव्यमितिवत्सिद्धेः।
अपरोक्षव्यवहारयोग्यघटाद्यावतिव्याप्तिपरिहारार्थमवेद्यत्वे सतीति विशेष-
णम्। नचैतावदस्तु लक्षणमिति वाच्यम्; तथा सत्यतीतानागतयोर्नित्यानुमेयेषु
च धर्मादिष्वतिव्याप्तेः।

कः खल्वेवं वदेत्संसारदशायामपि काल्पनिकधर्मा न सन्तीति किं परः ? किं वा
स्वयूथ्यः कश्चित् ? परश्चेद्वियदाद्यारोपसमर्थनेन समर्थनीयः। उत्तरमाप्तवाक्येन संमत-
यति—अक्षमा भवत इत्यादिना। अद्वितीयात्मनः साधकत्वकल्पनायां केयमक्षमा
असहिष्णुता भवतः किं तत्रैव समस्तप्रपञ्चं कल्पितं न पश्यसि ततोऽत्यल्पमिदमित्यर्थः।
"विषयिणस्तद्धर्माणां च"त्यध्यासभाष्यावयवं व्याचक्षाणैः पञ्चपादिकाकृद्भिः—ननु
विषयिणश्चिदेकरसस्य कुतो धर्मा ये विषयेऽध्यस्येरन्नित्याक्षिप्य समाहितं—

'आनन्दो विषयानुभवो नित्यत्वं चेति सन्ति धर्माः।
अपृथक्त्वेऽपि चैतन्यात्पृथगिवावभासन्ते'॥ इति।

ननु संसारदशायां कल्पनासंभवः मोक्षदशायां तु तदभावादव्याप्तिरित्यत आह—मोक्ष-
दशायामिति। यद्यप्ययमपि कश्चन धर्मस्तथापि परैस्तदभावरूपत्वेनाङ्गीकृतत्वाद्
अभावभावयोरेवंविधस्थलेष्वनतिरेकस्वीकाराच्च न दोषः। एतच्च पूर्वोक्तस्यैव
विवरणम्। इदानीं लक्षणविशेषणानां कृत्यमाह—अपरोक्षेत्यादिना।

अद्वितीय ब्रह्मात्मा के जगत्साधकत्व (हेतुत्व) की कल्पना में आपको यह अक्षमा
(असहिष्णुता) क्या हो रही है, क्या आप सम्पूर्ण संसार को उस ब्रह्मात्मा में ही
कल्पित नहीं देख रहे हैं। अतः साधकत्व की तो अति अल्प कल्पना है, सो मान्य है।
और अध्यासभाष्य के अवयव का व्याख्यान करते हुए श्रीपञ्चपादिकाऽऽचार्य ने, "एकरस
प्रकाशस्वरूप आत्मा के धर्म ही कैसे सिद्ध हो सकते हैं, कि जिनका विषयों में अध्यास
हो सके" इस प्रकार से शंका करके कहा है कि, आनन्द, विषयों का अनुभव, और
नित्यत्व, ये आत्मा के धर्म हैं, वस्तुतः आनन्दादि आत्मा से पृथक् नहीं है, तत्स्वरूप हैं,
परन्तु अनात्मा दुःखादि की अपेक्षा से पृथक् के समान भासते हैं, अतः धर्म कहे जाते हैं,
इत्यादि। यदि कहा जाय कि संसार अवस्था में योग्यत्वादि धर्म कल्पना सम्भव है,
परन्तु मोक्षदशा में कल्पना के अभाव से लक्षण की अव्याप्ति होगी, तो उत्तर है कि
मोक्षदशा में विवक्षित (उक्त योग्यत्वादि) धर्म के अभाव रहते भी, कभी, संसारावस्था
में, धर्म के सत्त्व रहने से, उस धर्म के अत्यन्ताभाव के अनधिकरणत्व (अत्यन्ताभाव के
अधिकरणत्व का अभाव) सदातन सिद्ध होता है। जैसे कि गुणाश्रय द्रव्य सदातन
सिद्ध होता है। अपरोक्ष व्यवहार के योग्य घटादि में अतिव्याप्ति के निवारण के लिये,
उक्त योग्यत्व का अवेद्यत्व विशेषण है, यदि कहा जाय कि, अवेद्यत्व, इतना ही स्वप्रकाश
का लक्षण रहे, तो सो कहना युक्त नहीं हो सकता है, क्योंकि वैसा लक्षण करने पर,

अतीत (भूत) और अनागत (भावी) कार्यों में तथा नित्य (सदा) अनुमेय (प्रत्यक्षागोचर) धर्मादि में अतिव्याप्ति होगी, सिद्धान्त के अनुसार वे सब वेद्य नहीं हैं।

ननु तेषामप्यागमवेद्यत्वान्नावेद्यत्वमिति चेत्, मैवम्; फलव्याप्यतालक्षणवेद्यत्वस्य तत्राभावात्। तत्र विशिष्टशब्दप्रमाणबलात्तदाकारधीवृत्तिसमुल्लासमात्रादेव तद्व्यवहार इति वेदवादिनां प्रक्रिया। न च योगिप्रत्यक्षगम्यतया अपरोक्षत्वं धर्मादीनां; चोदनैकप्रमाणवेद्यत्वात्तेषाम्। न चैतावता सर्वदर्शित्वाभावो योगिनाम्; सर्वदर्शित्वशब्देन योग्यसर्वद्रष्टृत्वस्य विवक्षितत्वात्—

'यत्राप्यतिशयो दृष्टः स स्वार्थानतिलङ्घनात्।
दूरसूक्ष्मादिदृष्टौ स्यान्न रूपे श्रोत्रवृत्तिता॥'

इति न्यायात्। अतो धर्मादिव्यवच्छेदार्थमपरोक्षव्यवहारयोग्यत्वे सतीति विशेषणम्।

अवेद्यत्वशब्देन ज्ञानाविषयत्वमभिमतमिति भ्रान्तः शङ्कते—नन्विति। फलव्याप्यतेति। विषयावच्छिन्नं चैतन्यमभिव्यक्तं फलमिति वेदान्तवादिनां मतम्। अभिव्यक्तिश्चेन्द्रियद्वारा अर्थसंनिकृष्टमनःपरिणामविशेषः। नचैवंविधः परिणामविशेषोऽदृष्टादिषु संभवति; तेषामिन्द्रियायोग्यत्वात्। एतेनातीतादि व्याख्यातम्। तस्मान्न धर्मादीनां फलावच्छेदकतया वेद्यत्वमित्यर्थः।

'यथानयैव व्यवहारसिद्धिरद्धा भवेत्कल्पनयान्यथा न।
तथोदितं तत्तदगाधधीभिरतो वयं विस्तरतो विभीताः॥'

ननु यदि न वेद्यत्वं तेषां कथं तर्हि तेषु विज्ञानमनुष्ठानमित्यादिव्यवहार इत्यत आह—तत्रेति। विशिष्टशब्दप्रमाणं विधिवाक्यादि। धीवृत्तिरन्तःकरणपरिणामस्तस्य समुल्लास उदयस्तन्मात्रादित्यर्थः। ननु यद्यपि धर्मादीनां नास्मदादिप्रत्यक्षगम्यत्वं तथापि योगिनां भवति तत्प्रत्यक्षमत एव वेद्यत्वमित्यत आह—नचेति। अयमभिसंधिः—न तावद्धर्मादीनां बाह्येन्द्रियग्राह्यत्वं, रूपादिहीनतया तदुपहितमर्यादाविषयाणामिन्द्रियाणां तत्राप्रवृत्तेः। मानसत्वं तु तेषामात्मगुणत्वेऽपि संस्कारवदयोग्यत्वेन दूरनिरस्तम्। अथ विशिष्टादृष्टसामर्थ्यात्तेषां तेषु विषयेषु सामर्थ्यमिति मतं, तर्हि तदेव हि विशिष्टादृष्टज्ञानं कथंकारमेषामुदेति? अज्ञातेषु तेषामनुष्ठानायोगात्। अथ योग्यन्तरवचनात्तदाऽन्धपरम्परा। अथ नित्यसिद्धेश्वरवचनात्; स्यादेवं यदि नित्यसिद्ध ईश्वरः सिद्ध्येत। आगमबलादीश्वरसिद्धिरिति चेत्तत् किमीश्वरवचनतया प्रमाणमपौरुषेयतया वा। प्रथमे त्वितरेतराश्रयं, तद्विरचनात्तत्प्रामाण्यं, तत्प्रामाण्याच्च तत्सिद्धिरिति। उत्तरे त्वपराद्धान्तः। यथा चानुमानजातमपि न पराभिमतेश्वरे वर्तते, यथा चापौरुषेयत्वं वेदस्य, तत्सर्वमग्रग्रन्थे निवेदयिष्यते। अथागमाज्ज्ञातेष्वनुष्ठानमिति। अस्तु तर्हि स एवागमस्तत्र प्रमाणम्, अवश्यापेक्षणीयत्वात्कृतं तदुपजीविभिर्योगिभिरिति। ननु यदि न योगिनामयोग्यविषयेषु सामर्थ्यं, कुतं तर्हि तेषां सर्वदर्शित्वप्रद-

शंकशास्त्राधिना। अत आह—नचैतावतेति। प्रमाणान्तरबलात्सर्वशब्दः संकोचनीय इत्यर्थः। यत्रापि विषयेऽतिशयो दृष्टः पार्थसंपातिप्रभृतीनां विश्वरूपाशोकवनिकानिहितसीतादिषु, सोऽतिशयः स्वार्थानतिलंघनाद् द्रष्टव्यः। अनतिलंघनमेवाह—दूरसूक्ष्मादीति। योग्य एव विषये दूरवर्तिनि सूक्ष्मे वा दर्शनं तत्र, न पुना रूपादौ श्रोत्रादेर्वृत्तिरिति भट्टोक्तेरर्थः।

शंका होती है कि भूत और भावी को तथा धर्मादि को भी अनुमान और आगम से वेद्यता सिद्ध होती है, अतः अवेद्यत्व नहीं रहता है, क्योंकि ज्ञानाऽविषयत्व अवेद्यत्व शब्द का अर्थ होता है, सो उनमें नहीं है, किन्तु परोक्षज्ञान से वेद्यत्व ही है, अतः अवेद्यत्व मात्र लक्षण की भी अतिव्याप्ति नहीं होगी। उत्तर है कि यह शंका युक्त नहीं क्योंकि साधारण ज्ञान विषयत्व मात्र वेद्यत्व विवक्षित नहीं है, किन्तु अर्थाकार वृत्ति निष्ठ चिदाभास रूप फल से व्याप्यता (प्रकाशमानता) रूप वेद्यता होती है, उसका उक्त धर्मादि में अभाव रहता है। अतः अवेद्यत्व लक्षण की अतिव्याप्ति होती ही है। क्योंकि विशिष्ट शब्द (विधिवाक्य आप्तवाक्यादि) रूप प्रमाण के बल से, भूतभावी धर्मादि अर्थाकार धी (अन्तःकरण) की परोक्षवृत्ति की उत्पत्तिमात्र से ही उनके कथन अनुष्ठानादि व्यवहार होते हैं, यह वेदवादियों की प्रक्रिया है। भाव है कि शब्दादि के प्रत्यक्ष ज्ञानस्थान में इन्द्रियजन्य अन्तःकरण की वृत्ति विषय स्थान में जाकर विषयाकार होती है, और उपाधिरूप विषय और वृत्तिके एकत्र होनेसे उपहित चेतन यह दोनों एक हो जाता है, और वृत्ति से व्यक्त होकर विषय को प्रकाशता है, वृत्तिगत चिदाभास भी विषय को विशेष रूप से प्रकाशता है, वही वेदन (विज्ञान) कहा जाता है और भूतभावी के ज्ञानस्थान में विषयदेश में वृत्ति नहीं जाती है, भीतर उत्पन्न होती है। धर्मादि के ज्ञान धर्मादिदेश अन्तःकरण में उत्पन्न होने पर भी विषय धर्मादि की अयोग्यता से वृत्ति विशेष धर्माकार को नहीं प्राप्त होती है, अतः वह वेदन नहीं कही जाती अतएव उसका विषय ज्ञेय होते भी वेद्य नहीं होता है (यः सर्वज्ञः सर्ववित्) इस श्रुति में भी ज्ञान और वेदन का भेद माना गया है, इत्यादि।

योगियों के प्रत्यक्ष का विषय होनेसे धर्मादि को अपरोक्षत्व (फल व्याप्यत्व) होगा, ऐसा कहना भी उचित नहीं है, क्योंकि चोदना (वैदिक विधि वाक्य) रूप एक प्रमाण से ही उन धर्मादि को जाना जाता है, ऐसा (चोदनालक्षणोऽर्थो धर्मः) चोदना (विधि) ही जिसका लक्षण (प्रमाण) है सो अर्थ धर्म कहा जाता है, इत्यादि पूर्वमीमांसा में निर्णय किया गया है। यदि कहा जाय कि धर्मादि के ज्ञानके बिना योगियों को सर्वज्ञत्व कैसे होगी, तो कहा जाता है कि, एतावता, धर्मादि के अपरोक्ष ज्ञानाऽभाव से योगियों के सर्वदर्शित्व (सर्वज्ञत्व) के अभाव की प्राप्ति नहीं होती है, क्योंकि योगिविषयक सर्वदर्शित्व शब्द से श्रोत्र नेत्रादि के द्वारा श्रवण दर्शनादि योग्य दूर व्यवहितादि शब्दादि का द्रष्टृत्व ही विवक्षित है, अयोग्य धर्मादि का द्रष्टृत्व विवक्षित नहीं है, क्योंकि तप योगादि जन्य अदृष्टादि बल से जिन योगियों के इन्द्रियों में अतिशय (सामर्थ्य विशेष) देखा गया है, सो सामर्थ्य भी इन्द्रियों के विषय का उलंघन (त्याग) नहीं

करता है, अतः रूपविषयक दूर सूक्ष्म के दर्शन में श्रोत्रवृत्तिता (श्रोत्रजन्यता) नहीं हो सकती है, इसी रीति से धर्मादि विषयक धर्मादि विषय नेत्रादिजन्य प्रत्यक्ष ज्ञान योगी को भी नहीं हो सकता है, क्योंकि नेत्रादि से प्रत्यक्षयोग्यता के कारण रूपादि धर्मादि में नहीं हैं, संस्कार के समान अयोग्य होने से मानस प्रत्यक्ष भी धर्मादि का नहीं होता है। अर्जुन आदि को भी पुण्य बल से तत्तदिन्द्रिय योग्य का ही प्रत्यक्ष हुआ, धर्मादि का नहीं। वस्तुतः जीवन्मुक्त योगी, ईश्वर कोटि और अनीश्वर कोटि भेद से दो प्रकार के माने गये हैं, और ईश्वर के विषय में श्रुति कहती है कि (यः सर्वज्ञः सर्ववित्। मुण्डक १।१।९) जो सर्वज्ञ (सामान्य रूप से सर्व का ज्ञाता) है, और सर्ववित् (विशेष रूप से सर्व का ज्ञाता) है। तथा (पश्यत्यचक्षुः स शृणोत्यकर्णः। श्वेता ३।१९) आँख रहित होता हुआ देखता है, कर्ण रहित होता हुआ सुनता है। इत्यादि, ऐसे ईश्वर को भट्टमत के अनुसार नहीं मानने पर, धर्मादि में अतिव्याप्ति के वारण के लिये, अपरोक्ष व्यवहार योग्यत्व यह विशेष्य अवश्य लक्षण में देना चाहिये, या (अपरोक्षव्यवहारयोग्यत्वे सत्यवेद्यत्वम्) इस प्रकार से विशेषण करना चाहिये, ईश्वर के स्वीकार-पक्ष में भी (ईश्वरादन्यैरवेद्यत्वे सत्यपरोक्षव्यवहारयोग्यत्वम्) ऐसा लक्षण समझना चाहिये ॥

नन्वज्ञानान्तःकरणतद्धर्मेच्छादिषु शुक्तिरजतादिषु च लक्षणातिव्याप्तिस्तदवस्था, तेषामपि फलव्याप्यत्वाभावेनावेद्यत्वात्, अहमज्ञ इत्याद्यपरोक्षव्यवहारयोग्यत्वाच्चेति चेत्, सत्यम्; अवेद्यत्वेऽपि नापरोक्षव्यवहारयोग्यता तेषाम्, अध्यस्ततयैव तेषां सिद्धेः। ननु तथाप्यपरोक्षमिति व्यवहारदर्शनात्तद्योग्यता तत्र कल्पनीयेति चेत्, मैवम्; रजतादिव्यवहारयोग्येऽपि शुक्तिशकलादौ रजतादिव्यवहारादर्शनात्। नन्वेवं सत्यवेद्यत्वविशेषणस्य न व्यवच्छेद्यमस्ति, त्वन्मते घटादेरध्यस्ततया अपरोक्षव्यवहारयोग्यत्वाभावात्, मैवम्; व्यवहारदशायां तेषां प्रत्यक्षप्रमाणविषयाणामपरोक्षव्यवहारयोग्यताङ्गीकरात्।

फलव्याप्यत्वाभावेनेति। प्रमाणाविषयत्वेन केवलसाक्षिवेद्यत्वादित्यर्थः। परिहरति—सत्यम्। अवेद्यत्वेऽपीति। नाज्ञानादीनां साक्षादपरोक्षता साक्षिवेद्यतया तेषां साक्षादपरोक्षाध्यासाद्वैवापरोक्षत्वादित्यर्थः। उत्तरौ चोद्यपरिहारौ स्पष्टार्थौ। ननु यदि स्वतोऽपरोक्षत्वं चैतन्यस्यैवाज्ञानादीनां तु तदध्यासादपरोक्षत्वमस्तीति नापरोक्षव्यवहारयोग्यत्वमिति ब्रूषे; तर्हि घटादावपि तुल्यमिति न तेषामप्यपरोक्षव्यवहारयोग्यत्वप्राप्तिरस्माकमव्यवच्छेद्यार्थं सत्यवेद्यत्वविशेषणं व्यर्थमिति शङ्कते—नन्वेवमिति। व्यवहारदशायामिति। यद्यपि वास्तवापरोक्षत्वाभावो घटादेरज्ञानादेश्च समानस्तथाप्यर्थक्रियाक्षममपरोक्षं प्रत्यक्षादिप्रमाणसिद्धं सत्त्वमिव घटादेरस्ति अज्ञानादेस्तु तन्नास्ति प्रत्यक्षादिविषयताया अभावात्। अतः शुक्तिरजतादिसत्त्वं प्रातीतिकमित्यर्थः।

फिर शंका होती है कि, अज्ञान, अन्तःकरण के धर्म इच्छा आदि और शुक्ति रजतादि में लक्षण की अति व्याप्ति तदवस्थ (अवश्य) है। क्योंकि उन अज्ञानादि में भी फल व्याप्यता के अभाव से अवेद्यत्व रहता है, और मैं अज्ञानी हूं, कामी हूं, इत्यादि व्यवहार से अपरोक्ष व्यवहार की योग्यता भी सिद्ध होती है। उत्तर है कि उनमें अवेद्यत्व है, यह आपका कथन सत्य है किन्तु अवेद्यत्व के होते अपरोक्षव्यवहारयोग्यता उनमें नहीं रहती है, क्योंकि अपरोक्ष ब्रह्म स्वरूप साक्षी में अध्यस्त (कल्पित=सिद्ध) होने से ही उनकी सिद्धि होती है, अधिष्ठान साक्षी की अपरोक्षता उनमें भासती है, अतः उक्त व्यवहाराधीन उनमें अपरोक्षव्यवहार की योग्यता नहीं मानी जा सकती है। यदि शंका हो कि अज्ञानादि के अपरोक्ष ब्रह्मात्मा में अध्यस्त होने पर भी उनमें अपरोक्ष ऐसा व्यवहार (शब्द प्रयोग) के दर्शन (ज्ञान) से, उनमें साक्षात् अपरोक्ष ज्ञान की योग्यता कल्पनीय (अनुमेय) है, तो यह शंका युक्त नहीं, क्योंकि रजतादि व्यवहार के अयोग्य भी शुक्तिशकल (खण्ड) आदि में भ्रमकाल में रजतादि का व्यवहार देखा जाता है, अतः व्यवहारमात्र से व्यवहारयोग्यता की कल्पना नहीं हो सकती है। योग्यता के विना अध्यासमात्र से भी तत्तद् व्यवहार होता है॥

शंका होती है कि उक्त रीति से अध्यस्त में अपरोक्ष व्यवहार की योग्यता को नहीं मानने पर, लक्षण में अवेद्यत्व विशेषण से व्यवच्छेद्य (व्यावर्तनीय) कोई वस्तु नहीं रह जाती है, उससे वेद्य घटादि की व्यावृत्ति कही गई थी, सो अब, प्रत्यक्ष व्यवहार योग्यत्व मात्र से ही व्यावृत्त हो सकता है, क्योंकि आप वेदान्ती के मत में घटादि भी अध्यस्त ही है, अतः उसमें साक्षात् अपरोक्ष व्यवहार योग्यता नहीं है, किन्तु अधिष्ठानाधीन है, ऐसी शंका होने पर कहा जाता है कि ऐसी बात नहीं कहनी चाहिये, क्योंकि व्यवहार दशा में प्रत्यक्ष प्रमाण के विषय उन घटादिकों की अपरोक्ष व्यवहार योग्यता मानी जाती है, अतः अपरोक्ष व्यवहार योग्यत्व से उनकी व्यावृत्ति नहीं होने के कारण उनकी व्यावृत्ति के लिये अवेद्यत्व विशेषण सार्थक है॥

तथाप्यवेद्यत्वे सत्यपरोक्षत्वमेव लक्षणमस्तु व्यभिचाराभावादिति चेत्,
सत्यम्; अपरोक्षज्ञानविषयत्वेनैव घटादेरपरोक्षत्वाङ्गीकाराद्, अत्रापि तथा-
त्वाद्व्याघात इति विभ्रमो माभूदिति तद्व्यवहारेणैव प्रतिवादिनामपि संप्रति-
पन्नेन तदेव स्फुटीक्रियत इति न कश्चिद्दोषः। कथं तर्हि अवेद्यस्य व्यवहारयो-
ग्यत्वमिति चेत्; किमिदमवेद्यत्वे व्यवहारविषयत्वं न स्यादित्यनिष्टप्रसञ्जनम्?
उत व्यवहारविषयत्वाद्वेद्यत्वानुमानम्? नाद्यः; आपाद्यापादकयोरुभयोरपि
परेषामप्रसिद्धेः। नेतरः; तस्य सप्रतिसाधननिरासमये निराकरिष्यमाण-
त्वात्। तस्मादनाविलं स्वप्रकाशलक्षणम्।

ननु तथापि व्यवहारयोग्यतापदस्य कृत्यं न पश्यामः, अवेद्यतापदेन घटादिव्यावृ-
त्तेरपरोक्षतापदेनाज्ञानादिव्यावृत्तेरिति शङ्कते—तथापीति। परिहरति—सत्यमिति।
अयमर्थः—अपरोक्षज्ञानविषयेऽपि तावदपरोक्षशब्दः प्रयुज्यते। तत्रापरोक्षमित्युक्ते
व्यावृत्तिशङ्का स्यात्तन्निवृत्त्यर्थमवेद्यत्वेऽप्युपपद्यमानं व्यवहार-योग्यतापदग्रहणमिति।

वस्तुतस्तु न प्रसरत्येव घटादिष्वपरोक्षत्वं, तस्या प्रमात्वावान्तरजातितयाऽप्रमायां घटादावभावात्। नच मिथ्याज्ञानेऽपि भावात्प्रमात्वेन परापरभावाभावान्न जातिरिति वाच्यम्; तथारोपाङ्गीकाराच्छब्दप्रयोगस्यापि तन्मार्गत्वात्। अन्यथा घटत्वादेरप्यपलापप्रसङ्गात्सुवर्णनिर्मितेऽपि घटशब्द-प्रयोगेण पृथिवीत्वादिना परापरभावाभावस्यापि शक्यवचनत्वात्। यद्यपि व्यवहारो ज्ञानमपि भवति तथाप्यवेद्यत्वविशेषणानुरोधेन शब्दप्रयोग एव स्वीक्रियते। तेन न पूर्वपक्षावसरोक्तदूषणप्रसरः। यद्यपि योग्यताव्यतिरेकेणापि लक्षणं शक्यसमर्थनं तथापि सुषुप्तौ तदभावेऽपि योग्यत्वस्य सत्तोऽत्यागाय तद्ग्रहणम्। व्यवहारविषयत्वादेव ज्ञानविषयत्वमपि सिद्ध्यतीत्यभिप्रेत्य शङ्कते—कथं तर्हीति। तदेतत्प्रसङ्गो वा? प्रसाधनं वेति विकल्प्य दूषयति—किमिदमवेद्यत्वे व्यवहारविषयत्वमित्यादिना। आपाद्यापादकयोरिति। क्वचित्प्रमितेन पक्षे चाहार्यारोपितेन क्वचिद्व्यापकतया प्रमितं पक्षे चानभिमतमापाद्यत इति हि स्थितिस्तदिहावेद्यत्वेनापादकेन प्रमितेन भवितव्यम्। न चैतत्सर्वं प्रत्यक्षमिति मन्यमानस्य संभवति। नापि व्यवहाराविषयत्वस्य प्रमितिरिति केन किमापाद्यत इत्यर्थः। तस्य सप्रतिसाधननिराससमय इति। लक्षणदूषणसमये प्रत्यनुमानप्रयोगोऽनवसरनिरस्त इत्यर्थः॥

फिर भी जिज्ञासा होती है कि (अवेद्यत्वे सति प्रत्यक्षव्यवहारयोग्यत्वं) इस लक्षण में व्यवहारयोग्य, इतना भाग निष्फल है, (अवेद्यत्वे सति अप्रत्यक्षत्वम्) अवेद्यत्व युक्त प्रत्यक्ष जो होता है, सो स्वप्रकाश है, इतना ही लक्षण रहे, तो भी कहीं व्यभिचार (अतिव्याप्ति) नहीं होता है, तहाँ कहा जाता है कि यद्यपि प्रत्यक्ष व्यवहार योग्यत्व के स्थान में, प्रत्यक्षत्व कहने से लाघव है, और अतिव्याप्ति भी नहीं है, यह कहना सत्य है, तथापि-घटादि की अपरोक्षता अपरोक्ष ज्ञान विषयत्व से ही मानी जाती है, अतः ब्रह्मात्मा में भी वैसी ही अपरोक्षज्ञान विषयत्व रूप प्रत्यक्षता लक्षण से प्राप्त होगी, किन्तु उसका अवेद्यत्वके साथ विरोध होनेसे व्याघात का भ्रम होगा सो भ्रम न हो इसके लिये, अपरोक्षत्व मात्र नहीं कहकर, प्रतिवादी को सम्मत अपरोक्ष व्यवहार योग्यत्व शब्द द्वारा ही प्रतिवादी का सम्मत लक्षण स्फुट किया जाता है, क्योंकि प्रतिवादी को भी ब्रह्म में अपरोक्ष व्यवहार योग्यत्व सम्मत है, और व्यवहार को अवेद्यत्व के साथ प्रत्यक्ष कोई विरोध नहीं है, इत्यादि॥

यदि कोई कहे कि अवेद्य ब्रह्म को व्यवहार योग्यत्व या विषयत्व कैसे होगा, लोक में तो वेद्य ही व्यवहार का विषय वा योग्य देखा जाता है। तहाँ कहने वाले से पूछा जा सकता है कि, क्या, अवेद्यत्व के रहने पर, व्यवहार विषयत्व नहीं होगा, इस प्रकार के अनिष्टाऽऽपादन (प्राप्ति) में आपका तात्पर्य है, या अपरोक्ष व्यवहार विषयता से वेद्यत्व के अनुमान में तात्पर्य है। तहाँ प्रथम पक्ष तो कह नहीं सकते हैं, क्योंकि अवेद्यत्व रूप आपादक, और व्यवहाराऽविषयत्वरूप आपाद्य, ये दोनों ही आप तार्किकों के मत में अप्रसिद्ध हैं, और कहीं प्रसिद्ध का ही अन्यत्र प्रसञ्जन (प्राप्ति प्रदर्शन) हो सकता है। अप्रसिद्ध का नहीं। तार्किकमत में वेद्यत्व, और अपरोक्ष व्यवहारविषयत्व (योग्यत्व)

दोनों केवलान्वयी हैं, क्योंकि जीव से अवेद्यादि भी ईश्वर से वेद्यादि हैं। अपरोक्षव्यवहारयोग्यत्व से वेद्यत्व का अनुमानरूप दूसरा पक्ष भी नहीं कह सकते हैं। क्योंकि सत्प्रतिपक्ष के निराकरण प्रसङ्ग में उसका आगे निराकरण (खण्डन) करना है. लक्षण के दूषणादि समय प्रतिपक्ष का अवसर नहीं है॥ अतः स्वप्रकाश का लक्षण निर्दोष है॥ लक्षण का समर्थन करके, आगे प्रमाण का समर्थन (प्रतिपादन) किया जाता है—

प्रमाणमपि—अनुभूतिः स्वयंप्रकाशा, अनुभूतित्वाद्यन्नैवं तन्नैवं यथा घट इत्यनुमानम्। न चाप्रसिद्धविशेषणत्वम्; यतः—

सामान्यतोऽनुमानेन प्रसिद्धेऽपि विशेषणे।
कथं कथय पक्षोऽयमप्रसिद्धविशेषणः॥ २॥

तथा हि—वेद्यत्वं किंचिन्निष्ठात्यन्ताभावप्रतियोगि, धर्मत्वात् शौक्ल्यवदिति सामान्यतो दृष्टानुमानेनानिर्धारितधर्मिविशेषनिष्ठस्यावेद्यत्वधर्मस्य प्रसिद्धत्वात्, केवलव्यतिरेकिणश्चोभयवादिसंप्रतिपन्नापरोक्षव्यवहारयोग्यानुभूतिविशेषावलम्बनताया एव समर्प्यमाणत्वात् नाप्रसिद्धविशेषणता।

तदेवं लक्षणं समर्थयित्वा प्रमाणं समर्थयितुमुपक्रमते—प्रमाणमपीति। स्वप्रकाशलक्षणसंभवेऽपि तादृग्रूपं साध्यं प्रसिद्धमप्रसिद्धं वा। आद्ये सिद्धसाधनता केवलव्यतिरेकिताव्याकोपश्च। द्वितीयेऽप्रसिद्धविशेषणता इत्यत आह—नचेति। हेतुमवतारयति—यत इति। श्लोकेन हेतुमाह—सामान्यत इति। सामान्यतोऽनुमानेन सामान्यतो दृष्टेन। प्रसिद्धेऽपि विशेषण इत्यत्रापि सामान्यत इत्यनुषञ्जनीयम्। अनिर्धारितधर्मिविशेषतयेत्यर्थः। अत एव सामान्यतोदृष्टानुमाने नानिर्धारितधर्मिविशेषनिष्ठस्येति विवरणम्। अभिन्नक्रमः। सामान्यतोऽपि प्रसिद्धे विशेषणे अप्रसिद्धविशेषणः पक्षः कथमिति कथय? न कथमपीति योजना। अत्र च सामान्यत इति सिद्धसाधनतापि सामान्यतोदृष्टमेवाह—तथाहि वेद्यत्वमित्यादिना। अभावप्रतियोगीत्युक्ते अन्योन्याभावेन वेद्यत्वेऽप्युपपद्यमानेनार्थान्तरता स्यात्तन्निवृत्त्यर्थमत्यन्ताभावग्रहणम्। नचास्तित्वेन व्यभिचारः, तस्य पक्षत्वात् पक्षतुल्यत्वाद्वा। अभिधेयत्वादिष्वपीयमेव गतिः। अन्ततः स्वस्मिन्नेवाभावादात्माश्रयप्रसङ्गात्, उत्पत्तिज्ञप्तिप्रतिबन्धकस्यैव दोषत्वमिति प्रक्रियामात्रं, नियमेन प्रमाणानुपलब्धेरविशेषादिति। अत्र च वेद्यत्वप्रसिद्धेश्चेव यद्यपि तदनधिकरणत्वमपि प्रसिद्धं, प्रतियोगिप्रसिद्धेश्चैवाभावप्रसिद्धेः तथापि सुहृद्भूत्वेदमाहेति द्रष्टव्यम्। अनिर्धारितेति। अनिर्धारितो यो धर्मिविशेषस्तन्निष्ठस्येत्यर्थः। °ननु भवत्ववेद्यत्वसिद्धिरपरोक्षव्यवहारयोग्यत्वे सत्यवेद्यत्वस्य कुतः सिद्धिरित्यत आह—केवलव्यतिरेकिणश्चेति। अथवा मानान्तरेणावेद्यत्वसिद्धौ किमनेनानुमानेनेत्यत आह—केवलेति। केवलव्यतिरेकिण इति पञ्चमी। प्रथमपक्षे त्वयमर्थः। अपरोक्षव्यवहारविषयत्वं तावदनुभूतावेव तथापि संप्रतिपन्नं तादृगनुभूतौ त्वावेद्यत्वमन्यतः स्वरूपेण सिद्धं यदा साध्यते तदा किमपरमत्राप्रसिद्धं येनाप्रसिद्ध-

विशेषणता स्यादिति । द्वितीये तु सामान्यतः सिद्धस्यानुमानेन धर्मिविशेषे साधनान्नानर्थक्यमित्यर्थः । एतेन केवलव्यतिरेकितापि रक्षिता अन्यत्र प्रसिद्धयनभ्युपगमात् ।

अनुभव (ज्ञान) स्वयं प्रकाश है, ज्ञानत्व होने से, जो स्वयं प्रकाश नहीं है, वहाँ ज्ञानत्व भी नहीं है, जैसे कि घट है। अनुभव में ज्ञानत्व है, अतः स्व प्रकाशत्व है। यह अनुमान, स्वयं प्रकाशत्व में प्रमाण भी है। इस अनुमान में अप्रसिद्ध विशेषणता (अप्रसिद्ध साध्यता) दोष भी नहीं है, क्यों कि, सामान्यतो दृष्टानुमान से सामान्यतः विशेषण (साध्य) की सिद्धि होने पर आप कहेंगे कि यह अनुभूति रूप पक्ष अप्रसिद्ध विशेषण (साध्य) वाला कैसे रह सकता है। सामान्यतो दृष्टानुमान का आकार है कि (वेद्यत्व रूप धर्म, किसी में वर्तमान अत्यन्ताऽभाव का प्रतियोगी है क्योंकि यह धर्म हैं, जैसे शुक्लत्व धर्म है,तो उसका कहीं अत्यन्ताभाव अवश्य है, ऐसे ही वेद्यत्व का भी कहीं अभाव है। इस सामान्यतो दृष्टानुमान से अनिर्धारित (विशेषरूप से अनिर्णीत) धर्मी (पक्ष) विशेष में वर्तमान अवेद्य धर्म (साध्य) की प्रसिद्धि होने से, और (अनुभूतिः स्वयं प्रकाशा.) इस व्यतिरेकी अनुमान द्वारा, उभय वादी से सिद्ध मान्य अपरोक्ष व्यवहार योग्य अनुभूति विशेष आलंबता (आलम्बनता-आश्रयताका ही साध्य में समर्पण (साधन) होने से अप्रसिद्धता नहीं रहती है, किन्तु सामान्यतो दृष्टानुमान से अनिर्णीत पक्ष में अवेद्यत्व के सामान्य रूपकी सिद्धि के बाद केवल व्यतिरेकी से प्रतिपक्षी सम्मत भी अपरोक्ष व्यवहार योग्यत्व से पक्ष में साध्य की सिद्धि होती है। क्योंकि अवेद्यत्व प्रतिवादी नहीं मानता है, उसकी सिद्धि सामान्यतो दृष्टाऽनुमान से सिद्ध होती है, अन्यांश तो उभयमत सिद्ध ही है ॥

यद्वा यद्विपर्यये असमीहितप्रसक्तिस्तत्क्वचिन्मानयोग्यमिति सामान्यव्याप्तिः। इह चानुभूतिरनुभाव्या भवति नवेति वादिविप्रतिपत्तेः संशये सत्यनुभाव्यत्वे सत्यसमीहितप्रसक्तेस्तद्विपर्ययस्य सामान्यतो मानयोग्यत्वाधिगमात्, विशेषप्रमाणापेक्षायां व्यतिरेकिण उपन्यासात् नाप्रसिद्धविशेषणता। अन्यथा कथमिच्छादीनामष्टद्रव्यव्यतिरिक्तद्रव्याश्रितत्वं नैयायिकादयोऽपि साधयेयुरष्टद्रव्यव्यतिरिक्तद्रव्यस्याप्रसिद्धावप्रसिद्धविशेषणता, प्रसिद्धौ च हेतोस्तत्र वृत्तावन्वयव्यतिरेकितया केवलव्यतिरेकित्वासंभवः, अवृत्तौ चासाधारणानैकान्तिकतापत्तिः। न चैवं सत्यप्रसिद्धविशेषणताया अदूषणतापत्तिः; उक्तसामान्यतोदृष्टानुमानगोचरत्वासंभवे शशविषाणोल्लिखिता भूरित्यादौ तस्याः सावकाशत्वात्।

एवमुदयनरीत्या केवलव्यतिरेकिणः प्रामाण्यं समर्थितम्, संप्रति लीलावतीकाररीत्याप्याह—यद्वेति। यस्य वैपरीत्याङ्गीकारे प्रमाणान्तरबाधादिप्रसक्तिस्तत्प्रमाणयोग्यमिति सामान्याकारेण व्याप्तिः। व्याप्तहेतोः पक्षधर्मतामाह— इह चेति। वादिनः सर्वत्र विपक्षबाधाप्रमाणोन्नयनम् ? तथाच गतं घटादिप्रत्यक्षेणाविमर्शपूर्वकेणेत्यत आह —संशये सतीति। कोटिद्वयाप्रसिद्धया साधारणधर्मदर्शनाभावान्न संशयोऽत उक्तम्—

विप्रतिपत्तेरिति । इदं च प्रयोगशरीरं—वेद्यत्वमनुभवनिष्ठ प्रामाणिकात्यन्ताभाव-प्रतियोगि तर्कादिबाधितत्वात् यदेवं तदेवं यथा शुक्तिरजतादि यथा वा घटत्वादि । तर्कमात्रं चेदिदमित्याशङ्क्य प्रस्तुतानुमानोपयोगमाह—विशेषप्रमाणापेक्षायामिति । अत्र सामान्यतोऽनुमानेनेतिसामान्येन प्रमाणोन्नयनेनेति योजनीयम्। एतदेव प्रतिबन्द्या साधयति अन्यथेति । अनुपपत्तिसाम्यं तावदाह-अष्टद्रव्यव्यतिरिक्तेति । तत्र वृत्ताविति । अत्र ह्यष्टद्रव्यातिरिक्तद्रव्यप्रसिद्धौ तदाश्रितगुणादीनां सपक्षत्वम् । तथा च तत्र हेतुवृत्त्यवृत्त्योर्दूषणद्वयं स्यादित्यर्थः । एवमनुपपत्तौ समानायामस्मदुक्तविधामन्तरेण नापरा विधाऽस्तीति भावः । तथाहि इच्छादयो गुणाः अनित्यत्वे सत्यस्मदाद्यचाक्षुषप्रत्यक्षत्वात् गन्धवदित्यादिना गुणत्वे स्थिते गुणत्वापरजातिमत्तया नियतैकद्रव्यव्यवच्छेदकतया विशेषगुणत्वे च सिद्धे सतीच्छादयः क्वाचिदाश्रिताः गुणत्वाद्रूपवदिति सामान्यतोदृष्टानुमानेनानिर्धारिते कस्मिंश्चिदाश्रये सिद्धे न तावत्स्पर्शवद्विशेषगुणाः प्रत्यक्षत्वे सत्यकारणगुणपूर्वकत्वात्, प्रत्यक्षत्वे सत्ययावद्द्रव्यभावित्वाद्वा । नाप्याकाशविशेषगुणाः बाह्येन्द्रियाप्रत्यक्षत्वात् । नापि दिक्कालमनसां विशेषगुणत्वादिनाऽष्टद्रव्याश्रयत्वानुपपत्तौ सिद्धायामिच्छादयोऽष्टद्रव्यव्यतिरिक्तद्रव्याश्रयाः, तेष्वनुपपद्यमानत्वे सति गुणत्वाद्यन्नैवं तन्नैवं यथा गन्धादीति केवलव्यतिरेकिणैव सिद्धिरिति । नन्वेवंविधपरिहारज्ञानस्य सर्वत्र सुलभत्वाद्गता अप्रसिद्धविशेषणतातपस्विनीत्यत आह—नचैवं सतीति । एतदुक्तं भवति—न सर्वत्रैवंविधः परिहारः सुलभः असमाधेयाप्रसिद्धविशेषणत्वानामपि 'भूमिः दाशविपाणोल्लिखिता' इत्यादीनां संभवात् तेषु चास्याः साम्राज्यमिति । तदेवमृजुरीत्याऽप्रसिद्धविशेषणतां परिजहार ।

यद्वा (अथवा) जिस पदार्थ के विपर्यय (वैपरीत्य = अभाव) के मानने (रहने) पर अनवस्था बाधादि अनिष्ट की प्राप्ति हो, वह पदार्थ कहीं प्रमाण योग्य (प्रमाण का विषय) अवश्य रहता है । यह सामान्य व्याप्ति (नियम) है । जैसे आकाशादि के समान सर्वत्र जाति के अभाव मानने पर गवादि में अनुगत प्रतीति की बाधापत्ति होती है, गवादि के समान सर्वत्र जाति के अभाव के अभाव (जाति) को मानने पर अनवस्था प्राप्त होती है, जाति में भी जाति प्राप्त होती है, इत्यादि । यहाँ प्रकृत में तो अनुभूति अनुभाव्य (अनुभव का विषय) होती है, या नहीं, इस प्रकार प्रतिवादियों की विप्रतिपत्ति (विरुद्धवाक्य) से संशय होने पर, अनुभूति को अनुभाव्यत्व (अनुभवविषयत्व) माना जाय तो अनवस्था आदि अनिष्ट की प्राप्ति होती है, अतः उस अनुभाव्यत्व (अनुभवविषयत्व) के अभाव (अवेद्यता) के सामान्य रूप से कहीं मानयोग्यता के ज्ञान होने पर, फिर विशेष प्रमाण की अपेक्षा (जिज्ञासा) होती है, तब उक्त व्यतिरेकी अनुमान का उपन्यास (उल्लेख) किया गया है कि (अनुभूतिः स्वयं प्रकाशा) इत्यादि, अतः अप्रसिद्धविशेषता दोष नहीं है ।

अन्यथा (उक्त सामान्य व्याप्ति के अस्वीकार करने पर) नैयायिकादिभी इच्छादि को अष्टद्रव्यातिरिक्त द्रव्याश्रितत्व कैसे चार्वाकादि के प्रति सिद्ध कर सकेंगे । अर्थात्

इच्छा आदि, भूमि आदि आठ द्रव्य से भिन्न किसी द्रव्य के आश्रित हैं, क्योंकि गुण है। इस अनुमान से आत्मा की सिद्धि नहीं कर सकेंगे, क्योंकि आठ द्रव्य से अतिरिक्त द्रव्य के अप्रसिद्ध रहते अप्रसिद्ध विशेषणता होती है, और प्रसिद्ध होने पर भी यदि वहाँ हेतु रहता है, तो हेतु की अन्वयव्यतिरेकिता से केवल व्यतिरेकिता का असम्भव (अभाव) होता है। और पक्ष से अतिरिक्त साध्य के स्थान में हेतु के नहीं रहने पर पक्षमात्र वृत्ति-गुणत्व हेतु में असाधारण अनैकान्तिकता की प्राप्ति होती है। अतः अनुमानान्तर से विशेष गुणत्व और अष्ट द्रव्यावृत्तित्व सिद्ध होने पर (इच्छादयोऽष्टद्रव्यातिरिक्त द्रव्याश्रिता, अष्टद्रव्यानाश्रितत्वे सति गुणत्वात्, यन्नैवं तन्नैवम्, यथा गन्धः) इस व्यतिरेकी से ही अष्टद्रव्यातिरिक्त द्रव्याश्रितत्व नैयायिकादि भी इच्छादि में सिद्ध कर सकते हैं, इसी प्रकार से वेदान्त में स्वप्रकाशत्व की सिद्धि होती है। शंका होती है कि उक्त सामान्य व्याप्ति और केवल व्यतिरेकी द्वारा तो सर्वत्र साध्य की प्रसिद्धि की जा सकती है, तो अप्रसिद्ध विशेषणता रूप दूषण का ही अभाव प्राप्त होता है, उत्तर है कि दूषण का अभाव नहीं प्राप्त होता है। क्योंकि (भूमिः, शशविषाणोल्लिखिता, भूमित्वात्, यन्नैवं, तन्नैवम् यथा जलम्) इत्यादि सामान्यतो दृष्टानुमानादि के अविषय स्थान में अप्रसिद्धविशेषणता का अवकाश है, स्थान है।

अथवा अयं घट एतद्घटान्यत्वे सति वेद्यत्वानधिकरणान्यः पदार्थत्वात्पटवदित्यादिमहाविद्याप्रयोगैरप्यवेद्यत्वप्रसिद्धिरप्यूहनीया।

ये तु वक्ररीतिं रोचयन्ते तान्प्रति महाविद्याभिरपि साध्यप्रसिद्धिं सुलभयति—अथवेति। अयं घटः वेद्यत्वानधिकरणान्य इत्युक्तेऽप्रसिद्धविशेषणता सर्ववेद्यत्ववादिनोऽनुमानात्पुरस्तात्तदनधिकरणासिद्धेरत उक्तं—घटान्यत्वे सतीति। घटत्वानधिकरत्व इति यावत्। तथा च सर्वघटेषु सिद्धसाधनं, तत उक्तं—एतदिति। एतस्य च घटस्य वेद्यत्वाधिकरणत्वेऽपि स्वान्यत्वं प्रत्यनधिकरणत्वात्तथाविधघटान्यत्वस्य च पटादावेव प्रसिद्धेर्नाप्रसिद्धविशेषणतासिद्धसाधनते इत्यर्थः। घटमात्रं पक्षीकृत्यैतद्घटान्यत्वे सति वेद्यत्वानधिकरणान्य इत्युक्ते घटान्तरमादायार्थान्तरता, घटान्तरस्याप्येतद्घटान्यत्वे सति वेद्यत्वानधिकरणादेवस्मादन्यत्वात्तद्व्यवच्छेदार्थमयमिति पदम्। एतस्यैव घटस्य एतद्घटान्यत्वे सति वेद्यत्वानधिकरणान्यत्वं साध्यमाने घटान्तरमादायार्थान्तरताया अनवकाशात्। एतद्घटान्यत्वानधिकरणान्य इत्युक्ते व्याहृतिः स्यादेतद्घटस्यैतद्घटान्यत्वायोगात् तदर्थं वेद्यत्वपदम्। अत्र चैतद्घटान्यत्वे सति वेद्यत्वानधिकरणमयं घटस्तदन्यत्वमादाय पटादौ साध्यप्रसिद्धिः। पक्षे त्वेतद्घटस्यैतद्घटान्यत्वे सति वेद्यत्वानधिकरणान्यत्वमेतद्घटान्यत्वानधिकरणान्यत्वेन वा ? वेद्यत्वानधिकरणान्यत्वेन वा स्यात् ? आद्ये, व्याहृतिः। एतस्यैव घटस्यैतद्घटान्यत्वायोगात्। अत एतद्घटान्यत्वे-सति वेद्यत्वानधिकरणमन्यत्किंचिदादाय तदन्यत्वसिद्धिरित्यवेद्यत्वसिद्धिः। आदिग्रहणेन 'वेद्यत्वं स्वस्वेतरवृत्तित्वानधिकरणात्यन्ताभावप्रतियोगिवृत्तिधर्माधिकरणं मेयत्वादि' इत्यादि संगृहीतम्। एतदपि सामान्यतोऽनुमानेनेति संगृहीतमेव।

अथवा महती विद्या के हेतु प्रयोगों के द्वारा भी अवेद्यत्व की प्रसिद्धि अनुभूति में ऊहनीय (अनुमेय) है। प्रयोग (अनुमान का आकार) यह है कि (यह एक व्यक्तिरूप घट, इस घट से अन्यत्व युक्त वेद्यत्व के अनधिकरण से अन्य है, पदार्थ होने से, पट के समान) यहाँ एक व्यक्ति घट से अन्यत्व युक्त वेद्यत्व पट में रहेगा, उसका अनधिकरण, एक व्यक्ति घट ही होगा, उससे अन्य (भेदवाला) पट होगा, इस प्रकार से पटरूप दृष्टान्त में तो हेतु के स्थान में साध्य की प्रसिद्धि होती है, परन्तु एक व्यक्ति, स्वान्यत्व युक्त वेद्यत्व का अनधिकरण आप ही है, तब तो उक्त वेद्यत्वानधिकरण से अन्य आप हो नहीं सकता है, किन्तु स्वान्यत्वयुक्त वेद्यत्व का अनधिकरण, उससे अन्य कोई भी हो, तो उस घट रूप पक्ष में तदन्यत्वयुक्त वेद्यत्वानधिकरण से अन्यत्व रूप साध्य की सिद्धि होती है, अतः अनुभूति में तद्घटान्यत्व के रहते भी वेद्यत्व के अभाव से, तद्घटान्ययुक्तवेद्यत्व का अनधिकरणत्व रहना है और उसका भेद एतद्व्यक्ति घट में रहता है, इस प्रकार से घट में साध्य की प्रसिद्धि होती है, सो अनुभूति में वेद्यत्वाभाव (अवेद्यत्व) को सिद्ध करती हुई होती है, अतः अवेद्य की अप्रसिद्धि रूप दोष नहीं है, अनुमान के पदकृत्यादि टीका में द्रष्टव्य हैं।

नाप्रसिद्धविशेष्यतापि: अनुभूतेः प्रसिद्धत्वात्। अत एव नाश्रयासिद्धिरपि हेतोः। नापि स्वरूपासिद्धिः; कल्पितव्यक्तिभेदनिष्ठस्य चन्द्रत्वसामान्यस्येवा-नुभूतित्वसामान्यस्याभ्युपगमे सिद्धान्ताविरोधात्। कल्पितस्यापि प्रतिबिम्बा-दिवत्साधकत्वसंभवात्। न च प्रतिवाद्यसिद्धिस्तेनाप्यनुभूतित्वसामान्यस्याभ्यु-पगमात्।

नाप्रसिद्धविशेष्यतापीति। विशेष्यं धर्मि। तदेवं पक्षदूषणान्यपाकृत्य हेतुदूषणा-न्यपाकरोति—अत एवेत्यादि। अत एवं विशेष्यरूपस्य धर्मिणः प्रसिद्धिस्तत एवेत्यर्थः। ननु किमिदमनुभूतित्वं नाम? न तावज्जातिः, अनुभूतेरेकत्वाङ्गीकारेण व्यक्त्यभेदस्य जातिबाधकत्वात्। यदाह—

'व्यक्तेरभेदस्तुल्यत्वं सङ्करोऽथानवस्थितिः।
रूपहानिरसम्बन्धो जातिबाधकसंग्रह' इति।

अत एव नोपाधिरपि। अनुगतो ह्युपाधिर्भवति अद्वैतविरोधश्चोभयत्रापि तुल्य इत्यसिद्धिरेव हेतोरित्यत आह—नापीति। यथाच कल्पितस्यापि साधकत्वं तथा मिथ्यात्ववादे व्युत्पादयिष्यते।

प्रकृत = प्रदर्शित स्वप्रकाशत्व के अनुमान में अप्रसिद्ध विशेष्यता (अप्रसिद्धधर्मिता) दोष भी नहीं है, क्योंकि अनुभूति रूपधर्मी (पक्ष) स्वप्रकाशता से ही प्रसिद्ध है। और वही हेतु का आश्रय है, अत एव = प्रसिद्ध अनुभूति के ही आश्रय होने से हेतु के आश्रय की असिद्धि भी नहीं है। यहाँ यदि शंका हो कि वेदान्त में सत्यानुभूति के एकात्मस्वरूप होने से अनुभूतित्वरूप (सामान्य) जाति की असिद्धि है, क्योंकि (व्यक्तेरभेदस्तुल्यत्वं सङ्करोऽथानवस्थितिः। रूपहानिरसम्बन्धो जातिबाधकसंग्रहः॥१॥) व्यक्ति के अभेदादि

छः जाति के बाधक न्यायवैशेषिक सिद्धान्तमें माने गये हैं) आकाश की व्यक्ति के अभेद (एक) होने से अनेकता के अभाव से (नित्यमेकमनेकानुगतं सामान्यम्) इस लक्षण का आकाशत्व में अभाव रहता है, अतः आकाशत्व जाति नहीं मानी जाती है, व्यक्ति की तुल्यता से घटत्व कलशत्व पृथक् जाति नहीं मानी जाती है, सङ्करदोष से भूतत्व मूर्तत्व जाति नहीं जाती है) परस्परात्यन्ताभावाधिकरणवृत्तिधर्म कहीं एकत्र रहें तो सङ्कर कहा जाता है। जाति में जाति मानते तो अनवस्था होती है, अन्त्य विशेष में जाति माने तो स्वतो व्यावृतत्व स्वरूप की हानि होती है। समवाय में सम्बन्धाभाव की प्राप्ति होती है, यह स्पष्ट अन्यत्र द्रष्टव्य है। प्रकृत में अनुभूति के एक होने से अनुभूतित्व की स्वरूपासिद्धि की प्राप्ति होने पर कहा जाता है, कि स्वरूपासिद्धि भी नहीं है, क्योंकि चन्द्रव्यक्ति के एक होते भी प्रतिबिम्बादि रूप, तथा दिवलादि भेद से भिन्नस्वरूप कल्पित व्यक्ति भेद में वर्तमान चन्द्रत्व जाति के समान अनुभूतित्व जाति के मानने में सिद्धान्त से विरोध नहीं होता है, पारमार्थिक एक अनुभूति सिद्धान्त का बाध नहीं होता है और जैसे कल्पित प्रतिबिम्बत्व कल्पित भेदयुक्त बिम्ब का साधक (अनुमापक) होता है, कल्पित अनुभूतित्व भी वैसे ही स्वप्रकाशत्व का साधक होगा। प्रतिवादी को भी अनभूतित्व असिद्ध नहीं है, क्योंकि प्रतिवादी भी अनभूतित्व रूप सामान्य (जाति) का स्वीकार करता है।

नच कल्पिताकल्पितत्ववैषम्याद्धेतोरन्यतरासिद्धिराशङ्कनीया, अवधीरितकल्पिताकल्पितविशेषस्यानुभूतित्वमात्रस्योभयवादिसिद्धत्वात्। अन्यथा धूमवत्त्वादावपि तदेतद्देशनिष्ठत्वादिविकल्पेनासिद्ध्यादेर्दुष्परिहरत्वात्। न च व्याप्यत्वासिद्धिः; सोपाधिकस्यैव तथात्वात्, केवलव्यतिरेकिणि चोपाधेरसंभावात्। उपाधिर्हि साध्यव्यापकत्वे सति साधनाव्यापकः, स चान्वयव्यतिरेकी कश्चिद्धर्मः। स कथं केवलव्यतिरेकिणि पक्षव्यतिरिक्तभूमौ साध्येनान्वयी स्यात्। न च पक्षे साध्येनान्वयः; तत्र साध्यस्याद्यापि संदिग्धत्वात्। निश्चये च सिद्धं नः समीहितमिति किमुपाधिः करिष्यति। पक्षे चोपाधिवृत्तौ, साधनव्यापकता च दुर्वारा। न च साध्यसद्भावे मा भूदुपाधिः, साध्याभावे पुनरुपाधिः कश्चिद्भविष्यतीति वाच्यम्; तथाहि—यत्रोपाधिरस्ति तत्र साध्यं नास्तीति साध्याभावस्य गमकत्वेनोपाधिरेष्टव्यः। अन्यथोपाधिसद्भावेऽपि साध्याभावो व्यापकतया न वर्तते चेत्, उपाधिसद्भावे साध्यं स्यात्। तच्च न पक्षे; तत्रोपाधिसद्भावे तस्य साधनव्यापकत्वप्रसङ्गात्। तस्मादन्यत्रोपाधिसत्त्वे साध्यस्य सत्त्वं स्यादिति वाच्यम्। तथा च केवलव्यतिरेकित्वभङ्गप्रसङ्गः।

ननु प्रतिवादिना पारमार्थिकी जातिराद्रियते, भवता तु काल्पनिकीत्यन्यतरासिद्धिरित्यत आह—नच कल्पितेति। अवधीरितः कल्पिताकल्पितरूपो विशेषो येनानुभूतित्वमात्रेण तत्तथोक्तम्। उक्तपरिहारानङ्गीकारे स्वव्याहतिं बाधकमाह—अन्यथेति। तदेतद्देशेति। धूमवत्त्वं किं महानसनिष्ठं हेतुरुत पर्वतनिष्ठम्। आद्येऽसिद्धिः, द्वितीये

साधनविकलं निदर्शनमिति दूषणे नोदीरितपदवीव्यतिरेकेण परित्राणमस्तीत्यर्थः। अन्यथाऽसिद्धिं परिहरति—नच व्याप्यत्वासिद्धिरिति। एषा हि हेत्वाभासानां स्थितिर्व्याप्यत्वे सति पक्षधर्मतया प्रमितत्वं सिद्धत्वं तद्विपरीतमसिद्धत्वम्। तत्र व्याप्तेरसिद्धौ व्याप्यत्वासिद्धिरित्यभिधीयते। पक्षधर्मत्वाऽसिद्धिस्तु त्रिधा। तत्राश्रयस्वरूपासिद्धावाश्रयासिद्धिस्तद्विशेषणपक्षसत्त्वाप्रतीत्या तु सिद्धसाधनमिति। इमामपि द्विविधां केचिदभिदधति साध्याकाराप्रसिद्ध्या साध्यस्वरूपासिद्ध्या चेति, प्रथमाऽसिद्धसाधनताभिधाना द्वितीया त्वप्रसिद्धविशेषणमिति। एतत्तु केवलपक्षदूषणतयैव वृद्धव्यवहारे प्रसिद्धं, हेतुस्वरूपासिद्धौ तु स्वरूपासिद्धिरिति। तत्र व्याप्यत्वासिद्धिर्नाम सोपाधिकः सम्बन्धः, निरुपाधिकसंबन्धस्य व्याप्तित्वात्सोपाधिकत्वे च निरुपाधिकसम्बन्धवैधुर्यादिति। तदेतत्सर्वमभिसंधायाह—सोपाधिकस्यैव तथात्वादिति। भवतु तर्ह्युपाधिरपि किमेतावता? इत्यत आह—केवलव्यतिरेकिणि चेति। केवलव्यतिरेकिण्युपाध्यभावं वक्तुमुपाधिलक्षणमनुवदति—उपाधिर्हीति। साधनाव्यापक उपाधिरित्युक्ते शब्दोऽनित्यः कृतकत्वादित्यत्र सामान्यवत्त्वे सत्यस्मदादिबाह्येन्द्रियग्रहणार्हत्वमुपाधिः स्यात्तदर्थं साध्यव्यापक इत्युक्तम्, तथेत्युक्ते सामान्यवत्त्वादिनाऽनित्यत्वसाधने कृतकत्वमुपाधिः स्यात्तदर्थं साधनाव्यापक इत्युक्तम्। एतेन पक्षेतरत्वमपि व्याख्यातं, तस्यापि साध्यव्यापकत्वे उपाधित्वादितरथाऽनुपाधित्वादिति। भवत्वेवं ततः किमायातमित्यत आह—स चान्वयव्यतिरेकीति। साध्यव्यापकत्वमन्वयः, साधनाव्यापकत्वं व्यतिरेकः, तदुभयवान्धर्मः कश्चिदुपाधिरित्यर्थः। अस्त्वेतावतापि प्रस्तुते किमित्यत आह—स कथमिति। तत्र वक्तव्यं किं पक्षव्यतिरिक्तस्थले साध्यव्यापकत्वं किंवा पक्ष एवाभिप्रेतमिति। नाद्य इत्याह—स कथमिति। केवलव्यतिरेकिणि प्रवर्तमानः स उपाधिः पक्षव्यतिरिक्तभूमौ साध्येन कथमन्वियात्न कथमपीति योजना। केवलव्यतिरेकिणीति हेतुगर्भं विशेषणम्। नहि केवलव्यतिरेकिणि पक्षव्यतिरिक्तस्थले साध्यं संभवति अविद्यमानसपक्षत्वादित्यर्थः। न द्वितीय इत्याह—न च पक्ष इति। तत्र साध्यानिर्णयादित्याह—तत्र साध्येति। विपक्षे दण्डमाह—निश्चये चेति। साध्यापहारो ह्युपाधेः कृत्यं, तत्र साध्यमेव चेन्निर्णीतं किं कुर्वन्नयमुपाधिः स्यादित्यर्थः। दूषणान्तरमाह—पक्षे चेति। साधननिष्ठात्यन्ताभाववत्त्वं ह्युपाधेः साधनाव्यापकत्वम्। तत्र पक्षेऽपि चेदुपाधिर्वर्तते कथं तत्रैव तस्यात्यन्ताभावः स्यात्। न चान्यत्र, केवलव्यतिरेकिसाधनस्यान्यत्राभावादिति भावः। ननु न वयं साध्यसद्भावे उपाधिं ब्रूमः, येन साध्यव्यापकता दुःसाध्या अपितु साध्याभाव इत्यत आह—नच साध्यसद्भाव इति। नच वाच्यमित्युक्तं तत्र हेतुमाह—तथाहि यत्रोपाधिरिति। तथाहि तथा सतीत्यर्थः। उपाधिना हि साध्याभावप्रमितिं वाञ्छता साध्याभावं प्रति गमकत्वेन व्याप्यत्वेनोपाधिरेष्टव्य इत्युक्तम्। व्यापकत्वे दोषमाह—अन्यथेति। अन्यथा व्यापकत्वेनाङ्गीक्रियमाणे, व्यापकतयोपाधेरिति संबन्धः। व्यापकस्य चोपाधेरधिकवृत्तित्वसंभवात्,

उपाधिसद्भावेऽपि साध्याभावो यदि न वर्तेत, संभवति ह्यवर्तनं न्यूनवृत्तेः साध्याभावस्य। तत उपाधिसद्भावेऽपि साध्यसद्भावः स्यात्साध्याभावाभावस्य. साध्यरूपत्वात्तन्नान्तरीयकत्वाद्वेत्यर्थः। अव्यापकतयेति वा पदच्छेदः। साध्याभावस्य व्यापकत्वाभावेनेत्यर्थः। भवतूपाधिसद्भावेऽपि साध्यसद्भावः किमतः? तत्र वक्तव्यं किं पक्षे? उत तद्व्यतिरिक्तस्थले? आद्यं प्रत्याह—न पक्ष इति। तत्र हेतुमाह—तत्रोपाधिसद्भाव इति। यदत्र वक्तव्यं तत्पुरस्तादेवोक्तम्। द्वितीयं परिशेषयति—तस्मादिति। भवत्वेवं ततः किमिति। केवलव्यतिरेकिताक्षोपमपहाय न किंचिदित्याह—तथा चेति।

उक्त अर्थ में यह शंका हो कि, वेदान्त में अनुभूतित्व को कल्पित माना जाता है, और प्रतिवादी उसको सत्य (अकल्पित मानता है) अतः वेदान्त सम्मत अनुभूतित्व प्रतिवादी मत में असिद्ध है, और प्रतिवादी सम्मत वेदान्त में असिद्ध है, इस प्रकार से हेतु के कल्पितत्व और अकल्पितत्व रूप वैधर्म्य से (विरोधि धर्म से) अन्यतर (दो में से एक) की असिद्धि प्राप्त होती है। प्रतिवादी को कल्पित की असिद्धि, वेदान्ती को पारमार्थिक की असिद्धि प्राप्त होती है, तो कहा जाता है कि यह शंका नहीं करना चाहिये, क्योंकि अवधीरित (अनादृत) कल्पित अकल्पित विशेष (भेद) वाला सामान्य अनुभूतित्व मात्र को हेतु माना गया है। सो वादी प्रतिवादी दोनों के मत में सिद्ध है। (अन्यथा) यदि ऐसा सामान्य हेतु को नहीं माना जाय, तो धूमवत्वादि रूप प्रसिद्धानुमान के हेतु में भी तद्देश (महानसदेश) एतद्देश (पक्ष पर्वतादि देश) निष्ठत्व (वर्तित्व) आदि विकल्प (भेद) से असिद्धि आदि की दुष्परिहरता = दुर्वारता होगी। अर्थात् धूम में पर्वत वर्तित्व, महानसवर्तित्व धर्म से भेद मान कर यदि महानसवृत्ति को हेतु माना जाय तो उसकी पक्ष में असिद्धि प्राप्त होती है और पर्वतवृत्ति को हेतु माना जाय साधन (हेतु) रहित दृष्टान्त प्राप्त होता है, अतः पर्वतीयत्व=महानसीयत्व भेद को त्याग कर जैसे धूमवत्व हेतु माना जाता है, वैसे ही सत्यत्व मिथ्यात्व भेद को त्याग कर, अनुभूतित्व मात्र हेतु को मानने पर अन्यतरासिद्धि नहीं होती है।

व्याप्यत्वासिद्धि (अनुभूतित्व रूप हेतु में उक्त साध्य की व्याप्ति की असिद्धि) भी नहीं है, क्योंकि सोपाधिक (उपाधियुक्त) हेतु में व्याप्यत्वासिद्धि होती है, और केवल व्यतिरेकी अनुमान में उपाधि का सम्भव नहीं है। क्योंकि साध्य के व्यापक और साधन के अव्यापक किसी धर्मादि को उपाधि कहते हैं, जैसे कि (धूमवान् वह्नेः) यहाँ आर्द्रेन्धनाग्निसंयोग उपाधि होता है, सो धूम का व्यापक और अग्निरूप हेतु का अव्यापक रहता है। सो उपाधि अन्वयव्यतिरेकी कोई धर्म रूप होता है। सो उपाधि केवल व्यतिरेकी अनुमान में पक्ष से भिन्न स्थान में साध्य के साथ अन्वय (सम्बन्ध) वाला कैसे होगा, क्योंकि पक्ष से अन्यत्र जिस साध्य का निश्चय नहीं हो, उसी साध्यवाला हेतु को केवल व्यतिरेकी कहा जाता है। पक्ष में उपाधि साध्य के साथ अन्वित होगा, यह भी नहीं कह सकते हैं, क्योंकि पक्ष में अभी (अनुमानारम्भ काल में) प्रतिवादी को साध्य सन्दिग्ध है। निश्चित नहीं हुआ है। यदि पक्ष में प्रतिवादी को साध्य का निश्चय हो, तब तो हमारा अभीष्ट (अनुभूति के स्वप्रकाशत्व) ही सिद्ध हो गया। कोई उपाधि कल्पित भी हो, तो उपाधि हमारी हानि क्या करेगो। और दूसरी बात

यह है कि पक्ष में उपाधि की स्थिति से तो साधन की व्यापकता उपाधि में दुर्वार होगी, साधन की व्यापकता अवश्य होगी, कि जिससे साधनाऽव्यापकत्व (साधनवन्निष्ठात्यन्ताभावप्रतियोगित्व) रूप उपाधि का लक्षण ही नहीं रहेगा।

यदि कहा जाय कि साध्य के सद्भाव में (साध्य के स्थान में) साध्य के व्यापकत्वादि लक्षणवाला उपाधि नहीं हो, तो भी साध्याभावविषयक कोई गुणत्वादि उपाधि होगी, अर्थात् उपाधि से पक्षादि में साध्य के अभाव का अनुमान होता है, अतः प्रकृत में भी (अनुभूतिः, स्वप्रकाशत्वाभाववती, गुणत्वात्, इच्छादिवत्) प्रतिवादी मत में अनुभूति आत्मगुण है, अतः हेतु की असिद्धि नहीं है। तो यह कहना युक्त नहीं, क्योंकि जहाँ उपाधि (गुणत्व) है, तहाँ साध्य (स्वप्रकाशत्व) नहीं है, इस प्रकार से साध्याभाव के बोधक रूप से उपाधि को मानना होगा, अन्यथा (उपाधि को व्याप्य और साध्याभाव को व्यापक नहीं मानने पर) उपाधि के रहने पर भी साध्याभाव व्यापक रूप से यदि नहीं रहेगा, तो उपाधि के रहते साध्य रहेगा (गुणत्व के रहते स्वप्रकाशत्व रहेगा) परंतु वह पक्ष में (अनुभूति में) उपाधि के रहते साध्य रहे, यह बात नहीं मानी जा सकती है, क्योंकि अनुभूति में गुणत्व के रहने पर, और वहाँ अनुभूतित्व के रहने पर, अनुभूतित्व से अधिक देशवृत्ति गुणत्व हेतु का व्यापक होगा, फिर उसमें उपाधि का लक्षण ही नहीं रहेगा। अतः पक्ष से अन्यत्र ही उपाधि के रहते ही साध्य के सत्व को कहना होगा, कि जिससे साध्य की व्यापकता उपाधि में सिद्ध हो। परंतु ऐसा मानने पर केवल व्यतिरेकित्व का भङ्ग (अभाव) होगा। भाव है कि साध्य का व्यापक और साधन का अव्यापक उपाधि ही अन्वय व्यतिरेकी हेतु के स्थान में ही होती है, अन्यत्र नहीं जैसे कि (धूमवान् पर्वतः, वह्नेः) यहाँ आर्द्रेन्धन संयोग उपाधि है, उसका महानस में अन्वय हृद में व्यतिरेक रहता है, और अग्निरूप हेतु तप्त अयः (लोह) पिण्ड में भी रहता है, वहाँ उपाधि के नहीं रहने से हेतु का अव्यापक और साध्य का व्यापक आर्द्रेन्धन संयोग है, सो स्वरूप से नहीं, किंतु स्वाभाव से धूम रूप साध्य के अभाव का बोधक, अग्नि के स्थान तप्तपिण्डादि में होता है, ऐसी उपाधि का केवल व्यतिरेकी में असम्भव है अतः उक्त रीति से, आश्रयासिद्धि स्वरूपासिद्धि व्याप्यत्वासिद्धि से रहित अनुभूतित्व रूप केवल व्यतिरेकी हेतु है।

प्रकृते चानुभूतिर्वेद्या वस्तुत्वाद्घटवदिति केवलान्वयिनानुमानेन हि स्वयंप्रकाशत्वव्यतिरेको वक्तव्यः। तत्र च नोपाधिः संभवति; साधनाव्यापकत्वस्य वक्तुमशक्यत्वात्। तदेवं नासिद्धो हेतुः। नापि विरुद्धः; वेद्येषु विपक्षेष्वनुभूतित्वहेतोरवृत्तेः। नाप्यनैकान्तिकः; विपक्षाद्व्यावृत्तेरेव। नाप्यसाधारणः; सपक्षाभावात्। विपक्षे बाधकतर्काभावात्सन्दिग्धानैकान्तिकतेति चेत्, मैवम्, अनुभूतेरनुभाव्यत्वेऽनवस्थापातात्। न च वाच्यमवश्यवेद्यत्वाभावान्नानवस्था व्यवहारस्य तत्स्वरूपसत्तामात्रेणाप्युपपत्तेरिति; तद्विषयप्रमाणानुदये तत्सत्ताया अप्यनिश्चयात् तत एव व्यवहार इत्यप्यसिद्धेः। अथ यदा कदाचित्तत्सत्ताजिज्ञासोदये व्यवहारादिना केनचिल्लिङ्गेन सापि प्रमीयत इति मतं, तन्न; घट इति घटमनुभवामीति चानुभूतिद्वयातिरिक्तायास्तत्तदनुभूतिपरम्परायगाहि-

काया: कस्याश्चिदनुभूतेरनुभवागोचरत्वात्। अन्तरेण तदनुभवं तत्सत्ताभ्युपगमे, प्रमेयसत्ताया अपि तथाभ्युपगमोपपत्तौ प्रमाणगवेषणावैयर्थ्यापातात् तत्रापि च प्रमाणगवेषणायां पूर्वोक्तानवस्था तदवस्थैव स्यात्।

ननु मा भूदुक्तदोषपराधिक्लेशानुकर्षिततया साध्याभावं प्रति व्यापकत्वमुपाधेः, व्याप्यत्वे का नामानुपपत्तिरिति तत्राह—प्रकृते चेति। अनुमानेनेति। हेतुनेत्यर्थः। अत्र हि स्वप्रकाशत्वलक्षणसाध्याभावो वेद्यत्वम्। यत्रच वस्तुत्वं तत्र च वेद्यत्वं गमकत्वेनाभिमतमिति तदेवोपाधिस्तस्य च केवलान्वयित्वेनाभिमततया सर्वनिष्टस्य साधनवत्यपि विद्यमानत्वात्साधनाव्यापकत्वं दुर्लभमित्यर्थः। अत्र च प्रकृतग्रहणं केवलान्वयिग्रहणं चोपलक्षणम्। सर्वकेवलव्यतिरेकिणि पक्षनिष्ठतयाशङ्क्यमानसर्वोपाधेः साधनव्यापकत्वात्। एतेन साध्याभावसमव्याप्तः कश्चिदुपाधिरस्तीति पक्षोऽपि निरस्तः। किंच यदा साध्याभावं प्रति व्याप्य उपाधिरिष्यते, तदा साध्याभावव्यावृत्तावुपाधिव्यावृत्तिरप्येष्टव्या, व्यापकात्यन्ताभावनिष्ठात्यन्ताभावप्रतियोगिनो व्याप्यत्वात्, संभवद्व्यतिरेकयोश्च व्यतिरेकव्याप्तेरप्येष्टव्यत्वात्। तथाच साध्याभावव्यावृत्तावुपाधेरपि व्यावृत्तिः किं पक्षे? उतान्यत्र? नाद्यः, पक्षे साध्याभावाभावरूपसाध्यस्याद्याप्यनिर्णयात्। नाप्यन्यत्र; केवलव्यतिरेकिताकोपादिति। अत्र कश्चित्—साध्याभावसाधनाभावसंबन्धभङ्गकतया विपक्षे एवोपाधिं निदध्यादिति, तत्तु साध्यशब्दार्थानवबोधविजृम्भितमिति न तदपराधः कश्चित्। एवं हि साध्याभावाव्यापकत्वे सति साधनाभावव्यापक उपाधिरित्युक्तं स्यात्तथा च कथं साध्यव्यापकत्वम्? न हि साधनाभावः साध्यम्। अविप्रतिपन्नत्वात्। कुत्र च साध्याभावाव्यापकत्वमवसेयम्? न तावत्पक्षे; तत्र साध्याभावानिर्णयात्। नाप्यन्यत्र, तथासति साधनाभावाव्यापकतया तत्पक्षव्यतिरिक्तस्य सर्वस्य केवलव्यतिरेकिसाधनाभाववत्त्वात्। बहु चात्र वक्तव्यमस्ति विस्तरभयात्तु नोच्यते। ननु भवतु विपक्षवृत्त्यभावात्सपक्षेऽसति सपक्षाप्रवेशाभावाच्च विरुद्धानैकान्तिकतानामव्यवसितानामभावः। विपक्षे बाधकतर्काभावात्तु संदिग्धानैकान्तिकताकिंवदन्त्याः का नु प्रतिक्रियेति शङ्कते— विपक्षे बाधकेति। नन्वनुभूतिरनुभाव्यैवेति यदि नियमः स्यात्, स्यादनवस्था। नत्वयं नियम इति मतमाशङ्क्य निषेधति—नच वाच्यमित्यादिना। ननु यदि नानुभाव्यतानियमः, अननुभूततया तर्हि कथमर्थे व्यवहार इति शङ्कां स एव परिहरति—व्यवहारस्येति। तत्स्वरूपसत्तामात्रेण। अज्ञातेनेत्यर्थः। नच वाच्यमित्युक्तं तत्र हेतुमाह—तद्विषयेति। स्यादेवं, यदि तज्ज्ञानमन्तरेण तत्सत्ता निश्चीयेत, नत्वेतदस्ति प्रमाणाभावे दुरवधारणसत्ताकत्वादितरथाऽसत्त्वमेव कथं नाध्यवसीयते। यथोक्तं "को ब्रूते सती सा वित्तिरिति"। तस्मात्सत्त्वमपि तस्य प्रमाणादेवावगन्तव्यमित्यर्थः। यदत्र तात्पर्यपरिशुद्धावुदयनेनोक्तं तदाशङ्क्य—अर्थेति। अयमर्थः—नास्माभिः सत्तायां प्रमाणमेव नास्तीत्युच्यते अपितु जिज्ञासायां सत्यां, नतु पुनः स्वोदयसमसमयमेवेति। तस्याश्चातीतायाः प्रत्यक्षाविषय-

त्वात् व्यवहारादिना लिङ्गेनेत्युक्तम्। आदिशब्देन च स्मरणं गृह्यते। परिहरति—तन्नेति। अयं भावः—भवेदेवं यदि काचिदेवंविधा वित्तिः स्यात्सैव त्वनुपलब्धिविरुद्धा। न हि संसारमण्डले कस्यचिदर्थाध्यक्षो व्यवसायानुव्यवसायातिरिक्ता तत्तद्वित्तिपरम्पराग्राहिका काचिदपि वित्तिरनुभूयते। किन्तु तेनोपलब्धियोग्यत्वे सत्यनुपलब्धेरभाव एवावसीयते। योगिप्रभृतीनां तु तदस्तित्वे न ते प्रमाणमस्तीति। अथ माभूदनुभवस्तथापि तत्कल्पयाम इत्यत आह—अन्तरेणेति। तदनुभवं तादृशवित्त्यनुभवमित्यर्थः। न वयमेवमेव कल्पयामः अपितु प्रमाणबलादिति चेत्तत्राह—तत्रापीति। तृतीयज्ञान इत्यर्थः।

उक्त अनुभूति के स्वप्रकाशत्तारूप साध्याभावसाधक उपाधि के अभाव को ही साधनाऽव्यापकत्व से दर्शाते हैं कि, प्रकृत (स्वप्रकाशत्वानुमान) में (अनुभूति, वेद्य= स्वप्रकाशत्वाऽऽभाववाली है) क्योंकि वस्तु है, अतः जैसे घट वेद्य है, वैसे अनुभूति भी वेद्य है) इस केवलान्वयी वस्तुत्व रूप (अनुमान) हेतु से ही स्वप्रकाशत्व का व्यतिरेक (अभाव=वेद्यत्व) वक्तव्य (कहना) होगा, परन्तु यह वस्तुत्व वेद्यत्व का साधक माना गया भी, अनुभुतित्व हेतुक अनुमान में उपाधि नहीं हो सकता है, क्योंकि वस्तुत्व के केवलान्वयी होने से अनुभूतित्वरूप साधन (हेतु) के अव्यापकत्व कहना अशक्य है। और साधनाऽव्यापकत्व के बिना उपाधि नहीं कहा जा सकता है। अतः उक्त रीति से अनुभूतित्व हेतु असिद्ध नहीं है। विरुद्ध भी नहीं है, क्योंकि साध्य के अभाव का साधक हेतु विरुद्ध कहा जाता है (जैसे शब्दो नित्यः कृतकत्वात्) यहाँ कृतकत्व है, और साध्याभाव साधक हेतु विपक्ष में ही रहता है। और यहां अनुभूतित्व रूप हेतु विपक्ष रूप वेद्य (घटादि) में नहीं रहता है। अनुभूतित्व अनैकान्तिक (साधारण व्यभिचारी) नहीं है। क्योंकि विपक्ष से व्यावृत्त ही रहता है, विपक्ष वृत्तिसाधारण अनैकान्तिक होता है। असाधारण अनैकान्तिक भी नहीं है, क्योंकि सपक्ष नहीं है, और जिस हेतु का सपक्ष विपक्ष दोनों हो, परन्तु वह हेतु सपक्ष विपक्ष दोनों से व्यावृत्त होकर पक्षमात्र में रहता हो, तो वह असाधारण अनैकान्तिक कहा जाता है, जैसे कि (शब्दो नित्यः शब्दत्वात्) यह शब्दत्व हेतु निश्चित साध्यवान् सपक्ष आकाशादि और निश्चित साध्याभाववान् विपक्षघटादि दोनों से व्यावृत्त होकर पक्ष (शब्द) मात्र में रहता है। अतः असाधारण है, अनुभूतित्व ऐसा नहीं है, क्योंकि उसका विपक्ष तो घटादि है, परन्तु सपक्ष है नहीं कि जिससे व्यावृत्त हो। यदि कहा जाय कि विपक्ष (अनुभूति में अनुभाव्यत्व=वेद्यत्वरूप विरुद्धपक्ष) में बाधक तर्क के अभाव से पक्ष में ही साध्य के संशय होने के कारण संदिग्ध अनैकान्तिकता होगी, तो यह कहना युक्त नहीं है, क्योंकि अनुभूति यदि अनुभाव्य (वेद्य) होगी, तो अनवस्था की प्राप्ति होगी, यह विपक्ष बाधक तर्क है। अवश्य वेद्यत्व के अभाव से अनवस्था नहीं होगी, किन्तु अनुव्यवसाय से व्यवसाय वेद्य होगा, और अनुव्यवसाय के अज्ञात स्वरूपसत्तामात्र से ही व्यवसाय अनुव्यवसाय का व्यवहार (कथनादि) होगा। ऐसा कहना नहीं बन सकता है। क्योंकि अनुव्यवसाय विषयक प्रमाण (ज्ञान) के अनुदये (अनुत्पत्ति) रहते, उसकी सत्ता के भी अनिश्चय से, उसके स्वरूप सत्तामात्र से ही व्यवहार कहना होना भी असिद्ध है।

यदि कहा और माना जाय कि जब कभी अज्ञात अनुभूति (अनुव्यवसाय) आदि की सत्ता की जिज्ञासा होगी, तब वह सत्ता भी व्यवहारादि लिङ्ग (हेतु) से प्रमित (अनुमित) होगी, और होती है। तो सो मानना नहीं बन सकता है, क्योंकि, घट है और घटका अनुभव करता हूँ। इस दो अनुभव से अन्य, तत्तदनुभवों के परम्परा (प्रवाह) को ग्रहण करनेवाली किसी अनुभूति (अनुभव=ज्ञान) के अभाव से (अनुभव नहीं होने से) उक्त अनुमिति नहीं मानी जा सकती है, अर्थात् उक्त (अयं घटः) और (घटं जानामि) इन दोनों व्यवहारों से, व्यवसाय अनुव्यवसाय की अनुमिति मानी भी जाय तो अनुव्यवसाय विषयक ज्ञान को अनुमिति के लिये ही कोई हेतु नहीं रहने से अज्ञात अनुव्यवसाय की सत्ता नहीं सिद्ध होगी परम्परा की बात तो दूर रही और और यदि अनुव्यवसायादि विषयक अनुभव (ज्ञान) के विना उनकी सत्ता मानी जाय तो घटादि आत्मादि प्रमेय की सत्ता की भी उसी प्रकार से ज्ञान के बिना ही स्वीकार की प्राप्ति से, प्रमाण के अन्वेषण में व्यर्थता की प्राप्ति होगी, और यदि अनुव्यवसाय विषयक (घटं जानामि) इसको हेतु (प्रमाण) मानकर, उस अनुव्यवसायविषयक तृतीय ज्ञानविषयक प्रमाण का अन्वेषण (खोज) किया जाय तो पूर्वोक्त अनवस्था तदवस्थ ही रहेगी।

अथ सा स्वविषयप्रमाणमन्तरेण स्वभावभेदादेव स्वविषयभेदव्यवहारं जनयेत्; जनयेत् सैव तर्हि तथा स्वव्यवहारमिति व्यर्थाऽनुभूतिपरम्पराभ्युपगतिः। तदेवमनुभूतेरनुभाव्यत्वेऽनुभूतिस्वरूपासिद्धिप्रसङ्गस्यैव विपक्षे बाधकतर्कत्वात्, न संदिग्धानैकान्तिकता। किञ्चानुभूतिरर्थप्रकाशनसमये यदि न प्रकाशेत, तथा सत्यनन्तरक्षणे जिज्ञासोस्तत्र संदेहो विपर्ययो वा विपरीतप्रमा वोदियात्। न च कश्चिदमुमद्राक्षीन्नो वा भवानिति पृष्टोऽनन्तरक्षणे संदिग्धे विपर्यस्यति संविदभावं वा प्रमिणोति, किन्तु निश्चिनोत्येव 'इदमहमद्राक्षम्' इति तेन प्रकाशमानैवानुभूतिरर्थे व्यवहारं जनयतीति युक्तम्। न च सुखादिवदन्याधीनप्रकाशत्वेऽपि संशयाद्यविषयत्वोपपत्तिः, सति धर्मिणि तद्वदेवावश्यवेद्यत्वेऽनवस्थादोषस्थ्यात्।

ननु तादृशी संवित् स्वज्ञापकप्रमाणमन्तरेणैव स्वरूपविशेषात्स्वविषये व्यवहारं प्रवर्तयतु, नह्येकस्य यादृगेव स्वभावस्तादृगेव सर्वस्येति नियमनं, जगद्वैचित्र्यभङ्गप्रसङ्गादिति शङ्कते—अथ सेति। स्वभावभेदात्। स्वभावविशेषादित्यर्थः। स्वविषयभेदव्यवहारमिति। स्वविषयविशेषव्यवहारमित्यर्थः। परिहरति—सैव तर्हीति। स्वव्यवहारमिति। स्वविषयव्यवहारमिति यावत्। अन्तिमायां यो न्यायः स प्रथमायामप्यस्तु, "प्रथमस्य तथाभावे प्रद्वेषः किंनिबन्धनः" इति न्यायादित्यर्थः। तृतीयज्ञानमेव वा तच्छब्दावमृष्टं तदा स्वविषयवत्स्वस्मिन्नपि तथा व्यवहारं प्रवर्तयेत्तन्न्यायेन चाद्यस्य स्वप्रकाशता सिद्ध्यतीति द्रष्टव्यम्। किं चानुभूतिरियं भवतु स्वप्रका-

शत्वं च माभवत्विति वदन्प्रष्टव्यः किं अर्थप्रकाशनसमयेऽनुभूतिर्न प्रकाशत एव ? प्रकाशमाना वा परत ? इति । नाद्य इत्याह—किंचानुभूतिरिति । अप्रकाशमानेपि सर्वत्र संदेहादिर्नास्ति जिज्ञासाभावादपि तदभावोपपत्तेः । नहि हिमगिरिदरिविहारिकेसरिसटासंख्यासु संदिहते जनाः, असंदिहाना वा विपर्यस्यन्ति, अविपर्यस्यन्तो वाऽभावं प्रमिण्वन्ति, अप्रमिण्वन्तो वा तत्तत्वं विनिश्चिन्वन्तीत्यत उक्तं—जिज्ञासोरिति । जिज्ञासायां सत्यामपि संदेहादिनोंदेति अभावनिर्णयादपि तेषामभावोपपत्तेरत उक्तं—विपरीतप्रमा वोदियादिति । एतदुक्तं भवति—यत्र विषये प्रमितिरपि नास्ति जिज्ञासा च यकास्ति तस्याः स्फुरणदशायां संदेहादिर्भवेदेवेति । नचैतदत्रास्तीत्याह—नच कश्चिदिति । निश्चयमेवाभिनयति—इदमहमद्राक्षमिति । इदानीं द्वितीयं निषेधति—नच सुखादिवदिति । हेतुमाह—सति धर्मिणीति । धर्मी अनुभवः । तद्वदेवेति सुखादिवदेवेत्यर्थः । अथवा सति धर्मिणीति । द्वितीयज्ञाने सतीत्यर्थः । तद्वदेवेति प्रथमज्ञानवदित्यर्थः । तथासत्यनवस्था प्रसरत्येवेति भावः । नच सुखादिप्रतिबन्दी, तत्राप्यस्मन्मते तत्साधकसाक्षिणः स्वप्रकाशत्वेनानवस्थानवतारात्, भवतामेव तत्रापि दोषत्वात् । तदेवमर्थप्रतीतिसमये संविदः स्फुरणमनवस्थाभयादन्यनिबन्धनं न भवतीत्युक्तम् ।

यदि कहा जाय कि सा (वह दूसरी अनुभूति=अनुव्यवसाय) स्वविषयक प्रमाण के बिना ही, अपने स्वभाव भेद (विशेष) से ही अपने विषय (व्यवसाय) के भेद व्यवहार (विशेष व्यवहार) सिद्ध करेगी, तो कहा जाता है कि सा (वह) प्रथमा अनुभूति (व्यवसाय) ही तथा (स्वभाव विशेषसे) स्वव्यहार को सिद्ध (उत्पन्न) करेगी, फिर अनुभूति परम्परा की अभ्युपगति (अभ्युपगम=स्वीकार) व्यर्थ ही है । इस उक्त रीति से अनुभूति को अनुभाव्य (वेद्य) मानने पर अनवस्था होगी, और द्वितीय तृतीयादि में कहीं भी प्रमाण के अभाव होने पर मूलपर्यन्त अनुभूति के स्वरूप की असिद्धि की प्राप्ति होगी, सोई उक्त विपक्ष में बाधक तर्क है, अतः संदिग्ध अनैकान्तिकता नहीं है । और यह विचारणीय है कि स्वविषय के प्रकाशन के समय यदि अनुभूति स्वयं नहीं प्रकाशती हो, तो तथा सति (विषय मात्र के प्रकाश होने पर) उसके अनन्तर उत्तर क्षण में जिज्ञासु को अपनी अनुभूतिविषयक, संशय, विपर्यय, वा विपरीत प्रमा होना चाहिये कि, मुझे घट का ज्ञान हुआ या नहीं, या मुझे घटाभाव का ज्ञान हुआ, या मुझे ज्ञान नहीं हुआ ऐसा निश्चय होना चाहिये । परन्तु ऐसा होता नहीं है, क्योंकि किसी द्रष्टा से उसके शीघ्र दृष्टपदार्थविषयक प्रश्न किया जाय कि आपने अमुक मनुष्य को देखा कि नहीं, तो वह अनन्तर क्षण में संशय नहीं करता है, न विपर्यय करता है, न विपरीत प्रमा करता है, किन्तु निश्चय ही करता है, कि मैंने इसको देखा है । अतः स्वयं प्रकाशमान ही अनुभूति अर्थ विषयक व्यवहार को सिद्ध करती है, ऐसा ही मानना युक्त (उचित) है । यदि कहा जाय कि सुखादि के समान अनुभूति के भी अन्य के अधीन प्रकाश होते भी सुखादि के समान ही अवश्य वेद्य होने से संशयादि नहीं होते हैं, तो कहा जाता है कि जैसे सुखादि प्रकाश का धर्मी,

विषय, होता है, प्रकाश स्वरूप नहीं होता है, वैसे ही अनुभूति के धर्मी होने पर, सुखादि के समान अवश्य वेद्यत्व भी होने पर अनवस्था रूप दुरवस्थता (कठिनाई) होगी ही ।

किञ्च येन मनःसंयोगेन घटानुभूतिर्जनिता तेनैवानुव्यवसायस्यापि जन्म? उत संयोगान्तरेण ? नाद्यः; अनुव्यवसायं प्रति कर्मकारकतया जनकस्य व्यवसायस्य तज्जन्यानुव्यवसायस्य च यौगपद्यायोगात्, करणस्य प्रत्ययपर्याये सामर्थ्यानङ्गीकाराच्च यतोऽसमवायिकारणभेद एव ज्ञानभेदहेतुरभ्युपेयते । अन्यथापेक्षणीयान्तरासंभवेन युगपदेव घटानुभवस्मरणयोरनुभवान्तरस्य च तद्विषयस्योत्पत्तिप्रसङ्गात् । अक्रमाच्च कारणात्कार्यभेदक्रमायोगात्, बाह्यसामग्र्यवच्छेदकक्रमभेदन कार्यक्रमाभ्युपगमे युगपदेव संप्रयुक्तेषु घटपटादिषु युगपदेवानेकज्ञानजन्मप्रसङ्गात् । न द्वितीयः; घटज्ञानोदयसमये मनसि क्रियाततो विभागस्ततः पूर्वसंयोगविनाशस्तत उत्तरसंयोगोत्पत्तिस्ततो ज्ञानान्तरमित्यनेकक्षणविलम्बेनोत्पद्यमानस्य ज्ञानस्यापरोक्षतया पूर्वज्ञानग्राहकत्वानुपपत्तेः । किञ्च चक्षुरादिवदप्रकाशमानस्यैव ज्ञानस्य स्वातिरिक्तज्ञानजननेनार्थव्यवहारहेतुत्वाभावात् जडानां च स्वतः परस्परतो वा प्रकाशमानत्वायोगात् ज्ञानमपि न प्रकाशते चेन, किमपि न प्रकाशेतेति जगदान्ध्यप्रसङ्ग इत्यादिविपक्षबाधकस्तर्क उन्नेयः ।

इदानीं तात्कालिकं तद्विषयं ज्ञानमेव निरूपयितुं न शक्यते कारणाभावादित्याह—किंच येनेति । 'व्यवसाजनकसंयोगेनैवानुव्यवसायजन्मेत्याद्यं पक्षं निराचष्टे— नाद्य इति । तत्र किं युगपदेव ज्ञानद्वयं जनयति स मनःसंयोगः ? उत पर्यायेण ? नाद्यः, जन्यजनकयोः समसमयमेव जन्माभावादित्याह—अनुव्यवसायं प्रतीति । न द्वितीय इत्याह—करणस्येति । प्रत्ययपर्यायः प्रत्ययपरम्परा । प्रत्ययपर्यायि सामर्थ्याभावं विवृणोति— यत इति । अस्यैव भेदकत्वानङ्गीकारे दण्डमाह—अन्यथेति । यत्र संस्कारसहितमिन्द्रियं प्रत्यभिज्ञां जनयति तत्र घटविषययोरनुभवस्मरणयोस्तद्घटविषयानुभवान्तरस्य चेति ज्ञानत्रयस्य युगपदुत्पत्तिप्रसङ्गात् । तत्र हेतुः— अपेक्षणीयांतरासम्भवेनेति । संयोगभेदस्यानङ्गीकारात्, विषयस्य चैकत्वादेव संपन्नत्वात्संस्कारस्य संप्रयोगस्य च विद्यमानत्वादिति भावः । तदेवं कार्यभेदो दृश्यमानस्तदुत्पादकासमवायिकारणभेदं कल्पयतीत्युक्तम् । इदानीं कार्यक्रमोऽपि क्रमवत्कारणमन्तरेणानुपपद्यमानोऽसमवायिकारणक्रमं कल्पयति, ततश्च तस्यानेकत्वमित्याह—अक्रमाच्चेति । ननु भवतु कारणक्रमः, स त्वसमवायिकारणस्य न भवति; अपि तु बाह्यसामग्री या विषयेन्द्रियसंप्रयोगादिस्तदीय इत्याशङ्क्य नहि यत्र युगपदेव विषयेन्द्रियसंप्रयोगस्तत्र युगपदेवानेकानि ज्ञानानि जायेरन् नतु तदस्ति, तस्मात्तत्रापि कार्य-

क्रमप्रयोजनको बाह्यसामग्र्यतिरिक्तस्तदान्तरस्य कारणस्य क्रमो वक्तव्यस्तत्र चात्ममनसोरेकत्वेन क्रमायोगात्परिशेषात्तयोः संयोगलक्षणासमवायिकारणक्रम एव प्रयोजक इत्याह—बाह्यसामग्रीति। न चादृष्टमात्रभेदाद्, अतिप्रसङ्गात्। तदेवं प्रथमज्ञानजनकसंयोगादेव द्वितीयज्ञानजन्मेत्ययं पक्षो निरस्तो वेदितव्यः। इदानीं संयोगान्तरादनुव्यवसायजन्मेति द्वितीयं पक्षं निरस्यति—न द्वितीय इति। अवर्तमानग्राहकप्रत्यक्षाभावादित्यर्थः। पूर्वं संवित्स्फुरणानुपपत्तिर्बाधिकेत्युक्तमिदानीं सर्वस्फुरणानुपपत्तिरूपं बाधकमाह—किंचेति। एवं हि तेषामभ्युपगमः, ज्ञायमानमेव ज्ञानमर्थव्यवहारहेतुरिति न नियमो निलीनस्यापि तस्य चक्षुरादिवद्व्यवहारहेतुत्वसम्भवादिति। नचैषोऽपि युक्तः। तथा सति चक्षुरादिवदेवार्थप्रकाशकत्वं स्यान्नतु प्रकाशत्वं, प्रकाशत्वं च सिद्धमतो न चक्षुरादिसाम्यमित्यर्थः। किंच तदपि ज्ञानं पूर्वज्ञानवदेवेति न किंचिदपि ज्ञानमर्थप्रकाशं स्यात्। जडानां च जडत्वादेव न स्वयं परस्परेण वा प्रकाशसम्भव इति 'अन्धस्यैवान्धलग्नस्य विनिपातः पदे पदे' इत्याभाणकभागितयैव जगत एव घोरान्धकारनिकरकूपोदरनिपातापात इत्याह—जडानां चेत्यादिना।

और भी विचारणीय विषय है कि वेदान्त में तो स्वयं प्रकाश साक्षी से सुखादि का तथा सब मनोवृत्ति का प्रकाश होता है, अतः अनवस्था आदि का भय नहीं है, प्रतिवादी मत में, आत्मा का मन के साथ संयोग होता है फिर आत्मसंयुक्त मन का इन्द्रिय के साथ संयोग होता है, मनःसंयुक्त इन्द्रिय का विषय के साथ संयोग होता है, तब बाह्य विषय का ज्ञान होता है, तहाँ आत्मा उस ज्ञान का समवायी कारण (उपादान) होता है, और आत्म के साथ मन का संयोग असमवायी नामक कारण होता है, अदृष्टादि-निमित्त कारण होते हैं, तहाँ विचारणीय है कि जिस मनःसंयोग से घट का अनुभव (ज्ञान) जनित (उत्पन्न) होता है, उसी संयोग से अनुव्यवसाय का जन्म होता है, अथवा दूसरे संयोग से अनुव्यवसाय होता है, तहाँ प्रथम पक्ष नहीं बन सकता है, क्योंकि प्रथम ज्ञानविषयक दूसरे ज्ञान को प्रतिवादी अनुव्यवसाय कहते हैं, अतः अनुव्यवसाय के प्रति व्यवसाय नामक प्रथम का ज्ञान कर्मकारक रूप से जनक (हेतु) होता है, और उससे जन्य अनुव्यवसाय होता है, अतः पिता पुत्र के समान दोनों का यौगपद्य (समकालिक समहेतुक उत्पत्ति) का सम्भव नहीं है, यौगपद्य अयुक्त है। यदि कहा जाय कि एक मनःसंयोग से एक काल में व्यवसाय अनुव्यवसाय हों, तब यौगपद्य हो, परन्तु क्रम से दोनों की उत्पत्ति मानी जाय तो यह दोष नहीं रहेगा, तो सो कहना ठीक नहीं, क्योंकि करणों का प्रत्यय पर्याय (ज्ञान परम्परा) में सामर्थ्य नहीं माना गया है, अतः एक संयोगयुक्त मनरूपकरण ज्ञान को क्रम से उत्पन्न नहीं कर सकता है, अत एव असमवायी कारण (रूपकरण) के भेद ही को ज्ञानभेद का हेतु माना जाता है। अन्यथा (यदि एक संयोग से अनेक ज्ञान हो तो) आत्मा और मन सब ज्ञानों का तुल्य कारण है, संयोगान्तर भी अपेक्षणीय नहीं हो, एक ही संयोग से अनेक ज्ञान माना जाय तो, युगपद् (एक ही काल में) ही घट का अनुभव और स्मरण की प्राप्ति

होगी, उस घट विषयक तथा स्मरण विषयक प्रत्यभिज्ञा की प्राप्ति होगी, क्योंकि घट विषय एक है, और उसके पूर्वदर्शनादि जन्य संस्कार का भी सम्भव है, तहाँ अपेक्षणीयान्तर (संयोगान्तर) के असम्भव से ज्ञानत्रय की समकाल में प्राप्ति होगी। अतः उनके असमवायी कारण (मनःसंयोग) को अवश्य भिन्न-भिन्न क्रमिक मानना होगा, क्योंकि अक्रम (क्रमरहित) कारण से कार्यभेद का क्रम अयुक्त है (हो नहीं सकता है) यदि कहा जाय कि मनःसंयोगरूप अन्तःकरण के एक होते भी बाह्य इन्द्रिय विषय संयोगादि कारण के क्रम से कार्य ज्ञान का क्रम होगा, तो सो कहना भी नहीं बन सकता है, बाह्य सामग्रीरूप अवच्छेद (व्यावर्तक) के क्रम भेद से कार्यक्रम को मानने पर भी, समकाल में इन्द्रियों से संयुक्त घटपटादि विषयक समकाल में ही अनेक ज्ञान के जन्म की प्राप्ति होगी, और ऐसा होता नहीं, समूहाऽलम्बन एक ही ज्ञान होता है, अतः असमवायी कारण भेद मन्तव्य है। दूसरा पक्ष भी नहीं बन सकता है, अर्थात् संयोगान्तर से अनुव्यवसाय होता है, यह पक्ष भी युक्त नहीं है। क्योंकि एक मनःसंयोग से घट ज्ञान के उत्पन्न होने पर उसी समय (क्षण) में अनुव्यवसाय के लिये संयोगान्तर का हेतु मन में क्रिया होगी, दूसरे क्षण में क्रियाजन्य विभाग होगा, फिर तीसरे क्षण में विभाग से पूर्वसंयोग का नाश होगा, चौथे क्षण में उत्तरसंयोग होगा, तब उसके बाद अनुव्यवसाय होगा, इस प्रकार से अनेक क्षण के विलम्ब से जन्य अनुव्यवसाय ज्ञान को पूर्वज्ञान का प्रत्यक्षरूप से ग्राहक (प्रकाशक) होना असम्भव है, क्योंकि वर्तमान विषय का ही अपरोक्ष ज्ञान होता है। और दूसरी बात है कि यदि ज्ञान स्वयं प्रकाशस्वरूप नहीं रहता है, न चक्षु आदि के समान अपने से भिन्न प्रकाश को उत्पन्न करके विषय का प्रकाश करता है, तो चक्षु आदि के समान ही अप्रकाशमान (अप्रकाशस्वरूप) ज्ञान को स्वातिरिक्त ज्ञान के जनन (उत्पत्ति) द्वारा घटादि अर्थ के व्यवहार के हेतुत्व के अभाव से तथा जड़ ज्ञान और अर्थों को स्वतः वा परस्पर घटपटादि के समान प्रकाशमानता के अयोग (अभाव) से ज्ञान भी यदि नहीं प्रकाशेगा, तो कुछ भी नहीं प्रकाशेगा, न कोई व्यवहारसिद्ध होगा, इस प्रकार से जगत में अन्धता (केवल जडता = चैतन्यशून्यता) की प्राप्ति होगी, इत्यादि विपक्ष बाधक तर्क कल्पनीय हैं। अर्थात् चक्षु प्रकाशक है, प्रकाशस्वरूप नहीं है, तैसा ही यदि ज्ञान जड़ हो, तो चक्षु से जैसे प्रकाश की उत्पत्ति होती है, तैसे ज्ञान से अन्य प्रकाश की उत्पत्ति नहीं होने के कारण और स्वयं भी प्रकाशस्वरूप नहीं होने के कारण घट और घट ज्ञान में जडता तुल्य रहते कौन किसको प्रकाशेगा इत्यादि।

ननु घटज्ञानवानहमस्मि ज्ञातो घट इति प्रत्यक्षेणैवानुभूतेर्वेद्यत्वप्रतीतेः कालात्ययापदिष्टतेतिचेत्, न; वेद्यत्वव्यतिरेकेण तस्याः स्वतःस्फुरणेनापि तादृग्व्यवहारोपपत्तेः। किञ्च विदितो घट इत्यत्रानुव्यवसायेन घटस्यैव विदितत्वमवसीयते न तु वित्तेः, विदितत्वस्य घटविशेषणत्वात्। अपि चानुभूतेः प्रत्यक्षतायामपि तत्प्रत्यक्षेणैव तदनुभाव्यत्वस्याप्रत्यक्षीकरणान्न प्रत्यक्षविरुद्धता। अन्यथानुव्यवसायेन व्यवसायस्य स्वविशेषितवेद्यत्वग्रहणे विशेषणतया स्वस्यापि स्वेन वेद्यत्वापातात् सौगतमतानुमति-

प्रसङ्गः। न च वेद्यत्वापादकवस्तुत्वाद्यनुमानविरोधः; व्याप्तिग्रहणासिद्धेः। तथाहि-वस्तुत्वाद्वेद्यत्वं साधयता यद्यद्वस्तु तत्तद्वेद्यमिति व्याप्तिरभ्युपेया। तथासत्यस्या व्याप्तेर्ग्राहिका संविद्व्याप्तिग्रहणसमये स्फुरेत्? न वा? आद्ये, स्वेनैव स्फुरणे सौगतमतानुमतस्वप्रकाशतापत्तिः। तत्स्फुरणस्य स्वहेतुताया अप्यनङ्गीकारे वेदान्तसिद्धान्ताभिमतं स्वयंप्रकाशत्वं त्वयाभ्युपगतं स्यात्।

प्रत्यक्षविरुद्धकालातीततामाशङ्कते—नन्विति। घटविशेषितज्ञानावग्राहि वा ज्ञानविशेषितघटावग्राहि वोभयथापि ज्ञानग्राह्यमेवेदमित्यर्थः। अत्र तावदेवंविधशब्दप्रयोगस्य विषयस्फुरणेन भवितव्यं, तत्तु यथायथं ज्ञानस्य स्वरूपस्फुरणेन घटस्य तु तेनैव स्फुरणेनेत्येवं स्फुरणेऽपि संभवत्येवायं व्यवहार इति नायं ज्ञानस्य वेद्यत्वापादनक्षम इत्याह—न, वेद्यत्वव्यतिरेकेणेति। विदितो घट इत्यत्राधिकमाह—किंचेति। अथवा व्यवहारस्यानुभूतिविषयत्वमङ्गीकृत्यान्यथासिद्धिरभिहिता। इदानीं तु तदेव नास्तीत्याह—किंचेति। एवं हि वेदनस्यापि विदितत्वं व्यवहारविषयत्वं वा स्यात्। यदि विदित इति पदं वेदनेन समन्वियान्नत्वेतत्, घटेनैव तस्यान्वयादित्यर्थः। किंच भवतु वानेन ज्ञानेन स्फुरणं तथाप्येतज्ज्ञानवेद्यत्वमनेनैव गृह्यते? अन्येन वा? न तावदन्येन; तदानीं प्रथमस्यातीततया सन्निष्ठवेद्यताया अप्रत्यक्षत्वात्। न द्वितीयः, अपराद्धान्तापातादित्याह—अपिचानुभूतेरिति। सौगतमतानुप्रवेशो ज्ञानस्यैव स्वग्राहकत्वेन क्रियाकर्मभावस्वीकारः। सत्प्रतिपक्षतां परिहरति—नचेति। येयं व्याप्तिग्राहिणी संवित्समस्तं वस्तु तद्गतवेद्यत्वं च गृह्णाति, सापि स्फुरति? न वा? यदि स्फुरति? तदा स्वेनान्येन वा? स्वेनेति तावन्न घटत इत्याह—स्वेनेति। न वयं क्रियाकर्मभावं ब्रूमो येन तथागतमतापातः स्यात्किन्तु संविद्रूपत्वमित्यत आह—तत्स्फुरणस्येति। अन्येनेति त्वनवस्थया दूषितप्रायमित्युपेक्षितम्।

शंका हो कि, मैं घट ज्ञानवाला हूँ, और घट ज्ञात है, इस प्रकार के प्रत्यक्ष से ही अनुभूति के वेद्यत्व की प्रतीति से, अनुभूति के स्वप्रकाशत्व के साधक अनुभूतित्व हेतु में, कालात्ययापदिष्टता (बाधितत्व) है, तथा प्रत्यक्ष से विरुद्धता है। यदि यह शंका हो तो युक्त नहीं है, वेद्यत्व के बिना ही अनुभूति के स्वतः स्फुरण (स्वयंप्रकाश) स्वरूपता से भी वैसे उक्त व्यवहार की सिद्धि होती है। और दूसरी बात यह है, विदितो (ज्ञातो) घटः इस अनुव्यवसाय से घट के ही विदितत्व (ज्ञातत्व) ज्ञात (प्रत्यक्ष) होता है, ज्ञान के नहीं, क्योंकि ज्ञातो घट, इस वाक्य में विदितत्व (ज्ञातत्व) घट का विशेषण है। ज्ञान का नहीं। और यदि अनुव्यवसाय से व्यवसायरूप अनुभूति की प्रत्यक्षता हो भी तो भी उस अनुभूति के प्रत्यक्षरूप अनुव्यवसाय से ही, उस अनुभूति (व्यवसाय) के अनुभाव्यत्व (वेद्यत्व) का प्रत्यक्ष नहीं किया जाता है, अतः अवेद्यत्व साधक अनुभूतित्व का इस प्रत्यक्ष से विरुद्धता नहीं है। अन्यथा (अनुव्यवसाय से व्यवसायगत स्वजन्यवेद्यत्व के प्रत्यक्ष=ग्रहण होने पर) अनुव्यवसाय से स्वविशेषित (अनुव्यवसाय विशेषणयुक्त) व्यवसाय के ग्रहण होने से विशेषण रूप से अपने से

अपनी वेद्यता (ज्ञेयता) की प्राप्ति से सौगत (क्षणिक विज्ञानवादी बुद्ध) मत की स्वीकृति प्राप्त होगी। भाव यह है कि अनुव्यवसाय से व्यवसाय में वेद्यत्व होता है, उस वेद्यत्व के ग्रहण में वेद्यत्व के साधक अनुव्यवसाय जबतक अपने स्वरूप को नहीं ग्रहण करेगा, तब तक स्वसिद्ध व्यवसायगत वेद्यत्व को ग्रहण नहीं कर सकेगा और वेद्यत्व साधक अपने को आप ग्रहण करेगा। ऐसा माना जाय तो सौगत मत प्राप्त होता है। एक ही में कर्मकर्तृभाव विरोध प्राप्त होता है।

और वेद्यत्वसाधक वस्तुत्वादि अनुमान (हेतु) से जो विरोध (प्रतिपक्ष) कहा था, सो विरोध भी नहीं है, क्योंकि वेद्यत्व के वस्तुत्व में व्याप्तिज्ञान की असिद्धि है, हो नहीं सकती है। सो दर्शाया जाता है कि वस्तुत्व हेतु से वेद्यत्व को सिद्ध (अनुमान) करने वाले को, जो जो वस्तु है, सो सो वेद्य है। यह व्याप्ति माननी होगी। और ऐसा मानने पर, विचार करना होगा कि, इस व्याप्ति का ग्राहक (प्रकाशक) सम्विद् (ज्ञान) इस व्याप्ति ग्रहण के समय स्फुरता (प्रकाशता) है, और उसमें व्याप्तिगृहीत हो जाती है। या उस समय वह नहीं प्रकाशता है, न उसमें व्याप्ति गृहीत होता है, तहाँ प्रथम पक्ष में अपने से ही अपने स्फुरण (प्रकाश) की प्राप्ति से तो सौगत मत में स्वीकृत स्वप्रकाशता की प्राप्ति होगी। और उस व्याप्तिज्ञान के स्फुरण (प्रकाश) को व्याप्ति ज्ञान हेतुक (व्याप्तिज्ञानजन्य) नहीं मानकर, प्रकाश को मानने पर, वेदान्त सिद्धान्ताभिमत स्वप्रकाशता आप में स्वीकृत हो जायगी।

द्वितीये तु संविल्लक्षणवस्तुविशेषस्यास्फुरणादेव सर्वोपसंहारवतो व्याप्तेरेवास्तमियात्तत्र कुतोऽनुमानप्रसरः कुतस्तरां च प्रकृतस्य हेतोः सप्रतिसाधनता। अपि च भाट्टानां ज्ञाततायां व्यभिचारात् नैयायिकादेश्च वेद्यत्वस्यापि धर्मतयात्यन्ताभावप्रतियोगित्वादवेद्यस्यापि कस्यचित्संभवेन वस्तुत्वादेः केवलान्वयित्वेनाभिमतस्यापि हेतोः संभावितविपक्षतया विपक्षबाधकतर्कमन्तरेणाप्रयोजकत्वात्। नह्यनुभूतेरवेद्यत्वे वस्तुत्वानुपपत्तिः; स्वतःसिद्धतायामपि तदुपपत्तेः। लक्ष्यत्वन्यायविषयत्वहेत्वोरपि यथोक्तमूहनीयम्।

अस्फुरणं दूषयति—द्वितीये स्थिति। सर्वोपसंहारवती सर्वं क्रोडिका। सर्वव्यक्तिनिष्ठा इति यावत्। तदेव साधारण्येन व्याप्त्यसिद्धिमभिधाय प्रतिदर्शनमपि दर्शयति—अपिचेति। भाट्टानां प्राकट्यं स्वप्रकाशमित्यर्थः। यस्य तु नैयायिकस्य स्वप्रकाशं न किंचिदप्यस्ति तस्य पूर्वोदितानुमानेन वेद्यत्वरहितं किंचित्साधयित्वा तत्र हेतोरस्तुत्यनिश्चयात्संदिग्धानैकान्तिकता वक्तव्या इत्याह— नैयायिकादेश्चेति। नन्वेतदेव विपक्षे बाधकं यद्वस्तुत्वहानिरित्यत आह—नहीति। वस्तुत्वं हि स्फुरणाभावे निवर्तेत अवेद्यस्यापि स्वतःस्फुरणोपपत्तेः। नान्तरेण वेद्यत्वमनुपपत्तिर्वस्तुत्वस्येत्यर्थः। एतेनेदमप्यपास्तं यदाह मानमनोहरकारः "ज्ञानं प्रत्यक्षवेद्यं वस्तुत्वाद्घटव" दिति। यच्च तार्किकैरुत्प्रेक्ष्यते वेद्यत्वसाधनाय लक्ष्यत्वान्यायविषयत्वादिति च, तत्रापि यल्लक्ष्यं यच्च न्यायविषयं तद्वेद्यमिति व्याप्तिग्राहिणि ज्ञाने लक्ष्ये न्यायविषये च स्फुरत्यस्फुरति च पूर्वोक्तविकल्पदोषाः समाना इत्याह—लक्ष्यत्वेति।

दूसरे पक्ष में (व्याप्ति के ग्रहण-काल में व्याप्ति-ग्राहक-ज्ञान के प्रकाश को नहीं मानने पर) संवित्स्वरूप वस्तुविशेष के अस्फुरण (अज्ञान) से ही उसमें उक्त व्याप्ति के ग्रहण नहीं होने के कारण, सर्वोपसंहार वाली (सर्वव्यक्तिव्यापिनी) व्याप्ति ही अस्त (नष्ट) हो जायगी। उक्त व्याप्ति-ग्राहक ज्ञान के व्याप्ति ग्रहण-काल में प्रकाश नहीं होने से, उसमें, यत्र यत्र वस्तुत्व तत्र तत्र वेद्यत्व, यह व्याप्ति नहीं गृहीत हो सकने के कारण व्यापक रूप से व्याप्ति नहीं गृहीत होगी। फिर ऐसा होने पर व्याप्ति ज्ञान के बिना वस्तुत्वसे वेद्यत्व का अनुमान कैसे होगा, और व्याप्ति-ग्राहक ज्ञान में वस्तुत्वके रहते वेद्यत्व के नहीं रहने के कारण व्यभिचारी वस्तुत्व से प्रकृत हेतु अनुभूतित्व को प्रतिसाधनता (प्रतिपक्षता) कैसे होगी, किसी प्रकार से नहीं। और इस वस्तुत्व को भट्टों के मत में ज्ञातता (ज्ञानजन्यविषयनिष्ठ प्राकट्य) में व्यभिचार है, क्योंकि भाट्ट लोग ज्ञातता में वेद्यत्व नहीं मानते हैं, उसको स्वयंप्रकाश मानते हैं, और उसमें भी वस्तुत्व रहता है। अतः व्यभिचारी हेतु है। और नैयायिकादि के मत में भी वेद्यत्व की धर्मता के कारण घटत्वादि के समान अत्यन्ताभाव के प्रतियोगित्व से अवेद्य भी किसी पदार्थ की सम्भावना से केवलान्वयिरूप से स्वीकृत भी वस्तुत्वादि हेतु की सम्भावित विपक्षता अवस्था में विपक्षबाधक तर्क के बिना सन्दिग्ध अनैकान्तिता से वस्तुत्व हेतु को अप्रयोजकता (असाधनता) है। यदि कहा जाय कि अवेद्यत्व रहते अनुभूति के वस्तुत्व भी नहीं रहेगा। वस्तुत्व की अनुपपत्ति (असिद्धि) होगी यही विपक्ष बाधक तर्क है, तो सो कहना युक्त नहीं क्योंकि स्वतःसिद्धता (स्वयंप्रकाशता) अवस्था में भी वेद्यत्व के बिना ही वस्तुत्व की सिद्धि होती है, शून्यत्व की प्राप्ति नहीं होती है। लक्ष्यत्व, न्यायविषयत्व (अनुमान विषयत्व) हेतु से वेद्यत्व का जो अनुमान किया जाता है, वहाँ भी उन हेतुओं के व्याप्ति-ग्रहण-काल में ग्राहक संविद के स्फुरण अस्फुरण पक्ष में उक्त दोष ज्ञातव्य हैं।

नच लक्षकपदत्वेन लक्ष्यविषयज्ञानजन्यत्वमनुमेयं; हेतोरसिद्धत्वात्। न ह्यनुभूतिपदमनुभूतिं लक्षयतीति तवाभिमतं, तद्वाचकत्वेनैव स्वीकारात्। किंच लक्ष्यज्ञानशब्देन लक्ष्यकर्मकं स्फुरणं ? किंवा तद्विषयम् ? उत स्फुरणमात्रं ? किंवा तद्विषयान्तःकरणवृत्तिर्विवक्ष्यते ? नाद्यः; अतीताद्यर्थलक्षकपदेषु व्यभिचारात्। नेतरे; सिद्धसाधनत्वात्। अस्ति हि तत्त्वभावस्यापि स्फुरणस्य तद्व्यवहारजनकत्वेन तद्विषयत्वम्। अस्ति च स्फुरणमात्रमनुभूतेः स्फुरणरूपत्वात्तदाकाराया वृत्तेः स्वीकाराच्च। अनुभूतिपदवाच्यस्य लक्ष्यस्य वा स्वप्रकाशत्वमित्यपि विकल्पोऽनुपपन्नः, उभयवादिसंप्रतिपन्नस्फुरणमात्रस्य स्वप्रकाशत्वप्रतिपादनात्। अन्यथा वेद्यत्वसाधनेऽपि तवास्य विकल्पस्य दुष्परिहरत्वात्।

यत्तूक्तं लक्षकपदत्वादेव लक्षकपदं पक्षीकृत्य लक्ष्यविषयज्ञानजन्यत्वमनुमीयत इति तत्राह—नचेति। हेतुमाह—नहीति। अयमर्थः—नहि यस्य कस्यचिल्लक्षकमनुभूतिपदं पक्षः। तथा सति प्रमात्रादिलक्षकानुभूतिपदस्य लक्ष्यविषयज्ञानजन्यत्वेन सिद्धसाधनताप्रसङ्गात्। तस्मादनुभूतिलक्षकमनुभूतिपदं पक्ष इति वक्तव्यम्। तथाच तादृशा-

नङ्गीकाराङ्गीकारयोराश्रयासिद्धयपसिद्धान्तयोरन्यतरापात इति । अथानुभाव्यवाच-कानुभूतिलक्षकपदं पक्षीकुर्यात्तं प्रति साध्यं विकल्पयति—किंचेति । लक्ष्यकर्मकस्फुर-णजन्यत्वमतीतादिवस्तुलक्षकपदस्य नास्ति । अतीतादीनामिदानीमभावेनानुभवावच्छेद-कत्वाभावात् । अतोऽनैकान्तिकमित्याह—अतीताद्यर्थेति । तद्विषयस्फुरणजन्यत्वसाधने सिद्धसाधनतामुपपादयति–अस्ति हीति । येन हि यस्य व्यवहारः प्रवर्तते तस्य हि स विषयभेदः स्वतन्त्र इत्यभिप्रायः । तत्स्फुरणमात्रेण जन्यत्वसाधने तृतीय पक्षे सिद्ध-साधनतामाह–अस्ति चेति । लक्ष्यस्वभावभूतस्फुरणस्यापि लक्ष्यस्फुरणत्वादित्यर्थः । चतुर्थे पक्षे सिद्धसाधनतां दर्शयति–तदाकाराया इति । अन्यथेति । अनुभूतिपदवा-च्यस्य चेत्सिद्धसाधनं, लक्ष्यस्य चेत्तथासिद्धिरिति विकल्प्य दूषणे साधारणांशग्रहणमेव कारणमित्यर्थः ।

प्रथम जो यह कहा गया था कि लक्षक पदत्वरूप हेतु से लक्षक अनुभूति पद में लक्ष्य विषयक ज्ञानजन्यत्व अनुमेय है, कि जिससे स्वप्रकाशता का भङ्ग होगा, सो कहना वादी का नहीं बन सकता है, क्योंकि प्रतिवादिमत में अनुभूतिपद में अनुभूतिलक्षकत्वरूप हेतु की असिद्धि है । अनुभूतिपद, अनुभूति का लक्षण द्वारा बोधक है। यह आप प्रतिवादी को अभिमत (स्वीकृत) नहीं है । क्योंकि अनुभूतिपद को उस अनुभूति के वाचक रूप से ही आप स्वीकार करते हैं, लक्षक रूप से नहीं । और यह भी विचारणीय है कि, लक्ष्यविष-यकज्ञानत्वम्. इस वाक्य में लक्ष्यविषयक ज्ञान शब्द से, लक्ष्यकर्मक स्फुरण (प्रकाश) विवक्षित है ।

अथवा लक्ष्यविषयक स्फुरण, या स्फुरणमात्र, या लक्ष्यविषयक अन्तःकरण की वृत्ति विवक्षित है। वहाँ प्रथमपक्ष युक्त नहीं है। क्योंकि अतीतादि अर्थ के लक्षक पदों में व्यभिचार है, वहाँ लक्षकपदत्वरूप हेतु रहता है, परन्तु लक्ष्यकर्मक स्फुरण के अभाव से तज्जन्यत्व साध्य का अभाव रहता है, क्योंकि वर्तमान वस्तु क्रिया-जन्य फल का आश्रय होने से कर्म होता है। प्रकृत में ज्ञाधातु का अर्थ ज्ञान क्रिया है, धात्वर्थ को क्रिया कहते हैं। भूतादि अर्थ ज्ञानजन्य विषयता (ज्ञातता) रूप फल का आश्रय नहीं होता है । न ज्ञान उससे जन्य होता है। अतः व्यभिचार है । और अन्य तीनों पक्ष भी युक्त नहीं हैं। क्योंकि सिद्धसाधनता है। अनुभूति रूप भी स्फुरण (प्रकाश) को अनुभूति के व्यवहार की जनकता से अनुभूति विषयकत्व है ही, अतः अनुभूतिविषयक ज्ञानजन्यत्व अनुभूतिलक्षक पद में सिद्ध है। और अनुभूति के स्फुरण स्वरूप होने से स्फुरणमात्र भी अनुभूति है । अतः स्फुरणमात्र जन्यता भी अनुभूति लक्षक अनुभूतिपद में सिद्ध है ।और उस अनुभूति के आकार वाली अन्तःकरण की वृत्ति भी होती ही है । ऐसी मानी जाती है । अतः लक्ष्य-विषयक अन्तःकरणकी वृत्तिसे जन्यता लक्षक अनुभूतिपद में सिद्ध होने से सिद्धसाधनता है। और अनुभूति पद के वाच्य को या लक्ष्य को स्वप्रकाशत्व है, वह विकल्प प्रश्न) अयुक्त है। क्योंकि उभयवादी से स्वीकृत निश्चित स्फुरण मात्र के स्वप्रकाशत्व का प्रतिपादन किया जाता है । अन्यथा ऐसा नहीं मानने पर (अनुभूति में वेद्यत्व के साधने में तुझे भी यह विकल्प दुर्निवार होगा) अर्थात् अनुभूतिपद के वाच्य में वेद्यत्व को साधोगे तो सिद्धसाधनता होगी । लक्ष्य में

वेद्यत्व को सिद्ध करना चाहो, तो आप के मत में लक्ष्य की असिद्धता होगी। अतः उभयस्वीकृत सामान्य का ग्रहण ही उचित है॥

नन्वेवमपि घटः स्वयंप्रकाशो घटत्वाद्यन्नैवं तन्नैवं यथा पट इत्याभाससमानयोगक्षेमता हेतोरिति चेत्, मैवम्; पृथुबुध्नोदराकारस्य घटशब्दवाच्यस्य स्पर्शरूपादिमतश्चक्षुःस्पर्शनप्रमाणसिद्धत्वेन संमतस्य स्वप्रकाशत्वसाधने प्रत्यक्षविरोधादतद्विषयस्य चाप्रसिद्धत्वेन धर्म्यसिद्धिः। न चात्राप्यवेद्यस्यानुभूतित्वमप्रसिद्धमिति वाच्यम्; तथा सति तस्या वेद्यत्वावेद्यत्वयोर्वादिनां विप्रतिपत्त्यभावप्रसङ्गात्। न चैवमुभयतः पाशारज्जुः; अनुभूतेः प्रमाणजन्यस्फुरणाश्रयतया स्फुरणकर्मतया वा घटादिवद्विषयभावाभावेऽपि प्रमाणजनितान्तःकरणवृत्तिव्याप्यत्वेन विषयताङ्गीकारेऽपि स्वप्रकाशत्वाव्याघातात्। उक्तवृत्तिव्याप्यत्वेऽपि स्फुरणव्याप्यत्वाभावापराधेन नाप्रामाणिकतापि, केवलव्यतिरेकाभावात्, अतीतानागतयोः स्फुरणविरहिणोरुक्तवृत्तिव्याप्ययोर्भाट्टैः प्रामाणिकत्वाभ्युपगमात्, चेष्टादिलिङ्गकानुमानविषयस्यापि परज्ञानस्य स्वाश्रये स्वविषयापरोक्षव्यवहारजनने ज्ञानान्तरनिरपेक्षतया स्वप्रकाशत्वोपपत्तेश्च।

उक्तानुमानस्य यद्यपि विशेषतो दूषणं न स्फुरति तथापि अस्त्याभाससमानयोगक्षेमत्वं, तथाच यदितरस्य दूषणं तदस्यापि समानमिति शङ्कते—नन्वेवमिति। अत्र किं रूपादिमान्घटः पक्षीक्रियते? उतालौकिकः कश्चित्? नाद्यः; धर्मिग्राहकप्रमाणबाधादित्याह—मैवमिति। चक्षुःस्पर्शनप्रमाणसिद्धत्वे हेतुः—स्पर्शरूपादिमत इति। द्वितीयं दूषयति—अतदिति। न चात्रापीति। रूपादिहीनस्य यथा घटत्वमप्रसिद्धमेवमित्यर्थः। हेतुमाह—तथा सतीति। विप्रतिपत्तिरेव वेद्यावेद्यसाधारणानुभूतिप्रसिद्धौ प्रमाणमित्यर्थः। यच्च प्रमाणसद्भावे वेद्यत्वादस्वप्रकाशत्वमभावे च प्रमाणाभावादसिद्धिरित्युभयतःपाशारज्जुरित्युक्तं तदपि नास्तीत्याह—न चैवमिति। स्फुरणाश्रयतयेति भाट्टाभिप्रायेणोक्तं, स्फुरणकर्मतयेतीतराभिप्रायेण। एतदुक्तं भवति—न प्रमाणप्रवृत्तिमात्रादनुभवकर्मत्वं येनास्वप्रकाशता स्यादपि तु तदाकारान्तःकरणवृत्तिरेव प्रमाणैर्जन्यते। नच वृत्तिविषयतामात्रादस्वप्रकाशता स्यात्प्रकाशप्रकाश्यस्वाभावात्स्वरूपप्रकाशाभिव्यञ्जकमात्रत्वाद् वृत्तेः। तेन न वेद्यत्वप्रसक्तिर्नाप्यप्रामाणिकमिति। ननु वृत्तिव्याप्यत्वमात्रान्न प्रामाणिकत्वमपितु स्फुरणव्याप्यतया, घटादौ तथा दर्शनादित्यत आह—उक्तेति। कुतः? केवलव्यतिरेकाभावात्। नहि संभवद्व्यतिरेकयोरन्वयमात्राद्धेतुहेतुमद्भावनिश्चयः, अतिप्रसङ्गात्। मा भूत्तुरगखरवर्णयोर्हेतुहेतुमद्भावः, संभवति ह्यन्वय इति भावः। किंच तौतातितैस्तावदेवं वक्तुमयुक्तं, प्राकट्यानाधारयोरप्यतीतानागतयोः ज्ञानमात्रविषयतया प्रामाणिकत्वाङ्गीकारादित्याह—अतीतेति। तार्किकाणां वृत्तिफलविभाग एव नास्तीति न पर्यनुयोगावकाशः। तदेवं वृत्तिविषयत्वमात्रेणापि

प्रामाणिकत्वमस्तीत्युपपादितम् । इदानीं वृत्तिविषयत्वेऽपि स्वप्रकाशत्वक्षतिर्नास्तीत्युपपादयति—चेष्टादीति । स्वाश्रये स्वाधारे । नहि प्रमाणावेद्यत्वं स्वप्रकाशत्वं किंतु स्वविषयापरोक्षव्यवहारजनने प्रकाशान्तरनिरपेक्षत्वम् । तच्च स्वप्रकाशत्वसाधकप्रमाणगम्यत्वेपि न विरुद्ध्यते प्रमाणान्तरनिरपेक्षतयैव स्वाश्रये स्वविषयापरोक्षव्यवहारजनकत्वादित्यर्थः । एवं व्यतिरेक्यनुमानेन स्वप्रकाशत्वं समर्थितम् ।

एवमपि (उक्तरीति से अनुभूति की स्वप्रकाशता की सिद्धि होने पर भी) घट स्वयं प्रकाश है, घटत्व वाला, होने से; जो (ऐसा) स्वयं प्रकाश नहीं है, सो ऐसा, घटत्व वाला भी नहीं है। जैसे कि पट है, इस अनुमानाभास (मिथ्यानुमान) के समान ही आप के स्वप्रकाशत्व अनुमान के हेतु की योगक्षेमता (साधनता) है। ऐसा यदि कोई कहे तो, वह नहीं कहना चाहिये। क्योंकि पृथु (स्थूल) गोल उदर रूप आकार वाला, तथा स्पर्श रूपादिवाला जो घटशब्द का वाच्यार्थ है, और नेत्र त्वग् इन्द्रियरूप प्रमाण से सिद्ध (प्रत्यक्ष) रूप से सबको सम्मत (सबसे स्वीकृत) है, उस घट के स्वप्रकाशत्व को साधने पर प्रत्यक्ष प्रमाण से विरोध होगा, और नेत्रत्वक् के अविषय स्वरूप अलौकिक घट के स्वप्रकाशता को साधने (अनुमान करने) पर, उस घट की अप्रसिद्धि से धर्मी (पक्ष) की ही असिद्धि है । अतः वह अनुमान हो नहीं सकता है। यदि कहें कि इस वेदान्ती के स्वयं प्रकाशत्वरूप अवेद्यत्व के अनुमान में अनुभूतित्व असिद्ध है । अर्थात् (अनुभूति रूप धर्मी असिद्ध है) तो सो कहना नहीं बन सकता है, क्योंकि तथा सति (अनुभूतिधर्मी के अप्रसिद्ध रहने पर) उस अनुभूति के वेद्यत्व अवेद्यत्व विषयक वादियों की विप्रतिपत्ति (विवाद) के अभाव की प्राप्ति होगी, अनुभूति की प्रसिद्धि के विना वादी उस विषयक कथा नहीं कर सकेंगे, और कथा होती है। अतः अनुभूति अप्रसिद्ध नहीं है। यदि कहा जाय कि ऐसा होने पर भी उभयतः (दोनों तरफ) पाशारज्जुः (बाधा बन्धन) है । अर्थात् स्वप्रकाश अनुभूति की प्रसिद्धि के लिए प्रमाणके सत्त्व रहनेपर वेद्यत्व (अस्वप्रकाशत्व) की प्राप्ति होती है, और प्रमाण के अभाव अवस्था में धर्मी की असिद्धि प्राप्त होती है । यह उभयतः पाशारज्जु है । तो यह दोष नहीं है । क्योंकि प्रमाणजन्य स्फुरण (प्रकाश-ज्ञातता वेद्यता) की आश्रयता रूप से या स्फुरण कर्मता (ज्ञानजन्य फलाश्रयता) रूप से घटादि के समान अनुभूति में ज्ञानविषयत्व के अभाव रहते भी, और प्रमाण से जन्य अन्तःकरण की वृत्ति की व्याप्यता (विषयता) से वृत्तिविषयता को मानने पर भी स्वप्रकाशत्व का व्याघात (अभाव) नहीं प्राप्त होता है । और उक्त अन्तःकरण की वृत्ति से व्याप्यत्व (विषयत्व) होने पर भी, स्फुरण (ज्ञान=वृत्तिगत चिदाभास) से व्याप्यत्व (प्रकाश्यत्व) के अभावरूप अपराध (न्यूनता) से अनुभूति में अप्रामाणिकताकी प्राप्ति भी नहीं होती है । क्योंकि केवल व्यतिरेक का अभाव है । भाव है कि अन्वय व्यतिरेक से कार्यकारणभाव का ज्ञान होता है, तहाँ फलव्याप्यता और प्रामाणिकता में यदि कारणकार्यभाव निश्चित हो, तो अनुभूति में फलव्याप्यता के अभाव से प्रामाणिकता का भी अभाव हो, परन्तु यहाँ, यत्र यत्र फल व्याप्यत्वं, तत्र तत्र प्रामाणिकत्वं (जहां-जहां फलव्याप्यता है, तहां-तहां प्रामाणिकता है) इस प्रकारका अन्वय तो है । किन्तु (यत्र यत्र फल व्याप्यत्वाभावस्तत्र तत्र प्रामाणिक-

त्वाऽभावः) जहाँ-जहाँ फलव्याप्यत्व नहीं है, वहाँ-वहाँ प्रामाणिकत्व नहीं है—इस प्रकार व्यतिरेककारणत्व निश्चय का हेतु नहीं है। क्योंकि भूतभावी पदार्थों में फलव्याप्यता के विना ही भट्टमत में प्रामाणिकता मानी जाती है। अतः अन्वय के रहते भी, केवल व्यतिरेकमात्र के भाव से कारणता का यहाँ निश्चय नहीं होता है। स्फुरण (प्राकट्य) से रहित भूत भावी उक्तवृत्ति विषयों की प्रामाणिकता भट्टों से मानी गई है, वैसे ही वृत्तिविषयता से अनुभूति में प्रामाणिकता होती है। और वृत्ति के विषय होने पर भी स्वप्रकाशत्व की क्षति नहीं होती है। अत एव चेष्टादि लिङ्ग (हेतु) जनित अनुमिति ज्ञान का विषय भी परपुरुषवर्ती ज्ञान को स्वाश्रय (पर पुरुष) में, स्वविषय के अपरोक्ष व्यवहार के उत्पादन में ज्ञानान्तर की निरपेक्षता के कारण स्वप्रकाशता की उपपत्ति (सिद्धि) होती है। भाव है कि प्रमाणाऽविषयत्व (प्रमाणाऽवेद्यत्व) स्वप्रकाश का लक्षण नहीं है। किन्तु स्वविषय के अपरोक्ष व्यवहार के उत्पादन में प्रकाशान्तर (ज्ञानान्तर) की निरपेक्षता ही स्वप्रकाशत्व है। ऐसी स्वप्रकाशता, स्वप्रकाशता के साधक अनुमान के विषय अनुभूति में रहती ही है। क्योंकि स्वाश्रय में प्रमाणान्तर की अपेक्षा के विना स्वविषय के अपरोक्ष व्यवहार का हेतु होती है। 'अनुभूतिः अस्वप्रकाशा, प्रामाणिकत्वाद्, यन्नैवं, तन्नैवम्, यथा भूतादिकम्' ऐसा अनुमान भी नहीं हो सकता है, क्योंकि इस हेतु में केवलव्यतिरेक का अभाव है। इत्यादि ॥

किंच त्वज्ज्ञानं तवापरोक्षव्यवहारयोग्यत्वे सति वेद्यं न भवति ज्ञानत्वान्मदीयज्ञानवत्। न च मदसमवेतत्वं मदन्यसमवेतत्वं वोपाधिः; साध्याव्याप्तेः, त्वदीयधर्मादिषु त्वत्समवेतेष्वसमवेतेषु च परमाणुपूक्तसाध्यसद्भावेऽप्युपाधेरभावात्। न च ममापरोक्षव्यवहारायोग्यत्वमुपाधिः; ममापरोक्षव्यवहारयोग्यत्वादिदं ममापरोक्षव्यवहारयोग्यत्वे सत्यवेद्यं न भवति घटवदिति व्यतिरेके ज्ञानेतरत्वस्यैवोपाधित्वात्। विवादपदानि ज्ञानानि घटज्ञानान्यत्वे सति वेद्यत्वानधिकरणानि ज्ञानत्वाद् घटज्ञानवत्।

ये तु चक्रनयवर्त्मानुसारिणस्तान्प्रत्यभिनवरीतिसुरभिमन्वयव्यतिरेकिप्रयोगमाह—किंच त्वज्ज्ञानमिति। त्वज्ज्ञानं वेद्यं न भवतीत्युक्ते अप्रसिद्धविशेषणता। तन्निवृत्त्यर्थमपरोक्षव्यवहारयोग्यत्वे सतीत्युक्तम्। वेद्यत्वाभावस्याप्रसिद्धत्वेऽप्यपरोक्षव्यवहारयोग्यत्वे सति वेद्यत्वरहितस्य परमाण्वदृष्टादेः प्रसिद्धत्वेन नाप्रसिद्धविशेषणता। तावत्युक्तेऽर्थान्तरता तदीयज्ञानस्य परं प्रत्युक्तरूपत्वात्, तदर्थं तवेत्युक्तम्। एवमपि परकीयज्ञानमादायार्थान्तरता तस्यैतं प्रति तथात्वादत उक्तं—त्वदिति। एतदीयस्य च ज्ञानस्यैतं प्रत्यपरोक्षव्यवहारयोग्यत्वे सति वेद्यत्वानधिकरणत्वमपरोक्षव्यवहारयोग्यत्वानधिकरणत्वाद्वा? वेद्यत्वानधिकरणत्वाद्वा? नाद्यः; व्याघातात्। उत्तरं तु सिद्धयदपरोक्षव्यवहारयोग्यत्वे सत्यवेद्यत्वलक्षणं स्वप्रकाशत्वमादाय सिद्धयतीति स्वप्रकाशत्वसिद्धिः, अन्यज्ञाने चैतदपरोक्षव्यवहारयोग्यत्वानधिकरणत्वात् तद्गर्भवेद्यत्वानधिकरणत्वमिति साध्यप्रसिद्धिः। अन्यदीयज्ञानस्योक्तसाध्यवत्त्वे मदसमवेतत्वं

मदन्यसमवेतत्वं वोपाधिरित्याशङ्क्य निरस्यति—न चेति । कुतः ? साध्याव्यापकत्वात् । तदेव विवृणोति—त्वदीयेति । त्वददृष्टसंस्कारयोस्त्वदपरोक्षव्यवहारयोग्यत्वे सति वेद्यत्वरहितयोस्त्वदसमवेतत्वत्वदन्यसमवेतत्वयोरुपाध्योरभावेन साध्याव्यापकत्वादित्यर्थः । उत्तरस्योपाधेः साध्याव्याप्त्युदाहरणान्तरमाह—असमवेतेष्विति । परमाण्वाकाशादीनां नित्यत्वादसमवेतत्वेनान्यसमवेतत्वस्य सुतरामभावादित्यर्थः । उपाध्यन्तरमाशङ्क्य निराकरोति—न चेति । प्रतिवादिज्ञानस्य तदपरोक्षव्यवहारयोग्यत्वे सति वेद्यत्वानधिकरणत्वे तदपरोक्षव्यवहारायोग्यत्वमुपाधिः, तथाच वादिज्ञानेऽयमुपाधिर्व्यावर्तमानः साध्यमपहरतीत्युपाधिवादिनोऽभिमतं तद्दूषयितुं हेतुमाह—ममापरोक्षव्यवहारयोग्यत्वादित्यादिनोपाधित्वादित्यन्तेन । उपाधिं वदतोपाधिव्यतिरेकेण साध्यव्यतिरेकोऽनुमातव्यः, सर्वोपाधीनामेवंस्वाभाव्यात् । युक्तं चैतत्साध्योपाध्योर्व्याप्यव्यापकभावार्थं तदभावयोरपि व्याप्यव्यापकभावनियमात् । तत उपाध्यभावसाध्याभावयोरपि निरुपाधिसंबन्धो वक्तव्यः । तस्मादभावयोरप्युपाधिर्निविशमानो दूषयेदेव प्रथमोपाधिमित्यभिसंधाय तद्व्यतिरेकयोरयमुपाधिरुपन्यस्तस्तत्र ममापरोक्षव्यवहारयोग्यत्वादित्युपाधिव्यतिरेकनिर्देशः । शेषः साध्यव्यतिरेकनिर्देशः । अनयोः संबन्धे ज्ञानेतरत्वमुपाधिरित्यर्थः । तदेवं व्यतिरेकानुन्नायकत्वात्साध्याव्यापकत्वाच्चानुपाधित्वे सिद्धे पूर्वोक्तहेतुरप्रत्यूह इत्यभिप्रायः । ननु यथा ज्ञानत्वव्यतिरेकस्यज्ञानेतरत्वस्योपाधित्वं ब्रूषे एवं ममापरोक्षव्यवहारयोग्यत्वादित्यस्य हेतोर्व्यतिरेकस्य ममापरोक्षव्यवहारायोग्यत्वस्योपाधित्वं परेणापि सुवचमिति षण्ढमैथुनायितं चक्रकापत्तिश्च—ज्ञानेतरत्वव्यतिरेकस्य ज्ञानत्वस्य प्रतिवादिसाध्यव्यतिरेकरूपत्वदीयसाध्योन्नायकत्वे सिद्धे ज्ञानेतरत्वस्योपाधित्वं, तस्योपाधित्वे व्यतिरेकानुन्नायकत्वान्ममापरोक्षव्यवहारायोग्यत्वस्यानुपाधित्वं, तस्यानुपाधित्वे च ज्ञानत्वस्य प्रथमसाध्यंप्रति हेतुत्वमिति । तस्मान्नेयं रीतिश्चतुरश्रेणीरीतिसरणिमधिरोहतीति । आकर्ण्यतां तावदवहितहृदा ग्रन्थकारहृदयं, ममापरोक्षव्यवहारयोग्यत्वस्य प्रथमसाध्यव्यतिरेकोन्नायकत्वं तावदसंगतम् । वेद्यत्वं ह्यनेन साधनीयम् । नच तदप्रसिद्धं, येन ममापरोक्षेति विशेषणान्तरसार्थक्यं स्यात् । तस्मान्मद्वेद्यमिदं मद्व्यवहारयोग्यत्वादित्येवालमिति व्यर्थविशेषणत्वादहेतुरेवायम् । अत एव न तद्व्यतिरेकस्योपाधितेति । ननु एतदेवोच्यतां किमनेनाजागलस्तनायमानेन, सत्यम्; इयमपि काचन रीतिस्तार्किकैरङ्गीकृतेति प्रदर्शनार्थम् । तथाहि माननमनोहरकारेण वादिवागीश्वरेणास्मत्प्रकरणे—विवादाध्यासितं बोधाधारजन्यं कार्यत्वात् चेष्टादिवदित्यनुमानम्, व्यर्थविशेषणेनापि शरीरिजन्यत्वव्यतिरेकेण 'विवादाध्यासितं बोधाधारजन्यं न भवति । शरीरंजन्यत्वाद्', इति सत्प्रतिपक्ष्यते स्म । तथा, विवादाध्यासितमूर्तं प्रयत्नजं परमाणुव्यतिरिक्तत्वे सति मूर्तत्वात, गन्धः प्रयत्नजः गन्धत्वात्पटवत्तद्गन्धवच्चेति, ईश्वरात्- ननुमाने च, न शरीरिणाऽजन्यत्वादित्यनेन प्रकरणसमत्वम् । नापि तज्जन्यत्वमुपाधिर-

कार्यत्वस्योपाधेर्व्यतिरेकस्य व्यर्थविशेषणत्वाच्चेतिवत्। तस्मान्न कश्चिदपि कलङ्कशङ्कावकाशः। तथैव रीत्यानुमानान्तरमाह— विवादपदानीति। ज्ञानमात्रपक्षीकरणे घटज्ञानांशे सिद्धसाधनता तदर्थं विवादपदानीति ग्रहणं वेद्यत्वानधिकरणमित्युक्तेऽसिद्धविशेषणता, तन्निवृत्यर्थं घटज्ञानान्यत्वे सतीति विशेषणं वेद्यत्वानधिकरणत्वतया सिद्धत्वेऽपि घटज्ञानान्यत्वे सति वेद्यत्वानधिकरणत्वं घटज्ञाने प्रसिद्धं घटज्ञानस्य घटज्ञानान्यत्वानधिकरणत्वादेव, अन्यत्वं चात्र तत्वानधिकरणत्वं, घटज्ञानान्यत्वानधिकरणानीत्युक्ते व्याहृतिस्तेषां घटज्ञानान्यत्वादेव, तदर्थं वेद्यत्वग्रहणं, घटज्ञानान्यत्वे सति वेद्यत्वानधिकरणत्वं घटज्ञानान्यत्वानधिकरणत्वान्न संभवति, व्याघातात्। तस्माद्वेद्यत्वानधिकरणत्वसिद्धिः। पूर्वानुमानं समग्रलक्षणवतः सद्भावे, इदं त्ववेद्यत्वमात्र इति विशेषः।

केवल व्यतिरेकी अनुमान से अनुभूति के स्वप्रकाशत्व को सिद्ध करके, अन्वयव्यतिरेकी से सिद्धि दर्शाते हैं कि आपका ज्ञान, आप के अपरोक्ष व्यवहार की योग्यता युक्त वेद्य (वेद्यत्व वाला) नहीं होता है। क्योंकि ज्ञानत्व वाला है। जैसा हमारा ज्ञान है। यहाँ प्रकाश स्वरूप ज्ञान को अपरोक्ष व्यवहार की योग्यतायुक्त अवेद्यत्व स्वप्रकाश होने ही से हो सकता है। सो प्रतिवादी के अपरोक्ष व्यवहार की योग्यता से युक्त वेद्यत्वाभाववादी ज्ञान में वर्तमान है। और ज्ञानत्वहेतु पक्ष दृष्टान्त में है। अतः अन्वयी हेतु स्वप्रकाशत्व का साधक है। यहाँ, मदसमवेतत्व (प्रतिवादी में असमवेतत्व) या मुझसे अन्य में समवेतत्व, वादी ज्ञान में है, यही उपाधि हैं, अर्थात् मम (प्रतिवादी के) अपरोक्ष व्यवहारयोग्यत्व युक्त वेद्यत्वाभाव रूप साध्य के व्यापक और ज्ञानत्व रूप साधन के अव्यापक ये धर्म हैं, ऐसा नहीं कह सकते हैं। क्योंकि ये दोनों धर्म उक्तसाध्य के व्यापक नहीं हैं। प्रतिवादी में समवेत धर्मादि में भी उक्त प्रत्यक्षव्यवहार युक्त वेद्यत्वाभाव रूप साध्य है। और उक्त असमवेतरूप उपाधि नहीं है। तथा परमाणु में भी उक्त साध्य है। मदन्यसमवेतत्व रूप उपाधि नहीं है, क्योंकि परमाणु किसी में समवेत नहीं होता है, कार्यादि कारणादि में समवेत होते हैं। फिर भी यदि कहें कि (ममापरोक्षव्यवहाराऽयोग्यत्व) मेरे अपरोक्षव्यवहार की अयोग्यता, उक्त अनुमान में उपाधि है। तो सो कथन भी युक्त नहीं। क्योंकि उपाधि का तो यही फल होता है कि साध्य के व्यापक उपाधि के अभाव प्रदर्शन द्वारा उसके साध्य के अभाव हेतु के स्थान में प्रदर्शन से हेतु को व्यभिचारी सिद्ध कर दिया जाय, सो उपाधि के व्यतिरेक द्वारा साध्य के व्यतिरेक के अनुमान से सिद्ध किया जाता है. यहाँ वह व्यतिरेकानुमान ही सोपाधिक हो तो, प्रथम अनुमान के हेतु की व्यभिचारिता नहीं सिद्ध होती है। तथा हि (ममापरोक्षव्यवहारयोग्यत्वादिदं ममापरोक्षव्यवहारयोग्यत्वे सत्यवेद्यं न भवति) उक्त उपाधि के अभाव रूप मेरे अपरोक्ष व्यवहार की योग्यता के कारण, यह मेरा ज्ञान मेरे अपरोक्ष व्यवहारयोग्यत्व अवेद्यत्व रूप साध्य वाला भी नहीं है, घट के समान वेद्यत्व वाला ही है। इस व्यतिरेक (उपाधि के अभाव से साध्याभाव के अनुमान में ज्ञानेतरत्व (ज्ञानभिन्नत्व) ही उपाधि हो जाता है। अतः व्यभिचारी हेतु हो जाता है। उक्त साध्य जहाँ घटादि में है, वहाँ ज्ञानेतरत्व है। और

अपरोक्ष व्यवहारयोग्यत्व हेतु ज्ञान में है, वहाँ ज्ञानेतरत्व नहीं है। अतः साध्यव्यापक साधनाव्यापक उपाधि है॥

उक्त रीति से स्वप्रकाशत्व का साधक अन्य-अन्य अनुमान है कि (विवाद के विषय-ज्ञान, घट जाने से अन्यत्व (भेद) युक्त वेद्यत्व के अनधिकरण हैं, ज्ञानत्व होने से, घट ज्ञान के समान) यहाँ घटज्ञान रूप दृष्टान्त में घटज्ञान से अन्यत्व रूप विशेषण के अभाव से विशिष्ट वेद्यत्व का अभाव रूप साध्य प्रसिद्ध होता है, और अन्यत्र स्वप्रकाशत्व से साध्य सिद्ध होता है, (वेद्यत्वाभाव से स्वप्रकाशत्व सिद्ध होता है) ज्ञानत्व हेतु स्वप्रकाशत्व को सिद्ध करता है॥

द्वितीयंपक्षं दूषयति—**नापि द्वितीय इति** । अत्र चन्द्रशब्दः प्रयोक्तव्य इति वाच्यवाचकसङ्गतिग्रहो हि यदा लक्षणप्रयाजनं तदा लक्षणं व्यर्थमन्तरेणापि लक्षणं गवादिपदानामिव सङ्गतिग्रहसंभवादित्यर्थः । प्रथमतोऽवगतस्यापि शब्दसंबन्धस्य लक्षणवाक्यात्स्मरणसाधनमप्यनर्थकम्, गवादिपदानामिवान्तरेणापि लक्षणं स्मरणसंभवादित्युक्तम्; इदानीं न केवलमानर्थक्यमपि त्वनवस्थालक्षणानर्थोऽपि स्यादित्याह—**अवगतसंवन्धस्यापीति** । तत्तद्वाक्यस्थपदानामपि तैस्तैरर्थैः संबन्धो लक्षणैरेव स्मारयितव्यः, एवं तत्तत्स्मारकवाक्यपदानामपीति न कश्चिदपि स्यादित्यर्थः । तत्किं लक्षणमेव तेषु ग्रन्थेषु न प्रयोक्तव्यम्? तथा च सत्यं ज्ञानमनन्तमिति ब्रह्मलक्षणेन तत्प्रयुक्तजन्माद्यधिकरणेनापीत्य आह—**तस्मादिति** । न लक्षणमनुमानतयोपयुज्यते, अपि तु शब्दप्रमाणतयेत्यदः । ननु भवतु लक्षणं शब्दतयोपयोगि किमायातमखण्डार्थतायामिति तत्राह—**तच्च सर्वमिति** । उक्तमेतत्पुरस्तादेव स्वरूपमात्रं शब्देन बोध्यते इतरव्यावृत्तिस्त्वार्थिकी न चार्थिकः शब्दार्थ इति ।

विना भी गो आदि शब्दों के समान वृद्धव्यवहार से ही वाच्य-वाचक भाव रूप सम्बन्ध का ग्रहण होता है, वहां लक्षण प्रणयन व्यर्थ है । यदि कहा जाय कि प्रथम ज्ञात ही वाच्य-वाचक भाव को लक्षण वाक्य द्वारा स्मरण कराया जाता है । तो यह कहना भी युक्त नहीं, क्योंकि उस ज्ञात पक्ष में सम्बन्ध को जानने वाले को वाचक शब्द से ही सम्बन्ध के स्मरण की सिद्धि हो सकती है, फिर स्मरण के लिये लक्षण का कथन व्यर्थ है । यदि ज्ञात सम्बन्ध वाले शब्द के लक्षण वाक्य से ही सम्बन्ध के स्मरण का नियम माना जाय, तो लक्षण वाक्यस्थ प्रत्येक पदों के लक्षण वाक्य द्वारा सम्बन्ध की प्राप्ति से, तत्तत् लक्षणस्थ पदार्थों के सम्बन्धों के अन्य लक्षण वाक्य द्वारा स्मृति की प्राप्ति से अनवस्था प्राप्त होगी । अतः लक्षण अनुमान रूप से बोधक नहीं होता है, किन्तु गवानयनादि वाक्य के समान आप्तोपदेश रूप से ही बोधक होता है । और वह सब लक्षण वाक्य लक्ष्य के स्वरूप मात्र में बोधक रूप से स्थिर होता है, अन्य से व्यावृत्ति तो अर्थात् (व्याप्य) रूप से फलित (सिद्ध) होता है, शब्दार्थ रूप से नहीं ।

नन्वेवमपि नैतल्लक्षणम्; अप्राप्तयोः प्राप्तिः संयोगः, नित्यः संबन्धः समवाय इत्येवमादिसंबन्धप्रतिपादकलक्षणवाक्येष्वव्याप्तेः। तेषां संसर्गगोचरप्रमितिजनकत्वादिति चेत्, मैवम्; तेषामपि स्वस्वपदस्मारितपदार्थानामन्योन्यसंसर्गागोचरप्रमितिजनकत्वात्। संसर्गगोचरप्रमितिजनकत्वशब्देन चास्यैवार्थस्य विवक्षितत्वात्। नाप्यतिव्याप्तिः; संसर्गप्रमितिजनकेषु गवानयनादिवाक्येषु लक्षणाभावात्।

यद्वा अपर्यायशब्दानामेकप्रातिपादिकार्थमात्रपर्यवसायित्वमखण्डार्थता।

यद्यपीद संभवति, तथाप्यव्यापकमिदं लक्षणम्, संयोगसमवायात्मकसंबन्धस्य यल्लक्षणवाक्यं तस्य लक्ष्यसंसर्गविषयत्वेन संसर्गागोचरत्वलक्षणांशाभावादिति शङ्कते—**नन्वेवमपीति**। संसर्गागोचरप्रमितिजनकत्वमिति कोऽर्थः? यद्बोधयति तदीयसंसर्गागोचरत्वे तत्प्रमितिजनकत्वमिति, अस्ति चैतदत्रापि, नहि संयोगस्य समवायस्य वा तत्तद्विशेषणसंसर्गबोधपरमिदं वाक्यं तस्याबुभुत्सितत्वादित्यभिप्रेत्य परिहरति—**मैवं तेषामपीति**। न च विषं भुङ्क्ष्वेत्यादिसर्वलक्षणावाक्येष्वतिव्याप्तिः, प्रतिपिपादयिषितससर्गगोचरत्वात् तदभावस्येह विवक्षितत्वात्।

यद्वा तत्प्रातिपदिकार्थतेति श्लोकावयवं विवृणोति—**यद्वा अपर्यायेत्यादिना।**

फिर भी शङ्का होती है कि ऐसा होने पर भी यह अखण्डार्थ का लक्षण नहीं बन सकता है। क्योंकि लक्षण वाक्य को अखण्डार्थक माना गया है, और अपर्याय शब्दों में संसर्गाऽविषयक प्रमाजनकता अखण्डार्थता है, वह संयोग-समवाय के लक्षण में अव्यापक है, क्योंकि (अप्राप्तयोः प्राप्तिः संयोगः नित्यसम्बन्धः समवायः) अप्राप्त दो द्रव्य की प्राप्ति को संयोग कहा जाता है और नित्य सम्बन्ध को समवाय कहा जाता है, इस प्रकार के लक्षण संसर्ग विषयक ही प्रमिति के जनक होते हैं, अतः यहाँ उक्त लक्षण की अव्याप्ति है, क्योंकि सम्बन्ध प्रतिपादकत्व है, अतः संसर्गागोचर प्रमितिजनकत्व नहीं है, यह शङ्का भी कर्तव्य नहीं है, क्योंकि उन लक्षणों को भी तत्तत् लक्षण पदों से स्मारित पदार्थों के संसर्गागोचर प्रमिति जनकत्व है, अर्थात् उन लक्षणों से स्मारित संयोग और समवाय के संसर्गागोचर ही प्रमिति के जनकत्व उन लक्षणों को है संयोग-समवाय का स्वरूप संसर्ग रूप है, इससे अव्याप्ति नहीं हो सकती है, संसर्गागोचर प्रमिति जनकत्व शब्द से इसी उक्त अर्थ को विवक्षितत्व है, संयोग वा समवाय के तत्तद् विशेषण के बोधन परक वे वाक्य नहीं हैं, क्योंकि वे बुभुत्सित नहीं हैं, स्वरूप मात्र बुभुत्सित है, इस लक्षण की कहीं अतिव्याप्ति भी नहीं है। क्योंकि संसर्गप्रमिति जनक गवानयनादि वाक्यों में लक्षण का अभाव है।

अथवा, 'यद्वा तत्प्रातिपदिकार्थता' इस श्लोकांश के अनुसार अपर्याय शब्दों

न चैवं पदान्तरवैयर्थ्यम्; व्यावर्त्यभेदादर्थवत्त्वोपपत्तेः। तथाहि—लोके प्रकृष्टप्रकाशश्चन्द्र इत्यत्र प्रकृष्टपदेनाप्रकृष्टखद्योतादेः प्रकाशपदेनाप्रकाशात्मप्रकृष्टसंतमसादेश्च व्यवच्छेदेन बुभुत्सितश्चन्द्रप्रातिपदिकमात्रार्थः प्रतिपाद्यते, अन्यथा वक्तुरबुभुत्सितमर्थं प्रतिपादयतोऽनवधेयवचनत्वप्रसङ्गात्। न च व्यावृत्तिपरत्वे व्यावृत्तिमत्परत्वे वा संसृष्टार्थत्वम्, स्वरूपमात्रपरत्वे च पदान्तरवैयर्थ्यमिति वाच्यम्; व्यावृत्तिद्वारा पदानां स्वरूपमात्रपर्यवसायित्वाङ्गीकारात्, व्यावर्त्यभेदेनावैयर्थ्याच्च। तथा वेदेऽपि 'सत्यं ज्ञानमनन्तं

यद्यप्येकपदलक्ष्यमेव पदान्तरपर्यवसानभूमिस्तथापि नैकपदव्यावर्त्यमेव पदान्तरव्यावर्त्यं जाड्यानृतादीनां विभिन्नत्वात् ततो न संसृष्टार्थतावैयर्थ्ये इत्युक्तम्। एतदेव लौकिकोदाहरणेन दर्शयति—**तथा हीत्यादिना**। संतमसं विष्वक्तमः। अत्र च व्यवच्छेदेनेति व्यवच्छेदानां द्वारतोक्ता। **प्रतिपाद्यत इति**। तात्पर्यविषयत्वं तेन न शून्यनिष्ठतापत्तिः। ननु किमिति स्वरूपमात्रपरताश्रयणं न पुनर्यथाश्रुतप्रकर्षादिसंसर्गपरत्वमिति तत्राह—**अन्यथेति**। यदि हि स्वरूपमात्रे पृष्टे गुणादिसंसर्गं प्रतिपादयेत्तर्ह्यश्रद्धेयवचनः स्यादित्यर्थः। यत्तु पूर्वपक्षिणा त्रेधा विकल्प्य दूषणद्वयमुक्तं तन्निराकरोति—**न च व्यावृत्तीति**। ननूक्तं स्वरूपमात्रपरत्वे पदान्तरवैयर्थ्यमिति तत्राह—**व्यावर्त्यभेदेनेति**। तदेवं लौकिकेषूदाहृत्य विवक्षितसत्यादिवाक्येषु लक्षणं वर्तयति—**तथा वेदेऽपीति**। ननु स्ववाच्यप्रक्षेपेण वा पदानां विरोधिव्यावर्तनम्?

की एक प्रातिपदिकार्थ मात्र पर्यवसायिता = एकप्रातिपदिकार्थ मात्र बोधकता अखण्डार्थता है। इस प्रकार के लक्षण होने पर, पूर्वोक्त पदान्तर की व्यर्थता दोष भी नहीं है। क्योंकि व्यावर्त्य के भेद से तत्तद् व्यावृत्ति द्वारा सब पदों की अर्थवत्ता (सार्थकता) की सिद्धि होती है। जैसे कि लोक में (प्रकृष्ट प्रकाशश्चन्द्रः) इस लक्षण गत प्रकृष्ट पद से, अप्रकृष्ट प्रकाश वाले खद्योतादि की व्यावृत्ति होती है, प्रकाश पद से अप्रकाशात्मक प्रकृष्ट अन्धकार की व्यावृत्ति होती है, और उन दोनों के व्यवच्छेद (व्यावृत्ति) द्वारा बुभुत्सित चन्द्र प्रातिपदिकार्थमात्र लक्षण से प्रतिपादित (बोधित) होता है। अन्यथा यदि संसर्गादि परत्व हो तो अबुभुत्सित (बोद्धुमनिच्छित) अर्थ को प्रतिपादन करने वाले वक्ता में अनवधेय (अश्राव्य) वचनता की प्राप्ति होगी। व्यावृत्ति परत्व या व्यावृत्तिमत् पदार्थ परत्व होने पर लक्षण को संसृष्टार्थत्व होगा, और स्वरूप मात्र परत्व होने पर पदान्तर में व्यर्थता होगी, यह पूर्वोक्त दोष वक्तव्य नहीं है। क्योंकि व्यावृत्ति द्वारा पदों की स्वरूपमात्र में पर्यवसायिता (निश्चलता) के अङ्गीकार से तथा व्यावर्त्य भेद से पदों की अव्यर्थता से उक्त दोष की प्राप्ति नहीं होती है। तथा इस लौकिक लक्षण के समान ही वेद में भी, सत्य, पाप, आनन्द, अनन्त, आत्म शब्द भी अनृत, जड़, दुःख,

ब्रह्म' इत्यादौ सत्यज्ञानानन्दानन्तात्मशब्दा अनृनजडदुःखान्तवत्त्वानात्मत्व-भ्रान्तिनिवृत्तिद्वारा लक्ष्ये ब्रह्मणि पर्यवस्यन्ति। न चैवमनेकाकारविज्ञान-जनकत्वात्पदानां लक्ष्यस्य ब्रह्मणोऽनेकाकारत्वप्रसङ्गः; लक्षणासमये भिन्ना-कारविज्ञानजनकामपि पदानां तत्तद्भ्रान्तिनिवृत्तिमात्रप्रयोजनकतया लक्ष्ये ब्रह्ममात्रे तात्पर्येण पर्यवसानात्। एवं च तत्तच्छब्दजन्यविज्ञानानां तत्त-द्भिन्नाकारसमर्पिणां नान्तरीयकतया तत्तद्विरोध्याकारनिवर्तकत्वाद्वाक्य-स्याखण्डार्थत्वसिद्धिः।

उक्तं चैतत्सुरेश्वराचार्यैः—

अप्रक्षेपेण वा ? न तावद् द्वितीयः। विरोध्यदर्शनेनानृतादिव्यावृत्तेरशक्यज्ञानत्वात्। प्रथमे तु विभिन्नैर्ज्ञानत्वादिभिराकारैर्ब्रह्मणोऽप्यनेकाकारत्वमिति तत्राह—**न चैव-मनेकाकारेति**। लक्षणासमय इति सामीप्यात् लक्षणाप्राक्समयो विवक्ष्यते। न हि तत्ताकाराः प्रतिपिपादयिषिता इति प्रतिपाद्यन्ते किन्तु कथं नु नामानृताद्यारोप-रहितब्रह्मप्रतिपत्तिरिति ? तथावदनृतादिव्यावृत्तिस्तावदेव सत्यत्वाद्याकाराणां स्थितिः, निवृत्तेषु तु तेषु एते एवाकारा अनृता जायन्ते; कः खलु विशेषोऽनृतादि-भिराकाराणामद्वैतविरोधे ? तस्मादेकानन्दव्यक्तिपरमेव सत्यादिवाक्यं न सत्यत्वादि-परं नाप्यनृतादिव्यावृत्तिपरमित्यर्थः। विधिमुखेषु वाक्येषु उक्तन्यायं निषेधमुखेन प्रतिपादकेऽव्यतिदिशति—**एवं च तत्तच्छब्दजन्येति**। तदेतद्विरोधनिवृत्त्यर्थमेव तत्तदाकारविधानं किञ्चिदुक्तम्, तत्तदाकारविरोधिनिवृत्तेश्चाशब्दत्वमुक्तम्, तदाचार्य-वचनेन द्रढयति—**उक्तं चैतदिति**। तैत्तिरीयके वार्तिके सत्यं ज्ञानेमनन्तमिति

अन्तवत्त्व, अनात्मत्व की भ्रान्ति की निवृत्ति द्वारा लक्ष्य ब्रह्म को भी अनेकाऽऽकारत्व का प्रसङ्ग (सम्बन्ध) होगा। तो यह कहना युक्त नहीं, क्योंकि लक्षण के आरम्भ के समय में भिन्न-भिन्न अनेकाकार विज्ञानों के जनक पदों को भी तत्तत् असत्त्वादि की भ्रान्ति की निवृत्ति मात्र की प्रयोजकता (हेतुता) होने से लक्ष्य स्वरूप ब्रह्म मात्र में तत्परता (मुख्य रूप) से पर्यवसान (स्थित) होता है। अर्थात् भ्रान्ति की निवृत्ति के लिये प्रथम शब्दों से अनेकाऽऽकार प्रतिपादित होते हैं। भ्रान्ति की निवृत्ति होने पर अनेकाकार भी नहीं रहते हैं, सब एक आनन्द स्वरूप में पर्यवसन्न (लीन) होते हैं। इस उक्त रीति से तत्तद् भिन्नाकार के समर्पक (प्रकाशक) तत्तत् सत्यादि शब्दजन्य विज्ञानों को नान्तरीयक (व्याप्य) रूप से तत्तत् असत्त्वादि विरोधी आकारों के निवर्तक होने के कारण वेदान्त वाक्य को अखण्डार्थकत्व की सिद्धि होती है।

इस उक्त अर्थ को इसी प्रकार से आचार्य श्रीसुरेश्वराचार्य ने तैत्तिरीय वार्तिक में कहा है—

"प्रतिपद्य पदार्थं हि विरोधात्तद्विरोधिनः ।
पश्चादभावं जानाति वध्यघातकवत्पदात् ॥ १ ॥
शब्दात्प्रतीयते तावत्सङ्गतिर्धर्मधर्मिणोः ।
मानान्तरादपोहस्तु न शाब्दस्तेन स स्मृतः ॥ २ ॥
तत्रानन्तोऽन्तवद्वस्तुव्यावृत्त्यैव विशेषणम् ।
स्वार्थार्पणप्रणाड्या च परिशिष्टौ विशेषणम् ॥ ३ ॥

वाक्यव्याख्यानसमये इति शेषः । पदात्सत्यादेः पदार्थं सत्यत्वादि ब्रह्मणि प्रतिपद्य ज्ञात्वा तेन विरोधाद्धेतोर्विरोधिनोऽनृतादेरभावं जानाति । तत्र निदर्शनम्—**वध्यघातकवदिति** । यथा खल्वाखुभूषितां भूमिं दृष्ट्वाऽर्थान्मार्जाराभावोऽवगम्यते एवमिति । तत्किमुभयमपि शाब्दम् ? आहोस्विदन्यतरद् ? इति तत्राह—**शब्दादिति** । प्रथमं धर्मधर्मिणो सत्यत्वादेः ब्रह्मणश्च संगतिः शब्दात्प्रतीयते तावताचास्यास्तात्पर्याविषयत्वं द्योत्यते, अपोहस्तु विरोधिव्यावृत्तिर्मानान्तरादनुपपत्तिलक्षणात् ज्ञायते तेन स अपोहस्तु न शाब्दः । तत्र किं त्रयाणामविशिष्टोयं न्याय इति ? नेति ? वैषम्यमाह—**तत्रानन्त इति** । तत्र तेषु मध्येऽनन्तः अनन्तशब्दार्थः अन्तवद्वस्तुव्यावृत्त्यैव विशेषणं व्यावर्तकं साक्षादेव ब्रह्मणो व्यावर्तकमित्यर्थः । परिशिष्टौ तु सत्यज्ञानशब्दौ स्वार्थसमर्पणप्रणाड्या व्यवधानेन विशेषणम् । न हि यथाऽनन्तमित्युक्तेऽन्ताभावः साक्षात्प्रतीयते तथा सत्यं ज्ञानमित्यत्रानृताद्यभावः, अपि तु स्वार्थ-

---

सत्यादि पदों से ब्रह्म में सत्यत्वादि पदार्थ को जान कर, फिर उन सत्यत्वादि के साथ विरोध से उनके विरोधी असत्यत्वादि के अभाव को इस प्रकार से जिज्ञासु जानता है कि जैसे वध्य (मूसकादि) युक्त स्थान को देखकर वहाँ उनके घातक बिल्ली आदि के अभाव को समझता है ॥ १ ॥

इत्यादि शब्दों से प्रथम सत्यत्वादि धर्म और ब्रह्मरूप धर्मी की सङ्गति का ग्रहण होता है। फिर अर्थापत्ति रूप प्रमाणान्तर से असत्यत्वादि का अपोह (निवारण) होता है, अतः वह अपोह शाब्द (शब्दजन्य ज्ञान का विषय) नहीं कहा जाता है ॥ २ ॥

वहाँ, सत्यं ज्ञानम्, अनन्तम्, इन पदों में अनन्त शब्द का अर्थ, अन्तवाली वस्तु की व्यावृत्ति द्वारा साक्षात् ही ब्रह्म का विशेषण होता हैं, और परिशिष्ट सत्य और ज्ञान शब्द स्वार्थ के अर्पण द्वारा ब्रह्म का विशेषण होता है। अर्थात् अनन्त शब्द से साक्षात् अन्तरहित ब्रह्म का ज्ञान होता है। और सत्य तथा ज्ञान पद से अनृतत्व जड़त्व रहित ब्रह्म का साक्षात् ज्ञान नहीं होता है, किन्तु सत्यत्वादि के विधान द्वारा होता है ॥ ३ ॥

तद्विरोध्यर्थसंत्यागः सामर्थ्यात्स्यान्न शब्दतः।" इति।

न च गुणगुण्यादिभावप्रतिपादनेऽपि तत्तद्विरोध्याकारनिवृत्त्युपपत्तेः कथमखण्डैकरसत्वसिद्धिरिति वाच्यम्; ब्रह्मशब्दार्थमात्रस्यैव बुभुत्सितत्वात्। सर्वतोऽनवच्छिन्नवस्तुप्रतिपादनपरब्रह्मानन्तशब्दाभ्यां विरोधाच्च, एकधैवानुद्रष्टव्यमेकमेवाद्वितीयमित्याद्येकरसत्वप्रतिपादकवाक्यविरोधाच्च, नेह नानास्ति किंचनेत्यनेकरसत्वप्रतिषेधाच्च।

विधानव्यवधानेनेत्यर्थः। तर्हि तयोर्विरोधिव्यवच्छेदः किंनिबन्धनः? इति तत्राह—**तद्विरोधीति**। एतच्च **मानान्तरादपोहस्तु** इत्यस्यैव प्रपञ्चः।

ननु विरोध्याकारनिवृत्तिरखण्डार्थतामन्तरेण संसर्गपरत्वेऽपि सेत्स्यति किमर्थमखण्डार्थताऽऽग्रहः? इति तत्राह—**न चेति**। लौकिकवाक्येषु संसर्गपरतायामुक्तं बोधकं प्रकृतेऽप्याह—**ब्रह्मशब्देति**। 'ब्रह्मविदाप्नोति पर'मिति श्रुतस्य ब्रह्ममात्रस्य बुभुत्सितत्वादित्यर्थः। न केवलमबुभुत्सितार्थपरत्वं बुभुत्सितार्थपरानन्तादिपदविरोधश्चेत्याह—**सर्वत इति**। साक्षादेवैकार्थप्रतिपादकानन्ताकारनिवारकश्रुत्यन्तरविरोधश्चेत्याह—**एकधैवेत्यादिना**।

अतः उस सत्यत्वादि अर्थ के विरोधी अनृतत्वादि अर्थ का त्याग (अपोह) अर्थतः (अर्थापत्ति) से होता है। शब्द से नहीं।

कहा जाय कि सत्यत्वधर्म और धर्मीभाव, तथा ज्ञानगुण और गुणीभावादि के सत्यादि पदों से प्रतिपादन करने पर ही, तत्तत् अनृतत्वादि विरोधी आकारों की निवृत्ति की सिद्धि होते अखण्डैकपरमत्व की सिद्धि कैसे हो सकती है, अर्थात् अखण्डार्थता के बिना भी विरोधी की निवृत्ति हो सकती है, फिर अखण्डार्थता के स्वीकार का क्या फल है, तो कहा जाता है कि (ब्रह्मविदाप्नोति परम्) ब्रह्मज्ञ परमपद पाता है। इस उपक्रम (आरम्भ) में ब्रह्म के श्रवण होने से ब्रह्म मात्र की जिज्ञासा होती है, अतः ब्रह्ममात्र को बुभुत्सितत्व (बोधेच्छाविषयत्व) रहता है, गुणधर्मादि को नहीं। और सब प्रकार से अनवच्छिन्न (भेद रहित) वस्तु के प्रतिपादन परक ब्रह्म अनन्त पद के साथ विरोध से, तथा (एकधैवानुद्रष्टव्यम्, एकमेवाद्वितीयम्) इत्यादि एकरसत्व के प्रतिपाद वाक्यों के साथ विरोध से, और (नेह नानास्ति किञ्चन) इस अनेक रसत्व के प्रतिषेध से, उक्त गुणगुणी आदि भाव का प्रतिपादन नहीं हो सकता है, और अखण्डता के स्वीकार से विरोध नहीं होता है।

न चाप्रसिद्धत्वाद्ब्रह्मणो लक्ष्यत्वासंभवः; प्रत्यगात्मतया स्वतः सामान्येन प्रसिद्धत्वात्। न च तथात्वे लक्षणवैयर्थ्यम्; लक्षणस्य विशेषाकारसमर्पणार्थत्वात्। अन्यथा 'गन्धवती पृथिवी' 'नित्यज्ञानाधार ईश्वरः' इत्यादिलक्षणानामपि लक्ष्यस्याप्रसिद्धत्वाप्रसिद्धत्वयोर्वैयर्थ्यापातात्। एतेन 'सोऽयं देवदत्तः' इत्यत्रापि तत्कालोपलक्षितस्यैतत्कालवैशिष्ट्यं प्रतिपाद्यत इत्येतन्निरस्तम्;। देवदत्तस्वरूपमात्रस्यैव बुभुत्सितत्वात्। एतत्कालवैशिष्ट्यस्य दृष्टत्वेनाबुभुत्सितत्वात्। न च पूर्वकालोपलक्षितस्यैतत्कालवैशिष्ट्यप्रति-

---

६३ ननु प्रसिद्धमेव लक्ष्यं नत्वप्रसिद्धं गगनारविन्दादेर्लक्ष्यत्वादर्शनात्, अप्रसिद्धं च ब्रह्म सर्वप्रमाणागम्यत्वादिति तत्राह—**न चेति**। अथवा लक्षणलक्ष्यत्वमत्राक्षिप्य समर्थ्यते। स्वप्रकाशस्य प्रत्यागात्मतया प्रसिद्धिरस्तीति संभवत्येव लक्ष्यत्वमित्यर्थः। न केवलमस्माकमेवेयं रीतिः, अपितु सर्वेषामेव लक्षणवादिनामित्याह—**अन्यथेति**। घटादिषु सामान्येन प्रसिद्धस्य पृथिवीव्यवहारस्येतरेभ्यो भेदस्य च परमाण्वादिभूगोलकान्तसमुदायेऽप्रसिद्धस्य लक्षणेन साधनमिति पराङ्गीकारादित्यर्थः। यत्तु 'सोऽयं देवदत्तः' इत्यत्राखण्डार्थताऽभावाय पूर्वपक्षिणोक्तम् तत्राप्युक्तन्यायमितिविशति—**एतेनेति**। एतेनेत्यस्यैव विवरणम्—**देवदत्तस्वरूपेति**। नन्वितरदपि बुभुत्सितं किं न स्यात्? नहि देवदत्तमात्रमत्र केनचित्पृष्टं येन लक्षणवाक्यवत्तन्मात्रमेव बुभुत्सितं स्यादिति तत्राह—**एतदिति**। न केवलमबुभुत्सितत्वादप्रतिपाद्यत्वं बुभुत्सितैक्यविरोधाच्चेत्याह—**न चेति**। तत्किमेतत्कालविशिष्टस्य पूर्वकालोपलक्षितेनैक्यं बोधयति? किं वा पूर्वकालोपलक्षितस्यैतत्कालविशिष्टेन? नाद्य इत्याह—

यदि कहें कि अखण्ड एकरस ब्रह्म के अप्रसिद्ध होने से वह लक्ष्य नहीं हो सकता है, तो कहना युक्त नहीं, क्योंकि प्रत्यगात्म (अन्तरात्म) स्वरूप होने से स्वतः (ब्रह्म ही) अहंभादि वृत्ति द्वारा सामान्य रूप से प्रसिद्ध (ज्ञात) होता है। यदि कहा जाय कि (तथात्वे) प्रसिद्ध होने पर लक्षण में व्यर्थता है, तो वह कहना युक्त नहीं, क्योंकि लक्षण को सत्यानन्दादि विशेषाकार के समर्पणार्थकत्व है, अतः सार्थकता है। सभी लक्षणवादी को लक्ष्य की सामान्य रूप से प्रसिद्धि और विशेष रूप से अप्रसिद्धि मन्तव्य है, अन्यथा, (गन्धवती भूमिः, नित्यज्ञानाधार ईश्वरः) इत्यादि लक्षणों को भी लक्ष्य की प्रसिद्धित्व अवस्था में व्यर्थता की प्राप्ति होगी। इस उक्त अखण्डार्थता के प्रतिपादन से (सोऽयं देवदत्तः) यहाँ भी तत्कालोपलक्षित की एतत्काल विशिष्टता का प्रतिपादन किया जाता है; यह कथन निरस्त हो गया, क्यों कि वहाँ देवदत्त के स्वरूप को ही बुभुत्सितत्व है, और एतत्कालवैशिष्ट्य (वृत्तित्व) के दृष्टत्व (प्रत्यक्षत्व) से वह अबुभुत्सित है, और पूर्वकालोपलक्षित में एतत्कालविशिष्टता के प्रतिपादन करने से भी भेदभ्रान्ति का निवारण सिद्ध

पादनेऽपि भेदभ्रमनिरासः सिध्यतीति वाच्यम्; एतत्कालविशिष्टस्य पूर्वकालसंबन्धासंभवेन तदुपलक्षितत्वस्यासंभवात्, तयोरभेदप्रतिपादनशक्यत्वात्।

ननु तथापि पूर्वकालोपक्षितस्यैतत्कालवैशिष्टचसंभवात्संभवत्येव तयोरभेदप्रतिपादनमितिचेत्, मैवम्; विकल्पासहत्वात्। किं पूर्वकालोपलक्षितस्यैतत्कालविशिष्टेनाभेदः प्रतिपाद्यत इत्युच्यते? किं वा पूर्वकालोपलक्षिते वर्तमानकालवैशिष्टचलक्षणधर्मप्रतिपादनेनार्थादभेदः सिद्धचतीति? नाद्यः; विशिष्टाविशिष्टस्वरूपयोरभेदासंभवात्। तथा सति वर्तमानकालविशिष्टस्य पूर्वमपि सद्भावप्रसङ्गात्। नापि द्वितीयः; साक्षादेवाभेदप्रतिपादने

एतत्कालेति। संबद्धं खलूपलक्ष्यं नासंबद्धम्। न चैतत्कालविशिष्टस्य पूर्वकालसंबन्धः संभवति, एतत्काले पूर्वकालाभावादतो न तयोरैक्यमित्यर्थः।

द्वितीयं शङ्कते—**नन्विति**। किमुपलक्षितस्य विशिष्टेनाभेदः शब्दगम्यः? किं वोपलक्षिते वैशिष्टचमात्रं शब्दार्थः? अभेदस्त्वानुपपत्तिक इति विकल्प्य दूषयति—**मैवमित्यादिना**। एतत्कालविशिष्टस्य पूर्वकालोपलक्षितस्वरूपस्य चैक्यासंभवेन प्रथमं पक्षं दूषयति–**नाद्य इति**। किमित्यसंभवस्तत्राह—**तथा सतीति**। द्वितीये तु शब्दाद्विशिष्टमर्थाच्च स्वरूपमात्रैक्यमिति कल्पनागौरवाद्वरं शब्दादेवोभयोपलक्षितस्यैक्यप्रतिपादनमित्याह—**साक्षादेवेति**। ननु साक्षाच्छब्दादभेदप्रतिपत्तावुभयोरपि

होता है, यह नहीं कह सकते हैं, क्योंकि एतत्काल से विशिष्ट को पूर्वकाल के साथ सम्बन्ध के अभाव से पूर्वकाल सम्बन्ध से उपलक्षितत्व का असम्भव है। क्योंकि सम्बन्ध वाला ही उपलक्ष्य होता है, और एतत्कालविशिष्ट को पूर्वकाल के साथ सम्बन्ध का सम्भव नहीं है। अतएव पूर्वकालोपलक्षित और एतत्कालविशिष्ट इन दोनों के अभेद का प्रतिपादन नहीं हो सकता है।

फिर भी यदि शंका हो कि यद्यपि एतत्कालविशिष्ट को पूर्वकालीन लक्षित के साथ एकता नहीं हो सकती है, तथापि पूर्वकाल से उपक्षित को एतत्कालविशिष्ट के सम्भव होने से उन दोनों के अभेद का प्रतिपादन हो ही सकता है, तो यह शङ्का युक्त नहीं, क्योंकि विचार से यह भी सिद्ध नहीं हो सकता हैं। विचार यह है, कि, पूर्वकालोपलक्षित का एतत्कालविशिष्ट के साथ अभेद का प्रतिपादन सोऽयं देवदत्तः इससे किया जाता है, यह आप कहते हैं। या पूर्वकाल से उपलक्षित में वर्तमान काल से विशिष्टता रूप धर्म के प्रतिपादन से अर्थात् अभेद सिद्ध होता है, यह आप कहते हैं। वहाँ प्रथम पक्ष नहीं बन सकता है, क्योंकि एतत्कालविशिष्ट और अविशिष्ट (पूर्वकालोपलक्षित) के स्वरूप के अभेद का होना असम्भव है, क्योंकि

संभवति परम्परया तत्प्रतिपादनाश्रयणस्यायुक्तत्वात् । उभयपदलक्षणाश्रयणे कल्पनागौरवात्तथाश्रीयत इति चेत्, मैवम्; अत्रापि परम्पराया अभेद-प्रतिपादनात्साक्षादभेदप्रतिपादने बुद्धिलाघवस्य दर्शितत्वात् । तथापि विनि-गमनायां को हेतुरिति चेत्; बुभुत्सितार्थस्य साक्षात्प्रतिपादनलाभ एवेति ब्रूमः । उक्तं च प्रतिज्ञावचनस्य साधनाङ्गत्वमाचक्षाणेनाचार्यवाचस्पतिना— "अनित्यं शब्दं बुभुत्समानायानित्यः शब्द इत्यनुक्त्वा यदेव किंचिदुच्यते

लक्षणा प्रसज्येत, ततो वरमेकलक्षणया पारस्पर्याश्रयणमिति शङ्कते—**उभयेति** । पारंपर्यकल्पनातो लक्षणाश्रयणं न्याय्यं व्यापारवत्प्रमाणगौरवात्, व्यापारगौरवस्य लघीयस्त्वात् । यदुद्दिश्य च वाक्यं प्रवर्तते तस्य बुभुत्सितस्याभेदस्य साक्षात्प्रतिपादनं भवति उद्दिष्टस्य पारंपर्येणेति क्लिष्टकल्पना स्यात्, तदेतद्धृदि निधाय परिहरति—**मैवमत्रापीति** । अनधिगतपराभिसन्धिः शङ्कते— **तथापीति** । विनिगमना निर्णयः । अभिसन्धिमुद्घाटयन्परिहरति—**बुभुत्सितेति** । बुभुत्सितस्यार्थिकप्रतिपत्तेः साक्षा-त्प्रतिपत्तिरभ्यर्हितेत्यत्राचार्यवाचस्पतिवचनमपि प्रमाणयति—**उक्तं चेति** । हेतूदाह-रणावयवद्वयवादिनं सौगतं प्रति प्रतिज्ञानानन्तर्यं हेतोर्ब्रुवतेत्यर्थः । अत्र च यत्कृतकं तदनित्यमित्युदाहरणनिर्देशः । कृतकश्च शब्द इति हेतुनिर्देशः । एतदुक्तं भवति— यद्यप्युदाहरणहेतुनिर्देशादप्यर्थाच्छब्दस्यानित्यत्वं पर्यवस्यति, तथापि साक्षादनिर्देशा-

---

(तथा सति) यदि एतत्कालविशिष्ट व्यक्ति पूर्वकालोपलक्षित से अभिन्न हो तो एतत्कालविशिष्ट का पूर्वकाल में भी सद्भाव (सत्त्व) प्राप्त होगा । दूसरा पक्ष भी युक्त नहीं, क्योंकि भाग त्याग लक्षणा से साक्षात् ही अभेदप्रतिपादन के सम्भव रहते, उक्त धर्म के प्रतिपादन द्वारा परम्परा से अर्थतः उस प्रतिपादन के आश्रयण को अयुक्तत्व है । यदि कहें कि दोनों पद (ब्राह्मणोऽयम्) में लक्षण मानने पर कल्पना गौरव होता है, अतः उक्त धर्म के प्रतिपादनपूर्वक अर्थतः अभेद का आश्रय करते हैं, तो यह कहना भी युक्त न होगा, क्योंकि इस पक्ष में भी परम्परा से अभेद का प्रतिपादन होता है, अतः बुद्धि की गौरवता है । उभय पद में लक्षणा द्वारा साक्षात् अभेद के प्रतिपादन में बुद्धि के लाघव दर्शाया गया है । तथापि एक पक्ष में लक्षणा लाघव है, एक पक्ष में बुद्धि लाघव है, वहाँ इनके विनिगमना (एक पक्ष के उत्कर्ष निर्णय) में कौन हेतु है कि जिससे कोई एक पक्ष माना जाय, यदि ऐसा प्रश्न हो, तो उत्तर है कि बुभुत्सितार्थ का साक्षात्प्रतिपादन रूप लाघव ही हेतु है । बुभुत्सित के आर्थिक ज्ञान की अपेक्षा साक्षात् ज्ञान श्रेष्ठ होता है, इसी तात्पर्य से प्रतिज्ञा वचन के साधनाङ्गत्व को कहते हुए आचार्य श्री वाचस्पति मिश्र ने कहा है कि (अनित्य शब्द के बुभुत्समान (बोधेच्छुक) के प्रति (अनित्यः शब्दः) ऐसा न कह कर, जो कुछ दृष्टान्त कहा जाता है कि—जो कार्य होता है

यत्कृतकं तदनित्यमिति वा, कृतकश्च शब्द इति वा, तत्सर्वमसंद्धबुद्धया न प्रत्येति प्रतिवादी" इति। एतेनोभयपदलक्षणास्वीकारे गौरवदोषो निरस्तो वेदितव्यः। बुभुत्सितार्थप्रतिपादनप्रयोजनतायां गौरवस्यैवोचितत्वात् प्रमाणवन्त्यदृष्टानि कल्प्यानि सुबहून्यपि' इति न्यायात्। तदेवमखण्डार्थत्वे न लक्षणासंभवः।

नापि प्रमाणासंभवः। तथाहि—

सत्यज्ञानादिगीरेतत्संसर्गव्यतिरेकिणि।
अर्थे प्रमाणं मानत्वान्नयनादिप्रमाणवत् ॥ २० ॥

सत्यादिवाक्यमेतत्पदार्थसंसर्गातिरिक्तेऽर्थे प्रमाणं प्रमाणत्वाच्चक्षुरादिवत्।

पराधमात्रादिदमसंबद्धबुद्धयभिधानमिति। एतेनेत्यस्यैव विवरणम्—बुभुत्सितार्थेति। लक्षणसमर्थनमुपसंहरति—तदेवमिति। प्रमाणं श्लोकेन संगृह्णाति—

सत्यज्ञानादीति। सत्यज्ञानादिगीर्विवादपदमेतत्संसर्गव्यतिरेकिण्यर्थे य एते सत्यादयः पदार्थास्तेषां संसर्गव्यतिरिक्ते संसर्गरहिते प्रमाणमिति प्रतिज्ञानिर्देशः। शेषं विशदम्। सिद्धसाधनतानिवृत्त्यै संसर्गव्यतिरेकिणीत्युक्तं, तथापि यत्किंचित्संसर्गव्यतिरिक्तत्वे-नार्थान्तरता तन्निवृत्त्यर्थमेतत्पदम्। यद्यपि गामानयेत्यादिवाक्यं संसर्गविषयं तथा-प्येतत्संसर्गव्यतिरेकिण्यर्थे प्रमाणमेवेति न व्यभिचारः। ततश्चासंसृष्टार्थप्रमितिजन-कत्वसिद्धिः एतदेव विवृणोति—सत्यादिवाक्यमित्यादिना। पूर्वमद्वैतश्रुतीनाम-

---

वह अनित्य होता है, अथवा शब्द कार्य है, यह हेतु कहा जाता है, उन सबको असम्बद्ध (सम्बन्ध रहित) बुद्धि से प्रतिवादी नहीं समझता है। अर्थात् उदाहरण और हेतु=उपनय के कथन से यद्यपि शब्द के अनित्यत्व सिद्ध होता है। तथापि साक्षात् प्रतिज्ञा के विना असम्बद्ध बुद्धि होती है, अतः साक्षात् कथन युक्त है। इसीसे दोनों पद में लक्षणा के स्वीकार होने पर भी गौरव रूप दोष को निरस्त (निवारित) समझना चाहिये। क्योंकि बुभुत्सितार्थ (जिज्ञासितार्थ) के प्रति-पादन रूप प्रयोजन (फल) की सत्ता रहते गौरव की ही उचितता (मान्यता) रहती है। अतः श्री कुमारिल भट्ट ने कहा है कि—प्रमाणवाली अनन्त अदृष्ट वस्तु कल्पनीय है। इस न्याय से यहाँ भी उभय पद में लक्षण कल्पनीय है। अतः इस उक्त रीति से उपनिषद् के अखण्डार्थत्व में लक्षण का असम्भव नहीं है। किन्तु सम्भव ही है।

प्रमाण का भी असम्भव नहीं है, यह दर्शाया जाता है कि सत्यं ज्ञानम् अनन्तं ब्रह्म, इत्यादि गीः = वाक्य, इन सत्यादि अर्थों के संसर्ग के व्यतिरेकी अभाव वाले अर्थ स्वरूप मात्र में प्रमाण है। प्रमाण होने से, नेत्रादि प्रमाण के समान ॥ २० ॥

यहाँ सिद्धसाधनता की निवृत्ति के लिये संसर्गव्यतिरेकिणी कहा है। यत्किञ्चित्

विपक्षे चैकरसत्वप्रतिपादकश्रुतीनामुदाहृतानामप्रामाण्यप्रसङ्गः, बुभुत्सिते ब्रह्मणि प्रामाण्याभावप्रसङ्गश्च बाधकस्तर्क उन्नेयः। यत्तु वाक्यत्वाद् गवानयनादिवाक्यवत् संसर्गपरत्वानुमानम्, तदेदरसत्वप्रतिपादकश्रुतिविरोधात्कालात्ययापदिष्टम्, उक्तरीत्या च संसर्गप्रतीतिजनकत्वाभावेऽपि वाक्यत्वोपपत्तेः संदिग्धव्यतिरेको हेतुः। आकांक्षासंनिधियोग्यतावन्ति पदानि वाक्यमिति वाक्यविदः, ननु संसर्गप्रमितिजनकान्यपीति; विशेषणवैयर्थ्यात्। आचार्यशबरस्वामिना च 'शास्त्रं शब्दविज्ञानादसंनिकृष्टेऽर्थे

प्रामाण्यप्रसङ्ग उक्तः, इदानीं सत्यज्ञानादिवाक्यस्य गुणगुण्यादिपरत्वेऽप्यप्रामाण्यप्रसङ्गमाह—**बुभुत्सितेति**। पूर्वपक्षिणोऽनुमानं दूषयति—**यत्त्वित्यादिना**। विपक्षबाधकतर्काभावाच्छङ्कितोपाधितां चाह—**उक्तेति**। उक्तनीत्या वाक्यत्वोपपत्तेरिति संबन्धः। ननु संसर्गपरत्वाभावे वाक्यत्वभङ्गप्रसङ्ग एव बाधक इत्यत आह—**आकाङ्क्षेति**। ननु प्रामाणाण्यभङ्गप्रसङ्गो बाधको नेत्याह—**आचार्येति**। शब्दविज्ञानाच्छब्दविषयज्ञानादसंनिकृष्टेऽर्थे प्रमाणान्तरेण तथा चानधिगते यद्विज्ञानं जायते

संसर्गव्यतिरिक्तता से अर्थान्तरता की निवृत्ति के लिये एतत् पद है, गामानय, इत्यादि वाक्य भी एतत् संसर्ग व्यतिरे की अर्थ में प्रमाण ही हैं। इत्यादि। अतः सत्यादि वाक्य, एतत्=सत्यादि पदार्थसंसर्ग से अतिरिक्त अर्थ में प्रमाण है, चक्षु आदि के समान। यह अनुमान संसर्गरहित अखण्डार्थ में प्रमाण है। इस अनुमान के विपक्ष (विरोधी पक्ष) में, एकरसत्व के प्रतिपादक पूर्वोदाहृत श्रुतियों की अप्रमाणता की प्राप्ति, तथा जिज्ञासित ब्रह्मविषय के श्रुतियों की प्रमाणता के अभाव की प्राप्ति बाधक तर्क उन्नेय (प्रदर्शनीय) है, और जो वाक्यत्व हेतु से गवानयनादि वाक्य के समान, संसर्ग का अनुमान प्रथम दर्शाया गया था कि (विवादास्पद सत्यादि वाक्य, पदार्थसंसर्ग प्रमिति जनक हैं) इत्यादि। वह अनुमान एकरसत्व के प्रतिपादक श्रुति के विरोध से कालात्ययापदिष्ट (बाधित) है। और उक्त रीति से संसर्गप्रतीति के जनकत्व के लक्षण वाक्यादि में अभाव रहते भी वाक्यत्व की सिद्धि से, सन्दिग्ध व्यतिरेक = साध्याऽभाव वाला वाक्यत्व हेतु है, क्योंकि वाक्यत्व के रहते भी लक्षण वाक्यों में उक्त साध्य नहीं रहता है, अतः अन्य वाक्यों में साध्याऽभाव का संशय हो सकता है। संसर्गपरत्वाभाव में वाक्यत्व का भङ्ग ही बाधक है, अतः उक्त संशय नहीं हो सकता है, यह नहीं कह सकते हैं, क्योंकि (अकांक्षा सन्निधि योग्यता वाले पदसमूह रूप वाक्य होता है, यह वाक्यवेत्ता कहते हैं, संसर्गप्रमिति जनकों को भी वाक्य नहीं कहते हैं। अतः वाक्य के लक्षण में स्मृतिजनकत्व विशेषण की व्यर्थता सिद्ध होती है, तथा उक्त पक्ष में विशेषण की (साध्य की) व्यर्थता है, और आचार्य श्री शबर स्वामीं ने (शास्त्रं शब्दविज्ञानादसन्निकृष्टेर्थे विज्ञानम्)

विज्ञानमि'त्येतावत एव लक्षणस्याभिधानात् । प्रातिपदिकमात्रार्थप्रश्नोत्तरत्वानुपपत्तिश्च, लौकिकवैदिकलक्षणवाक्यानामेकप्रातिपदिकार्थमात्रपर्यवसायित्वे प्रमाणम् । प्रदर्शिता च तत्रानुपपत्तिः—अबुभुत्सितार्थप्रतिपादनेऽनवधेयवचनत्वप्रसक्तिरिति । तदेवमशेषोपनिषदामखण्डैकरसे ब्रह्मणि स्वतः सिद्धमेव प्रामाण्यमिति सिद्धम् ।

तच्छास्त्रं शब्दप्रमाणमिति शाबरवाक्यार्थः । अत्र चानुवादविसंवादव्यवच्छेदायासन्निकृष्टपदम् । अपेक्षितादिपदनिराकरणायार्थग्रहणम् । अनुमानत्वनिराकरणाय शब्दविज्ञानग्रहणम् । एतावदेवाचार्यैर्लक्षणमभिहितं शब्दप्रमाणस्य न तु संसर्गविषयत्वमपीत्यर्थः । द्वितीयपक्षेऽप्यर्थापत्तिं प्रमाणमाह—**प्रातिपदिकेति** । अनुपपत्तिमेव दर्शयति—**अबुभुत्सितेति** । वादार्थमुपसंहरन् वर्तिप्यमाणमेवोद्घाटयति—**तदेवमिति** ।

अद्वैतवादे सत्यादिपदपर्यायतां तथा ।
अपर्यायेऽद्वयध्वंसं वादी वागीश्वरोऽब्रवीत् ॥
तस्य वाच्यार्थनानात्वाल्लक्ष्यस्यैक्यसमाश्रयात् ।
न पर्यायाद्वयध्वंसावित्यनुत्तरमुत्तरम् ॥

यत्तु प्रकृष्टप्रकाशशब्दावपि प्रकर्षादिबलात्प्रवृत्ताविति, तदबुभुत्सितत्वेनात्रैव परिहृतम् । यत्तु पृथक्प्रवृत्तयोः प्रकृष्टप्रकाशशब्दयोरेकत्र प्रयोगाद्युज्यते अर्थविशेषबोधकत्वम्, न तथेह, लौकिकज्ञानादेरपि ब्रह्मत्वादिति । तत्रोपहितज्ञानादेर्न ब्रह्मस्वरूपत्वमनुपहितं तु न वाच्यमित्यस्त्येव पृथक्प्रवृत्तिः ज्ञानादिशब्दस्येति न कोऽपि व्यतिकरः ।

अद्वयसत्सुखबोधविताने देहहृषीकमनोमतिहीने ।
विश्वविवर्तनिदानमबोधं घ्नन्ति वचांसि स यत्र परोऽस्मि ॥

इतना ही शब्द (वाक्य) रूप प्रमाण का लक्षण कहा है । अर्थ है कि (शब्द विषयक श्रावण (श्रोत्र जन्य) ज्ञान से, प्रमाणान्तर से अनधिगतार्थ विषयक जो ज्ञान होता है, उस ज्ञान का जनक शास्त्र शब्दप्रमाण कहा जाता है) इनमें संसर्ग विषयकत्व नहीं सिद्धि होता है । और लौकिक-वैदिक लक्षण वाक्यों के एक प्रातिपदिकार्थ मात्र में पर्यवसायित्व (तात्पर्य वत्त्व) में प्रातिपदिकार्थ मात्र के प्रश्नत्व तथा उत्तरत्व की अनुपपत्ति प्रमाण है । वह अनुपपत्ति दर्शाई गई है कि अजिज्ञासितार्थ के प्रतिपादन करने पर वक्ता में अनवधेय वचनत्व (अश्रद्धेय = उपेक्ष्य वचनवत्त्व) की प्रसक्ति (प्राप्ति) होती है । अतः उक्त रीति से सिद्ध हुआ कि सब उपनिषदों की अखण्ड एकरसब्रह्मविषयक स्वतः सिद्ध ही प्रमाणता है, अर्थात् इतिहास, पुराण, स्मृति आदि में प्रत्यक्ष अनुमान वेदादि मूलक प्रमाणता होती है, वेद में स्वतःप्रमाणता रहती है, उपनिषद् वेद हैं, अतः स्वतःप्रमाण है ।

ननु किमिदं प्रामाण्यस्य स्वतस्त्वम् ? न तावत्स्वत एव जन्म; स्वस्य स्वहेतुकत्वविरोधात्। नापि प्रमाणादेव जन्म; ज्ञानस्य गुणत्वेन स्वप्रामाण्यं प्रति समवायिकारणत्वासंभवात्। नापि ज्ञानसामग्रीतो जन्म; प्रामाण्यस्योपाधित्वे जातित्वे च जन्मासंभवात्। तथाहि—उपाधिपक्षे स्मृतित्वानधिकरणस्य ज्ञानस्य बाधात्यन्ताभावः प्रामाण्यम्। न च तस्योत्पत्तिः संभवति;

स्वतःसिद्धमेव प्रामाण्यमित्युक्तमुपश्रुत्य परतः प्रामाण्यवादी प्रत्यवतिष्ठते—**नन्विति**। तत्र लक्षणं तावदाक्षिपति—**न तावदित्यादिना**। तत्र किं स्वत एव प्रामाण्यस्य जन्म स्वतःप्रामाण्यं नाम ? आहोस्वित्स्वाश्रयज्ञानजन्यत्वम् ? उत स्वाश्रयज्ञानसामग्रीजन्यत्वम् ? अथवा ज्ञानसामग्रीजन्यप्रमाश्रितत्वम् ? किंवा ज्ञानसामग्रीमात्रजन्यप्रमाश्रितत्वम् ? नाद्य इत्याह—**न तावदिति**। **विरोधादिति**। स्वस्यैव स्वकारणतया प्राक्क्षणे सत्त्वं, कार्यतया च प्रागसत्त्वमिति व्याघातादित्यर्थः। द्वितीयं निषेधधि—**नापीति**। एतच्च स्वशब्दस्य स्वीयवचनत्वमाश्रित्य। स्वाश्रयप्रामाण्यजनकत्वे हि समवायिकारणतया द्रव्यत्वापातो ज्ञानस्येत्यर्थः। तृतीयं निषेधति—**नापि ज्ञानेति**। तत्सामग्र्यामपि हि यथाकथंचित्स्वीयतया स्वशब्दो भवत्येवेति भावः। तदेतदसंभवेन दूषयति—**प्रामाण्यस्येति**। बाधात्यन्ताभावो घटादेरप्यस्तीति ज्ञानस्येत्युक्तम्। तथापि स्मृतावतिव्याप्तिस्तदर्थं **स्मृतित्वानधिकरणस्येति**। अबाध्यानुभवत्वमित्यर्थः। विषयापहारश्च बाधस्तदभावश्चापाततः संशयादेरप्यस्तीत्यत्यन्तग्रहणम्। अत्र च भ्रमादौ धर्म्यंशे जातिसङ्करप्रसङ्गात् प्रामाण्यमुपाधिरिति केचित्। अपरे तु तत्र गौणं व्यवहारमादाय जातिरिति वदन्ति,

---

उक्त रहस्य को नहीं जानने मानने वाले परतः प्रामाण्यवादी शंका करते हैं कि, यह प्रामाण्य (प्रमात्व) के स्वतस्त्व क्या है (स्वतः एव प्रमाण का जन्म स्वतः प्रामाण्य है (१), स्वाश्रयज्ञानजन्यत्व है (२), या स्वाश्रयज्ञानसामग्रीजन्यत्व है (३), या ज्ञानसामग्रीजन्यप्रमाश्रितत्व है (४), या ज्ञानसामग्री मात्र जन्य प्रमाऽऽश्रितत्व है (५), या वहाँ, स्वतः एव (प्रामाण से ही प्रामाण्य का जन्म कहना नहीं बन सकता है, क्योंकि स्व को स्वहेतुकत्व (स्वजन्यत्व) मे विरोध है, प्रामाण्य-आप अपना पिता और पुत्र नहीं हो सकता है। स्वाश्रय प्रमाण (प्रमा) ज्ञान से प्रामाण्य का जन्म भी नहीं कहा जा सकता है, क्योंकि समवायिकरणता द्रव्य में होती है, ज्ञान में गुणत्व के रहने से, उसमें अपने प्रामाण्य के प्रति समवायिकारणता का होना असम्भव है। स्वाश्रय ज्ञान की सामग्री से जन्यत्व रूप तीसरा पक्ष भी नहीं बन सकता है, क्योंकि प्रामाण्य में उपाधित्व या जातित्व रहते उसके जन्म होना असम्भव है। उपाधिपक्ष में, स्मृतित्वानधिरण ज्ञान का बाधाऽत्यन्ताभाव प्रामाण्य का स्वरूप है, उस अत्यन्ताऽभाव की उत्पत्ति नहीं हो सकती है,

अत्यन्ताभावत्वादेव । नापि जातेर्जन्म; नित्यत्वात् ज्ञानसामग्रीजन्यत्वं प्रमायाः प्रामाण्यस्य स्वतस्त्वमिति चेत् मैवम् ; अप्रमाया अपि स्वतस्त्व-प्रसङ्गात्, तस्या अपि ज्ञानसामग्रीजन्यत्वात् । अथ ज्ञानसामग्रीमात्रजन्यत्वं स्वतस्त्वम्, अप्रमा तु न तन्मात्रजन्या, दोषसहकृतज्ञानसामग्रीजन्यत्वादिति चेत्, मैवम् ; विकल्पासहत्वात् । तथाहि—दोषाभावसहकृतज्ञानसामग्री-जन्यत्वं मात्रशब्दार्थः ? किं वा दोषासहकृतज्ञानसामग्रीजन्यत्वम् ? नाद्यः; परतः प्रामाण्यवादिमतानुप्रवेशप्रसङ्गात् । तेऽपि हि दोषाभावसहकृतज्ञान-सामग्रीजन्यत्वमेव परतः प्रामाण्यमितीच्छन्ति । नापि द्वितीयः; विशेष-

---

तेनेदं द्वैविध्यमुक्तम्। चतुर्थं शङ्कते—**ज्ञानसामग्रीति**। यदिदं प्रमाया ज्ञानसामग्री-जन्यत्वं तत्प्रामाण्यस्य स्वतस्त्वमिति योजना । तदेतदतिव्याप्त्या दूषयति—**मैवमिति**। ज्ञानविशेषो ह्यप्रमा, विशेषसामग्र्यां च सामान्यसामग्र्यनुप्रविशति, शिंशपासामग्र्यामिव वृक्षसामग्री, इतरथा तस्याकस्मिकत्वप्रसङ्गात्। अतः परत-स्त्वेनाभिमताप्रामाण्येऽपि ज्ञानसामग्रीजन्यत्वश्रितेऽतिव्याप्तिरित्यर्थः । **अप्रमाया अपीति**। अप्रामाण्यस्येत्यर्थः। पञ्चमं शङ्कते—**अथेति**। अप्रमायामतिव्याप्तिपरि-हारं मात्रग्रहणेन विवक्षितम्, स एव विवृणोति—**अप्रमा त्विति**। अत्र मात्रग्रहणेना-प्रमासामग्रीरूपदोषासाहित्यद्वारेण तदभावसाहित्यमपि ज्ञानसामग्र्यां विवक्षितम् ? उतासाहित्यमात्रम् ? इति विकल्प्याद्यं दूषयति—**नाद्य इति**। एवं स्वतःप्रामाण्यं परतस्त्वेऽप्युपपद्यते इत्यर्थान्तरमित्यर्थः। द्वितीयं दूषयति—**नापि द्वितीय इति**। यथा हि प्रमाणज्ञानहेतोर्विशेषदर्शनस्याभावोऽप्रमाणज्ञानहेतुः, एवमप्रमाणज्ञानहेतो-

---

अत्यन्ताऽभाव होने ही से उसमें नित्यत्व रहता है। जाति का भी जन्म नहीं होता है, उसमें भी नित्यत्व रहता है। ज्ञानसामग्रीजन्यत्व प्रमा के प्रामाण्य का स्वतस्त्व है, यदि ऐसा कहें, तो यह कथन भी युक्त नहीं। क्योंकि इस प्रकार से अप्रमा को भी स्वतस्त्व प्राप्त होगा, क्योंकि उसको भी ज्ञानसामग्रीजन्यत्व है। यदि कहें कि ज्ञान को सामग्रीमात्र से जन्यत्व स्वतःप्रामाण्य कहा जाता है, अप्रमा तो ज्ञान-सामग्री मात्रजन्य नहीं होती है, उसमें दोषसहित ज्ञानसामग्रीजन्यत्व रहता है, तो ऐसा कहना नहीं बन सकता है, क्योंकि यह पक्ष विकल्प को नहीं सह सकता है, विकल्प यह है कि, दोषाऽभाव सहित ज्ञानसामग्रीजन्यत्व लक्षण गत मात्र शब्द का अर्थ है, या दोषाऽसहकृत ज्ञानसामग्रीजन्यत्व है, अर्थात् ज्ञानसामग्री में दोषाऽभाव युक्तत्व विवक्षित है, या दोषरहितत्व विवक्षित है, प्रथम पक्ष को नहीं मान सकते हैं, क्योंकि परतः प्रामाण्यवादी मत का अनुप्रवेश प्राप्त होगा, परतः प्रामाण्यवादी नैयायिक भी दोषाऽभावसहकृत (सहित) ज्ञानसामग्रीजन्यत्व को ही परतःप्रामाण्य इस शब्द का अर्थ मानते हैं। दूसरा पक्ष भी युक्त नहीं हो

दर्शनस्य भ्रमनिवृत्तिहेतुत्वे तद्विपर्ययस्य भ्रमहेतुत्ववद्दोषसहकृतज्ञानसामग्रीजन्यं ज्ञानमप्रमेत्यङ्गीकुर्वता प्रमां प्रति दोषाभावस्य हेतुताया अनिराकार्यत्वात् । नन्वीश्वरज्ञान इव दोषाभावस्यावर्जनीयतया अस्मत्प्रमास्वपि तथासन्निधिः किं न स्यात् ? नहीश्वरज्ञानेऽपि दोषाभावः प्रयोजक इति युक्तं वक्तुम् ; तत्प्रयुक्तत्वस्य तदन्तर्भूतसामग्रीजन्यत्वानतिरेकात् , तस्य च नित्यतया विशिष्टसामग्रीजन्यत्वादिति चेत् , मैवम् ; अन्तरेणापि तत्सामग्री-

---

दोषस्याभावोऽपि प्रमाणहेतुर्भवत्येव । एवमवधृतस्वाभाव्यादनयोरित्यर्थः । यद्यपि प्रमासामग्र्यां दोषाभावाऽविघातस्तथापि न हेतुतयाऽपित्ववर्जनीयसन्निधेराकाशवत् । युक्तं चैतत्, इतरथा नित्यस्येश्वरज्ञानस्य तदनुत्पाद्यतया प्रामाण्याभावप्रसङ्गादिति शङ्कते—**नन्विति** । जन्या प्रमा दोषाभावसहकृतज्ञानसामग्रीजन्या न भवति प्रमात्वादीश्वरप्रमावदिति भावः । साध्यवैकल्यं परिहरति—**न हीति** । ननु जन्यत्वाभावेऽपि तत्प्रयुक्तत्वं किं न स्यादित्यत आह—**तत्प्रयुक्तत्वस्येति** । **तदन्तर्भूतेति** । स दोषाभावादिरन्तर्भूतो यस्यां सामग्र्यां सा तदन्तर्भूता सामग्री, अथवान्तर्भाव एवान्तर्भूतम् , भावे निष्ठा, तदन्तर्भाववती सामग्रीत्यर्थः । न तद्गर्भसामग्रीजन्यत्वं तत्प्रयुक्तत्वम् , नहि गुणवत्त्वप्रयुक्तं द्रव्यत्वमित्यत्र गुणवत्त्वद्रव्यत्वयोर्जन्यजनकभावः; परस्परमेकस्योपाधित्वात् परस्य च जातित्वात्, किं तर्हि समव्यापकत्वमात्रेण प्रयोज्यप्रयोजकभावः, एवमत्रापीति परिहृति—**मैवमिति** । अनित्ये स्वाश्रयद्वारा कादा-

---

सकता है । क्योंकि भ्रमाधिष्ठान के विशेष दर्शन को भ्रमनिवृत्ति के हेतुत्व रहने पर उसके विपर्यय (विशेष दर्शन के अभाव) को जैसे भ्रमहेतुत्व होता है, वैसे ही दोषयुक्त ज्ञानसामग्रीजन्य ज्ञान अप्रमा होता है, ऐसा स्वीकार करने वाले से प्रमा के प्रति दोषाऽभाव की हेतुता का निवारण नहीं किया जा सकता है, और दोषाभाव की हेतुता के रहने पर परतःप्रामाण्य वाद का अनुप्रवेश होगा ही । यदि कहा जाय कि यद्यपि प्रमाज्ञान की सामग्री में दोषाभाव का उक्त रीति से अनिवार्यता रूप से आकाश के समान सम्बन्ध रहता है, तथापि वह प्रमाज्ञान का हेतु नहीं होता है, क्योंकि जैसे ईश्वरज्ञान में अवर्जनीय रूप से दोषाऽभाव रहता है, उसी प्रकार से हम सब के प्रमाज्ञान में ईश्वरज्ञान के समान ही दोषाभाव की सन्निधि क्यों न होगा । और ईश्वर के ज्ञान में दो भाव के सम्बन्ध रहते भी, दोषाऽभाव ईश्वरज्ञान का प्रयोजक (हेतु) है, ऐसा कहना युक्त नहीं हो सकता है, क्योंकि दोषप्रयुक्तत्व को दोष जिसके अन्तर्गत हो ऐसी सामग्री से जन्यत्व के साथ अनतिरेक (अभेद) रहता है । अर्थात् दोषयुक्त सामग्री से जन्य में दोषप्रयुक्तत्व (जन्यत्व) होता है, दोष उसका प्रयोजक हेतु होता है, और उस ईश्वरज्ञान के नित्य होने से दोषयुक्त सामग्रीजन्यत्व का होना असम्भव है, अतः कैसे अवर्जनीय

जन्यत्वं नित्यद्रव्येषु गुणवत्त्वप्रयुक्तद्रव्यत्ववत्तत्प्रयुक्तत्वोपपत्तेः। न च दोषाभावस्याभावत्वादेवाकारणत्वम्; विशेषदर्शनाभावस्य भ्रमहेतुत्ववत्प्रामाणाभावस्य प्रमेयाभावप्रमितिहेतुत्ववद्विहिताकारणस्य प्रत्यवायहेतुत्ववच्च तदुपपत्तेः।

चिरकत्वमपि कथंचित्संभाव्यमिति नित्यद्रव्येष्वित्युक्तम्। नन्वभावस्य कारणतैवायुक्ता, निःस्वभावत्वादिति तत्राह—**न चेति**। किमिदं निःस्वाभावत्वम्? यद्यसत्त्वम्, तत्किं सत्तानधिकरणत्वम्? तर्हि गतं सामान्यादीनां बुद्धिकारणत्वेन। न च स्वरूपसत्त्वरहितत्वम्, तदसिद्धम्। यथाहोदयनः—'नह्यसौ विधिरूपेण तुच्छ इति स्वरूपेणापि तथा, इतरथा भावस्यापि तथात्वापाता'दिति। अथ भावत्वानधिकरणत्वम्? किमेतावता? किं चाभावस्य कार्यत्वमङ्गीक्रियते? न वा? न यदि, तदा प्रध्वंसानुत्पत्त्या घटस्य नित्यता स्यात्। अस्ति चेत्, कारणत्वेन किमपराद्धम्। कः खलु विशेषो नियतप्राक्क्षणसतः प्रागसत्त्वे सति सत्तायोगित्वसत्त्वे? अथान्यथैवाभूत्वाभावित्वाद्यात्मकं तत्र कार्यत्वं शिक्षयसि कारणत्वमपि तथा शिक्षयेति मूकीभावः। उक्तं चोदयनेन—'भावो यथा तथाऽभावः कारणं कार्यवन्मतः' इति। किंच न सर्वत्र भावरूपा एव दोषाः, येन तदभावस्याभावतया न कारणत्वम्, अपि त्वभावरूपा अपि सन्ति दोषाः, तदभावस्य न किमिति कारणता स्यात्। अथ भावस्य तत्र तत्र दृष्टचरं कारणत्वं न त्वभावस्येति, तत्र; अभावस्यापि तत्र तत्र दर्शनास्स्वीकाराच्च भवद्भिरित्याह—**विशेषदर्शनेत्यादिना**। साधारणधर्मदर्शनविशेषादर्शनाभ्यां सर्वत्र भ्रम इत्यर्थः। भाट्टानेव प्रत्याह—**प्रमाणाभावस्येति**। योग्यानुपलब्ध्या ह्यभावप्रमितिरङ्गीक्रियते अनुपलब्धिश्चोपलब्ध्यभाव इत्यर्थः। मतद्वयसंमतमुदाहरणमाह—**विहिताकरणेति**। ये त्वत्र—

'स्वकाले यदकुर्वन् हि करोति यदचेतनः।
प्रत्यवायोऽस्य तेनैव नाभावेन स जन्यते॥'

दोषप्रयुक्तत्व ईश्वरज्ञान में नहीं है, इसी प्रकार स्वतःप्रामाण्यवाद में अवर्जनीय दोषप्रयुक्तत्व प्रमाज्ञान में नहीं माना जाता है, तो यह कहना युक्त नहीं। क्योंकि ईश्वरज्ञान में दोषयुक्त सामग्रीजन्यत्व के अभाव रहते भी दोषप्रयुक्त हो सकता है, जैसे कि नित्य द्रव्यों में गुणवत्त्व प्रयुक्त (गुणवत्त्व निमित्तक) द्रव्यत्व होता है। फिर इसी प्रकार दोषाभाव प्रयुक्तप्रमात्व प्राप्त होगा। यदि कहा जाय कि दोषाभाव के अभाव होने ही से उसमें कारणत्व नहीं रह सकता है, तो यह कहना युक्त नहीं, क्योंकि विशेषज्ञानाभाव को भ्रमहेतुत्व के समान, प्रमाणाभाव (अनुपलब्धि) को प्रमेयाभाव प्रमिति हेतुत्व के समान, विहित कर्माकरण (नित्य कर्माननुष्ठान) को प्रत्यवाय (पाप) हेतुत्व के समान, दोषाभाव भी वह प्रयोजकत्व होता है।

न च प्रामाण्यस्य स्वतस्त्वे मानमस्ति। प्रामाण्यं ज्ञानहेतुमात्रजन्याश्रयमप्रामाण्येतरत्वे सति ज्ञानैकधर्मत्वात् ज्ञानत्ववत् दोपजन्यत्वेन व्यभिचारो मा भूदिति ज्ञानैकधर्मत्वादित्युक्तम्। तथा प्रामाण्यमुक्तविधमप्रामाण्येतरत्वे सति ज्ञानत्वन्यूनवृत्तित्वात् प्रत्यक्षत्ववदित्यनुमानं मानमिति केचित्, तन्न; विकल्पासहत्वात्। तथाहि—किं तथाविधव्यक्तिवृत्तितामात्रं विवक्षितम्?

इति ब्रुवते, तैरप्यतिप्रसक्तिपरिहारायाकुर्वन् यदन्यत्करोतीति वचनादभावहेतुताऽभ्युपगमप्रत्याख्याना।

एवं लक्षणमाक्षिप्य प्रमाणमाक्षिपति—**न च प्रामाण्येति**। रत्नदीपावलीकृतमनुमानमुद्भावयति—**प्रामाण्यमिति**। ज्ञानहेतुजन्याश्रयत्वसाधने सिद्धसाधनता तदर्थं मात्रग्रहणम्, ज्ञानैकधर्मत्वमप्रामाण्येऽप्यस्तीति तत्र व्यभिचारवारणायाप्रामाण्येतरत्वे सतीत्युक्तम्। घटत्वादिव्यावृत्त्यै ज्ञानग्रहणम्। उत्तरविशेषणकृत्यमाह—**दोपेति**। तद्धि व्याधेरपि धर्म इति न ज्ञानैकधर्म इत्यर्थः। तदीयमेवानुमानान्तरमाह—**तथेति**। ज्ञानत्वन्यूनवृत्तित्वमप्रामाण्येऽप्यस्तीति अत उक्तम्—**अप्रामाण्येतरत्वे सतीति**। सत्तागुणत्वज्ञानत्वैर्व्यभिचारनिवारणाय ज्ञानत्वन्यूनवृत्तित्वग्रहणम्।

नैयायिक विशेपावयव-सम्बन्ध-दोपाऽभावादिरूपगुणजन्यप्रमात्व को मानते हैं, अतः उस स्वसिद्धान्त में स्थितिपूर्वक ज्ञानसामग्री मात्र जन्यत्व रूप स्वतः प्रमाण्य के लक्षण को निपेध करके अब स्वतस्त्व विपयक प्रमाण का अभाव कहते हैं कि (प्रामाण्य के स्वतस्त्व में प्रमाण भी नहीं है) वहाँ स्वतः प्रमाणवादी के अनुमान दर्शाते हैं कि (प्रामाण्य, ज्ञान हेतुमात्रजन्य आश्रय वाला है, अप्रमात्व से भिन्न होता हुआ ज्ञान मात्र धर्मत्व से, ज्ञानत्व के समान) ज्ञान हेतुजन्याश्रयत्व साध्य करने पर सिद्धसाधन होता, उसके वारण के लिये मात्र कहा है। ज्ञानैकधर्मत्व अप्रमात्व में भी है, अतः अप्रमाण्येतरत्व कहा है। घटत्वादि के वारण के लिये ज्ञान का ग्रहण है। अप्राण्येतरत्व इतना ही हेतु रहता तो दोपजन्यत्व उसका अर्थ होता, और उसका पक्ष में वृत्तित्व का व्यभिचार होता, क्योंकि दोपजन्यत्व तो व्याधि का धर्म है, अतः प्रामाण्येतरत्व युक्त ज्ञानैकधर्मत्व कहा, उसमें पक्षवृत्तित्व है। इसी प्रकार का अनुमानान्तर है कि (प्रामाण्य, उक्तविध = ज्ञानहेतु मात्रजन्य आश्रय वाला है, अप्रामाण्यभिन्नत्व युक्त ज्ञानत्व से न्यूनदेशवृत्तित्व वाला होने से, प्रत्यक्षत्व के समान)। इस अनुमान में सत्तागुणत्व ज्ञानत्व द्वारा व्यभिचारवारण के लिये ज्ञानत्व न्यूनवृत्तित्व का ग्रहण है। इन अनुमानों को कोई स्वतःप्रामाण्य में प्रमाण कहते हैं, परन्तु यह कथन युक्त नहीं है, क्योंकि अनुमान विकल्पायोग्य है। उक्त अनुमानों में (ज्ञानहेतुमात्रजन्यवृत्तित्वमात्र साध्य

उतान्यावृत्तित्वे सति तथाविधव्यक्तिवृत्तित्वम् ? नाद्यः; अंशतः सिद्धसाधनत्वात् अनुव्यवसायानुमित्युपमितीनां स्वतःप्रमात्वस्य परैरप्यङ्गीकारात्। न द्वितीयः; आद्यप्रयोगे दृष्टान्तस्य साध्यविकलत्वात्, ज्ञानत्वस्य दोषजन्याप्रमाणज्ञानवृत्तित्वस्याप्यङ्गीकारात्। नाप्रमाणज्ञाने ज्ञानत्वस्य वृत्तिस्तस्य ज्ञानाभासत्वादितिचेत्, मैवम्; तथा सत्यप्रामाण्येतरत्वे सति इति विशेषणस्य वैयर्थ्यात्, अप्रमाणज्ञानस्य ज्ञानाभासत्वेनाप्रामाण्यस्य ज्ञानवृत्तित्वाभावात् द्वितीयानुमाने च संशयत्वादिना व्यभिचारः। तथाहि—तदपि ह्यप्रामाण्येतरत्वे सति ज्ञानत्वन्यूनवृत्ति भवति, न तु भवति ज्ञानहेतुमात्रजन्याश्रयम्, तिमिरादिदोषजन्याश्रयत्वात्। दृष्टान्तस्य साध्यविकलता

अत्र किं ज्ञानहेतुमात्रजन्यवृत्तित्वमात्रं साध्यम् ? किं वा ज्ञानहेत्वतिरिक्तजन्यावृत्तित्वे सति ज्ञानहेतुमात्रजन्यवृत्तित्वमिति विकल्प्याद्येंऽशतः सिद्धसाधनमाह—**अंशत इति**। यथा चैतेषां स्वतः प्रमात्वं तैरङ्गीकृतं तथा सिद्धान्ते दर्शयिष्यते। साध्यविकलत्वमेव दर्शयति—**ज्ञानत्वस्येति**। दोषजन्येत्यतिरिक्तजन्यत्वमुक्तम्। अत्रान्तरासिद्धान्तिमतमवलम्ब्य कश्चिच्चोदयति—**नाप्रमाणेति**। उक्तं हि अविद्या वेद्यैः सह भ्रम इत्यभिमानः। एवं प्रकृतदूषणं परिहरतो विशेषणवैयर्थ्यम्, तथाचैकं सन्धित्सतोऽपरं प्रच्यवत इत्याह—**मैवमिति**। व्यभिचारमेव स्फोरयति—**तथाहीति**। दूषणान्तरं

विवक्षित है अथवा ज्ञानहेत्वतिरिक्तजन्यावृत्तित्व-युक्तज्ञान-हेतुमात्र-जन्य-वृत्तित्व विवक्षित है) इसमें प्रथम पक्ष युक्त नहीं, क्योंकि अनुव्यवसाय अनुमिति उपमिति के स्वतःप्रमात्व को अन्य भी मानते हैं, अतः उन अंशों में सिद्धसाध्यत्व की प्राप्ति होती है। दूसरा पक्ष भी युक्त नहीं हो सकता है, क्योंकि आद्य प्रयोग, अनुमान में ज्ञानत्व रूप दृष्टान्त को साध्य विकलत्व प्राप्त होता है। ज्ञानत्व को दोषजन्य अप्रमाण ज्ञान में भी वृत्तित्व को माना जाता है, अतः ज्ञान हेतु से अतिरिक्त=दोषजन्य ज्ञान में अवृत्तित्व ज्ञानत्व को नहीं रहता है। यदि कहें कि अप्रमाण ज्ञान (भ्रम) में ज्ञानत्व नहीं रहता है, क्योंकि वह ज्ञान नहीं है, किन्तु ज्ञानाऽऽभास (मिथ्याज्ञान) है, तो यह कहना युक्त नहीं, क्योंकि यदि अप्रमा ज्ञान नहीं हो तो अप्रामाण्येतरत्वे सति (अप्रामाण्येतरत्व युक्त) इस विशेषण की व्यर्थता होगी। अप्रमा के ज्ञान नहीं होने पर अप्रमात्व भी ज्ञानवृत्ति नहीं होगा, फिर उसकी व्यावृत्ति के लिये विशेषण व्यर्थ होगा। ज्ञानत्वन्यूनवृत्तित्वात्—इतना ही हेतु उचित होगा। अप्रमाण ज्ञान के ज्ञानाभास होने के कारण उसमें ज्ञानत्व नहीं रहेगा। द्वितीय अनुमान में संशयत्वादि से व्यभिचार है। अप्रामाण्येतरत्वे सति ज्ञानत्वन्यूनवृत्तित्वसंशयत्वादि में भी रहता है, परन्तु तिमिरादि दोषजन्याऽऽश्र-

च; प्रत्यक्षत्वस्यापि परतः प्रामाण्यवादिना ज्ञानहेतुमात्रजन्याश्रयत्वानाश्रयणात्। प्रमात्वमेव यस्य ज्ञानहेतुमात्रजन्याश्रयं न भवति, गुणविशिष्टज्ञानसामग्रीजन्यवृत्तित्वात्, तस्य कथं तदवान्तरजातिप्रत्यक्षत्वं तद्धेतुमात्रजन्याश्रयं स्यात् ?

अस्ति च परतस्त्वेऽपि प्रयोगः—अनीश्वरप्रमा विज्ञानहेत्वतिरिक्तहेत्वधीना कार्यत्वाद्घटवत्। ननु किं ज्ञानव्यक्तेः प्रमाव्यक्तितोऽस्ति कश्चिद्विशेषः ? किं

चाह—**दृष्टान्तस्येति**। तस्यैव विवरणं **प्रत्यक्षत्वस्यापीति**। ननु किमिति प्रत्यक्षत्वं नाङ्गीक्रियते, नहि तत्प्रमात्वमित्यत आह—**प्रमात्वमेवेति**। गुणविशिष्टसामग्रीजन्यप्रमाश्रयं प्रमात्वमिति यस्याङ्गीकारः स कथं तदवान्तरजातिं प्रत्यक्षत्वं ज्ञानहेतुमात्रजन्याश्रयमङ्गीकुर्यादित्यर्थः। गुणग्रहणं दोषाभावस्याप्युपलक्षणम्।

एवं स्वतस्त्वलक्षणप्रमाणे दूषयित्वा परतस्त्वे कुसुमाञ्जलीयमनुमानं दर्शयति—**अनीश्वरप्रमेति**। इदं च तत्र युक्तं प्रक्षिप्तमीश्वरप्रमायां बाधासिद्धी मा भूतामिति। यदस्य रत्नदीपावल्यामनुमानदूषणमुक्तं तदुद्दिधीर्षुरनुवदति—**ननु किं ज्ञानव्यक्तेरिति**। किं ज्ञानत्वाश्रयो या ज्ञानरूपिणी व्यक्तिस्ततो भिन्ना प्रमात्वा-

---

यत्व से ज्ञान हेतुमात्रजन्याश्रयत्वरूप साध्य नहीं रहता है, अतः हेतु को संशयादि में व्यभिचार है। संशयत्व को अप्रमात्व से भिन्न मान कर, यह दोष कहा गया है। और प्रत्यक्षत्व रूप दृष्टान्त में साध्यविकलता है, क्योंकि परतः प्रामाण्यवादी ने प्रत्यक्षत्व की भी ज्ञानहेतुमात्रजन्याश्रयता को नहीं माना है। और जिसके मत में प्रमात्व ही ज्ञानहेतुमात्रजन्य आश्रय वाला नहीं होता है, किन्तु गुणविशिष्टज्ञानसामग्रीजन्य वृत्तित्व से ज्ञानहेतुमात्रजन्याश्रयत्व का प्रमात्व में अभाव रहता है। उस वादी के मत में प्रमात्व के अवान्तर (व्याप्य) जातिप्रत्यक्षत्व को ज्ञानहेतुमात्रजन्यवृत्तित्व कैसे होगा।

उक्त रीति से स्वतस्त्व के लक्षण प्रमाण को दूषित ठहरा कर, परतःवादी कहते हैं कि, परतस्त्व में प्रयोग भी है कि (अनीश्वरप्रमा, विज्ञानहेत्वतिरिक्तहेत्वधीना, कार्यत्वात्, घटवत्) जीव की प्रमा, विज्ञान के हेतु से अन्य हेतु के अधीन होती है, कार्य होने से, घट के समान। बाध और असिद्धि के वारण के लिये प्रमा का अनीश्वर विशेषण है, इससे अनित्य प्रमा, यह अर्थ होता है। और वह प्रमा विज्ञान के हेतु सामान्य आत्ममनःसंयोग से अतिरिक्त इन्द्रिय-विशेषावयवादि के साथ सम्बन्ध से होती है, अतः सम्बन्ध गुण कहा जाता है। यहाँ शंका होती है कि ज्ञान व्यक्ति को (ज्ञान को) प्रमा व्यक्ति (प्रमा स्वरूप) से कोई विशेष (भेद) है, या नहीं है अतः प्रमा व्यक्ति (स्वरूप) ही ज्ञानव्यक्ति है।

वा प्रमाव्यक्तिरेव ज्ञानव्यक्तिः ? आद्ये प्रत्यक्षज्ञानव्यक्त्या स्पष्टो व्यभिचारः; प्रत्यक्षज्ञानव्यक्तेर्विज्ञानहेत्वतिरिक्तहेत्वधीनत्वाभावात्। द्वितीयेऽपि जन्यापि विज्ञानरूपा प्रमा न ज्ञानहेत्वतिरिक्तहेत्वधीनेति बाध इति चेत्, मैवम्; ज्ञानव्यक्तेः प्रमाव्यक्तितो भेदाभावेऽपि विज्ञानत्वप्रमात्वधर्मयोर्भेदात्। ततश्च घटत्वस्य पृथिवीत्वप्रयोजकातिरिक्तप्रयोजकत्वसाधन इव प्रमाया विज्ञानत्वप्रयोजकातिरिक्तप्रयोजकत्वसाधने बाधाभावात्। विपक्षे च प्रमात्वस्य विज्ञानत्वप्रयोजकमात्रप्रयोज्यत्वात्, ज्ञानत्ववदप्रमाज्ञानवृत्तित्वं स्यादिति बाधकस्तर्क उन्नेयः। ननु ज्ञानसामग्र्या एवानिरूपणात् तदति-

---

श्रयः प्रमाव्यक्तिः ? किं वा नेति-विकल्प्याद्ये व्यभिचारमाह—**प्रत्यक्षेति**। द्वितीये ज्ञानरूपायाः प्रमाव्यक्तेर्ज्ञानहेत्वतिरिक्तहेतुजन्यत्वसाधनं व्याहतम्, ज्ञानं ज्ञानहेतुत्वाधिकरणजन्यमिति हि तदर्थः स्यादित्याह—**द्वितीयेपीति**। तदेतद्दूषयति—**मैवमिति**। यद्यपि व्यक्त्योर्भेदो नास्ति तथापि ज्ञानत्वप्रमात्वयोर्भेदात् प्रमाया अपि ज्ञानत्वप्रयोजकव्यतिरिक्तप्रयोज्यत्वमुपपद्यते, यथा ह्येकस्मिन्नेव घटे द्रव्यत्वपृथिवीत्वघटत्वानां विभिन्नप्रयोजकतया द्रव्यादीनामपि विभिन्नप्रयोज्यतेत्यर्थः। ज्ञानहेत्वतिरिक्तहेत्वधीनत्वाभावे च बाधकमाह-**विपक्षे चेति**। यदि ज्ञानहेतुमात्रप्रोज्येयं तर्हि प्रत्प्रयोज्यज्ञानवृत्तिज्ञानत्ववत्प्रमात्वमप्यप्रमायां वर्ततेत्यर्थः। ननु साध्यमेवेदं नाङ्गं धारयति, ज्ञानहेतोरेवानिरूपणादीन्द्रियादीनां परस्परव्यभिचारादात्ममनःसंयोगस्य च सुखादिसाधारण्यात्। अतस्तदतिरिक्तहेतुरपि दुर्निरूप इति शङ्कते—**नन्विति**।

आद्य पक्ष में प्रत्यक्ष ज्ञान व्यक्ति द्वारा स्पष्ट ही व्यभिचार है, क्योंकि ज्ञानत्व धर्म वाले प्रत्यक्ष अनित्य ज्ञान में कार्यत्व रूप हेतु रहता है, और विज्ञान के हेतु से अतिरिक्त हेत्वधीनत्व का अभाव रहता है। अर्थात् प्रमा व्यक्ति में ज्ञानहेत्वतिरिक्त हेत्वधीनत्व के रहते भी उससे भिन्न प्रत्यक्ष अनित्य ज्ञान व्यक्ति में नहीं रहता है, और कार्यत्व हेतु रहता है, अतः स्पष्ट व्यभिचार है। और दूसरे पक्ष में प्रमा व्यक्ति के ज्ञानव्यक्तिस्वरूप ही होने के कारण जन्य (कार्य) स्वरूप भी विज्ञानरूपा प्रमा विज्ञानहेत्वतिक्त हेतु के अधीन नहीं हो सकती है, अतः बाधरूप दोष है। यह शंका युक्त नहीं। क्योंकि ज्ञान व्यक्ति को प्रमाव्यक्ति से भेद के अभाव रहते भी विज्ञानत्व और प्रमात्व धर्मों में भेद रहता है, ज्ञानत्व प्रयोजक से भिन्न प्रमात्व का प्रयोग हो सकता है, अतः घटत्व के पृथिवित्व प्रयोजकातिरिक्त प्रयोजकत्व के साधन (अनुमान) के समान, प्रमा के विज्ञानत्व प्रयोजकातिरिक्त प्रयोजकत्व के साधन में बाध नहीं हो सकता है। और प्रमात्व के विज्ञानत्व के प्रयोजक (हेतु) मात्र से प्रयोज्य (जन्य) होने पर, ज्ञानत्व के समान प्रमात्व की अप्रमाज्ञान में वृत्तिता होगी, यह विपक्ष बाधक तर्क प्रयोक्तव्य है। विज्ञान प्रयोजक से अतिरिक्त प्रयोज्यत्व के प्रमा में कहने पर शंका होती है कि इन्द्रियादि के परस्पर व्यभिचारादि से, ज्ञानसामग्री

रिक्तहेत्वधीनत्वं दुर्ज्ञानमिति चेत् मैवम्; एवं सत्यप्रमायाः परतस्त्वं दत्तजलाञ्जलिः स्यात्। तदपि हि ज्ञानसामग्रीनिरूपणाधीननिरूपणं, तस्य दोषानुपक्तविज्ञानसामग्रीजन्यताप्रतिज्ञानात्। तस्मान्नोत्पत्तौ प्रमायाः स्वतस्त्वम्।

नापि ज्ञप्तौ। तथाहि—नीलसंवेदनस्य प्रामाण्यं नीलसंवेदनेनैवावेद्यत इति स्वतस्त्वमुच्यते? किंवा तद्वेदनग्राहकमात्रग्राह्यत्वेन? नाद्यः; तस्य तत्राप्रमाणत्वात्। तथाहि—यदेतन्नीलप्रकाशनप्रत्यक्षं तन्नीलं प्रति तावत्प्रत्यक्षमिन्द्रियार्थसंनिकर्षोत्पन्नत्वात्। स्वप्रामाण्यपरिच्छित्तौ तु कथं

दूषयति—**मैवमिति**। अवश्यं तावद्दोषानुपक्तविज्ञानसामग्रीजन्यत्वमप्रमायां मन्वानेन ज्ञानसामग्री तावन्निरूपणीया, सा च नास्मन्मते दण्डवारिता, भवितव्यं च तया, अन्यथा विलक्षणकार्यादर्शनप्रसङ्गादिति भावः।

किमाश्रयज्ञानवेद्यत्वं प्रामाण्यस्य ज्ञप्तौ स्वतस्त्वम्? किं वा ज्ञानग्राहकग्राह्यत्वम्? इति विकल्प्याद्यं दूषयति—**नाद्य इति**। नीलसंवेदनस्य स्वप्रामाण्यग्राहकत्वाभावमेवोपपादयति—**तथा हीति**। इन्द्रियार्थसंनिकर्षोत्पन्नं ह्यनीश्वरप्रत्यक्षं

का ही निरूपण नहीं हो सकता है, ज्ञान की सामग्री क्या है, तो उसके अनिरूपण रहते, तदतिरिक्त हेत्वधीनत्व का प्रमा में ज्ञान होना दुर्ज्ञान (असम्भव) है, परन्तु ऐसी शंका नहीं होनी चाहिये, इन्द्रियादि में परस्पर व्यभिचार होते भी तत्तत् ज्ञानों के प्रति पृथक् २ अन्वयव्यतिरेक से उन्हें ज्ञानहेतु मानना चाहिये, क्योंकि हेतु नहीं मानने पर स्वीकृत अप्रमा की परस्ता भी दत्तजलाञ्जलिरस्त्यक्ता हो जायगी, क्योंकि दोषयुक्त ज्ञानसामग्रीजन्यत्व ही अप्रमा में परतस्त्व वेदान्त में भी माना जाता है, और वह परतस्त्व भी ज्ञानसामग्रीनिरूपणाऽधीन निरूपण वाला है। और उसकी दोषयुक्त ज्ञानसामग्रीजन्यता की प्रतिज्ञा (स्वीकृति) की गई है। अतः उक्त रीति से प्रमा की स्वतस्त्व (ज्ञानसामग्रीमात्रजन्यत्व) नहीं है।

प्रमा की ज्ञप्ति (ज्ञान) में भी स्वतस्त्व (ज्ञानज्ञापक ज्ञेयत्व) नहीं है। क्योंकि नीलज्ञान के प्रमात्व नीलज्ञान से ही संवेदित (प्रकाशित) होता है, इस प्रकार का स्वतस्त्व माना जाता है। या जहाँ नीलज्ञानग्राहकमात्र से ग्राह्यत्व रूप से स्वतस्त्व माना जाता है, वहाँ प्रथम पक्ष नहीं माना जा सकता है, क्योंकि नील ज्ञान को नील ज्ञानगत प्रमात्व के प्रति अप्रमाणत्व रहता है। जो यह नील का प्रकाशन रूप प्रत्यक्ष ज्ञान होता है, वह नील के साथ इन्द्रियसम्बन्ध से उत्पन्न होने के कारण नील के प्रति प्रत्यक्ष (प्रमाण) होता है, और स्वगत प्रामाण्य की परिच्छित्ति (प्रकाशन) में तो वह प्रमाण कैसे होगा, क्योंकि उसको ग्राह्येन्द्रिय के

तत्प्रमाणम् ? तस्य वहिरिन्द्रियैरसन्निकर्षात् । अपि च तत्प्रत्यक्षं विज्ञानस्यैव प्रामाण्यं गृह्णीयात् ? उत तत्फलस्य ? नाद्यः; ज्ञानस्य फललिङ्गानुमेयत्वेन तस्याप्रत्यक्षतया तत्प्रामाण्यस्यापि प्रत्यक्षतानुपपत्तेः । फलस्यापि स्वप्रकाशतया बाह्येन्द्रियाविषयत्वात्, तद्गतयथार्थत्वलक्षणप्रामाण्यस्यापि

तदिदं वहिरिन्द्रियस्यान्तरस्य वा प्रामाण्येन संनिकर्षादुत्पद्यते इति वक्तव्यं प्रत्यक्षवादिना, तत्र वहिरिन्द्रियग्राह्यत्वं प्रामाण्यस्यान्तर्धर्मत्वादेवासंभवीत्याह— **तस्येति** । नापि मानसत्वम् । तदा हि प्रामाण्यस्य मनःसंनिकर्षसमये तत्सत्त्वार्थं तदाश्रयज्ञानस्यापि सत्त्वं वक्तव्यम्, तथा च न तदेव ज्ञानं स्वाश्रितप्रामाण्येन्द्रियसन्निकर्षादुत्पत्तुमर्हति, सिद्धस्वभावात् । ज्ञानान्तरस्योत्पत्तौ तु परतःप्रामाण्यप्रसक्तिरिति, लिङ्गादिजन्यत्वाभावाच्च नानुमित्यादिरूपताशङ्कापि । किं चेदं प्रामाण्यमिति वा तत्तेन गृह्यते तत्प्रामाण्यमिति वा । आद्ये ज्ञाननिष्ठतया अग्रहणात् गृहीते तस्मिन् संशयप्रसङ्गः । द्वितीये स्वविशेषितप्रामण्यग्रहणे त्वग्रहापत्तिः । अपि च यथातथा भवतु, तत्तु कस्य प्रामाण्यं गृह्णातीति भाट्टं प्रति विकल्पयति—**अपि चेत्यादिना** । तत्फलं प्राकट्यम्, प्राकट्यलिङ्गानुमेयं विज्ञानं भाट्टैरभ्युपेयत । न चाप्रत्यक्षगतं प्रामाण्यं भवितुं प्रत्यक्षमर्हति । न च स्पर्शशब्दादितुल्यता; जातित्वात् । जातेरेव व्यक्तिप्रत्यक्षतानियतप्रत्यक्षत्वम्, वक्ष्यते च जातित्वमतमनन्तरमेवेति भावः । फलगतप्रामाण्यग्रहणपक्षेऽपि किं वहिरिन्द्रियेण ? आन्तरेण वा ? नाद्य इत्याह—**फलस्यापीति** । अर्थनिष्ठत्वादेव नान्तरप्रत्यक्षत्वमपि । यदि कश्चिदात्मनिष्ठत्वं मन्वीत सुचरितमिश्रमतानुसारेण तथापि स्वप्रकाशत्वादेवाविषयत्वे तद्गतप्रामाण्यमविषयः इत्यपि द्रष्टव्यम् । ज्ञानग्राहकादेव तत्प्रामाण्यग्रहणं ज्ञप्ति-

---

साथ सम्बन्ध नहीं रहता है, और बाह्य इन्द्रिय के सम्बन्ध से वह नील ज्ञान हुआ है, अतः वह नील के प्रति प्रमाण है, ज्ञान के प्रति नहीं । प्रमात्व ज्ञान का धर्म है, ज्ञान के ज्ञान विना तद्गत प्रमात्व का ज्ञान नहीं हो सकता है, और अन्तर्गत ज्ञान के साथ वहिरिन्द्रिय के सम्बन्ध का अभाव रहता है, और स्वतःप्रामाण्यवादी भट्टानुयायी भी होते हैं, अतः उनके प्रति प्रश्न है कि वह प्रत्यक्ष विज्ञान के प्रामाण्य (प्रमात्व) का ग्रहण करेगा, या उस ज्ञान से जन्य, फल (प्राकट्य=ज्ञातता) के प्रामाण्य का भी ग्रहण करेगा । वहाँ प्रथम पक्ष नहीं माना जा सकता है । भट्टमत में फल (प्राकट्य) रूप लिङ्ग से ज्ञान के अनुमेय (अनुमान से ज्ञेय) उसकी अप्रत्यक्षता से तद्गत प्रामाण्य की प्रत्यक्षता की सिद्धि नहीं हो सकती है । (घट, विषयता सम्बन्ध से ज्ञान वाला है, ज्ञातता वाला होने से) इस प्रकार से अनुमान मानते हैं और ज्ञातता रूप फल को भी स्वप्रकाशता के कारण बाह्य इन्द्रिय का विषयत्व नहीं होता है, और ज्ञातता के बाह्य विषय वृत्ति होने से अन्तरिन्द्रिय मन

वाह्येन्द्रियप्रत्यक्षविषयत्वानुपपत्तेः। नापि द्वितीयः; ज्ञानग्राहकमात्रग्राह्यत्वे प्रामाण्यस्य क्वचिदपि ज्ञाने प्रमाणमप्रमाणं वेति संशयाभावप्रसङ्गात्। ननु ज्ञानग्राहकमात्रग्राह्यत्वेप्यर्थविशेषितत्वस्य सांशयिकत्ववत्प्रामाण्यस्यापि सांशयिकत्वमुपपद्यते। तथाहि—कुम्भज्ञानस्याम्भो विषयोऽभून्न वेति संशयाना दृश्यन्ते जनाः, साम्भसामनम्भसामपि कुम्भानामुपलम्भात्। एवं प्रामाण्येऽपि संशयः किं न स्यादिति चेत्, मैवम्; अम्भसः कुम्भग्राहकसामग्रीमात्रग्राह्यत्वानङ्गीकारात्, अङ्गीकारे वाऽविशेषेण सकलकलशानां

स्वतस्त्वमिति द्वितीयं पक्षं दूषयति—**नापि द्वितीय इति**। दृश्यते हि क्वचिज्ज्ञाने प्रतीतेऽपि प्रामाण्ये संशयः, स न स्यात्; ज्ञाननिश्चायकादेव तन्निश्चयप्राप्तेरित्यर्थः। तत्र ज्ञानग्राहकमात्रग्राह्यत्वेप्युपपन्नः संदेहः ज्ञानगततदर्थविशेषितत्वस्य ज्ञानग्राहकमात्रग्राह्यत्वेऽपि तत्र संदेहदर्शनादतः प्रशिथिलमूलस्तर्कः हेतुश्च सव्यभिचार इत्योदयनं परतस्त्वानुमानं केचिद्दूषयांबभूवुः, तत्प्रसङ्गादनूद्य दूषयति—**नन्वित्यादिना**। ज्ञानग्राहकग्राह्यत्वे समानेऽपि कुम्भसलिलयोर्भिन्नसामग्रीग्राह्यत्वात् सोदकेऽपि कुम्भे कुतश्चिन्निमित्तात्सलिलग्राहकसामग्रीवैकल्याद्विषयत्वोपप्लवेन संभवत्यपि तावत्यंशे संशयः, इह तु न तथा किंचिदस्ति संशयकारणमिति परिहरति—**मैवमिति**। बाध-

---

से भी वह गृहीत नहीं हो सकता है अतः उस फल (ज्ञातता) गत यथार्थत्व स्वरूप प्रामाण्य भी बाह्य इन्द्रियजन्य प्रत्यक्ष का विषय नहीं हो सकता है। (ज्ञानग्राहक मात्र से ग्राह्यत्व) रूप दूसरा पक्ष भी नहीं माना जा सकता है, क्योंकि ज्ञानगत प्रामाण्य के ज्ञानग्राहक सामग्री मात्र से ग्राह्यत्व होने पर, जो कहीं ज्ञान के ग्रहण होने पर उसके प्रामाण्यविषयक संशय होता है, वह नहीं हो सकेगा, क्योंकि धर्मी के सामान्य ज्ञान होते जिस धर्मविशेष का ज्ञान नहीं होता है; और संस्कार से धर्म का स्मरण मात्र होता है, उसका संशय होता है, धर्मी के निश्चय से निश्चित धर्म प्रमात्व का संशय नहीं हो सकता है कि यह ज्ञान प्रमाण है या अप्रमाण है। यदि कहा जाय कि प्रामाण्य के ज्ञानग्राहक मात्र ग्राह्य होते भी, जैसे ज्ञानगत अर्थविशेषितत्व (अर्थविषयकत्व) के ज्ञात होते भी संशय होता है, वैसे प्रामाण्य के संशयविषयत्व का भी सम्भव है, जैसे कि सजल निर्जल दोनों प्रकार के घट के होने से कहीं घट के ज्ञान होने पर भी मेरे ज्ञान का जल भी विषय हुआ या नहीं, अर्थात् मुझसे ज्ञात घट सजल था, या निर्जल था ऐसा संशय करने वाले दीख पड़ते है, इसी प्रकार से प्रामाण्यविषयक संशय क्यों नहीं होगा। तो ऐसा कहना युक्त नहीं, क्योंकि जल को कुम्भग्राहक सामग्री मात्र से ग्राह्य नहीं माना जाता है, यदि घट ग्राहक सामग्री मात्र से ग्राह्य जल को माना जाय तो सब घटों को सामान्य रूप से

सलिलवत्त्वप्रसङ्गात् । तस्मान्नारिकेलफलान्तर्गतसलिलादिवद्भिन्नसामग्रीग्राह्यत्वादेव तत्र संशयः । प्रामाण्ये तु न तथेति युक्तमुत्पश्यामः । किं च विज्ञानग्राहकसामग्रीमात्रग्राह्यतायां प्रामाण्यस्य शुक्तिकारजतादिबुद्धिष्वपि तद्ग्रहप्रसङ्गः, सत्यम्; गृहीतमेव तत् बाधकादपनीयते । यथाहुः—

'तस्माद्बोधात्मकत्वेन प्राप्ता बुद्धेः प्रमाणता ।
अर्थान्यथात्वहेतूत्थदोषज्ञानैः अपोद्यते ॥' इति ॥ (श्लो. वा. २।५३)

तस्मादस्माकमिष्टप्रसञ्जनमिति चेत्, मैवम्; परतः प्रामाण्यप्रसङ्गात् । तथाहि—प्रसक्तमपि प्रामाण्यं रजतादिबुद्धिषु बाधकज्ञानादपनीयते इति वदतां बाधकज्ञानाभावनिबन्धनमेव प्रामाण्यावधारणमभ्युपगतं स्यात् ।

कान्तरमाह—**किं चेति** । पूर्वमुत्पत्तिस्वतस्त्वे विभ्रमेऽपि तत्सत्त्वं स्यादित्युक्तम्; संप्रति ज्ञप्तिस्वतस्त्वे तदुच्यत इति न जामिता । उत्सर्गतः प्राप्तस्यापि तत्र तस्यापवादमाह स्वतःप्रामाण्यवादी—**सत्यमिति** । सत्यमर्धाङ्गीकारे । अनङ्गीक्रियमाणांशमाह—**बाधकादिति** । बोधात्मकत्वेन, ज्ञानत्वादेव; शुक्तिरजतादिबुद्धेरपि प्रमाणता प्राप्ता गृहीता तथाप्यर्थान्यथात्वज्ञानैः प्रतीतार्थस्यान्यथात्वबोधकैः बाधकज्ञानैर्हेतूत्थदोषज्ञानैर्हेतुगतदोषज्ञानैश्चापोद्यते बाध्यत इति भट्टोक्तेरर्थः, परतःप्रामाण्यमापादयन्ननिष्टतामेव समर्थयते—**मैवमिति** । प्राप्तप्रामाण्यस्यापि बाधकज्ञानादप-

---

जलवत्त्व ही प्राप्त होगा, अतः नारियल के फलान्तर्गत जलादि के समान घटजल के घटग्राहक सामग्री से भिन्न से ग्राह्यत्व होने ही के कारण वहाँ संशय होता है, और स्वतःप्रामाण्यवाद में प्रामाण्य में वैसा भिन्न सामग्रीग्राह्यत्व नहीं है, अतः दृष्टान्त-दार्ष्टान्त में वैषम्य है, अतएव संशयाभावापत्ति युक्त ही कहा गया है। और यह भी आपत्ति है कि यदि ज्ञानग्राहक सामग्री मात्र से प्रामाण्य का ग्रहण होगा, तो शुक्ति आदि में रजतादि के भ्रम ज्ञानों में भी प्रामाण्य ज्ञान की प्राप्ति होगी, ज्ञानग्राहक सामग्री वहाँ भी रहती है। यदि कहा जाय कि यह बात सत्य ही है, वहाँ प्रामाण्य ग्रहण होता ही है, किन्तु गृहीत भी प्रामाण्य फिर बाधक बलवत् प्रमाण से अपनीत (निवारित) होता है, अतएव श्री भट्ट जी ने कहा है कि—

ज्ञानात्मक होने से शुक्ति-रजतादि ज्ञानों में भी यद्यपि प्रमाणता (प्राप्त) गृहीत होती है, तथापि अर्थ के अन्यथात्व (मिथ्यात्व) के ज्ञान से हेतु (करण) गत दोषादि के ज्ञान से प्रामाण्य बाधित हो जाता है। तो यह कहना स्वतस्त्ववादी का युक्त नहीं, क्योंकि इस प्रकार से परतः प्रामाण्य की प्राप्ति होती है। शुक्ति रजतादि ज्ञानों में प्राप्त भी प्रामाण्य बाधक ज्ञान से निवारित होता है, ऐसा कहने वाले बाधक ज्ञानाभाव निमित्तक ही प्रामाण्य निश्चय को मानेंगे, अतः ज्ञानग्राहक सामग्री से भिन्न बाधक ज्ञानाभाव से प्रामाण्य के ग्रहण होने के कारण परतः प्रामाण्य ग्रहण की प्राप्ति होगी ही।

न च ज्ञप्तिस्वतस्त्वे मानमस्ति। ननु 'प्रमा स्वतो ज्ञायते परनिरपेक्षोत्पत्तिकत्वात् ज्ञानवत्', तथा 'प्रामाण्यं स्वतो ज्ञायते अप्रामाण्येतरत्वे सति ज्ञानैकधर्मत्वात् ज्ञानत्ववत्' इत्यस्त्येवानुमानमिति चेत्, मैवम्; आद्यप्रयोगे परतः प्रामाण्यवादिनं प्रति हेतोरसिद्धेः, दृष्टान्ताभावाच्च। न हि पक्षीकृतां प्रमां विपक्षकुक्षिनिक्षिप्तामप्रमां च विहाय ज्ञानस्यापरा कोटिरस्ति, या दृष्टान्तपदवीमुपारोहेत्। द्वितीये च प्रयोगे प्राभाकरस्य स्वयंप्रभत्वे

वादे तत्सदसत्त्वाभ्यामप्रामाण्यप्रामाण्यव्यवस्थेति परतःप्रामाण्यापत्तिः प्राप्नोतीत्यर्थः।

ज्ञप्तिस्वतस्त्वानिरुक्तिमुक्त्वा प्रमाणमपि तत्राक्षिपति—**न चेति**। रत्नदीपावलीयमनुमानमुद्भावयति—**ननु प्रमेति**। **स्वतो ज्ञायत इति**। ज्ञानज्ञापकमात्राज् ज्ञायते। **परनिरपेक्षेति**। ज्ञानसामग्रीमात्रादुत्पन्नत्वादित्यर्थः। परतःप्रामाण्यवादिनः परनिरपेक्षोत्पत्तित्वं प्रमाया अप्रसिद्धमिति दूषयति—**मैवमिति**। किं च प्रमाणाप्रमाणाभ्यां द्वैराश्यमेव ज्ञानस्य। तत्र प्रमाणवर्गः पक्षः सर्वः, इतरस्तु विपक्षः ततो दृष्टान्तोऽपि नास्तीत्याह—**दृष्टान्तेति**। अप्रामाण्येतरत्वे सति ज्ञानैकधर्मत्वादिति द्वितीयानुमानेऽपि गुरुमतभाट्टमतयोर्यथायथमनैकान्तिमाह—**द्वितीये चेति**। ज्ञाततयानुमेयं हि ज्ञानं भाट्टमते ततो ज्ञाततानुमेयत्वं नाम कश्चिज्ज्ञानस्य धर्मस्तस्मि-

---

प्रामाण्य के ज्ञान के स्वतस्त्व की अनिरुक्ति कही गई। अब प्रमाण की अनिरुक्ति कही जाती है कि—प्रामाण्य के स्वतस्त्व में प्रमाण भी नहीं है। यदि कहा जाय कि (प्रमा, स्वतः ज्ञात होती है, परनिरपेक्ष उत्पत्ति वाली होने से, ज्ञान के समान) तथा (प्रामाण्य, स्वतःज्ञात होता है, अप्रामाण्य से भिन्न होता हुआ ज्ञानैकधर्मत्व से, ज्ञानत्व के समान) ये अनुमान प्रमाण हैं, तो ऐसा कहना युक्त नहीं, क्योंकि प्रथम अनुमान में परतःप्रमाण्यवादी के प्रति हेतु असिद्ध है। और दृष्टान्त का भी अभाव है। क्योंकि प्रमा, अप्रमा दो प्रकार के ज्ञान होते हैं, उनमें प्रमा सपक्ष स्वरूप है, अप्रमा विपक्ष रूप है। उनसे भिन्न कोई ज्ञान का स्वरूप नहीं है कि जो सपक्ष रूप दृष्टान्त हो सके। अतः पक्षकृत प्रमा विपक्ष के अन्दर प्रविष्ट अप्रमा को छोड़कर ज्ञान के कोटचन्तर के अभाव से दृष्टान्त का अभाव है। और दूसरे प्रयोग (अनुमान) में अप्रामाण्येतरत्वे सति ज्ञानैकधर्मत्वरूप हेतु, प्रभाकर के स्वयं प्रभात्व रूप ज्ञानैक (ज्ञानवृत्ति) धर्म में, तथा भट्ट के (ज्ञातताऽनुमेयत्व) धर्म में व्यभिचारी है। क्योंकि उन दोनों में ज्ञानैकधर्म होते भी ज्ञानैक सामग्री मात्र ग्राह्यत्व साध्य का अभाव रहता है। अन्यथा यदि ज्ञानग्राहक सामग्री मात्र से वे दोनों धर्म ग्राह्य होते, तो उन विषयक वादियों के विवाद के अभाव की प्राप्ति होगी, जैसे कि ज्ञानविषयक विवाद का अभाव रहता है। परन्तु ज्ञान के

ज्ञानैकधर्मे, भाट्टस्य च ज्ञाततानुमेयत्वधर्मे व्यभिचारः। तयोर्ज्ञानैकधर्मत्वेऽपि ज्ञानग्राहकसामग्रीमात्रग्राह्यत्वाभावात्। अन्यथा तत्र वादिनां विप्रतिपत्त्यभावप्रसक्तेः। ज्ञप्तिपरतस्त्वे चानुमानं न्यायकुसुमाञ्जलावाह स्म चोदयनः 'प्रामाण्यं परतो ज्ञायते अनभ्यासदशायां सांशयिकत्वात् अप्रामाण्यवत्।' विपक्षे प्रामाण्ये संशयो न स्यात् ज्ञाननिश्चायकादेव तन्निश्चयप्राप्तेर्बाधकस्तर्कः।

ननु नैवमनुमानमुदेति, धर्मिहेत्वोरसिद्धेः। तथाहि—प्रामाण्यं प्रवृत्तिसामर्थ्यलिङ्गावगम्यं भवद्भिरुपगम्यते, तस्य च लिङ्गस्य प्रवृत्तिः

न्नित्यर्थः। ज्ञानसामग्रीमात्रजन्यत्वधर्मेऽव्यभिचारो द्रष्टव्यः। अथ किमिति तयोरपि न स्वतो ज्ञानमिति तत्राह—**अन्यथेति**। यदि हि ज्ञानग्राहकादेव तयोरपि ज्ञानं स्यात्तर्हि ज्ञानवदेव तयोरपि न विवादो वादिनां स्यात्, विवदन्ते चेत्यर्थः। सांशयिकत्वादित्युक्ते भागासिद्धिः स्यात्, न हि करतलस्पर्शवत्त्वादिप्रत्यक्षे मुग्धोऽपि संदिग्धे। तत उक्तम्—**अनभ्यासदशायामिति**। विपक्षे बाधकस्तर्क इति संबन्धः।

यदत्र रत्नदीपावल्यां दूषणमुक्तं तदनुवदति—**ननु नैवमिति**। **प्रवृत्तिसामर्थ्येति**। 'विमतमर्थाव्यभिचारि समर्थप्रवृत्तिजनकत्वात् यन्नैवं तन्नैवं यथा ज्ञानाभासः' इति व्यतिरेकिणाऽनुमानादित्यन्वयिना वा। अनभ्यासदशापन्नेषु प्रामाण्यमनुमीयते संशयाच्च प्रवृत्तिः, अभ्यासदशापन्नेषु तु तज्जातीयत्वलिङ्गेन इत्यभ्युपेयत इत्यर्थः। क्वचिदनिर्णीतस्य साधारणधर्मदर्शनाद्युपस्थापिततया संशयकोटिताऽभावात् तन्निर्णय-

---

स्वप्रकाशत्व और ज्ञातता के अनुमेयत्व में विवाद रहता है। अतः ज्ञानग्राहक से ग्राह्यत्व का अभाव भी सिद्ध होता है। और न्यायकुसुमाञ्जलि में श्री उदयनाचार्य ने कहा है कि (प्रामाण्यं, परतः, ज्ञात होता है, अनभ्यास दशा में सांशयिक होने से, अप्रामाण्य के समान) अर्थात् जिस विषय का बार-बार अनुभव होता है, तज्जन्य सफल प्रवृत्ति आदि से वहाँ प्रमात्व का संशय नहीं होता, किन्तु कहीं किसी वस्तु का प्रथम ज्ञान होता है तो अवश्य प्रामाण्य का संशय होता है। यदि ज्ञानग्राहक सामग्री से, प्रामाण्य गृहीत हो तो ज्ञान के ग्रहण होने पर प्रामाण्य के भी गृहीत होने से अनभ्यास दशा में भी प्रामाण्य संशय नहीं होना चाहिये। ज्ञान के निश्चायक हेतु से ही प्रामाण्य के निश्चय के प्राप्त होने से यह विपक्ष में बाधक तर्क है।

यहाँ शङ्का होती है कि इस प्रकार का अनुमान ही नहीं हो सकता है, क्योंकि प्रामाण्य रूप धर्मी और सांशयिकत्व रूप हेतु की असिद्धि है, प्रामाण्य को आप प्रवृत्तिसामर्थ्य (संवादित्व) लिङ्ग (हेतु) से अवगम्य (अनुमेय) मानते हैं और संवादि प्रवृत्ति रूप लिङ्ग की प्रामाण्यविषयक प्रवृत्ति (अनुमापकत्व) संशय-

प्रामाण्ये संशयपूर्विका । असंदिग्धे सिषाधयिषाभावात्, अनुमाना-प्रवृत्तेः । तत्संशयश्च क्वचिन्निश्चयाधीन इति प्रामाण्ये संशयनिश्चय-योरन्योन्याश्रयादनवस्थानाद्वा नैकमपि सिद्ध्येदिति चेत्, मैवम्; विकल्पासहत्वात् किं स्वार्थानुमानमसंदिग्धे न प्रवर्तते ? किंवा परार्थम् ? नाद्यः; सद्यःसमुन्मीलितविलोचनस्य शिखरिशिखरविपरिवर्त-मानधूमलेखावलोकनसमनन्तरमप्रत्यूहं धूमध्वजमनीषासमुन्मेषात् । नापि द्वितीयः; विपर्यस्तमपि प्रति प्रतिवादिनमनुमानप्रयोगोपगमात् । अन्यथा जल्पवितण्डयोः प्रमाणतर्काभ्यां स्वपरपक्षसाधनोपालम्भासंभवात् । 'संदिग्धे .

स्य च संशयसापेक्षानुमानाधीनत्वात्संशयनिर्णययोः परस्परसापेक्षत्वे परस्पराश्रयात् संशयान्तरनिर्णयान्तरापेक्षायामनवस्थानाच्च नैकमपि सिद्धयति, लोकसिद्धं च किंचिद्रूपं सर्वत्र प्रमाणतः सिद्धमभिवाञ्छतो नास्ति । अतो निर्णीतप्रामाण्याभावाद्धर्म्य-भावः संशयाभावाच्च हेत्वभाव इति खण्डलार्थः । अत्र विकल्पपूर्वकं संशयव्यतिरे-केणापि निश्चयनुपपादयन्धर्मिहेतू समर्थयते—**मैवमित्यादिना** । शिखरी पर्वतः तस्य शिखरमग्रिमभागः, अप्रत्यूहं निर्विघ्नम्, धूमध्वजो वह्निर्मनीषा बुद्धिः, स्वार्था-नुमानं च हितसाधनादिज्ञानप्रामाण्यानुमानमित्यर्थः । परार्थानुमानेऽपि न संशय-पूर्वकत्वनियमः, विपर्यस्तं प्रत्यपि प्रयोगादित्याह—**विपर्यस्तमिति** । **जल्पवित-ण्डयोरिति** । नहि तत्र संदिहानः प्रतिवादी, यं प्रत्यनुमानं प्रयुज्येत, अपि तु

पूर्वक हो सकती है । क्योंकि असन्दिग्ध में सिषाधयिषा (साधनेच्छा) के अभाव से अनुमान की प्रवृत्ति नहीं होती है और वह संशय भी कहीं निश्चय के अधीन होता है । निश्चित के संस्कार द्वारा कहीं स्मरणपूर्वक कोटचन्तर के स्मरण होने पर संशय होता है । अतः प्रमात्व के संशय में प्रमात्व–अप्रमात्व दोनों के स्मरण अपेक्षित है, इस प्रकार से प्रामाण्यविषयक संशय और निश्चय में अन्योन्याश्रय से वा अनवस्था से एक भी नहीं सिद्ध होगा । अर्थात् कहीं प्रथम निश्चय हो तो संस्कारस्मृतिपूर्वक संशय से अनुमान हो, और अनुमान हो तो निश्चय हो, अनुमान के विना निश्चय नहीं होता है । जो कहीं निर्णीत नहीं है, वह साधारण धर्म-दर्शनादि द्वारा संशय को नहीं उत्पन्न कर सकता है और उसके निर्णय को संशया-धीन-अनुमानाधीन होने से संशय-निर्णय को परस्परापेक्षत्व है, संशयान्तर निर्णयान्तर की अपेक्षा होने पर अनवस्था होगी, कि जिससे एक भी नहीं सिद्ध होगा । परन्तु यह शङ्का युक्त नहीं है । क्योंकि विचाराऽसह है, विचार है कि क्या स्वार्थानुमान असन्दिग्ध में नहीं प्रवृत्त होता है, या परार्थाऽनुमान नहीं प्रवृत्त होता है । वहाँ प्रथम पक्ष मान्य नहीं हो सकता है, क्योंकि खुले नयनवाले को पर्वत के शिखर पर वर्तमान धूमरेखा दर्शन के अनन्तर शीघ्र ही निर्विघ्न अग्नि का अनुमान होता है,

न्यायः प्रवर्त्तते' इति वचनस्यायोगव्यवच्छेदपरत्वात्, क्वचित्साधकबाधकप्रमाणानुदयात्संदेहे सति न्यायप्रवृत्त्युपपत्तेः। न चानभ्यासदशायामिति विशेषणस्य वैयर्थ्यम्; असिद्धिवारकत्वात्। न च व्यभिचारवारकमेव हेतोर्विशेषण-

---

विपर्यस्तः। तथा चाह वाचस्पतिः—'निश्चितौ हि वादं कुरुतः' इति। वादे तु स्वत एव वाहार्यो वा संशयोऽस्ति नत्वितरयोरित्यर्थः। ननु 'संदिग्धे न्यायः प्रवर्तते' इति वृद्धवचनस्य तर्हि का गतिरित्यत आह—संदिग्धे इति। नैतत्संदेहाभावेऽनुमाननिवृत्तिपरम्, अपि त्वनुमानस्थले संदेहोऽप्यस्तीत्ययोगव्यावृत्तिपरमित्यर्थः। अयोगव्यावृत्तिमेवोपपादयति—क्वचिदिति। यच्च तैरेवानभ्यासदशायामिति विशेषणं व्यर्थं व्यभिचारानिवारकत्वादसिद्धिपरिहाराय च विशेषणप्रक्षेपायोगादित्युक्तम्, अनभ्यासदशायामित्यादिना तदनूद्य दूषयति—न चानभ्यासेत्यादिना। रूपव्यञ्जकत्वादित्युक्ते मनस्यनैकान्तिकता तदर्थं रूपस्यैवेत्युक्तम्, तथा चासिद्धिः द्रव्यसामान्यादेरपि व्यञ्जकत्वाच्चक्षुषस्तदर्थं रूपादिषु मध्य इत्युक्तम्, यद्यपि रसाग्राहकत्वे सति रूपव्यञ्जकत्वादित्युक्त एव मनस्यपि न व्यभिचार, तथाप्यसिद्धिपरिहारार्थमपि भवति विशेषणमिति दर्शयितुमिदं चिरन्तनैर्विशेषणं प्रक्षिप्तमिति भावः। तत्किमनु-

---

उसमें संशयादि की अपेक्षा नहीं होती है। परार्थानुमान में भी संशय की अपेक्षा नहीं होती है। क्योंकि संशयज्ञान उभयकोटिक होता है और जो वादी विपर्यस्त (विपर्ययज्ञान युक्त) है, अत एव संशयरहित है। उस प्रतिवादी के प्रति अनुमान का प्रयोग होता है। अन्यथा जल्प और वितण्डारूप कथाओं में प्रमाण और तर्क के द्वारा परस्पर पक्षों के साधन और खण्डन का असम्भव होगा, अत एव (निश्चित है कि वादं कुरुतः) स्वस्वपक्ष के निश्चय वाले वादी प्रतिवादी वाद (कथा) करते है। इस प्रकार से श्रीवाचस्पति मिश्र जी ने कहा है। शङ्का है कि (सन्दिग्धे न्यायः प्रवर्तते) इस वृद्ध वचन की क्या गति होगी, यदि संशय बिना भी अनुमान की प्रवृत्ति होती है, तो यह वचन बाधित होता है, उत्तर है कि यह वचन अयोगव्यवच्छेद परक है। अर्थात् अनुमान में कहीं भी संशय का सम्बन्ध नहीं होता है, इसका निषेधपरक यह वचन है, क्योंकि जहाँ कहीं स्वपक्षसाधक, परपक्ष बाधक प्रमाणों के अनुदय (अप्रतीति) रहती है, वहाँ सन्देह के रहते भी न्याय (अनुमान) की प्रवृत्ति होती है। और अनभ्यासदशायाम्, यह हेतु का विशेषण व्यर्थ है, यह नहीं समझना चाहिये, क्योंकि भागाऽसिद्धि-वारण के लिये सार्थक है, अर्थात्, सांशयिकत्वात्, इतना ही हेतु होता, तो अभ्यासदशा में सांशयिकत्व के नहीं रहने से भागाऽसिद्धि होती, और विशेषण से अभ्यास दशा में हेतु नहीं रहता है, न साध्य रहता है। क्योंकि वहाँ सफल प्रवृत्ति आदि से प्रामाण्य नहीं जाना जाता है, न प्रामाण्य का संशय होता है। यदि कहा जाय कि व्यभिचार का वारक ही हेतु का विशेषण सार्थक होता है। यह नियम है, तो कहा जाता है कि

मिति नियमः; चक्षुस्तैजसं रूपादिपु मध्ये रूपस्यैवाभिव्यञ्जकत्वात्; प्रदीपवदित्यादिचिरंतनानुमानेष्वसिद्धिनिवारकाणां विशेषणानां बहुलमुपलम्भात्। अपि चासिद्धिनिवारणार्थेऽपि विशेषणोपादाने न दोषं पश्यामः। क्षित्यादिकर्मकर्तृकं शरीर्यजन्यत्वादाकाशवदित्यादाविव व्याप्यत्वासिद्धिरिति चेत्, मैवम्; तत्राकर्तृकत्वे साध्ये तदेकदेशस्याजन्यत्वस्यैवोपाधितया विशिष्टस्य

पक्षो व्याप्तवचनेनैव साध्योऽयमर्थ इति मत्वा तं प्रत्यनुपपत्त्यभावं दर्शयति— **अपि चेत्यादिना**। दोषं शङ्कयति—**क्षित्यादिकमिति**। अत्र ह्यजन्यत्वादित्युक्तेऽङ्कुरादेर्जन्यत्वादसिद्धिः स्यात्तदर्थं शरीर्यजन्यत्वादित्युक्तम्। तदत्र यथाऽसिद्धिपरिहाराय विशेषणे कृते व्याप्यत्वासिद्धिः अजन्यत्वस्यैवाकर्तृकत्वोपाधित्वात्तद्वदिहापि स्यादित्यर्थः। न तत्राद्धिपरिहारप्रयोजनविशेषणवद्व्याप्यत्वासिद्धिः, किं तर्हि तदेकदेशस्योपाधित्वसंभवात्। न चात्र तथा सांशयिकत्वस्यैकदेशस्योपाधित्वमिति परिहरति—

यह नियम नहीं है, क्योंकि चक्षुः (नेत्र), तैजस, (तेज) का कार्य है, रूपादि गुणों में रूप का ही अभिव्यञ्जक (प्रकाशक) होने से, प्रदीप के समान। इत्यादि पुराने अनुमानों में असिद्धिवारक विशेषण बहुत उपलब्ध होते हैं। यहाँ, रूप का ही अभिव्यञ्जक होने से, इतना ही हेतु का स्वरूप होता तो असिद्धि की प्राप्ति होती, क्योंकि चक्षु रूप का ही व्यञ्जक नहीं होता है, किन्तु रूपवाले द्रव्यों का भी व्यञ्जक होता है, अतः उस असिद्धि के वारण के लिये (रूपादि गुणों में) यह विशेषण दिया गया है कि जिससे असिद्धि का वारण होता है, वैसे ही प्रकृत में भी समझना चाहिये। और असिद्धि-वारणार्थक विशेषण के ग्रहण में कोई दोष भी नहीं दीखता है कि जिसमें उसका ग्रहण नहीं किया जाय। यदि कहें कि (क्षिति=पृथिवी आदि, अकर्तृक हैं, शरीरी कर्ता से अजन्य होने से, आकाश के समान) इत्यादि के समान व्याप्यत्वाऽसिद्धि दोष है, क्योंकि यहाँ अजन्यत्व कहने पर पृथिवी अंकुरादि के सावयवता से जन्यत्व होने के कारण असिद्धि होती, उसके वारण के लिये शरीरी विशेषण दिया गया, अतः जैसे यहाँ असिद्धिवारणार्थक विशेषण से व्याप्यत्वासिद्धि होती है, वैसे अन्यत्र भी होगी। तो यह कहना युक्त नहीं है। क्योंकि शरीरी अजन्यत्व में असिद्धिवारक विशेषणनिमित्तक व्याप्यत्वासिद्धि नहीं मानी जाती है, किन्तु उस अकर्तृकत्व साध्य में शरीरी अजन्यत्व हेतु के एकदेश जन्यत्व को उपाधिता से विशिष्ट हेतु में व्याप्यत्वाऽसिद्धि होती है। अकर्तृकत्वरूप साध्य का अजन्यत्व व्यापक है, और शरीरी अजन्यत्व का अव्यापक है, शरीरी अजन्यत्व अंकुरादि में रहता है, परन्तु अजन्यत्व नहीं रहता है। अतः सोपाधिकता से व्याप्यत्वासिद्धि है, यह उदयनाचार्य ने कहा भी है कि, शरीरी इस विशेषण द्वारा

व्याप्यत्वासिद्धेः। उक्तं हि—'एकामसिद्धिं परिहरतो द्वितीयाऽसिद्धिरापद्यते' इति। प्रकृते तु परतो ज्ञाने न सांशयिकत्वमुपाधिः; स्फीतालोकविपरिवर्तिनां परतो ज्ञायमानानामपि घटादीनां सांशयिकत्वादर्शनात्। ननु प्रामाण्यस्य परतो ज्ञानेऽनवस्था, तत्तत्प्रामाण्यग्रहणायान्यस्यान्यस्य प्रमाणस्यापेक्षणादतः प्रतिकूलतर्कपराहतं परतःप्रामाण्यानुमानमितिचेत्, मैवम्; मानान्तरस्यावश्यंभावनियमाभावात्।

न च स्फुरत एव मानस्यार्थनिश्चायकत्वमन्यथा ज्ञानेऽप्यनन्तरं संदेहापत्तेरिति वाच्यम्; ज्ञाततयानुमेयं ज्ञानमिति मते निलीनस्यापि ज्ञानस्यार्थ-

---

मैवमित्यादिना। एकामसिद्धिमिति। स्वरूपासिद्धिं परिहरतो व्याप्यत्वासिद्धिरिति बौद्धधिक्कारे उदयनेनोक्तमित्यर्थः। परतो ज्ञायमानानामिति। ज्ञानग्राहकातिरिक्तग्राह्याणामित्यर्थः। प्रकृतानुमानस्य तर्कपराहतिं शङ्कते—ननु प्रामाण्यस्येति। येन हि प्रमाणेन प्राथमिकस्य प्रामाण्यं गृह्यते तत्प्रामाण्यमपि प्रमाणान्तरेणैवमुत्तरत्रापीत्यनवस्थेत्यर्थः। उक्तं च वाचस्पतिमिश्रैः—'परं हि तद्गोचरं वा ज्ञानमभ्युपेयते अर्थक्रियानिर्भासं वा ज्ञानं तद्गोचरं नान्तरीयकार्थान्तरदर्शनं वा तत्सर्वं स्वयमवोधितप्रामाण्यमाकुलं सत्कथं प्रवर्तकज्ञानं पूर्वमनाकुलये'दिति।

ननु कथमवश्यंभावनियमाभावः यावता स्फुरत एव प्रमाणस्य स्वविषयनिश्चायकत्वनियमात् तदुत्तरप्रमाणानामपि भवितव्यमेव स्फुरणेनेति, नेत्याह—न च स्फुरत एवेति। न च वाच्यमित्युक्तं तत्र हेतुः—ज्ञाततयेति। स्वतःप्रामाण्येपि

एक स्वरूपासिद्धि के वारण (परिहार) करने वाले को दूसरी व्याप्यत्वाऽसिद्धि प्राप्त होती है, और प्रकृत में तो प्रामाण्य के परतःज्ञान में, अनभ्यासदशा में सांशयिकत्व हेतु के एकदेश सांशयिकत्व उपाधि नहीं है, क्योंकि पूर्णप्रकाश में वर्तमान ज्ञानग्राहक अतिरिक्त से गृह्यमाण भी घटादिकों में सांशयिकत्व नहीं देखा जाता है, अतः साध्यव्यापकता नहीं होने से उपाधिता नहीं है। यदि शङ्का हो कि ज्ञानगत प्रामाण्य के अन्य ज्ञान से ग्रहण होने पर अनवस्था होगी, क्योंकि तत्तत् प्रामाण्यों (प्रमाणत्वों) के ग्रहण (ज्ञान) के लिये अन्य-अन्य प्रमाणों की अपेक्षा होगी, अतः इस प्रतिकूल तर्क से परतः प्रामाण्य का अनुमान पराहत (नष्ट) है, तो ऐसी शङ्का नहीं होनी चाहिये, क्योंकि पूर्वप्रमाणविषयक प्रमाणान्तर को अवश्यंभाव का नियम नहीं माना जाता है, न रहता है।

यदि कहें कि स्फुटतः (प्रकाशमान) ही प्रमाण (ज्ञान) की अर्थनिश्चायकत्व (बोधकत्व) हो सकता है। अन्यथा ज्ञान के बाद अज्ञानविषयक भी संशय की प्राप्ति होगी कि मुझे ज्ञान हुआ या नहीं। तो यह कहना युक्त नहीं, क्योंकि

निश्चायकत्वात्। स्वयं वेदनं संवेदनमिति वदतः प्राभाकरस्यापि मते प्रामाण्यस्य तद्धर्मस्य तद्गतगुणत्वादेरिव न स्वतःस्फुरणम्, तस्यापि संवेदनवत्स्वयंप्रभावत्वावत्तेः। तथात्वे चाप्रमात्वस्यापि स्वत एव स्फुरणप्रसङ्गात्, ततश्चाप्रामाण्यं परतः प्रतीयते इति स्वसिद्धान्तभङ्गप्रसङ्गः। वेदान्तिनां च प्रामाण्यस्य साक्षिवेद्यत्वेन स्फुरणनियमादिदं प्रमाणमप्रमाणं वेति संदेहो न भवेत्। न च प्रमाणं स्वत एव फलं जनयति, हानोपादानोपेक्षालक्षणस्य त्रिविधस्यापि फलस्य वस्तुज्ञानातिरिक्तगुणदोषमाध्यस्थ्य-

---

समानैवानस्थेत्यपि द्रष्टव्यम्। भवतु भाट्टान्प्रति अज्ञायमानप्रकाशहेतुत्वावादिनो व्यभिचारः, स्वप्रकाशवादिनं प्रभाकरं प्रति किं वक्तव्यमित्याह—**प्राभाकरस्यापीति**। तत्र किं ज्ञानगतं प्रामाण्यं अर्थप्रकाशनसमसमये ज्ञानेन स्फुरति? स्वत एव वा? न तावज्ज्ञानेन; पूर्वमेव निरस्तत्वात्। द्वितीयं निषेधति—**न स्वतःस्फुरणमिति**। कुतो न स्वतःस्फुरणमिति तत्राह—**तस्यापीति**। ततोऽपि वा किमनिष्टमिति तत्राह—**तथात्वे चेति**। तथाप्यपरितुष्यन्तं प्रत्याह—**ततश्चेति**। ननु साक्षिवेद्यवृत्तिज्ञानवादिनां तत्समये च साक्षिणैव प्रामाण्यमपि स्फुरतीति वदतामखण्डितैव व्याप्तिरित्यत आह—**वेदान्तिनां चेति**। तेषां सन्देहानुपपत्तिरेव बाधिकेत्यर्थः। एवमुत्पत्तौ ज्ञप्तौ च स्वतस्त्वं दूषयित्वा परतस्त्वं समर्थितम्, इदानीं व्यवहृतावपि तदुभयं व्याकरोति—**न च प्रमाणमिति**। नच वस्तुज्ञानमात्राद्धाना-

---

ज्ञातता से ज्ञान अनुमेय होता है, इस भट्ट मत में निलीन (अज्ञात) ही ज्ञान को अर्थनिश्चायकत्व होता है। वेदन (ज्ञान) स्वयं प्रकाश है, ऐसा कहने वाले प्रभाकर के मत में भी ज्ञान के धर्मरूप प्रामाण्य का ज्ञानगत गुणत्वादि के समान स्वतः स्फुरण (प्रकाश) नहीं होता है। उसका स्वतः स्फुरण हो तो ज्ञान के समान उसके धर्मप्रामाण्य को भी स्वयंप्रकाशत्व (स्वयंप्रभावत्व) की प्राप्ति होगी, और यदि प्रामाण्य को तथात्त्व (स्वयं प्रकाशत्व) होगा, तो अप्रमात्व का भी स्वतःस्फुरण ही प्राप्त होगा, और अप्रमात्व के स्वतःस्फुरण को मानने पर, अप्रामाण्य परतः प्रतीत होता है, यह निजसिद्धान्त का भङ्ग प्राप्त होगा, इस प्रकार से भाट्ट प्रभाकर के स्वतःप्रामाण्यवादी मत की भी अनवस्था होगी, यदि सब ज्ञान ज्ञात हो करके ही निश्चायक हों। वेदान्ती के मत में तो प्रामाण्य के साक्षिवेद्यत्व होने से प्रामाण्य के स्फुरण के नियम से यह ज्ञान प्रमाण है या अप्रमाण है, ऐसा संशय नहीं होना चाहिये, यह संशयानुपपत्ति स्वतःप्रामाण्य में बाधक है। अतः प्रामाण्य का स्वतःग्रहण में सर्वमत में दोष प्राप्त होने के कारण परतः प्रामाण्य ही युक्त है। उक्त रीति से प्रामाण्य की उत्पत्ति और ज्ञान में स्वतस्त्व नहीं, किन्तु परतस्त्व कहा गया है, व्यवहार रूप फल को ज्ञान स्वतः नहीं उत्पन्न करता है। क्योंकि हान (त्याग) उपादान (ग्रहण) और उपेक्षा रूप तीनों प्रकार के फलों

दर्शनपूर्वकत्वाभ्युपगमात्, तस्माद्वेदान्ताः स्वत एव प्रमाणमिति न प्रामाणिकप्रतीतिपथमवतरति ।

अत्राभिदध्महे—न तावत्प्रमायाः स्वतस्त्वानिरुक्तिः, यतः—

आहुर्विज्ञानसामग्रीजन्यत्वे सत्यजन्यता ।
तदन्यतः प्रमायास्तत्स्वतस्त्वमिति तद्विदः ॥ २१ ॥

विज्ञानसामग्रीजन्यत्वे सति तदतिरिक्तहेत्वजन्यत्वं प्रमायाः स्वतस्त्वं नाम । न चैतल्लक्षणमव्यापकम्; सर्वप्रमाणानुगमात् । न चाजन्यत्वादव्या-

---

दयोऽपि तु इष्टसाधनतादिज्ञानात्ततश्च घटज्ञानस्येष्टसाधनतादिज्ञानाधीनव्यवहारजनकत्वं तस्य व्यवहृतौ परतस्त्वमित्यर्थः ।

लक्षण तावत्समर्थयते—**न तावदिति** । श्लोकेन लक्षणं संगृह्णाति—**आहुरित्यादिना** । यद्विज्ञानसामग्रीजन्यत्वे सति तदन्यतः तदतिरिक्तसामग्रीतोऽजन्यता प्रमायास्तत्स्वतस्त्वं प्रमास्वतस्त्वमिति तद्विद आहुरिति योजना ।

लक्षणवाक्यं विवृणोति—**विज्ञानेति** । विज्ञानसामग्रीजन्यत्वे सति विज्ञानसामग्रीत्वानधिकरणजन्यत्वानधिकरणत्वं स्वतस्त्वमित्यर्थः । विज्ञानसामग्रीजन्यत्वमप्रामाण्येऽप्यस्तीति परतःप्रामाण्यवादिभिश्च स्वीक्रियत इत्यतिव्याप्तिरर्थान्तरता वा स्यात् तन्निवृत्त्यर्थं तदतिरिक्तहेत्वजन्यत्वमित्युक्तम् । ननु कथं नाव्यापकं यावतेश्वरज्ञानेऽजन्येऽव्याप्तिः विशेषणाभावादिति तत्राह—**न चाजन्यत्वादिति** । विज्ञानसामग्रीजन्यत्वे सति तदतिरिक्तसामग्रीजन्यत्वं यदप्रमासु प्रसिद्धं तदत्यन्ताभाववत्त्वं हि

को, वस्तु के ज्ञान से अतिरिक्त दोषदर्शन, गुणदर्शन और माध्यस्थदर्शन पूर्वकत्व माना जाता है । अर्थात् वस्तु के ज्ञानमात्र से उनके ग्रहण त्यागादि फल नहीं होते हैं, किन्तु वस्तुज्ञान से भिन्न इष्टसाधनता रूप गुण के ज्ञान से ग्रहण, अनिष्ट साधनता रूप दोष के ज्ञान से त्याग, और दोष गुण से साहित्य रूप माध्यस्थ के ज्ञान से उपेक्षा होती है । अतः वेदान्त वाक्य = उपनिषद्, स्वतःप्रमाण हैं, यह कथन प्रामाणिक प्रतीति का विषय नहीं होता है । अर्थात् यह कथन मिथ्या है । यह पूर्वपक्ष हुआ ।

(अत्राभिदध्महे) अब यहाँ उत्तर कहते हैं कि प्रमा के स्वतस्त्व की अनिरुक्ति (लक्षण का अभाव) नहीं है क्योंकि—

प्रमा की जो विज्ञान-सामग्री से जन्यत्व युक्त तदन्य से अजन्यता है, वही प्रमा की स्वतस्ता है, इस प्रकार उसे स्वतस्त्ववेत्ता कहते हैं ॥ २१ ॥

विज्ञानसामग्री से जन्यत्व होता हुआ तदतिरिक्त हेतु से अजन्यत्व प्रमा के स्वतस्त्व प्रसिद्ध है । प्रमाण-सामग्रीजन्यत्व अप्रमा में भी रहता है, अतः अतिव्याप्तिवारण के लिये, तदन्याऽजन्यत्व कहा गया है । यह लक्षण अव्यापक नहीं

प्तिरीश्वरज्ञाने; तस्याजन्यत्वेऽपि ज्ञानसामग्रीजन्यत्वे सत्यतिरिक्तकारणजन्यत्वलक्षणविशिष्टधर्मवत्त्वाभावात्। नाप्यतिव्यापकम्; अप्रमाया विज्ञानसामग्रीजन्यत्वे सत्यतिरिक्तहेतुजन्यत्वात्। अस्ति चेह मानमनुमानम्, तथा हि—

प्रमा विज्ञानसामग्रीजन्यत्वे सति नान्यतः।
जायते व्यतिरिक्तत्वादप्रमातः पटादिवत्॥ २२॥

प्रमा विज्ञानसामग्रीजन्यत्वे सत्यतिरिक्तजन्या न भवति अप्रमातिरिक्तत्वात्

लक्षणं एतच्चेश्वरज्ञानेऽस्तीति नाव्याप्तिरित्यर्थः। अत्र चाप्रमाव्यतिरिक्तं सर्वं लक्ष्यसमानयोगक्षेमम्, पराभिमतपरतस्त्वव्यतिरिक्तस्वतस्त्वस्य विवक्षितत्वात्। श्लोकविवरणयोः प्रमापदस्य प्रकृतोपयोगमात्रनिबन्धनत्वात्। अत एव वक्ष्यमाणानुमाने पटादीनां सपक्षीकरणम्। एवं च सति पटादिष्वव्याप्तिपरिहारार्थं विज्ञानसामग्रीजन्यत्वग्रहणमिति द्रष्टव्यम्। स्पष्टार्थं वा विज्ञानग्रहणम्।

प्रमायामुक्तस्वतस्त्वसद्भावेऽनुमानमाह—श्लोकेन—**प्रमेति**। अत्र जायत इत्यन्ता प्रतिज्ञा, अप्रमातो व्यतिरिक्तत्वादिति हेतुः। अतरिक्तसामग्रीजन्या न भवतीत्युक्ते बाधः। यत्किंचिद्व्यतिरिक्तसामग्रीजन्यत्वात्तदर्थं विज्ञानसामग्रीजन्यत्वे सतीत्युक्तम्। तावत्युक्ते परतस्त्वेऽप्युपपद्यमानतयार्थान्तरा तदर्थमुत्तरं विशेष्यग्रहणम्। ईश्वरज्ञाने विज्ञानसामग्रीजन्यत्वे सत्यतिरिक्तसामग्रीजन्यत्वाभावलक्षणं साध्यमस्ति,

---

है, क्योंकि सब प्रमाण (प्रमा) में यह लक्षण अनुगत है। यदि कहें कि ईश्वरज्ञान के अजन्य होने से जन्यत्वघटित लक्षण की उसमें अव्याप्ति है, तो यह कहना युक्त नहीं, क्योंकि ईश्वरज्ञान के अजन्य होते भी उसमें ज्ञानसामग्रीजन्यत्व युक्त अन्य सामग्रीजन्यत्व स्वरूप विशिष्ट धर्मवत्त्वाभाव रूप लक्षण है। यहाँ ज्ञानसामग्री जन्यत्व युक्त तदन्य सामग्रीजन्यत्व स्वरूप विशिष्ट धर्म अप्रमाज्ञान में रहता है, उसका अत्यन्ताभाव ईश्वरज्ञान में रहता ही है, अतः अव्याप्ति नहीं है, अतिव्याप्ति भी नहीं है, क्योंकि अप्रमाज्ञान ज्ञानसामग्री से जन्य होता हुआ अन्य से भी जन्य होता है, और प्रमा लक्षण में अन्य हेत्वजन्यत्व प्रविष्ट है। उक्त स्वतस्त्व में अनुमान प्रमाण भी है। जैसे—

प्रमा, विज्ञानसामग्री से जन्य होती हुई अन्य से नहीं उत्पन्न होती है। अप्रमा से भिन्न होने से। पटादि के समान॥ २२॥

यहाँ प्रमा अतिरिक्त सामग्रीजन्य नहीं होती है, यत्किञ्चित् व्यतिरिक्त सामग्री जन्यता से ज्ञानसामग्रीजन्यत्व कहा है इत्यादि। यहां ज्ञानत्वानधिकरणत्व उपाधि है, क्योंकि ज्ञानसामग्रीजन्यत्वे सति अतिरिक्तजन्यत्वाभाव रूप साध्य का पटादि में व्यापक है और प्रमा में साधन का अव्यापक है, अतः उपाधि है।

पटादिवत् । न च ज्ञानत्वानधिकरणत्वमुपाधिः; ईश्वरज्ञाने साध्याव्याप्तेः । नापि ज्ञानसामग्र्यजन्यत्वमुपाधिः; तज्ज्ञानसामग्रीजन्यं तज्ज्ञानसामग्रीजन्यत्वे सत्यतिरिक्तजन्यप्रमाणवदिति व्यतिरेकिव्याप्तावप्रमात्वस्यैवोपाधित्वात् । विपक्षे च विज्ञानसामग्रीमात्रादेव प्रमोत्पत्तिसंभवे तदतिरिक्तस्य गुणस्य दोपाभावस्य वा कारणत्वकल्पनागौरवप्रसङ्गो बाधकस्तर्कः । एतेन—'प्रमा विज्ञानहेत्वतिरिक्तहेत्वधीना कार्यत्वात्पटवत्' इति योऽय-

---

नच ज्ञानत्वानधिकरणत्वरूपोपाधिः; अतः साध्याव्याप्तेरनुपाधिरित्याह—**ईश्वरेति** । ननु तर्हि ज्ञानसामग्र्यजन्यत्वमुपाधिः, तथा चेश्वरज्ञानेऽपि विद्यमानत्वान्न साध्याव्याप्तिरिति तत्राह—**नापीति** । नायमुपाधिर्व्यतिरेके सोपाधिकतया साध्यव्यापकत्वादित्याह—**यज्ज्ञानेत्यादिना** । ईश्वरप्रमायां चाप्रमात्वस्य व्यतिरेकसिद्धिः । न चाप्रमा विज्ञानसामग्रीजन्यत्वे सत्यतिरिक्तजन्या न भवति प्रमातिरिक्तत्वात् पटवदित्याभाससमानयोगक्षेमता । दोपान्वयव्यतिरेकबाधात्, प्रतियोग्यप्रसिद्धया अप्रसिद्धविशेपणत्वाच्च । विपक्षे बाधकतर्कमाह—**विपक्षे चेति** । यत्तु पूर्वपक्षे परतस्त्वेनानुमानमुदयनीयमुक्तं तत्रापि गौरवतर्कपराहत्याशङ्कितोपाधितामतिदिशति—**एतेनेति** । सत्प्रतिपक्षतां चाह—**प्रमेत्यादिना** । ज्ञानहेत्वतिरिक्तहेतुजन्यत्वानधिकरणत्वमात्रसाधने दृष्टान्ते साध्यवैकल्यम् । अतिरिक्तदोपजन्यत्वादप्रमायास्तन्निवृत्यर्थं दोपातिरिक्तेत्युक्तम् । दोपातिरिक्तजन्या न भवति इत्युक्ते बाधस्तदर्थमुत्तरं विशेपणम् । दोपव्यतिरिक्तज्ञानहेत्वतिरिक्ताजन्यत्वं दोपजन्यत्वाद्वा ? ज्ञानहेत्वतिरिक्ताजन्य-

---

ऐसी शंका यहाँ नहीं करनी चाहिये, क्योंकि ईश्वरज्ञान में उक्त रीति साध्य है, और ज्ञानत्वानधिकरण रूप उपाधि नहीं है, अतः साध्य का अव्यापक है, ज्ञानसामग्री से अजन्यत्व उपाधि कहें, क्योंकि ईश्वरज्ञान में भी ज्ञानसामग्री से अजन्यत्व रहता है , अतः साध्य का व्यापक है, तो कहा जाता है कि ज्ञानसामग्री से अजन्यत्व भी उपाधि नहीं हो सकती है। क्योंकि साध्यव्यापक उपाधि के अभाव से साध्याभाव के साधक व्यतिरेकी व्याप्ति का स्वरूप होगा कि (जो ज्ञानसामग्री जन्य है, वह ज्ञानसामग्री से जन्य होता हुआ अन्य सामग्री से भी जन्य है जैसे अप्रमा, और इस व्यतिरेकी व्याप्ति में अप्रमात्व ही उपाधि हो जाता है क्योंकि ज्ञानसामग्री से जन्य होता हुआ अन्य साधन से जन्यत्व रूप साध्य अप्रमा में है, वहाँ अप्रमात्व रूप उपाधि भी है, अतः साध्य का व्यापक है, और प्रमा में ज्ञानसामग्रीजन्यत्व रूप हेतु है, परन्तु अप्रमात्व नहीं है, अतः साधन का अव्यापक है । और विज्ञान की सामग्रीमात्र से ही प्रमा की उत्पत्ति के सम्भव रहते उससे अतिरिक्त गुण या दोपाभाव में प्रमात्व के कारणत्व की कल्पना करने पर गौरव की प्राप्ति बाधकतर्क है । इस उक्त हेतु से ही (प्रमा, विज्ञान हेतु से अतिरिक्त हेतु के अधीन

मुदयनस्य परतस्त्वेऽपि प्रयोगः सोऽपि परास्तः। प्रमा दोषव्यतिरिक्तज्ञानहेत्वतिरिक्तजन्या न भवति ज्ञानत्वादप्रमावदिति प्रतिसाधनग्रस्तत्वाच्च। न च प्रमात्वस्य विज्ञानसामग्रीमात्रप्रयोज्यत्वादप्रमाज्ञानवृत्तित्वं स्यादिति वाच्यम्; तत्र प्रयोजकाभावादेव प्रयोज्यस्याप्रसक्तेः। दोषासहकृतज्ञानसामग्रीप्रयोज्यं हि प्रमात्वम्, तत्र दोषस्यैव सद्भावात् कथं प्रमात्वस्य वर्तमानत्वसंभावनापि समुद्भवेत्? दोषस्याप्रमाहेतुत्वे तदभावस्य गले पादुकान्यायेन प्रमां प्रति हेतुत्वं स्यादिति चेत्; स्यादेवं यद्यनन्यथासिद्धावन्वय-

---

त्वाद्वा? नाद्यः; प्रमायामुभयानभिमतं हि तत्। द्वितीयेऽभीष्टसिद्धिः। न च सिद्धसाधनतानिवृत्त्यै प्रथमं विशेषणम्; अनधिकरणत्वस्य विवक्षितत्वात्। न चाप्रमात्वमुपाधिः; ईश्वरज्ञाने साध्याव्याप्तेः। यत्तु स्वतस्त्वे बाधकतर्कः उक्तः, विज्ञानसामग्रीमात्रजन्यत्वे ज्ञानत्ववदप्रमाणवृत्तित्वमपि स्यादिति तत्परिहरति—**न चेति**। प्रयोजकमेव दर्शयन् तदभावं दर्शयति—**दोषेत्यादिना**। अत्रापि पूर्वपक्षोक्तं स्मारयति—**दोषस्येति**। नान्वयव्यतिरेकमात्रात्कार्यकारणभावावसायः। माभूद्धूमपैङ्गलयोस्तथाभावः, स्तोऽन्वयव्यतिरेकाविति। किंत्वनन्यथासिद्धाभ्याम्। न चात्र तथाविधाविति परिहरति—**स्यादेवमिति**। प्रमोत्पत्तौ या विरोधिन्यप्रमा तदुत्पत्ति-

---

होती है। कार्य होने से, पट के समान) यह जो उदयनाचार्य का परतस्त्वविषक प्रयोग (अनुमान) है। वह भी परास्त (निरस्त) हो गया और (प्रमा, दोषभिन्न जो ज्ञानहेतु उससे अतिरिक्त जन्य नहीं होती है, ज्ञानत्व होने से अप्रमा के समान) इस प्रतिपक्ष से भी उक्त अनुमान ग्रस्त है। और इस अनुमान में दोषभिन्न ज्ञानहेत्वतिरिक्त अजन्यत्व, दोषजन्यत्व से, या ज्ञानहेत्वतिरिक्त अजन्यत्व से हो सकता है, यहाँ प्रमा में दोषजन्यत्व तो वादी-प्रतिवादी कोई मानता नहीं है, अतः ज्ञानहेत्वतिरिक्ताऽजन्यत्व से पक्ष में साध्य की सिद्धि होती है और दोषजन्यत्व से दृष्टान्त में साध्य प्रसिद्ध होता है। प्रथम जो कहा था कि प्रमात्व के विज्ञानसामग्री मात्र प्रयोज्य (जन्य) होने पर, अप्रमाज्ञान में भी प्रमात्व की प्राप्ति होगी, क्योंकि अप्रमा भी ज्ञानसामग्रीजन्य होती है। यह कथन युक्त नहीं, क्योंकि उस अप्रमा में प्रमात्व के प्रयोजक के अभाव से ही प्रयोज्य (साध्य) अप्रमात्व की प्रसक्ति (प्राप्ति) नहीं हो सकती है। अर्थात् दोषाऽसहकृत (दोषरहित) ज्ञानसामग्री से प्रयोज्य प्रमात्व होता है, और उस अप्रमात्व में प्रयोक रूप दोष का ही सद्भाव (सत्त्व) रहता है, तो अप्रमा में प्रमात्व के वर्तमानत्व की सम्भावना भी कैसे प्रकट हो सकती है। यदि कहें कि दोष में अप्रमाहेतुत्व के होने पर, दोषाभाव में बलात् प्रमा के प्रति हेतुत्व अवश्य होगा, कि जिससे परतस्त्व की प्राप्ति होगी, तो यह कहना युक्त नहीं, क्योंकि उक्त रीति से दोषाभाव को प्रमात्व के प्रति प्रयोजकत्व होता, यदि

व्यतिरेकौ कारणत्वावेदकौ स्याताम्, तौ तु विरोध्यप्रमाप्रतिबन्धकत्वेनोपक्षीणौ न कारणमात्रत्वमावेदयतः। तथा चाहुर्भट्टपादाः—

'तस्माद् गुणेभ्यो दोषाणामभावस्तदभावतः।
अप्रामाण्यद्वयासत्वं तेनोत्सर्गोऽनपोदितः' ॥ इति
(श्लो० वा० २।६५)

नन्वेकस्यापि दोषाभावस्याप्रमाप्रतिबन्धकत्वं प्रमाहेतुत्वं च किं न

प्रतिबन्धकविषयावित्यर्थः। यथा च न प्रतिबन्धकाभावस्य कारणता, तथोपरितनवादे विवरिष्यते। यत एवं स्वतःप्रामाण्यं तस्माद्गुणेभ्यो दोषाणामभाव एव परं जायते, न तु प्रमाणोत्पत्तिः। ननु तर्हि दोषाभावादेव भवतु प्रामाण्यम्, तथापि सैव परतःप्रामाण्यपिशाचिका विशेदिति तत्राह—**तदभावत इति**। दोषाभावादप्रामाण्यद्वयस्य मिथ्यात्वसंशयत्वलक्षणस्यासत्त्वमेव जायते, अनुत्पत्तिलक्षणाप्रामाण्यस्यानाद्यभावतया दोषादुत्पत्त्यसंभवेन तदभावेनाभावस्याप्यसंभवात् तेन कारणेनोत्सर्गो ज्ञानसामग्रीमात्रप्रयुक्तत्वलक्षणोऽनपोदितः अपोदितो न भवतीति भट्टवार्तिकार्थः।

भवतु दोषाभावस्य विरोधिप्रतिबन्धकत्वम्, तथापि किमायातं प्रमानुत्पादकत्वे ? नहि संस्कारस्य स्वजनकानुभवविनाशकत्वमित्येतावता स्मृतिं प्रति हेतुत्वमपनीयत इत्याशङ्कय वैधर्म्येण परिहरति—**नन्वित्यादिना**। ननु किमिति तत्र कारणान्तरानिरूपणम् ? यावता संस्कारनाश एव स्मृतिकारणं भवत्विति। नेत्याह—

इस दोषाभाव के कारणत्व के आवेदक (बोधक) अन्यथासिद्धरहित प्रमात्व के प्रति अन्वयव्यतिरेक होते। परन्तु यहाँ तो अकस्मात् आगत गर्दभादि अन्यथासिद्ध वस्तु जैसे घट के प्रति कारण नहीं होते हैं, वैसे ही अन्यथासिद्ध दोषाभाव प्रमात्व के प्रति प्राप्त होता है, क्योंकि दोषाभाव को जो प्रमात्व के साथ वह अन्वयव्यतिरेक हैं, वे प्रमा के विरोधी अप्रमा के प्रतिबन्धकत्व रूप से ही उपक्षीण (चरितार्थ) हो जाते हैं। अतः वे दोषाभाव के अन्वयव्यतिरेक दोषाभाव में प्रमा के कारणमात्रत्व का आवेदन (बोध) नहीं कराते हैं। इस प्रकार से श्री भट्टपाद ने कहा भी है कि—

गुणों से दोषों का अभाव होता है। और उस दोषाऽभाव से मिथ्यात्व संशयत्व रूप अप्रामाण्य द्वय का असत्व (अभाव) होता है, अतः प्रतिबन्धक के अभाव से ज्ञानसामग्री मात्र से उत्सर्ग=सामान्य प्रमा अनिवारित (निर्विघ्न) उत्पन्न होती है।

शंका होती है कि एक ही दोषाभाव के विरोधी अप्रमा के प्रतिबन्धक होते भी प्रमा के प्रति कारण भी दोषाभाव हो सकता है, ऐसा क्यों नहीं होगा। एक ही

स्यात् ? एकस्यापि संस्कारस्यानुभवनाशकत्वस्मृतिहेतुत्वयोरपि दर्शनादिति चेत्, मैवम्; तत्र संस्कारस्यानुभवनाशकत्वेऽपि स्मृतेः संस्कारातिरिक्त-कारणान्तरानिरूपणात्, उभयहेतुताया अवश्याश्रयणीयत्वात्। न च तत्रापि संस्कारनाशात्स्मृतिः किं न स्यादिति वाच्यम्; स्मृतिसमुदयव्यतिरेकेण संस्कारनाशस्यैवासंभवात्। प्रकृते तु ज्ञानसामग्रीत एव प्रमोद्भवसंभवे दोषाभावस्यापि तद्धेतुत्वकल्पना निष्प्रामाणिका। तस्मात्प्रमा विज्ञान-सामग्रीमात्रादेव जायत इति सिद्धम्।

तथा प्रमाज्ञप्तिरपि विज्ञानज्ञापकसामग्रीत एव। न च तथात्वे विज्ञान

न च तत्रापीति। नित्यद्रव्येषु गुणनाशस्य गुणान्तरोत्पादनियतत्वादिति भावः। एवं तत्रानन्यगतिकत्वमुक्त्वा प्रकृते तदभावमाह—**प्रकृते त्विति**। एतेनाप्रामाण्ये दोषाणामन्यथासिद्धिरुदयनोपादितापोदिता। तत्र हेत्वन्तराभावादभावहेतुताया निरस्तत्वादिति। न च सामग्र्यैक्ये ज्ञानप्रमालक्षणकार्यभेदानुपपत्तिर्बाधिका; एक-स्मादप्यग्निसंयोगात्पार्थिवपरमाणौ रूपरसगन्धस्पर्शदाहादीनां बहूनामङ्गीकारात्। प्रागभावभेदस्य च तदभावे कार्याभावलक्षणव्यतिरेकाभावादकारणत्वात्।

उत्पत्तिस्वतस्त्वमुपसंहृत्य ज्ञप्तिस्वतस्त्वमपि निर्वक्ति—**तथा प्रमेति**। यत्तत्रा-प्युक्तं विज्ञानग्राहकसाक्षिमात्रग्राह्यत्वेन प्रामाण्यस्य संदेहो न स्यात्, ज्ञानवदेव निर्णीतत्वादिति तत्परिहरति—**न चेति**। तथा हि भवतां धर्मिमात्रज्ञानं स्वत एव

संस्कार के अनुभवनाशकत्व और स्मृतिहेतुत्व देखे जाते हैं, वैसे ही दोषाभाव में प्रमाप्रतिबन्धत्व और प्रमाहेतुत्व हो सकते है, परन्तु ऐसी शंका युक्त नहीं, क्योंकि वहां संस्कार में अनुभवनाशकत्व होते भी संस्कार से अतिरिक्त स्मृति के कारण के अनुपलम्भ से संस्कार को स्मृति का भी कारण अशक्यता से अगत्या माना जाता है। प्रमात्व का ज्ञानसामग्री कारण है, अतः दोषाऽभाव इसका कारण नहीं हो सकता है। यदि कहा जाय कि उस संस्कार के स्मृतिकारणत्व के स्थान में संस्कार-नाश को ही मान लेने पर संस्कारनाश से स्मृति क्यों न होगी, तो यह कहना युक्त नहीं, क्योंकि स्मृति की उत्पत्ति के विना संस्कारनाश का ही असम्भव है, स्मृति की उत्पत्ति रूप ही संस्कार का नाश होता है, अतः संस्कारनाश की कारणता स्मृति की उत्पत्ति में नहीं हो सकने से संस्कार में अगत्या उभय कारणता मानी जाती है। और प्रकृत में तो ज्ञानसामग्री से ही प्रमा की उत्पत्ति के सम्भव होते दोषाऽ-भाव में भी प्रमा हेतुत्व की कल्पना निष्प्रमाणिक है। अतः ज्ञानसामग्री मात्र से प्रमा उत्पन्न होती है यह सिद्ध हुआ। इस प्रकार प्रमा की उत्पत्ति के स्वतस्त्व का प्रतिपादन हुआ।

उक्त रीति से प्रमा की ज्ञप्ति (ज्ञान) बोधक सामग्री से ही होती है। अतः ज्ञप्ति में भी स्वतस्त्व रहता है। शंका हुई थी ज्ञप्ति में स्वतस्त्व होने पर जैसे विज्ञान

इव प्रमाणमप्रमाणं वेति संशयानुदयप्रसङ्गः; स्वतःप्रमाणत्वेन भवदभिमतधर्मिज्ञानेऽनुव्यवसाये च स्फुरत्यपि सुगतमतानुसारिणामप्रमाणमेवेति विपर्यासदर्शनात्, स्वतःप्रमाणत्वेन भवदङ्गीकृतानुमित्यादावपि ज्ञायमानायां चार्वाकस्य प्रामाण्ये विप्रतिपत्त्युपलब्धेः। स्वरूपभेदवादिनां च गृह्यमाणेऽपि स्थाणोः स्वरूपे स्थाणुर्वा पुरुषो वेति संदेहस्य पुरुष एवेति विपर्ययस्य चोपलम्भात्। सत्यपि प्रतिभासपुष्कलकारणे प्रतिबन्धकदोषादिसमवधानात्तत्र संशयविपर्यासयोरुपपत्तौ प्रकृतेऽपि समं समाधानमन्यत्राभिनिवेशात्। न च

प्रमाणम्, सर्वं ज्ञानं धर्मिण्यभ्रान्तमिति स्वीकारात्। तथानुव्यवसायज्ञानप्रामाण्यमपि तत्तज्ज्ञानस्फुरणसमय एव स्फुरति, तथापि तत्र बौद्धानां धर्मधर्मिभावाद्यपलापाय बहिष्ट्वारोपवादिना स्वप्रकाशज्ञानरुचीनाप्रामाण्यबुद्धया विपर्यासः, तथानुमित्युपमित्योरपि भवदभिमतस्वाभाविकमानभावोऽप्यार्वाकवैशेषिकयोर्विपर्यासः। यथा वा प्राभाकरार्कबन्धुप्रभृतीनां स्वरूपभेदवादिनां स्वरूपे स्फुरत्यपि भेदाग्रहात् संदेहविपर्ययौ तथात्रापि किं न स्यातामित्यर्थः। समाधानसाम्यं दर्शयितुं तन्मुखेनैव समाधानमुद्भावयति—**सत्यपीत्यादिना**। प्रतिभासस्य पुष्कलकारणे सत्यपि प्रबलप्रतिबन्धकवशात् तत्र तत्र संशयाद्युत्पत्तिरत्रापि समानेत्यर्थः। यत्तु ज्ञप्तिस्वतस्त्वे

के ज्ञात होने पर उसका संशय नहीं होता है, वैसे ही प्रमात्व के ज्ञात हो जाने के कारण, ज्ञान प्रमा हुआ या अप्रमा हुआ, ऐसा संशय प्रमात्व विषयक भी नहीं होना चाहिये। यह शंका युक्त नहीं हैं। क्योंकि आप शंका करने वाले, सब ज्ञान को धर्मी अंश में स्वतः प्रमाण मानते हैं, तथा अनुव्यवसाय को स्वतःप्रमाण मानते हैं, वहाँ आपके मतानुसार स्वतःप्रमाण रूप से प्रकाशित भी धर्मीज्ञान और अनुव्यवसाय में बुद्धमतानुसारी (अनुयायी) को ये अप्रमाण ही हैं ऐसा विपर्यय ज्ञान होता है, यह जानते हैं। इसी प्रकार स्वतःप्रमाण रूपेण आप से स्वीकृत यथार्थ अनुमिति आदि के भी ज्ञायमान (ज्ञात) रहते भी चार्वाक के प्रमाण्य की विप्रतिपत्ति (अभाव बुद्धि) देखी (समझी) जाती है। घटपटादि के भेद को पृथक् (अन्योऽन्याभाव) नहीं मान कर स्वरूप मात्र को भेद मानने वालों के मत में स्थाणु के स्वरूप को गृहीत होने पर भी स्थाणु है या पुरुष है, ऐसे संशय के तथा पुरुष ही है ऐसे विपर्यय की उपलब्धि से, मानना होगा कि ज्ञान के पुष्कल (बहुत) कारण के रहते भी प्रतिबन्धक दोष के सम्बन्ध से तत्तत् स्थानों में संशय और विपर्यय की सिद्धि होती है। अतः प्रकृत में भी तुल्य समाधान है कि कहीं दोषबल से ज्ञान के स्वरूप के ग्रहण होने पर भी प्रमात्व का संशय होता है, आग्रह की बात दूसरी है कि ज्ञान के ग्रहण होने पर संशय नहीं होना चाहिये

ज्ञानज्ञापकादेव प्रामाण्यग्रहणे मिथ्यारजतादिबुद्धिषु प्रामाण्यग्रहणप्रसङ्गः; प्रसक्तस्यापि प्रामाण्यग्रहणस्य कारणदोषावगमबाधबोधाभ्यामपनयात्। न च ताभ्यामपनये तयोरभावज्ञानस्य प्रामाण्यग्रहणहेतुत्वोपपत्तौ परतः प्रामाण्यापत्तिरिति वाच्यम्; दोषबाधबोधयोरनुदयमात्रेण प्रामाण्यस्फुरणोररीकरणात्। तथाचाहुर्भट्टपादाः—

'यदा स्वतःप्रमाणत्वं तदान्यन्नैव मृग्यते।
निवर्तते हि मिथ्यात्वं दोषाज्ञानादयत्नतः' ॥ इति
(श्लो० वा० २।५२)

तेन बाधकमुक्तं तत्परिहरति—**न चेति**। हेतुमाह—**प्रसक्तस्यापीति**। ननु कारणदोषज्ञानबाधकज्ञानाभ्यां चेत्प्रसक्तस्यापि प्रामाण्यग्रहणस्यापनयस्तर्हि तयोरभावज्ञानस्य प्रामाण्यज्ञानहेतुत्वं स्यादिति युक्तमिति तत्राह—**न च ताभ्यामिति**। न वयमप्रामाण्यज्ञाने करणदोषज्ञानबाधकज्ञानवत्प्रामाण्यावगमे तयोरभावज्ञानं कारणमाश्रयामहे, अपि तु तज्ज्ञानानुदयमात्रम्, तेन न परतःप्रामाण्यापत्तिरित्यर्थः। उररीकरणं स्वीकारः। दोषाभावादिज्ञानस्य प्रामाण्यज्ञानहेतुताऽभावं भट्टाचार्यवचनेन द्रढयति—**तथा चाहुरिति**। यदा स्वतःप्रमाणत्वकस्याश्रीयते तदान्यज्ज्ञानग्राहकातिरिक्तं नैव मृग्यते। ननु दोषाभावज्ञानमतिरिक्तं मृग्यत इति तत्राह—**निवर्तत इति**। दोषज्ञानानुदयमात्रात् अयत्नतो मिथ्यात्वशङ्का निवर्तत इत्यर्थः। न च दोषज्ञानानुदयमादायैव परतस्त्वापत्तिरिति वचनीयम्; विरोधिबुद्ध्युदयप्रतिबन्धकतयैव कृतसमाधानत्वात्।

इत्यादि। यदि कहें कि ज्ञानबोधक मात्र से ही प्रामाण्य के ग्रहण होने पर मिथ्या रजतादि ज्ञान में भी उनके ग्राहक से प्रामाण्य का ग्रहण (ज्ञान) प्राप्त होगा, तो यह कहना युक्त नहीं, क्योंकि प्रसक्त (प्राप्त) भी प्रामाण्यग्रहण का कारण दोष के ज्ञान और बाध से निवारण हो जाता है। यदि कहा जाय कि कारण के दोषज्ञान और बाधज्ञान इन दोनों से अप्रमा में प्रमात्व के अपनय (निवारण) होने पर, दोषज्ञान के और बाधज्ञान के अभाव को प्रमाण्यज्ञान में हेतुत्व की प्राप्ति होने पर परतस्त्व की प्राप्ति प्रामाण्यग्रहण में होती है। तो यह कहना युक्त नहीं, क्योंकि दोषज्ञान और बाधज्ञान के अनुदय मात्र से प्रामाण्यज्ञान को उररी (स्वीकार) किया जाता है। उन ज्ञानों के अभावों को प्रमाज्ञान का हेतु नहीं माना जाता है कि जिससे परतस्त्व की प्राप्ति हो। दोषाऽभावादि ज्ञान के प्रमात्वज्ञान की हेतुता के अभाव को श्रीभट्टपाद ने भी कहा है कि—

जब प्रमात्व स्वतः ग्राह्य होता है, तब अन्य ज्ञानग्राहक से भिन्न का अन्वेषण नहीं किया जाता है। दोषज्ञान के अनुदय मात्र से यत्न के बिना ही मिथ्यात्व की शंका निवृत्त होती है अतः दोषाभावज्ञान को प्रमात्वज्ञान का हेतु नहीं माना जाता है।

अन्यथा तदभावावगमस्यापि प्रामाण्यस्फुरणहेतुत्वेन तदभावावगमस्यापि प्रामाण्यावगमाय तत्तदभावावगमान्तराणामप्यवश्याश्रयणीयत्वादनवस्था, तथा चानभ्यासदशायां सांशयिकत्वादिति हेतोः स्पष्टमनैकान्तिकत्वम्। स्वतःप्रमाणत्वेन भवदभिमतेष्वेवानुमानोपमानानुव्यवसायधर्म्यध्यवसायेषु व्यभिचारस्य दर्शितत्वात्। उक्तं चैतदनुमानादेः स्वतःप्रामाण्यमाचार्यवाचस्पतिना न्यायवार्तिकटीकायाम् "विमतं ज्ञानमर्थाव्यभिचारि समर्थप्रवृत्तिजनकत्वात्, यदि पुनरेवं नाभविष्यन्न समर्थां प्रवृत्तिमकरिष्यत्,

---

दोषाभावावगमस्यापि प्रामाण्यहेतुत्वेऽनवस्थाबाधकमाह—**अन्यथेति**। येन हि दोषाभावज्ञानेनाद्यस्य प्रामाण्यमवगम्यते, तत्प्रामाण्यावगमार्थमपि दोषाभावज्ञानान्तरं गवेषणीयम्। एवंकारमुपर्युपरीत्यनवस्थेत्यर्थः। यत्तु ज्ञप्तिपरतस्त्वेऽनुमानमुदयनीयम्, तत्राप्युक्तं दूषणमतिदिशति—**तथा चेति**। तथा चेत्येतदेवोद्घाटयति—**स्वतःप्रमाणत्वेनेति**। ननु यद्यनुमानादि स्वतःप्रमाणमिति परैरङ्गीकृतं स्यात् स्यादयं मनोरथस्तदेव तु कुत इति इत्राह—**उक्तं चैतदिति**। प्रमाणतोऽर्थप्रतिपत्ताविति प्रथमभाष्यव्याख्यानावसर इति शेषः—**समर्थप्रवृत्तीति**। फलाभिसन्धिप्रवृत्तिजनकत्वादित्यर्थः। व्यतिरेकव्याप्तिं दर्शयति—**यदि पुनरेवमिति**। **अभविष्यदिति** च क्रियातिपत्तौ लृङो रूपम्। अत्र चोपेक्षाज्ञानानां पक्षत्वेनानुपादानान्न भागासिद्धिः। व्यतिरेकी सर्वत्र सपक्षाभावमभ्युपेत्य वर्तत इति नासाधारणानैकान्तिकता। ननु नास्त्येव वादी यः प्रामाण्यनिश्चये विप्रतिपद्येत। नहि प्रामाण्यं स्वीकृत्य तन्निश्चये विप्रतिपत्तिः; स्वीकारस्य निश्चयमूलत्वात्। नाप्यस्वीकृत्य; प्रमाणशून्यविप्रतिपत्तेः सर्वत्र सुलभतया सर्ववादविधिनिषेधप्रसङ्गात्। अनिश्चिते तु प्रामाण्ये तदतद्रूपसंदेहोऽपि क्वचिद् दुर्लभः; विशेषस्मृतेरभावात्, तत्पूर्वकत्वाच्च संशयानाम्। नापि सर्वत्राप्रामाण्यप्रसञ्जनम्; प्रामाण्यग्रहणोपायनिराकरणस्याप्रामाण्येऽपि तुल्यत्वात्त-

---

अन्यथा यदि दोषाभावज्ञान को भी प्रमात्वज्ञान का हेतु माना जाय, तो दोषाभाव के ज्ञान से प्रथम ज्ञान के प्रामाण्य का ग्रहण होगा, फिर उस ज्ञान के प्रामाण्य ज्ञान के लिये अन्य दोषाभावज्ञान की आवश्यकता होगी, इस प्रकार से तत्तत् दोषाभावज्ञानान्तरों की अवश्य स्वीकार्यता से अनवस्था होगी। ऐसा होने पर (प्रामाण्य, परतः गृहीत होता है, अनभ्यासदशा में सांशयिक होने से, अप्रामाण्य के समान) इस अनुमान के, अनभ्यादशा में सांशयिकत्व, यह हेतु स्पष्ट ही अनैकान्तिक है, क्योंकि स्वतःप्रमाणत्व रूप से नैयायिकों से स्वीकृत ही अनुमान, उपमान अनुव्यवसाय धर्मी ज्ञानों में व्यभिचार दर्शाया जा चुका है। अनुमानादि के इस स्वतःप्रामाण्य को श्री आचार्यवाचस्पति ने न्यायवार्तिकटीका में कहा है कि (विवादास्पद ज्ञान, अर्थाऽव्यभिचारी (सार्थक) होता है, समर्थ = सफल प्रवृत्ति का जनक होने से, यदि ज्ञान एवं अर्थाऽव्यभिचारी न होता, तो सफल प्रवृत्ति को भी नहीं सिद्ध कर

यथा प्रमाणाभास इति व्यतिरेकी। वा। अनुमानस्य स्वतःप्रमाणतया अन्वयस्यापि संभवात्।" तथा—"अनुमानस्य तु परितो निरस्तसमस्तविभ्रमाशङ्कस्य स्वत एव प्रामाण्यम्, अनुमेयाव्यभिचारिलिङ्गसमुत्थत्वात्।" "एतेनोपमानं व्याख्यातम्" इत्यादि। सत्प्रतिपक्षसाधनत्वाच्च—विवादस्थले प्रमात्वं विज्ञानग्राहकसामग्रीमात्रग्राह्यम् अप्रमामात्रवृत्तित्वान-

दस्ति प्रामाण्यादिकं तन्निश्चयश्च, तदुपायस्तच्चिन्तामर्हति। एवञ्चान्वयोऽस्त्येव तत्कथं केवलव्यतिरेकीत्याशङ्क्य संप्रत्युत्तरमाह—**अन्वयव्यतिरेकीति**। नन्वनुमानमेव कथं स्वतःप्रमाणं यद्दृष्टान्तादन्वयित्वमित्याशङ्क्य तत्रापि तदीयमेव ग्रन्थं पठति—**तथानुमानस्येति**। परितः सर्वप्रकारेण निरस्ता समस्तविभ्रमाशङ्का यस्येति विग्रहः। अनुमेयेनाग्नचादिना यल्लिङ्गमव्यभिचारि तेनोत्पन्नत्वात्। प्रत्यक्षज्ञानं ह्यर्थादुत्पद्यमानमपि न गृहीताव्यभिचारादुत्पद्यते, अपि तु सत्तामात्रेणावस्थितादेव। एवमिन्द्रियादीन्यपि न गृहीताव्यभिचारीणि, व्यभिचारीणि वा अर्थेन, शाब्दज्ञानं तु नार्थादुत्पन्नम्। न च शब्दस्यार्थाव्यभिचारस्तस्मान्न तयोः स्वतोऽव्यभिचारग्रहणमिति। प्रवृत्तिसामर्थ्यं तज्जातीयत्वं वा अर्थाव्यभिचारायानुसरणीयम्। अनुमानोपमानानुव्यवसायधर्मिज्ञानानां धर्मिज्ञाने स्वत एव तत्, व्याप्तिपक्षधर्मत्वग्राहकेणैवानुमाने, कारणतः स्वरूपतश्च व्यभिचाराशङ्कानिरासात्, उपमानेऽप्यतिदेशवाक्यसादृश्यज्ञानयोः प्रामाण्यावधारणेन तन्निरासादनुव्यवसायेऽप्यज्ञातानुव्यवसायादित्यर्थः। एवमनैकान्तिकतामुक्त्वा सत्प्रतिपक्षतामप्याह—**सत्प्रतिपक्षसाधनत्वाच्चेति। विवादस्थल इति**। अनुमित्यादिव्यतिरिक्तस्थल इत्यर्थः। इयरथांशतः सिद्धसाधनतापातादिति, परतःप्रामाण्यवादिनोऽर्थान्तरतानिवृत्त्यै मात्र-

सकता, जैसे कि प्रमाणाभास सफल प्रवृत्ति को नहीं सिद्ध करता है। यह व्यतिरेकी अनुमान कहा है। या अन्वयव्यतिरेकी अनुमान भी हो सकता है। क्योंकि अनुमान की स्वतःप्रमाणता से अन्वय का भी सम्भव है। इसी प्रकार से, पुनः श्रीवाचस्पतिमिश्र जी ने कहा है कि (निरस्त समस्त विभ्रम शंका वाले अनुमान के तो स्वतःप्रामाण्य होता है, क्योंकि वह अनुमेय अग्नि के साथ अव्यभिचारी लिङ्ग (हेतु) से उत्पन्न होता है। इसीसे उपमान भी व्याख्यात हो गया, क्योंकि उसमें भी सादृश्यज्ञान और अतिदेश वाक्य (गोसदृशो गवयः) इत्यादि में प्रामाण्यता के अवधारण से व्यभिचारशंका का अभाव रहता है, अतः स्वतःप्रामाण्यगृहीत होता है, प्रत्यक्ष में ऐसा नहीं रहता है। इत्यादि। और उक्त परतःसाधक अनुमान में सत्प्रतिपक्षसाधनत्व भी है कि (अनुमित्यादि से भिन्न विवाद स्थान में प्रमात्व, विज्ञानग्राहकसामग्री मात्र से ग्राह्य है। अप्रमामात्र वृत्तित्व के अनधिकरणत्वयुक्त होता हुआ ज्ञानैकवृत्तिजातित्व होने से, ज्ञानत्व के

धिकरणत्वे सति ज्ञानैकवृत्तिजातित्वात् ज्ञानत्ववत् ।

ननु कथं प्रमात्वम् जातिः ? साक्षात्कारित्वेन तस्य परापरभावासंभवात् । तथा हि—यदि साक्षात्कारित्वं परम्, तदा तदपरसामान्यस्य प्रमात्वस्य परसामान्याविनाभावनियमात्सर्वैव प्रमा साक्षात्कारिण्येवेत्यनुमानादेः परोक्षस्याप्रमात्वमेव भवेत् । अथापरम्, तदा साक्षात्कारित्वस्य प्रमात्वाविनाभावादिदं रजतमित्यादिसाक्षात्कारिणो विभ्रमस्य प्रमात्व-

---

ग्रहणम् । गुणत्वादिव्यभिचारवारणाय ज्ञानैकवृत्तीत्युक्तम् । अप्रमात्वसंशयत्वादिव्यभिचारनिवृत्त्यर्थमप्रमावृत्तित्वानधिकरणेत्युक्तम् । साधनवैकल्यनिवृत्त्यर्थं मात्रग्रहणम् । प्रमामात्रवर्तिना प्रमान्यान्यत्वादिना व्यभिचारनिवृत्त्यर्थं जातिग्रहणम् । तस्यान्योन्याभावत्वेन प्रतियोगिज्ञानापेक्षत्वेन विवक्षितत्वात् ।

उदयनीयां विशेष्यासिद्धिं शङ्कते—**ननु कथमिति** । साक्षात्कारित्वप्रमात्वयोः परापरभावाभावं स एवोपपादयति—**तथाहीत्यादिना** । अत्र साक्षात्कारित्वं किं परं व्यापकं प्रमात्वमपरं व्याप्यमिति मतम् ? विपरीतं वा ? नाद्य इत्याह—**यदीति** । साक्षात्कारित्वव्याप्यत्वे प्रमात्वस्य तद्रहितेषु परोक्षेष्वनुमानादिषु प्रमात्वं न स्यादस्ति च तदतो न व्याप्यमित्यर्थः । द्वितीयमाशङ्क्य दूषयति—**अथापरमित्यादिना** । यदि हि साक्षात्कारित्वं प्रमात्वावान्तरजातिस्तदा तद्रहितेषु विभ्रमेषु साक्षात्कारित्वं न स्यात्; यदि स्यात्तर्हि तद्व्यापकं प्रमात्वमपि स्यादित्यर्थः ।

समान) गुणत्वादि में व्यभिचारवारण के लिये ज्ञानैकवृत्तित्व विशेषण है । अन्य विशेषण का फल टीका से ज्ञेय है ।

शंका होती है कि प्रमात्व को जाति कैसे माना जा सकता है, क्योंकि साक्षात्कारित्व (प्रत्यक्षत्व) और प्रमात्व को परापरभाव (व्याप्य-व्यापकभाव) का असम्भव है, अर्थात् जाति में कोई पर जाति होती है, जैसे सत्ता सबसे पर (व्यापक) जाति मानी जाती है । अन्य उससे अपर जाति है, इसीप्रकार से सर्वत्र नियत व्याप्य-व्यापकभाव जाति में माना जाता है, इसके बिना जातित्व का अभाव माना जाता है । यहाँ परापरभाव है नहीं, क्योंकि यदि साक्षात्कारित्व प्रमात्व से पर (विभु) होगा, तो उस साक्षात्कारि से अपर (व्याप्य) सामान्य (जाति) रूप प्रमात्व को परसामान्य के अविनाभावित्व (व्याप्यत्व) के नियम से सभी प्रमा साक्षात्कारिणी (प्रत्यक्षस्वरूपा) ही होगी । अतः परोक्ष अनुमानादि को अप्रमात्व ही प्राप्त होगा । और यदि साक्षात्कारित्व परमात्व से अपर जाति हो, तो साक्षात्कारित्व को प्रमात्व के अविनाभावी (व्याप्य) होने के कारण इदं रजतम्, इत्यादि साक्षात्कारी (प्रत्यक्ष) भ्रम को भी प्रमात्व प्राप्त होगा । इस प्रकार से परापरभावरहित में जातित्व नहीं हो सकता है, प्रमात्वरहित भ्रम में प्रत्यक्षत्व

प्रसङ्गः। किं च यदि प्रमात्वं जातिस्तदा सर्वं ज्ञानं धर्मिण्यभ्रान्तं प्रकारे तु विपर्यय इत्येषा परिभाषा परिलुप्येत। एकस्यैवेदं रजतमिति ज्ञानस्य धर्म्यंशे प्रमात्वमप्रमात्वं चेतरांशे इति जातिसङ्करप्रसङ्गादिति चेत्, मैवम्; साक्षात्कारित्वस्य रजतादिविभ्रमावृत्तित्वात्। तत्रतद्व्यवहारस्येन्द्रियसंप्रयोगजन्यतोपाधिमात्रेणोपपत्तेः, धर्म्यंशे प्रमाव्यवहारस्य चाबाधितानुभूतित्वोपा-

---

ततः परापरभावशून्ययोरेकत्र वृत्तौ सङ्करः स्यात्स च जातिबाधकः यथा वक्ष्यति—सङ्कर इति। सङ्करान्तरमाह—**किंचेति**। यदि प्रमात्वं जातिस्ततो जातिसङ्करपरिहाराय विभ्रमेष्वप्रमात्वाधिकरणेषु सा नेष्टव्या, ततश्च सर्वज्ञानानां धर्म्यंशे प्रामाण्यं प्रकारे रजतादौ विपर्यय इति यौक्तिकपरिभाषा निरर्थका स्यादित्यर्थः। साक्षात्कारित्वमपरं प्रमात्वं परम्, विभ्रमेषु न साक्षात्कारित्वं व्यवहारस्तु औपाधिकस्ततो न जातिसङ्कर इति परिहरति—**मैवमिति**। प्रमात्वाप्रमात्वसङ्करं परिहृति—**धर्म्यंशे इति**। न चाबाधितानुभूतित्वसंभवे तद्व्यञ्ज्या जातिरपि तत्र भवेदिति वाच्यम्। प्रसाधने सङ्करबाधात्, प्रसञ्जने विपर्ययपर्यवसानात्। न तावदिदं प्रयोजकं मीमांसकानां यथाह सूत्रकारः—'अर्थेऽनुपलब्धे तत्प्रमाण'मिति। तथा तन्त्रान्तरकारोऽपि—'असन्निकृष्टेऽर्थे ज्ञान'मिति। संशयविपर्ययस्मृतिव्यतिरिक्तज्ञानानि स्वतदतिरिक्तवृत्तित्वानधिकरणजातिमन्ति जातिमत्त्वात्संप्रतिपन्नवदिति च प्रमात्वजातावनुमानम्। अत्र चैतदवसेयम्। परसिद्धान्तमाश्रित्यैवं जातिसङ्करपरिहार इति। यतः—

रहता है। प्रत्यक्षत्वरहित अनुमानादि में प्रमात्व रहता है, इसप्रकार से परस्पर के अत्यन्ताभावाधिकरणवृत्तिधर्मों की प्रत्यक्ष प्रमा में वृत्तिता से संकर है। और प्रमात्व यदि जाति होगा, तो सब ज्ञान धर्मी अंश में अभ्रान्त (प्रमा) रहता है, प्रकार (विशेषण) में विपर्यय होता है, यह परिभाषा लुप्त हो जायगी। क्योंकि इस नियम के अनुसार इदं रजतम्, इस ज्ञान को इदम् अंश में प्रमा, रजतत्व अंश में अप्रमा मानने पर संकर होगा, वह जातित्व का बाधक होगा, और जाति को मानने पर इस नियम का अभाव होगा। क्योंकि एक ही इदं रजतम् , इस ज्ञान को धर्मी अंश में प्रमात्व इतरांश में अप्रमात्व से जातिसंकर का प्रसङ्ग होगा ही। उत्तर है कि ऐसी आपत्ति नहीं है क्योंकि साक्षात्कारित्व रजतादि विभ्रमों में नहीं रहता है। अतः प्रमात्व को पर और प्रत्यक्षत्व को अपर मानने पर उक्त दोष की प्राप्ति नहीं हो सकती है। प्रत्यक्ष भ्रम में प्रत्यक्षत्व के नहीं रहते भी जो उसमें प्रत्यक्षत्व का व्यवहार (कथन) होता है, वह इन्द्रियसम्बन्धजन्यता रूप उपाधि (काल्पित धर्म) से होता है। इसी प्रकार भ्रमज्ञान के धर्मी अंश में प्रमात्व

अर्थात् परमाणु से द्वचणुक के आरम्भपूर्वक ही त्र्यणुकादि प्रारम्भ की प्रक्रिया भी प्रमाण से नहीं सिद्ध हो सकती है। परमाणुओं से ही त्र्यणुकादि की उत्पत्ति हो सकती है। यदि शंका हो कि इसप्रकार से द्वचणुक के विना परमाणु से त्र्यणुक की उत्पत्ति होने पर त्र्यणुक में महत्त्व नहीं होगा, क्योंकि परमाणु परिमाण के परम महत्परिमाण के समान नित्य परिमाण होने के कारण इसमें परम महत्त्व के समान ही अनारम्भकत्व भी है, अतः परमाणु से आरब्ध द्वचुक में द्वित्व संख्या से परिमाण की उत्पत्ति मानी जाती है, परमाणु परिमाण से नहीं, और निरवयव परमाणुओं में शिथिलावयवसंयोग रूप प्रचय तो शंका के योग्य नहीं है, अतः उनके प्रचय से भी त्र्यणुक परिमाण की उत्पत्ति नहीं हो सकती है, अतएव परमाणु से त्र्यणुक की उत्पत्ति मानना युक्त नहीं, यह शंका युक्त नहीं, क्योंकि जैसे परमाणु गत द्वित्व से द्वचणु में परिमाण की उत्पत्ति मानते हैं, इसीप्रकार से कारण रूप परमाणुगत वहुत्व से ही त्र्यणुकादि में महत्त्व की सिद्धि होगी। यदि कहें कि

गतानेकत्वसंख्या नारम्भिका, तद्गतद्वित्वस्यापि द्व्यणुकपरिमाणानारम्भकत्वप्रसङ्गात्। नन्ववयविनां परमाणूपादानकत्वे कपालशर्करादीनामनारब्धत्वात्परमाणूनां चादृश्यत्वादवयविनाशे न किंचिद् दृश्येतेति चेत्, न, द्व्यणुकारभ्यत्वेपि प्रसङ्गस्य तुल्यत्वात्। त्र्यणुकचतुरणुकादिक्रमेणारम्भान्नायं प्रसङ्ग इति चेत्, न, चतुर्भिर्द्व्यणुकैश्चतुरणुकवत् द्व्यणुकसहस्रारब्धकार्यनाशेऽपि प्रसङ्गस्य तुल्यत्वात्। तस्माद् द्व्यणुकसद्भावे न किंचिन्मान-

---

गतेति। अ॰ किं नित्यगतसंख्यात्वादनारम्भकत्वम्? अनेकत्वसंख्यात्वाद्वा? नाद्यः, परमाणुषु द्वित्वस्याप्यनारम्भकत्वप्रसङ्गात्। नापि द्वितीयः, द्व्यणुकगतबहुत्वस्याप्यनारम्भकत्वप्रसङ्गादिति भावः। एतेनाचाक्षुषत्वं प्रत्युक्तम्, महत्त्वादेवोपपत्तेः। यत्तु स्वयमेवाशङ्क्य निराकरिष्यतीत्युक्तम्, तत्करोति—**नन्विति**। इयमनुपपत्तिरणुद्व्यणुकारम्भेऽपि समाना। यथा द्व्यणुकारब्धत्र्यणुकध्वंसे द्व्यणुकशेषतया न किंचिद् दृश्यते, तथावयविनोपि द्व्यणुकारभ्यत्वे न किंचिद्दृश्येतेति नेयं द्व्यणुकसाधिकेत्यर्थः। ननु नास्माभिर्द्व्यणुकैरेवाव्यवधानेन, पटाद्यारम्भोऽभ्युपगम्यते, येनायमनन्तरो दोषः स्यात्, किंतु त्र्यणुकादिक्रमेण। तथाचोत्तरोत्तरनाशेऽपि पूर्वपूर्वस्य प्रत्यक्षत्वं घटते, त्र्यणुकविनाशे त्वन्यस्यादर्शनमनुगुणमेवेति शङ्कते—**त्र्यणुकेति**। स्यादेवं यद्येवमेवेति भवतां नियमः, न त्वेतदस्ति, चतुर्भिर्द्व्यणुकैश्चतुरणुकारम्भवद् द्व्यणुकसहस्रेणाप्येककार्यारम्भोऽनुमन्यत एव भवता। तथाच तत्रैवोक्तानुपपत्तिः समानेत्याह—**न चतुर्भिरिति**। न च चतुरणुकमपि त्र्यणुकचतुष्टयारब्धम्, अणुशब्दार्थाभावात्, अण्वारब्धेष्वणुषु नाणुशब्दप्रयोगः, द्व्यणुकत्र्यणुकयोस्तथा, तद्दर्शनात् परमाणुव्यतिरिक्तयोः। ननु किमिति मानाभावः? यावता किरणावलीकारोक्त-

---

परमाणुगत अनेकत्व संख्या आरम्भक नहीं होती है, तो परमाणुगत द्वित्व को भी द्व्यणुक परिमाणानारम्भकत्व प्राप्त होगा। यदि शंका हो कि घटादि अवयवियों (कार्यों) के परमाणु रूप उपादान से ही जन्य होने पर, उन अन्तिम अवयवी के आरम्भ के मध्यगत कपालशर्करा (कपालिकाठिकरा) के अनारब्ध होने से और परमाणुओं के अदृश्य होने से अवयवी के नाश होने पर, वह आरम्भक परमाणुरूपता को प्राप्त होगा, अतः कुछ भी नहीं दीख पड़ेगा, परन्तु कपालादि दीखना है, अतः परमाणु से महा अवयवी का आरम्भ मानना युक्त नहीं। तो यह कहना युक्त नहीं, क्योंकि द्व्यणुक से अवयवी के आरब्ध = जन्य होने पर भी प्रसङ्ग (आपत्ति) तुल्यता है, द्व्यणुक से आरब्ध का नाश होने पर भी कुछ नहीं दीखेगा, क्योंकि द्व्यणुक भी अदृश्य ही माना जाता है। यदि कहें कि द्व्यणुक से त्र्यणुक चतुरणुकादि क्रम से अवयवी का आरम्भ होता है, अतः नाश होने पर कपालादि दीखते हैं, उक्त दोष का प्रसङ्ग (सम्बन्ध) नहीं होता है। तो यह कहना भी युक्त नहीं,

मस्ति। ननु त्र्यणुकं कार्यद्रव्योपादानकं महत्त्वे सति कार्यत्वात् घटवत्। तथारम्भकद्रव्यसंख्यापकर्षतारतम्यं क्वचिद्विश्रान्तं तरतमभावत्वात्परिमाणतरतमभाववत्। न चैकत्वसंख्यायामेव विश्रान्तौ सिद्धसाधनता, तथा सत्येकद्रव्यस्यैव द्रव्यारम्भकत्वप्रसङ्गात्। न चैकद्रव्यारब्धं द्रव्यम्, कार्यद्रव्यस्यानाशप्रसङ्गात्। कारणविभागस्य कारणविनाशस्य च तन्नाशहेतोरभावात्। ततो द्व्यणुकसिद्धौ न परमाणूपादानकत्वं त्र्यणुकस्येति चेत्,

---

मस्त्यनुमानमिति शङ्कते—**ननु त्र्यणुकमिति**। आकाशादौ व्यभिचारवारणाय कार्यत्वादित्युक्तम्। इच्छादिनित्यद्रव्यगुणैः स्वाभिमतद्व्यणुकेन च व्यभिचारवारणाय महत्त्वे सतीत्युक्तम्। सिद्धसाधनतानिवृत्त्यै प्रतिज्ञायां कार्यपदम्। **तथारम्भकेति**। तन्त्वारब्धपूर्वपूर्वारम्भकद्रव्येषु यदिदं संख्यापकर्षस्य तारतम्यं तत्क्वचिद्विश्रान्तम्। नचाश्रयासिद्धिः, यतोऽस्ति तावद्घटानुप्रविष्टपरमाणुसंख्यापेक्षया तदवयकपालमनुप्रविष्टपरमाणुसंख्यापकर्षः, इतरथा घटकपालयोगुंरुत्वादिसाम्यापातात्। नचायमपकर्षोऽनवधिः, एकत्वादपकृष्टसंख्याभावात्। नचैकत्वमेव तदवधिरित्यर्थान्तरता, तस्यारम्भकद्रव्यसंख्यात्वाभावात्। नह्येकद्रव्यमारम्भकम्, तथा सति संयोगलक्षणासमवायिकारणाभावात् विनाशहेत्वभावान्नित्यतापाताच्च। तस्मात्परमाणुगतद्वित्वं विश्रान्तिभूमिः। तथाच यत्परमाणुद्वयारब्धं कार्यं तद् द्व्यणुकमिति भावः। तदेनद्

क्योंकि जैसे चार द्व्यणुक से चतुरणुक होता है, वैसे सहस्र द्व्यणुक से भी कार्यारब्ध हो सकता है, वहाँ उसके नाश होने पर भी अदृश्यता का प्रसङ्ग तुल्य होता हैं। अतः द्व्यणुक के सत्त्व में कोई प्रमाण नहीं है। शंका होती है कि द्व्यणुक में प्रमाण का अभाव नहीं है, अनुमान प्रमाण है। जैसे कि (त्र्यणुक, कार्यरूप उपादान वाला होता है, महत् होते कार्य होने से, घटवत्) इसीप्रकार से (आरम्भक द्रव्य के संख्या अपकर्ष का तारतम्य, कहीं विश्रान्त है, तरतमभाव होने से, परिमाणतरतमभाव के समान) इन अनुमानों, से जो त्र्यणुक का उपादान रूप कारण सिद्ध होता है, जिसमें संख्या अपकर्ष की विश्रान्ति होती है, वह द्व्यणुक सिद्ध होता है। एकत्व संख्या में ही उक्त तारतम्य की विश्रान्ति से सिद्धसाधनता होगी ऐसा नहीं कह सकते हैं, क्योंकि वैसा होने पर एक द्रव्य (परमाणु) को ही द्रव्यारम्भकत्व प्राप्त होगा, और एक द्रव्य (परमाणु) आरब्ध द्रव्य होता नहीं है, क्योंकि एक द्रव्य से आरब्ध कार्य का विनाशाऽभाव प्राप्त होगा, कारण का विभाग वा कारण का नाश रूप हेतु उस नित्य द्रव्यारब्ध द्रव्य के नाश के लिये नहीं हो सकता है, क्योंकि एक नित्य के विभाग और नाश का होना असम्भव है। अतः अनुमान से द्व्यणुक की सिद्धि होने पर, परमाणु उपादानवत्त्व त्र्यणुक को नहीं सिद्ध हो सकता है। अतः द्व्यणुक में ही त्र्यणुक की उपादानता युक्त है। यह शंका

न, प्रथमप्रयोगे महदुपादानकत्वस्योपाधित्वात्। ननु परिमाणावान्तरसामान्यस्य महत्त्वाद्यवान्तरसामान्यव्यतिरिक्तस्य कार्याकार्यवृत्तित्वं महत्त्वे दृष्टमतोऽणुत्वस्यापि कार्याकार्यवृत्तित्वसिद्धौ कार्याणुपरिमाणाधिकरणद्वयणुकसिद्धिरिति चेत्, न, ह्रस्वत्वदीर्घत्वयोरनैकान्त्यात्, तयोः कार्यैकवृत्ति-

---

दूषयति—न प्रथमेति। घटादौ कार्योपादानकत्वे त्वदुक्तहेतुर्न प्रयोजकः, किंतु महदुपादानकत्वम्, आकाशादौ व्यतिरेकसिद्धेर्न पक्षेतरतेति भावः। वस्तुतो नायमुपाधिर्महत्पदवैयर्थ्यात्। दूषणं तु सप्रतिसाधनं वक्ष्यते। अपि च घटत्वमत्रोपाधिः। नच साध्याव्यापकता, त्र्यणुकघटान्यतरत्वे सति कार्यद्रव्योपादानकत्वे घटत्वस्योपाधित्वात्, साधनावच्छिन्नसाध्यव्यापकोपाधिवत्। तथाच साध्यव्यावृत्तिसिद्धिः, तदन्यतरत्वाव्यावृत्तेरशक्यत्वात्। सर्वानुमानभङ्गप्रसङ्गश्चानिर्वचनीयवादिनो न वचनीयः। श्रीवल्लभस्तु 'अनुग्राहकतर्काभावात्साध्यव्याप्तिः पूर्वस्य नास्ति, प्रत्युत बाधकापत्तिश्चे'ति मन्वानो बाधकमुक्तवान्, तमनुवदति—ननु परिमाणेति। परममहत्त्वादिषु व्यभिचारनिरासायोक्तं महत्त्वाद्यवान्तरेति। प्रयोगशरीरं तु—अणुत्वसामान्यं कार्याकार्यवृत्ति परिमाणत्वसाक्षाद्व्याप्यजातित्वान्महत्त्ववदिति भावः। नच साध्यविकलता, महत्त्वस्याकाशादिषु घटादिषु च वर्तमानत्वात्। तथा च यत् कार्यमणुत्वाधिकरणं परिमाणं तदधिकरणम्, द्वयणुकम्, यच्च नित्यपरमाणुपरिमाणं तदधिकरणं परमाणुरित्यर्थः। अनैकान्तिकतामेव दर्शयति—तयोरिति। अस्तु तर्हि

भी युक्त नहीं, क्योंकि प्रथम अनुमान में, महदुपादानकत्व, उपाधि है, वह घटादि में कार्यद्रव्योपादानक साध्य का व्यापक है, और त्र्यणुक में साधन का अव्यापक है, क्योंकि वहाँ महदुपादानकत्व नहीं है, और हेतु है। आकाशादि में व्यतिरेक की सिद्धि से पक्षेतरता दोष नहीं है। यहाँ शंका होती है कि (महत्त्वादि अवान्तर सामान्य (परम महत्त्वादि) परिमाणावान्तर सामान्य को महत्त्व में कार्य कार्याकार्यवृत्तित्व देखा गया है, जैसे कि महत्त्व जाति घटादि कार्य में भी रहती है, और नित्य आकाशादि में रहती है। अतः परम अणुत्व से अतिरिक्त अणुत्व को कार्याऽकार्यवृत्तित्व सिद्धि होने पर कार्यरूप अणुपरिमाण रूप द्वयणुक की सिद्धि होती है। क्योंकि कार्याणुत्व का अधिकरण द्वयणुक होता है, और नित्य परमाणु परिमाण का अधिकरण परमाणु होता है। अतः महदुपादानकत्व उपाधि व्यतिरेक से साध्याभाव के साधन में कोई अनुकूल तर्क नहीं है, और तर्क बाधक है (अणुत्व सामान्य, कार्याकार्य वृत्ति है। परिमाणत्व का साक्षात् व्याप्य जाति होने से, महत्त्ववत्) यह प्रयोग है। यह शंका भी युक्त नहीं, ह्रस्वत्व दीर्घत्व में अनैकान्तिकता है, हेतु है,

तयाऽकार्यवृत्तित्वानङ्गीकारात् । न च तद्व्यतिरिक्तत्वे सतीति विशेषणान्नानैकान्तिकता, तथापि प्रतिसाधनसद्भावात्, तथा हि—अणुत्वं कार्याकार्यवृत्ति न भवति महत्त्वव्यतिरिक्तत्वे सति परिमाणावान्तरजातित्वाद्ध्रस्वत्वादिवत् भवन्मतमाश्रित्य प्रयोगसंभवात्, त्रसरेणुनित्यत्ववादिनं भाट्टं प्रति हेतोर्विशेष्यासिद्धेश्च द्वितीयप्रयोगे च सिद्धसाधनता, त्रसरेणुयुगलादौ संख्यापकर्षतारतम्यविश्रान्त्युपपत्तेः । तदेवं परमाणुभिरारब्धे त्र्यणुकादौ महत्त्वोपपत्तेर्न द्व्यणुकादिप्रक्रमप्रक्रियासिद्धिः ।

ह्रस्वत्वदीर्घत्वव्यतिरिक्तत्वे सति इति विशेषणम्, तत्राह—**न चेति** । ननु यदिदमणुत्वं प्रतिसाधने पक्षीक्रियते तत्तावन्न वेदान्तिनः सिद्धम्, परमाणुद्व्यणुकयोरसिद्धौ तत्परिमाणतत्सामान्ययोरसिद्धतरत्वादिति, तत्राह—**भवन्मतमिति** । अथवा महत्त्वव्यतिरिक्तत्वे सतीति विशेषणं व्यर्थम्, आकाशादीनामपि कार्यत्वादारम्भकत्वाच्च परिमाणानधिकरणतया महत्त्वस्यापि कार्यैकवृत्तित्वेनोक्तसाध्यवत्त्वादिति, तत्राह—**भवन्मतमिति** । यच्च प्रथमानुमाने महत्त्वे सति कार्यत्वादित्युक्तं तत्र विशेष्यासिद्धिमाह—**त्रसरेण्विति** । आरम्भकद्रव्यसंख्येत्यादिद्वितीयानुमानेऽपि दूषणमाह—**द्वितीयेति** । द्वित्वं ह्यारम्भकसंख्यापकर्षविश्रान्तिभूमिः, तच्च त्र्यणुकगतमपि संभवति, ततः परारम्भकस्याद्याप्यसिद्धिरित्यर्थान्तरमित्यर्थः । प्रपञ्चितं द्व्यणुकदूषणमुपसंहरति—**तदेवमिति** ।

साध्य नहीं है । ह्रस्वत्व, दीर्घत्व की एक कार्यमात्र वृत्तिता से अकार्य वृत्तिता नहीं मानी जाती है । यदि कहें कि हेतु में ह्रस्वत्व दीर्घ से भिन्नत्व विशेषण लगाने से व्यभिचार दोष नहीं रहेगा, तो भी सत्प्रतिपक्षता का सद्भाव है । क्योंकि (अणुत्व, कार्याकार्य उभय वृत्ति नहीं होता है । महत्त्व व्यतिरिक्त होता हुआ परिमाणावान्तर जाति होने से, ह्रस्वत्वादि के समान) यद्यपि अणुत्वादि वेदान्त में असिद्ध है । तथापि आपके मत को लेकर प्रतिवादी के मत का आश्रयण करके इस प्रयोग का सम्भव है । और त्रसरेणु को नित्यत्ववादी भाट्ट के प्रति प्रथम प्रयोग के हेतु (महत्त्वे सति कार्यत्व) का विशेष्यांश असिद्ध है, क्योंकि त्र्यणुक रूप पक्ष कार्योपादानक भट्ट मत में नहीं है । और दूसरे प्रयोग में सिद्धसाधनता है, क्योंकि त्रसरेणु के युगल (द्वित्वादि) में संख्यापकर्ष तारतम्य की विश्रान्ति की सिद्धि होती है । अतः इस उक्त रीति से परमाणुओं से आरब्ध त्रिणुकादि में महत्त्व की सिद्धि होने से द्व्यणुकादि से आरम्भ प्रक्रिया की सिद्धि नहीं हो सकती है ।

किंच—

परिमाणस्य सिद्धत्वे तदारम्भविचारणा ।
नाद्यापि सिद्धस्तद्भावोऽभावाल्लक्षणमानयोः ॥ ५० ॥

परिमाणमेव न निरूपणपथमवतरति, कुतस्तदारम्भचिन्ता ? तल्लक्षणप्रमाणयोरनिरूपणात्, तथा हि—किं (१) मानव्यवहारकारणं परिमाणम् ? (२) उत द्वित्वासमवायिकारणकवृत्तिगुणत्वावान्तरजातीयम् ? (३) आहोस्विदसमवायिकारणत्वानधिकरणनित्याकाशवृत्तिवृत्तिगुणत्वावान्तरजातिमत् ? (४) परिमाणत्वजातिमद्वा ? नाद्यः, अदृष्टेश्वरादेरपि

यस्य च महत्त्वस्योत्पत्त्यनुपपत्त्या द्व्यणुककल्पनं तदेवासिद्धम्, परिमाणमात्रस्य दुर्निरूपत्वे तद्विशेषमहत्त्वस्य दुर्निरूपत्वादित्याह—**किंचेत्यादिना** । अभावादिति च्छेदः । श्लोकं विवृणोति—**परिमाणेति** । द्वित्वमसमवायिकारणं यस्य द्व्यणुकपरिमाणस्य तद्द्वित्वासमवायिकारणकं तद्वृत्तिगुणत्वावान्तरजातिस्तद्वदित्यर्थः । रूपादिव्यवच्छेदाय प्रथमं विशेषणम् । द्रव्यादिव्यवच्छेदाय द्वितीयम् । **असमवायिकारणेति** । असमवायिकारणत्वानधिकरणं नित्यश्च य आकाशवृत्तिर्गुणः तद्वृत्तिर्या गुणत्वावान्तरजातिस्तदीयं चेत्यर्थः । अत्रापि रूपत्वादिकमादाय रूपादिष्वतिव्याप्तिनिरासार्थमाकाशवृत्तिवृत्तीत्युक्तम् । तथापि द्वित्वादिष्वतिव्याप्तिस्तदर्थं नित्यग्रहणम् । एतेन संयोगविभागशब्दा अपि व्यवच्छिन्नाः । तथाप्येकत्वपृथक्त्वयोरतिव्याप्तिस्तदर्थ-

---

और परिमाण के सिद्ध होने पर, उससे आरम्भ की विचारणा हो सकती है। वहाँ लक्षण और प्रमाण के अभाव से उस परिमाण का भाव (सत्त्व) ही नहीं अभी सिद्ध हुआ है ॥ ५० ॥

अर्थात् परिमाण ही निरूपण मार्ग में नहीं आता है। (परिमाण का निरूपण नहीं हो सकता है) तो तदारम्भ की चिन्तना कैसे हो सकती है। उसके लक्षण और प्रमाण के अनिरूपण से किसी प्रकार से उसकी विचारणा नहीं हो सकती है : क्योंकि यथा, मानव्यवहार का कारण परिमाण होता है, या द्वित्वाऽसमवायिकारण वाले में वृत्ति गुणत्वान्तर (व्याप्य) जातिमत्त्व है, या असमवायिकारणरहित नित्य जो आकाशवृत्ति गुण तद्वृत्ति गुणत्वावान्तर जातिमत्त्व है, अथवा परिमाणत्व जातिमत्त्व है। प्रथम लक्षण युक्त नहीं है, क्योंकि परिमाण व्यवहार के कारण अदृष्ट ईश्वरादि को भी परिमाणत्व प्राप्त होता है। अर्थात् परिमाण व्यवहार के साधारणकारण अदृष्टादि में लक्षण की अतिव्याप्ति होती है। यदि कहें कि परिमाण व्यवहार में जो व्यवहार के विषय रूप से कारण होता है, वह परिमाण कहा जाता है, इसप्रकार से विषयता रूप से व्यवहार का विशेषण होने से उक्त दोष नहीं रहता है, तो यह नहीं कह सकते हैं, क्योंकि इसप्रकार से भी परिमाण

मानव्यवहारकारणस्य परिमाणत्वप्रसङ्गात्। विषयतयेति विशेषणाददोष इति चेत्, न, परिमाणत्वजातेरपि तथात्वापत्तेः। जातिमत्त्वे सतीति चेत्, न, द्रव्येऽपि प्रसङ्गात्। परिमाणत्वजातिमत्त्वे सतीति चेत्, न, तावन्मात्रस्यैव लक्षणत्वोपपत्तौ व्यर्थविशेष्यत्वापातात्। नापि द्वितीयः, द्वित्वस्य तदसमवायिकारणत्वस्य चानन्तरमेव निरस्तत्वात्। किंच विशिष्टजातिमत्त्वं ज्ञाततया तद्व्यवहारकारणं वक्तव्यम्, तच्च किंचिदुपसंग्राहकपुर-

---

मसमवायिकारणत्वानधिकरणेत्युक्तम्। न हि परममहत्त्वस्य किंचित्प्रत्यसमवायिकारणत्वमस्ति। एकत्वादेश्च द्वित्वादेरसमवायिकारणत्वाधिकरणत्वान्निरासः। ननु यद्यपि सर्वोत्पत्तिमन्निमित्तकारणादृष्टेश्वरादेरस्ति मानव्यवहारकारणत्वं तथापि न विषयतया, तादृशकारणत्वं चात्र विवक्षितमिति सङ्कते—**विषयेति**। 'गुणत्वे सति मानव्यवहारकारणम्' इत्युदयनस्तदपि गुणत्वखण्डनेन निरसनीयम्। यद्यपि परिमाणत्वजातेः परिमाणविशेषणतया व्यवहारविषयत्वमस्ति, तथापि जातिमत्त्वे सतीति विवक्षितम्, नच जातौ जातिरस्तीति नातिव्याप्तिरित्याशङ्क्य तर्हि तदाधारद्रव्येऽतिव्याप्तिरित्याह—**न द्रव्येऽपीति**। न जातिमत्त्वमात्र विवक्षितम्, किंतु परिमाणत्वजातिमत्त्वम्, तेन न द्रव्यादिष्वतिव्याप्तिरिति शङ्कते—**परिमाणत्वेति**। परिमाणत्वजातियोगीत्येतावदेवास्त्वित्यर्थः। ओमिति च न वाच्यम्, अन्त्यपक्षत्वेन दूष्यमाणत्वादिति भावः। शिवादित्यमनोहरयोरभिमतलक्षणं दूषयति—**नापीति**। यानि च जातिपुरस्कारेण प्रवृत्तानि लक्षणानि, तेषां साधारणदूषणमाह—**किंचेति**। व्यवहारोऽपि लक्षणप्रयोजनम्, स च ज्ञातात्, इतरथातिप्रसङ्गात्, असत्त्वप्रसङ्गाच्च, केवलव्यतिरेकित्वाल्लक्षणस्य, तथा चैवंविधजातिमत्त्वमपि लक्षणं ज्ञातमेव व्यावर्तकमित्यर्थः। ततः किमिति तत्राह—**तच्चेति**। एतादृशामेवंविधजातिमत्त्वं न

व्यवहार के विषय परिमाणत्व जाति को भी परिमाण गुण रूपता की प्राप्ति होगी, जाति में अतिव्याप्तिवारण के लिये जातिमत्त्वे सति, कहें, तो भी अतिव्याप्ति नहीं जाती है, परिमाणविशिष्ट व्यवहार का विषय द्रव्य भी होता है, अतः द्रव्य में अतिव्याप्ति रहती ही है, परिमाणत्व जातिमत्त्वे सति परिमाण व्यवहार का विषय हो ऐसा लक्षण माने तो परिमाणत्व जातिमत्त्व इतना ही मात्र लक्षण की सिद्धि होते व्यर्थ विशेष्यत्व की प्राप्ति होता है। दूसरा (द्वित्वाऽसमवायिकारणकवृत्तिगुणत्वावान्तरजातिमत्त्व) लक्षण भी ठीक नहीं हो सकता है, क्योंकि द्वित्व का और द्वित्वासमवायिकारणत्व का प्रथम अभी निराकरण किया गया है। और यह भी वक्तव्य है कि उक्त अवान्तरविशिष्ट जातिमत्त्व रूप लक्षण को ज्ञात हो करके ही परिमाण व्यवहार का कारण कहना होगा। क्योंकि लक्षण का प्रयोजन (फल) व्यवहार होता है, वह अज्ञात लक्षण से नहीं हो सकता है। और (तच्च) वह

स्कारेणैव सर्वलक्ष्यव्यक्तिनिष्ठतयाधिगन्तव्यम्, अन्यथा व्यक्त्यन्तरे तथा प्रथाऽभावेन तद्व्यवहाराभावप्रसङ्गात्। तथा च तेनैवानुगतव्यवहारोपपत्तौ कृतं विलक्षणलक्षणपरीक्षाप्रयासेन। नापि तृतीयः, उक्तदोषानुषङ्गात्। नापि तुरीयः, जातिव्यञ्जकस्य निर्वक्तुमशक्यत्वात्। शक्यत्वे वा पूर्वोक्तदोषानुपक्तेश्च। तदेवं न लक्षणनिरुक्तिः।

नापि प्रमाणम्। नहि मानव्यवहार एव तत्र प्रमाणम्? तस्यानिरुक्तेः, तथा हि—कोऽयं मानव्यवहारः? किं (१) हस्तवितस्त्यादिव्यवहारः?

त्वनीदृशामिति यदिदं ज्ञानं तद्यदि व्यक्तिपुरस्कारेण तदा तद्रूपस्यान्यत्राभावेन तत्र तद्धेतुव्यवहारो न स्यात्, तथाच सर्वव्यक्तिनिष्ठमेकरूपसंग्राहकं पुरस्कृत्य स इति वक्तव्यमित्यर्थः। प्रथा प्रतीतिः। ततो वा किमित्यत्राह—**तथा चेति**। विलक्षणजातिविशिष्टं यल्लक्षणं तत्परीक्षणप्रयासेन कृतमलमित्यर्थः। असमवायिकारणेत्यादितृतीयलक्षणं दूषयति—**नापीति**। **अशक्यत्वादिति**। पूर्वोक्तलक्षणानां दूषितत्वादिति भावः।

ननु मानव्यवहारः किमिति न प्रमाणमिति, तत्राह—**न हीति**। **अव्यासे-**

लक्षण, कुछ उपसंग्राहक = विशेषण को स्वीकार करके ही सर्वलक्ष्यव्यक्तिवृत्तिरूप से ज्ञातव्य होगा, अन्यथा संग्राहक विशेषण को नहीं मानने पर, एक किसी व्यक्ति में लक्षण का ज्ञान होने पर भी व्यक्त्यन्तर में वैसी प्रथा (प्रतीति) के अभाव से उस जातिमत्त्व रूप परिमाण व्यवहार का अभाव प्राप्त होगा। अर्थात् जब विशिष्ट जातिमत्त्व परिमाण होगा, तो जैसे गोत्व जाति का संग्राहक सास्नादिमत्त्व है, वैसा इसका भी संग्राहक वक्तव्य है। और यदि वैसा कोई संग्राहक है, तो उसीसे अनुगत परिमाण व्यवहार की सिद्धि हो सकती है, विलक्षण जातिमत्त्व लक्षण की परीक्षा-विचार का कोई फल नहीं है। तृतीय लक्षण भी युक्त नहीं है, क्योंकि असमवायि-काणादि का प्रथम निराकरण हो चुका है, अतः उक्त दोष का यहाँ भी सम्बन्ध होता है। परिमाणत्व जातिमत्त्व रूप चतुर्थ लक्षण भी युक्त नहीं हो सकता है, क्योंकि जाति व्यञ्जक का निर्वचन करना अशक्य है। यदि शक्य हो, तो भी पूर्वोक्त दोष की प्राप्ति होती है, कि व्यञ्जक से ही परिमाणव्यवहार होगा, जाति की कल्पना व्यर्थ है। अतः उक्त रीति से परिमाण के लक्षण का निर्वचन (निर्णय= कथन) नहीं हो सकता है, यह सिद्ध हुआ।

परिमाण में कोई प्रमाण भी नहीं है, परिमाण व्यवहार ही उसमें प्रमाण है, यह नहीं कह सकते हैं, क्योंकि उस व्यवहार की निरुक्ति नहीं हो सकती है। वह दर्शाया जाय कि यह मानव्यवहार क्या है? क्या हस्तवितस्ति (हाथ भर, बित्ता भर) आदि व्यवहार परिमाण व्यवहार है, या अणु महान् आदि, या असर्वगतत्व

(२) किं वाणुमहदादिव्यवहारः ? (३) असर्वगतत्वव्यवहारो वा ? (४) परिमितत्वव्यवहारो वा ? सर्वथा नोपपद्यते, अव्याप्तेः। अणुत्व-महत्त्वाद्यसिद्धौ तद्विशेषितव्यवहारासिद्धेः, असर्वगतत्वव्यवहारस्य विभुत्वेनापि संभवात्। परिमितत्वव्यवहारस्य दशपलपरिमितमित्यादौ गुरुत्वेनापि दर्शनात्, यादृगाश्रयेऽणुमहदादिपरिमाणसमवायः परेणाङ्गीक्रियते, तादृगाश्रयविशेषादेव तद्व्यवहारोपपत्तौ तदतिरिक्तपरिमाणकल्पनायां कल्पना गौरवाच्च।

अस्तु तर्ह्यनुमानं मानमनोहरकारोक्तम्—'विवादाध्यासितं द्विष्ठगुणानसमवायिकारणानित्यविशेषगुणव्यतिरिक्ताद्विष्ठगुणाश्रयः द्रव्यत्वाज्जलाणु-

---

रिति। हस्तवितस्त्यादीनामेकैकस्यैकैकस्मिन्नभावात्परमाणौ परममहति वाऽभावादव्याप्तिरिति प्रथमपक्षे दूषणम्। द्वितीये दूषणमाह—**अणुत्वेति**। परिमाणमात्रासिद्धौ तद्विशेषोऽसिद्ध इति भावः। सकलपरिमाणाननुगतिश्च लक्षणस्य द्रष्टव्या। तृतीये दूषणमाह—**असर्वेति**। विभुत्वाभावमादायापि घटत इत्यर्थः। अत्रापि व्यापकपरिमाणेऽव्याप्तिर्द्रष्टव्या। चतुर्थं दूषयति—**परिमितेति**। कल्पनागौरवं च सर्वपक्षसाधारणदूषणमाह—**यादृगिति**।

एवं प्रत्यक्षं निराकृत्यानुमानमुद्भाव्य निराकरोति—**अस्तु तर्हीति**। अद्विष्ठगुणाश्रय इत्युक्ते एकत्वैकपृथक्त्वाश्रयत्वेनार्थान्तरता, तदर्थं द्विष्ठगुणानसमवायिकारणेत्युक्तम्। तथापि शब्देन ज्ञानादिगुणैश्चार्थान्तरता, तदर्थमनित्यविशेषगुण-

---

व्यवहार है, या परिमित व्यवहार है, इन सब प्रकारों से सिद्ध नहीं होता है, अतः अनुपपन्न (असिद्ध) है। अव्याप्ति से कोई लक्षण सिद्ध नहीं हो सकता है, क्योंकि हस्तवितस्ति आदि की परस्पर अव्याप्ति रहती है, और अणुत्व, महत्त्वादि की असिद्धि रहते, अणुत्वादि युक्त व्यवहार की भी सिद्धि नहीं हो सकती है, अविभुत्व से भी असर्वगतत्व व्यवहार का सम्भव हो सकता है। यह दश पल परिमित है। इत्यादि में परिमितत्व व्यवहार को गुरुत्व से भी देखा जाता है। और जैसे आश्रय में अणु महदादि परिमाणों का समवाय आप मानते हैं, वैसे आश्रयविशेष से ही परिमाण व्यवहार की सिद्धि हो सकने पर, अतिरिक्त परिमाण कल्पना में कल्पना गौरव भी है।

प्रत्यक्ष प्रमाण नहीं होने पर मानमनोहर का उक्त अनुमान प्रमाण हो सकता है कि (विवादास्पद, द्विष्ठ गुणों के असमवायिकारण से भिन्न, अनित्य विशेष गुण-भिन्न, अद्विष्ठ गुण का आश्रय है। द्रव्य होने से, जलाणुवत्) यहाँ अद्विष्ठ गुणाश्रय मात्र कहने पर, एकत्वादि से अर्थान्तरता होती, अतः द्विष्ठगुणाऽनसमवायिकारण कहा है, शब्द ज्ञानादि के वारण के लिये अनित्य विशेष गुणव्यतिरिक्त कहा है,

वत्, अत्र च जीवाकाशौ पक्षीक्रियेते। तथेश्वरो नित्यविशेषगुणव्यतिरिक्तानसमवायिकारणाद्विष्ठगुणाश्रय आत्मत्वाज्जीववदिति चेत्, न,

आद्यस्योपाधिमत्त्वेन साध्याभावान्निदर्शने।
द्वितीयस्योभयत्रापि प्रतिसाधनरोधनात्॥ ५१॥

प्रथमानुमाने मूर्तत्वस्योपाधित्वात्। न च पार्थिवपरमाणौ साध्याव्याप्तिः, तत्रापि द्विष्ठगुणानसमवायिकारणानित्यविशेषगुणव्यतिरिक्ता-

---

व्यतिरिक्तेत्युक्तम्। द्विष्ठगुणानसमवायिकारणानित्यविशेषगुणव्यतिरिक्तगुणाश्रयः इत्युक्ते संयोगविभागाजनकौ यौ घटादिनिष्ठौ संयोगविभागौ तदाश्रयत्वेन सिद्धसाधनता, अत उक्तमद्विष्ठेति। द्विष्ठगुणानसमवायिकारणानित्यगुणव्यतिरिक्ताद्विष्ठगुणाश्रय इत्युक्ते कार्यद्रव्येषु व्यभिचारस्तेषामनित्यगुणमात्राश्रयत्वेनानित्यव्यतिरिक्तगुणाश्रयत्वाभावादत उक्तं विशेषगुणेति। ईश्वरे व्यभिचारवारणायानित्यग्रहणम्। अत्र च विवादाध्यासितपदेन विवक्षितं दर्शयति—**अत्र चेति**। तथा चानित्यविशेषगुणानामेव तथाभूतानां सत्त्वेनोभयेषामपि पक्षत्वाद्दिक्कालयोर्विशेषगुणशून्यतया नित्यविशेषगुणपदस्य वैयर्थ्यप्रसङ्गेन पक्षत्वासंभवात् जीवाकाशयोरेव पक्षत्वं दिक्कालयोस्तु पक्षतुल्यतयावस्थानमिति भावः। अनुमानान्तरमपि तदीयमाह—**तथेति**। अत्राप्यद्विष्ठगुणाश्रय इत्युक्त एकत्वादिनार्थान्तरता, तदर्थमनसमवायिकारणेत्युक्तम्। तथापि ज्ञानादिनार्थान्तरता, तदर्थं नित्यविशेषगुणव्यतिरिक्तेत्युक्तम्। द्वित्वादिभिरर्थान्तरतापरिहारायाद्विष्ठग्रहणम्। सामान्यादिभिरर्थान्तरतापरिहाराय गुणग्रहणम्। अनयोर्दूषणं संगृह्णाति—**आद्यस्येति**। द्वितीयस्य निदर्शने साध्याभावादित्यन्वयः। श्लोकं विवृणोति—**प्रथमेति**। यदत्र तेनैवोक्तम् 'नच स्पर्शवत्त्वमूर्तत्वे उपाधी, पवनपार्थिवपरमाणुव्यभिचारात्' इति तद्दूषयति—**नचेति**। साध्याव्याप्तिः साध्येनोपाधेर्व्याप्त्यभावः, साध्याधिकवृत्तितेति यावत्।

और यहाँ जीव और आकाश को पक्ष किया गया है। इसीप्रकार से (ईश्वर, नित्यविशेष गुण से भिन्न असमवायिकारण से भिन्न = अद्विष्ठ गुण का आश्रय है, आत्मा होने से, जीववत्) ये दोनों अनुमान प्रमाण हैं. ऐसा कहना युक्त नहीं। क्योंकि—

आद्य को उपाधिमत्त्व है, द्वितीय के दृष्टान्त में साध्य का अभाव है, और दोनों में प्रतिसाधन से निरोधन प्राप्त होता है॥ ५१॥

प्रथमानुमान में मूर्तत्व उपाधि है, क्योंकि पृथिवी, जलादि में जहाँ परिमाणवत्त्व प्रसिद्ध है, वहाँ दृष्टान्त में मूर्तत्व साध्य का व्यापक है, द्रव्यत्व का व्याप्य है। यदि कहें कि पार्थिव परमाणु में साध्याऽव्याप्ति है, साध्य के नहीं रहते उपाधि रहता है, अतः साध्य के साथ समव्याप्ति नहीं है; तो यह कहना युक्त नहीं। क्योंकि

द्विष्ठगुणानां परत्वापरत्ववेगादीनां सद्भावात्। न चेश्वरे मूर्तत्वस्योपाधेः साध्याव्याप्तिः, तस्य वेदान्तिभिर्निर्गुणत्वाङ्गीकारात्। द्वितीयप्रयोगेऽपि दृष्टान्तस्य साध्यवैकल्यात्। गुणानां नित्यत्वासिद्धावप्रसिद्धविशेषणत्वाच्च। सप्रतिसाधनं चेदं प्रयोगद्वयम्, विवदाध्यासितमुक्तविशेषणविशेषितसाधारणगुणाश्रयो न भवत्यमूर्तत्वाद्रूपादिवदिति प्रयोगोपपत्तेः। न चाद्रव्यत्वमुपाधिः, तद्व्यतिरेके पृथिव्यादिषु मूर्तत्वस्यैवोपाधित्वात्।

साध्याव्याप्तिरिति साध्यसमव्याप्त्यभावो विवक्षितः। ननु विश्वेश्वरे नित्यज्ञानादेरुक्तरूपत्वेन साध्यवत्त्वमस्ति, नचास्ति मूर्तत्वमुपाधिरतः साध्याव्यापक इति, तत्राह—**नचेश्वरे इति**। तत्र साध्यमपि नास्तीत्यर्थः। किं चात्र द्विष्ठविशेषगुणपदयोरपार्थकता, अनसमवायिकारणपदेनानित्यव्यतिरिक्तपदेन वाऽनभीष्टव्यावृत्तिसिद्धेः। अर्थान्तरता च, शब्दज्ञाननित्यतामादायापि विश्रामात्। ईश्वरान्यामूर्तान्यत्वस्य समव्यापकस्योपाधित्वाच्च। **साध्यवैकल्यादिति**। निर्गुणात्मवादित्वाद्वेदान्तिन इत्यर्थः। नित्यविशेषगुणेत्ययमप्यंशो मां प्रत्यसिद्ध इत्याह—**गुणानामिति**। उभयत्रापीत्यादिकं विवृणोति—**सप्रतिसाधनमिति**। जीवाकाशौ द्विष्ठगुणानसमवायिकारणानित्यविशेषगुणव्यतिरिक्ताद्विष्ठसाधारणगुणाश्रयत्वानधिकरणम्, तथेश्वरोऽप्युक्तविशेषणविशिष्टसाधारणगुणाश्रयत्वानधिकरणम्। उभयत्रामूर्तत्वादिति हेतुरवगन्तव्यः। **तद्व्यतिरेक इति**। एवं हि उपाधेर्व्यतिरेको वक्तव्यः—विप्रतिपन्नमेवंविधगुणाश्रयः द्रव्यत्वात् पृथिवीवदिति। तत्र मूर्तत्वमुपाधिरतः साध्यव्याप्तिर्ना-

---

पार्थिव परमाणु में भी, द्विष्ठ गुणासमवायिकारण से भिन्न अनित्य विशेष गुण से भिन्न, अद्विष्ठ गुण परत्व-अपरत्व वेगादि का सद्भाव रहता है। यदि कहें कि ईश्वर में नित्यज्ञानादि रूप उक्त साध्यवत्त्व रहता है, और मूर्तत्व उपाधि का अभाव रहता है; अतः साध्यव्यापकता नहीं है, तो यह कहना भी युक्त नहीं, क्योंकि उस ईश्वर को वेदान्ती वस्तुतः निर्गुण मानते हैं, अतः वहाँ साध्य भी नहीं रहता है। दूसरे प्रयोग के दृष्टान्त में साध्य की विकलता (अभाव) है, क्योंकि आत्मा को निर्गुण मानने वाले के मत में जीवात्मा भी गुणाश्रय नहीं है। और गुणों के नित्यत्व की असिद्धि रहते, नित्य विशेष गुण, रूप साध्य विशेषण की अप्रसिद्धि से अप्रसिद्ध विशेषणता है। और ये दोनों प्रयोग, प्रतिसाधन = प्रतिपक्षयुक्त है। प्रतिप्रयोग है कि (विवादविषय = जीव आकश द्विष्ठ गुण असमवायिकारण भिन्न अनित्य विशेष गुणभिन्न अद्विष्ठ साधारणाश्रय नहीं हैं, अमूर्त होने से, रूपादि के समान) यहाँ अद्रव्यत्व उपाधि नहीं कह सकते हैं, क्योंकि उक्त अद्रव्यत्व के व्यतिरेक से उक्त साध्याभाव के साधन रूप व्यतिरेक में, जहाँ अद्रव्यत्व नहीं, वहाँ साध्य नहीं। इसके उदाहरणप्रदर्शन में पृथिवी आदि में मूर्तत्व ही उपाधि है।

तदेवं परिमाणस्यासिद्धेर्न तदारम्भविचारणाप्यवकाशं लभते।

न च कारणगुणपूर्वकतानियमः रूपादीनाम्, परिपक्वे लौहित्यस्याकारणगुणपूर्वस्यापि दर्शनात्। ननु निवृत्तः श्यामो घटोऽन्य एव च लोहितस्तत्रोत्पन्नः, तथा हि—श्यामत्वमाश्रयविनाशादेव नश्यति कार्यगतरूपत्वात् नष्टपटरूपवत्। तथा लौहित्यमाश्रयोत्पत्त्यनन्तरमेवोत्पद्यते कार्यगत-

---

स्तीत्यर्थः। किंच श्रोत्रमात्रग्राह्यधर्मवत्त्वेन शक्यमाकाशे प्रकरणसमत्वं संपादयितुमात्मनि च मनोमात्रग्राह्यधर्मवत्त्वेन, शब्दो वा ज्ञानादिकं वा दृष्टान्तः। परिमाणखण्डनस्य परिमाणकारणत्वनिराकरणोपयोगमाह—**तदेवमिति**।

यच्च 'कारणगुणप्रक्रमेण कार्ये गुणारम्भः' इति वैशेषिकैः परिभाष्यते, तदप्ययुक्तम्, पाकजप्रक्रियायामेव नियमस्याशक्यसमर्थत्वादित्याह—**नच कारणेति**। यो हि परिपक्वो घटस्तस्य पाकसमये रूपान्तरं तावदुत्पद्यते, नच तस्य कारणगुणपूर्वकत्वम्, पूर्वघटस्यानष्टत्वात्। स्थित एव तस्मिन् रूपान्तरस्याग्निसंयोगात्परमुत्पत्तेरित्यर्थः। ननु स्थित एव घट इत्यसिद्धं नष्टत्वादामघटस्येति शङ्कते—**नन्विति**। ननु स एवायं घट इति प्रत्यभिज्ञानात् घटैक्यावगमे कथं तस्य निवृत्तिरित्यत आह—**तथा हीत्यादिना**। नष्टघटरूपेणार्थान्तरतापरिहारायैवग्रहणम्। परमाणुगतरूपेऽनैकान्तिकतापरिहाराय कार्यग्रहणम्। कार्यगतसत्तादिव्यावृत्त्यै रूपग्रहणम्। एवमामघटध्वंसं प्रसाध्य कार्यगुणानां कारणगुणपूर्वकत्वनियमार्थम् लोहितघटस्योत्पत्तावप्यनुमानमाह—**तथा लौहित्यमिति**। लोहिततन्त्वारब्धः पटो लोहितपटः। पटग्रहणं चोदलक्षणार्थम्। एवं किरणावलीकारोदीरितानुमानविरोधाद् द्रव्यभेदाधिगतौ

अर्थात् कहना होगा कि (जीवाकाश, ऐसे गुण के आश्रय हैं, द्रव्य होने से, पृथिवी के समान) वहाँ मूर्तत्वोपाधि होने से साध्य की व्याप्ति नहीं है। अतः इस उक्त रीति से परिमाण की असिद्धि से उसके आरम्भ का विचार अवकाश नहीं पा सकता है।

वैशेषिक मत में कार्य गुण को कारण गुणपूर्वक = कारणगुणजन्य मानते हैं। परन्तु रूपादि गुणों को कारण गुणपूर्वकता का नियम नहीं देखा जाता है, क्योंकि रक्त तन्तु से रक्त पट को कारणगुणपूर्वक कार्यगुण होता है। किन्तु परिपक्व घट में अकारण पूर्वक भी लौहित्य (रक्तत्व) देखा जाता है। शंका होती है कि वहाँ भी कारण गुणपूर्वक ही कार्य गुण होता है, क्योंकि अग्नि में देने पर श्याम घट निवृत्त हो जाता है। अतः नष्ट श्याम घट के परमाणु रक्त होते हैं, उनसे अन्य ही लोहित (रक्त) घट वहाँ उत्पन्न होता है, यह दर्शाया जाता है कि (श्यामत्व, आश्रय के विनाश से ही नष्ट होता है, कार्यगत रूप होने से, नष्ट पटरूप के समान) इसीप्रकार से (लौहित्य, आश्रय की उत्पत्ति के अनन्तर ही उत्पन्न होता

रूपत्वात् कार्यलोहितपटरूपवदित्यनुमानतस्तद्भेदसिद्धेः। न च विनाशे हेतोरभावः, स्पर्शवद्वेगवदनिलसंचलनवलेन प्रज्वलज्ज्वलनस्य ज्वालाकलापस्यैव घटावयवसङ्घातविघटनहेतुत्वात्। अन्यथानलावयवानामन्तरानुप्रवेशासंभवेन पिठरलठरसंचारिसलिलोल्ललनतण्डुलविक्लेदनयोरसंभवप्रसङ्गात्। मृदुकठिनतालक्षणविरुद्धधर्मसंसर्गोपलब्धेश्च तद्भेदावगतौ कथं न

प्रत्यभिज्ञा ज्वालाप्रत्यभिज्ञावद् भ्रान्तेत्यर्थः। नन्वत्र मुशलप्रहारादिरसमवायिकारणसंयोगनाशहेतुः पाकावस्थायां नास्ति तत्कथं विनाशः ? अनुमानद्वयं तु शङ्कितोपाधिव्याधिव्याहतं भविष्यतीति, तत्राह—**न च विनाश इति**। स्पर्शवान् वेगवांश्च योऽनिलस्तस्य संचलनेन यो प्रज्वलज्ज्वलनस्तस्य यो ज्वालाकलापस्तस्येति विग्रहः। अयमभिसंधिः—घटादिपार्थिवावयविनां तेजःसंयोगे सत्यग्न्याद्याघातान्नोदनात् वा परंपरया तदारम्भकेषु परमाणुषु कर्माण्युत्पद्यन्ते तेभ्यो विभागः विभागेभ्यो द्रव्यारम्भकसंयोगनाशस्ततश्च द्वयणुकमारभ्यान्त्यावयविपर्यन्तं द्रव्याणां विनाशः, तस्मिन् विनष्टे परमाणुष्वग्निसंयोगादौष्ण्यापेक्षाद् रूपरसगन्धस्पर्शानां विनाशः, पुनरन्यस्मादग्निसंयोगादौष्ण्यापेक्षात् पाकजरूपादयो जायन्ते, तदनन्तरं च भोगिनामदृष्टापेक्षादात्माणुसंयोगादणुषु कर्मोत्पत्तौ तेषां परस्परसंयोगाद् द्वयणुकादिप्रक्रमेण कार्यद्रव्यमुत्पद्यते, तत्र च कारणगुणप्रक्रमेण रूपाद्युत्पत्तिरिति पीलुपाकवादिप्रक्रिया। तथाच स्पर्शवद्वेगवदग्निसंयोगो द्रव्यासमवायिकारणसंयोगनाशहेतुरिति। नन्वविनष्टे एव कार्यद्रव्ये रूपादिमात्रस्यैव निवृत्तिरपरस्य चोत्पत्तिः किं न स्यादिति, तत्राह—**अन्यथेति**। अथवा तादृशज्वालासंपर्को बहिष्ठावयवानाम्, न पुनर्घटान्तरावयवानाम्, तत्कथमान्तरावयवसंयोगनाश इति ? तत्राह—**अन्यथेति**। उल्लघनम् ऊर्ध्वंचलनम्। विरुद्धधर्मसंसर्गादपि द्रव्यान्तरमेवावसीयत इत्यभिप्रेत्याह—**मृद्विति**।

है, कार्यगत रूप होने से, कार्यरूप लोहित पट रूपवत्) इस अनुमान से श्यामघट और रक्तघट का भेद सिद्ध होता है, अतः श्यामघट में कारणगुणपूर्वकता के कारण रक्त रूप पाक से नहीं सिद्ध होता है। श्यामघट के नाश में हेतु का अभाव नहीं कह सकते हैं, क्योंकि स्पर्श और वेग वाले वायु के संचलन बल से जो प्रज्ज्वलित अग्नि ज्वालासमूह होता है, उसी को घट के अवयव समूह के वियोजन का हेतुत्व होता है, कि जिससे अवयवों के विभाग से घट का नाश होता है। अन्यथा यदि अग्निसंयोग से अवयविभाग नहीं हो तो अग्नि के अवयवों के हण्डी आदि के अन्दर अनुप्रवेश के असम्भव से हण्डी के भीतर रहने वाले जल के उल्ललन = ऊर्ध्वंचलन उफान चावल का प्रपचन का भी असंभव प्राप्त होगा। और चावल घटादि में पाक-अपाक दशा में मृदुता-कठिनता स्वरूप विरुद्ध धर्म का सम्बन्ध उपलब्ध होता है, इससे उस पक्व-अपक्व में भेद के ज्ञान होने पर, कारण गुण-

कारणगुणपूर्वकता रूपादीनामिति चेत्, मैवम्,

तत्त्वेन प्रत्यभिज्ञानात्तदाधेयानिपाततः ।
संख्याप्रमाणयोरैक्यादन्यथा पाकसंभवात् ॥ ५२ ॥

स एवायं घट इति प्रत्यभिज्ञाप्रत्यक्षविरोधात्, उपरिस्थितशरावादीनामपातात्, तद्देशत्वतत्संख्यतातत्परिमाणतोपलब्धेश्च । अन्तःपाकस्यापि सच्छिद्रत्वादवयविनां स्फटिकान्तरिन्द्रियरश्मिप्रवेशवदुपपत्तेः । अन्यथा

तदेतद् दूषयति—मैवमिति । स एवायमिति प्रत्यभिज्ञानात्तावदामपक्वावस्थयोरैक्यमवगम्यते, ततस्तद्विरुद्धतया कालात्ययापदिष्टमनुमानजातमित्यैक्यमेव युक्तम् । तदाधेयानिपाततः । यदि हि पाकसमये चुल्ल्यादीनां विनाशोत्पादौ स्याताम्, तदा तदन्तराकाले तदुपरिस्थितस्थाल्यादीनां निपातः स्यान्मुद्गरादिप्रहारे तथादर्शनात् । इतश्चैक्यमेव युक्तम्, संख्याप्रमाणयोरैक्यात्, यावन्तो यत्परिमाणाश्च घटा आमपाके निक्षिप्तास्तावन्तस्तत्परिमाणा एव च घटाः पक्वा अपि दृश्यन्ते । अपूर्वोत्पत्तौ हि कतिभिश्चित्परमाणुभिरधिका वा अधिकपरिमाणा वा किमिति नारभ्यन्ते ? यत्तु पाकानुपपत्तिर्बाधिकोक्ता, तथाह—अन्यथेति । द्रव्यविनाशव्यतिरेकेणापि सच्छिद्रत्वादवयविद्रव्याणां ज्वलनावयवानामान्तरेऽप्यनुप्रवेशसंभवेन पाकोपपत्तेरिति संग्रहश्लोकार्थः ।

तमिमं विवृणोति—स एवेत्यादिना । यथाहि सलिले विनष्टेषु बुद्बुदेषु बुद्बुदान्तराणां चोत्पत्तौ न तद्देशत्वादिनियमस्तथेहापि स्यात्, पूर्वस्य विनाशात्, न त्वेवमस्तीत्याह—तद्देशत्वेति । अथ किमिति सच्छिद्रतावयविनामिति, तत्राह—अन्यथेति । यथाहि सलिलस्यन्दनादिमात्रान्न तद्घटनाशस्त्वयाङ्गीक्रियते, तथा दहनानुप्रवेशेऽपि सच्छिद्रेषु पाकोपपत्तेर्न द्रव्यनाशः इति भावः । विरुद्धधर्मसंसर्ग

पूर्वकता रूपादि को कैसे नहीं होगी, किन्तु कारण गुणपूर्वकता होगी । यह शंका युक्त नहीं है, इसका उत्तर है कि—

पकने पर भी तद्रूप से प्रत्यभिज्ञा होती है, तथा पकते समय ऊपरिस्थित आधेय = आश्रित गिरता नहीं है, संख्या और परिमाण भी पकने पर एक-सा रहता है, और अन्यथा विनाश के विना भी पाक का सम्भव है । अतः पीलू (परमाणु) पाकवाद युक्त नहीं है ॥ ४२ ॥

अर्थात् स एवायं घटः । वही यह घट है, ऐसी प्रत्यभिज्ञा प्रत्यक्ष के विरोध से, घट के ऊपरस्थिर शराव = पुरवा आदि के अपतन से, अग्नि के अन्दर जिस देश में रखा गया उसी देश में पूर्व के संख्या-परिमाण की उपलब्धि से और अवयवों के छिद्रसहित होने से स्फटिक के अन्दर इन्द्रिय (नेत्र) रश्मि प्रवेश के समान अग्निप्रवेश की सिद्धि से श्याम घट के नाश के विना ही पाक की सिद्धि होती है, अन्यथा

सलिलस्यन्दनवह्निशैत्योपलम्भयोरभावप्रसङ्गात् । मृदुकठिनतालक्षणविरुद्ध-धर्मसंसर्गस्याप्यन्तरेणावयविनाशं छायातपविनिहितपटवदुपपत्तेः । न च वेगवद्द्रव्याभिघातमात्रादवयविनाशः, प्रबलपवनाभिमुखनिहितघटादेरपि विनाशापत्तेः । नियतहेतुभावकुलालादिव्यतिरेकेण घटजन्मासिद्धेश्च । अन्यथा शब्दसुखादयोऽप्याश्रयविनाशविनाश्याः, कार्यत्वे सति विशेषगुण-

---

परिहरति—**मृदुकठिनेति**। यद्यपि छायातपविनिहितपटस्यापि पाको वैशेषिकै-रङ्गीक्रियते, तथापि न विरुद्धसंस्पर्शवत्त्वेनावयविनो भेदोऽभिमतः, अवयविन एकत्वेन प्रत्यभिज्ञानादिति भावः। यस्तु द्रव्यविनाशहेतुरुक्तः, सोऽप्यन्यथासिद्धत्वाद-सिद्ध इत्याह—**न चेति**। अथ तेजस एवायं स्वभावः यत्पूर्वव्यूहविनाशेन व्यूहान्तरो-त्पादनम्, तथाहोदयनः—'ईदृशो हि तेजसो वेगातिशयः स्पर्शातिशयो वा' इत्यादि, तदसत्, मुशलाभिघातेन तदभावप्रसङ्गात्। तेजस इत्येतदपि चानैकान्तम्, नहि चाक्षुषं चान्द्रं वा तेजो घटादि पाचयतीत्यनुमन्यन्ते। तस्माद्यत्र प्रबलं विनाशप्रत्या-यकमस्ति तत्र विनाशो नान्यत्रेत्ययमेव पन्थाः, न तु तेजस्त्वमिति युक्तमुत्पश्यामः। किंच घटाद्युत्पत्तौ कुलालादयश्चेतनविशेषाश्चक्रचीवरादयश्च हेतवो लोकप्रसिद्धास्तद-भावे कथमामपाके कलशाद्युत्पत्तिः ? नियतहेतुव्यतिरेकेण च तदुत्पत्तावाकस्मिकता-पातादित्याह—**नियतेति**। यदि चैवमबाधितप्रत्यभिज्ञापरिप्रापितेऽपि वस्तुतत्त्वेऽनु-मानाभासदुर्मदेन कश्चिदनाश्वासी स्यात्तमतिप्रसङ्गाङ्कुशेन वशयति—**अन्यथेति**। आश्रयविनाशः आश्रयोत्पत्तेरप्युपलक्षणार्थः, तथाचाभाससमानयोगक्षेमं प्रथमानुमान-

---

फुटने पर प्रत्यभिज्ञादि कुछ नहीं हो सकेंगे, देश, संख्या, परिमाणादि अवश्य परिवर्तित होते। अन्यथा = यदि स्थिर घट को सच्छिद्र मान कर ऐसी व्यवस्था नहीं मानी जाय, तो घट के अन्दर स्थिर जल के बाहर स्पन्दन = स्राव और शीतता के ज्ञान का अभाव प्राप्त होगा। और अवयवी के नाश के बिना भी मृदुता कठिनता रूप विरुद्ध धर्म का सम्बन्ध हो सकता है, जैसे कि छाया और आतप में रखे हुए पट में विरुद्ध धर्म का संसर्ग होता है। और वेग वाले द्रव्य के अभिघात मात्र से अवयवी का नाश नहीं हो सकता है। अन्यथा प्रबल वायु के सामने रखे हुए घटादि का भी विनाश प्राप्त होगा। और यदि अग्नि में रखने पर घट नष्ट हो जाता है, और उसके परमाणुओं में पाक हो जाते हैं, तो फिर उनसे घट की उत्पत्ति मानी जाती है कि जिसमें कारणगुणपूर्वक कार्य में रक्तरूप माना जाता है, वहाँ घट के नियत (निश्चित) हेतुत्व वाले कुलालादि के बिना घटजन्म की सिद्धि नहीं हो सकती है। अन्यथा यदि आश्रय के नाश से गुण का नाश हो, आश्रय की फिर उत्पत्ति आदि का कुछ विचार नहीं करना हो, तो यह भी अनुमान होगा कि (शब्द सुखादि भी, आश्रय विनाश से विनाश्य होते हैं। कार्य होते हुए विशेष गुण

त्वात् घटरूपादिवदित्यपि स्यात्। प्रत्यभिज्ञाविरोधस्तु प्रकृतेऽपि समानः। न चैवं पिठरकुहरसंचारितण्डुलानामनलसंपर्केऽप्यनाशप्रसङ्गः, परिमाणभेदस्य प्रत्यक्षसिद्धत्वाद् विरोधिप्रत्यभिज्ञाभावाच्च। न च स एवायमिति प्रत्यभिज्ञाविरोधः प्रदीपेऽपि तुल्यः, न्यूनाधिकपरिमाणभेदस्य तत्र प्रत्यक्षेणोपलम्भात्, तैलवर्त्यग्निसंयोगानां च प्रतिक्षणं भेदेन सामग्रीभेदाच्च कार्यभेदोपपत्तेः, तत्र प्रत्यभिज्ञायाः सादृश्यविषयतयान्यथासिद्धेः। न चैकत्र प्रत्यभिज्ञाया अन्यथासिद्धौ सर्वत्र तथाभावः, बाधाबाधाभ्यां तद्व्यवस्थोपपत्तेः, अन्यथातिप्रसङ्गात्। तस्मात्कारणगुणप्रक्रमो न विदुषां परितोषायेति सिद्धम्।

मिति भावः। अथ तत्र प्रत्यभिज्ञाविरोधमेव पुरो निदध्यात्तत्राह—**प्रत्यभिज्ञेति**। स्वमते त्वतिप्रसक्तिं परिहरति—**न चैवमिति**। प्रत्यभिज्ञाप्रामाण्येऽप्यतिप्रसक्तिं वारयति—**न चेति**। तत्र संप्रतिपन्नं द्रव्यान्यत्वम्, सामग्रीभेदश्च, अतस्तत्र युक्ता सादृश्यविषयतयान्यथासिद्धिः, इह तु न तथा बाधकमस्ति, प्रत्यभिज्ञात्वेन च बाधकानुमानमतिप्रसङ्गापराद्धान्ताभ्यां ध्वस्तमित्यर्थः। एवमपि न्यायपदवीमनभिप्रापितमश्रद्दधानः किरणावलीकारोऽनुमिमे—'घटादिद्रव्येष्वग्निसंयोगाः नियमेन द्रव्यारम्भकसंयोगप्रतिद्वन्द्विविभागजनकक्रियाहेतवः अग्निसंयोगत्वान्मूषाग्निसंयोगवत्' इति, तदसत्। उदकाकाशाद्यग्निसंयोगेऽनैकान्त्यात्, पार्थिवाग्निसंयोगत्वादिति विशेषणेपि विपक्षे बाधकाभावात् शङ्कितप्रयोजकता, प्रत्यभिज्ञाविरोधश्च निर्वहते। अन्यदपि तदीयमनुमानद्वयमाचार्येण प्रत्यभिज्ञाविरोधातिप्रसङ्गाभ्यां निरस्तमेवेत्यलम्। उपसंहरति—**तस्मादिति**।

होने से, घट रूपादिवत्) इससे आत्मादि का नाश सिद्ध होगा। यदि कहें कि प्रत्यभिज्ञा से विरोध होगा, तो प्रत्यभिज्ञा का विरोध प्रकृत में भी तुल्य है। यदि कहें कि प्रत्यभिज्ञादि से घट के नाश को नहीं मानने पर, हण्डी के अन्दरवर्ती तण्डुलों (चावलों) का अग्निसम्बन्ध होने पर भी नाश नहीं होना प्राप्त होगा। तो यह कहना युक्त नहीं, क्योंकि अनुभव के अनुसार यथासम्भव पदार्थ को मानना युक्त है। घट में तो, सोऽयं घटः, इत्यादि प्रत्यभिज्ञा आदि होते हैं, और उन चावलों में पाक से न्यूनाधिक परिमाण का भेद प्रत्यक्ष सिद्ध होता है, तथा नाशविरोधी प्रत्यभिज्ञा का अभाव रहता है, अतः नाश माना जाता है। यदि कहें कि सोऽयम् इस प्रत्यभिज्ञा का विरोध क्षणिक प्रदीप में भी तुल्य है, तो यह कहना युक्त नहीं, क्योंकि न्यूनाधिक परिमाण का प्रदीप में प्रत्यक्ष ज्ञान होता है। तथा तेल, बत्ती अग्नि के प्रतिक्षण भेद से सामग्री भेद होने के कारण कार्यभेद की सिद्धि होती है, अतः वहाँ प्रत्यभिज्ञा की सादृश्य विषयता से अन्यथा = एकत्व अभेद के विना भी सिद्धि होती

कारणत्वानिरुक्तेश्च । तथा हि—किमिदं कारणत्वम् ? किं (१) पूर्वकालभावित्वम् ? किं वा (२) नियतप्राक्कालसत्त्वम् ? (३) सहकारिवैकल्यप्रयुक्तकार्याभाववत्त्वं वा ? (४) अन्वयव्यतिरेकवज्जातीयत्वं वा ? (५) सामग्र्येकदेशत्वं वा ? (६) व्यापारवत्त्वं वा ? (७) यदनभ्युपगमे नित्यसत्त्वासत्त्वयोरन्यतरप्रसक्तिस्तद्वा ? नाद्यः, रासभस्यापि धूमादिकारणत्वप्रसङ्गात् । न द्वितीयः,

---

किंच कारणत्वमेव यदा दुर्निरूपणम्, तदा कारणविशेषतया परमाण्वाद्यनुमानमसंभवि, नच जात्युत्तरता, ब्रह्मणः कारणत्वानङ्गीकारात्, वियदादिविवर्ताधिष्ठानमात्रत्वात् । नहि शुक्त्यादि रजतं प्रति कारणमिति प्रसिद्धिरस्ति । अधिष्ठानत्वमप्यनिर्वाच्यप्रतियोगिकत्वादनिर्वाच्यमेव, मृदादावपि निरूप्यमाणं कारणत्वमेवंविधाधिष्ठानत्वमेव । एतादृशाधिष्ठानत्वविवक्षया च "स कारणं करणाधिपाधिपः" "कारणत्वेन चाकाशादिषु" इत्यादिश्रुतिसूत्रभाष्यादौ ब्रह्मणि कारणशब्दप्रयोग इति हृदि निधाय कारणत्वं खण्डयति—**कारणत्वेति** । कारणत्वानिरुक्तेश्च न कारणगुणप्रक्रमो विदुषां परितोषायेत्यन्वयः । अङ्कुराजननलक्षणकार्याभाववत्त्वमतत्कारणस्याप्यस्तीत्युक्तम्—**सहकारीति** । जातीयपदं व्यक्तिसंग्रहार्थम् । **यदनभ्युपगम इति** । नित्यसत्त्वासत्त्वयोरन्यतरप्रसक्तिनिवारकं चेत्यर्थः । यस्य मृदादेः कारणत्वेनाभिमतस्यानभ्युपगमे निर्हेतुकतया भावत्वे सति खादिवत् घटादेः सत्त्वम्, अभावत्वे सति शशविषाणादिवदसत्त्वं च प्रपद्यते तन्मृदादिकारणमिति भावः । **रासभस्यापीति** ।

है । अब यह नहीं कहा जा सकता है, कि एकत्र प्रदीप में प्रत्यभिज्ञा अन्यथा सिद्ध है तो सर्वत्र वैसा ही होना चाहिये, क्योंकि बाध और अबाध से व्यवस्था की सिद्धि होती है, जहाँ प्रत्यभिज्ञा का बाध होता है, वहाँ सादृश्यमूलक अन्यथासिद्ध प्रत्यभिज्ञा मानी जाती है, और जहाँ बाध नहीं हो, वहाँ सच्ची प्रत्यभिज्ञा रहती है, अन्यथा प्रत्यभिज्ञा को सर्वत्र अन्यथासिद्ध मानने पर कोई पदार्थ स्थिर नहीं सिद्ध हो सकेगा और क्षणिक बाद प्राप्त होगा । अतः कारण गुण को कार्य में गुणजनकत्व की प्रक्रिया विद्वानों का परितोष के लिये नहीं है, यह सिद्ध हुआ ।

कारणत्व की अनिरुक्ति से भी यह प्रक्रिया युक्त नहीं है । क्योंकि यह कारणत्व क्या है ? क्या कार्य से पूर्वकालभावित्व कारणत्व है, या नियत प्राक्काल सत्त्व है, या सहकारि विकलता प्रयुक्त कार्याऽजनकत्व है, या अन्वयव्यतिरेकवज्जातीयत्व है, या सामग्री एकदेशत्व है, या व्यापारवत्त्व है, अथवा जिसके अस्वीकारावस्था में कार्य के नित्य सत्त्व या नित्य असत्त्व की प्राप्ति हो, वह कारण है, आद्य लक्षण युक्त नहीं है, क्योंकि धूमोत्पत्ति से पूर्व जहाँ दैवयोग से रासभ = गदहा होगा, वहाँ उसमें भी धूम कारणत्व की प्राप्ति होगी, द्वितीय भी युक्त नहीं है, क्योंकि—

कालस्याहेतुतापत्तेर्नाधितोऽन्योन्यसंश्रयात् ।
स्वात्मवृत्तेरयुक्तत्वान्नियतत्वानिरुक्तितः ॥ ५३ ॥

कालाव्याप्तेः, कालस्य कालान्तराभावात् । न चौपाधिकं कालस्य पौर्वापर्यम्, इतरेतराश्रयत्वप्रसङ्गात् । कालपौर्वापर्यं उपाधिपौर्वापर्यम्, तत्पौर्वापर्ये कालस्य तथात्वमिति । उपाध्यन्तराधीनमुपाधेः पौर्वापर्यम्,

---

अकारणस्यापि गर्दभादेर्धूमादिपूर्वभावित्वमस्तीति तस्यापि धूमादिकारणत्वप्रसङ्गादतिव्याप्तिरित्यर्थः । नियतप्राक्कालसत्त्वमिति द्वितीयपक्षेऽपि दूषणानि श्लोकेन संगृह्णाति—**कालस्येति** । नहि कालस्य कालभावित्वमस्ति, कालस्यैकत्वेन कालान्तराभावात् । अथौपाधिकः कालभेदोऽस्ति, तथाचोपाधिपौर्वापर्याभ्यामुपहितकालपौर्वापर्यमिति, तत्राह—**नाधित इति** । नाप्युपाधितः पौर्वापर्यम्, कुतः ? अन्योन्यासंश्रयात् । उपाध्यन्तरेपि पौर्वापर्यं किमुपाध्यन्तरात् ? किंवा पूर्वापरकालसंबन्धात् ? नाद्य', अनवस्थानात्, तैरेव चार्थेषु पूर्वापरादिव्यवहारसिद्धेः, कालवैयर्थ्याच्च । द्वितीयेऽन्योन्याश्रयः । कालपौर्वापर्यादुपाधिपौर्वापर्यम्, उपाधिपौर्वापर्याच्च कालपौर्वापर्यमित्यर्थः । यदि च किंचिदुपाधिविशिष्टकालेनोपाध्यन्तरविशिष्टकालसंबन्धादस्ति कालपौर्वापर्यमिति मतिः, तदा विशेष्यांश आत्माश्रयत्वं स्यात्, तच्चायुक्तम्, लोके तथाऽदर्शनादित्याह—**स्वात्मेति** । तत्र नियतत्वानिरूपणाच्च न तद्विशिष्टलक्षणमित्याह—**नियतत्वेति** ।

श्लोकं विवृणोति—**कालाव्याप्तेरित्यादिना** । स्वात्मवृत्तेरित्येतद्विवृणोति—

द्वितीय लक्षण के अनुसार काल को अहेतुता प्राप्त होती है, आधि = उपाधि से भी हेतुता नहीं हो सकती है, अन्योन्याश्रय होता है, आत्माश्रयता से अयुक्तता है, और नियतत्व की अनिरुक्ति से भी लक्षण अयुक्त है ॥ ५३ ॥

नियत पूर्व काल सत्त्व द्वितीय लक्षण है, यहाँ कारणों को तो कार्य से पूर्वकालवृत्तित्व हो सकता है । परन्तु काल को सब कार्य का साधारण कारण माना जाता है, और उसको एक माना जाता है । अतः उसको पूर्वकाल में वृत्तित्व नहीं हो सकता है, वृत्तिता भिन्न में होती है । उपाधि से भेद मानकर काल में पौर्वापर्य (आधाराधेय भाव) माना जाय तो भी अन्योन्याश्रयत्व प्राप्त होता है, क्योंकि काल के पूर्वापर भाव होने पर उपाधि के पौर्वापर्य होगा, और उपाधि के पौर्वापर्य से काल का होगा । काल के बिना उपाधि (कार्य) में स्वतः पौर्वापर्य हो नहीं सकता है । काल के बिना उपाध्यन्तर से उपाधि में पौर्वापर्य माना जाय तो अनवस्था प्राप्त होगी, युगपद् अनन्त उपाधि की उपस्थिति का प्रसङ्ग होगा । यदि कहें कि ऐसा ही (माना जाय) तो यह कहना युक्त नहीं, क्योंकि प्रमाण के अभाव से वैसा माना नहीं जा सकता है । व्यवहार से भी उपाधि को नहीं माना जा

न तु कालाधीनमिति चेत्, न, युगपदनन्तोपाध्यवस्थानप्रसङ्गात् । न चैवमस्त्विति वाच्यम्, प्रमाणाभावात्, व्यवहारस्य मायामयत्वेनोपपत्तेः, कल्पकाभावाच्च । अन्यथा तदुपाधेरेवातीतादिव्यवहारोपपत्तौ कालापलापप्रसङ्गात् । उपाधिभेदेऽपि किंचिदुपाधिविशिष्टस्य कालस्यान्योपाधिविशिष्टे काले न वृत्तिर्येन कालस्य पूर्वकाले भावित्वम्, स्वात्मनि वृत्तिविरोधात् । न हि कुण्डलिनि देवदत्ते स एव दण्डविशिष्टो वर्तते ।

का चेयं नियतिः ? किं (१) तस्मिन्सत्येव भावः ? (२) अनन्यथासिद्धत्वं वा ? (३) तत्तत्कार्यानुगुणतया प्राक्कालसत्त्वं वा ? (४) तस्मिन्सति भाव एव वा ? नाद्यः, रासभस्यापि धूमविशेषं प्रति नियतत्वापत्तेः, स्वसत्तायां सत्यामेव जायमानधूमविशेषं प्रति तस्यापि नियतत्वात् । न

उपाधिभेदेऽपीति । स्वात्मवृत्तिविरोधमेवोपपादयति—**नहि कुण्डलिनीति** ।

अन्त्यदूषणं विवृणोति—**का चेति** । प्राक्कालसत्त्वमाकाशादेरप्यस्तीति कार्यानुगुणतयेत्युक्तम् । नच प्रथमचतुर्थयोः पौनरुक्त्यम्, धूमाग्न्योरन्ययोगव्यवच्छेदेऽप्ययोगव्यवच्छेदाभावात् । **रासभस्येति** । यद्यपि धूमजातीयस्य रासभे सत्येव भाव इति नास्ति, तथापि तदानीमुत्पन्नधूमविशेषस्यैव भावोऽस्तीत्यतिव्याप्तिरित्यर्थः । एतदेव विशदयति—**स्वसत्तायामिति** । अनन्यथासिद्धत्वमिति पक्षेऽपीदमेव दूषणमाह—

सकता है, क्योंकि व्यवहार की मायामयत्व से भी सिद्धि हो सकती है, काल में काल भ्रम से भी भास सकता है । और कल्पक के अभाव से उपाधि कल्पना नहीं हो सकती है । अन्यथा = यदि उपाधि की कल्पना हो तो उपाधि से ही अतीतादि व्यवहारों की सिद्धि होगी काल का अपलाप (अस्वीकार) प्राप्त होगा । और उपाधि के भेद होने पर भी किसी एक उपाधि युक्त काल की अन्य उपाधि युक्त काल में वृत्ति = स्थिति नहीं हो सकती है कि जिससे काल को पूर्वकालभावित्व हो, क्योंकि स्वात्मा में वृत्ति होना विरुद्ध है, अतएव कुण्डल युक्त देवदत्त में दण्डयुक्त वही देवदत्त नहीं रहता है ।

और नियत प्राक्काल सत्त्व लक्षण में यह नियति क्या है ? क्या, तस्मिन्, उस कारण के रहते ही कार्य का भाव (सत्त्व) होना है, या अनन्यथासिद्धत्व = अन्यथासिद्धभिन्नत्व है, या तत्तत् कार्यानुकूलतापूर्वक पूर्वकाल वृत्तित्व है, या कारण के रहने पर कार्य का होना ही नियति है । प्रथम पक्ष युक्त नहीं हो सकता है । क्योंकि रासभ को भी धूमविशेष के प्रति नियतत्व (कारणत्व) होगा, जहाँ रासभ की अपनी सत्ता रहते ही धूमविशेष उत्पन्न होता है, वहाँ उस जायमान धूमविशेष के प्रति उस रासभ को भी नियतत्त्व रहता है । अनन्यथासिद्धत्व रूप दूसरा पक्ष

द्वितीयः, रासभाकाशादेरपि तथात्वापत्तेः। स्वकारणसत्त्वेन नित्यविभुतया च तेषां सन्निधिर्न त्वनन्यथासिद्ध इति चेत्, तत्किं स्वकारणसन्निधिप्रयुक्तसन्निधीनि बीजधरणीधामसलिलानीत्यकारणान्येवाङ्कुरोत्पत्तौ ? किं वा शब्दसुखाद्युत्पत्तौ ? नित्यविभुस्वभावा वियदात्मादयः ? नापि तृतीयः, प्राक्कालसत्त्वातिरिक्तानुगुणत्वस्याप्यनिरूपणात। न चतुर्थः, बीजादेरकार-

---

न द्वितीयः इति। नन्वनन्यथासिद्ध इति कोऽर्थः ? अन्यथासिद्धो न भवतीति, तथा च कारणत्वं नियतत्वं वा विना सिद्धो निष्पन्नो ज्ञातो वा न भवतीत्युक्तं भवति, नचैवं रासभ आकाशो वा, एकस्य स्वकारणप्रयुक्तसन्निधित्वादपरस्य च विभुतयाऽवर्जनीयसन्निधित्वम्, ततो नातिव्याप्तिरिति शङ्कते—**स्वकारणसत्त्वेनेति**। तत्किं स्वकारणप्रयुक्तसन्निधिविभुत्वे एव वान्यथासिद्धिः ? किं वाभ्यामनुमीयमाना काचित् ? नोभयथापि, बीजादीनामङ्कुराद्युत्पत्तावाकाशादीनां च शब्दाद्युत्पत्तावुक्तरूपस्वभावेऽपि अनन्यथासिद्धत्वादिति दूषयति—**तत्किमित्यादिना**। धाम तेजः। तत्तत्कार्येत्यादि तृतीयपक्षं दूषयति—**नापीति**। **अनिरूपणादिति**। यथा काललक्षणकारणेऽपि संभवति, तथा निरुक्तेरशक्तेस्तन्निरूप्यमानुगुण्यमपि दुर्निरूपणमतोऽसिद्धिरित्यर्थः। प्राक्कालसत्त्वमात्रस्य रासभाकाशादावप्यविशिष्टत्वादित्यपि द्रष्टव्यम्। सति तस्मिन्भवत्येवेति चतुर्थपक्षेऽव्याप्तिमाह—**बीजादेरिति**। ननु यद्यपि बीजमात्रस्यैवंविधनियमो नास्ति, तथापि सहकारिसमेतस्यास्ति कदाचित्। अपि च

भी युक्त नहीं है, क्योंकि रासभ आकाशादि को भी अन्यथा सिद्धत्व है। अपने कारण के नियत सत्त्व के बिना गर्दभ नहीं सिद्ध होता है, और आकाश भी नियतत्व बिना सिद्ध वा ज्ञात नहीं है, अतः नियत स्वरूप से सिद्ध और अनन्यथा सिद्ध दोनों है। यदि कहें कि अपने कारण के सत्त्व से और नित्य विभुता से रासभ आकाश की कार्य के साथ सन्निधि = समीपता होती है, अतः अन्यथासिद्ध हैं। अनन्यथासिद्ध नहीं। यह कहा जाता है कि, अपने-अपने कारणों की सन्निनिधिनिमित्तक सन्निधि वाले, अपने-अपने कारणों से जन्य, बीज भूमि, तेज, जल होते हैं, अतः क्या अङ्कुर की उत्पत्ति में अकारण ही हैं। अथवा नित्य विभुस्वभाव वाले आकाशात्मादि क्या शब्द सुखादि की उत्पत्ति में अकारण है। अर्थात् बीजादि जैसे अंकुरादि के कारण होते हैं, आकाशादि शब्दादि के कारण हैं, लक्षण के अनुसार गर्दभ और आकाश वैसे ही घटादि के कारण प्राप्त होते हैं। तत्तत् कार्य अनुकूलता से पूर्वकालवृत्तित्व यह तृतीय पक्ष भी युक्त नहीं हो सकता है, क्योंकि पूर्वकाल में सत्त्व से भिन्न अनुकूलत्व का ही निरूपण नहीं हो सकता है। कारण के रहने पर कार्य का अवश्य भाव होना यह चतुर्थ भी नियति का लक्षण युक्त नहीं है। क्योंकि इसके अनुसार बीजादि में अकारणत्व की प्राप्ति होती है, बीजादि के रहते अवश्य

णत्वप्रसङ्गात् । न हि तस्मिन्सति भाव एवाङ्कुरादेः । सहकारिमध्यमध्यासीने तस्मिन्सति भवत्येवेति चेत्, मैवम्, रासभस्यापि कदाचित्सहकारिमध्यमध्यासीनतासंभवात् । सहकारिवैकल्यप्रयुक्तकार्याभाववत्त्वं कारणत्वमिति तृतीयोऽपि न;

हेतुसाकल्यरूपायां सामग्र्यां तदसंभवात् ।
कारणत्वनिरुक्तौ च सहकार्यनिरूपणात् ॥ ५४ ॥

सामग्र्या अकारणत्वप्रसङ्गात्, तस्याः सहकारिवैकल्यप्रयुक्तकार्याभाववत्त्वाभावात्, सहकारिसकलताया एव सामग्रीत्वात् । किंच सह करोतीति

तदन्वयो यत्र तत्र प्रतिनियतमुच्यते इति शङ्कते—**सहकारीति** । तत्र किं सहकारिमध्यनिवेश एवैवंविधनियमः ? अतिरिक्तो वा ? नान्त्यः, अनिरुक्तेः । आद्येऽतिव्याप्तेः, गर्दभादेरपि क्षित्यादिसहकारिमध्यनिवेश एवैवंविधनियममात्रेणाङ्कुरं प्रतिनियतत्वापातादिति दूषयति—**मैवमिति** ।

एवं नियतत्वखण्डेन द्वितीयं कारणलक्षणं दूषयित्वा तृतीयं दूषयति—**सहकारीति** ।

तत्रापि दूषणानि संगृह्णाति—**हेत्विति** । कारणपौष्कल्यरूपा या सामग्री सापि तावद् बीजादिवत् कारणमेव । अथ च तत्र लक्षणं न संभवति, तस्यां सत्यां सहकारिवैकल्यस्यैवासंभवात् । किंच सह करोतीति सहकारी कारणविशेषः, तथा केनेत्यपेक्षायां च कारणेनेति वचनीयं तथा चात्माश्रयत्वमित्यर्थः । विवृणोति—**सामग्र्या इति** ।

अङ्कुरादि नहीं होते हैं । यदि कहें सहकारी के मध्य में बीजादि के रहने पर अङ्कुरादि होते ही हैं । अतः सहकारी मध्यस्थ के साथ ही अवश्यम्भावी कार्य का नियम है, तो ऐसा भी नहीं कह सकते हैं, सहकारी मध्यस्थता कभी रासभ को भी हो सकती है । अतः उससे भी अङ्कुर की उत्पत्ति प्राप्त होगी । इसप्रकार से कारण का दूसरा लक्षण सिद्ध नहीं हो सका, सहकारी की विकलतानिमित्तक कार्याभाववत्त्व रूप तृतीय लक्षण भी युक्त नहीं है । क्योंकि—

हेतु की सकलता = पूर्णता रूप सामग्री में इस लक्षण का होना असम्भव है । और कारणत्व की अनिरुक्ति रहते सहकारी का निरूपण नहीं हो सकता है ॥ ५४ ॥

अर्थात् लक्षण के अनुसार सामग्री को अकारणत्व प्राप्त होता है, क्योंकि सामग्री को सहकारिविकलता निमित्तक कार्याभाववत्त्व का अभाव रहता है । सहकारिसकलता को ही सामग्री कहा जाता है । और दूसरी बात है कि सहकरोति, कारण के साथ होकर जो कार्य को सिद्ध करे, उस प्रधान की अपेक्षा कारणान्तर को सहकारी कहा जाता है, और कारणत्व ही की अभी निरुक्ति नहीं

सहकारि कारणान्तरम्, तथा च कारणत्वस्यैवाद्याप्यनिरुक्तेरात्माश्रयः। नापि चतुर्थः,

जातेरहेतुतापत्ते रासभेऽतिप्रसक्तितः।
गगनादिषु चाव्याप्तेरन्वयादेरयोगनः॥ ५५॥

जातेरकारणत्वप्रसङ्गात्, जातेर्जातिमत्त्वाभावात्। द्रव्यत्वादिना रासभादेरप्यन्वयव्यतिरेकवद्वह्न्यादिजातीयत्वेन धूमादिकारणत्वप्रसङ्गात्। द्रव्यत्वावान्तरजातीयत्वं विवक्षितमितिचेत्, न, कालाकाशदिशामकारणत्वप्रसङ्गात्, तेषां द्रव्यत्वावान्तरजातिविधुरत्वात्। कौ चेमावन्वयव्यतिरेकौ? किं कालतः? उत देशतः? उतोभाभ्याम्? आद्ये, काले तदभावादव्याप्तिः। द्वितीये तु देशे तदभावः। न तृतीयोऽपि, उभयोरप्युभया-

---

अन्वयव्यतिरेकवज्जातीयत्वमिति चतुर्थे पक्षे दूषणानि संगृह्णाति—**जातेरित्यादिना**। नहि जातेर्जातिरस्ति येन तज्जातीयतया कारणता तस्याः स्यादित्यव्याप्तिः। किंच सत्त्वादिकमादाय गर्दभादेरपि बीजादिजातीयतयाङ्कुरादिकारणतापातादतिव्याप्तिः। अथ द्रव्यत्वावान्तरजात्या साजात्यं विवक्ष्येत, तदाकाशादावभावादव्याप्तिः, व्यतिरेकाभावाच्चेत्यपि द्रष्टव्यम्। तथान्वयव्यतिरेकयोरपि कालतो देशतो वा दुर्निरूपणादयुक्तमिदं लक्षणमित्यर्थः।

संग्रहं विवृणोति विशदग्रन्थेन—**जातेरिति**। ननु न देशतः कालतो वान्वयव्य-

---

हुई है, अतः कारण के निरूपण में कारणत्व की अपेक्षा होने पर आत्माश्रयता प्राप्त होती है। अन्वय-व्यतिरेकवज्जातीयत्व यह चतुर्थ लक्षण भी युक्त नहीं है। क्योंकि—

जाति को अहेतुता प्राप्त होती है, रासभ में अतिव्याप्ति होती है, गगनादि में अव्याप्ति होती है, अन्वयादि का अयोग है॥ ५५॥

जाति में अकारणत्व प्राप्त होता है, क्योंकि जाति में जातिमत्त्व का अभाव रहता है। और सत्ता द्रव्यत्वादि जाति द्वारा रासभादि को भी अन्वयव्यतिरेक वाले अग्नि आदि के सजाति होने से रासभादि में धूमादि कारणत्व प्राप्त होता है। यदि कहें कि द्रव्यत्व अवान्तर (व्याप्य) जातीयत्व विवक्षित है। अतः सत्ता द्रव्यत्व द्वारा अतिव्याप्ति नहीं होगी, तो यह कहना भी युक्त नहीं, ऐसी विवक्षा होने पर काल, आकाश, दिशा को अकारणत्व प्राप्त होगा, क्योंकि उनमें द्रव्यत्व व्याप्य जाति का अभाव रहता है। और ये अन्वयव्यतिरेक भी कौन विवक्षित हैं, क्या काल द्वारा कालिक विवक्षित है, या दैशिक विवक्षित है। या दोनों द्वारा विवक्षित है, प्रथम पक्ष में काल में कालिक अन्वयव्यतिरेक की अव्याप्ति होगी, दूसरे पक्ष में देश में दैशिक अन्वयव्यतिरेक के अभाव से अव्याप्ति होगी, तृतीय पक्ष में देशकाल

